'राज्य' चिन्ता है। धान्य (विविध प्रकार के धान, गेहूँ, चना आदि अन्न) तथा सुवर्ण चाँदी आदि खनिजों की उत्पत्ति का स्थान 'समुदय' है। आत्मरक्षा (७।२१९) तथा राष्ट्ररक्षा (७।११३) 'गुप्ति' है। प्राप्त हुए धन-धान्य का सत्कार्य में व्यय तथा रक्षण 'लब्ध-प्रशमन' है। इन सबका विचार राजा को मन्त्रियों के साथ करना चाहिये।

अपने हितकर कार्य का अनुष्ठान—

तेषां स्वं स्वमभिप्रायमुपलभ्य पृथक् पृथक्।
समस्तानां च कार्येषु विदध्याद्धितमात्मनः ।।५७।।

भाष्य—तेषां पृथक्पृथगेकैकस्य रहस्य**भिप्रायं** हृदयनिहितं भावमुपलभ्य **सम-स्तानां** संहतानाम्। यत्कारणं कश्चित्पुरुषः परिषदि अप्रतिभानवान्भवति, रहसि प्रगल्भः, कश्चित्परिषद्यासादितप्रज्ञः। ततश्च तान्समस्तान्पृच्छेत्।

ततः स्वयं यद्युक्ततरं **हितमा**त्मने तद्व्यवस्ये**द्विदध्यात्**। तत्प्रामाण्यं तेषामेवा-न्यतमेनोपदिष्टं वा यदप्रत्यनीकं निर्दोषं च ॥५७॥

हिन्दी—(राजा) उन (मन्त्रियों) के अभिप्राय को (एकान्त में) अलग-अलग तथा सबों के अभिप्राय को इकट्ठा जानकर अपना हितकारी कार्य करे ॥५७॥

ब्राह्मण मन्त्री—

सर्वेषां तु विशिष्टेन ब्राह्मणेन विपश्चिता।
मंत्रयेत्परमं मन्त्रं राजा षाड्गुण्यसंयुतम् ।।५८।।

भाष्य—विपश्चिता विदुषा अर्थशास्त्रज्ञेन। **परं मन्त्र**मत्यन्तं गोपनीयं **मन्त्रयेत्। षाड्गुण्ययुक्तम्**। अधिकतरप्रज्ञो हि ब्राह्मणः, धार्मिकत्वाच्च विश्वसनीयः ॥५८॥

हिन्दी—राजा उन मन्त्रियों में से विद्वान् धर्मादि युक्त विशिष्ट एक ब्राह्मण के साथ षड्गुण (७।१६०) से युक्त श्रेष्ठ मन्त्र (गुप्त विचार) की मन्त्रणा (विचार-विनि-मय) करे ॥५८॥

नित्यं तस्मिन्समाश्वस्तः सर्वकार्याणि निक्षिपेत्।
तेन सार्धं विनिश्चित्य ततः कर्म समारभेत् ।।५९।।

भाष्य—तादृशि ब्राह्मणे सर्वराष्ट्रमण्डलं निक्षिप्य विश्वस्तो राज्यसुखं भुञ्जीत च। तेन सह **विनिश्चित्य** यानासनादि **कर्म** व्यवहारसंग्रहादि समाचरेत् ॥५९॥

हिन्दी—राजा उस (विद्वान् तथा धर्मात्मा ब्राह्मण) पर पूर्ण विश्वास कर (उसे) सब काम सौंप दे, तथा उसके साथ निश्चय कर बाद में कार्य का आरम्भ करे ॥५६॥

अन्य मंत्रियों की नियुक्ति—

अन्यानपि प्रकुर्वीत शुचीन्प्राज्ञानवस्थितान् ।
सम्यगर्थसमाहर्तॄनमात्यान्सुपरीक्षितान् ।।६०।।

भाष्य—यदुक्तं 'सप्त चाष्टौ वेति' तस्यायमपवादः ।

अर्थसमाहर्तॄन्संनिधार्तॄन्सुपरीक्षितानुपधाभिः कुर्यात् ।।६०।।

हिन्दी—(राजा इसके अलावे) दूसरे भी शुद्ध (वंशपरम्परा से शुद्ध या घूस आदि न लेने से शुद्ध हृदयवाले), बुद्धिमान्, स्थिरचित्त (आपत्ति-काल में भी नही घबड़ानेवाले या किसी के दबाव या लोभ होने पर भी राज-हित में ही दृढ़ रहनेवाले), सब प्रकार न्यायपूर्वक धन-धान्य उत्पन्न करनेवाले सुपरीक्षित मन्त्रियों को नियुक्त करे— ।।६०।।

निर्वर्तेतास्य यावद्भिरितिकर्तव्यता नृभिः ।
तावतोऽतन्द्रितान्दक्षान्प्रकुर्वीत विचक्षणान् ।।६१।।

भाष्य—सर्व एते मन्त्रज्ञा **विचक्षणाः** विद्वांसश्चाधिकारिकाः कर्त्तव्याः । **दक्षान् भयसं**निधानेऽप्यवसादहेतावत्युत्साहवन्तः ।

अतन्द्रितान् अनलसान् । उक्तं चाध्यक्षप्रचारे

"बुद्धिमाननुरक्तश्च युक्ता धर्मार्थकोविदः ।
शुचिर्दक्षः कुलीनश्च मन्त्री यस्य स राज्यभाक् ।।
तस्मिन्निक्षिप्य कार्याणि भोगसंगी न नश्यति ।
राजवश्यविधिस्तेन दानानुग्रहणैरिति" ।।६१।।

हिन्दी—इस (राजा) का कार्य जितने मनुष्यों से पूरा हो; आलस्य रहित, कार्य करने में उत्साही और काम के जानकार उतने ही मनुष्यों को (मन्त्री पद पर) नियुक्त करे ।।६१।।

कोश तथा रनिवास के कार्य करनेवाले—

तेषामर्थे नियुञ्जीत शूरान्दक्षान्कुलोद्गतान् ।
शुचीनाकरकर्मान्ते भीरूनन्तर्निवेशने ।।६२।।

भाष्य—अर्थे आयव्ययव्यवहारे । **शुचीनर्थे**ष्वस्पृहान्नि**युञ्जीत** ।

तान्यर्थस्थानान्युदाहरणेन दर्शयति । **आकरकर्मान्त** इति । 'आकराः' सुवर्णरूप्याद्युत्पत्तिसंस्कारस्थानानि, 'कर्मान्ता' भक्ष्यकार्पासावापादयः ।

अंतर्निवेशने— अन्तःपुरभोजनशय्यास्त्रीगृहाणि । **भीरवस्तत्र** नियोज्याः ।

शूरा हि राजानमेकाकिनमुपजप्ता हन्यु: । **दक्षाः** सर्वेऽपि व्युत्थानशीलतया **द्वन्द्वो**परिपातमपरिगणय्य स्वामिन: कार्यं काले नातिपातयन्ति ॥६२॥

हिन्दी—(राजा) उन (मन्त्रियो) में से शूरवीर, उत्साही, कुलीन या कुलक्रमागत, शुद्धचित्त (घूस न लेनेवाले और चोरी अर्थात् गवन नहीं करनेवाले) मन्त्रियों को धन-धान्य के संग्रह करने में (सोने आदि के खानों तथा अन्न उत्पादक स्थानों में) और भीरु (डरनेवालों) को महल (रनिवास, भोजन-गृह, शयन, गृह आदि) में नियुक्त करे ॥६२॥

दूत की नियुक्ति—

दूतं चैव प्रकुर्वीत सर्वशास्त्रविशारदम् ।
इङ्गिताकारचेष्टज्ञं शुचिं दक्षं कुलोद्गतम् ।।६३।।

भाष्य—दूतस्यायमधिको गुण: इङ्गिताकारचेष्टज्ञता । परविषये राज्ञो मन्त्रिणां च संधित्सतामिङ्गितानि । दूतस्यादरेण सम्परिग्रहः, विश्वसनम्, मुहुर्मुहुः सम्पूर्णतद्वाक्यस्य तस्य चाभिनन्दनम् । एतानि विपर्यस्तान्युपेक्षेत । आकार: शरीरवैकृत्यं म्लानिर्मुखस्य वर्णवैकृत्यम् । तूष्णींभावो दीर्घोष्णनि:श्वासता । एवमादिविकारैर्दैन्यं सूचयति— 'अस्ति काचिदापदस्य तेनायं विवर्ण' इति । वाक्यवैशारद्यम्, शारीरसंस्कार:, प्रसन्नमुखता एवमादि हर्षं सूचयति ।

शुचिः स्त्रीगतेऽर्थे । गमनविशेषैर्यत: स्त्रीसम्बन्धे मन्त्रभेद: परिभवश्च ॥६३॥

हिन्दी—(राजा) सभी शास्त्रों का विद्वान्; इङ्गित (वचन तथा स्वर अर्थात् काकु आदि अभिप्रायसूचक भाव), आकार (क्रमशः प्रेम एवं उदासीनता का सूचक प्रसन्नता एवं उदासीनता) और चेष्टा (क्रोधादि का सूचक नेत्रों का लाल होना, भौंह टेढ़ा, करना आदि) को जाननेवाले, शुद्धहृदय (राजधन को अधिक व्यय करना स्त्री-आसक्ति, द्यूत, मद्यपान आदि से रहित); चतुर तथा कुलीन दूत को नियुक्त करे ॥६३॥

श्रेष्ठ राजदूत का लक्षण—

अनुरक्तः शुचिर्दक्षः स्मृतिमान्देशकालवित् ।
वपुष्मान्वीतभीर्वाग्ग्मी दूतो राज्ञः प्रशस्यते ।।६४।।

भाष्य—**अनुरक्तः** अहार्यो भवति । **दक्षः** देशकालौ नातिक्रमति । **स्मृतिमान्** । अमुषितस्मृतिप्रसङ्गेन स्वामिसंदेशं कथयति । **देशकालवित्** । देशकालौ ज्ञात्वाऽन्यदप्यसंदिष्टं तत्कालयोग्यं कथयति । **वपुष्मान्**स्वीकृति: । प्रियदर्शनत्वान्निपुणमुचिं वक्ति । **वीतभीः** अनेन निपुणमुच्यते । **वाग्ग्मी** संदेशस्योत्तरे प्रतिवचनसमर्थो भवति ॥६४॥

उक्तानां दूतगुणानां सम्पादनप्रयत्ने प्रयोजनमाह—

हिन्दी—अनुरक्त, शुद्ध, चतुर, स्मरणशक्ति वाला, देश और काल का जानकार, सुरूप, निर्भय और वाग्मी राजदूत श्रेष्ठ होता है ॥६४॥

विमर्श—दूत के अनुरक्त होने से शत्रुराजा के लोगों से भी मेल-मिलाप रहने से अधिक कार्यसिद्धि होगी, शुद्ध (स्त्री तथा धन की आसक्ति से रहित) होने से धन या स्त्री आदि के लोभ से स्वामिकार्य का नाशक नहीं होगा, चतुर होने से अवसर (मौका) पर नहीं चूकेगा, स्मरणशक्तिवाला होने से संदेश को नहीं भूलेगा, देश और काल का जानकार होने से देश-कालानुसार अपने विचार से भी कार्य कर लेगा, सुरूप होने से उनके वचन का प्रभाव दूसरों पर पड़ेगा, निर्भय होने से अप्रिय तथा कठोर संदेश कहने में भी नहीं चूकेगा और वाग्मी होने से सुन्दर शास्त्र से संस्कृत एवं युक्तियुक्त वचन कहेगा, ऐसे राजदूत से राजकार्य की अवश्य सिद्धि हो जायेगी ।

[सन्धिविग्रहकालज्ञान्समर्थानायतिक्षमान् ।
परैरहार्याञ्छुद्धांश्च धर्मतः कामतोऽर्थतः ।।१।।][

[**हिन्दी**—(राजा) सन्धि, विग्रह (आदि षड्गुण— ७।१६०) तथा समय को जाननेवाले, समर्थ, आयति (आनेवाला समय) में समर्थ और धर्म, अर्थ तथा काम से शत्रुओं के द्वारा अपने पक्ष में नहीं किये जानेवाले (राजदूतों को नियुक्त करे) ॥१॥]

[समाहर्तुं प्रकुर्वीत सर्वशास्त्रविपश्चितः ।
कुलीनान्वृत्तिसम्पन्नान्निपुणान्कोशवृद्धये ।।२।।]

[**हिन्दी**—अपना पक्ष प्रबल करने के लिए सब शास्त्रों का ज्ञाता और कोशवृद्धि के लिए कुलीन, अच्छी जीविका (वेतन) वाले तथा निपुण (राजदूतों को नियुक्त करे) ॥२॥]

[आयव्ययस्य कुशलान्गणितज्ञानलोलुपान् ।
नियोजयेद्धर्मनिष्ठान्सम्यक्कार्यार्थचिन्तकान् ।।३।।]

[**हिन्दी**—आय तथा व्यय करने में कुशल (उचित आय को नहीं छोड़नेवाला तथा अनुचित व्यय को नहीं करनेवाला), गणितज्ञ, निर्लोभ, धर्मयुक्त और अच्छी तरह कार्य एवं अर्थ का विचार करनेवाले (राजदूतों को नियुक्त करे) ॥३॥]

[कर्मणि चातिकुशलान्लिपिज्ञानायतिक्षमान् ।
सर्वविश्वासिनः सत्यान्सर्वकार्येषु निश्चितान् ।।४।।]

[**हिन्दी**—कार्य (को करने) में अत्यन्त चतुर, (अनेक) लिपियों को जाननेवाले, भविष्यकाल के लिए समर्थ, सबका विश्वासपात्र, सच्चा, सब कार्यों में निश्चित (राजदूतों को नियुक्त करे) ॥४॥]

[अकृताशाँस्तथा भर्तुः कालज्ञांश्च प्रसङ्गिनः ।
कार्य कामोपधाशुद्धान् बाह्यभ्यन्तरचारिणः ।।५।।]

[हिन्दी—आशा नहीं रखनेवाले स्वामी मुझे कार्य-सिद्धि होने पर कुछ हिस्सा देंगे, या बड़ा पारितोषिक देंगे, ऐसी आशा नहीं रखनेवाले— अन्यथा स्वामी की कार्यसिद्धि होने पर आशानुसार न मिलने से वही राजदूत भारी विरोधी हो सकता है तथा यदि आशा नहीं रखेगा तब सदा अनुकूल ही रहेगा, कालज्ञ (अवसर नहीं चूकनेवाले), प्रसङ्गानुसार कार्य करनेवाले; कार्य, काम तथा उपधा (धरोहर) में सच्चे और बाहर भीतर आने-जानेवाले दूतों कों नियुक्त करे ॥५॥**]**

[कुर्यादासन्नकार्येषु गृहसंरक्षणेषु च ।]

[हिन्दी—समीप (मन्त्री आदि) के कार्य में तथा अन्तःपुर (रनिवास) की यथावत् रक्षा करने में दूतों को नियुक्त करे।**]**

सेनापति आदि के कार्य—

अमात्ये दण्ड आयत्तो दण्डे वैनयिकी क्रिया ।
नृपतौ कोशराष्ट्रे च दूते संधिविपर्ययौ ।।६५।।

भाष्य—अमात्ये सेनापतौ दण्डो हस्त्यादिबलमायत्तम्, तदिच्छया कार्येषु प्रवृत्तेः **दण्डे वैनयिकी** । यो विनेयः स्वपरराष्ट्रगतः स दण्ड्यो यतः । विनयाश्रिता 'वैनयिकी' । 'क्रिया' कार्यम् ।

नृपतौ कोशराष्ट्रे आयत्ते । सञ्चयस्थानं 'कोशः' 'राष्ट्रं' जनपदः । द्वे च ते पराधीने न कर्तव्ये । स्वयमेव विलम्भनीयफलग्रासाच्च (?) ।

दूते सन्धिविपर्ययौ । प्रियवचनेन स्वामिकार्यप्रदर्शनेन 'सन्धिः' । तद्वैपरीत्येन 'विग्रहः' । एतदुभयं दूतायत्तम् ॥६५॥

एवं दूतार्थानुवादः । एष एवार्थः पुनरुच्यते ।

हिन्दी—सेनापति के अधीन दण्ड (हाथी, घोड़ा, रथ और पैदल सेना), दण्ड के अधीन विनयकार्य (सबको विनम्र-वश में रखना), राजा के अधीन कोष तथा राज्य और दूत के अधीन सन्धि और विग्रह होते हैं ॥६५॥

दूतप्रशंसा—

दूत एव हि संधत्ते भिनत्त्येव च संहतान् ।
दूतस्तत्कुरुते कर्म भिद्यन्ते येन मानवाः ।।६६।।

भाष्य—दूतः **संधत्ते** । यथोक्तम् । **संहताने**कीभूतान्स **एव भिनत्ति** । अनुक्त-

मपि प्रियं संदिशति— प्रतिकूलमनाचरितमित्यादि । सुवर्णादिद्रव्यमप्रतिश्रुतमित्याह, एवं **भिनत्ति** दूतः ।

तदेतत्कर्मान्तरमुपदिष्टम्, येन राजानो भिद्यन्ते । वाक्पारुष्यापन्ना एवं सम्भवन्ति ॥६६॥

अन्यदपि दूतकार्यं दर्शयति ।

हिन्दी—दूत ही (शत्रु से) मेल करा देता है और मिले हुए (शत्रु) से विग्रह करा देता है; दूत वह कार्य कर देता है, जिससे (मिले हुए भी) मनुष्य (परस्पर में) फूट जाते हैं ॥६६॥

दूत के अन्य कार्य—

स विद्यादस्य कृत्येषु निगूढेङ्गितचेष्टितैः ।
आकारमिङ्गितं चेष्टां भृत्येषु च चिकीर्षितम् ।।६७।।

भाष्य—स दूतो यातव्यस्य राज्ञः **कृत्येषु** कार्येषु ॥६७॥

हिन्दी—वह (राजदूत) इस (शत्रुराजा) के कृत्यों (कर्तव्य अर्थात् धन, स्त्री,. पद या राज्य भाग के द्वारा राजदूतों को वश में करना आदि) में शत्रुराजा के अनुचरों के इङ्गित (अभिप्रायसूचक बात और स्वर आदि) तथा चेष्टाओं (हाथ, मुख, अंगुलि आदि की इशारे वाली) से (शत्रुराजा के) क्षुब्ध या लुब्ध भृत्यों में (शत्रुराजा के) आकार (मुख की प्रसन्नता या उदासीनता आदि), इङ्गित, चेष्टा और चिकीर्षित (अभिलषित कार्य) को मालूम करे ॥६७॥

बुध्वा च सर्वं तत्त्वेन परराजचिकीर्षितम् ।
तथा प्रयत्नमातिष्ठेद्यथाऽऽत्मानं न पीडयेत् ।।६८।।

हिन्दी—शत्रु राजा के चिकीर्षित (अभिलषित कार्य) को ठीक-ठीक मालूम कर वैसा प्रयत्न करे जिससे अपने को कष्ट न हो ॥६८॥

राजा के निवास योग्य देश—

जाङ्गलं सत्यसम्पन्नमार्यप्रायमनाविलम् ।
रम्यमानतसामन्तं स्वाजीव्यं देशमावसेत् ।।६९।।

हिन्दी—(राजा) जाङ्गल, धान्य और अधिक धर्मात्माओं से युक्त आकुलतारहित, (फल-फूल, लता-वृक्षादि से) रमणीय, जहाँ आस-पास के निवासी नम्र हों, ऐसे अपनी आजीविका (सुलभ व्यापार, खेती आदि) वाले देश में निवास करे ॥६९॥

विमर्श—जिस स्थान में बहुत अधिक पानी न हो (अधिक पानी न बरसता हो या

अधिक बाढ़ न आती हो), खुली हवा हो, सूर्य का प्रकाश पर्याप्त रहता हो, धान्य आदि बहुत उत्पन्न होता हो, उसे 'जाङ्गल देश'[१] कहते हैं।

राजा के निवास योग्य दुर्गों के नाम—

धन्वदुर्गं महीदुर्गमब्दुर्गं वार्क्षमेव वा।
नृदुर्गं गिरिदुर्गं वा समाश्रित्य वसेत्पुरम्।।७०।।

भाष्य—उक्तप्रकारेण द्विगुणोत्सेधेनैष्टकेन शैलेन द्वादशहस्तादूर्ध्वमुद्धतेन तालमूलेन कपिशीर्षचिताग्रेण दृढप्रणाल्या परिकृतं **धनुर्दुर्गम्**। महीदुर्गमगाधेनाश्रयणीत्येन चोदकेन परिवेष्टितं दुर्गम्।

समन्ततोऽर्धयोजनमात्रं घनमहावृक्षान्वितं **वार्क्षम्**।

चतुरङ्गबलाधिष्ठितं प्रवरायुधवीरपुरुषप्रायं **नृदुर्गम्**।

गिरिपृष्ठे दुरारोहमेवैकमार्गानुगतमन्तर्नदीप्रस्रवणोदकं **गिरिदुर्गम्**।।७०।।

हिन्दी—(राजा) धन्वदुर्ग, महीदुर्ग, जलदुर्ग, वृक्षदुर्ग, मनुष्यदुर्ग अथवा गिरिदुर्ग का आश्रयकर नगर (राजधानी) में निवास करे।।७०।।

विमर्श—धन्वदुर्ग-कम से कम बीसकोस तक पानी (और हरियाली एवं वृक्ष, घास आदि) से रहित रेतीली भूमि युक्त स्थान हो। महीदुर्ग— ईंट-पत्थर आदि उभड़-खाबड़ (बहुत ऊँचे-नीचे) होने से विषम, युद्ध के लिए अयोग्य तथा गुप्त गवाक्ष (छोटे-छोटे छिद्रवाले जँगले) वाले परकोटा आदि से युक्त भूमि वाला स्थान। जलदुर्ग— चारों तरफ बहुत दूर तक अगाध जल से भरा हुआ स्थान। वृक्षदुर्ग— कम से कम चार कोश तक सघन बड़े वृक्षों, कंटीली झाड़ियों एवं लताओं तथा विषम नदी-नाले आदि से युक्त देश। मनुष्यदुर्ग— चारों तरफ हाथी, घोड़ा, रथ एवं पैदल सेना एवं दूसरे बहुत मनुष्यों से सुरक्षित स्थान। गिरिदुर्ग— अत्यधिक कठिनाई से चढ़ने योग्य तथा अधिक संकीर्ण मार्ग होने के कारण बहुत कठिनाई से प्रवेश करने योग्य नदियों, झरनों आदि वाले पहाड़ो से युक्त स्थान।

इस श्लोक में वर्णित राजनिवासयोग्य स्थानों में यह 'भारतवर्ष' अत्यन्त सुरक्षित है, जिसके तीन दिशाओं में सुदूर तक अगाधजलपूर्ण हिन्दमहासागर आदि समुद्र तथा शेष उत्तर दिशा में उच्चतम शिखर वाला हिमालय पर्वत— जिसमें खैबर का दर्रा तथा

---

१. तदुक्तम्—

'अल्पोदकतृणो यस्तु प्रवातः प्रचुरातपः।
स ज्ञेयो जाङ्गलो देशी बहुधान्यादिसंयुतः।।' इति। (म०मु०)

बोलन अत्यन्त संकीर्ण हैं। किन्तु भारत पाकिस्तान रूप में देश-विभाजन हो जाने से अब वह प्राकृतिक अजय्य सीमा भारत की नहीं रही।

गिरिदुर्ग की श्रेष्ठता—

सर्वेण तु प्रयत्नेन गिरिदुर्गं समाश्रयेत्।
एषां हि बाहुगुण्येन गिरिदुर्गं विशिष्यते।।७१।।

हिन्दी—(राजा) सब प्रयत्न से गिरिदुर्ग का आश्रय करे; क्योंकि इन दुर्गों (७।७०) में से अधिक गुणयुक्त होने से गिरिदुर्ग श्रेष्ठ होता है ॥७१॥

उक्त दुर्गों के निवासी जीव—

त्रीण्याद्यान्याश्रितास्त्वेषां मृगगर्ताश्रयाप्सराः।
त्रीण्युत्तराणि क्रमशः प्लवङ्गमनरामराः।।७२।।

भाष्य—आद्यानि त्रीणि धनुर्दुर्गादीनि। **आश्रिताः** आश्रयं कृतवन्तः। **मृगाः**। **गर्ताश्रया** गर्गरनकुलादयः। **अप्सरा** ग्राहकूर्मादयः। एषां दुर्गाणां तदाश्रितानां च यादृशा गुणदोषास्तादृशा एव राज्ञामपि भवन्तीति प्रदर्शनार्थम्।

त्रीण्युत्तराणि। प्लवङ्गमाः कपयः ॥७२॥

हिन्दी—इन दुर्गों (७।७०) में से पहले वाले तीन दुर्गों में (धन्वदुर्ग, महीदुर्ग और जलदुर्ग में) मृग, विलों में रहनेवाले (चूहा, खरगोश आदि) तथा जलचर (मगर आदि) और अन्त वाले तीन दुर्गों में, (वृक्षदुर्ग, मनुष्यदुर्ग और गिरिदुर्ग में) वानर, मनुष्य तथा अमर (देव) क्रमशः निवास करें ॥७२॥

विमर्श—धन्वदुर्ग में मृग, भूमिदुर्ग में चूहा तथा खरगोश आदि बिल में रहनेवाले जीव, जलदुर्ग में मगर, बड़ी-बड़ी मछलियाँ आदि जलचर जीव-वृक्षदुर्ग में वानर (व्याघ्र, सिंह आदि), मनुष्यदुर्ग में मनुष्य (हाथी, घोड़ा रथ एवं पैदल सेना तथा अन्यरक्षक समूह) और गिरिदुर्ग में देवता (किन्नर, गन्धर्व आदि) निवास करें।

दुर्ग की प्रशंसा—

यथा दुर्गाश्रितानेतान्नापहिंसन्ति शत्रवः।
तथाऽरयो न हिंसन्ति नृपं दुर्गसमाश्रितम्।।७३।।

भाष्य—दुर्गविधानप्रयोजनश्लोकोऽयम्।

अत्यल्पबला अपि दुर्गाश्रिता महाबलैररिभिर्न सहसा शक्यन्तेऽभिभवितुमतो दुर्गाश्रयो युक्तः ॥७३॥

हिन्दी—जिस प्रकार इन (धन्व आदि) दुर्गों में रहनेवाले इन (मृग आदि) को शत्रु

(व्याध आदि) नहीं मार सकते हैं, उसी प्रकार दुर्ग में निवास करनेवाले राजा को शत्रु नहीं मार (जीत) सकते हैं ॥७३॥

एकः शतं योधयति प्राकारस्थो धनुर्धरः ।
शतं दशसहस्राणि तस्माद्दुर्गं विधीयते ।।७४।।

भाष्य—सुप्रसिद्धमेतद्दुर्गप्रयोजनम् ।

प्राकारदृष्टान्तेन गिरिदुर्गबलमेतदिति । तदयुक्तम्, महीदुर्गेऽपि प्राकारसम्भवात् । तस्मात्सर्वेषां दुर्गाणां तत्प्रयोजनं स्वबुद्ध्या रूप्यते ॥७४॥

हिन्दी—(जिस कारण से) किले में रहनेवाला एक धनुर्धारी (योद्धा) सौ योद्धाओं से और सौ धनुर्धारी योद्धा दस हजार योद्धाओं से लड़ता है, इस कारण राजनीतिज्ञ दुर्ग की प्रशंसा करते हैं ॥७४॥

[मन्दरस्यापि शिखरं निर्मानुष्य न शिष्यते ।
मनुष्यदुर्गं दुर्गाणां तनुः स्वायंभुवोऽब्रवीत् ।।६।।]

[**हिन्दी**—मनुष्य रहित मन्दर का शिखर भी नहीं बचता (शत्रुओं से पराजित होता है), अतएव ब्रह्मा के पुत्र मनु ने मनुष्यदुर्ग को श्रेष्ठ कहा है ॥६॥]

दुर्ग को अस्त्र-शस्त्रयुक्त बनाना—

तत्स्यादायुधसम्पन्नं धनधान्येन वाहनैः ।
ब्राह्मणैः शिल्पिभिर्यन्त्रैर्यवसेनोदकेन च ।।७५।।

भाष्य—**आयुधैः** खड्गप्रासादिभिः **सम्पन्न**मुपेतम् । आयुधग्रहणं वर्मशिरस्त्राणोपस्कारादेरन्यस्यापि युद्धोपकरणस्य प्रदर्शनार्थम् ।

धनं रूप्यसुवर्णादीनि ।

वाहनानि रथाश्वादयः ।

शिल्पिभिर्यन्त्रावाहतक्षप्रभृतिभिः ।

यवसेन ।

ब्राह्मणैर्मन्त्रिपुरोहितैरन्यैर्वा । दण्डिकापोतेन (?) ध्वजशङ्कया कदाचिन्नृपधर्मसाहाय्येन प्रवर्तन्ते ।

प्रदर्शनार्थत्वाच्च भिषगौषधाद्यपेक्षेत। संरोहणाद्युपयोगि संनिधापयितव्यम्॥७५॥

हिन्दी—उस (किला) को हथियार (तलवार, धनुष आदि), धन (सुवर्ण, चाँदी आदि), धान्य (गेहूँ, चावल, चना आदि), वाहन (हाथी, घोड़ा, रथ, ऊँट आदि),

ब्राह्मणों, कारीगरों, यन्त्रों, चारा (घास, भूसा, खरी, कराई आदि) पशुओं के भोज्य पदार्थों) और जल से संयुक्त रखे ॥७५॥

दुर्ग के बीच में राजभवन-निर्माण—

तस्य मध्ये सुपर्याप्तं कारयेद्गृहमात्मनः ।
गुप्तं सर्वर्तुकं शुभ्रं जलवृक्षसमन्वितम् ।।७६।।

सुपर्याप्तम् । यावदात्मनो राज्ञो राजपुत्रकोशायुधाश्वागारादिषूपयुज्यते । **गुप्तं** बहुकक्षाकम् । **गृहं कारयेत् । सर्वर्तुकं** सर्वर्तुमाल्यफलैः शोभितम् । सर्वे ऋतवो यत्रेति । ऋतुशब्देन तत्कार्याणि पुष्पफलादीनि लक्ष्यन्ते ।

'सर्वर्तुगमिति' पाठे सर्वानृतूनाच्छति प्राप्नोतीति व्युत्पत्तिः । अर्थस्तु स एव । यो यत्र भवति स तेन व्याप्त इत्युच्यते ।

शुभ्रं सुधाधवलितम् ।

जलवृक्षसमन्वितं धारागृहोद्यानवनसम्पन्नम् ॥७६॥

हिन्दी—राजा उस (किले) के बीच में (स्त्री-गृह, देव मन्दिर, अग्निशाला, स्नानागार आदि भवनों के अलग-अलग होने से) बड़ा, (खाई, परकोटा अर्थात् चहारदीवारी, सेना आदि से) सुरक्षित (सब ऋतुओं में फलने-फूलनेवाले वृक्ष, गुल्म और लता आदि से युक्त होने से) सब ऋतुओं के अनुकूल, (चूना, रंग आदि से उपलिप्त होने से) शुभ्र, (वावली, पोखरा) जलाशयों तथा पेड़ों से युक्त अपना महल (राज-भवन) बनवावे ॥७६॥

सवर्णी के साथ में विवाह—

तदध्यास्योद्वहेद्भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् ।
कुले महति सम्भूतां हृद्यां रूपगुणान्विताम् ।।७७।।

भाष्य—तद्गृहमा**श्रित्य** भार्या तत्र सहायार्थं महतः कुलादुद्वोढव्या । एतत्सम्बन्धेन संरक्षणार्थम् ।

सवर्णामित्यादावुच्यते तत्राक् प्रदर्शितम् ।

हृद्यां मनोरमां कान्तिलावण्ययुक्ताम् ।

रूपं संस्थानम् । **गुणा** वचनाचरणादयः । तैर**न्वितां** युक्ताम् ॥७७॥

हिन्दी—(राजा) उस महल में निवास कर स्वजातीय, शुभलक्षणोंवाली, श्रेष्ठ कुल में उत्पन्न, हृदयप्रिय तथा रूप एवं गुण से युक्त स्त्री से विवाह करे ॥७७॥

पुरोहित आदि का वरण—

पुरोहितं च कुर्वीत वृणुयादेव चर्त्विजः ।
तेऽस्य गृह्याणिकर्माणि कुर्युर्वैतानिकानि च ।।७८।।

भाष्य—सत्यपि द्वितीयानिर्देशेन प्राधान्यावगमे विवक्षितमेवैकत्वम्, अन्यत्राप्युपादानात् । यूपं छिनत्ति भार्यां विन्देतेतिवत् ।

ऋत्विजो वृणुयात् । तेषां च सङ्ख्या श्रुतित एवावगन्तव्या । गुणाश्च ''नातिस्थूलो नातिकृशः नातिदीर्घो नातिह्रस्वः नातिवृद्धो नातिबालः— सप्तपुरुषान् विद्यात पोष्यां पुण्यैश्च कर्मभिः समनुष्ठितोभयभावान् । तान् प्रति नाब्राह्मण्यमाशङ्क्यते— विद्वान्याजयति'' इत्यादि ।

गृह्याणि कर्माणि शान्तिस्वस्त्ययनादीनि । **वैतानिकानि** वैहारिकाणि त्रेत्राग्निविषयाणि ।।७८।।

हिन्दी—(राजा आथर्वण विधि से) पुरोहित और यज्ञ कर्म करने के लिए ऋत्विज् को वरण करे तथा वे लोग (पुरोहित तथा ऋत्विक्) इस (राजा) के शान्तिकर्म तथा यज्ञ कर्म को करते रहें ।।७८।।

यज्ञ करना—

यजेत राजा क्रतुभिर्विविधैराप्तदक्षिणैः ।
धर्मार्थं चैव विप्रेभ्यो दद्याद्भोगान्धनानि च ।।७९।।

भाष्य—आप्तदक्षिणैर्भूरिदक्षिणैः पौण्डरीकादिभिः ।

भोगान् धनानि च । वस्त्रगन्धविलेपनादयो भोजनविशेषाश्च 'भोगाः', 'धनानि' सुवर्णादीनि ।

नित्यमेव तद्दानमिच्छन्ति ।

धर्मार्थं तस्योत्पत्त्यर्थमेव ।।७९।।

हिन्दी—राजा बहुत दक्षिणा वाले (अश्वमेध, विश्वजित् आदि) अनेक यज्ञों को करे और धर्म के लिए ब्राह्मणों को (स्त्री, गृह, शय्या, वाहन आदि) भोग— साधक पदार्थ तथा धन देवे ।।७९।।

कर-ग्रहण—

सांवत्सरिकमाप्तैश्च राष्ट्रादाहारयेद्बलिम् ।
स्याच्चाम्नायपरो लोके वर्तेत पितृवन्नृषु ।।८०।।

भाष्य—बलिं करं धान्यादीनां षष्ठाष्टमादिभाग**माप्तै**रर्थादुपधाशुद्धैः ।

यथोक्तमा**म्नायपरश्च** स्यात् । आगमप्रधानतर्कशास्त्राण्याश्रयेत् ।

अथवा पारम्पर्यागतमेव भागं गृह्णीयान्नाधिकम् ।

वर्तेत पितृवन्नृषु । करदेष्वन्येषु च स्नेहबुद्ध्या वर्तेत ॥८०॥

हिन्दी—(राजा) विश्वासपात्रों से वार्षिक कर वसूल करावे और लोगों से (कर लेने) में न्याययुक्त बर्ताव करे और मनुष्यों में (राजा) पिता के समान बर्ताव करे ॥८०॥

अध्यक्षों की नियुक्ति—

अध्यक्षान्विविधान्कुर्यात्तत्र तत्र विपश्चितः ।
तेऽस्य सर्वाण्यवेक्षेरन्नृणां कार्याणि कुर्वताम् ॥८१॥

भाष्य—**अध्यक्षा** अधिकृताः प्रत्यवेक्षितारस्तान्**कुर्यात्** । **विविधान्** बहुप्रकारान् मृदूनुग्रान् धार्मिकान् अर्थार्जनपरांश्च ।

तत्र तत्र सुवर्णकोष्ठागारे पण्यकुप्यकर्मस्वधिकृताः प्रत्यवेक्षितारस्तान् शुल्क-नौहस्त्यश्वरथपदात्यादीन् **विपश्चितः** स्थापयेत् ।

सर्व एते अमात्यगुणसम्पद्युक्ता विज्ञेयाः । यथोक्तमध्यक्षप्रचारे "तेऽध्यक्षाः सर्वाणि कार्याण्यवेक्षेरन्नन्येषां नृणां तत्स्थानोपयोगिनां कार्याणि कुर्वताम्, हस्त्यध्यक्षेण हस्तिपकाः अश्वाध्यक्षेण तुरङ्गमाद्याः, गवाध्यक्षेण कर्षणादयः" ॥८१॥

हिन्दी—(राजा) उन-उन कार्यों (सेना, कोष संग्रह, दूतकार्य आदि) में अनेक प्रकार के अध्यक्षों को नियुक्त करे तथा वे अध्यक्ष इस राजा के सब कार्यों को देखा करे ॥८२॥

ब्राह्मणों की वृत्तिदान—

आवृत्तानां गुरुकुलाद्विप्राणां पूजको भवेत् ।
नृपाणामक्षयो ह्येष निधिर्ब्राह्मोऽभिधीयते ॥८२॥

भाष्य—गुरुकुलेऽधीतावगतवेदार्था गार्हस्थ्यं प्रतिपित्सवो धनेन पूजयितव्याः ।

इदमपि नैय्यमिकदानम् । अत एवाह **नृपाणामक्षय इति** । नित्यत्वादक्षयो यावज्जीविकः । काम्यत्वे चाफलभावि निवर्तते । यदुक्तं 'सांतानिकं यक्ष्यमाणमिति' (११-१), तदेवेदम् ।

अन्ये त्वाहुः । तत्रार्थिभ्यो दानं विहितम् । इह त्वनर्थिनामधिकारात् विधानमात्रया वस्त्रयुगादिदानेन च नराणां पूजा कर्तव्या । तथा चाह **विप्राणां पूजको भवेदिति** ।

निधिरिव निधिः, उत्तमफलत्वात् ।

ब्रह्मसंनिहितो **ब्राह्मः** ॥८२॥

हिन्दी—(राजा) वेदाध्ययन के बाद गुरुकुल से गृहस्थाश्रम में प्रविष्ट होनेवाले ब्राह्मणों की पूजा (धन-धान्य-गृहादि को देकर आदर-सत्कार) करे; क्योंकि यह ब्राह्मण राजा का अक्षय निधि (खजाना) कहा गया है ॥८२॥

ब्राह्मणों को वृत्तिदान की प्रशंसा—

न तं स्तेना च चामित्रा हरन्ति न च नश्यति ।
तस्माद्राज्ञा निधातव्यो ब्राह्मणेष्वक्षयो निधिः ।।८३।।

भाष्य—ब्राह्मणेभ्यो योऽर्थो दत्तः, **न तं स्तेना** आटविकादयो**ऽमित्राश्च** शत्रवो हरन्ति । **न** भूमिष्ठमिव विस्मृत्य प्रातिभाव्येन वा **नश्यति** ॥८३॥

हिन्दी—उस (सत्पात्र ब्राह्मण में दिये गये दान रूप कोष) को चोर नहीं चुराते, शत्रु नहीं छीनते और वह नष्ट नहीं होता है, अतएव राजा ब्राह्मणों में अक्षय कोष रखे (ब्राह्मणों को दान दे) ॥८३॥

न स्कन्दति न च्यवते न विनश्यति कर्हिचित् ।
वरिष्ठमग्निहोत्रेभ्यो ब्राह्मणस्य मुखे हुतम् ।।८४।।

भाष्य—एषं एवार्थोऽवश्यानुष्ठेयः प्रकारान्तरेण पुनरुच्यते । अग्नौ अद्धूयते तत्कदाचित् **स्कन्दत्यधः** पतति हूयमानम्, तथा **च्यवते** पुरोडाशादि क्षामतया । ततश्च कर्मवैगुण्याद्विनश्यति शिष्टानाम् । इदं तु यद् ब्राह्मणेभ्यो दानं न तस्यैते दोषाः सन्ति । अत एवाह । **वरिष्ठमग्निहोत्रेभ्यः** अग्नौ होमेभ्य इत्यर्थः । मुख्यार्थवृत्त्या कर्मनामधेय-मेवाग्निहोत्रशब्दस्तदा चादिग्रहणं व्याख्येयम् ।

मुखे हुतमिति । पाणिरेव ब्राह्मणस्य मुखं "पाण्यास्यो हि द्विजः स्मृत" इति वचनात् । **वरिष्ठं** श्रेष्ठम् ।

अर्थवादश्चायं न पुनर्होमनिन्दैव ॥८४॥

हिन्दी—अग्नि में हवन किये हविष्य (क्षीरान्न, घृत आदि हवनीय पदार्थ) की अपेक्षा ब्राह्मण के मुख में किया गया हवन (ब्राह्मण को दिया गया दान) न भीक नीचे गिरता है, न कभी सूखता है और न कभी नष्ट होता है (अतः अग्नि होत्रादि कर्म की अपेक्षा ब्राह्मण को दान देना श्रेष्ठ है) ॥८४॥

वेदपारग ब्राह्मण को देने का अनन्त फल—

सममब्राह्मणे दानं द्विगुणं ब्राह्मणब्रुवे ।
आचार्ये शतसाहस्रमनन्तं वेदपारगे ।।८५।।

भाष्य—"विप्रेभ्य इति च प्रकृतम् । तथा च प्रागप्युक्तम् (३।९६) "वेदतत्त्वार्थ-

विदुषे ब्राह्मणायेति । न च यथाश्रुतदानफलोपपत्तिः । कीदृशं हि तत्साम्यं— जातितः परिमाणतः उपकारतो वा । यदि तावज्जातितस्तदिति, औषधपानोद्देशेन देवलेभ्यो दत्तं खाद्यदानं दुःखायैव स्यात् । तिक्तकटुकषायानि प्रायश औषधानि विरेचनीयानि, न प्रीतिजननानि । अथ परिमाणतः, तत्रापि यदि द्रव्यमनपेक्ष्य केवलपरिमाणासाम्यम्, सुवर्णं दत्तं तत्परिमाणं ताम्रं लभ्येत, अन्यद्वा मृत्काष्ठादि । अथ जातितः परिमाणतश्च, तत्र प्रागुक्ता एव दोषाः । अथोपकारतः, तत्रापि हि यदि तज्जातीय एवोपकारः व्याधिनिवृत्तिरौषधोपकारः । असति च व्याधौ फलस्य विनिवृत्तिरतो व्याधिनिवृत्तिफलकेनौषधदानेन व्याधिराक्षेप्तव्यः । सुसमं वा अन्यदुःखं इति प्राप्तम् । तस्मात् यथा निवीतं मनुष्याणां उपवीतं देवानामुपव्ययते देवलक्ष्ममेव तत्कुरुत इत्युपव्यानविशेषान्निवीतादयो न पृथग्वाक्यानि तथेदमपि द्रष्टव्यम् ।''

अत्रोच्यते । नात्राख्यातश्रवणमस्ति, सर्वेषां समत्वात् । तत्र यद्यर्थवादः 'सहस्रं वेदपारग' इति तदर्थवादोऽस्तु । अथायं विधिः, विध्यन्तरशेषभावात्सर्वत्र विधिरभ्यपेतव्यो विशेषाभावात् । निवीतादिषु तूपव्ययत इत्यत्राख्यातदर्शनात् तदर्थस्य विधिविषयत्वयोग्यत्वाभावादेकत्वावगमाच्च युक्तार्थवदेव तर्ह्यनुक्तो विशेषः । यत्तु नाब्राह्मणेभ्यो दानमस्तीति तद्विस्मृतं भवेत् । दीनानाथादिभ्यः सर्ववर्णेभ्यो दानस्य विहितत्वात् । एतान्येव च विधायकानि वाक्यानि ब्राह्मणेभ्यो राज्ञां दानस्य ।

यत्तूक्तं ''यथाश्रुतफलानुपपत्तिः सर्वप्रकारेणास्याभ्युपगम्यमानत्वादिति'' ।

अत्रोच्यते । लौकिकीयं वाचोयुक्तिः **सममिति** । यल्लोके नात्युत्कृष्टं तदेवमुच्यते । समलवणाः सक्तव इति । उपकारापेक्षा च 'द्विगुणमिति' संख्याश्रुतिर्यावत्तस्योपकारस्तावद्द्विगुणो भवति । न तद्द्रव्यप्राप्तिर्नापि तज्जातीय एवोपकारः, किंतु प्रीत्यतिशयोत्पत्तिः । न चेह फलविशेषश्रुतिर्येनेयमाशङ्कापि स्यात्किं तदेव द्रव्यं प्राप्येत उत स एवोपकार इति । अश्रुतफलविशेषेषु स्वर्गः फलम् । किंच तिलादिदाने प्रजाप्तिः फलं श्रूयते । तत्र का द्रव्यसाम्याशङ्का । तस्माच्चायमप्यर्थ उत्तरोत्तरोऽत्र च पात्रातिशयदानात्फलातिशयसिद्धिः । तथा चाह ''पात्रस्य हि विशेषेणेति'' (८६) ।

ब्राह्मणब्रुवे ब्रुवशब्दः कुत्सायाम् । जातिमात्रब्राह्मणोऽध्ययनादिगुणहीन इत्यर्थः । **आचार्यः** उपनेता । **वेदपारगो**ऽध्ययनश्रवणाभ्यां वेदस्यान्तं गतः ॥८५॥

हिन्दी—ब्राह्मणभिन्न (क्षत्रिय आदि) में दिया गया दान सामान्य फल वाला, ब्राह्मण क्रिया से रहित अपने को ब्राह्मण कहनेवाले ब्राह्मण में दिया गया दान दुगुने फल वाला, विद्वान् ब्राह्मण में दिया गया दान लाखगुने फलवाला और वेद-पारगामी ब्राह्मण में दिया गया दान अनन्त फलवाला होता है ॥८५॥

सत्पात्र में दान की प्रशंसा—

पात्रस्य हि विशेषेण श्रद्दधानतयैव च।
अल्पं वा बहु वा प्रेत्य दानस्य फलमश्नुते ।।८६।।

भाष्य—पातयतेऽधर्मकर्मणः, पात्यमानं वा त्रायत, इति **पात्रं** सम्प्रदानम्। अथवा घृततैलाद्याधारः पात्रमुपचारादिदमपि पात्रम्। अत्रापि हि द्रव्यं निधीयते। आह च (७।८२) ''नृपाणामक्ष्यो ह्येष निधिर्ब्राह्मोऽभिधीयत'' इति। तस्य विशेषो भेदः सगुणनिर्गुणत्वादिः। तेन हेतुना दानस्य फलमवाप्यते।

अल्पं वा। गुणवते वृत्तस्वाध्यायसम्पन्नाय दत्तं **बहु,** निर्गुणाय त्वल्पम्॥

हिन्दी—विद्या तथा तपसे युक्त पात्र की अपेक्षा से (सुपात्र को प्राप्तकर) श्रद्धा से दिये गये दान के फल को परलोक में मनुष्य प्राप्त करता है॥८६॥

विमर्श—सामान्य, मध्यम या उत्तम पात्र के अनुसार ही श्रद्धा एवं भक्ति से युक्त होकर दिये गये दान का क्रमशः सामान्य या उत्तम फल मनुष्य को परलोक में मिलता है। अतएव सत्पात्र को दान देना सर्वश्रेष्ठ है।

देशकालविधानेन द्रव्यं श्रद्धासमन्वितम्।
पात्रे प्रदीयते यत्तु तद्धर्मस्य प्रसाधनम् ।।७।।

भाष्य—तत्र **देशः** स्वनिवासदेशादन्यो जानपदः। दूरदेशप्रोषितायां सन्निहितत्वाद्दत्तमस्य हेतुरुपघातः। यज्ञप्रवृत्तस्य केनचिदंगेन न्यूनता ग्रहोपराग इत्येवमादिः। **विधानम्**। उदकपूर्वकस्वस्तिवाचनसंस्कारातिशयो भावप्रसाद इत्यादि।

द्रव्यं गोभूहिरण्यादि। **श्रद्धा** प्राप्त्यभिलाषातिशयः, 'कथमिदं मे निवर्ततेति बुद्धि संतानः।'

प्रेत्येति। क्रियासमनन्तरं फलोत्पत्तेरनियममाह, न पुनर्जन्मान्तरफलतामेव। वैदिकानां कर्मणां फल एव कामस्य नियमावगमात्॥८६॥

हिन्दी—देश-काल के अनुसार श्रद्धा से युक्त जो द्रव्य सत्पात्र में दिया जाता है, वही धर्म का प्रसाधन (उत्तम साधन या भूषण) है॥८॥

[एष एव परो धर्मः कृत्स्नो राज्ञ उदाहृतः।
जित्वा धनानि संग्रामाद् द्विजेभ्यः प्रतिपादयेत् ।।७।।]

[हिन्दी—राजा का सम्पूर्ण यही धर्म कहा गया है कि युद्ध से धन को जीतकर ब्राह्मणों को दान कर दे॥७॥]

युद्ध से विमुख होने का निषेध—

समोत्तमाधमै राजा त्वाहूतः पालयन्प्रजाः ।
न निवर्तेत संग्रामात्क्षात्रं धर्ममनुस्मरन् ।।८७।।

भाष्य—सर्वोपायपरिक्षये राज्ञो विहितं युद्धम् । तत्र संग्रामभूमिगतस्याहतस्य समन्यूनाधिकबलेनोपेक्षाप्रतिषेधार्थमिदं पदम् । न मन्तव्यं निकृष्टबलं न हन्मीति ।

अथवा ये शत्रव आटविकादयः प्राक्स्थितां मर्यादामतिलंघ्य देशमुत्क्रामन्ति शत्रुभिर्वा राज्ञः संदधते, न चेत्ते युद्धेन विना नियन्तुं शक्यन्ते,— तदा निकृष्टबलैरपि तैर्योद्धव्यमेव । यद्यपि तैरसौ शब्देन नाहूतो वस्तुतस्त्वाहूत एव भवति ।

एष हि क्षत्रियाणां धर्मः यदाहूतः प्रकृतैस्तैर्युद्धे सर्वेण सह योद्धव्यमेव । जातिवयः शिक्षापुरुषकारादि नापेक्षितव्यम् । एष धर्मः स्मर्तव्यः ॥८७॥

हिन्दी—प्रजाओं का पालन करता हुआ राजा समान, अधिक या कम (बल वाले शत्रुओं) के बुलाने (युद्ध के लिए ललकारने) पर ('क्षत्रिय युद्ध से विमुख न होवे' इस) क्षत्रिय-धर्म को स्मरण करता हुआ युद्ध से विमुख न होवे ॥८७॥

राजा का श्रेष्ठ धर्म—

संग्रामेष्वनिवर्त्तित्वं प्रजानां चैव पालनम् ।
शुश्रूषा ब्राह्मणानां च राज्ञां श्रेयस्करं परम् ।।८८।।

भाष्य—त्रयाणां धर्माणां तुल्यफलत्वाय श्लोकोऽयम् ॥८८॥

हिन्दी—युद्ध से (डरकर) नहीं भागना, प्रजाओं का पालन करना और ब्राह्मणों की सेवा करना; राजाओं का अत्यन्त कल्याण करनेवाला (धर्म) माना गया है ॥

युद्ध में विमुख न होने से स्वर्गप्राप्ति—

आहबेषु मिथोऽन्योन्यं जिघांसन्तो महीक्षितः ।
युध्यमानाः परं शक्त्या स्वर्गं यान्त्यपराङ्मुखाः ।।८९।।

भाष्य—आहूयन्ते युद्धार्थमितरे यत्र वीराः स **आहवः** संग्रामः । **मिथः** स्पर्धमाना **अन्योन्यं** परस्परं **जिघांसन्तो** हननेच्छवः **युद्धयमानाः** प्रहरन्तः **परं शक्त्या** परया शक्त्या यथाबलमित्यर्थः । छांदसत्वात्परेत्यस्य स्थाने परमिति रूपम् । **अपराङ्मुखा** युद्धयमाना इति सम्बन्धः । **स्वर्गं यान्ति** ।

"ननु च राज्यलोभात्प्रवृत्तानां दृष्टस्य फलस्य सम्भवात्कुतः स्वर्ग उच्यते" ।

वक्ष्यमाणयुद्धनियमापेक्षः स्वर्गः । न हि तेषां नियमानामन्यत्प्रयोजनमस्ति । 'न कूटैरायुधै'रित्यादिना त्यक्तराज्यस्यापि शक्तप्रणिपातेन तदनुजीवनसम्भवात् भवेत् ।

तस्मादर्हस्तत्फलसम्भवः । अथवा निश्चिते पराजये निराशस्य युद्धावतरणम्, तच्च स्वर्गायैव । अस्मादेव वचनान्नात्मत्यागनिषेधस्य विषयोऽयम् ।

महीक्षितो मण्डलेश्वरा न पुनस्तदनुजीविनः । तेषां हि स्वाम्यर्थैव प्रवृत्तिर्न स्वार्था । अतश्च कुतस्तेषां फलसम्बन्धः, ऋत्विजामिव दक्षिणापणेन परिक्रीतानाम् । एवमेषामपि भृतिपरिक्रीतानां कुतः स्वर्गादिफलोत्पत्तिः ।

ननु च अविशेषेणैतदुक्तम् (५।९७) "उद्यतैराहवे शस्त्रैः क्षत्रधर्महतस्य च । सद्यः सन्तिष्ठते यज्ञ" इति । तथा—

"द्वाविमौ पुरुषौ लोके सूर्यमण्डलभेदिनौ ।
परिव्राड्योगयुक्तश्च शूरश्चाभिमुखो हतः ।।" इति ।

तथा भारते युद्धप्रेक्षिणामपि स्वर्गः संदर्शितः । **मन्त्रलिङ्गानि** च सन्ति "ये युध्यन्ते प्रधनेषु शूरासो ये तनुत्यजः । ये वा सहस्रदक्षिणास्ताँश्च देवापि गच्छतात् ।।" सहस्रदक्षिणानां यजमानानां शूराणां च रणशिरसित्यक्तप्राणानां महाफलत्वं दर्शयन्ति । 'ये युध्यन्ते' न च मरणायैव क्रीयन्ते । नहि सम्परिग्रहकालेऽयमुपसंवादोऽस्ति । यथा होत्रोद्गात्रादीनां स्वप्रवचनसमाख्यानियतार्त्विज्यपदार्थानुष्ठानायैव वरणम् । तस्मात्प्रभुकार्योद्देशेन यन्मरणं तदनुक्रान्तफलायैव । न च परप्रयुक्तात्कर्मणोऽन्यस्य फलं नास्ति । अश्वमेधावभृथे हि ब्रह्मघ्नस्य स्नानादयजमानस्यैव शुद्धिः ।

अत्रोच्यते । प्रजार्थे युद्धे प्राणत्यागो धर्मायैव । यदुक्तम् **'उद्यतैराहव'** इति, तदा भृतिपरिक्रीतस्यास्वतंत्रस्य यस्य वा 'कुर्विति' प्रयाणं रण इत्येव परिकरो बद्धस्तदपेक्षमेतत् यज्ञसंस्थावचनम् । एवंभूतश्चाभिमुखो हत इति ।

अथवा नरकाभाव एव 'सूर्यमंडलभेदनं' युद्ध्यमानस्य भविष्यति । यत्र विषयान्तरेश्वरेण राज्ञा परस्य राज्ञो विषयो हन्यते भज्यते जनो लुप्येत्तत्र तदर्थं युद्धे प्राणत्यागो धर्मार्थः । अन्धंतमो हि नरके तदभावात्सति प्राकाश्ये सूर्यमण्डलभेदनवचनम् । सूर्यमण्डलं भिनत्ति, उपरिष्टाल्लोकानाप्नोति, नाधःप्रपततीत्यर्थः । भृतिपरिक्रीतस्य प्रभोः संग्रामे समुपस्थिते, तमेव जहतो नरकनिपतनम्; तदर्थं युध्यमानस्य भर्तृपिण्डानृण्यं गतवतो दुष्कृतेनाप्रतिबध्यमानस्य स्वैः सुकृतैर्युक्त एव स्वर्गादिलाभः । अत उक्तं "सद्यः संतिष्ठते यज्ञ" इति । अव्यवधानेन यज्ञफलमविशेषश्रुतौ स्वर्गमवाप्नोतीतीत्यर्थः । एवं भारतेऽपि भृतिपरिक्रीतानां स्वर्गफलावाप्तिवचनमुपपद्यते । युद्धप्रेक्षिणां तु स्वर्गावाप्तिरर्थवाद एव । अथवा बहुषु जीवनोपायेषु सत्सु यच्छस्त्रेण जीवनं ततो नियमात्स्वर्गः ।

यत्तु न मरणाय क्रीयन्त इति, शस्त्रभृतां भृतिदाने नान्यद्युद्धात्प्रयोजनमस्ति,

विशेषानुपदेशात्— 'सर्वकार्योद्यताः, सर्वप्रकारं मदर्थः सम्पादनीय' इति परिक्रीयन्ते— तत्र यदा युद्धमुपस्थितं भवति, तदा आ शरीरपातात्प्रभोरर्थः कर्तव्यः, तथाऽऽनृण्यं भवति। अनुपस्थिते तु युद्धे यदि भृत्यस्य मरणं भवति, तदा सर्वेऽनृणा एव। उद्युक्ते ह्यसौ तत्कार्ये तादृश एवास्योपसंवादः। युद्धकाले योद्धव्यं भवतीति लिङ्गदर्शनमपि तूपपद्यत एव।

अश्वमेधावभृथे तु स्पष्टं वचनं 'तस्मात्समागमे तेषामिति'। इह तु युद्धसाध्यमिति विशेषः ॥८९॥

हिन्दी—युद्धों में परस्पर प्रहार (चोट) करने की इच्छा करते हुए, अपार शक्ति से युद्ध करते हुए राजा विमुख न होकर (मरने से) स्वर्ग को जाते हैं ॥८९॥

कूट शस्त्रादि के प्रहार का निषेध—

न कूटैरायुधैर्हन्याद्युध्यमानो रणे रिपून्।
न कर्णिभिर्नापि दिग्धैर्नाग्निज्वलिततेजनैः ॥९०॥

भाष्य—तानिदानीमदृष्टार्थान्नियमान्दर्शयति।

कूटानि यानि बहिःकाष्ठमयान्यन्तर्निशितशस्त्राणि।

कर्णिनः। शरा ये शल्यस्य मूले मध्ये वा कर्णाकारैः फलकैः क्रियन्ते। ते हि प्रविष्टा दुरुद्धरा भवन्ति। उद्ध्रियमाणाः प्रहारैरभिन्नमपि शरीरैकदेशं भिन्दन्ति।

दिग्धा विषोपलिप्ताः।

अग्निना ज्वलितमादीपितं तेजोमयफलकं येषाम्।

एतैर्न योद्धव्यम् ॥९०॥

हिन्दी—युद्ध करता हुआ (राजा या कोई योद्धा) कूटशस्त्र (बाहर में लकड़ी आदि तथा भीतर में घातक तीक्ष्ण शस्त्र या लोहा आदि से युक्त शस्त्र); कर्णिके आकारवाला फल (बाण का अगला भाग), विषादि में बुझाये गये, अग्नि से प्रज्वलित अग्रभागवाले शस्त्रों से शत्रुओं को न मारे ॥९०॥

युद्ध में मारने के अयोग्य शत्रु—

न च हन्यात्स्थलारूढं न क्लीबं न कृताञ्जलिम्।
न मुक्तकेशं नासीनं न तवास्मीति वादिनम् ॥९१॥

भाष्य—रथस्थेन रथारूढ एव हन्तव्यः, स्थलस्थितो न हन्तव्यः।

क्लीबो नपुंसकः, पौरुषहीनो वा।

अन्यत्र दृढ आसीन उपविष्टो रथपृष्ठे भूमौ वा।

तवास्मीति वदति यस्तमपि न हन्यात्। शब्दनियमोऽत्र न विवक्षितः। दीनं वदन्नेवंजातीयकैरपि— शब्दै'स्त्वदीयोऽहं त्वामाश्रितोऽस्मीति'— न हन्तव्यः ॥९१॥

हिन्दी—(रथ पर बैठा हुआ) योद्धा भूमि पर स्थित, नपुंसक, हाथ जोड़े हुए, बाल खोले हुए, बैठे हुए और 'मैं तुम्हारा हूँ' ऐसा कहते हुए (शरणागत) योद्धा को न मारे ॥९१॥

न सुप्तं न विसन्नाहं न नग्नं न निरायुधम्।
नायुध्यमानं पश्यन्तं न परेण समागतम् ॥९२॥

भाष्य—न नग्नम्। 'न भग्नमिति' वा पाठः।

विसन्नाहस्य प्रतिषेधान्नग्नस्य प्राप्तिरेव नास्ति। तेन शिरस्त्राणाद्यभावेनैकदेशेन नग्नतया नग्नो द्रष्टव्यः। भग्नस्यापि परावृत्तप्रतिषेधात्संमुखस्थोऽपि, 'त्वया सह न युध्येय-मिति' वक्ति, स नानुबन्धनीयोऽवश्यं योद्धव्यमिति।

नायुध्यमानं पश्यन्तम्। यः प्रेक्षक एव केवलः स न हन्तव्यः। यस्तु प्रेक्षते युध्यते च, न तत्र प्रतिषेधः।

परेण समागतः। अन्येन सह युध्यमानोऽन्येन न हन्तव्यः ॥९२॥

हिन्दी—सोये हुए, कवच से रहित, नंगा, शस्त्र से रहित, युद्ध नहीं करते हुए, (केवल युद्ध को) देखते हुए (जैसे— युद्ध-संवाददाता आदि) और दूसरे के साथ युद्ध में भिड़े हुए योद्धा को न मारे ॥९२॥

नायुधव्यसनप्राप्तं नार्तं नातिपरिक्षतम्।
न भीतं न परावृत्तं सतां धर्ममनुस्मरन् ॥९३॥

भाष्य—आयुधव्यसनमायुधकृच्छ्रमायुधभङ्गः, कुण्डलिभावः खड्गस्य, ज्याछेद इत्येवमादिस्तं प्राप्तम्।

आर्तः हतपुत्रभ्रातादिः।

भीतं मुखरागादिना विज्ञाय, शस्त्रसम्मुखमपि।

परावृत्तं प्रत्यावृत्य स्थितम्।

एते नियमाः।

प्रतिषेधपक्षे प्रत्यवायः। तदा च स्वर्गप्राप्तिवचनमर्थवादः।

किं पुनरत्र युक्तम्।

पुरुषार्थः प्रतिषेधः। "न कलञ्जं भक्षयेत्" इतिवत्। तथा हि नञो मुख्यार्थवृत्तिता भवति।

सतां धर्ममिति। शिष्टानामेष आचार इत्याह **अनुस्मरन्निति** ॥९३॥

हिन्दी—अपने शस्त्र-अस्त्र के टूटने आदि से दुःखी, पुत्र आदि के शोक से आर्त, बहुत घायल, डरे हुए और युद्ध से विमुख योद्धा को सज्जन क्षत्रियों के धर्म का स्मरण करता हुआ (राजा या कोई भी योद्धा) न मारे ॥९३॥

युद्ध से विमुख होने की निन्दा—

यस्तु भीतः परावृत्तः संग्रामे हन्यते परैः ।
भर्तुर्यद्दुष्कृतं किञ्चित्तत्सर्वं प्रतिपद्यते ।।९४।।

भाष्य—नैवं मन्तव्यं— परावृत्तो यदि हन्यते तदा, दृष्कृत्य हतस्तु नेति,—किंतर्हि परावृत्तमात्रनिबन्धनं दोषवचनम् । किं च न परावृत्तहतेनेयं बुद्धिः कर्तव्या—'अनुभूतखड्गप्रहारोऽस्म्यनृणः कृतभर्तृकृत्य' इति । तथाविधाः प्रहारा न कस्मैचिदर्थायेति दोषातिशयदर्शनेन दर्शयति भर्तृसम्बन्धिदुष्कृतमिति । यच्च वचनमुत्तरत्र तदीयसुकृतग्रहणमिति, तदर्थवादः । न ह्यन्येन कृतं शुभमशुभं वाऽन्यस्य सम्भवति । न च सुकृतस्य नाशः । किन्तु महता दुष्कृतेन प्रतिबन्धे चिरकालभाविता सुकृतस्य फलस्य उच्यते ॥९४॥

हिन्दी—युद्ध में डरकर विमुख जो योद्धा शत्रुओं से मारा जाता है, वह स्वामी का जो कुछ पाप है, उसे प्राप्त करता है ॥९४॥

विमर्श—गोविन्दराज के मत से यहाँ पर युद्ध से पराङ्मुख व्यक्ति का पाप विवक्षित है तथा मेधातिथि के मत से यह वचन अर्थवाद (युद्ध से विमुख न होने के लिए विशेषता प्रदर्शकमात्र) है; किन्तु ये दोनों मत मनु भगवान् के अभिप्राय से विरुद्ध होने के कारण अग्राह्य हैं। युद्ध से विमुख हुए योद्धा को शत्रु के प्रहार करने पर यह नहीं समझना चाहिये कि 'मैं स्वामी के लिए युद्ध में शत्रु का प्रहार सहकर स्वामी से ऋणमुक्त हो रहा हूँ।' मन्वर्थमुक्तावलीकार का मत है कि— 'दूसरे के पाप या पुण्यकर्म विशेष से उससे भिन्न पुरुष को प्राप्त होना मनुभगवान् (७।८९) को भी सम्मत है।' 'यह तथ्य अग्रिम श्लोकोक्तवचन में क्रमशः पाप तथा पुण्य प्राप्त करने का उल्लेख केवल अर्थवाद मात्र है, किसी का पुण्य या पाप दूसरे को प्राप्त नहीं होता; किन्तु पाप या पुण्य में एक के प्रबल होने पर दूसरे का भोग चिरकाल में प्राप्त होता है' यह 'नेने शास्त्री' का मत है।

यच्चास्य सुकृतं किंचिदमुत्रार्थमुपार्जितम् ।
भर्त्ता तत्सर्वमादत्ते परावृत्तहतस्य तु ।।९५।।

भाष्य—यच्चास्य सुकृतं किंचिद्भर्ता तत्सर्वमादत्त इति ।

अमुत्रार्थमुपार्जितम् । अर्थोऽस्यास्तीत्यर्थः । अर्श आदित्वादच् । अमुत्रामुष्मिंल्लोके यत्प्रयोजनं तदर्जितम् । तदस्य निष्फलं भवति ।

अमुत्रार्थोऽस्येति वा अमुत्रार्थं व्यधिकरणो बहुव्रीहिर्गमकत्वात्प्रयोजकत्वाच्च॥९५॥

हिन्दी—डरकर युद्ध से पराङ्मुख होने पर शत्रु से अभिहत योद्धा का परलोक के लिए उपार्जित जो कुछ पुण्य है, वह सब स्वामी (उस योद्धा को वेतन देनेवाला राजा आदि) प्राप्त कर लेता है ॥९५॥

युद्धविजयी योद्धा को प्राप्त जीता गया धन—

रथाश्वं हस्तिनं छत्रं धनं धान्यं पशून्स्त्रियः ।
सर्वद्रव्याणि कुप्यं च यो यज्जयति तस्य तत् ।।९६।।

भाष्य—कुप्यं शयनासने ताम्रभाजनादि ।

यो यज्जयति तस्य तत् । राज्ञः स्वामित्वाद्ग्रहणे प्राप्ते तदपवादार्थमेतत् । सुवर्णरूप्यभूम्यावासकादि राज्ञ एव । एवमर्थं परिगणनम् । आयुधसंवाहनादि राज्ञ एव । धान्यादीनां पृथगुपादानाद्**धनशब्देन** गोमहिष्यादिकमुच्यते । तथा राजधनं चार्धमिति प्रयुञ्जते ॥९६॥

हिन्दी—रथ, घोड़ा, हाथी, छत्र, धन, धान्य (सब प्रकार के अन्न), पशु (गौ, भैंस आदि), स्त्रियाँ (दासी आदि), सब तरह के द्रव्य (गुड़, नमक आदि) और कुप्य (सोना-चाँदी के अतिरिक्त अन्य ताँबा-पीतल आदि द्रव्य) को जो योद्धा जीतकर लाता है; वह उसी का होता है । (सोना, चाँदी, भूमि, रत्न आदि बहुमूल्य वस्तुएँ राजा की होती हैं) ॥९६॥

राज्ञश्च दद्युरुद्धारमित्येषा वैदिकी श्रुतिः ।
राज्ञा च सर्वयोधेभ्यो दातव्यमपृथग्जितम् ।।९७।।
[भृत्येभ्यो विजयेदर्थान्नैकः सर्वहरो भवेत् ।
नाममात्रेण तुष्येत छत्रेण च महीपतिः ।।१।।]

भाष्य—येन यज्जितं तेन तद्गृहीतव्यमित्यस्यायं विशेष उच्यते ।

स्वय**मुद्धारं राज्ञे** तद्युरुत्तमद्रव्यमुद्धृत्य दद्युरित्यर्थः । न सर्वं तैर्ग्रहीतव्यमिति ।

एषा वैदिकी श्रुतिः । "इन्द्रो वै वृत्रं हत्वा" । इत्याद्युपक्रम्य "स महान् भूत्वा देवता अब्रवीदुद्धारं म उद्धरतेति" ।

राज्ञा वा पृथग्जये स्वयंजये यत्रायं विभागो नास्त्यनेनायं ग्रामो जितः, एष च परकीयः सामन्तादिः सर्वेण सर्व उत्खातमूलः सकृत्कृतः, तत्र राज्ञा लब्धप्रशमनन्यायेन भृत्याः संविभजनीयाः ॥९७॥

हिन्दी—(युद्ध में विजय करनेवाले योद्धा) 'राजा के लिए उद्धार (सोना, चाँदी जवाहरात तथा हाथी, घोड़ा[१] भी देवें' यह वैदिक वचन है और राजा विजयी योद्धाओं के लिए सम्मिलित रूप में जीतकर प्राप्त किये द्रव्यों में से प्रत्येक पुरुषार्थ के अनुसार विभाग देवे) ॥९७॥

एषोऽनुपस्कृतः प्रोक्तो योधधर्मः सनातनः ।
अस्माद्धर्मान्न च्यवेत क्षत्रियो घ्नन् रणे रिपून् ॥९८॥

भाष्य—उपसंहारोऽयम् ।

'योधाः' योद्धारस्तेषां धर्मो **योधधर्मः** ।

अनुपस्कृतः अगर्हितः । अविकृतो वा । अत एवाह सनातनः— स्वेच्छया प्रवर्तितो विकृतः स्यात् ।

न च्यवेत न चलेत । सर्वदाऽनुतिष्ठेत् । क्षत्रियग्रहणं मुख्यस्तस्यात्राधिकार इति दर्शयितुं न त्वन्यस्य तत्स्थानापन्नस्य नायं धर्म इति ॥९८॥

हिन्दी—(भृगु मुनि महर्षियों से कहते हैं कि) अनिन्दित योद्धाओं का यह सनातन धर्म (मैंने) आप लोगों से कहा, युद्ध में शत्रुओं को मारता हुआ राजा इसे न छोड़े ॥९८॥

राजा का सामान्यतः कर्तव्य —

अलब्धं चैव लिप्सेत लब्धं रक्षेत्प्रयत्नतः ।
रक्षितं वर्धयेच्चैव वृद्धं पात्रेषु निक्षिपेत् ॥९९॥

भाष्य—न क्षत्रियः संतुष्टः स्याद्ब्राह्मणवत्किन्त्वलब्धार्जने यत्नं कुर्यात् । अर्जितं च धनं रक्षेद्रक्षितं च वर्धयेत्कोशसंचयं कुर्यात् । ततः पात्रेभ्यो दद्यात् । न यथायं व्ययं कुर्यात् । तदुक्तं "आयादल्पतरो व्यय" इति ॥९९॥

हिन्दी—(राजा) अप्राप्त (नहीं मिले हुए भूमि तथा सुवर्ण आदि) को पाने की इच्छा करे, प्राप्त (भूम्यादि) की यत्नपूर्वक रक्षा करे, रक्षा किये गये को बढ़ावे और बढ़ाये हुए (द्रव्य, भूमि आदि) को सत्पात्रों में दान कर दे ॥९९॥

एतच्चतुर्विधं विद्यात्पुरुषार्थप्रयोजनम् ।
अस्य नित्यमनुष्ठानं सम्यक्कुर्यादतन्द्रितः ॥१००॥

---

१. 'वाहनं च' इति गौतमवचनात् (म०मु०)

'उद्धारदाने च श्रुतिः— 'इन्द्रो वै वृत्रं हत्वा' इत्युपक्रम्य 'स महान् भूत्वा देवता अब्रवीत्तदुद्धारं समाहरत' इति ।' (म०मु०)

हिन्दी—(राजा) चार प्रकार के पुरुषार्थों का यह प्रयोजन जाने तथा आलस्यरहित होकर सर्वदा इसका पालन करे ॥१००॥

अप्राप्त को प्राप्त करने की इच्छा आदि—

अलब्धमिच्छेद्दण्डेन लब्धं रक्षेदवेक्षया ।
रक्षितं वर्धयेद्वृद्ध्या वृद्धं पात्रेषु निक्षिपेत् ।।१०१।।

भाष्य—पुरुषस्य येऽर्थास्तेषां प्रयोजनं चतुर्विधम् । चतस्र एताः क्रियास्तत्र प्रयोज्याः, अर्जनरक्षणवर्धनदानानि ।

उपकारवचनोऽर्थशब्दः । पुरुषार्थसिद्ध्यर्थमेतत्प्रयोजनम् । तस्य चतुर्विधस्य प्रसक्तस्य नित्यमनुष्ठानं कुर्यात् ॥१००-१०१॥

हिन्दी—(राजा) अप्राप्त (नहीं मिले हुए सोना, चाँदी, भूमि, जवाहरात आदि) को दण्ड के द्वारा (शत्रु को दण्ड देकर या जीतकर) पाने की इच्छा करे, प्राप्त (मिले हुए सोना आदि उक्त) द्रव्यों की देख-भाल करते हुए (रक्षा किये गये) उनकी वृद्धि से (जल-स्थल-मार्ग आदि के व्यापार आदि करके) बढ़ाये और बढ़ावे गये (उन द्रव्यों) को सत्पात्रों में दान कर दे ॥१०१॥

सैनिक अभ्यास आदि की नित्यकर्तव्यता—

नित्यमुद्यतदण्डः स्यान्नित्यं विवृतपौरुषः ।
नित्यं संवृतसंवार्यो नित्यं छिद्रानुसार्यरेः ।।१०२।।

भाष्य—उद्यतो दण्डोऽनेनेत्**युद्यतदण्डः** । उद्यत उद्युक्तः अव्यापार इति यावत् । तत्र हस्त्यादिबलं नित्यं योग्याभिरभिविनयेत् । शिक्षा वाहनदमनादिभिर्विधेया । करण-योग्या अभ्यासाश्च । तद्वाहनादिषु वस्त्राभरणसंस्कार इत्यादिरुद्यतदण्डता । तथा कुर्वतोऽ-स्योत्साहशक्तियोगो मण्डले प्रकाशोभवति ।

तथा **नित्यं विवृतपौरुषः** । विवृतं प्रकाशतामागतं पौरुषं कर्तव्यम् । सन्धिपालाट-वीस्थानादिष्वाप्तपुरुषैरधिष्ठिताः सन्निरुद्धाः कवचिनः सततं जागरणार्थं नियोज्याः ।

नित्यं सम्वृतसंवार्यः । सम्वरणीयं संगोपनीयमात्मगतं कृत्वा तत्स्थानं संवृतं कर्तव्यमुपग्रहेण परोपजापरक्षणेन च ।

नित्यं छिद्रानुसरणेन, सर्वं शत्रोः कृत्यपक्षं ज्ञात्वा झटिति तदुपजापः ॥१०२॥

हिन्दी—(राजा) दण्ड सर्वत्र उद्यत रक्खे (हाथी, घोड़ा, रथ और पैदल— इस प्रकार चतुरङ्गिणी सेना को सर्वदा परेड करवाकर उनका अभ्यास बढ़ाता रहे) अपने पुरुषार्थ (सैनिकादि शक्ति) को प्रदर्शित करता रहे, गुप्त रखने योग्य (अपने विचार,

राजकार्य एवं चेष्टा आदि) को सर्वदा गुप्त रखे और शत्रु के छिद्र (सेना या प्रकृति के द्वेष आदि दुर्बलता) को सर्वदा देखता रहे ।।१०२।।

सर्वदा दण्डयुक्त रहना—

नित्यमुद्यतदण्डस्य कृत्स्नमुद्विजते जगत् ।
तस्मात्सर्वाणि भूतानि दण्डेनैव प्रसाधयेत् ।।१०३।।

भाष्य—अनन्तरस्य फलम् ।

सर्वं जगदुद्विजते बिभेति । प्रतापख्यातिर्भवति चेति । **तस्मात्सर्वाणि** भूतानि स्वप्रकृतीः परांश्च **दण्डेनैव प्रसाधयेत्** । एवं यत्नवतो भीताः शत्रवो नमन्त्ययत्नेनैव ।।१०३।।

हिन्दी—सर्वदा दण्ड (चतुरङ्गिणी सेना की शक्ति) से युक्त रहनेवाले (राजा) से सब संसार डरता है। अतएव राजा सब लोगों को दण्ड द्वारा ही वश में करे ।।

कपट का त्याग—

अमाययैव वर्त्तेत न कथञ्चन मायया ।
बुध्येतारिप्रयुक्तां च मायां नित्यं सुसम्वृतः ।।१०४।।

भाष्य—माया छद्म । तेन न वर्तेत । अविश्वसनीयस्तथा स्यात् । न च परप्रकृतीरज्ञातरूपा उपजपेत् । अरिणा प्रयुक्तां च मायां यथावद्बुध्येत । बुद्ध्या ज्ञात्वोपजापं कुर्यात् ।

तत्र कृत्यपक्षश्चतुर्विधः । क्रुद्धलुब्धभीतावमानितैः ।

तत्र येन कृतं शिल्पं किंचिदुपकारो वा दर्शितः, तौ विप्रलभ्येते प्रसादेन नियोज्येते अवमन्येते वा । तदर्थोऽपि तत्समानः शिल्पोपकारी क्रुध्यति, नास्यास्मदीयं शिल्पमुपकारो वोपयुज्यते । तादृशा उपजापसहा भवन्ति । तथा वाल्लभ्येनोपगृहीतः, पश्चान्मानाधिकाराभ्यां भ्रष्टः, प्रवासितबन्धुतातद्वल्लभः प्रसभमभिपूज्य स्वीकृतः, सकुल्यैरन्तर्हितः, सर्वस्वमाहारितस्तत्समानकर्मविद्योऽन्यः पूज्यते सोऽवधीर्यते इत्येवमादिः क्रुद्धः ।

केनचित्कृतं पैशुन्यं तत्समानदोषेभ्यो दण्डितं अन्तर्भ्रमदण्डपाताः सर्वाधिकारस्थाः सहसोपचितार्था इत्यादि लुब्धवर्गः ।

परिक्षीणः कदर्यो व्यसनी बहुत्रृण इत्यादिर्भीतवर्गः ।

आत्मसम्भावितः शत्रुपूजामर्थितः नीचैरुपहतः तीक्ष्णः साहसिको भोगेनासंतुष्ट इत्येवमादिरवमानितवर्गः ।

एतत्परस्योपजपेत् आत्मनश्च रक्षेत् ।।१०४।।

हिन्दी—(राजा) सर्वदा (मन्त्री आदि के साथ) निष्कपट बर्ताव करे कपट से किसी प्रकार वर्ताव न करे (कपट वर्ताव करने से राजा सबका अविश्वासपात्र हो जाता है) और स्वयं सब व्यवहार को गुप्त रखता हुआ शत्रु के कपट को (गुप्तचरों के द्वारा) मालूम करे ॥१०४॥

प्रकृति-भेद आदि को गुप्त रखना—

नास्य छिद्रं परो विद्याद्विद्याच्छिद्रं परस्य च ।
गूहेत्कूर्म इवाङ्गानि रक्षेद्विवरमात्मनः ॥१०५॥

भाष्य—एष एवार्थः पुनरुच्यते ।

तथा यत्नातिशयं कुर्याद्यथा परस्य छिद्रमन्विच्छेदात्मनश्च रक्षेत् । य एवं क्रुद्धादिः कापटिकादिचारपुरुषैर्ज्ञायते स एवात्मीयोऽनुनीयत इति ।

कूर्मवदङ्गं गूहेद्रक्षेद्विवरमात्मनः । परोपजापात्स्वच्छिद्ररक्षणं महाप्रयोजनमित्येतदनेनाह ॥१०५॥

हिन्दी—(राजा ऐसा यत्न करे कि—) इस (राजा) के छिद्र (अमात्य आदि के साथ फूट) शत्रु न मालूम करे और राजा स्वयं शत्रु के छिद्र को मालूम करता रहे । कछुआ जैसे अपने अङ्गों (मुख एवं पैरों) को छिपा लेता है, वैसे ही (राजा भी) अङ्गों (स्वामी अमात्य, राष्ट्र, किला, कोष, सेना और मित्र— इन सात अङ्गों[1]) को गुप्त रखे और कदाचित् आपस में कोई छिद्र (मंत्री आदि प्रकृति के फूट जाने से कोई दोष) हो जाय तो उसे दूर कर दे ॥१०५॥

पूर्णतः विश्वास न करना—

[न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्ते नातिविश्वसेत् ।
विश्वासाद्भयमुत्पन्नं मूलादपि निकृन्तति ॥१०॥]

[हिन्दी—(राजा) अविश्वासी पर विश्वास न करे, विश्वासी पर भी अधिक विश्वास न करे; क्योंकि विश्वास से उत्पन्न भय जड़ से ही नाश कर देता है ॥१०॥]

बगुले आदि के समान अर्थचिन्तनादि—

बकवच्चिन्तयेदर्थान्सिंहवच्च पराक्रमेत् ।
वृकवच्चावलुम्पेत शशवच्च विनिष्पतेत् ॥१०६॥

भाष्य—यथा अप्सु दुर्गाश्रयमपि मत्स्यबलं स्वभावतस्तद्ग्रहणार्थं बकः पर्यु-

---

१. कामन्दके— 'स्वाम्यमात्यश्च राष्ट्रञ्च दुर्गं कोशो बलं सुहृत् ।
परस्परोपकारीदं सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते ॥' इति ।

दासनपरतया तद्ग्रहणोपायं ध्यानादियोगादासादयति एवमर्थचिन्ताभियोगातिशयेन सुदुष्पापा अप्यर्था आसाद्यन्त इति मत्वा न निर्वेदं गच्छेत् ।

यथा च शशोऽल्पकायत्वाच्छक्नोति निष्पतितुमुपरि संघादपि, तथा एकोऽप्य-सहायः सर्वतः समुत्थितसामन्तप्रकोपोऽशक्तोऽवस्थातुं दुर्गेऽरिसम्पातं कृत्वा तस्माद्वि-निष्पतेद्गुणवति संश्रयार्थम् ।

यथा च वृकः पशुग्रहणाभियोगाद् बालप्रमादमासाद्यावलुम्पते, एवं स्वरक्षापर इति मत्वा तद्ग्रहणाभियोगो न मोक्तव्यः, भविष्यति स कालो यत्रायं वृकवदवलुंपिष्यते ।

यथा सिंहो महाकायानपि हस्त्यादीन्हन्ति पराक्रमोत्साहशक्तियोगात्,एवं मह-दरिबलमिति न भेतव्यम्, अल्पप्राणेनापि कदाचिदुत्साहवता महाप्राणो निहन्यत इति ॥१०६॥

हिन्दी—(राजा) बगुले के समान अर्थचिन्तन करे, सिंह के समान पराक्रम करे, भेड़ियों के समान शत्रु का नाश करे और खरगोश के समान (शत्रु के घेरे से) निकल जाय ॥१०६॥

विमर्श— बगुला जिस प्रकार अतिचञ्चल एवं जल में रहनेवाली मछलियों को भी एकाग्रचित्त होकर पकड़ लेता है, वैसे ही राजा भी अत्यन्त विचारित तथा सुरक्षित अर्थ के विषय में एकाग्रचित्त होकर विचार करे। सिंह जैसे स्वल्पकाय होने पर भी बलवान् तथा विशालकाय मतवाले हाथियों पर पराक्रम करता है तथा क्षुद्र पशुओं पर भी पूर्ण शक्ति से ही आक्रमण करता है; वैसे ही राजा भी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर शत्रु पर आक्रमण करे। भेड़िया जिस प्रकार गोपाल आदि से अत्यन्त सुरक्षित पशु के बच्चों को जरा-सी असावधानी होने पर झपटकर ले जाता है, उसी प्रकार राजा भी शत्रु के थोड़ी भी असावधानी करते ही उसका नाश करने लगे और खरगोश जिस प्रकार व्याध आदि से घिरे रहने पर भी उनसे छिप या भागकर किसी सुरक्षित स्थान का आश्रय लेता है, उसी प्रकार राजा भी प्रबल शत्रुओं के द्वारा आक्रान्त होने पर अवसर देख उसके पंजे से निकलकर किसी बलवान् राजा का आश्रय ले।

विजय में बाधक वशीकरण—

एवं विजयमानस्य येऽस्य स्युः परिपन्थिनः ।
तानानयेद्वशं सर्वान्सामादिभिरुपक्रमैः ।।१०७।।

भाष्य—ये परिपन्थिनः प्रतिपक्षतया वर्तन्ते वशमानेतव्याः । न त्वानुकूल्येन ये वर्तन्ते । तेऽपिं सामादिभिः पूर्वम्, न प्रथमत एव दण्डेन ॥१०७॥

हिन्दी—इस प्रकार विजय करते हुए राजा के विजय में जो बाधक (राजा) हों, उन

सबों को साम आदि उपायों से वश में लावे ॥१०७॥

सामादि की असफलता में दण्डप्रयोग—

यदि ते तु न तिष्ठेयुरुपायैः प्रथमैस्त्रिभिः ।
दण्डेनैव प्रसह्यैतांश्छनकैर्वशमानयेत् ।।१०८।।

भाष्य—सामादिभिरशक्या दण्डेन वशमानेतव्या इति यदुक्तं तदिदं दण्डेन प्रसह्याभिभूय शनकैर्यादृशो दण्डोपक्रमस्तेन । न साहसिकतया ॥१०८॥

हिन्दी—यदि वे (विजय में बाधक राजा) पहले तीन उपायों (साम, दाम और भेद) से (अपनी हरकतों को) नहीं छोड़ें तब दण्ड से ही उनको बलपूर्वक वश में करे ॥१०८॥

साम एवं दण्ड की प्रशंसा—

सामादीनामुपायानां चतुर्णामपि पण्डिताः ।
सामदण्डौ प्रशंसन्ति नित्यं राष्ट्राभिवृद्धये ।।१०९।।

भाष्य—वक्ष्यमाणानां सामादीनामुपायानां सामदण्डौ निगद्येते प्रशस्यतया । सति साम्नि क्षिप्रं कम्पो न भवति । दण्डे तु सर्वसिद्धिः ॥१०९॥

हिन्दी—पण्डित (राजनीतिज्ञ विद्वान्) साम आदि चारो उपायों (साम, दाम, भेद और दण्ड) में से सर्वदा राज्य की वृद्धि के लिए साम और दण्ड की प्रशंसा करते हैं ॥१०९॥

राज्यरक्षा—

यथोद्धरति निर्दाता कक्षं धान्यं च रक्षति ।
तथा रक्षेन्नृपो राष्ट्रं हन्याच्च परिपन्थिनः ।।११०।।

भाष्य—ये राजानमभिद्रुह्यन्ति तेषां ये सुहृद्बान्धवाः, सम्बन्धोपसर्पिणो वा, न ते विनाशयितव्याः, यदि न तत्कार्याभ्यन्तराः । य एव दुष्टास्त एव निग्राह्या, न तत्सम्बन्धिन इत्येतन्निर्दातृदृष्टान्तेन प्रतिपाद्यते ।

यथा धान्यकक्षयोः सहोत्पन्नयोरत्यन्तसहितयोरपि नैपुण्येन धान्यं रक्षति कक्षम-ुद्धरति । एवं स्वराष्ट्रे यावन्तस्तेषां सुहृदावपि, तयोर्दोषवान्यः स एव निग्राह्यः, न यः सुसङ्गतोऽपि । अतः साध्वसाधुविवेकेन साधवो रक्ष्या असाधवो निग्राह्याः ॥११०॥

हिन्दी—जिस प्रकार निकीनी (सोहनी) करनेवाला (किसान खेत में से) घास को उखाड़ता है और धान्य को बचाता है, उसी प्रकार राजा राज्य की रक्षा करे और शत्रुओं का नाश करे ॥११०॥

प्रजापीडन से राज्यभ्रंशादि—

मोहाद्राजा स्वराष्ट्रं यः कर्शयत्यनवेक्षया ।
सोऽचिराद्भ्रश्यते राज्याज्जीविताच्च सबान्धवः ।।१११।।

भाष्य—यस्तु राजा पूर्वोक्तविवेकमकृत्वा **मोहेनानवेक्षया स्वराष्ट्रं कर्शयति** स दण्डैः सह **भ्रश्यत्यचिराद्राज्याज्ज**नपदाननुरागेण प्रकृतिकोपेन **जीविताच्च**। साहसिकैरेकाकिभिरपि जीवितनिरपेक्षैर्हन्यते ॥१११॥

हिन्दी—जो राजा मोहवश अपने राज्य की देख-रेख न करके धनग्रहण करता है (प्रजा की रक्षा न करके भी अन्यायपूर्वक उनसे अनेक प्रकार का कर लेता है), वह शीघ्र ही राज्य से भ्रष्ट हो जाता है और बान्धव-सहित जीवन से भ्रष्ट हो जाता है (सपरिवार मर जाता है) ॥१११॥

शरीरकर्षणात्प्राणाः क्षीयन्ते प्राणिनं यथा ।
तथा राज्ञामपि प्राणाः क्षीयन्ते राष्ट्रकर्षणात् ।।११२।।

भाष्य—स्वराष्ट्रेऽत्यन्तमवहितेनानुराग उत्पादनीयस्तद्धि शरीरस्थानीयम्। शरीरे कर्शितेऽपथ्यभोजनरुक्षभोजनादिभिर्यथा प्राणा उत्क्रामन्ति, एवं राष्ट्रकर्शनादपि ॥११२॥

हिन्दी—जिस प्रकार शरीरधारियों के प्राण (भोजनादि के अभाव से) शरीर के क्षीण होने से नष्ट हो जाते हैं, उसी प्रकार राज्य के पीड़ित करने से राजाओं के भी प्राण (प्रकृति-कोप आदि से) नष्ट हो जाते हैं (अतः राजा का कर्तव्य है कि यथावत् राज्य की रक्षा करता रहे) ॥११२॥

राज्यरक्षा से सुख-समृद्धि—

राष्ट्रस्य संग्रहे नित्यं विधानमिदमाचरेत् ।
सुसंगृहीतराष्ट्रे हि पार्थिवः सुखमेधते ।।११३।।

भाष्य—'संग्रहो' रक्षाविधानम्। सुसंगृहीतं रक्षाविधानेन वशीकृतं परिपालितं वा येन स्वराष्ट्रं **स पार्थिवः सुखमेधते** ॥११३॥

हिन्दी—राज्य की रक्षा के लिए राजा नित्य इन उपायों को करे; क्योंकि अच्छी तरह राज्य-रक्षा करनेवाला राजा सुखपूर्वक बढ़ता (उन्नति करता) है ॥११३॥

ग्रामपति आदि की नियुक्ति—

द्वयोस्त्रयाणां पञ्चानां मध्ये गुल्ममधिष्ठितम् ।
तथा ग्रामशतानां च कुर्याद्राष्ट्रस्य संग्रहम् ।।११४।।

भाष्य—द्वयोर्ग्रामयोर्मध्ये **गुल्मं** कुर्यात्। गुल्मो रक्षितृपुरुषसमूहस्तेनै**वाधिष्ठितं**

संग्रहं कुर्यात् । तद्युक्तमधिष्ठातारं पुरुषं कुर्यात् । अधिकारी संग्रह इहोच्यते ।

एवं त्रयाणां पञ्चानां च ।

अथवा राजभाव्यार्थग्रहणस्थानं संग्रहः ॥११४॥

हिन्दी—(राजा) राज्य की रक्षा के लिए दो-दो, तीन-तीन या पाँच-पाँच गाँवों के समूह का एक-एक रक्षक नियुक्त करे और सौ गाँवों का एक प्रधान रक्षक नियुक्त करे ॥११४॥

ग्रामस्याधिपतिं कुर्याद्दशग्रामपतिं तथा ।
विंशतीशं शतेशं च सहस्रपतिमेव च ।।११५।।

भाष्य—एकैकस्मिन् ग्रामेऽधिपतिं कुर्यात्। तदुपरि दशग्रामपतिम्। एवं सर्वत्र ॥११५॥

हिन्दी—(राजा) एक-एक, दश-दश, बीस-बीस, सौ-सौ तथा हजार-हजार गाँवों का एक-एक रक्षक नियुक्त करे ॥११५॥

विमर्श— उक्त दो श्लोकों में से प्रथम श्लोक में दो-दो, तीन-तीन या पाँच-पाँच गाँवों के रक्षक की नियुक्ति वर्तमान में चौकी या थाने का एवं सौ गाँवों के प्रधान रक्षक की नियुक्ति तहसील, सबडिवीजन या जिला का स्वरूप है । द्वितीय श्लोक में कथित एक-एक गाँव के रक्षक की नियुक्ति सरपंच, दश-दश गाँवों के रक्षक की नियुक्ति थाना, सौ-सौ गाँवों के रक्षक की नियुक्ति जिला, तहसील या सबडिवीजन और हजार गाँवों के रक्षक की नियुक्ति कमिश्नरी का स्वरूप समझना चाहिये ।

ग्राम के दोष को बड़े अधिकारी से कहना—

ग्रामदोषान्समुत्पन्नान् ग्रामिकः शनकैः स्वयम् ।
शंसेद्ग्रामदशेशाय दशेशोविंशतीशिने ।।११६।।
विंशतीशस्तु तत्सर्वं शतेशाय निवेदयेत् ।
शंसेद्ग्रामशतेशस्तु सहस्रपतये स्वयम् ।।११७।।

भाष्य—ये ग्रामदोषा एकग्रामाधिकृतेन न शक्यन्ते समाधातुम्, तान्दशेशाय निवेदयेत् । एवमशक्तौ यावत्सहस्रपतिर्विज्ञाप्यः ॥११६-११७॥

हिन्दी—चोर आदि के उपद्रव को शान्त करने में असमर्थ एक गाँव का रक्षक दश गाँवों के रक्षक को, दश गाँवों का रक्षक बीस गाँवों के रक्षक को, बीस गाँवो का रक्षक सौ गाँवों के रक्षक को और सौ गाँवों का रक्षक हजार गाँवों के रक्षक को स्वयं (बिना पूछे ही) उक्त चोर आदि के उपद्रवों को शीघ्र सूचित करे ॥११६-११७॥

यानि राजप्रदेयानि प्रत्यहं ग्रामवासिभिः ।
अन्नपानेन्धनादीनि ग्रामिकस्तान्यवाप्नुयात् ।।११८।।

भाष्य—एकग्रामाधिकृतस्य वृत्तिरियम् ।

ग्रामिको ग्रामाधिकृत**स्तान्यवाप्नुयाद्**गृह्णीयात् । वृत्त्यर्थं राज्ञे प्रदातव्यानि ग्रामवासिभिः । अन्नादीनि तु धान्यादेः षष्ठाष्टमभागादिः । यथा वक्ष्यति "धान्येष्टमं विशाम्" इत्यादि (अ०१०।१२०) ॥११८॥

हिन्दी—ग्रामवासी प्रजा राजा के लिए जो अन्न, इन्धन आदि देते हों, उसे वह एक गाँव का रक्षक लेवे ॥११८॥

दशी कुलं तु भुञ्जीत विंशी पञ्चकुलानि च ।
ग्रामं ग्रामशताध्यक्षः सहस्राधिपतिः पुरम् ।।११९।।

भाष्य—दशसु ग्रामेष्वधिकृतो **दशी** । एवं **विंशी** । छान्दसः शब्दसंस्कारः । **कुलं** ग्रामैकदेशः । क्वचिद्हट्ट इति प्रसिद्धः क्वचिदुष्ट इति ।

एतदेव पञ्चगुणं विंशतिग्रामेष्वधिकृतः । सर्वं ग्रामशताध्यक्षः ।

पुरं नगरं सहस्रेशः स्थानकर्मानुरूपेण वृत्तिं कल्पेतेत्येतत्सत्यम् ॥११९॥

हिन्दी—दश गाँवों का रक्षक एक 'कुल', बीस गाँवों का रक्षक पाँच कुल, सौ गाँवों का रक्षक एक मध्यम ग्राम और हजार गाँवों का रक्षक एक मध्यम पुर (कस्बा, अपनी जीविका के लिए) राजा से प्राप्त करे ॥११९॥

विमर्श—जीविका के लिए छः हलों से जोतने योग्य भूमि को, 'मध्यम हल' कहते हैं, दो मध्यम हल (१२ हलों से जोतने योग्य भूमि) को 'कुल'[1] कहते हैं ।

ग्रामकार्यों का अन्य राजमन्त्री द्वारा निरीक्षण—

तेषां ग्राम्याणि कार्याणि पृथक्कार्याणि चैव हि ।
राज्ञोऽन्यः सचिवः स्निग्धस्तानि पश्येदतन्द्रितः ।।१२०।।

भाष्य—तेषां ग्रामकार्येष्वितरेतरं विप्रतिपत्तिः । **अन्यः** स्वकार्येऽन्यः **सचिवो** महत्तमः **स्निग्धो** रागद्वेषवर्जितो दर्शनाय नियोक्तव्यः ॥१२०॥

---

१. कुल्लूकभट्टः— 'अष्टागवं धर्महलं षड्गवं जीवितार्थिनाम् ।
चतुर्गवं गृहस्थानां त्रिगवं ब्रह्मघातिनाम् ॥'

इति हासेतस्मरणात् षड्गवं मध्यमं हलमिति तथाविधहलद्वयेन यावती भूमिर्वाह्यते, तत् 'कुल'मिति वदन्ति इति । (म०मु०)

हिन्दी—उन ग्रामनिवासियों के ग्रामसम्बन्धी तथा अन्य (किये गये तथा नहीं किये गये) कार्यों का राजा का हितैषी दूसरा मंत्री आलसरहित होकर देखा करे ॥१२०॥

प्रतिनगर में उच्चपदाधिकारियों को नियुक्त करना—

नगरे नगरे चैकं कुर्यात्सर्वार्थचिन्तकम् ।
उच्चैःस्थानं घोररूपं नक्षत्राणामिव ग्रहम् ।।१२१।।

भाष्य—**उच्चैःस्थानं** प्रधानभूतमित्यर्थः । **घोररूपं** प्रतापवन्तम् । नक्षत्राणामिव **गृहं** अंगारकम् । हस्त्यश्वादिबलसम्पन्नम् ॥१२१॥

हिन्दी—राजा प्रत्येक नगर में (हाथी, घोड़ा, रथ एवं पैदल सैनिकों के द्वारा दूसरों में) आतङ्क उत्पन्न करानेवाले नक्षत्रों में शुक्र आदि ग्रहों के समान तेजस्वी और सब विषयों की चिन्ता (देखभाल) करनेवाले एक उच्च पदाधिकारी को नियुक्त करे ॥

उक्त उच्चाधिकारी का कार्य—

स ताननुपरिक्रामेत्सर्वानेन सदा स्वयम् ।
तेषां वृत्तं परिणयेत्सभ्यग्राष्ट्रेषु तच्चरैः ।।१२२।।

भाष्य—न नगराधिकृत**स्तान्सर्वान**पि पतीननुपरिक्रामेत्स्वबलेन पूरयेत् । सति प्रयोजने । **तेषां** सर्वेषामधिपतीनां **तद्वृत्तं सम्यक् परिणयेत्** सम्यग्रूपतया परिजानीयात् । कैः । राजचरैः कापटिकादिभिः ॥१२२॥

हिन्दी—नगर में नियुक्त वह उच्चपदाधिकारी उन (ग्रामाधिपति आदि) (७।११५-११६) का सर्वदा स्वयं निरीक्षण करता रहे और दूतों के द्वारा राज्यों में उन ग्रामाधिपतियों के कार्य, वर्ताव आदि व्यवहार को मालूम करता रहे ॥१२२॥

घूसखोरों से प्रजा की रक्षा—

राज्ञो हि रक्षाधिकृताः परस्वादायिनः शठाः ।
भृत्या भवन्ति प्रायेण तेभ्यो रक्षेदिमाः प्रजाः ।।१२३।।

भाष्य—परस्वमादातुं शीलं येषां ते **परस्वादायिनः शठाः** असम्यक्कारिणः प्रायेणाधिकृताः सन्तो भवन्ति । प्राक्शुचयोऽपि रक्षन्ति वित्तानि । अतः प्राक्शुचित्वानुमानेन नोपेक्षणीयाः । यत्नतः प्रतिजागरितव्याः ।

तेभ्यो रक्षेदिमाः प्रजाः । न केवलं राजार्थनाशः अनवेक्षया, यावत्प्रजा अपि निर्धनीकुर्वन्ति ॥१२३॥

हिन्दी—राजा के रक्षाधिकारी प्राय: दूसरों का धन लेनेवाले (घूसखोर) हुआ करते हैं, उन शठों से (राजा) इन प्रजाओं की रक्षा किया करे ॥१२३॥

घूसखोरों की सम्पत्ति का हरण और राज्यबहिष्कार—

ये कार्यिकेभ्योऽर्थमेव गृह्णीयुः पापचेतसः ।
तेषां सर्वस्वमादाय राजा कुर्यात्प्रवासनम् ।।१२४।।

भाष्य—ये रक्षाधिकृता: **कार्यिकेभ्यो** व्यवहर्तृभ्यो व्यापारवद्भ्यो हललेशोद्देशिकया दण्डयन्ति जनपदांस्तेषां सर्वस्वहरणप्रवासने राजा कुर्यात् ॥१२४॥

हिन्दी—जो पापबुद्धि अधिकारी काम पड़नेवालों से (अनुचित रूप में) धन अर्थात् घूस ले, राजा उनका सर्वस्व लेकर उन्हें राज्य से बाहर निकाल दे ॥१२४॥

दास-दासियों का वेतन एवं स्थान—

राजकर्मसु युक्तानां स्त्रीणां प्रेष्यजनस्य च ।
प्रत्यहं कल्पयेद्वृत्तिं स्थानकर्मानुरूपतः ।।१२५।।

भाष्य—युक्तानां नियुक्तानां स्त्रीणामन्त:पुरदास्यादीनाम् । **प्रेष्यजनस्य** दोलकवाहादे: । **प्रत्यहं वृत्तिं कल्पयेन्न** सांवत्सरीयं सकृद्दद्याद्ग्रामं तदेकदेशं वा ।

स्थानकर्मानुरूपतः । 'स्थानं' प्रधानं नियोग: शय्यारक्षादि, 'कर्म' शरीरव्यापारस्तदनुरूपेण वृत्तिर्देया । प्रधाने स्थाने स्वल्पेऽपि कर्म्मणि महती वृत्तिर्निकृष्टे स्थाने महत्यपि कर्मणि स्वल्पेत्येतदुभयानुरूपम् ॥१२५॥

हिन्दी—राजा काम में नियुक्त दास-दासियों के लिए कार्य के अनुसार प्रतिदिन का वेतन एवं स्थान निश्चित कर दे ॥१२५॥

उक्त वेतन का प्रमाण—

पणो देयोऽवकृष्टस्य षडुत्कृष्टस्य वेतनम् ।
षाण्मासिकस्तथाच्छादो धान्यद्रोणस्तु मासिकः ।।१२६।।

भाष्य—अवकृष्टः सम्मार्जनशोधनविनियुक्तस्तस्य भक्तार्थं **पणो देयः** ।

उत्कृष्टस्य षट्सु षट्सु मासेषु गतेष्वाच्छादवस्त्रम् । **धान्यद्रोणश्च मासिकः** । चतुराढको **द्रोणः** ।

पणपरिमाणं वक्ष्यति ।

वृत्तिकल्पनार्था एते ॥१२६॥

हिन्दी—(राजा) साधारण कार्य (झाड़ू लगाना, पानी भरना आदि) करनेवाले निकृष्ट दास या दासी के लिए प्रतिदिन एक पण (एक पैसा दे० ८।१३६), ६ मास में एक

जोड़ा वस्त्र, प्रतिमास एक द्रोण[1] (४ आढक = ८ सेर) धान्य और उत्तम दास या दासी के लिए प्रतिदिन ६ पण (पैसा) वेतन दे ॥१२६॥

विमर्श—उत्तम दास-दासियों के लिए प्रतिदिन ६ पैसा वेतन, प्रति छमाही ६ जोड़ा वस्त्र और प्रतिमास ६ द्रोण अन्न दे; इसी प्रकार मध्यम दास-दासियों के लिए प्रतिदिन ३ पैसा वेतन, प्रतिछमाही ३ जोड़ा वस्त्र और प्रतिमास ३ द्रोण अन्न दे तथा साधारण दास-दासियों के लिए प्रतिदिन १ पैसा वेतन, प्रति छमाही १ जोड़ा वस्त्र और प्रतिमास १ द्रोण (८ सेर) अन्न दे।

व्यापारियों का कर—

क्रयविक्रयमध्वानं भक्तं च सपरिव्ययम्।
योगक्षेमं च सम्प्रेक्ष्य वणिजो दापयेत्करान् ।।१२७।।

भाष्य—करग्रहणविधि:।

कियता मूल्येन क्रीतमेतत्कियच्च विक्रीयमाणं लभते कियता च कालेन विक्रीयते कियत्प्रतिभावेन नश्यत्यथ नेत्येवमादिरूपक्रयविक्रयपरीक्षा।

अध्वानं चिराचिरगमनप्राप्यताम्।

भक्तं सक्त्वोदनादिमूल्यम्।

परिव्ययस्तदुपकरणं सर्पि: सूपशाकादि धनादि च।

योगक्षेममरण्ये कान्तारे वा गच्छतो राजभयं चौरभयं निश्चौरता वेत्यादि।

एतदपेक्ष्य वणिग्भ्य: करा आदातव्या:।

''वणिग्भिर्दापयेत्करान्'' इति पाठो युक्त:। गत्यादिनियमेन कर्मसंज्ञाया अभावात्।

दण्डवचनो वा धातुस्तदा दण्डिवद्द्विकर्मकत्वम् ॥१२७॥

हिन्दी—(राजा) खरीद-बिक्री, मार्ग, भोजन, मार्गादि में चोर आदि के रक्षा का व्यय, और लाभ को देख (सम्यक् प्रकार से विचार) कर व्यापारी से कर लेवे ॥१२७॥

थोड़ा-थोड़ा कर लेने में दृष्टान्त—

यथाल्पाल्पमदन्त्याद्यं वार्योकोवत्सषट्पदा:।
तथाल्पाल्पो ग्रहीतव्यो राष्ट्राद्राज्ञाब्दिक: कर: ।।१२८।।

---

१. अष्टमुष्टिर्भवेत्कुञ्ची कुञ्च्यष्टौ च पुष्कलम्।
पुष्कलानि तु चत्वारि आढक: परिकीर्तित: ॥
चतुराढको भवेद् द्रोण......' इति। (म०मु०)

भाष्य—क्षीणकृषेर्न्यून: करो ग्रहीतव्य इत्येवमर्थमेतत् ।

वार्योकसो जलौकसः । **षट्पदा** भ्रमराः । यथा ते स्वल्पमाददानाः परिपुष्टा भवन्ति तथा राज्ञा मूलोच्छेदो न कर्तव्यः ।।१२८।।

हिन्दी—जिस प्रकार जोंक, बछड़ा और भ्रमर थोड़े-थोड़े अपने-अपने खाद्य (क्रमशः रक्त, दूध और मधु) को ग्रहण करता है; उसी प्रकार राजा को प्रजा से थोड़ा-थोड़ा वार्षिक कर ग्रहण करना चाहिये ।।१२९।।

यथा फलेन युज्येत राजा कर्त्ता च कर्मणाम् ।
तथावेक्ष्य नृपो राष्ट्रे कल्पयेत्सततं करान् ।।१२९।।

भाष्य—एतदेवाह । **कर्मणां कर्त्ता** वाणिजकः राजा च फलेन युज्येत । **तथा करान्कल्पयेन्न** परिमाणनियमकारणमस्ति । यत्र महान्लाभस्तत्राधिकमप्युक्तपरिमाणातिक्रमेण ग्रहीतव्यम् ।।१२९।।

हिन्दी—जिस प्रकार राजा देखभाल आदि के और व्यापारी व्यापार आदि के फल से युक्त रहे (दोनों को अपने-अपने उद्योग के अनुसार उचित फल मिले) वैसा देख (अच्छी तरह विचार) कर राजा सर्वदा निश्चयकर राज्य में कर लगावे ।।१२८।।

पशु, सुवर्ण तथा धान्य का ग्राह्य कर—

पञ्चाशभाग आदेयो राज्ञा पशुहिरण्ययोः ।
धान्यानामष्टमो भागः षष्ठो द्वादश एव वा ।।१३०।।

भाष्य—मूल्याधिकयोः **पशुहिरण्ययोः पञ्चाशद्भागो** ग्राह्यः ।

धान्यानां भागविशेषः सुकरदुष्करापेक्षया मन्तव्यः ।

पंचाशत्पूरणः पञ्चाशः । विंशत्यादिभ्य इति पक्षे तमट् ।

पञ्चाशद्भाग इति पाठे द्विभागादिवत्संख्यान्तरम् ।।१३०।।

हिन्दी—राजा को पशु तथा सुवर्ण का कर (मूल धन से अधिक) का पचासवाँ भाग और धान्य का छठा, आठवाँ या बारहवाँ भाग (भूमि की श्रेष्ठता अर्थात् उपजाऊपन एवं परिश्रम आदि का विचारकर) ग्रहण करना चाहिये ।।१३०।।

वृक्ष, मांस आदि का ग्राह्यकर—

आददीताथ षड्भागं द्रुमांसमधुसर्पिषाम् ।
गन्धौषधिरसानां च पुष्पमूलफलस्य च ।।१३१।।
पत्रशाकतृणानां च कर्मणां वैदलस्य च ।
मृण्मयानां च भाण्डानां सर्वस्याश्ममयस्य च ।।१३२।।

भाष्य—**द्रुशब्देन** वृक्षा उच्यन्ते । शेषं प्रसिद्धम् ।

एतेषां षष्ठो भागो लाभाद्ग्रहीतव्य: ॥१३१-१३२॥

हिन्दी—वृक्ष, मांस, शहद, घी, गन्ध, औषधि, रस (नमक आदि) फूल, मूल, फल, पत्ता, शाक, घास, चमड़ा, बाँस तथा मिट्टी के बर्तन और पत्थर की बनी सभी वस्तुओं का छठा भागकर रूप में ग्रहण करे ॥१३१-१३२॥

श्रोत्रियो से ग्रहण का निषेध—

म्रियमाणोऽप्याददीत न राजा श्रोत्रियात्करम् ।
न च क्षुधाऽस्य संसीदेच्छ्रोत्रियो विषये वसन् ।।१३३।।

भाष्य—तथा कुर्याद्यथा क्षुधाऽस्य विषये श्रोत्रियो नावसीदति ॥१३३॥

हिन्दी—मरता हुआ (अतिनिर्धन) भी राजा श्रोत्रिय (वेदपाठी ब्राह्मण) से कर न ले, इस (राजा) के देश में रहता हुआ श्रोत्रिय (जीविका न मिलने से) भूख से पीड़ित न हो (ऐसा प्रबन्ध रखे) ॥१३३॥

श्रोत्रिय के क्षुधापीड़ित होने से राज्य में पीडा—

यस्य राज्ञस्तु विषये श्रोत्रिय: सीदति क्षुधा ।
तस्यापि तत्क्षुधा राष्ट्रमचिरेणैव सीदति ।।१३४।।

भाष्य—अनन्तरविधेरतिक्रमफलमेतत् ॥१३४॥

हिन्दी—जिस राजा के देश में श्रोत्रिय भूख से पीड़ित होता है, उस राजा का वह राज्य भी शीघ्र ही भूख से पीड़ित होता है (राज्य में अकाल पड़ता है) ॥१३४॥

श्रोत्रिय के लिए वृत्ति-कल्पना—

श्रुतवृत्ते विदित्वाऽस्य वृत्तिं धर्म्यां प्रकल्पयेत् ।
संरक्षेत्सर्वतश्चैनं पिता पुत्रमिवौरसम् ।।१३५।।

भाष्य—**धर्म्यां वृत्तिम्** । यया कुटुम्बधर्मस्यावसादनं न भवति । वृत्तिं प्रकल्प्य **सर्वतो रक्षे**च्चौरादिभ्य: । स्वयमधिकव्ययाच्च ॥१३५॥

हिन्दी—राजा इस (श्रोत्रिय) के शास्त्र (शास्त्र-ज्ञान) और आचरण का विचार कर धर्मयुक्त वृत्ति (जीविका) कल्पित करे और पिता जिस प्रकार अपने औरस पुत्र की रक्षा करता है, उसी प्रकार इस (श्रोत्रिय) की रक्षा करे ॥१३५॥

श्रोत्रिय-रक्षा से राजा की आयु आदि की वृद्धि—

संरक्ष्यमाणो राज्ञोऽयं कुरुते धर्ममन्वहम् ।
तेनायुर्वर्धते राज्ञो द्रविणं राष्ट्रमेव च ।।१३६।।

भाष्य—धार्म्मिकश्रोत्रियरक्षायाः फलमेतदायुर्द्रविणराष्ट्रवृद्धिः ॥१३६॥

हिन्दी—राजा द्वारा सुरक्षित होता हुआ श्रोत्रिय प्रतिदिन जिस धर्म को करता है, उससे राजा की आयु, धन और राज्य की वृद्धि होती है ॥१३६॥

शाक आदि के विक्रेताओं से स्वल्पतम कर—

यत्किञ्चिदपि वर्षस्य दापयेत्करसंज्ञितम् ।
व्यवहारेण जीवन्तं राजा राष्ट्रे पृथग्जनम् ।।१३७।।

भाष्य—कृषिधनप्रयोगक्रयविक्रयादिव्यवहारेण **जीवन्तं पृथग्जनं** ब्राह्मणाच्छ्रोत्रियादन्यं **करं दापयेत्** ।

करसंज्ञा सञ्जाताऽस्य **करसंज्ञितम् ।।१३७।।**

हिन्दी—राजा अपने देश में व्यवहार (शाक आदि सामान्यता वस्तुओं की खरीद-विक्री) से जीनेवाले साधारण श्रेणी के लोगों से कुछ (बहुत थोड़ा) वार्षिक कर ग्रहण करे ॥१३७॥

शिल्पी आदि से कार्य करवाना—

कारुकान् शिल्पिनश्चैव शूद्रांश्चात्मोपजीविनः ।
एकैकं कारयेत्कर्म मासि मासि महीपतिः ।।१३८।।

भाष्य—शिल्पमात्रोपजीविनस्तान्मासं मासमेकमहः कर्म कारयेत् ।
आत्मोपजीविनश्च शूद्रा वेशभारवाहादयः ॥१३८॥

हिन्दी—कारीगर, बढ़ई, लोहार आदि, बोझ आदि ढोनेवाले (मजदूर आदि) से राजा प्रति महीने में एक दिन काम करवावे (इनसे दूसरा कोई कर न लेवे) ॥१३८॥

कर त्याग तथा अधिक कर लेने का निषेध—

नोच्छिन्द्यादात्मनो मूलं परेषां चातितृष्णया ।
उच्छिन्दन् ह्यात्मनो मूलमात्मानं तांश्च पीडयेत् ।।१३९।।

भाष्य—करशुल्कादेरग्रहणमात्मनो 'मूलछेदः', अतिबहुग्रहणं परेषाम् । तच्च तृष्णया भवतीत्यनुवादः । आत्मनो मूलच्छेदेनात्मपीडा भवति, कोशक्षयात् । अतस्तेऽपि पीड्यन्ते । उपस्थिते विग्रहे क्षीणकोशशक्तिररिभिरपरुद्धोद्धरणेऽवश्यं भवेत् । सा च तेषां महती पीडा । यत्तु सार्वकालिकं करग्रहणं तत्सम्पादयतो न खेदिता भवन्ति ॥१३९॥

हिन्दी—राजा (स्नेहादि से) अपनी जड़ को और अधिक लोभ से प्रजा की जड़ को नष्ट न करे; क्योंकि अपनी जड़ को नष्ट करता हुआ अपने को और प्रजाओं की जड़ को नष्ट करता हुआ (राजा) प्रजाओं को पीड़ित करता है ॥१३९॥

विमर्श—राजा प्रजाओं पर अधिक स्नेह आदि के कारण उनसे कर नहीं लेकर अपनी जड़ को नष्ट (कोष आदि को क्षीण) करता हुआ स्वयं पीड़ित होता है तथा अधिक लोभ के कारण प्रजा से बहुत कर लेता हुआ राजा प्रजा को पीड़ित करता है, अतएव राजा सर्वथा कर का त्याग भी न करे तथा अतिलोभ से बहुत कर लेकर प्रजा को पीड़ित भी न करे।

कार्यानुसार तीक्ष्ण या मृदु होना—

तीक्ष्णश्चैव मृदुश्च स्यात्कार्यं वीक्ष्य महीपतिः ।
तीक्ष्णश्चैव मृदुश्चैव राजा भवति सम्मतः ।।१४०।।

भाष्य—तीक्ष्णमृदुता नित्यमभ्यसनीया। तादृशो राजा प्रजानां सम्मतो भवत्य-भिप्रेतः ॥१४०॥

हिन्दी—राजा कार्य को देखकर कठोर या मृदु (सरल, दयालु) होवे; (क्योंकि समयानुसार) कठोर और मृदु राजा सबका प्रिय होता है ॥१४०॥

श्रान्त होने पर प्रधानमन्त्री की नियुक्ति—

अमात्यमुख्यं धर्मज्ञं प्राज्ञं दान्तं कुलोद्गतम् ।
स्थापयेदासने तस्मिन्खिन्नः कार्येक्षणे नृणाम् ।।१४१।।

भाष्य—प्रजानां सम्बन्धिनि कार्यदर्शने **खिन्नः** श्रान्तः। धर्मज्ञादिगुणयुक्तं सर्व-सहममात्यं तस्मिन् **कार्येक्षणे** नियुञ्जीत। न पुनस्तस्मिन्नेव सिंहासने ॥१४१॥

हिन्दी—(राजा कार्य की अधिकता आदि के कारण उसे देखने में) असमर्थ या थका हुआ राजा धर्मज्ञाता, विद्वान्, जितेन्द्रिय और कुलीन प्रधानमंत्री को प्रजाओं के कार्य को देखने के लिए नियुक्त करे ॥१४१॥

एवं सर्वं विधायेदमितिकर्त्तव्यमात्मनः ।
युक्तश्चैवाप्रमत्तश्च परिरक्षेदिमाः प्रजाः ।।१४२।।

भाष्य—सहायसंग्रहप्रभृत्युक्तस्यार्थस्यैवमिति परामर्शनम्। **विधाय** कृत्वा **इति-कर्तव्यमुप**कारकमितिकर्त्तव्यमुच्यते। **युक्त**स्तत्परः। अत **एवाप्रमत्तः**। अथवा बुद्ध्य-स्खलनमप्रमत्तता सर्वकाले।

एवं प्रजाः परिरक्षेत् ॥१४२॥

हिन्दी—इस प्रकार अपना सम्पूर्ण कर्तव्य करके उद्योगयुक्त और सावधान रहता हुआ (राजा) इन प्रजाओं की रक्षा करे ॥१४२॥

चोर आदि से प्रजाओं की रक्षा—

विक्रोशन्त्यो यस्य राष्ट्राद् ह्रियन्ते दस्युभिः प्रजाः ।
सम्पश्यतः सभृत्यस्य मृतः स न तु जीवति ।।१४३।।

भाष्य—पूर्वोक्तयोरप्रमादयोरन्यथात्वे दोषमाह ।

यदि सभ्यग्गुल्मस्थानानि प्रति न जागर्ति तदा छिद्रान्वेषिभि**र्दस्युभिः** चौरैः प्रजा ह्रियन्ते । तासु किं करिष्यति । अतस्तादृशो राजा मृत एव । जीवितं मरणमेव । अतोऽप्रमत्तेन भवितव्यम् ।

विक्रोशन्त्यः आक्रन्दन्त्यः ।

ह्रियन्ते । सम्पश्यतः **सभृत्यस्य** निर्दिष्टं द्रक्ष्यते । केवलं च भृत्यास्तदीयाः पश्यन्ति नानुधावन्ति मोक्षयन्ति । सर्वे तु मृतकल्पाः ॥१४३॥

हिन्दी—मन्त्री सहित जिस राजा के देखते अर्थात् राज्य करते रहने पर राज्य में चोरों (डाकू आदि) से प्रजा अपहृत होती है वह राजा मरा हुआ है, जीता नहीं है (क्योंकि प्रजारक्षणरूप जीवित राजा का कार्य वह नहीं करता, अतः मरा हुआ है) ॥१४३॥

प्रजापालन की श्रेष्ठता—

क्षत्रियस्य परो धर्मः प्रजानामेव पालनम् ।
निर्दिष्टफलभोक्ता हि राजा धर्मेण युज्यते ।।१४४।।

भाष्य—प्राप्तं फलं भुङ्क्ते राजा । स धर्मेण युज्यते । अन्यथाऽनुग्राहकाणामेव पालनं कुर्वन्प्रत्यवैति ॥१४४॥

हिन्दी—प्रजाओं का पालन ही क्षत्रियों का श्रेष्ठ धर्म है; क्योंकि (प्रजापालन द्वारा) शास्त्रोक्त फल को भोगनेवाला राजा धर्म से युक्त होता है ॥१४४॥

मन्त्रणा का समय—

उत्थाय पश्चिमे यामे कृतशौचः समाहितः ।
हुताग्निर्ब्राह्मणांश्चार्च्य प्रविशेत्स शुभां सभाम् ।।१४५।।

भाष्य—'पश्चिमो यामो' ब्राह्मो मुहूर्तः । अत आह **कृतशौचः समाहितः । हुताग्निरिति** । न च ब्राह्मे मुहूर्ते होमविधानमस्ति । तदा हि चतुर्मुहूर्तशेषा रात्रिर्भवति । होमश्च व्युष्टायां रात्रौ समाप्य कार्यं उषःकल्पत्यागेन ।

आर्च्य ब्राह्मणान्पूजयित्वा । **सभां शुभां** मङ्गलवतीं प्रविशेत् ॥१४५॥

हिन्दी—(राजा) रात्रि के अन्तिम पहर में उठकर शौच (शौच, दन्तधावन एवं

स्नानादि नित्यकर्म) करके अग्नि में हवन और ब्राह्मणों की पूजाकर शुभ (वास्तुलक्षण से युक्त) सभा (मंत्रणा-गृह) में प्रवेश करे ॥१४५॥

मन्त्रियों के साथ मन्त्रणा—

तत्र स्थितः प्रजाः सर्वाः प्रतिनन्द्य विसर्जयेत् ।
विसृज्य च प्रजाः सर्वा मन्त्रयेत्सह मन्त्रिभिः ।।१४६।।

भाष्य—तत्र तस्यां सभायां **स्थितः प्रजा** दर्शनार्थमागताः **प्रतिनन्द्य** यथार्हसम्भाषणेक्षणाभ्युत्थानाभिवादनैर्हर्षयित्वा **विसर्जयेत्** यथागतमनुजानीयात् ।

ततो विसर्जितेषु तेषु **मन्त्रयेत्सह मन्त्रिभिः** । किं कर्त्तव्यमिति स्वपरराष्ट्रगतकर्त्तव्यतानिरूपणम् । मन्त्रपञ्चाङ्गं दर्शयिष्यते ॥१४६॥

हिन्दी—वहाँ पर (सभाभवन में दर्शनार्थ) स्थित प्रजाओं को (यथायोग्य किसी को भाषण से, किसी को प्रियदर्शन से) संतुष्ट कर विसर्जित करे। सब प्रजाओं को विसर्जित (भेज) कर मंत्रियों के साथ मन्त्रणा (गुप्त-परामर्श) करे ॥१४६॥

एकान्त में गुप्त मन्त्रणा—

गिरिपृष्ठं समारुह्य प्रासादं वा रहोगतः ।
अरण्ये निःशलाके वा मन्त्रयेदविभावितः ।।१४७।।

भाष्य—मन्त्रदेशविधिः ।

रहोगतः विविक्ते निर्जने देशे स्थितः ।

अविभावितः अनुमानेनापि यथा न जना जानन्तीदं वस्तु विद्यत इति, तथा कुर्यात् ।

निःशलाकम् । 'शलाका' इषीकाः । यत्र तृणमपि नास्ति, येन न कश्चित्तिष्ठतीति सम्भावनाऽस्ति, तन्निः**शलाकम्** ॥१४७॥

हिन्दी—राजा पहाड़ पर चढ़कर, या एकान्त प्रासाद महल में या निर्जन वन में दूसरे से अज्ञात होते हुए (मन्त्री के साथ) मन्त्रणा (पञ्चाङ्ग[1] मन्त्र का विचार) करे ॥

विमर्श—मन्त्रणा को जानने के लिए शत्रु के गुप्तचर अनेक उपाय करते हैं। अतः उनसे लक्षित न होकर पर्वत की चोटी आदि एकान्त स्थानों में विचार करना चाहिये। इस मन्त्रणा के पाँच अङ्ग हैं; यथा— १- कर्मों के आरम्भ करने का उपाय, २- पुरुष द्रव्य-सम्पत्ति, ३- देशकाल का विभाग, ४- विनिपात का प्रतीकार और ५- कार्यसिद्धि।

---

१. तदुक्तम्— सहायाः साधनोपायाः विभागो देशकालयोः ।
विनिपातप्रतीकारः सिद्धिः पचाङ्गमिष्यते ॥' इति ।

मन्त्रगुप्ति का उत्तम फल—

यस्य मन्त्रं न जानन्ति समागम्य पृथग्जनाः ।
स कृत्स्नां पृथिवीं भुंक्ते कोशहीनोऽपि पार्थिवः ।।१४८।।

भाष्य—मन्त्रप्रकाशनिवारणार्थः श्लोकः ।

पृथग्जना अमन्त्रिणो मन्त्रविद्बाह्याः ॥१४८॥

हिन्दी—जिस (राजा) के मन्त्र को दूसरे लोग आकर नहीं जानते हैं; कोश से हीन भी वह राजा सम्पूर्ण पृथ्वी का भोग करता है ॥१४८॥

मन्त्र समय में जड़, मूकादि को हटाना—

जडमूकान्धबधिरांस्तैर्यग्योनान्वयोतिगान् ।
स्त्रीम्लेच्छव्याधितव्यङ्गान्मन्त्रकालेऽपसारयेत् ।।१४९।।

भाष्य—यत्किंचित्प्राणिजातं तन्मन्त्रयमाणो विशोधयेत् । ततः प्रदेशादपशोधयेत् । मन्त्रभेदाशङ्कया ।

तिर्यग्योनिषु च शुकसारिकादयोऽपि मन्त्रं भिन्दन्ति । गवाश्वादयोऽपि योगारूढाः परिवर्तितनिकायाः सदसद्वार्त्ताहरा भवन्ति । तथान्तर्धानादयोऽपि नरेन्द्रविद्याः श्रूयन्ते ।''

व्यङ्गत्वादेव ग्रहणे सिद्धे गोबलीवर्दवदितरेषां ग्रहणम् । ''व्यंगस्य हस्तपादादिछेदने न मन्त्रनियमास्था कर्त्तव्या— नायं कुत्रचित् गन्तुं शक्नोति— इहैवावरुद्ध आस्ते— कथं मन्त्रान् भेत्स्यतीति'' ।

अथवा एवंविधा मन्त्रिणो न कर्त्तव्या बुद्धिविभ्रमसम्भवात्, अतो नाप्ता अपि, ततोऽपसर्पः ॥१४९॥

हिन्दी—मन्त्र के समय में (राजा) जड़, मूक (गूंगे), बहरे, तिर्यग् योनि में उत्पन्न (सुग्गा-तोता, मैना आदि), अत्यन्त वृद्ध, स्त्री, म्लेच्छ, रोगी, व्यङ्ग (कम या अधिक अङ्गवालों) को हटा दे ॥१४९॥

जड़ादि से मंत्र भेद की शङ्का—

भिन्दन्त्यवमता मन्त्रं तैर्यग्योनास्तथैव च ।
स्त्रियश्चैव विशेषेण तस्मात्तत्रादृतो भवेत् ।।१५०।।

भाष्य—मानादपेता **अवमताः** ।

क्षुद्रादयोऽपमानासत्वे कदाचित्किंचिच्छृणुयुः । कदाचिद्वाऽक्षराण्युच्चारयितुं शक्नुयु-

स्ततो मन्त्रभेदः स्यात् । शक्नुवन्ति निपुणाः किंचिदागमेष्वनुमातुम् ॥१५०॥

हिन्दी—क्योंकि अपमानित, जड़, मूक और बहरे तथा तिर्यग्योनि में उत्पन्न तोता मैंना आदि और विशेष कर स्त्रियाँ (अस्थिर बुद्धि होने के कारण) मन्त्र का भेदन (अन्यत्र प्रकाशन) कर देती हैं, इस कारण उसमें (उन्हें हटाने में) यत्नयुक्त होवे ॥१५०॥

धर्मार्थकाम का चिन्तन—

मध्यन्दिनेऽर्धरात्रे वा विश्रान्तो विगतक्लमः ।
चिन्तयेद्धर्मकामार्थान्सार्थं तैरेक एव वा ।।१५१।।

भाष्य—धर्मादीनां परस्परविरोधं चिन्तयेत् । अन्यतमवृद्धौ सर्वोत्थितिर्जयेत्॥१५१॥

हिन्दी—मध्याह्न में या आधीरात को मानसिक खेद तथा शारीरिक खिन्नता से हीन होकर (राजा) उन (मन्त्रियों) के साथ में या अकेला ही धर्म, अर्थ और काम का चिन्तन करे ॥१५१॥

परस्परविरुद्धानां तेषां च समुपार्जनम् ।
कन्यानां सम्प्रदानं च कुमाराणां च रक्षणम् ।।१५२।।

भाष्य—धर्मार्थकामानां वा मन्त्रिणां वा **समुपार्जनं** संग्रहणम् । **कन्यानां सम्प्रदानं** स्वकार्यसिद्धिवशेन चिन्त्यम् । **कुमाराणां** राजपुत्राणां **रक्षणम्** ।

तव वयमित्येवमादिभिर्धर्ममर्थं च ते ग्राहयितव्याः ।

नवं हि द्रव्यं येनार्थजातेनोपदिश्यते तत्तदा दूषयति । एवमसंस्कृतबुद्धयो यद्य-दुच्यते तत्तत्प्रथमं गृह्णन्ति । यद्यसद्भिः संसृज्यन्ते तदा तत्स्वभावस्तेषां प्राप्नोति । ते च दुःसंस्कारोपदिग्धाः न शक्यन्ते व्यसनेभ्यो निवर्तयितुम् । उक्तं च— 'नीलीरक्ते वाससि कुङ्कुमाङ्गरागो दुराधेयः' । तस्मात्ते नित्यमनुशासनीयाः । तत्रापि ये गुणवन्तस्तान्व-र्धयेत् । इतरानीषत्संविभजेत् । ज्येष्ठं महागुणममत्सरं यौवराज्येऽभिषिंचेत् । एवं राज-पुत्ररक्षणे नित्यं यत्नवता भवितव्यम् ॥१५२॥

हिन्दी—प्रायशः परस्परविरुद्ध धर्म, अर्थ और काम में से विरोध को बचाता हुआ राजा उनकी प्राप्ति के उपाय का (अपने धर्म की वृद्धि के लिए) कन्या के दान का और अपने पुत्रों की राजनीति, विनयी बनाना आदि की शिक्षा का (चिन्तन) करे ॥१५२॥

दूत भेजने आदि का चिन्तन—

दूतसम्प्रेषणं चैव कार्यशेषं तथैव च ।
अन्तःपुरप्रचारं च प्रणिधीनां च चेष्टितम् ।।१५३।।

भाष्य—येन संधानं विग्रहो वाऽपि कार्यस्तेन च **दूतसम्प्रेक्षणं** चिन्त्यम् ।

आरब्धकार्यसम्बन्धं चिन्तयेत्, अवस्थापनाय।

कक्षान्तरेष्वन्तर्वंशिकसैन्याधिष्ठितोऽन्तःपुरं प्रविशेत्। तत्र स्थविरस्त्रीमतिशुद्धां देवीं परिपश्येन्नापरिशुद्धां देवीम्। गृहलीनो हि भ्राता भद्रसेनो मातुः शयनान्तर्गतः राजानं जघान। कुपुरुषशङ्कविषदिग्धेन नूपुरेणावन्त्यं देवी जघान मेखलया। सौवीरं वेण्यां गूढेन शस्त्रेण विदूरथम्। तस्मादेतानि विस्त्रंभस्थानानि यत्नतः परीक्षेत। मुण्डजटिलकुहकप्रतिसंसर्गं बाह्यदासीभिरन्तःपुरदासीनां प्रतिषेधयेत्।

प्रणिधीनां च कार्पटिकादीनां वा परस्पराभिचेष्टितं चिन्तयेत् ॥१५३॥

हिन्दी—दूत भेजने का, बचे हुए कार्य का, अन्तःपुर (रनिवास) के प्रचार का और गुप्तचरों की चेष्टा का (चिन्तन करे) ॥१५३॥

विमर्श—गुप्त लेख आदि को लेकर अन्य राज्यों में दूत भेजने आदि का चिंतन करे। स्त्रियों की चेष्टाओं के विषम होने से अन्तःपुर में 'कौन कब और क्यों आता या जाता है' यह विचार करे। चोटी में छिपाये हुए शस्त्र से रानी से विदूरथ को यथा काशीराज की विरक्त पटरानी ने विष में बुझे हुए नूपुर से काशीराज को मार दिया था,[१] अतः अन्तःपुर के विषय में राजा को विशेष चिन्तन करना चाहिये।

अष्टविध कर्मादि का चिन्तन—

कृत्स्नं चाष्टविधं कर्म पञ्चवर्गं च तत्त्वतः।
अनुरागापरागौ च प्रचार मण्डलस्य च ॥१५४॥

भाष्य—अकृतारम्भः, कृतानुष्ठानम्, अनुष्ठितविशेषणम्, कर्मफलसंग्रहः, तथा सामभेददानदण्डमेत**दष्टविधं कर्म**।

अथवा वणिक्पथः उदकसेतुबन्धनं दुर्गकरणं कृतस्य वा तत्संस्कारनियमः हस्तिबन्धनं खनिखननं शून्यनिवेशनं दारुवनच्छेदनं चेति।

अपरे त्वाहु;—

"आदाने च विसर्गे च तथा प्रैषनिषेधयोः।
पञ्चमे चानुवचने व्यवहारस्य चेक्षणे॥
दण्डशुद्ध्योः सदा युक्तस्तेनाष्टगतिको नृपः।
अष्टकर्मा दिवं याति राजा शत्रुभिरर्चितः॥"— इत्यौशनसौ श्लोकौ।

तत्र स्वीकरणम् 'आदानम्' बलीनाम्। भृत्येभ्यो धनदानं 'विसर्गः'। 'प्रैषो'

---

१. तदुक्तम्— 'शस्त्रेण वेणीविनिगूहितेन विदूरथं वै महिषी जघान।
विषप्रदिग्धेन च नूपुरेण देवी विरक्ता किल काशिराजम्॥' इति।

दुष्टत्याग: । अर्थाधिकृतानां मतिप्रवृत्तिनिरोधो 'निषेध:' । असत्प्रवृत्तिनिषेधश्च'अनुवचनम्' । वर्णाश्रमाणां स्वकर्मसंशये 'व्यवहारावेक्षणम्' । परस्पराभियोगे दण्डनिपातनं पराजितानां च । प्रमादस्खलिते तु प्रायश्चित्तमित्येतदष्टविधं कर्म ।

पञ्चवर्ग: कापटिकोदास्थितगृहपतिवैदेहिकतापसव्यञ्जना: । (१) परमधर्मज्ञा: प्रगल्भच्छात्रा: 'कापटिका:' । तानर्थमानाभ्यामुपसंगृह्य मन्त्री ब्रूयात्— 'राजानं मां च प्रमाणं कृत्वा यत्र यदकुशलं तत्तदानीमेवाश्राव्यं त्वयेति' । (२) प्रव्रज्याया: प्रत्यवसित 'उदास्थित:' । स च प्रज्ञाशौचयुक्त: सर्वान्निप्रदानसमर्थायां भूमौ प्रभूतहिरण्यायां दासकर्म कारयेत् । कृषिकर्मफलं तच्च सर्वप्रव्रजितानां ग्रासाच्छादनावसथान्प्रति विदध्यात् । तेषां ये वृत्तिकामास्तानुपजपेदेवमेतेनैव वृत्तेन राजार्थश्चरितव्य: । भक्तवेतनकाले चोपस्थातव्यमिति । सर्वप्रव्रजिता: स्वं स्वं कर्मोपजपेयु: । (३) कर्षको वृत्तिक्षीण: प्रज्ञाशौचयुक्तो 'गृहपतिव्यञ्जन:' । स कृषिकर्म कुर्याद्यथोक्तायां भूमाविति । (४) वाणिजिको वृत्तिक्षीण: प्रज्ञाशौचयुक्तो 'वैदेहिकव्यञ्जन:' । स वणिक्कर्म कुर्यात्प्रदिष्टायां भूमाविति समानम् । (५) मुण्डो जटिलो वा वृत्तिकाम:'तापसव्यञ्जन:' स नगराभ्याशे प्रभूतजटिलमुण्डान्ते— वासी शाकं यवमुष्टिं वा मासान्तरितं प्रकाशमश्नीयाद्धर्मव्याजेन गूढं यथेष्टमाहारम् । तापसव्यञ्जनान्तेवासिनश्चैनं प्रसिद्धयोगैरर्थलाभमग्रे शिष्याश्चादिशेयु: । दाहं चौरभयं दुष्टवधं च विदेशप्रवृत्तमिदमद्य श्वो वा भविष्यतीदं वा राजा करिष्यतीति तस्य गूढमन्त्रिणस्तत्प्रयुक्ता: सम्पादयेयु: ।

ये चास्य राज्ञो वंशलक्षणविद्यां संगविद्यां जम्भकविद्यां मायागतमाश्रमधर्मं निमित्तज्ञानं चाधीयाना मन्त्रिणस्तत्र राजा एतत्पञ्चसंस्थायतैर्मन्त्रिभि: स्वविषयेऽवस्थापयेत् । मन्त्रिपुरोहितमेनयतियुवराजदौवारिकान्तर्वेशिकादिषु सद्व्यपदेशवेषशिल्पभाषाविदो जनपदापदेशेनामन्त्रिण: संधारयेत् । तथा कुब्जवामनकिरातमूकजडबधिरान्धनटनर्त्तकगायनादय: स्त्रियश्चाभ्यन्तरचारिण्योटव्यां वनेचरा: कार्या:, ग्रामे ग्रामीणकादय:, पुरुषव्यापारार्था: स्वव्यापारम्परा: । परस्परं चैते बोद्धव्यास्तादृशैरेव तादृशा:, वारिसंचारिणस्था गूढाश्च गूढसंज्ञिता: ।

एवं पञ्चवर्गं प्रकल्प्य परस्यात्मनश्चात्मीयादेव पञ्चवर्गान्मन्त्रिपुरोहितादी**नामनुरागापरागौ** विद्यात् प्रवर्त्तेत । तथा राजमण्डलप्रचारको माण्डलिक: संधिविग्रहादौ कस्मिन्प्रचारे इति ।।१५४।।

हिन्दी—(राजा) आठ प्रकार के सब कर्म, पञ्चवर्ग, अनुराग, अपराग और राजमण्डल के प्रचार का वास्तविक रूप से— (चिन्तन करे) ।।१५४।।

विमर्श—(१) आठ प्रकार के सब कर्म कई प्रकार के शास्त्रों में आचार्यों ने बतलाये हैं, उनमें तीन प्रकार के यहाँ लिखते हैं ।

(क) १— आदान (कर लेना), २— विसर्ग (नौकर आदि की वेतनादि के रूप में द्रव्य देना), ३— प्रेषण (मन्त्री या दूत आदि को शास्त्रादि के अनुकूल कार्य करने के लिए यथोचित स्थानों में भेजना), ४— निषेध (शास्त्र एवं राजनीति से विरुद्ध कर्म का त्याग करना), ५— अर्थ-वचन (किसी विषय में बहुमत होने पर राजाज्ञा के ही अनुसार उस कार्य का निर्णय करना), ६— व्यवहार (प्रजाओं के ऋण आदि लेने या देने के विवाद को देखना), ७— दण्डग्रहण (हारे या आत्मसमर्पण किये शत्रु से शास्त्रोक्त मर्यादा एवं अपनी हानि तथा उसके अपराध के अनुसार दण्डस्वरूप धनराशि लेना) और ८— शुद्धि (पाप करने पर पापियों से प्रायश्चित कराना)[1]।

(ख) मेधातिथि ने इन आठ प्रकार के कर्मों को इस प्रकार से कहा है— १— नहीं, आरम्भ किये हुए कर्म को आरम्भ करना, २— आरम्भ किये हुए कर्म को पूरा करना, ३— पूरा किये हुए कर्म को बढ़ाना, ४— कर्म के फलों का संग्रह करना, ५— साम, ६— दान, ७— दण्ड और ८— भेद।

(ग) १- व्यापार मार्ग, २— पानी (नदी आदि) में पुल बनवाना, ३— किला बनवाना, ४— किये हुए संस्कार का निर्णय करना, ५— हाथी (घोड़ा आदि) का बन्धन, ६— खानों को खोदवाकर धातु आदि को निकलवाना, ७— शून्य (सून-सान अर्थात् निर्जन या बीहड़) स्थान में प्रवेश करना और ८— लकड़ी के वन को कटवाना।

(२) पञ्च वर्ग ये हैं— १— कापटिक, २— उदास्थित, ३— गृहपति (किसान, गृहस्थ), ४— वैदेहक (व्यापारी), और ५— तापस के वेषवाला। इनका स्पष्ट वर्णन निम्न है—

१. कापटिक— परामर्श का ज्ञाता, ढीठ छात्रवाला, कपट व्यवहार में निपुण तथा जीविकाभिलाषी को धन देकर और आदर-सत्कार कर राजा एकान्त में उससे कहे कि— 'तुम जिसका दुराचार आदि देखो उसको मुझसे शीघ्र कहो।'

२. उदास्थित— पतित संन्यासी, लोक में प्रसिद्ध दोषवाला, बुद्धिमान् और शुद्ध अन्तःकरणवाले तथा जीविका के इच्छुक व्यक्ति से राजा एकान्त में पूर्ववत्

---

१. तथा चोशनसोक्तम्—

'आदाने च विसर्गे च तथा प्रैषनिषेधयोः।
पञ्चमे चार्थवचने व्यवहारस्य चेक्षणे॥
दण्डशुद्ध्योः सदा युक्तस्तेनाष्टगतिको नृपः।
अष्टकर्मा दिवं याति राजा शक्राभिपूजितः॥' इति।

एतस्य विशदाशयो म० मुक्तावल्यां द्रष्टव्यः।

(कापटिक के समान) कहे और जिस मठ में अधिक आय हो, उसमें रखे तथा अधिक उपजाऊ भूमि उसे दे और वह व्यक्ति राजा के गुप्तचरों का काम करनेवाले दूसरे संन्यासियों को भी अन्न-वस्त्र देकर राजा का कार्य करावे।

३. गृहपति— (किसान या गृहस्थ)— जीविकाहीन, बुद्धिमान् शुद्धहृदय के रूप में रहनेवाला (परन्तु वास्तविक किसान न होकर राजा का गुप्तचर हो), उससे भी राजा का पटिक के समान कहकर खेती का काम करावे।

४. व्यापारी— जो जीविका से रहित एवं व्यापारी के रूप में रहनेवाला (परन्तु वास्तविक में व्यापारी न होकर राजदूत के योग्य हो, उससे भी कापटिक के समान कहकर राजा धन-मानादि से अपना आत्मीय बनाकर व्यापार करावे)।

५. तापस— जो मूंड मुंडाया हो या जटादि बढ़ाया हो, जीविकाभिलाषी हो, तपस्वी (सन्यासी या साधु आदि) के वेष में हो (परन्तु वास्तविक तपस्वी न होकर राजदूत का कार्य करता हो), उससे भी कापटिक के समान एकान्त में कहकर राजा किसी आश्रम, मठ या मन्दिर आदि में नियुक्त करे। वह मुण्डित या जटाधारी व्यक्ति साधु आदि के बीच में रहता हुआ, कपटी (कपटवेषधारी-प्रत्यक्ष— में शिष्य, किन्तु वास्तविक में उसकी आज्ञा से राजदूत का काम करनेवाले) शिष्यों से युक्त, राजा के गुप्तरूप में वृत्ति लेता हुआ तपस्या करे— सबके प्रत्यक्ष में तो कई दिनों, सप्ताहों या महीनों पर दो मुट्ठी बेर या अन्य सामान्य फल मूलादि खाय तथा एकान्त में राजा के द्वारा प्राप्त सुन्दर स्वादिष्ट भोजन करे, उसके पूर्वोक्त शिष्य 'मेरे गुरुदेव त्रिकाल के ज्ञाता हैं, सबको सिद्धि देनेवाले हैं 'उसकी प्रसिद्धि जनता में करें तथा जनता उसकी सिद्धता पर विश्वास कर अपने अभिलषित कार्य की सिद्धि के लिए उससे भला या बुरा सब कुछ अपना मनोभिलषित कहेंगे तथा दूसरे के भले या बुरे कार्यों को बतलावेंगे; इस प्रकार राजा को वह सर्वदा खबर पहुँचाता हुआ राजदूत का काम करता रहेगा। इस प्रकार पञ्चवर्ग का चिन्तन राजा करे।

(६) अनुराग तथा अपराग— मन्त्री, सेनापति आदि निजप्रकृतियों में; भाई बान्धव, राजकुमार आदि सम्बन्धियों में और गुप्तचर तथा प्रजाओं में अपने प्रति अनुराग या अपराग (स्नेह का अभाव) को मालूम कर उसका उपाय करे।

(७) राज्यमण्डल का प्रचार— शत्रुभूत राजाओं में कौन मुझसे सन्धि करना चाहता है तथा कौन युद्ध करना चाहता है और इसी प्रकार मित्र, उदासीन, पार्श्ववर्ती आदि राजाओं के विषय में भी चिन्तनकर तदनुसार कार्य करे।

[वने वनेचराः कार्याः श्रवणाटविकादयः।
परप्रवृत्तिज्ञानार्थं शीघ्राचारपरम्पराः ।।११।।]

[**हिन्दी**—राजा वन में वनेचर, भिक्षुक या फटे पुराने कपड़े पहननेवाले एवं शीघ्र कार्य करनेवाले जङ्गली मनुष्यों को शत्रु के कार्य को मालूम करने के लिए नियुक्ति करे ॥११॥]

[परस्य चैते बोद्धव्यास्तादृशैरेव तादृशाः ।
चारसंचारिणः संस्थाः शठाश्चागूढसंज्ञिताः ।।१२।।]

[**हिन्दी**—वैसे ही गुप्तचरों के द्वारा शत्रुओं के वैसे गुप्तचरों से व्याप्त स्थानों तथा नाम छिपाकर कार्य करनेवाले धूर्त गुप्तचरों को मालूम करे ॥१२॥]

मध्यमादि राजाओं के प्रचार का चिन्तन—

मध्यमस्य प्रचारं च विजिगीषोश्च चेष्टितम् ।
उदासीनप्रचारं च शत्रोश्चैव प्रयत्नतः ।।१५५।।

भाष्य—एतस्मिन्राजमण्डल इमाश्चतस्रो राजप्रकृतयो मुख्या भवन्ति । विजिगीषुररिर्मध्यम उदासीन इति ।

तत्र च यो राजा प्रकृतिसम्पन्नोऽहमेवंविधां पृथिवीं विजेष्येऽभ्युत्थितः स **विजिगीषुः** उत्साहशक्तियोगात् ।

शत्रु स्त्रिविधः, सहजः प्राकृतः कृत्रिमः ।

स्वभूम्यनन्तर इति **मध्यमः** ।

अनयोररिविजिगीष्वोरसंहतयोर्निग्रहसमर्थः न संहतयो**रुदासीनः**, अरिविजिगीषुमध्यमानामसंहतानां निग्रहसमर्थः, न तु संहतानाम् ॥१५५॥

हिन्दी—राजा मध्यम, उदासीन और शत्रु के प्रचार तथा विजिगीषुकी चेष्टा का चिन्तन (परिज्ञान एवं प्रतिकार) करे ॥१५५॥

विमर्श— १. मध्यम—जो राजा विजिगीषु (लक्षण आगे कहेंगे) राजा की सीमा के पास रहता हो अर्थात् (मध्यम तथा विजिगीषु) राजाओं की राज्य-सीमा मिली हुई हो, दोनों विरोधियों में सन्धि होने पर अनुग्रह करने में तथा विरोध होने पर दण्डित करने में समर्थ हो; वह राजा 'मध्यम' है । **२. उदासीन**— जो विजिगीषु तथा मध्यम राजाओं के एकमत होने पर अनुग्रह करने में और विरोध होने पर निग्रह (दण्डित) करने में समर्थ हो, वह राजा 'उदासीन' है । **३. शत्रु**— इसके तीन भेद हैं— **(क) सहज शत्रु** (चचेरा भाई आदि), **(ख) कृत्रिम** (बुराई आदि के कारण बना हुआ) **शत्रु** और **(ग) राज्य की भूमि** (सीमा) का पार्श्ववर्ती शत्रु । और **४. विजिगीषु**— जो राजा अधिक उत्साह, गुण एवं प्रकृति (स्वभाव या मंत्री सेनापति आदि) से समर्थ तथा विजयाभिलाषी हो, वह राजा 'विजिगीषु' है ।

राजमण्डल की बारह प्रकृतियाँ—

एताः प्रकृतयो मूलं मण्डलस्य समासतः ।
अष्टौ चान्याः समाख्याता द्वादशैव तु ताः स्मृताः ।।१५६।।

भाष्य—एताः स्मृताः । एता **मूलप्रकृतयो मण्डलस्य** व्याख्याताः । **अष्टौ-चान्याः** । आसां चतसृणां प्रकृतीनामेकैकस्याः प्रकृतेर्मित्रममित्रं चेति द्वे द्वे प्रकृता एता अष्टौ आद्याश्चतस्र एवमुभयतो द्वादश भवन्ति ॥१५६॥

हिन्दी—राजमण्डल की ये चार (मध्यम, विजिगीषु, उदासीन और शत्रु) मूल प्रकृतियाँ है । इस प्रकार कुल मिलाकर राजमण्डल की बारह प्रकृतियाँ हुईं ॥

विमर्श—'शाखाप्रकृतियाँ' आठ हैं— १. मित्र, २. अरिमित्र, ३. मित्र-मित्र, ४. अरि-मित्र-मित्र, ये चारों शत्रु की भूमि से आगे की ओर तथा ५. पार्ष्णिग्राह, ६. आक्रन्द, ७. पार्ष्णिग्राहासार और ८. आक्रन्दासार— ये चारों शत्रु की भूमि से पीछे की ओर । इस प्रकार ये आठ शाखाप्रकृतियाँ तथा पूर्व कथित चार मूल प्रकृतियाँ मिलकर राजमण्डल की बारह प्रकृतियाँ होती हैं ।

राजमण्डल की ७२ प्रकृतियाँ—

अमात्यराष्ट्रदुर्गार्थदण्डाख्याः पञ्च चापराः ।
प्रत्येकं कथिता ह्येताः संक्षेपेण द्विसप्ततिः ।।१५७।।

भाष्य—अमात्यादयः पंचप्रकृतयः द्वादशानां प्रकृतीनां एकैकस्या भवन्ति । अतः षट्द्वादशका **द्विसप्ततिः ।।१५७।।**

हिन्दी—राजमण्डल की पूर्वोक्त (७।१५६) १२ प्रकृतियों में से प्रत्येक की— १. अमात्य (प्रधान मन्त्री), २. राष्ट्र, ३. दुर्ग (किला), ४. अर्थ (धनकोष) और ५. दण्ड— ये ५ द्रव्यप्रकृतियाँ हैं (अतः १२×५=६० द्रव्य प्रकृतियाँ होती हैं) तथा पूर्वोक्त (७।१५६) १२ प्रकृतियों को सम्मिलित कर (६०+१२=७२) राजमण्डल की कुल ७२ प्रकृतियाँ मुनियों ने कही हैं ।

अरि आदि के लक्षण—

अनन्तरमरिं विद्यादरिसेविनमेव च ।
अरेरनन्तरं मित्रमुदासीनं तयोः परम् ।।१५८।।

भाष्य—विजिगीषुभूम्यनन्तरमरिं विद्यात्तथाऽरिमित्रं मित्रं त्वेवमरिं भूम्यनन्तरं विजिगीषोर्मित्रं भवति ।

उदासीनस्तयोः परः । अरिमित्रलक्षणं च सहजकृत्रिमयोरपि द्रष्टव्यम् ॥१५८॥

हिन्दी—विजिगीषु (अपने राज्य के पार्श्ववर्ती) तथा शत्रु की सेवा करनेवाला राजा 'अरि' अरि के बाद में रहनेवाला 'मित्र' और उन दोनों से भिन्न राजा 'उदासीन' होता है ॥१५८॥

विमर्श— इन्हीं प्रकृतियों के आगे और पीछे की ओर का भेद है, इनमें ये चार पहले कहे गये 'अरि' आदि 'व्यपदेश' तथा अन्त में कहे गये 'पार्ष्णिग्राह' आदि 'व्यपदेशभागी' हैं।

[विप्रकृष्टेऽध्वनो यत्र उदासीनो बलान्वितः।
स खिलो मण्डलार्थस्तु यस्मिञ्ज्ञेयः स मध्यमः ।।१३।।]

[**हिन्दी**—जिस दूर मार्ग में सेनासहित उदासीन राजा हो, वह खिल मण्डलार्थ जिसमें हो उसे मध्यम जानना चाहिये ॥१३॥]

सामादि से वशीकरण—

तान्सर्वानभिसन्दध्यात्सामादिभिरुपक्रमैः।
व्यस्तैश्चैव समस्तैश्च पौरुषेण नयेन च ।।१५९।।

भाष्य—संदध्याद्वशीकुर्यात्।

पौरुषनयौ सामदण्डावेव। तत्र चोक्तं 'सामदण्डौ प्रशंसंतीति' ॥१५९॥

हिन्दी—राजा अलग-अलग या मिले हुए सामादि (साम, दाम, भेद और दण्ड) उपायों से, पुरुषार्थ से और नीति से उन सबको अपने वश में करे ॥१५९॥

षड्गुणों का चिन्तन—

सन्धिं च विग्रहं चैव यानमासनमेव च।
द्वैधीभावं संश्रयं च षड्गुणांश्चिन्तयेत्सदा ।।१६०।।

भाष्य—तत्र हिरण्यादिदानोभयानुग्रहार्थः **सन्धिस्**तद्विपरीतो **विग्रहः**। एकान्तता-गमनं **यानम्**-उपेक्षाया**मासनम्**। सन्धिविग्रहोपादानं **द्वैधीभावः**। परस्यात्मार्पणं **संश्रयः**। एते षड्गुणाः।

एतेषां यस्मिन् गुणेऽवस्थितो मन्येताहं शक्ष्यामि दुर्गं कारयितुं, हस्तिनीर्बन्धयितुं खनीः खनयितुं, वणिक्पथं प्रयोजयितुं, जतुवनं छेदयितुं, अदेवमातृकदेशे क्षेत्राणि बन्धयितुमित्येवमादीनि, परस्य वित्तानि व्याहर्तुं, बुद्धिविघातार्थं गुणमुपेयात् ॥१६०॥

एवं च सति—

हिन्दी—सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और संश्रय— इन छः गुणों का सर्वदा विचार करे ॥१६०॥

विमर्श— (१) सन्धि— दोनों के सुख-चैन के लिए हाथी, घोड़ा आदि सैनिक शक्ति तथा सुवर्ण आदि धन के द्वारा परस्पर में एक दूसरे की सहायता करने का निश्चय करना। (१) विग्रह— युद्ध आदि द्वारा विरोध करना। (२) यान— शत्रु के ऊपर चढ़ाई करने के लिए आगे बढ़ना। (३) आसन शत्रु की उपेक्षा कर चुप मारकर किले आदि सुरक्षित स्थान में बैठ जाना (४) द्वैधीभाव अपने कार्य की सिद्धि के लिए सेना को दो हिस्सों में करके कार्य करना। और (५) संश्रय शत्रु से दबाये जाने पर उससे बलवान् दूसरे राजा का आश्रय लेना। इन ६ गुणों में से जिसके ग्रहण करने से शत्रु की हानि एवं अपनी वृद्धि हो उसका विचार करना चाहिये। इन्हीं को 'षड्गुण' कहते हैं।

आसनं चैव यानं च सन्धिं विग्रहमेव च।
कार्यं वीक्ष्य प्रयुञ्जीत द्वैधं संश्रयमेव च ॥१६१॥

भाष्य—एकेन संधायापरस्मिन्याने शक्तं मृषा विगृह्णीयात्। एवमासनमपि संधाय विगृह्य च सर्वमेत**त्कार्यं वीक्ष्य प्रयुञ्जीत**। नात्र नियतः कालः। यदैव यद्युक्तं मन्येत तदैव तदाचरेत्।

"यदि कालनियमो लक्षयितुं न शक्यते, उपदेशः किमर्थम्"।

एवमाह न शक्यते। विशेषो दुर्लक्षः, सामान्यं तु सुलक्षणमेतदप्यबुधानामुपयुज्यते ॥१६१॥

हिन्दी—राजा अपनी हानि एवं लाभ को विचारकर आसन, यान, सन्धि, विग्रह तथा द्वैध एवं संश्रय करे ॥१६१॥

विमर्श—पूर्व दो (७।१६०-१६१) श्लोक में परस्पर निरपेक्ष सन्धि आदि षड्गुणों का चिन्तन कार्य बतलाकर इस इस श्लोक में उनके उचित पालन के लिए बतलाते हैं— किसी राजा के साथ सन्धि कर आसन (युद्धादि का उद्योग छोड़ चुपचाप बैठ जाना) या किसी से विग्रह करके यान (चढ़ाई) कर देना अथवा द्वैधीभाव और बली राजा का आश्रय करना आदि कार्य राजा को करना चाहिए।

सन्ध्यादि के २-२ भेद—

संधिं तु द्विविधं विद्याद्राजा विग्रहमेव च।
उभे यानासने चैव द्विविधः संश्रयः स्मृतः ॥१६२॥

हिन्दी—राजा सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय (तथा द्वैत) इनमें प्रत्येक को दो प्रकार का जाने। (उनके प्रकार आगे कह रहे हैं) ॥१६२॥

हिन्दी—विजिगीषु (अपने राज्य के पार्श्ववर्ती) तथा शत्रु की सेवा करनेवाला राजा 'अरि' अरि के बाद में रहनेवाला 'मित्र' और उन दोनों से भिन्न राजा 'उदासीन' होता है ॥१५८॥

विमर्श— इन्हीं प्रकृतियों के आगे और पीछे की ओर का भेद है, इनमें ये चार पहले कहे गये 'अरि' आदि 'व्यपदेश' तथा अन्त में कहे गये 'पार्ष्णिग्राह' आदि 'व्यपदेशभागी' हैं।

[विप्रकृष्टेऽध्वनो यत्र उदासीनो बलान्वितः ।
स खिलो मण्डलार्थस्तु यस्मिञ्ज्ञेयः स मध्यमः ।।१३।।]

[**हिन्दी**—जिस दूर मार्ग में सेनासहित उदासीन राजा हो, वह खिल मण्डलार्थ जिसमें हो उसे मध्यम जानना चाहिये ॥१३॥]

सामादि से वशीकरण—

तान्सर्वानभिसन्दध्यात्सामादिभिरुपक्रमैः ।
व्यस्तैश्चैव समस्तैश्च पौरुषेण नयेन च ।।१५९।।

भाष्य—संदध्याद्वशीकुर्यात् ।

पौरुषनयौ सामदण्डावेव। तत्र चोक्तं 'सामदण्डौ प्रशंसंतीति' ॥१५९॥

हिन्दी—राजा अलग-अलग या मिले हुए सामादि (साम, दाम, भेद और दण्ड) उपायों से, पुरुषार्थ से और नीति से उन सबको अपने वश में करे ॥१५९॥

षड्गुणों का चिन्तन—

सन्धिं च विग्रहं चैव यानमासनमेव च ।
द्वैधीभावं संश्रयं च षड्गुणांश्चिन्तयेत्सदा ।।१६०।।

भाष्य—तत्र हिरण्यादिदानोभयानुग्रहार्थः **सन्धिस्**तद्विपरीतो **विग्रहः** । एकान्तता-गमनं **यानम्**-उपेक्षाया**मासनम्** । सन्धिविग्रहोपादानं **द्वैधीभावः** । परस्यात्मार्पणं **संश्रयः** । एते षड्गुणाः ।

एतेषां यस्मिन् गुणेऽवस्थितो मन्येताहं शक्ष्यामि दुर्गं कारयितुं, हस्तिनीर्बन्धयितुं खनीः खनयितुं, वणिक्पथं प्रयोजयितुं, जतुवनं छेदयितुं, अदेवमातृकदेशे क्षेत्राणि बन्धयितुमित्येवमादीनि, परस्य वित्तानि व्याहर्तुं, बुद्धिविघातार्थं गुणमुपेयात् ॥१६०॥

एवं च सति—

हिन्दी—सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और संश्रय— इन छः गुणों का सर्वदा विचार करे ॥१६०॥

विमर्श— (१) सन्धि— दोनों के सुख-चैन के लिए हाथी, घोड़ा आदि सैनिक शक्ति तथा सुवर्ण आदि धन के द्वारा परस्पर में एक दूसरे की सहायता करने का निश्चय करना। (१) विग्रह— युद्ध आदि द्वारा विरोध करना। (२) यान— शत्रु के ऊपर चढ़ाई करने के लिए आगे बढ़ना। (३) आसन शत्रु की उपेक्षा कर चुप मारकर किले आदि सुरक्षित स्थान में बैठ जाना (४) द्वैधीभाव अपने कार्य की सिद्धि के लिए सेना को दो हिस्सों में करके कार्य करना। और (५) संश्रय शत्रु से दबाये जाने पर उससे बलवान् दूसरे राजा का आश्रय लेना। इन ६ गुणों में से जिसके ग्रहण करने से शत्रु की हानि एवं अपनी वृद्धि हो उसका विचार करना चाहिये। इन्हीं को 'षड्गुण' कहते हैं।

आसनं चैव यानं च सन्धिं विग्रहमेव च।
कार्यं वीक्ष्य प्रयुञ्जीत द्वैधं संश्रयमेव च।।१६१।।

भाष्य—एकेन संधायापरस्मिन्याने शक्तं मृषा विगृह्णीयात्। एवमासनमपि संधाय विगृह्य च सर्वमेतत्**कार्यं वीक्ष्य प्रयुञ्जीत**। नात्र नियतः कालः। यदैव यद्युक्तं मन्येत तदैव तदाचरेत्।

"यदि कालनियमो लक्षयितुं न शक्यते, उपदेशः किमर्थम्"।

एवमाह न शक्यते। विशेषो दुर्लक्षः, सामान्यं तु सुलक्षणमेतदप्यबुधानामुपयुज्यते ॥१६१॥

हिन्दी—राजा अपनी हानि एवं लाभ को विचारकर आसन, यान, सन्धि, विग्रह तथा द्वैध एवं संश्रय करे ॥१६१॥

विमर्श—पूर्व दो (७।१६०-१६१) श्लोक में परस्पर निरपेक्ष सन्धि आदि षड्गुणों का चिन्तन कार्य बतलाकर इस इस श्लोक में उनके उचित पालन के लिए बतलाते हैं— किसी राजा के साथ सन्धि कर आसन (युद्धादि का उद्योग छोड़ चुपचाप बैठ जाना) या किसी से विग्रह करके यान (चढ़ाई) कर देना अथवा द्वैधीभाव और बली राजा का आश्रय करना आदि कार्य राजा को करना चाहिए।

सन्ध्यादि के २-२ भेद—

संधिं तु द्विविधं विद्याद्राजा विग्रहमेव च।
उभे यानासने चैव द्विविधः संश्रयः स्मृतः।।१६२।।

हिन्दी—राजा सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय (तथा द्वैत) इनमें प्रत्येक को दो प्रकार का जाने। (उनके प्रकार आगे कह रहे हैं) ॥१६२॥

सन्धि के २ भेद—

समानयानकर्मा च विपरीतस्तथैव च ।
तदा त्वायतिसंयुक्तः संधिर्ज्ञेयो द्विलक्षणः ।।१६३।।

भाष्य—समानयानकर्मा । 'यानफलं सहितौ तुल्यौ गच्छावः । समानफलभागितया, न च त्वयाऽहमुल्लङ्घनीयः । यत्ततो लप्स्यते तत्तव मम च भविष्यति' । अथवा 'त्वमन्यतो याह्यहमन्यत्र यास्या'मीत्येवमसमानयानकर्मा **विपरीतः** ॥१६२-१६३॥

हिन्दी—सन्धि के दो भेद— (१) समानकर्मा सन्धि और असमानकर्मा सन्धि। तात्कालिक या भविष्य के लाभ की इच्छा से किसी दूसरे राजा से मिलकर यान (शत्रु पर चढ़ाई) करना 'समानधर्मा' नामक सन्धि है, तथा (२) तात्कालिक या भविष्य में लाभ की इच्छा से किसी राजा से 'आप इधर जाइये, मैं इधर जाता हूँ' ऐसा कहकर पृथक्-पृथक् यान (शत्रु पर चढ़ाई) करना, 'असमानधर्मा' नामक सन्धि है ॥१६३॥

विग्रह के २ भेद—

स्वयंकृतश्च कार्यार्थमकाले काल एव वा ।
मित्रस्य चैवापकृते द्विविधो विग्रहः स्मृतः ।।१६४।।

भाष्य—स्वयं विग्रहस्य कालः यदावश्यं स्वबलेनोत्सहते परं कर्षयितुमुत्साहयुक्तः, प्रकृतयः संहता विवृद्धाश्च स्वकर्मकृष्यादिफलसम्पन्नाः परस्यैतान्यपहरिष्यन्ति कर्माणि क्षीणलब्धप्रकृतिः परः, शक्यास्तत्प्रकृतय उपजापेनात्मीयाः कर्त्तुं, स स्वयं विग्रहस्य **काल** ।

अकाल एतद्विपरीतः ।

तत्रापि **विग्रहो मित्रस्यापकृते** । यदि शत्रुणा तदीयं मित्रमपकृतं तदा तद्विचिन्त्याकालेऽपि विग्रहः कर्त्तव्यः । यद्यपि स्वयमपि शत्रोरनन्तरं मित्रं भवति, तथापि तेन मित्रेण सहायेन शक्यः शत्रुरपबाधितुम् । शत्रोरनन्तरं मित्रं भवति शत्रोस्तु शत्रुर्विषयानन्तरम् ।

पाठान्तरं 'मित्रेण चैवापकृते' । तेन यद्यसौ बाधितो भवति, तदाऽकालेऽपि विग्रहः कार्यः ।

एतद्विग्रहस्य द्वैविध्यं स्वकार्यार्थं मित्रकार्यार्थं च । अथवाऽऽत्मनोऽभ्युच्छ्रयादेकः प्रकारो मित्रेणापकृते व्यसनिनि तत्रैव द्वितीयः ॥१६४॥

हिन्दी—विग्रह के दो भेद हैं— (१) शत्रु पर विजय पाने के लिए शत्रुव्यसन (मन्त्री या सेनापति आदि से विरोध) मालूम कर समय (७।१८० में कथित अगहन

मास आदि) के अलावे असमय में भी अथवा समय (अगहन मास आदि) में स्वयं किया गया विग्रह प्रथम भेद है तथा (२) दूसरे किसी राजा के द्वारा अपने मित्र पर आक्रमण या उसकी किसी प्रकार हानि पहुँचाने पर मित्र की रक्षा के लिए किया गया विग्रह द्वितीय भेद है ।।१६४।।

विमर्श— इस श्लोक के तृतीय पाद के स्थान में 'मित्रेण चैवापकृते' पाठ मानकर गोविन्दराज का तथा मेधातिथि आदि का सम्मत अर्थ म०मु० में देखना चाहिये ।

यान के २ भेद—

एकाकिनश्चात्ययिके कार्ये प्राप्ते यदृच्छया ।
संहतस्य च मित्रेण द्विविधं यानमुच्यते ।।१६५।।

भाष्य—एकाकिनो मित्रेण वा संहतस्य यानद्वैविध्यं यानस्यासत्यां शक्तावेकाकिनः । अन्यथा संहतस्य ।

'आत्ययिकं कार्यं, परस्य व्यसनोत्पत्तिः । तदा ह्यभिगमनीयतमो भवति । परतः कदाचिल्लब्धोच्छ्रयो दुरुच्छेद्यः ।।१६५।।

हिन्दी—यान के दो भेद होते हैं— शत्रु के आपत्ति में फँस जाने पर अकस्मात् (एका-एक) समर्थ राजा का आक्रमण करना प्रथम 'यान' है तथा स्वयं समर्थ न होने पर मित्र के साथ आक्रमण करना द्वितीय 'यान' है ।।१६५।।

आसन के २ भेद—

क्षीणस्य चैव क्रमशो दैवात्पूर्वकृतेन वा ।
मित्रस्य चानुरोधेन द्विविधं स्मृतमासनम् ।।१६६।।

भाष्य—आत्मसंवरण**मासनम्** । तदपि द्विविधम् ।

क्षीणस्य बलकोशोपनयेन वृद्धस्यापि शत्रुं प्रत्यपेक्षा । आसनं च मित्रानुरोधेन । यदि मित्रस्य क्षीणस्य शत्रुणा सह सम्बन्धो नेदृशो भवति, तदीयेन मित्रेण नायमुत्तम्भनीय इत्यतस्तदनुवृत्त्यासीत ।

स च क्षयो **दैवात्पूर्वकृतेन** वेत्यनुवादः । वृद्धिक्षयौ सर्वस्यैतेन कारणेन भवतः । तत्र 'दैवं' स्वकृतप्रमादः अतिव्ययशीलता, अप्रतिजागरणं स्वे बले, पूर्वकृतमशुभं कर्मापि ।

विपर्ययेण वैतद्व्याख्येयम् ।

मोहादिति पाठान्तरम् । अर्थस्तु दैवशब्देन व्याख्यातः ।।१६६।।

हिन्दी—आसन के दो भेद हैं— भाग्यवश या पूर्वजन्म के कार्यवश सेना, कोष

आदि के क्षीण हो जाने पर या समृद्ध रहने पर भी राजा का घेरे पड़े रहना प्रथम 'आसन' है तथा मित्र के अनुरोध से उसकी रक्षा के लिए शत्रु का घेरे पड़े रहना द्वितीय 'आसन' है ॥१६६॥

द्वैध के २ भेद—

बलस्य स्वामिनश्चैव स्थितिः कार्यार्थसिद्धये ।
द्विविधं कीर्त्यते द्वैधं षाड्गुण्यगुणवेदिभिः ।।१६७।।

भाष्य—बलस्य स्थितिः स्वामिनश्च भेदेन दुर्गस्वामिनः स्वल्पेन बलेन सेनापतेरन्यत्र महता बलेन युक्तस्य । अथवा बलशपथानुग्रहार्थः कश्चित्कर्त्तव्यो हिरण्यादिलाभापेक्षया परस्त्वधिकेनाशु ।

"द्वैधीभावो नामायमुपायः । तस्यैतदेव रूपं— यद्द्विधा स्थितिर्बलस्वामिनोरत्रैवंरूपस्य तस्यापरं द्वैधं वक्तव्यम् । न च तदनेन किंचिदुच्यते । केवलं बलस्य स्वामिनश्च स्थितिरेतद्द्विविधं तत्र वक्तव्यं मायायां द्वैधीभावस्तस्येदं द्वैविध्यम्" ।

उच्यते । सामर्थ्यलभ्यमेतत्परानुग्रहार्थमेतत्कर्तव्यं, स्वकार्यार्थं चेत्येष द्विधाभावस्य द्वैधीभावः ॥१६७॥

हिन्दी—षाड्गुण्य (७।१६० में कथित— सन्धि आदि के उपयोग अर्थात् लाभ) को जाननेवाले द्वैध के दो भेद कहते हैं— अपने कार्य की सिद्धि के लिए हाथी-घोड़ा आदि चतुरंगिणी सेना का एक भाग शत्रु से बचने के लिए सेनापति के अधीन करना प्रथम 'द्वैध' तथा उक्त सेना का शेष भाग किला आदि में राजा के अधीन रखना द्वितीय 'द्वैध' है ॥१६७॥

संश्रय के २ भेद—

अर्थसम्पादनार्थं च पीड्यमानस्य शत्रुभिः ।
साधुषु व्यपदेशश्च द्विविधः संश्रयः स्मृतः ।।१६८।।

भाष्य—शत्रुभिः पीड्यमानस्य अर्थसम्पादनार्थमन्यत्र संश्रयः । 'अर्थ'पीडानिवृत्तिस्तत्सम्पादनार्थं शक्तमन्यमाश्रयेत् । स्वदेशं हित्वा तत्र गच्छेत् ।

व्यपदेशश्चापीडितेऽपि आगामिपीडापरिहाराय व्यपदेशार्थमन्यं संश्रयेत् । एषोऽस्य सहायको वर्तते, न शक्योऽयमुपपीडयितुमिति व्यपदेशसिद्धिर्न केनचिदुपपाद्यते । व्यपदेशप्रयोजनसंश्रयो व्यपदेशशब्देनोक्तः, सामानाधिकरण्येन ।

पाठान्तरं 'व्यपदेशार्थमिति' ।

क्व पुनः संश्रयः कर्त्तव्यस्तदाह **साधुषु** । ये साधवो राजानस्तेषामन्यतममाश्रयेत् ।

येभ्य: सकाशात्कुसृतिर्नाशङ्क्यते । साधुशब्देन परिभवत्राणसामर्थ्यादयो गुणा: प्रतिपाद्यन्ते ॥१६८॥

हिन्दी—संश्रय दो प्रकार का होता है— शत्रु से पीड़ित होते हुए आत्मरक्षार्थ किसी बलवान् राजा का आश्रय लेना प्रथम 'संश्रय' तथा भविष्य में शत्रु से पीड़ित होने की आशंका से आत्मरक्षार्थ किसी बलवान् राजा का आश्रय लेना द्वितीय 'संश्रय' है ॥१६८॥

सन्धि-विग्रह आदि के योग्य समय—

यदावगच्छेदायत्यामाधिक्यं ध्रुवमात्मन: ।
तदात्वे चाल्पिकां पीडां तदा सन्धिं समाश्रयेत् ।।१६९।।

भाष्य—**आयति**रागामीकाल: । यद्येवं मन्येत समबलो ममायमप्येष न्यूनबला वा, कालात्तु लब्धकृत्योपजापेन मित्रग्रहेण वा शक्नोम्येनमभिभवितुं **तदा सन्धिं** कुर्यात् ।

आधिक्यमधिकबलता ।

ध्रुवं निश्चितम् ।

तदात्वे वर्तमानकालवचनोऽयम् ॥१६९॥

हिन्दी—जब राजा भविष्य में अपनी (सेना आदि की) निश्चित रूप से अधिकता तथा वर्तमान सामान्य हानि देखे तो शत्रु से सन्धि (मेल, सुलह) कर ले ॥१६९॥

यदा प्रहृष्टा मन्येत सर्वास्तु प्रकृतीर्भृशम् ।
अत्युच्छ्रितं तथाऽऽत्मानं तदा कुर्वीत विग्रहम् ।।१७०।।

भाष्य—**प्रहृष्टा** उत्साहानुरागयुक्ता दानमानाभ्यामुपसंगृहीता आत्मीया: **प्रकृती**रमात्यादिका **मन्येत । अत्युच्छ्रितमात्मानं** कोशहस्त्यश्वादिसम्पदा । तदा केनचिदपदेशेन सन्धिदूषणं कृत्वा **विग्रहमा**श्रयेत् ॥१७०॥

हिन्दी—जब राजा सब प्रकृतियों (७।१५६-१५७) को (दान-मान आदि से) अत्यन्त सन्तुष्ट तथा अपनी सेना को बलशालिनी समझे तो शत्रु को लक्ष्य कर अभियान (युद्ध के लिए यात्रा) कर दे ॥१७०॥

यदा मन्येत भावेन हृष्टं पुष्टं बलं स्वकम् ।
परस्य विपरीतं च तदा यायाद्रिपुं प्रति ।।१७१।।

भाष्य—**भावो** हर्षपोषकारणम् । बहुना धनेन संविभक्तता कृष्यादिकर्माणि, फलितान्येषामित्यादि हर्षपोषयो: कारणम् ।

बलं 'हस्त्यश्वरथपादातम् ।

परस्य यदा विपरीतं तदा शत्रुं **प्रतियायाद**भिषेणयेच्छत्रुमित्यर्थः । न विग्रह-कारणान्येव यानकारणानि, किं तर्हि तान्यपि अपचयश्च हर्षपोषयो: परस्य प्रकृतीनाम् ॥१७१॥

हिन्दी—जब राजा अपनी सेना आदि को हृष्ट-पुष्ट (बलवती) तथा शत्रु की सेना आदि को इसके विपरीत (दुर्बल) समझे तब उस पर चढ़ाई कर दे ॥१७१॥

यदा तु स्यात्परिक्षीणो वाहनेन बलेन च ।
तदाऽऽसीत प्रयत्नेन शनकैः सांत्वयन्नरीन् ।।१७२।।

भाष्य—**वाहनं** हस्त्यश्वरथम् । **बलं** पादातम् । गोबलोवर्दवद्भेदः । परिक्षीणे बले सति **सान्त्वयन्नरिमासीत** । सामोपप्रदानाभ्यामनुकूलनं 'सान्त्वनम्' ॥१७२॥

हिन्दी—जब राजा हाथी आदि वाहनों (सवारियों) से तथा अमात्य आदि शक्तियों से अपने को अत्यन्त क्षीण (दुर्बल) समझे तब यत्नपूर्वक शत्रु को शान्त करता हुआ चुप होकर बैठ जावे ॥१७२॥

मन्येतारिं यदा राजा सर्वथा बलवत्तरम् ।
तदा द्विधा बलं कृत्वा साधयेत्कार्यमात्मनः ।।१७३।।

भाष्य—अशक्यं संधानं बलवता रुद्धस्य, दुर्गसंश्रयणं च हितम्, दुर्गं च बला-वस्थापनमेव द्वैधीभावात् । स च प्रागुक्तार्थः । बलीयानेव हि व्यसने बलं द्विधाकरोति इति दृश्यते ॥१७३॥

हिन्दी—जब राजा शत्रु को सब प्रकार (अपने से) बलवान् समझे तब अपनी सेना को दो भागों में विभक्त कर (एक भाग को शत्रु को रोकने के लिए सेनापति के अधीन कर) तथा दूसरे भाग को आत्मरक्षार्थ अपने अधीन (किला आदि सुरक्षित स्थान में रखकर) अपना कार्य (मित्र आदि सहायक साधनों का संग्रह) करे ॥१७३॥

यदा परबलानां तु गमनीयतमो भवेत् ।
तदा तु संश्रयेत्क्षिप्रं धार्मिकं बलिनं नृपम् ।।१७४।।

भाष्य—**गमनीयतमो**ऽभिभवनीयतमो दुर्गस्थोऽहमिति मन्यते । तदा **क्षिप्रं** दुर्गमुज्झित्वाऽन्यं **संश्रयेद्धामिकम्** । यतः कुसृतिर्नाशङ्क्यते, यस्य यशोमयी स्थिर-प्रकृतिः । बलिनमित्येतेनैतत्सुदर्शितम् ॥१७४॥

हिन्दी—जब राजा (अमात्यादि के दोष से पूर्व श्लोकानुसार सेना को दो भागों में विभक्त कर आत्मरक्षा का उपाय करने पर भी) शत्रु द्वारा अपने को पराजित होने योग्य समझे, तब शीघ्र ही बलवान् (अग्रिम श्लोकोक्त गुणयुक्त) राजा का आश्रय करे ॥१७४॥

बलवान् का संश्रय—

निग्रहं प्रकृतीनां च कुर्याद्योऽरिबलस्य च ।
उपसेवेत तं नित्यं सर्वयत्नैर्गुरुं यथा ।।१७५।।

भाष्य—बलिनमित्युक्तम् । कियता बलेन बलवान्भवतीत्येतदर्थमिदमुच्यते । या दुष्टास्तदीया: प्रकृतयो यश्च शत्रुरुभयस्यापि निग्रहे समर्थ: स आश्रयितव्य: । स गुरुवत्परिसेवितव्यो मानमुज्झित्वा । नैवं मन्तव्यं 'महाराज एषोऽपि समत्वेन वर्त्तावह' इति । प्रभुवदसौ सेवितव्य: ।

सर्वयत्नैरुपायै: प्रियवचनैरवसरे समीपे सन्निधानेन ॥१७५॥

हिन्दी—जो राजा (बिगड़ी हुई अमात्य आदि ७।१५६-१५७) प्रकृतियों तथा शत्रु की सेना का निग्रह करे (दण्डित करे) उस राजा की सेवा (दुर्बल राजा) करे ॥१७५॥

यदि तत्रापि सम्पश्येद्दोषं संश्रयकारितम् ।
सुयुद्धमेव तत्रापि निर्विशङ्कः समाचरेत् ।।१७६।।

भाष्य—यदि तस्मिन्नपि संश्रये **सम्पश्येज्जा**नीयात्कथञ्चि**द्दोषं संश्रयकारितम्** । दोषदर्शनलिङ्गानि च ।

''दत्वाऽऽनुताप: कृतपूर्वहोमं विमानना दुश्चरितानुकीर्तनम् ।

''दृष्टेरदानं प्रतिकूलभाषणमेताश्च दुष्टस्य भवन्ति वृत्तय: ॥''

ततस्तत्रापि संश्रये दोषकारिणि विज्ञातेऽपिशब्दादाश्रये निर्दोषेऽसति सुयुद्धमेव तस्मिन्नपि काले निर्विकार: कुर्यात् । न हि संश्रये विनाशो, दृश्यते ह्यल्पबलेनापि महाबलो जीयमान: । अपि चान्त्यावस्थायामुभयथा गुण:— विजये राज्यं पराजये ध्रुव: स्वर्ग इति ।

युद्धस्य तु शोभनत्वं दर्शयिष्याम: ।

एकैकगुणाश्रयेण मण्डलविजयाय यायाच्छक्त: ॥१७६॥

हिन्दी—जब राजा उक्त प्रकार से (७।१७४-१७५) संश्रय करने पर भी दोष, अपनी कार्य सिद्धि का अभाव) देखे; तब निर्भय होकर उस (दुर्बल) अवस्था में भी पूरी शक्ति के साथ युद्ध करे ॥१७६॥

मित्र, उदासीन आदि बढ़ाने का निषेध—

सर्वोपायैस्तथा कुर्यान्नीतिज्ञः पृथिवीपतिः ।
यथाऽस्याभ्यधिका न स्युर्मित्रोदासीनशत्रवः ।।१७७।।

भाष्य—उपायवचनात्सामादिभिर्व्यस्तैः समस्तैर्वा ।

सर्वग्रहणात्तु येन शक्यन्ते संघादिनाऽपि ।

तथा कुर्यात् तेन प्रकारेण यतेत ।

नीतिज्ञः अर्थशास्त्रज्ञः, स्वाभाविकप्रज्ञः नयाद्यभिज्ञो वा राजा यथा स्यात् ।

शक्तित्रयेणाभ्यधिका मित्रादयो न भवेयुस्तथा प्रकृत्यादिसमादिष्टे कर्मप्रवर्तने च भ्योऽधिकमात्मानं कुर्यात् ।

श्लोकानुरोधान्मध्यमग्रहणं न कृतम् । सोऽपि तु द्रष्टव्यो, न मित्रमित्युपेक्ष्यम् । स्वप्रयोजनव्यतिरेकेण मित्रं नामाव्यवस्थितं हि मित्रत्वाधिक्यमुपगतं स्वार्थगतिवशाच्च मित्रमप्यरिर्भवति । तथा च **व्यास** आह ।

"न कश्चित्कस्यचिन्मित्रं न कश्चित्कस्यचिद्रिपुः ।

सामर्थ्ययोगाद्विज्ञेया मित्राणि रिपवस्तथा" इति ।

एतैरुपायैर्मण्डलैर्विचारयेत् ॥१७७॥

हिन्दी—राजा सब उपायों (साम, दाम, दण्ड और भेद) से ऐसा करे कि जिससे इसके शत्रु, मित्र तथा उदासीन अधिक न होवें ॥१७७॥

विमर्श—उनकी अधिकता होने पर धन-लोभ से मित्र के भी शत्रु होने से उसे पराधीन होने की सम्भावना रहती है ।

भावी आदि के गुण-दोष का चिन्तन—

आयतिं सर्वकार्याणां तदात्वं च विचारयेत् ।
अतीतानां च सर्वेषां गुणदोषौ च तत्वतः ।।१७८।।

भाष्य—**कार्याणि** कर्माणि प्रयोजनानि । तेषां सर्वेषामारिप्समानाना**मायतिः** परिणाम्यागामिकालः । **तदा**त्वं प्रारम्भावस्थावर्त्तमानकालस्तं च **विचारयेत्** ।

तत्वतस्तत्वेन ।

अनेकमुखानि हि कार्याणि क्षणाच्चान्यथा भवन्तीति । तत्र येषामुभौ कालौ न शुध्यतस्तानि कार्याणि कथमारभेतेति तद्विचारार्थापदेशः ।

अतीतानामतिक्रान्तानां **च सर्वेषां गुणदोषौ**— ततो विचारयेत् ।

अत्राप्यतीतानां गुणदोषौ विचार्य यानि कर्माणि गुणवन्त्यतीतानि तान्येव कथं नाम पुनरारभेतेत्यतीतकार्यगुणदोषतत्वविचारणोपदेश एवमर्थः ॥१७८॥

हिन्दी—राजा उत्तरकाल (आगे वाले समय) वर्तमान काल और अतीत काल के गुणदोषों का चिन्तन करे ॥१७८॥

विमर्श— भविष्य में मुझे जो कार्य करना है, उसमें गुण-दोष का क्या विचार करे, वर्तमान काल में जो कार्य चल रहा है गुण-दोष का विचार कर उसे पूरा करने की चेष्टा करे; तथा जो कार्य समाप्त हो चुका है, उसके गुण-दोष (उसमें क्या ठीक हुआ और क्या बिगड़ गया क्या हानि अथवा लाभ है, यह) विचार करे।

आयत्यां गुणदोषज्ञस्तदात्वे क्षिप्रनिश्चयः।
अतीते कार्यशेषज्ञः शत्रुभिर्नाभिभूयते ।।१७९।।

भाष्य—एवं हि यो **ह्यायत्यामा**गामिनि काले कार्याणां गुणदोषौ विजानाति नियमेनासौ विमृश्यकारीति स्वयं चारभते न सदोषं एवमर्थं हि ज्ञानम्।

'तदात्वे' वर्त्तमाने यः क्षिप्रभवधारयति, कार्ये न विलम्बते, तदात्वे **क्षिप्रनिश्चयः** क्षिप्रकारी भवति, गुणवत्करोति, न दोषवत्।

अतीते कृते सति कार्ये शेषतो यः कार्यमेव बुध्यते न तत्परिसमाप्तो लभत इति गुणवत्सर्वकार्यफलसम्बन्धादभ्यधिकः। **शत्रु भिर्नाभिभूयते**।

न हि धर्मशास्त्रे षाड्गुण्योपदेशः शक्यते कर्तुं दृष्ट इति दिङ्मात्रमुक्तम् ॥१७९॥

विमर्श—ऐसे गोरक्षक (रखवाले) को वेतन के बदले दश गायों में से इच्छानुसार चुनी हुई श्रेष्ठ गौ का केवल दूध ही मिलता है, अन्न या रुपया-पैसा नहीं मिलता। इस प्रकार एक गाय के दूध लेने से दश गायों की रखवाली करने का उत्तरदायित्व उस पर रहता है।

पशु के नष्ट होने पर दण्ड—

नष्टं विनष्टं कृमिभिः श्वहतं विषये मृतम्।
हीनं पुरुषकारेण प्रदद्यात्पाल एव तु ॥२३२॥

भाष्य—नष्टं दृष्टिपथादपेतं न ज्ञायते क्व गतम्। **विनष्टं कृमिभिः**। आरोहक-नामानः कृमयो गवां प्रजनवर्त्मनाऽनुप्रविश्य नाशयन्ति। **श्वभिर्हतम्**। प्रदर्शनार्थ-मेतत्। तेन गोमायुव्याघ्रादिहतानामेषैव स्थितिः। **विषये** श्वभ्रदरीशिलादिसंकटादौ **मृतम्। प्रदद्यात्पाल एव। हीनं पुरुषकारेण**। 'पुरुषकारः' पुरुषव्यापारः। पालस्य

तत्र संनिधानात् वृकनिवारणं च दण्डादिना प्रवृत्तिः । तेनापेतम् । यदि व्याप्रियमाणो व्याघ्रादेर्निवारणे नैव समर्थः— सहसैव वोत्पत्य कश्चित् पशुर्वेगेन श्वभ्रं गच्छेदनुगच्छताऽपि न शक्यः प्रत्यावर्तयितुं— न पाले दोषः ॥२३२॥

हिन्दी—यदि कोई पशु भूल जाय, कृमि आदि से; कुत्ते के काटने से, ऊँचे-नीचे स्थान या मार्ग में गिरने से या फँसने से मर जाय, अथवा रखवाले की (उपेक्षा-जन्य) पुरुषार्थ-शून्यता से मर या भाग जाय तो उस पशु का देनदार रखवाला ही होता है ॥२३२॥

पशु का अपहरण होने पर—

विघुष्य तु हृतं चौरैर्न पालो दातुमर्हति ।
यदि देशे च काले च स्वामिनः स्वस्य शंसति ।।२३३।।

भाष्य—विघुष्याऽऽघुष्य पटहान् **चौरैर्हृतं** पशुं **पालो** न दाप्यते । विघोषणं च पालस्याशक्त्युपलक्षणार्थम् । यदि बहवश्चोराः प्रसह्य च मुष्णन्ति तदा पालो मुच्यते । सोऽपि यदि प्राप्तकालं तस्यामेव वेलायां स्वामिनः कथयति । **देशे** यत्र स्वामी संनिहितः ।

"कथं विज्ञातस्तत्र अथवा निवासदेशे स्वामिनः ।" तत्र यद्यसावसंनिहितोऽपि भवति तथापि तत्स्थानीयो भवति— यो राजानमधिकारिणं वा ज्ञापयित्वा चौरानभिद्रवति ।

स्वस्येति राजनिवृत्त्यर्थम् । स्वोहि स्वामी स्वद्रव्यमोक्षणे यत्नं कुरुते न तथा पालज्ञापितो राजा । दुष्करा च राजज्ञापना पालस्य । अथ मुषित्वा गतेषु ज्ञापयेद्दुष्येदेव ॥२३३॥

हिन्दी—यदि घोषणाकार पशु के चोरी होनेके स्थान के पास में रहने पर रखवाला स्वामी को उसकी चोरी होने की उसी समय सूचना दे दे (अथवा-जोर से चिल्लाकर स्वामी को सूचित कर दे), तब वह उस चुराये गये पशु का देनदार नहीं होता है ॥२३३॥

विमर्श—घोषणा करने से चोरों की प्रबलता तथा अधिकता समझी जाती है । ऐसी अवस्था में विवश होने के कारण तथा चिल्लाकर सूचित करने पर भी सहायतार्थ स्वामी या समीप के लोगों को सूचित कर देने के कारण रखवाला पशुरक्षा के उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाता है ।

स्वयं मरे पशु के कान आदि दिखाना—

कर्णौ चर्म च वालांश्च बस्तिं स्नायुं च रोचनाम् ।
पशुषु स्वामिनां दद्यान्मृतेष्वङ्कांश्च दर्शयेत् ।।२३४।।

भाष्य—आयुषः क्षयान्**मृतेषु पशुषु स्वामिनः कर्णा**द्यर्पणीयम् । गोरोचनां

गवां शृङ्गेषु चूर्णं भवति । **बस्तिर**ङ्गविशेषः । **अङ्काः** कर्णादयः, स्वामिविशेषज्ञानार्थं चिह्नानि । तानपि दर्शयेत् । एवं पालस्य शुद्धिः । अङ्कदर्शनेन हि प्रत्यभिज्ञा भवत्ययं स पशुरिति ॥२३४॥

हिन्दी—पशुओं (या एक पशु) के स्वयं मरने पर रखवाला उस (पशु) के कान, चमड़ा बाल पूँछ के बाल), चर्बी गोरोचन और अन्य चिह्न (खुर, सींग आदि) लाकर गो-स्वामी को दिखलावे ॥२३४॥

भेड़-बकरी के भेड़िया द्वारा अपहरण करने पर—

अजाविके तु संरुद्धे वृकैः पाले त्वनायति ।
यां प्रसह्य वृको हन्यात्पाले तत्किल्बिषं भवेत् ।।२३५।।

भाष्य—अजा चाविका **चाजाविके** । अविरेवाविकैडका । एते **वृकैः** शृगाल-प्रभृतिभिः **संरुद्धे** अवष्टब्धे, न प्रथमपात एव हते । अस्मिंश्चान्तरे सत्यामोक्षणेऽहत-त्वात् । न च पाल आयाति मोक्षयितुम् । **अनायत्य**नागच्छति **पाले । यत्** तत्र **प्रसह्य** बलेनाभिभूय **वृको हन्यात्पा**लस्य स दोषः । स्वामिनो दापयितव्यः । प्रायश्चित्तं चरेत् । गोर्महत्त्वाद्गोमायुना न शक्यते संरोद्धुमित्यजाविके इत्युच्यते, न पुनस्तद्रूपम् । अतश्च बालानां गोवत्सानामेष एव न्यायः ॥२३५॥

हिन्दी—बकरी या भेड़ को, भेड़िया द्वारा रोके जाने पर यदि रखवाला बचाने के लिए नहीं आवे और उस बकरी या भेड़ को भेड़िया बलात्कारपूर्वक ले जाय तो उसका दोषी रखवाला होता है ॥२३५॥

तासां चेदवरुद्धानां चरन्तीनां मिथो वने ।
यामुत्प्लुत्य वृको हन्यान्न पालस्तत्र किल्बिषी ।।२३६।।

भाष्य—'अजाविके' पूर्वश्लोके जात्यपेक्षं द्विवचनम् । पशुशकुनिद्वन्द्वत्वाद्वि-भाषितैकवद्भावः इह तु **तासामिति** व्यक्त्यपेक्षो बहुवचने परामर्शः ।

अवरुद्धानां मिथ एकत्र प्रदेशे स्थापितानां संहतीभूतानां दिग्भ्यो विदिग्भ्यश्च निरुद्धगमनानां **वने चरन्तीनां** दृष्टिगोचराणां— यदि कुतश्चन कुञ्जात्संचरणोत्पतना-नुक्रमेण निष्क्रम्य वृको हन्यान्न पालो दोषभाक् । अशक्यं ह्यनेकवृक्षक्षुपशरवल्ली-गहनं वनं निर्विवरीकर्तुम्, छिद्रानुसारिणश्च वृकाः ।

मिथोग्रहणाच्चातिदूरविप्रकृष्टासु वधे दोष एव । पालहस्तगताः पशवस्तदुपेक्षायां यदि दोषमाप्नुयुः स पालेनैव समाधेय इति सिद्धे एष प्रपञ्चः सुखावबोधार्थः ॥२३६॥

हिन्दी—रखवाले के द्वारा घेरने पर वन में झुण्ड बनाकर चरती हुई बकरी या भेड़ को यदि छलाँग मारता हुआ (या चुपचाप अर्थात् धीरे से एकाएक) आकर भेड़िया मार

डाले (या ले जाय) तो उसका दोषी चरवाहा नहीं होता है ॥२६६॥

ग्रामादि के पास त्याज्य गोचर भूमि का प्रमाण—

धनुःशतं परीहारो ग्रामस्य स्यात्समन्ततः ।
शम्यापातास्त्रयो वाऽपि त्रिगुणो नगरस्य तु ।। २३७।।

भाष्य—चतुर्हस्तं **धनुस्तेषां शतम्**। चत्वारि हस्तशतानि। **समंततश्चतसृषु**-दिक्षु। **ग्रामस्य परीहारः** कर्तव्यः। अनुप्तसस्या भूमिः पशूनां सुखप्रचारार्था कर्तव्या।

शम्या दण्डयष्टिः सा बाहुवेगेन प्रेरिता यत्र पतति ततः प्रदेशादुद्धृत्य पुनः पातयितव्या— यावत्त्रिस्तस्य परिमाणो वा **शम्यापातः** परीहारः।

त्रिगुणो नगरस्य। ग्रामनगरे प्रसिद्धे।

शम्यायाः पाताः प्रेरिताया वेगसंस्कारक्षयो भूमौ स्थानादि ॥२३७॥

हिन्दी—ग्राम के चारों तरफ १०० धनुष अर्थात् ४०० हाथ तक या तीन बार छड़ी फेंकने से जितनी दूर जाय उतनी दूर तक नगर के चारों तरफ ग्राम से तिगुनी भूमि पशुओं के घूमने-फिरने के लिए छोड़नी चाहिये (उतनी दूरी तक कोई पौधा या फसल नहीं बोनी चाहिये) ॥२३७॥

उक्त गोचर भूमि में फसल नष्ट करने पर—

तत्रापरिवृतं धान्यं विहिंस्युः पशवो यदि ।
न तत्र प्रणयेद्दण्डं नृपतिः पशुरक्षिणम् ।। २३८।।

भाष्य—तत्र परीहारस्थाने क्षेत्रं न कर्तव्यम्। अथ कृतं कस्माद्वृतिर्न कृता। अतः क्षेत्रिण एवापराध्यन्ति, न पशुपालाः। न हि पाल एकैकं पशुं हस्तबन्धेन नेतुं शक्नोति। न च पशूनामन्यो निर्गमोऽस्ति ॥२३८॥

हिन्दी—उतनी (८।२३७) भूमि के भीतर काँटे आदि का घेरा बनाकर बौये गये धान्य आदि को यदि कोई पशु नष्ट कर दे तो राजा पशु के रखवाले को दण्डित न करे ॥२३८॥

वृतिं तत्र प्रकुर्वीत यामुष्ट्रो न विलोकयेत् ।
छिद्रं च वारयेत्सर्वं श्वसूकरमुखानुगम् ।। २३९।।

भाष्य—कंटकशाखादीनां प्राकारविन्यासः पशुप्रवेशवारणार्थः क्षेत्रारामादीनां **वृतिरुच्यते**। या क्वचित्पर्णिकिति प्रसिद्धा— वारणाद् 'वृतिः'। तस्या उन्नतिरियती कर्तव्या ययोष्ट्रो नावलोकयति।

"किमियं द्वितीया तृतीयार्थे **यामुष्ट्र इति**"। नेति ब्रूमः।

''कथं तर्हि वृतिमुष्ट्रो न पश्यति'' ।

महोत्सेधाया द्वितीयपार्श्वस्यादर्शनाददृष्टैव वृतिः । **छिद्रं च** विवरं **वारयेत्सर्वम्** ।

श्वसूकरमुखेन यदनुगम्यते— तन्मुखपरिमाणम् । तथा कुर्याद्यथा श्वमुखं न माति । तन्मुखादप्यल्पच्छिद्रमित्यर्थः ॥२३९॥

तथा कृतायां वृतौ—

हिन्दी—उतनी (८।२३७) भूमि के भीतर धान्य आदि बोये गये खेत का घेरा यदि इतना ऊँचा हो कि बाहर से ऊँट धान्य को नहीं देख सके तथा उस घेरे के छिद्र से कुत्ते या सूअर का मुँह भीतर नहीं जा सके इस प्रकार खेत का स्वामी छिद्रों को बंद कर दे ॥२३९॥

पथि क्षेत्रे परिवृते ग्रामान्तीयेऽथ वा पुनः ।
सपालः शतदण्डार्हो विपालान् वारयेत्पशून् ।।२४०।।

भाष्य—परिवृतेपथिक्षेत्रे ग्रामसमीपवर्तिनि च परीहारमध्यगते । **अन्त**शब्दः समीपवचनः । यदि भक्षयेत्पशुः । **सपालश्च** स्यात् । सन्निहितः **पालः शतदण्डार्हः** पशोर्दण्डासम्भवात् । पालेऽसन्निहितेऽपि गृहे यदा— नाप्यसौ पालः प्रसिद्धो न पुनस्तत्प्रेषितो वारिको रूपकमात्रवेतनः ।

विपालाः पशवो वारयितव्या दण्डादिना— न तु दण्डनीयाः । **विपाला**श्चोत्सृष्टवृषादयः अन्येषां तु विपालानां स्वामिनो दण्डः ।

अथवा **अपरिवृत** इति प्रश्लेषः । क्षेत्रसम्बन्धाच्च गम्यमानः क्षेत्रस्वामी 'सपाल' इत्यन्यपदार्थतयाऽभिसम्बध्यते— 'सह पालेनेति' ।

क्षेत्रे को दण्ड्यः । उभौ दण्ड्यौ । पालः क्षेत्रिकश्च । क्षेत्रिकस्तावत्किल किमिति पथि क्षेत्रे वृतिं न कृतवान् । पालेनापि वृतौ चासत्यां किं क्षेत्रं स्वादयितव्यम् । विपालं प्रमादाद्यूथच्युतं वारयेत् ।.तथा च गौतमः (१२/२१) ''पथि क्षेत्रेऽनावृते पालक्षेत्रिकयोः'' इति ॥२४०॥

हिन्दी—रास्ते या ग्राम वा नगर के पास उक्त (७।२३९) घेरेवाले खेत के धान्यादि फसल को पशु, रखवाले के रोकने से, किसी प्रकार घुसकर चरने लगे तो राजा उस रखवाले को सौ पण (८।१३६) से दण्डित करे तथा यदि रखवाले के नहीं रहने पर उक्त खेत में पशु चरने लगे तो खेत का स्वामी उसे भगा दे ॥२४०॥

अन्य खेत में पशु के चरने पर दण्ड विधान—

क्षेत्रेष्वन्येषु तु पशुः सपादं पणमर्हति ।
सर्वत्र तु सदो देयः क्षेत्रिकस्येति धारणा ।।२४१।।

भाष्य—पथिक्षेत्रग्रामान्तीयेभ्योऽन्यानि क्षेत्राणि— तद्भक्षणे **सपादपणो दण्डः** ।

"ननु चात्र स्वल्पेन दण्डेन भवितव्यं दूरक्षेत्रात्सन्निहिते क्षेत्रे । यत्तु पन्थानमतिक्रम्य क्षेत्रं बहिर्ग्रामं वा, तत्र महान् दण्डो युक्तः । किमिति गवां पालो गन्तुं तत्र ददाति" ।

नैष दोषः । यद्यत्र महादण्डो नोच्येत तदा प्रत्यहं प्रवेशनिर्गमैर्गवां भक्षयन्तीनां ग्रामान्तरक्षेत्राण्युत्सीदेयुः । तण्डात्तुमहतो बिभ्यतो यत्नेन रक्षन्ति । अन्यत्र गास्तृण-विशेषार्थं कथंचिन्नयतः स्वल्पो दण्डः ।

अत्रापि विपालानां वारणमेव ।

सर्वत्र क्षेत्रस्वामिनः सदफले देये, कुशलैः च ते परिमाणेन कल्पिते ।

क्षेत्रिकस्य । क्षेत्रमस्यास्तीति । व्रीह्यादित्वाट्ठक् ।

इति धारणैष निश्चय इत्यर्थः ।

सर्वत्रग्रहणाच्च विपालेऽपि पशौ क्षेत्रिकस्य सदलाभः ।

यद्यपि पशुशब्दः सामान्यशब्दो महिष्यजाव्युष्ट्रगर्दभादिषु वर्तते तथापि स्मृत्य-न्तरदर्शनाद्गोष्वयं दण्ड इति मन्यते । तथा च गौतमः (१२।२४-२५) "अश्वम-हिष्योर्दशअजाविषु द्वावित्यादि" अन्यत्र कल्पना ॥२४१॥

अत्रापवादः—

हिन्दी—रास्ता तथा ग्राम या नगर के दूर (८।२३७) प्रमाण के बाद खेत में पशु के चरने पर रखवाले को सवा पण (८।१३७) से दण्डित करना चाहिये तथा सम्पूर्ण (या अत्यधिक) खेत के पशुद्वारा चरे जाने पर (अपराध के अनुसार) रखवाले से या पशुस्वामी से पूरी क्षति को खेत के स्वामी के लिए दिलवाना चाहिये ऐसा निश्चय है ॥२४१॥

साँड आदि के चरने पर दण्डाभाव—

अनिर्दशाहां गां सूतां वृषान् देवपशूंस्तथा ।
सपालान्वा विपालान्वा न दण्ड्यान्मनुरब्रवीत् ।।२४२।।

भाष्य—गोग्रहणान्महिष्यादिषु दोषः । **वृषाः** उक्षाणः । **देवपशवो** देवयागार्थं यजमानेन कल्पिताः प्रत्यासन्नयागाः । अथवेष्टकादिकूटस्थापिताः । हरिहरादीनां प्रति-कृतयो 'देवा' उच्यन्ते— तेषां 'पशवः'— तानुद्दिश्य केनचिदुत्सृष्टाः । तदा ह्यस्य देवानां पशूनां च स्वस्वामिसम्बन्धस्य सम्भवात् । देवायतनमण्डनानां चैष धर्मः । न तु तत्पालकैर्वाहदोहाद्यर्थं ये देवगृहेषु धार्यन्ते । यतः पालका एव तेषां देवानामर्थं विनियुञ्जते । अतस्तत्र पालका एव स्वामिनः । अतो युक्तः स्वामिवतामन्येषां यो धर्मः

स तत्र। आयतनमण्डनास्त्वपरिगृहीता अव्यवधानेन देवपशुबुद्धिमुत्पादयन्ति।

वृषोत्सर्गादिविधानोत्सृष्टा 'वृषाः' कैश्चित्परिगृह्यन्ते।

ततः **सपाला** अथ वापरिगृहीतास्ततो **विपालाः**— उभयेषामदण्डः ॥२४२॥

हिन्दी—दश दिन के भीतर व्याई हुई गाय, (चक्रत्रिशूल से चिह्नित कर वृषोत्सर्ग में छोड़ा गया) साँड और (काली, शिव या विष्णु आदि) देवताओं के उद्देश्य से छोड़ा गया पशु रखवाले के साथ हो या बिना रखवाले के हो और खेत को चर जाय तो रखवाला दण्डनीय नहीं होता है ऐसा मनु भगवान ने कहा है ॥२४२॥

राजदेय भाग की हानि करने पर—

क्षेत्रिकस्यात्यये दण्डो भागाद्दशगुणो भवेत्।
ततोऽर्धदण्डो भृत्यानामज्ञानात्क्षेत्रिकस्य तु ॥२४३॥

भाष्य—क्षेत्रस्वामिनः स्वक्षेत्रे**ऽत्ययो**ऽतिक्रमोऽपराधो यदि भवेत्स्वकृते— अकाले वापनं, निदानमयोग्यबीजवापः, स्वपशुभिर्भक्षणं गिरणं वा, विदितफलके प्राश इत्यादि— तदा राज्ञो यावान्भाग आगच्छति तं दशगुणं दण्डनीयः।

अथ तस्याज्ञातमेतत् तत्प्रयुक्तैर्भृत्यैः क्षेत्रजागर्यानियुक्तैर्वा अपराद्धं तदाऽर्ध-दण्डः। भृत्यानामत्यये क्षेत्रिकस्य दण्ड इति सम्बन्धः।

क्षेत्रप्रसङ्गादत्रेदमुक्तम् ॥२४३॥

हिन्दी—किसान के दोष से उसी के पशुद्वारा खेत चर जाने के कारण अथवा असमय में बोने के कारण जितने राजदेय भाग (राजा को कररूप में देने योग्य अन्न) की हानि हो, उसका दशगुना दण्ड उस किसान को होता है तथा यदि किसान की अजानकारी में उसके नौकरों के दोष से उक्त प्रकार की हानि हो तो उस हानि का पाँच गुना दण्ड उस किसान को होता है ॥२४३॥

विमर्श—पूर्वकाल में राजा को खेतों से अन्न के रूप में मालगुजारी (लगान) मिलती थी, जैसा कि अब भी कहीं-कहीं सिकमी खेत किसान को देकर उससे अन्न लेने की प्रथा है। जहाँ पर नगद रुपया लगान मिलता है, वहाँ पर यह विधान लागू नहीं होता; क्योंकि वहाँ तो अन्न पैदा नहीं होने पर भी किसान से राजकर्मचारी नियत लगान प्रायः वसूल कर ही लेता है।

एतद्विधानमातिष्ठेद्धार्मिकः पृथिवीपतिः।
स्वामिनां च पशूनां च पालानां च व्यतिक्रमे ॥२४४॥

भाष्य—सुबोधोऽयं श्लोकः ॥२४४॥

हिन्दी—धर्मात्मा राजा पशुओं के स्वामी तथा रखवालों से पशु-रक्षा नहीं होने के

अपराध तथा खेत आदि चरने के व्यतिक्रम होने पर उस नियम (८।२३०-२४३) को लागू करे ॥२४४॥

सीमा का विवाद होने पर—

सीमां प्रति समुत्पन्ने विवादे ग्रामयोर्द्वयोः।
ज्येष्ठे मासि नयेत्सीमां सुप्रकाशेषु सेतुषु ।।२४५।।

भाष्य—सीमां प्रति विवादे— सीमानिमित्ते। लक्षणेत्थंभूतेति प्रतेः कर्मप्रवचनीयत्वाद् द्वितीयानिमित्तमपि लक्षणमिति शक्यते वक्तुम्। 'सीमा' मर्यादा— ग्रामादीनां विभागः परिमाणमियत्ता परिच्छेदनमिति यावत्। **ज्येष्ठे मासि नये**न्निर्णयः कर्तव्यः। मासविशेषनिर्णये हेतुमाह—**सुप्रकाशेषु सेतुषु**। सेतवः सीमालिङ्गानि वक्ष्यमाणानि, लोष्ठपाषाणादिविशिष्टजातीयसीमाग्राह्यतृणगुंजादीनि। प्रागस्मात्कालादनुत्थितेषु तृणेषु लोष्ठपाषाणयोरन्यस्याश्च भूमेर्न विशेषो लक्ष्यते। पाषाणलक्षितायां यदा तत्र तृणानि न ज्ञायन्ते तदा सा सीमेति निश्चीयते। एवं वल्लीस्थानादिष्वपि। प्राग्वसंताद्वासंतिके दाहे विशेषो न लक्ष्यते। हेत्वभिधानाच्च यस्मिन्देशे यदा व्यज्यन्ते ततो मासात्कालहरणं कर्तुं नादेयम्। अन्यदा तु लिङ्गज्ञानार्थं कालापेक्षाऽपि भवतीत्येतावत्फलं ज्येष्ठग्रहणे ॥२४५॥

हिन्दी—(राजा) दो गाँवों में सीमा का विवाद होने पर ज्येष्ठ मास में सीमा के चिह्नों के स्पष्ट हो जाने पर उसका निर्णय करे ॥२४५॥

सीमावृक्षांश्च कुर्वीत न्यग्रोधाश्वत्थकिंशुकान्।
शाल्मलीन्सालतालांश्च क्षीरिणश्चैव पादपान् ।।२४६।।

भाष्य—पादपा वृक्षाः। **क्षीरिणो**ऽर्कोदुम्बरप्रभृतयः। एते च चिरस्थायित्वात्सीमादेश एव रोपयितव्या न ग्राममध्ये। सीमादेशादन्यत्र क्रियमाणा न निश्चायकाः स्युः ॥२४६॥

हिन्दी—(राजा) सीमा पर बड़, पीपल, पलाश (ढाक), सेमल, साल, ताड़ और दूध वाले (गूलर आदि) पेड़ों को (सीमा के चिह्नों को स्थिर बने रहने के लिए) लगवावे ॥२४६॥

गुल्मान्वेणूंश्च विविधान् शमीवल्लीस्थलानि च।
शरान्कुब्जकगुल्मांश्च तथा सीमा न नश्यति ।।२४७।।

हिन्दी—(राजा) गुल्म, अनेक प्रकार के बाँस, शमी, लता, ऊँचे-ऊँचे मिट्टी के टीले, मूँज, कुब्ज के गुल्मों को सीमापार करे (यथायोग्य लगावे या बनवावे), वैसा करने से सीमा नष्ट नहीं होती है ॥२४७॥

गुप्त वस्तुओं को सीमापार रखना—

उपच्छन्नानि चान्यानि सीमालिङ्गानि कारयेत् ।
सीमाज्ञाने नृणां वीक्ष्य नित्यं लोके विपर्ययम् ।। २४८ ।।

भाष्य—संहतप्रकाण्डा वीरुधो **गुल्मानि** । **वेणव** आरग्वधादयः । बहुत्वाच्च **विविध**ग्रहणम् । **वल्ल्यो** व्रततयः दीर्घाङ्कुरास्तृणजातयः । **स्थलानि** कृत्रिमा शाद्वलादिपिण्डिकाः । **कुब्जकस्य** गुल्त्वात्पृथगुपदेश आदरार्थः ।

करीषं शुष्कं गोमयम् । **अङ्गारा** अग्निदग्धा काष्ठावयवाः । पाषाणकठिना मृदः **शर्कराः** । **कपालिका** कलशैकदेशः । अन्यानि **उपच्छन्नानि कारये**द्राजा नवग्रामसंनिवेशे कृते निर्णयम् । एवं सीमा न कदाचिन्नश्यति । अन्यथा तं प्रदेशं कश्चित्कर्षणेन नाशयेत् ॥२४८॥

हिन्दी—संसार में सीमा के विषय में मनुष्यों का मतभेद सर्वदा देखकर (राजा) दूसरे प्रकार के (आगे कहे गये) गुप्त (नहीं दिखलायी पड़नेवाले) सीमा चिह्नों को भी बनवावे ॥२४८॥

तडागान्युदपानानि वाप्यः प्रस्रवणानि च ।
सीमासन्धिषु कार्याणि देवतायतनानि च ।। २४९ ।।

भाष्य—महांभांसि **तडागानि** । **वाप्यः** पुष्करिण्यः । **उदपानानि** कूपप्रभृतीनि । **प्रस्रवणान्यु**दकस्यदन्दा ईषत्स्रवदुदका भूप्रदेशाः । **देवतायतनानि** यक्षगृहादीनि । एतानि प्रकाशानि । न ह्येतानि स्वल्पेनायासेन नाशयितुं शक्यन्ते । नाश्यमानेषु च महान्प्रत्यवायो भवति । सर्वस्य चोदकार्थिनो देवतादर्शनार्थिनश्च तत्र संनिधानात्सुज्ञातश्च साक्षिणां सीमासन्धिर्भवति ॥२४९॥

हिन्दी—(राजा) तडाग, कुएँ, बावड़ी झरने और देवों के मन्दिरों को दो सीमाओं के सन्धि-स्थल बनवावे ॥२४९॥

विमर्श—इन स्थानों पर जल या पूजादि के लिए आनेवालों से बातों को सुनने की परम्परा द्वारा लोग विवाद पड़ने पर साक्षी हो सकते हैं, जिससे निर्णय देने में राजा को सरलता होगी ।

अश्मनोऽस्थीनि गोवालाँस्तुषान्भस्मकपालिकाः ।
करीषमिष्टकाङ्गारांश्छर्करा बालुकास्तथा ।। २५० ।।

हिन्दी—पत्थर, हड्डियाँ, गौ (पशुओं) के बाल, भूसा, राख, खोपड़ियाँ, सूखा गोबर, ईंट, कोयला, कङ्कड़ और रेत—॥२५०॥

यानि चैवंप्रकाराणि कालाद्भूमिर्न भक्षयेत् ।
तानि संधिषु सीमाया अप्रकाशानि कारयेत् ।।२५१।।

भाष्य—गुल्मादीनामुपदेशः प्रदर्शनार्थो न परिसंख्यार्थः । **एवम्प्रकाराणि**खदिरसारकालाञ्जनाद्यानि शर्करादितुल्यानि ।

"कैवंप्रकारता"—अत आह **कालाद्भूमिर्न भक्षयेत्** । भूमेर्भक्षणमुपमया स्वरूपोपादानम् । यथा भक्षितं भेदेन नोपलभ्यते तद्वद्भूमिसादापन्नमिव तादृशं कुर्यात्॥२५१॥

हिन्दी—तथा इस प्रकार की जिन वस्तुओं को पृथ्वी बहुत दिनों तक गलाकर अपने में न मिला ले, अर्थात् जो वस्तु पृथ्वी में बहुत दिनों तक गड़े रहने पर भी गलकर मिट्टी न बन जाय (जैसे उक्त वस्तुओं के अतिरिक्त— कपास अर्थात् रूई, काला अञ्जन इत्यादि), उन्हें सीमा पर अप्रकट रूप में स्थापित करे अर्थात् भूमि के नीचे गाड़ दे ॥२५१॥

विमर्श—'बड़े-बड़े पत्थरों को छोड़कर शेष हड्डी आदि को घड़ों में रखकर पृथ्वी में गाड़ना चाहिए ऐसा वृहस्पति का वचन है' यह मन्वर्थमुक्तावलीकार ने कहा है ।

उपभोग के द्वारा सीमा निर्णय—

एतैर्लिङ्गैर्नयेत्सीमां राजा विवदमानयोः ।
पूर्वभुक्त्या च सततमुदकस्यागमेन च ।।२५२।।

भाष्य—उभयोर्ग्रामयोःशून्यत्वे **लिङ्गै**र्निर्णयः । वसतोः **पूर्वभुक्त्या** सततमविच्छिन्नयाऽस्मर्यमाणावधिकया— न हि त्रिपुरुषभोगेन । स ह्यत्र प्रतिषिद्धप्रामाण्य "आधिः सीमा" इत्यत्र (८।४९) । सम्भवति हि तत्रोपेक्षा बहुसाधारण्यात्सीमायाः । ये तु तत्र सीमशब्दं न पठन्ति तेषां भुक्तेः सिद्धमेव प्रामाण्यम् । लिङ्गानां प्रामाण्यस्योक्तत्वात्प्रमाणान्तरनिवृत्तिराशङ्क्येतेति पुनरुच्यते ।

"कोऽय**मुदकागमः** प्रामाण्येनोच्यते" ।

यथाऽन्यानि लिङ्गानि नवसंनिवेशे क्रियन्ते तद्वदेवोदकप्रवाहोऽपि कर्तव्यः । अथवा ययोर्ग्रामयोः प्रदेशान्तरे स एवोदकागमो विभागहेतुः प्रदेशान्तरे च विप्रतिपत्तिस्तत्र स एव प्रमाणम् । अथवा महाग्रामविषयमेतत् । नद्या अपर एको वा वार एकग्रामस्तत्र न पारवारिणो वक्तव्यं 'अस्मदीया भूमिरत्रापि विद्यत' इति । यदि वा कुतश्चिद् ग्रामात्तादृशेन प्रवाहेणावच्छिन्नापि काचिद् भूस्तथापि स एव विभागहेतुः— स्वल्पेऽपहारे ॥२५२॥

हिन्दी—राजा परस्पर में विवाद करते हुए ग्रामों की सीमा का निश्चय इन (८।२४५-२५१) चिह्नों से, लोगों के उपभोग से और नदी नाला आदि के प्रवाह से करे ॥२५२॥

सीमा के साक्षियों की प्रामाण्यता—

यदि संशय एव स्याल्लिङ्गानामपि दर्शने ।
साक्षिप्रत्यय एव स्यात्सीमावादविनिश्चयः ।। २५३ ।।

भाष्य—"कथं पुनर्लिङ्गेषु सत्सु संशयः" ।

यानि तावत्प्रच्छन्नानि तानि यदि केनचित्कथंचिदागम्य प्रच्छन्नमन्यत्र नीयेरन्नैव निश्चयः स्यात् । येऽपि प्रकाशा न्यग्रोधादयस्तेऽपि न सीमायामेव रोहन्त्यन्यत्रापि जायन्ते ततः संदेह आभासत्वात् । यत्र पुनरियं सम्भावना नास्ति तत्र प्रमाणमेव लिङ्गानि ।

साक्षिप्रत्ययः साक्षिहेतुकः। साक्षिणः प्रत्ययो यत्रेति। **विनिश्चयः** तत्त्वाधिगमः। संशयितलिङ्गे अलिङ्गे वा सीमाविवादे साक्षिहेतुको निर्णय इति तात्पर्यम् ॥२५३॥

हिन्दी—यदि सीमा के (बाहरी ८।२४६-२४८ तथा भीतरी ८।२५०-२५१) इन चिह्नों के देखने पर भी सन्देह ही बना रहे तो साक्षी का कहना ही सीमा के विवाद में निर्णय (प्रमाण) होता है ॥२५३॥

विमर्श—किसी एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष पर यहाँ पृथ्वी के भीतर गाड़े गये पत्थर तथा हड्डी, गौओं के बाल आदि से भरे घड़ों को चुपके से उखाड़कर दूसरे स्थान में गाड़ देने का आरोप करने तथा वृक्ष आदि बाहरी चिह्नों का नष्ट होना कहने से सीमा के चिह्नों के देखने पर भी सन्देह बना रह सकता है ।

ग्रामेयककुलानां च समक्षं सीम्नि साक्षिणः ।
प्रष्टव्याः सीमलिङ्गानि तयोश्चैव विवादिनोः ।। २५४ ।।

भाष्य—यद्यप्यसंख्यातपुरुषको ग्रामस्तथापि द्वौ विवादिनौ द्वयोर्ग्रामयोर्भवतस्तयोः समक्षमन्येषां च **ग्रामेयककुलानां च** ग्रामीणपुरुषसमूहानां **समक्षं सीम्नि साक्षिणः प्रष्टव्याः** । साक्षिप्रश्नकाले सर्वैर्ग्रामीणैर्दत्तव्यवहारकैरपि संनिहितैर्भवितव्यम्— नार्थि-प्रत्यर्थिनोरन्यतरो वक्तुं लभते— 'आवयोर्विशिष्टार्थं विवादे किमेते संनिधीयन्ते ।' अथवा येऽन्ये सामन्तेभ्यो ग्रामेभ्यः केचिद्वृद्धतमाः साक्ष्ये समुद्दिष्टास्तद्ग्रामीणै-रन्यैः संनिहितैर्भवितव्यम् । यतस्तैर्वृद्धेभ्यः श्रुतं भवति तत्समक्षं पृच्छ्यमाना न विपर्यन्ति वृद्धाः ।

सीमालिङ्गानि । यत्र लिङ्गान्युभयथा तत्र वृद्धेभ्यो निश्चयः । असत्सु लिङ्गेषु सीम्न्येव साक्ष्यं पृच्छ्यते— काऽत्र सीमेति ॥२५४॥

हिन्दी—(राजा) ग्रामवालों तथा सीमा के विषय में विवाद करनेवाले वादियों एवं प्रतिवादियों के सामने साक्षियों से सीमा के चिह्नों को पूछें ॥२५४॥

सीमा के साक्षियों के कथन को लिखना—

ते पृष्टास्तु यथा ब्रूयुः समस्ताः सीम्नि निश्चयम् ।
निबन्धीयात्तथा सीमां सर्वां स्तांश्चैव नामतः ।।२५५।।

भाष्य—ते साक्षिणो **यथा** यादृशं **निश्चयं ब्रूयुः । समस्ताः** सर्व एव । न पुनर्वाक्यभेदोक्तौ न्यायः "द्वैधे च बहूनामिति" । **निबध्नीयात्** पत्रके लिखेत्— साक्षिणश्च नाम— विभागेन ।।२५५।।

हिन्दी—(राजा के) पूछने पर वे साक्षी सीमा के विषय में जैसा निश्चय कहें, (राजा) उस सीमा तथा उन गवाहों के नामों को लिख ले ।।२५५।।

सीमा के साक्षियों से शपथ कराना—

शिरोभिस्ते गृहीत्वोर्वीं स्रग्विणो रक्तवाससः ।
सुकृतैः शापिताः स्वैः स्वैर्नयेयुस्ते समंजसम् ।।२५६।।

भाष्य—**मूर्ध्नोर्वीं** पृथ्वीं मृल्लोष्टकान्गृहीत्वा साक्षिणः **स्रग्विणो** यथासम्भवं माल्यधरा रक्तवर्णकुसुमधरा **रक्तवाससो** लोहिताच्छादनाः । यद्यपि शुल्कस्य वर्णान्त-रापादनेऽपि रञ्जिर्वर्तते भूयांस्तु लोहिते प्रयोगो रक्तो गौर्लोहित इति । भयसञ्जननार्थं चैतत् । लोहितवाससश्च शुद्धा भवन्ति । 'यदस्माकं सुकृतं किंचिदर्जितमस्ति तन्निष्फल-मस्त्विति' वाच्यन्ते । **स्वैः स्वैरिति** वीप्सया विशेषनामभिः सुकृतं कथयेयुः— कस्या-दानं तीर्थस्नानं चेत्यादि । **समंजसं** क्रियाविशेषणम् । सत्यादनपेतत्रृजुर्धार्मिको यो मार्गस्तेन नयेयुः । समंजसमृजु स्पष्टमित्येकोऽर्थः । सत्यव्यवहारश्च स्पष्ट इत्युक्तं **समं-जसमिति** ।।२५६।।

हिन्दी—लाल फूलों की माला तथा लाल कपड़ा पहने हुए वे साक्षी शिर पर मिट्टी (के ढेलों) को रखकर अपने-अपने पुण्यों की शपथ (यदि मैं असत्य वचन इस सीमा-निर्णय के विषय में कहूँ तो मेरे आज तक उपार्जित सब पुण्य नष्ट हो जाँय इस प्रकार शपथ) कर उस सीमा का यथाशक्ति निर्णय करे ।।२५६।।

असत्य कहने पर दण्ड—

यथोक्तेन नयन्तस्ते पूयन्ते सत्यसाक्षिणः ।
विपरीतं नयन्तस्तु दाप्याः स्युर्द्विशतं दमम् ।।२५७।।

भाष्य—प्रमाणान्तरलिङ्गेभ्योऽन्यथासम्भवद्भ्यः प्रत्ययितरपुरुषेभ्यो मिथ्यात्वेऽ-वधारिते— प्रत्येकं द्विशतो दण्डः । एकैकस्य साक्षित्वात्साक्षिणां च दण्ड्यत्वात् । न हि व्यासज्य वदन्ति साक्ष्यम् । सत्यप्रधानाःसाक्षिणः **सत्यसाक्षिणः । पूयन्ते** अनृताभि-

धानेन पापेन न सम्बध्यन्त इति । **यथोक्तेन** याथातथ्येन । न हि शब्दात्मकस्य वचनस्यात्रावसरः । प्रमाणान्तरसंवादमात्रमनेन लक्ष्यते । अथवा यथाशास्त्रमुक्तेन सत्येनेति यावत् । शास्त्रे हि सत्यं वक्तव्यमित्येवमुक्तमतो यथोक्तेन सत्येनेत्युक्तं भवति ॥२५७॥

हिन्दी—शास्त्रानुसार सत्य कहनेवाले वे साक्षी निर्दोष होते हैं तथा असत्य कहनेवालों पर (राजा) दो सौ पण (८।१३७) दण्ड करे ॥२५७॥

उक्त साक्षी के अभाव में कर्तव्य—

साक्ष्यभावे तु चत्वारो ग्रामसीमान्तवासिनः ।
सीमाविनिर्णयं कुर्युः प्रयता राजसन्निधौ ।।२५८।।

भाष्य—ग्रामसामन्ताः **सीमान्तवासिनः** प्रष्टव्याः । तेषां वचने निश्चयं कुर्यात् । **प्रयताः**—साक्षिधर्मेण शास्त्रान्तरेण । **राजसंनिधाविति** श्लोकपूरणम् । न तु सामन्ताः स्वेच्छया राजवन्निश्चिन्वन्ति ॥२५८॥

हिन्दी—सीमा के साक्षी के नहीं मिलने पर समीपस्थ चार ग्रामों के निवासी शुद्धचित्त होकर राजा के सामने सीमा का निर्णय करें ॥२५८॥

सामन्तानामभावे तु मौलानां सीम्नि साक्षिणाम् ।
इमानप्यनुयुञ्जीत पुरुषान्वनगोचरान् ।।२५९।।

भाष्य—सामन्तानां मौलानामिति विशेषणविशेष्यभावः स्तुत्यर्थः । ग्रामप्रतिष्ठानकाले भवा उत्पत्तिसहभुवो **मौला** उच्यन्ते । ते च सामन्ता नित्याः, नित्यसंनिहितत्वात् । तेषामप्यभावः कथंचिदुच्छन्नत्वात् । तदा का गतिः । तदे**मानपि** वक्ष्यमाणान् पृच्छेत् ।

अथवा **मौला** अनुभाविनः— **सामन्ता** व्याख्याताः— व्यवहर्तव्याः । मौलानां पूर्वोक्तानां अभावे सामन्ताः प्रमाणम् । तद्भागे **वनगोचरान्विनियुञ्जीत** निपुणतः पृच्छेत् ॥२५९॥

हिन्दी—समीपस्थ चार ग्रामों में तथा ग्राम निर्माण के समय से वंश परम्परा द्वारा निवास करनेवालों के अभाव में (साक्षी करने के लिए उपस्थित नहीं होने पर) राजा इन (८।२६० में कथित) वनेचर (सर्वदा या प्रायः वन में ही रहनेवाले) पुरुषों से भी पूछे ॥२५९॥

उन वनेचरों के नाम—

व्याधांश्छाकुनिकान्गोपान्कैवर्तान्मूलखानकान् ।
व्यालग्राहानुञ्छवृत्तीनन्यांश्च वनचारिणः ।।२६०।।

भाष्य—एते वनानि भ्राम्यन्ति । ग्राममध्येन गच्छन्तः कदाचित्तद्वृत्तं विद्युः । ते हि तेन पथा गच्छन्तो विवादास्पदं प्रदेशं पूर्वं कांश्चित्पुरुषान्कृषतो दृष्ट्वा पृच्छेयुः 'कोऽयं ग्रामो यो भवद्भिः कृष्यत' इति । एवमादिना सम्भवति पूर्वानुभवः ।

व्याधा मृगयाजीविनः । तेषामपि वनाद्भ्रष्टमृगमनुधावतां भवति ग्रामसम्बन्धः । एवं **शाकुनिकाः** शकुनिबन्धजीविनः । तदन्वेषणे ये सर्वान्ग्रामानागोचरयन्ति । **गोपा** गवां तृणविशेषज्ञानाय तत्र तत्र परिभ्राम्यन्ति । **कैवर्ता** दाशास्तडागखननादिजीविनस्तत्र तत्र गच्छन्ति क्वास्माकीनं कर्मोपयुज्यते । **मूलखानका** मूलं वृक्षादेः खनयन्ति स्थूलकाशादेः । **व्यालग्रहाः** सर्पग्राहिणः— जीविकार्थं तेऽपि सर्पांस्तं तं प्रदेशमन्विच्छन्ति । अतः तेषामपि पारिग्रामिकैर्बहुभिः सम्बन्धः । **उञ्छवृत्तयोऽपि** दरिद्रा अनेकग्रामपर्यटनेन पात्रमात्रं निर्वर्तयन्ति । **अन्यांश्च** फलकुसुमेन्धनार्थिनः ॥२६०॥

हिन्दी—व्याध, बहेलिया (चिड़ियामार), गायों (या भैंस आदि पशुओं) का रखवाला, मल्लाह, जड़ खोदकर जीविका करनेवाला अर्थात् कन्द-मूल (या जड़ी-बूटी बेचनेवाला) सपेरा, शिल तथा उञ्छ (४।५) करनेवाला तथा दूसरे प्रकार के भी बनवासी, इनसे राजा सीमा के विषय में प्रश्न करे ॥२६०॥

ते पृष्टास्तु यथा ब्रूयुः सीमासन्धिषु लक्षणम् ।
तत्तथा स्थापयेद्राजा धर्मेण ग्रामयोर्द्वयोः ॥२६१॥

भाष्य—ते धर्मेण पृष्टा इति योजना । सीमाश्च ताः सन्धयश्च **सीमासन्धयः** । ग्रामद्वयसंयोगः 'सन्धिः' । स च सीमैव । **लक्षणं** ज्ञापकम् ॥२६१॥

हिन्दी—(राजा के) पूछने पर वे लोग दो ग्रामों की सीमा की सन्धि (मिलने का स्थान) पर जैसा चिह्न बतलावें, राजा उस सीमा को धर्मानुसार उसी प्रकार स्थापित करे ॥२६१॥

एकग्रामवासियों में सीमा-विवाद होने पर—

क्षेत्रकूपतडागानामारामस्य गृहस्य च ।
सामन्तप्रत्ययो ज्ञेयः सीमासेतुविनिर्णयः ॥२६२॥

भाष्य—श्रीराम उद्यानभूमिः शाकवाटश्च । सामन्तप्रमाणकस्तत्र निश्चयः । व्याधादिनिवृत्त्यर्थमिदमुच्यते । **सीमासेतुः** सीमाबन्धः । सीमाविभावनार्थं य आबध्यते स्थाप्यते॥२६२॥

हिन्दी—एक ग्राम में ही खेत, कुआँ, तालाब, बगीचा तथा घर की सीमा का विवाद उपस्थित होने पर राजा उस ग्राम में रहनेवाले सब लोगों के कहने के अनुसार चली आ रही सीमा के चिह्न निश्चय करे ॥२६२॥

असत्य वक्ता ग्राम-सामन्तों को दण्ड—

सामन्ताश्चेन्मृषा ब्रूयुः सेतौ विवदतां नृणाम् ।
सर्वे पृथक् पृथक्दण्ड्या राज्ञा मध्यमसाहसम् ।। २६३ ।।

भाष्य—पूर्वेभ्यः **सामन्तानामधि**को दण्डः । **पृथक्पृथगित्य**नुवादः । उक्तत्वान्न्यायस्य । क्षेत्रादिप्रातिवेश्या अवश्यं ज्ञातारो भवन्ति । प्रत्यासन्नतरतः एषां दण्डमहत्त्वम् । सामन्तानां तु परकीयसीमावेदनं नावश्यमिति द्विशतो दमोऽनुवर्त्यः । तेन ग्रामसीमायां द्रष्टॄणां सामन्तानां च द्विशतः ।

ये तु सामन्तशब्दमाश्रित्य ग्रामक्षेत्रादिसीमयोः सामन्तत्वात्तुल्यदण्डत्वमाहुस्ते न्यायविरोधादुपेक्षणीयाः ॥२६३॥

हिन्दी—दो ग्रामवासियों में परस्पर सीमाविषयक विवाद उपस्थित होने पर सामन्त (समीपस्थ ग्रामवासी) यदि असत्य कहें तो राजा उनमें से प्रत्येक को मध्यम साहस (८।१३८) से दण्डित करे ॥२६३॥

बल से गृहादि के स्वाधीन करने पर दण्ड—

गृहं तडागमारामं क्षेत्रं वा भीषया हरन् ।
शतानि पञ्च दण्ड्यः स्यादज्ञानाद्द्विशतो दमः ।। २६४ ।।

भाष्य—क्षेत्रादिप्रसङ्गादिदमुच्यते । भीग्रहणं निमित्तोपलक्षणार्थम् । अस्यैवैतन्निश्चितमित्येवं जानतो हरतः पञ्चशतो दण्डः । मध्यमसाहसे प्रकृते पञ्चशतग्रहणं निमित्तभेदे न्यूनाधिकदण्डार्थम् । पूर्वत्र वा संख्यानमविवक्षितं मन्यन्ते । 'व्यवहारं लेखयामि' 'राज्ञा दण्डयामि' 'चौरैर्दोषयामीति' भयप्रदर्शनेन हरति । तस्यां दण्डो निमित्तान्तरानुकल्पः ॥२६४॥

हिन्दी—यदि कोई भय दिखाकर घर, तडाग, बगीचा और खेत ले ले (स्वाधीन कर ले), तो राजा उसे ५०० पणों से दण्डित करे तथा अज्ञान से स्वाधीन करने पर २०० पणों (८।१३६) से दण्डित करे ॥२३४॥

सबके अभाव में राजा द्वारा सीमा निर्णय—

सीमायामविषह्यायां स्वयं राजैव धर्मवित् ।
प्रदिशेद्भूमिमेकोमुपकषारादिति स्थितिः ।। २६५ ।।

भाष्य—**अविषह्या** निश्चेतुमशक्या— लिङ्गसाक्ष्यभावात् । **राजैव** स्वेच्छया **भूमिं प्रदिशेद्द्यात्**— 'इयं वो भूमिरियं व' इति । **धर्मवित्**— पक्षपातो नैव कस्यचित्कर्तव्य इति । एतदाह **उपकारात्** हेतोः । यया सीमया द्वावपि ग्रामौ समोपकारौ भवतः । तेन

यदि न्यूनाऽपि कस्यचिद्भूमिः स्यात्क्षेत्रं चेत्सुगुणं बहूत्पत्तिकं तदपेक्षः प्रदेशः । ल्यब्लोपे पञ्चमी— उपकारमपेक्ष्य ।

अथ**वैकेषां प्रदिशेत्**— परेषामनिश्चितामपहरेत् । यदि विवादिग्रामस्तां सीमां यावद्वक्तुं न शक्नुयादितरे च शक्तास्तदान्येभ्यः प्रदिशेत् । एवमात्मनो बहूनां च ग्रामीणानामुपकृतं भवति ॥२६५॥

हिन्दी—चिह्नों (८।२४५-२५१) तथा साक्षियों के अभाव में सीमा का निर्णय नहीं होने पर धर्मज्ञ राजा ही ग्रामवासियों के उपकार को लक्ष्यकर स्वयं सीमा का निर्णय कर दे, ऐसी शास्त्रमर्यादा ॥२६५॥

[ध्वजिनी, मत्सिनी चैव निधानी भयवर्जिता ।
राजशासननीता च सीमा पञ्चविधा स्मृताः ।।१९।।]

[**हिन्दी**—ध्वजिनी, मत्सिनी, निधानी, भयवर्जिता और राजशासननीता-सीमा के ये पाँच भेद हैं ॥१९॥]

कटु वचन कहने पर दण्ड—

एषोऽखिलेनाभिहितो धर्मः सीमाविनिर्णये ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वाक्पारुष्यविनिर्णयम् ।।२६६।।

भाष्य—पूर्वोपसंहारोऽपरसंक्षेपोपन्यासः श्लोकार्थः ।

'दण्डवाचिक' इत्युक्त्वा (६) क्रमभेदो लाघवाद्वाक्पारुष्यं स्यात्ततो दण्डव्यापारः । द्वन्द्वे चेतरेतरयोगाद्व्यस्तक्रमसमासार्थप्रतिपत्तेरेकैकस्योभयार्थप्रतिपादनाद्दण्डशब्देन वागर्थोऽप्युपात्त इति कः क्रमभेदः । तथा च यथासंख्यसूत्रारम्भो (पा० १।३।१०) महाभाष्यकारेण समर्थितः— एतमेव दर्शनमाश्रित्य संज्ञासमासनिर्देशादिति ॥२६६॥

हिन्दी—(महर्षि भृगुजी ऋषियों से कहते हैं कि—) सीमा के निश्चय करने में सब धर्मों को मैंने कहा, अब कठोर वचन के निश्चय को कहूँगा ॥२६६॥

ब्राह्मण से कटु वचन कहने पर दण्ड—

शतं ब्राह्मणमाक्रुश्य क्षत्रियो दण्डमर्हति ।
वैश्योऽप्यर्धशतं द्वे वा शूद्रस्तु वधमर्हति ।।२६७।।

भाष्य—परुषवचन**माक्रोशः** । स च बहुधा नृशंसाश्लीलभाषणान्मर्मणि तोदः अभिशापः 'अकरणहन्ता वृषलभूयाः' । असत उपन्यसनं "कन्या ते गर्भिणोति" । पातकोपपातकैर्याजनमिति । तत्र द्वयोर्ब्राह्मणक्रोशे क्षत्रियवैश्ययोग्यं दण्डः । अन्यत्र "पतनीये कृते क्षेपे दण्डो मध्यमसाहसः" इत्यादि (याज्ञ०व्य० २१०) स्मृत्यन्तरोक्तः।

शूद्रस्य **वधः** ताडनजिह्वाछेदनमारणादिरूप आक्रोशभेदाद् वेदितव्यः ॥२६७॥

हिन्दी—ब्राह्मण से ('तुम चोर हो' इत्यादि) कटु वचन कहनेवाला क्षत्रिय सौ पण, वैश्य डेढ़ सौ या दो सौ पण और शूद्र (तारण-मारण आदि) वध से दण्डनीय होते हैं ॥२६७॥

क्षत्रियादि से कटु वचन कहने पर ब्राह्मण को दण्ड—

पञ्चाशब्द्ब्राह्मणो दण्ड्यः क्षत्रियस्याभिशंसने ।
वैश्ये स्यादर्धपञ्चाशच्छूद्रे द्वादशको दमः ।।२६८।।

भाष्य—अभिशंसनं सर्वप्रकार आक्रोशः, पतनीयादन्यः— तत्र दण्डान्तर-विधानात् निमित्तसप्तमी चैषा । **वैश्य इति** विषयसप्तमी । ब्राह्मणस्याक्रोष्टुराक्रुश्य-मानस्य च दण्ड उक्तः । क्षत्रियादीनां त्वितरेतरं स्मृत्यन्तरमन्वेषणीयम् । तथा च गौतमः (१२।११) "ब्राह्मणराजन्यवत् क्षत्रियवैश्यौ" । परस्पराक्रोशे क्षत्रियश्चे-द्वैश्यमाक्रोशेत्पञ्चाशतं दण्ड्यः, वैश्यः क्षत्रियं शतम् । एवं क्षत्रियः शूद्रमाक्रोशेत्पञ्च-विंशतिर्दण्ड्यः । वैश्यः पञ्चाशतम् । शूद्रस्य तु तदाक्रोशे गुणापेक्षिको दण्डो वक्ष्यते ॥२६८॥

हिन्दी—ब्राह्मण ('तुम चोर हो' इत्यादि) कटुवचन क्षत्रिय से कहे तो पचास पण, वैश्य से कहे तो पच्चीस पण और शूद्र से कहे तो बारह पण से वह दण्डनीय होता है ॥२६८॥

समवर्ण वालों से कटु वचन कहने पर दण्ड—

समवर्णे द्विजातीनां द्वादशैव व्यतिक्रमे ।
वादेष्ववचनीयेषु तदेव द्विगुणं भवेत् ।।२६९।।

भाष्य—द्विजातिग्रहणमतन्त्रम् । **समवर्णे व्यतिक्रमे** परस्पराक्रोशे **द्वादश दण्डः** । समत्वं च जातिवित्तबन्धुवयः कर्मविद्याभिः, विशेषानुपदेशात् । तत्र समानजातीये वित्ताधिके द्विगुणं— तस्मिन्नेव बन्धुत्वाधिके त्रिगुणं— यावत्सर्वगुणे निर्गुणस्य षड्-गुणम् । **वादा** आक्रोशा **अवचनीया** अत्यन्तनृशंसा मातृभगिनीभार्यादिगताः । **तदेव द्विगुणं** दण्डपरिमाणम् । नपुंसकलिङ्गात्सर्वशेषोऽयं न समवर्णविषय एव । अथवा **तदेव** शतमिति योजना लिङ्गसामर्थ्याच्छतस्य च प्रथमश्लोके श्रुतत्वात् । अतोऽवच-नीयेषु समवर्णेष्वपि द्विशतो दमः । लिङ्गोपपत्त्यर्थं परिमाणपदश्रुतमध्याहर्तव्यम् । शते तु व्यवहित कल्पना ज्यायसी ॥२६९॥

हिन्दी—समान वर्णवाले से ('तुम चोर हो' इत्यादि) कटु वचन कहनेवाला द्विज (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) बारह पण से दण्डनीय होता है तथा निन्दनीय कटु वचन

(माँ-बहन आदि की गाली) कहने पर उक्त दण्डों (८।२६७-२६८½) को दुगुने पणों से वह दण्डनीय होता है ॥२६९॥

विमर्श—ब्राह्मण को माँ-बहन आदि की गाली देनेवाला क्षत्रिय दो सौ पण, वैश्य तीन सौ या चार सौ पण तथा शूद्र दुगुने ताडनादि से दण्डनीय होता है। इसी क्रम से आगे (८।२६७-२६८½) वाले दण्डों के विषय में दुगुना समझना चाहिये ॥

[विप्रक्षत्रियवत्कार्यो दण्डो राजन्यवैश्ययोः ।
वैश्यक्षत्रिययोः शूद्रे विप्रे यः क्षत्रशूद्रयोः ॥२०॥]

[**हिन्दी**—क्षत्रिय तथा वैश्य में ब्राह्मण तथा क्षत्रिय के समान, शूद्र में वैश्य क्षत्रिय के समान तथा ब्राह्मण में क्षत्रिय तथा शूद्र के समान दण्ड करना चाहिए ॥२०॥]

[समुत्कर्षावकर्षास्तु विप्रदण्डस्य कल्पनाः ।
राजन्यवैश्यशूद्राणां धनवर्जमिति स्थितिः ॥२१॥]

[**हिन्दी**—ब्राह्मण के लिए दण्ड देने की कल्पना ऊँचे या नीचे वर्ण के अनुसार अधिक तथा कम दण्ड करना चाहिये। क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रों को धनवर्जित दंड करना चाहिये ऐसी शास्त्रमर्यादा है ॥२१॥]

द्विज को कटु वचन कहनेवाले शूद्र को दण्ड—

एकजातिर्द्विजातींस्तु वाचा दारुणया क्षिपन् ।
जिह्वायाः प्राप्नुयाच्छेदं जघन्यप्रभवो हि सः ॥२७०॥

भाष्य—**एकजातिः** शूद्रः। स त्रैवर्णिकान्**क्षिपन्**नाक्रोशन् **दारुणया** पातकादियोगिन्या **वाचा** नृशंसादिरूपया जिह्वा**छेदं** लभते। **जघन्यप्रभव** इति पादाभ्यां ब्रह्मण उत्पन्न इति हेत्वभिधानं प्रतिलोमानामपि ग्रहणार्थम्। तेऽपि जघन्यप्रभवा एव—''नास्ति पञ्चम'' इति वर्णान्तरनिषेधात् ॥२७०॥

हिन्दी—द्विज (ब्राह्मण तथा क्षत्रिय) को दारुण वचन से आक्षेप करनेवाले शूद्र को उसकी जीभ काटकर दण्डित करना चाहिये; क्योंकि वह नीच से उत्पन्न है ॥२७०॥

विमर्श—'शूद्रस्तु वधमर्हति' (८।२६७) इस वचन के साथ प्रकृत वचन का विरोध नहीं होता; क्योंकि उक्त दण्ड का सामान्य कटु वचन कहने पर विधान है तथा इसका दारुण कटु वचन कहने पर। तथा द्विजाति' शब्द से यहाँ केवल 'ब्राह्मण और क्षत्रिय' वर्णों का ही ग्रहण है, वैश्य का नहीं; क्योंकि आगे (२।२७७) वैश्य की पातक-सम्बन्धी निन्दा करनेवाले शूद्र पर मध्यम साहस (८।१३८) दण्ड करने का विधान तथा 'जिह्वाछेद' करने का निषेध 'छेदवर्जे प्रणयनं दण्डस्येति विनिश्चयः' उत्तरार्द्ध वचन से किया गया है।

नाम तथा जाति कहकर कटु वचन कहनेवाले शूद्र को दण्ड—

नामजातिग्रहं त्वेषामभिद्रोहेण कुर्वतः ।
निक्षेप्योऽयोमयः शंकुर्ज्वलन्नास्ये दशांगुलः ।।२७१।।

भाष्य—अभिद्रोह आक्रोशः । कुत्साबुद्धिः— 'ब्राह्मणक त्वं मा मया स्पर्धिष्टाः'। एवन्नाम्न्यपि योज्यम् । ग्रहणं **ग्रहः** । निरुपपदं नाम गृह्णाति कुत्साप्रत्यययोगेन वा 'देवदत्तकेति' । **अभिद्रोहेण** क्रोधेन । अभिद्रोहः क्रोधः— न प्रणयेन । **निःक्षेप्यः** प्रक्षेप्यः। **शङ्कुः** कीलकः । **ज्वलन्न**ग्निना दीप्यमानो**ऽयोमयो** लोहमयः ॥२७१॥

हिन्दी—इन (द्विजातियों-ब्राह्मणादि तीनों वर्णों) के नाम तथा जाति का उच्चारण कर ('रे यज्ञदत्त ! तुम नीच ब्राह्मण हो) कटुवचन कहनेवाले शूद्र के मुख में जलती हुई दश अंगुल लम्बी लोहे की कील डालनी चाहिए ॥२७१॥

अभिमान से धर्मोपदेश करनेवाले शूद्र को दण्ड—

धर्मोपदेशं दर्पेण विप्राणामस्य कुर्वतः ।
तप्तमासेचयेत्तैलं वक्त्रे श्रोत्रे च पार्थिवः ।।२७२।।

भाष्य—अयं ते स्वधर्म' 'इयं वाऽत्रेतिकर्तव्यता' 'मैवं कार्षीः छान्दसोऽसीति'— एवमादिव्याकरणलेशज्ञानतया दुन्दुकत्वेन दर्पवन्तः शूद्रा उपदिशन्ति । तेषामेष दण्डः । यस्तु प्रणयात् ब्राह्मणापाश्रयादेव व्युत्पन्नो विस्मृतं कथंचिद्देशकालविभागं स्मारयेत्— 'पूर्वाह्णकालं नातिक्रामयेति', 'क्रियतां दैवं कर्म, देवांस्तर्पयोपवीती भव, मा प्राचीनावीतं कार्षीरिति' तस्य न दोषः । **तप्त**मग्निसम्बन्धात्पीडाकरम् । **आसेचयेत्**क्षारयेत् ।

''युक्तं वक्त्रे, मुखेनोपदेशकत्वात् । श्रोत्रस्य कोऽपराधः ।''

प्रागसत्तर्कादिश्रवणम् ॥२७२॥

हिन्दी—राजा अभिमानपूर्वक ब्राह्मणों के लिए धर्मोपदेश ('तुम्हें इस प्रकार या यह धर्म करना चाहिए) कहनेवाले शूद्र के मुख तथा कान में गर्म तेल डलवावे ॥२७२॥

शास्त्र, देशादि की निन्दा करने पर दण्ड—

श्रुतं देशं च जातिं च कर्म शारीरमेव च ।
वितथेन ब्रुवन् दर्पाद्दाप्यः स्याद्द्विशतं दमम् ।।२७३।।

भाष्य—सत्ये च श्रुते 'नैतदनेन सम्यक् श्रुतं' इत्याह— **श्रुत**मेव वाक्षिपति— 'नैतत्सम्यक् यदनेन श्रुतमिति' । ब्रह्मावर्तीयमभिजनाभिमानिनं 'बाह्यकोऽय'मित्याह । एवं **जात्या**ब्राह्मणं 'क्षत्रियोऽयमि'त्याह— क्षत्रियं वा हेलया 'ब्राह्मण' इति । **कर्म**— ब्रह्मचारिणं 'स्नातक' इति । शरीरावयवः **शारीरे**— अव्यङ्गं 'दुश्चर्मेति' । **वितथेन**

वितथमनृतम्। 'प्रकृत्यादिभ्य' इति तृतीया। अथवाऽधर्मो 'वैतथ्यं'— तस्य वाच्यं प्रति कारणता युक्तैव। स्वगुणमदात्परावज्ञानं **दर्प:**। अज्ञानात्परिहासतो वा न दोष:।

"कस्य पुनरयं दण्ड:।"

सर्वेषामिति ब्रूम:। शूद्राधिकाराच्छूद्रस्यैवेति परे। द्विजातिविषये वैतथ्ये ॥२७३॥

हिन्दी—श्रुत ('तुमने यह नहीं सुना या पढ़ा'.....), देश ('तुम देश में नहीं पैदा हुए हो'....), जाति ('तुम्हारी यह जाति नहीं है'.....) शरीर सम्बन्धी संस्कारादि कर्म (तुम्हारा शरीरसंस्कार-यज्ञोपवीत आदि कर्म नहीं हुआ है'.....) को अभिमान के कारण असत्य कहनेवाले समान वर्ण के व्यक्तियों को राजा दो सौ पणों (८।१३६) से दण्डित करे ॥२७३॥

काना, लँगड़ा आदि कटु वचन कहने पर दण्ड—

काणं वाऽप्यथ वा खञ्जमन्यं वाऽपि तथाविधम्।
तथ्येनापि ब्रुवन्दाप्यो दण्डं कार्षापणावरम्॥२७४॥

भाष्य—एकेनाक्ष्णा विकल: **काण:**। **खञ्ज:** पादविकल:। **तथाविधं** कुणि-चिपिटनासं— **तथ्येन** 'असत्येन' अपिशब्दाद्वितथेन— अकाणं काण इत्युक्ते। **कार्षापणावरो** दण्ड:। अत्यन्ताल्पो यदि दण्ड: कथंचिदनुग्राह्यतया, तदा कार्षापणी दण्ड:। अन्यथा द्वौ त्रय: पञ्च वा। पुरुषविशेषापेक्षयाऽपि दण्ड्य: शूद्र:। सर्वे वा पूर्ववत् ॥२७४॥

हिन्दी—किसी को काना, लँगड़ा या इसी प्रकार और कुछ (यथा-बहरा, अन्धा, छांगुर.....) यथार्थ में होने पर भी उसी दूषित नाम का उच्चारणकर कहनेवाले को राजा कम से कम एक पण (८।१३६) से दण्डित करे ॥२७४॥

माता आदि की निन्दा करनेवाले को दण्ड—

मातरं पितरं जायां भ्रातरं तनयं गुरुम्।
आक्षारयञ्छतं दाप्य: पन्थानं चाददद्गुरो:॥२७५॥

भाष्य—आक्षारणं भेदनं द्वेषजननमनृतेन। 'एषा ते माता न स्नेहवती द्वितीये पुत्रेऽत्यन्ततृष्णावती कनकमयमङ्गलीयकं रहसि तस्मै दत्तवती' इत्येवमाद्युक्त्वा भेद-यति। एवं पितापुत्रौ जायापती भ्रातॄन् गुरुशिष्यौ। **तनय**ग्रहणं द्वितीयसम्बन्धिप्रदर्श-नार्थम्। अन्यथा मातरमित्युक्ते मातरं पुत्राद्भिन्दतो दण्ड: स्यान्न पुत्रं मातु:। यद्यपि भेदनमुभयाधिष्ठानं तथापि यन्मुखेन क्रियते स एव भेदयितव्य इति व्यवहार:। तत्रा-सति तनयग्रहणे प्रदर्शनार्थे यदैव मातरमाह— 'न एष ते पुत्रो भक्तो दु:शीलश्च' इत्येवमादिना मातरमाक्षारयति तत्रैव स्यान्न तु पुत्रं यथा दर्शितम्।

अन्ये तु चित्तकदर्थनोत्पादनम् 'आक्षारण'माहुः । प्रवक्ष्यामि धनं श्रुतं वाऽर्जयितुं तीर्थाद्युपसेवितुं तत्प्रवासशङ्कया च मानसी तृष्णाया पीडा भवतीति तथा न कर्तव्यम्।

यावद्गुरवस्ते जीवेयुस्तावन्नान्यं समाचरेन्न तैरननुज्ञात इति च। यत्तु विद्वेषणादिना चित्ते खेदोत्पादनं तत्र शता न मुच्यते, 'प्रतिरोद्धा गुरोरिति' महत्वाद्दोषस्य।

जायाया अनुकूलायाः पुत्रवत्याः 'करोत्यन्यं विवाहम्' इत्येत**दाक्षारणम्**। एवं गुणवतः पुत्रस्याकारणेऽन्यकरणम्।

गुरोः सर्वप्रकारं पन्थानमत्यजतः शतं दण्डः ॥२७५॥

हिन्दी—(राजा) माता, पिता, स्त्री, भाई, पुत्र, गुरु को पातकादि का दोष लगाकर निन्दा करते हुए तथा गुरु के लिए मार्ग नहीं देते (किनारे होकर मार्ग नहीं छोड़ते) हुए व्यक्ति से सौ पण (८।१३६) दण्ड दिलवावे ॥२७५॥

विमर्श—मेधातिथि ने 'आक्षारयन्' शब्द का असत्य बात कहकर परस्पर भेद करना (फूट डालना) अर्थ माना है, इस प्रकार उनके मत में 'तुम्हारी माता तुम्हें प्यार नहीं करती, दूसरे बच्चे को प्यार करती है, उसे एकान्त में मिठाई आदि स्वादिष्ट पदार्थ देती है' इत्यादि असत्य वचन कहकर माता से तथा इसी प्रकार पिता, भाई आदि से भी असत्य वचन कहनेवाले और गुरु को रास्ता नहीं देनेवाले व्यक्ति को राजा सौ पण दण्ड दिलवावे यह अर्थ होता है।

ब्राह्मण-क्षत्रियों के परस्पर उक्ताक्रोश करने पर दण्ड—

ब्राह्मणक्षत्रियाभ्यां तु दण्डः कार्यो विजानता ।
ब्राह्मणे साहसः पूर्वः क्षत्रिये त्वेव मध्यमः ।।२७६।।

भाष्य—ब्राह्मणक्षत्रियाभ्यां परस्पराक्रोशे कृते तयोरयं **दण्ड** इत्येवमध्याहारेण योजना। तादर्थ्ये चतुर्थी वा। तद्विनयाय दण्डः कर्तव्यः। पातकस्याक्रोशे कृतेऽयं दण्डो दुःखोत्पादनरूपे ॥२७६॥

हिन्दी—दण्डशास्त्रज्ञ (राजा) ब्राह्मण तथा क्षत्रिय के परस्पर में पातक-सम्बन्धी निन्दा करने पर (क्षत्रिय की निन्दा करनेवाले) ब्राह्मण पर एक प्रथम साहस अर्थात् २५० पण तथा (ब्राह्मण की निन्दा करनेवाले) क्षत्रिय पर एक मध्यम साहस (८।१३८) अर्थात् ५०० पण दण्ड करे ॥२७६॥

वैश्य-शूद्रों के परस्पर उक्ताक्रोश करने पर दण्ड—

विट्शूद्रयोरेवमेव स्वजातिं प्रति तत्त्वतः ।
छेदवर्जं प्रणयनं दण्डस्येति विनिश्चयः ।।२७७।।

भाष्य—एवमेव प्रथममध्यमौ साहसावित्यतिदिश्यते। तेनैव क्रमेण वैश्यस्य शूद्राक्रोशे प्रथमः शूद्रस्य वैश्याक्रोशे मध्यमः।

छेदवर्जं दण्डस्य प्रणयनमिति। 'एकजातिर्द्विजातिम्' (२७०) इत्यनेन जिह्वा-छेदं प्राप्तं निवर्तयति।

स्वजातिं प्रतीति। नैवं मन्तव्यं समानजातीयं प्रतीति— किं तर्हि याऽत्र जाति-रुपात्ता वैश्यशूद्राविति स्वग्रहणम्। श्लोकाभिप्रायः— परस्पराक्रोशे यावत् स्वजातिमिति पूर्वत्रापि सम्बन्धनीयम्।

प्रणयनं प्रवर्तनम्।

क्षत्रियस्य वैश्यशूद्राक्षारणे प्रथमार्द्धसाहसः। एवं ब्राह्मणस्य वैश्यशूद्रयोः कल्पः ॥२७७॥

हिन्दी—वैश्य तथा शूद्र के परस्पर, अपनी जाति के प्रति पातक सम्बन्धी निन्दा करने पर जिह्वाच्छेद (जीभ काटना) छोड़कर इसी प्रकार (८।१३८) दण्ड देना चाहिये, यह शास्त्रनिर्णय है ॥२७७॥

विमर्श—शूद्र की पातक-सम्बन्धी निन्दा करनेवाले वैश्य पर यह प्रथम साहस (२५० पण) तथा वैश्य की पातकसम्बन्धी निन्दा करनेवाले शूद्र पर एक मध्यम साहस (८।१३८) अर्थात् ५०० पण दण्ड राजा को करना चाहिए। इस श्लोक में 'छेदवर्जं प्रणयनं' कहने से 'एकजातिद्विजातिस्तु—' (८।२७०) श्लोक में कहा गया जिह्वाच्छेद रूप दण्ड केवल ब्राह्मण तथा क्षत्रिय की पातक सम्बन्धी निन्दा करनेवाले शूद्र के लिए कहा गया समझना चाहिए।

[पतितं पतितेत्युक्त्वा चौरं चौरेति वा पुनः।
वचनात्तुल्यदोषः स्यान्मिथ्या द्विर्दोषतां व्रजेत्॥२२॥]

[**हिन्दी**—वास्तविक में पतित को पतित तथा चोर को चोर परस्पर में कहनेवाला समान दोषी और मिथ्या उक्त वचन कहनेवाला दुगुना दोषी होता है ॥२२॥]

दण्डपारुष्य का निर्णय—

एष दण्डविधिः प्रोक्तो वाक्पारुष्यस्य तत्त्वतः।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि दण्डपारुष्यनिर्णयम्॥२७८॥

भाष्य—दण्डपारुष्यं दण्डेन दुःखोत्पादनम्। यथा कण्टकादेः पुरुषस्य स्पर्शः पीडाकर एवं पीडाकरत्वसामान्यात्पारुष्यशब्दप्रयोगः। तत्र **निर्णयो** दण्डविशेष-निर्णयः। पूर्वप्रकरणोपसंहारोपन्यासार्थः श्लोकः ॥२७८॥

हिन्दी—(महर्षि भृगुजी ऋषियों से कहते हैं कि) यह (८।२६७-२७७) मैंने

वाक्पारुष्य (कठोर वचन कहने) का यथार्थ दण्ड कहा है, इसके आगे दंडपारुष्य (मारने-पीटने आदि की कठोरता) का निर्णय कहूँगा ॥२७८॥

द्विज को मारनेवाले शूद्र के लिए दंड–

येनकेनचिदङ्गेन हिंस्याच्चेच्छ्रेष्ठमन्त्यजः ।
छेत्तव्यं तत्तदेवास्य तन्मनोरनुशासनम् ।।२७९।।

भाष्य—अन्त्यजः शूद्रश्चण्डालपर्यन्तः । **श्रेष्ठः** त्रैवर्णिकः । **तं चेद्धिंस्यादङ्गेन केनचित्** साक्षाद् दण्डखड्गादिप्रहरणव्यवधानेन वा— **तदङ्गमस्य** छेत्तव्यम् । 'हिंसा' च क्रोधेन प्रहरणं ताडनेच्छया हस्ताद्युद्यम्य वेगेन निपातनम्, न मारणमेव । **तत्तदिति** वीप्सा । अङ्गमिति छेत्तव्यमिति चैकत्वविवक्षा मा विज्ञायि । तेनानेकेनाङ्गेन प्रहरणेऽनेकस्यैव छेदः । **अनुशासन**मुपदेशः । मनुकृतैषा मर्यादा । **अनुशासन**ग्रहणं कारुणिकस्य राज्ञः प्रवृत्त्यर्थः ॥२७९॥

हिन्दी—शूद्र जिस किसी अङ्ग (हाथ आदि) से द्विजाति को मारे (ताड़ित करे); राजा उसके उसी अङ्ग को कटवा डाले, यह मनु का आदेश है ॥२७९॥

पाणिमुद्यम्य दण्डं वा पाणिच्छेदनमर्हति ।
पादेन प्रहरन् कोपात्पादच्छेदनमर्हति ।।२८०।।

उद्यम्योत्क्षिप्यैव कोपात्ताडनेच्छोस्तदङ्गमनिपातयतोऽस्य पाणिः छेत्तव्यः । दण्डग्रहणं समानपीडाकरस्य हिंसासाधनस्योपलक्षणार्थम् । तेन मृदुशफादावन्यो दण्डः । **पादेन प्रहरन्निति** । अत्राप्युद्यम्येत्यपेक्षितव्यम् । अवगुरतोऽप्येष एव ॥२८०॥

हिन्दी—(राजा) हाथ उठाकर या डंडे (लाठी या छड़ी आदि) से ब्राह्मण को मारनेवाले शूद्र का हाथ कटवाले तथा पैर से ब्राह्मण को मारनेवाले शूद्र का पैर कटवाले ॥२८०॥

ब्राह्मण के साथ एकासन पर बैठने पर शूद्र को दंड—

सहासनमभिप्रेप्सुरुत्कृष्टस्यापकृष्टजः ।
कट्यां कृताङ्को निर्वास्यः स्फिचं वाऽस्यावकर्तयेत् ।।२८१।।

भाष्य—उत्कृष्टो ब्राह्मणो जातितो दौःशील्यादवकृष्टोऽपि । इतरे वर्णा औत्तराधर्येण परस्परापेक्षयोत्कृष्टाश्चावकृष्टाश्च । तत्र **अवकृष्टज** इति जनिना जन्मावकर्ष उपात्तः तत्संनिधानादुत्कर्षोऽपि जन्मनैव । जन्मना च निरपेक्षोत्कर्षो ब्राह्मणस्य नापकर्षः । तेन शूद्रस्यायं ब्राह्मणेन सहैकमासनमारूढवतो दण्डः । **कटिः** श्रोणी । तत्र कृतचिह्नः । अङ्कविधौ च न सुधाकुंकुमादिना चिह्नकरणमात्रमपि तु दण्डख्यापनार्थम्—

अतिक्रमाद्विभियुरिति । तेन देशान्तरे यदनपायि तच्चिह्नमायसो लेखनादुपदिश्यते । तथा च वक्ष्यति "उद्वेजनकरैर्दण्डैश्चिह्नयित्वेति" (३५२)। राष्ट्राच्च निष्कास्यः । **स्फिक्** श्रोण्येकदेशः । सव्यो दक्षिणश्च । तं **चावकर्तयेत्** । चिह्नेन विकल्पविधानात्तावन्मात्रच्छेदो न सर्वस्य स्फिजः । **अभिप्रेप्सुरिति** च नेच्छामात्रेण किंतर्हि प्राप्तवत एव । इच्छाया शक्यापह्नवत्वाद्दण्डस्य च महत्त्वात् ॥२८१॥

हिन्दी—(राजा) ब्राह्मण के साथ एक आसन पर बैठे हुए शूद्र की कमर को तपाये गये लोहे से दगवाकर निकाल दे अथवा (जिससे मरने नहीं पाये इस प्रकार) उसके नितम्ब को कटवा ले ॥२८१॥

थूक आदि से ब्राह्मण का अपमान करनेवाले शूद्र को दंड—

अवनिष्ठीवतो दर्पाद्द्वावोष्ठौ छेदयेन्नृपः ।
अवमूत्रयतो मेढ्रमवशर्धयतो गुदम् ।। २८२।।

भाष्य—मूत्रेणावसिंचतोऽभिमुखं वा तदवमानार्थं क्षिपतोऽसत्यपि संस्पर्शेऽवमानयते मूत्रेणेति निष्कर्तव्यः । समानफलत्वाद्रेतस्यपि दण्डोऽयम् । 'निष्ठीवनं' नासिकास्यस्रावः । तस्य घ्राणेन क्षेपे नासापुटच्छेदः— "येनाङ्गेने"त्युक्तत्वात् । 'शर्धनं' कुत्सितो गुदशब्दः । दर्पात्र प्रमादात् ॥२८२॥

हिन्दी—शूद्र यदि ब्राह्मण का अपमान दर्प के कारण थूक फेंककर करे तो राजा उस (शूद्र) के दोनों ओष्ठों को, मूत्र फेंककर करे तो उसके लिङ्ग (मूत्रेन्द्रिय) को तथा अपशब्द (पाद) कर करे तो उसके गुदा को कटवा ले ॥२८२॥

केशेषु गृह्णतो हस्तौ छेदयेदविचारयन् ।
पादयोर्दाढिकायां च ग्रीवायां वृषणेषु च ।। २८३।।

भाष्य—दर्पादित्यनुवर्तते । परिभवबुद्ध्या केशेषु ब्राह्मणं **गृह्णतः** शूद्रस्य **हस्तौ छेदयेत्**। द्विवचनमेकेनापि दाभ्यां तुल्यपीडाकर उभयच्छेदो नैकस्यैव । **दाढिका** श्मश्रु । अन्यदपि यदङ्गं गृह्यमाणं ग्रीवादितुल्यपीडाकरं तत्र सर्वथाप्ययमेव दण्डः । **अविचारयन्** । पीडा कियत्यस्य गृहीतस्य संजाता महती स्वल्पा वेत्येतदनुबन्धश्लोकप्राप्तं विचारणं निवार्यते । ग्रहणमात्रे दण्डः ॥२८३॥

हिन्दी—शूद्र यदि अभिमान से ब्राह्मण के बालों को पकड़ ले तो राजा (उस ब्राह्मण को इससे कष्ट हुआ अथवा नहीं, इसका) बिना विचार किये उस शूद्र के दोनों हाथों को कटवा ले और अभिमानपूर्वक मारने के लिए ब्राह्मण के दोनों पैरों, दाढ़ी, गर्दन तथा अंडकोष को शूद्र यदि पकड़ ले तो उसे वही (दोनों हाथ कटवाने का) दंड करे ॥२८३॥

चर्मभेदनादि में दंड-विधान—

त्वग्भेदकः शतं दण्ड्यो लोहितस्य च दर्शकः ।
मांसभेत्ता तु षण्णिष्कान्प्रवास्यस्त्वस्थिभेदकः ।।२८४।।

भाष्य—द्विजातीनामयं परस्परापराधे । शूद्रस्य तु शूद्रापराधे उच्यते ।

यः केवलामेव त्वचं भिन्द्याद्विदारयेन्न लोहितं दर्शयेत्तस्य **शतं दण्डः** । तावदेव लोहितदर्शने । यद्यपि त्वग्भेदमन्तरेणन लोहितं दृश्यते तथाप्यधिकापराधादधिकदण्डे प्राप्ते शतवचनं नियमार्थम् । अन्ये तु कर्णनासिकादेरपि स्रवति शोणितं बहिस्त्वग्भेदेऽपि तदर्थमुच्यत इत्याहुः । तदयुक्तम् । अन्तर्भेदे हि महत्त्वान्महादण्डो युक्तः । तस्माद्यत्रैषत्स्रवति शोणितं तत्र शतम् । शिरोभेदे तु मांसवत् ।

निष्कशब्दः सुवर्णपरिमाणवाचीत्युक्तम् ।

प्रवास्योऽस्थ्नां **भेदकः** तत्प्रयोजक इति । घञन्तेन समासं कृत्वा तं करोतीति पठितव्यः— अस्थिभेदकृदिति ।

'प्रवासन' अर्थशास्त्रप्रवृत्त्या मारणम्, निर्वासनं वा । दण्डविधौ ह्यर्थशास्त्रश्रवणं दृश्यते । तथाहि 'दशबन्धमिति' बार्हस्पत्य औशनस्ये च प्रयोगः । निर्वासनं ब्राह्मणस्य नान्येषाम् ।।२८४।।

हिन्दी—समान जातिवाला यदि (मारने से) किसी का चमड़ा निकाल दे अर्थात् ऐसा मारे कि आहत व्यक्ति का चमड़ा छूट जाय या रक्त बहने लगे तो सौ पण का दंड, मांस निकल आवे तो ६ निष्क (८।१३७) का दंड और हड्डी टूट जाय तो राज्य से बाहर निर्वासन का दंड अपराधी को सजा दे ।।२८४।।

वृक्ष आदि के काटने पर दंड-विधान—

वनस्पतीनां सर्वेषामुपभोगो यथा यथा ।
तथा तथा दमः कार्यो हिंसायामिति धारणा ।।२८५।।

भाष्य—वनस्पतिग्रहणं सर्वस्थावरप्रदर्शनार्थम् । फलपुष्पपत्रच्छायादिना महोपभोग्यस्य वृक्षस्य हिंसायां दण्ड उत्तमसाहसः, मध्यमस्य मध्यमो निकृष्टस्य प्रथमः । तथा स्थानविशेषो द्रष्टव्यः— पत्रच्छेदः फलच्छेदः शाखाछेद इति । फलानामपि विशेषो महार्घता दुष्प्रापता । तथा स्थानविशेषोऽपि द्रष्टव्यः— सीम्नि चतुष्पथे तपोवन इति ।।२८५।।

हिन्दी— वृक्ष आदि सब पौधों के फल, फूल, पत्ता तथा लकड़ी आदि के द्वारा जैसा-जैसा उपयोग होता हो, उनको (काटने आदि से) नष्ट करनेवाले अपराधी को वैसा-

वैसा ही दण्ड (उत्तम साहस आदि) देना चाहिए ऐसा शास्त्रनिर्णय है ।।

विमर्श—इस विषय में 'विष्णु का मत है कि— फल काम में आनेवाले पेड़ को काटनेवाले पर उत्तम साहस' (१०० पण) फूल काम में आनेवाले पौधे को काटनेवाले पर 'मध्यम साहस' (५०० पण) बल्ली, गुल्म और लता आदि काटनेवाले पर १०० कार्षाषण (एक रुपया नौ आने) तथा तृण काटनेवाले पर एक कार्षाषण (और मनु के मत से १ पण) दण्ड करना चाहिए। 'साहस पण, कार्षाषण' का प्रमाण पूर्वोक्त वचनों (८।१३६-१३८) से ज्ञात करना चाहिए।

पीडानुसार दण्ड-व्यवस्था—

मनुष्याणां पशूनां च दुःखाय प्रहृते सति।
यथा यथा महद्दुःखं दण्डं कुर्यात्तथा तथा ।।२८६।।

भाष्य—यदुक्तं त्वग्भेदक इति तस्य विशेषोऽयम्। असति मनुष्यग्रहणे प्राणिमात्रहिंसाविषयत्वेऽस्य श्लोकस्य महापशूनां क्षुद्राणां च पशुपक्षिमृगाणां तुल्यदण्डता मा भूदिति तदर्थमिदम्।

यथा यथा महद्दुःखमिति। स्वल्पे भेदने शोणिते च प्राणिनां महत्त्वादल्पत्वे प्रहारस्य। शतादूनोऽपि दण्डः। महति शतादभ्यधिकोऽपि।

अन्ये तु महद्ग्रहणान्महति दुःखे दण्डवृद्ध्यर्थं नाल्पेऽपचयार्थम्। यथाश्रुतमेव तत्र **दुःखाय प्रहृते** दुःखोत्पत्त्यर्थं प्रहारे। प्रमादतस्तु न वृद्धिः। "अनुबन्धं परिज्ञाय" इत्यस्यैव श्लोकद्वयमुदाहरणभङ्ग्या व्याख्येयम् ।।२८६।।

हिन्दी—मनुष्यों या पशुओं को दुःखित करने के लिए मारने पर उन्हें (मनुष्यों या पशुओं को) जैसी-जैसी (कम या अधिक) पीडा हो; उस पीड़ा के अनुसार ही (कम या अधिक) दण्ड से उक्त पीडा पहुँचानेवाले व्यक्ति को दण्डित करना चाहिये ।।२८६।।

आहत के स्वस्थ होने तक का व्यय दिलवाना—

अङ्गावपीडनायां च प्राणशोणितयोस्तथा।
समुत्थानव्ययं दाप्यः सर्वदण्डमथापि वा ।।२८७।।

भाष्य—अङ्गानामवपीडना दृढरज्ज्वादिग्रहणसन्धिविश्लेषणादिना। तत्र यावता धनेन पथ्यभिषगौषधादिमूल्येन प्रत्यापत्तिमायाति तावत् पीडितस्य दाप्यः। एवं **प्राणशोणितयोर**वपीडनानामिति समस्तमपि योज्यम्। अथवा **प्राणशोणितयोः** समुत्थानव्ययं दाप्य इति सम्बन्धः सामर्थ्यादपचितयोरिति लभ्यते। **समुत्थानं** प्रकृत्यापत्तिः। **प्राणो** बलम्। प्रहारेणास्वस्थस्य भोजनादृते कार्शाद्युपपत्तौ बलमपचीयते। तत्राङ्गेऽ-

नष्टे प्रत्यागते च यावद्बललाभस्तावत्तदुपयोगि यत्किंचिद् घृततैलादि दापनीयः। एवं शोणिताद्युत्पत्तौ तद्दुर्बलीभूतस्य व्याध्यन्तरं वा प्राप्तस्याप्रकृतशरीरावस्थाप्राप्तेः समुत्थानव्ययं दाप्यः।

न चेत्तद्गृह्णाति तदा तच्च दण्डं च परिपिण्ड्य सर्वं राज्ञे दद्यात् ॥२८७॥

हिन्दी—अङ्ग के कटने, टूटने घाव होने या रक्त बहने पर रोगी (आहत व्यक्ति) के पूर्वावस्था में आने अर्थात् स्वस्थ होने तक (औषधादि में) जो व्यय हो, उसे राजा अपराधी से दिलवावे (और यदि अपराधी उक्त व्यय को नहीं देना चाहे तब राजा) उक्त (औषधादि के) व्यय को और पीड़ा पहुँचाने पर विहित शास्त्रोक्त दण्ड को भी दिलवावे ॥२८७॥

वस्तु के नष्ट करने पर दण्ड विधान—

द्रव्याणि हिंस्याद्यो यस्य ज्ञानतोऽज्ञानतोऽपि वा ।
स तस्योत्पादयेत्तुष्टिं राज्ञे दद्याच्च तत्समम् ।।२८८।।

भाष्य—द्रव्याणि गृहोपकरणाद्यन्यानि वाऽनुक्तदण्डविशेषाणि शूर्पोलूखलघटस्थालीपिठरादीनि। तेषां 'हिंसा' प्राग्रूपनाशः सत्यपि कार्यक्षमत्वे। **ज्ञानतोऽज्ञानत इति** प्रमादकृते बुद्धिपूर्वं चाविशेषेण हिंसनात् तस्य द्रव्यस्वामिनो जनयेत्परितोषं तद्रूपान्यदानेन मूल्येन प्रणयेन वा। **राज्ञे** तु द्रव्यमूल्यं द्रव्यं वा **दद्यात्**। अस्य क्वचिदपवादः ॥२८८॥

हिन्दी—जो मनुष्य जिस किसी की वस्तु को जान-बूझकर या अज्ञानावस्था में नष्ट करे तो वह मनुष्य नष्ट हुई वस्तु का (वास्तविक) मूल्य उस वस्तु के स्वामी को तथा उतना ही मूल्य दण्ड-स्वरूप राजा को दे ॥२८८॥

चर्मादिनिर्मित पदार्थादि को नष्ट करने पर दण्डविधान—

चर्मचार्मिकभाण्डेषु काष्ठलोष्ठमयेषु च ।
मूल्यात्पञ्चगुणो दण्डः पुष्पमूलफलेषु च ।।२८९।।

भाष्य—चर्मचार्मिकयोर्द्वन्द्वं कृत्वा भाण्डपदेन विशेष्येण समासः। अथवा चार्मिकभाण्डयोर्विशेषणसमासं कृत्वा चर्मशब्देन द्वन्द्वः। चर्मविकाराच्**चार्मिकाणि** भाण्डानि कटिसूत्रवरत्रादीनि। **चर्माण्य**विकृतानि। गवादीनाम्। अथवा **चर्मभाण्डानि** केवलचर्ममयानि, चर्मावनद्धानि **चार्मिकाणि। काष्ठ**मयभाण्डान्युलूखलमुसलफलकादीनि। **लोष्ठो** मृद्विकारः पाषाणाकृतिः पिण्डीभूता मृत्। तन्मयानि स्वल्पपाकाधानादीनि। तन्नाशने **मूल्यात्पञ्चगुणो दण्डः**। तुष्ट्युत्पत्तिश्च स्वामिनः स्थितैव ॥२८९॥

हिन्दी—चमड़ा, चमड़े से बने पदार्थ (रस्सी, घी-तेल का कुप्पा, जूता आदि), लकड़ी और मिट्टी के बर्तन, फूल, मूल, (कन्द) तथा फल को नष्ट करनेवाला व्यक्ति नष्ट हुए पदार्थों के मूल्य का पाँच गुना धन राजा को दण्ड-स्वरूप में दे, (तथा उन पदार्थों के स्वामी को उन नष्ट पदार्थों का मूल्य देकर तुष्ट करे) ॥२८९॥

रथादि के नष्ट होने पर दण्डाभाव—

यानस्य चैव यातुश्च यानस्वामिन एव च ।
दशातिवर्तनान्याहुः शेषे दण्डो विधीयते ।।२९०।।

भाष्य—सत्यामपि हिंसायां क्वचिद्दोषो नास्तीत्येतदनेन प्रकरणेन प्रदर्श्यते । **यानं** गन्त्र्यादि यदारुह्य यान्ति पन्थानम् । तच्च गन्त्र्यादि बलीवर्दगर्दभमहिषादिवाह्यम् । त एव वा गर्दभादयः पृष्ठारोह्या **यानानि । याता** तदारूढः सारथ्यादिः । **यानस्वामी** यस्य तत्स्वयानम् । तत्रैषां चक्रवेगादिभी रथ्याकर्षणयुक्तैर्वाऽश्वादिभिः कस्यचिद्द्रव्यस्य नाशो वा मरणम् । तत्र पशुस्वामिपालव्यतिक्रमन्याये प्राप्ते कदाचिद्यातुर्दोषः कदाचित्स्वामिनः कदाचिदुभयोः कदाचिन्न कस्यचिदपीति यो विशेषस्तत्र नोक्त इहैवेष्यते— स उच्यते । **अतिवर्तनानि**— अतिक्रम्य हिंसादण्डं वर्तते, नात्र दण्डोऽस्ति, दण्डनिमित्तानि न भवन्तीति यावत् । **शेषे दण्ड** उक्तेभ्यो निमित्तेभ्योऽन्यत्र । तान्यपि वक्ष्यति ॥२९०॥

यत्र नास्ति दोषस्तानि तावदाह—

विमर्श—यहाँ पर क्षेत्र तथा बीज दोनों का कारणत्व विवक्षित होने से उक्त युक्ति उचित ही है; क्योंकि जिसका खेत होता है; वही किसी दूसरे के द्वारा बोए गये बीज से उत्पन्न धान्यादि का स्वामी होता है, अथवा दूसरे के खेत में जो बीज बोता है, वह भी उस बीज से उत्पन्न धान्यादि का स्वामी होता है। इसी प्रकार क्षेत्ररूपा स्त्री तथा बीजरूप पुरुष से उत्पन्न धान्यरूप पुत्र का स्वामी होने के विषय में भी जानना चाहिये यद्यपि पुरुष का वीर्य (शुक्र) है पुरुष नहीं, तथापि वीर्याधिकरण होने से पुरुष को बीज कहा गया है।

विशिष्टं कुत्रचिद्बीजं स्त्रीयोनिस्त्वेव कुत्रचित् ।
उभयं तु समं यत्र सा प्रसूतिः प्रशस्यते ।।३४।।

भाष्य—बीजस्य वैशिष्ट्यं व्यासऋष्यशृङ्गादीनां महर्षीणां दृष्टम् । **स्त्रीयोनिस्त्वेव** क्षेत्रजादिपुत्रेषु धृतराष्ट्रादिषु । ब्राह्मणाज्जाता अपि मातृजातयः क्षत्रियास्ते । **उभयं तु समं** एकस्वामिकमेकजातीयं **समम्** । **सा प्रसूतिः प्रशस्यते** विप्रतिपत्त्यभावात् तदुक्त-मेतत्—"भर्तुः पुत्रं विजानन्तीति" ॥३४॥

हिन्दी—कहीं पर बीज प्रधान है और कहीं पर क्षेत्र प्रधान है । जहाँ पर बीज तथा क्षेत्र (पुरुष तथा स्त्री–दोनों समान हैं अर्थात् उन दोनों के मध्य में तीसरा कोई नहीं है । वह सन्तान श्रेष्ठ मानी जाती है ॥३४॥

विमर्श—बृहस्पति की स्त्री 'तारा' में चन्द्रमा से उत्पन्न 'बुध' चन्द्रमा के पुत्र हैं तथा व्यास और ऋष्यशृङ्ग भी दूसरे की स्त्री में उत्पन्न होकर भी उत्पन्न करनेवाले पिता के ही पुत्र माने जाते हैं; अतएव ऐसे स्थलों में बीज को प्रधान समझना चाहिये । इसके विपरित विचित्रवीर्य की स्त्री में ब्राह्मण (द्वैपायन-व्यासजी) से उत्पन्न धृतराष्ट्र तथा पाण्डु क्षेत्र स्वामी (विचित्रवीर्य) के ही माने जाते हैं, अतएव ऐसे स्थलों में क्षेत्र को प्रधान समझना चाहिये ।

बीज-प्राधान्य—

बीजस्य चैव योन्याश्च बीजमुत्कृष्टमुच्यते ।
सर्वभूतप्रसूतिर्हि बीजलक्षणलक्षिता ।।३५।।

भाष्य—एवमुपपादिते संशये बीजप्राधान्यपक्षं पूर्वं परिगृह्णाति । तत्प्राधान्याद्यस्य बीजं तस्यापत्यम् । तस्य च प्राधान्यं व्रीह्यादेर्द्रव्यस्य क्षित्याद्यनेककारणत्वेऽपि तद्धर्मानु-विधानदर्शनात् । अतश्च स्फुटमदृष्टबीजानुविधानस्यापत्यस्य कार्यत्वाद् व्रीह्यादीनामिव तद्धर्मानुविधायित्वं युक्तमभ्यपगंतुम् । तथाहि सर्वत्र कार्य ऐक्यरूप्यं न त्यक्तं भवति । तथा च बीजे प्राधान्यं तद्दर्शयति **सर्वभूतप्रसूतिर्हि** । सर्वेषां भूतानां प्रसूतिरुत्पत्ति-**र्बीजलक्षणलक्षिता** । बीजस्य यल्लक्षणं रूपवर्णसंस्थानादि तेन लक्षिता चिह्निता तद्रूपा-नुविधायिनीति यावत् ॥३५॥

हिन्दी—बीज तथा क्षेत्र में बीज ही श्रेष्ठ कहा जाता है । अतएव सब जीवों की सन्तान बीज के लक्षणों से युक्त ही उत्पन्न होती है ॥३५॥

बीज प्राधान्य में दृष्टान्त—

यादृशं तूप्यते बीजं क्षेत्रे कालोपपादिते ।
तादृग्रोहति तत्तस्मिन्बीजं स्वैर्व्यञ्जितं गुणैः ।।३६।।

भाष्य—अनन्तरस्यैवार्थविस्तरत्वेन श्लोकोऽयं वक्रान्वयप्रदर्शनेन । **यादृशं** शब्द-

स्यार्थं व्याख्यास्यति (३९) 'ब्रीह्यः शालय' इत्यादिना। कालोपपादिते- काले वर्षादौ वपनकाले **उपपादिते** कृष्टसमीकरणादिना संस्कृते। **ताद्वग्रोहति** जायते। **स्वैर्गुणै**र्वर्ण-संस्थानरसवीर्यादिभि**र्गुणैः व्यञ्जितं** परिदृश्यरूपम् ॥३६॥

हिन्दी—समय पर जोते तथा सींचे गये खेत में जैसा (जिस जातिवाला) बीज बोया जाता है, अपने गुणों से वह बीज उस खेत में वैसा (अपनी जाति के समान) ही उत्पन्न होता है ॥३६॥

क्षेत्र के अप्राधान्य में दृष्टान्त—

इयं भूमिर्हि भूतानां शाश्वती योनिरुच्यते।
न च योनिगुणान्कांश्चिद्बीजं पुष्यति पुष्टिषु ।। ३७।।

भाष्य—बीजगुणानुवृत्तिः पूर्वेणोक्ता। अनेन क्षेत्रगुणानामभावमाह। एषा **भूमि-र्भूतानां** स्थावराणामोषधीतृणगुल्मलतानां **योनिः** क्षेत्रमुच्यते। **न च** तद्गुणास्तेषु भूतेषु केचन दृश्यन्ते। न मृदः। पांसवो वा तत्रोपलभ्यन्ते।

बीजं पुष्यति पुष्टिषु। बीजशब्दोऽत्राङ्कुरनिर्गतव्रीह्यादिवचनो न मूलवचनः। तदपि हि पुनरुपभुक्तशेषमुप्यमानमपरस्मिन्वत्सरे भवत्येव बीजम्। तन्न **पुष्यति** नानुवर्तते। पुष्ट्यङ्गभूतायामनुवृतौ पुष्यतिर्वर्तमानः। सकर्मकत्वं द्वितीयानिमित्तम्। **योनिगुणान्**-प्राप्नोति वा भजते। **पुष्टिषु** तदवयवेषु। यदि पुष्ट्यङ्गाऽनुवृतिराख्यातेनोच्यते पुष्टिष्वित्य-नर्थकम्। तस्मादनेकार्थत्वाद्धातूनामन्यवचनमात्र एवाख्यातेनानुव्याख्येयः।

श्लोकपूरणार्थं वा **पुष्टिष्विति**। कथञ्चित्पौनरुक्त्यं परिहार्यम्। सामान्यविशेषभावेन वाऽन्वयो वक्तव्यः। 'स्वपोषं पुष्ट' इति यथा ॥३७॥

हिन्दी—यह भूमि भूत (क द्वारा आरब्ध वृक्ष, लता, गुल्म आदि) की नित्य (अनादि कालगत) क्षेत्ररूप कारण कही गयी है, किन्तु कोई बीज योनि (क्षेत्र अर्थात् खेत) के किन्हीं गुणों को अपने अङ्कुर आदि में धारण नहीं करता; (अतएव योनि (क्षेत्र अर्थात् खेत) के गुण का बीज के द्वारा अनुवर्तन नहीं होने से क्षेत्र की प्रधानता नहीं होती है) ॥३७॥

भूमावप्येककेदारे कालोप्तानि कृषीवलैः।
नानारूपाणि जायन्ते वीजानीह स्वभावतः ।। ३८।।

भाष्य—अनन्तरोक्तोऽर्थ उदाहरणेन व्याक्रियते। **एककेदारे**—'अपि'रत्र योजनीयः। एकस्मिन्नपि क्षेत्रे भूमेः। **काले**। यस्य बीजस्य यो वैकः कालस्तस्मिन् **उप्तानि** कर्षकैः **भिन्नरूपाणि जायन्ते बीजानि** स्वभावानुविधानादित्यर्थः। यदि च क्षेत्रे प्राधान्यं स्यात्क्षेत्र-स्येकत्वात्सर्वाण्येकरूपाणि स्युः ॥३८॥

हिन्दी—भूमि में किसानों के द्वारा एक खेत में भी समय-समय पर बोये गये

(विभिन्न जातीय) बीज अपने-अपने स्वभाव के अनुसार भिन्न-भिन्न रूपवाले उत्पन्न होते हैं (भूमिका एक रूप होने पर भी बीजों का एक रूप नहीं होता, अत एव बीज को ही प्रधान मानना चाहिये ॥३८॥

व्रीहयः शालयो मुद्गास्तिला मापास्तथा यवाः ।
यथाबीजं प्ररोहन्ति लशुनानीक्षवस्तथा ॥ ३९ ॥

भाष्य—तानि नानारूपत्वेन बीजानि दर्शयति । **यथाबीजम्** बीजस्वभावाभिपत्त्या । सर्वत्र जात्याख्यायां बहुवचनम् ॥३९॥

हिन्दी—व्रीहि (साठी धान), शालि (अगहनी धान), मूँग, तिल, उड़द, यव, लहसुन तथा गन्ना ये (अनेक प्रकार के) बीज खेत में उत्पन्न होते हैं ॥३९॥

अन्यदुप्तं जातमन्यदित्येतन्नोपपद्यते ।
उप्यते यद्धि यद्बीजं तत्तदेव प्ररोहति ॥ ४० ॥

भाष्य—एष एवार्थः शब्दान्तरेण निगम्यते । मुद्गेषूप्तेषु व्रीहयो जायन्त इत्येतन्नास्ति । प्रतिषेधमुखेनोक्त्वा विधिमुखेन पुनः प्रतिपादनमुच्यते **यद्धि यद्बीजम्** ॥४०॥

हिन्दी—दूसरा (बीज) बोया गया और दूसरा (उससे भिन्न) ही उत्पन्न हो गया, ऐसा कभी भी नहीं हुआ, किन्तु जो बीज बोया जाता है, वही बीज उत्पन्न होता है ॥४०॥

विमर्श—उपर्युक्त (९।३६-४०) दृष्टान्त से क्षेत्र तथा बीज के गुणों के अनुसार स्त्री-पुरुषों में भी बीज (पुरुष) को ही प्रधान समझना चाहिये ।

पर-स्त्री में बीजवपन का निषेध—

तत्प्राज्ञेन विनीतेन ज्ञानविज्ञानवेदिना ।
आयुष्कामेन वप्तव्यं न जातु परयोषिति ॥ ४१ ॥

भाष्य—एवं पूर्वपक्षे सिद्धान्तमाह—क्षेत्रप्राधान्यमनेनोच्यते ।

"ननु च नात्र क्षेत्रप्राधान्याभिधायकं किञ्चित्पदमस्ति केवलं परक्षेत्रोपगमननिषेधः श्रूयते **वप्तव्यं न जातु परयोषितीति**—परदारेषु बीजनिषेको न कर्तव्य इत्यस्यार्थः । न पुनर्यस्य क्षेत्रं तस्यापत्यमित्यनेनोक्तं भवति"।

सत्यम् । "तथा नश्यति वै क्षिप्तं बीजं परमरिग्रह" इत्यनेनैकवाक्यत्वात् दृष्टापत्यापहारलक्षणदोषनिमित्तोऽयं प्रतिषेधः—नादृष्टार्थ उपगमनप्रतिषेधः । स हि चतुर्थ विहित एव—"न हीदृशमनायुष्यम्" इत्यादिना (४।१३४) । तस्मादन्यशेषतया प्रतिषेधश्रुतेरनन्तरेणैकवाक्यत्वादसति स्वातन्त्र्ये युक्ता क्षेत्रप्राधान्यप्रतिपादनपरता ।

प्राज्ञेन सहजया प्रज्ञया । **विनीतेन** पित्रादिभिरनुशिष्टेन । **ज्ञानविज्ञानवेदिना** करण-

साधनौ **ज्ञानविज्ञान**शब्दौ । 'ज्ञानं' वेदाङ्गशास्त्राणि । 'विज्ञानं' तर्ककलादिविषयम् । एतदुक्तं भवति । यस्य काचिद्बुद्धिर्विद्यते तेनैवं न कर्तव्यं—यतः सर्वशास्त्रेष्वेषा स्थितिः । यस्तु मूर्खस्तिर्यक्प्रख्यः सोऽत्र नाधिकृत एवेत्यनुवादोऽयम् ।

आयुष्कामेनेति चातुर्थिकस्य प्रतिषेधस्य प्रत्यभिज्ञानार्थमेतत् । ततश्च पृथक्प्रतिषेधशङ्का निरस्ता भवति ॥४१॥

हिन्दी—इस कारण से विद्वान्, विनीत ज्ञान (वेद) तथा विज्ञान (वेदाङ्गादि सब शास्त्र) का ज्ञाता और आयुष्य चाहनेवाले पुरुष को पर-स्त्री में बीजवचन (सम्भोग द्वारा वीर्यपात) कभी नहीं करना चाहिये ॥४१॥

उक्त विषय में वायु कथित गाथा की प्रमाणता—

अत्र गाथा वायुगीताः कीर्तयन्ति पुराविदः ।
यथा बीजं न वप्तव्यं पुंसा परपरिग्रहे ।।४२।।

भाष्य—**गाथा**शब्दो वृत्तविशेषवचनः । यथोक्तं पिङ्गलेन "अत्रासिद्धं गाथेति" । अविगीताः परम्परागताः श्लोका अप्युच्यन्ते । 'तदेषापि विज्ञगाथा गीयत' इत्युक्ता 'गाथाः श्लोका उत्तरत्र वेदे पठ्यन्ते—यदस्य पूर्वमपरं तदस्येति' ।

वायुना गीताः पठिता वायुप्रोक्ताः ।

पुराविदः पुराणकल्पान्तरवेदिनः ।

परपरिग्रहे परक्षेत्रे ॥४२॥

हिन्दी—पूर्वकाल के ज्ञाता लोग इस विषय में वायु की कही गयी गाथा (वचन) कहते हैं कि पुरुष को परस्त्री में कभी नहीं बीज बोना (सम्भोग द्वारा वीर्य निषेक करना) चाहिए ॥४२॥

नश्यतीषुर्यथा विद्धः खे विद्धमनुविध्यतः ।
तथा नश्यति वै क्षिप्तं बीजं परपरिग्रहे ।।४३।।

भाष्य—ता इदानीं गाथादर्शयति । **इषुः**शरः । स **नश्यति** । **खे** छिद्रे । अन्येनेष्वासेन **विद्धं** मृग**मनुविध्यतः** पूर्वस्य वेधकस्यात्र स्वाम्यम् ।

अथवाऽऽकाशे **खे** शरः क्षिप्तो लक्ष्यमन्तरेण—**नश्यति** निष्फलो भवति—**विद्धं चानुविध्यतः**—एवं परस्त्रियां तेजो निःक्षिप्तं तस्य बीजिनः । क्षेत्रस्वामिनोऽपत्यं भवति ॥४३॥

हिन्दी—जिस प्रकार किसी शिकारी या व्याध के द्वारा मारे गये मृग शरीर के उसी (पूर्व शिकारी से विद्ध) स्थान में दूसरे शिकारी या व्याध का बाण नष्ट हो जाता है अर्थात्

उस मृग को पाने का अधिकार पहले शिकारी या व्याधा को ही होता है, दूसरे को नहीं उसी प्रकार परस्त्री में छोड़ा गया बीज (वीर्य) शीघ्र ही नष्ट हो जाता है; (क्योंकि उससे उत्पन्न सन्तान को पाने का अधिकार वीर्य निषेक करनेवाले को नहीं होता, अपितु उस क्षेत्र (स्त्री) के पति को होता है, अतएव परस्त्री सम्भोग नहीं करना चाहिये ।।४३।।

क्षेत्र स्वामी के पुत्राधिकारी होने में अन्य दृष्टान्त—

पृथोरपीमां पृथिवीं भार्यां पूर्वविदो विदुः ।
स्थाणुच्छेदस्य केदारमाहुः शल्यवतो मृगम् ।।४४।।

भाष्य—ईदृशोऽयं पुराणकृतो जायापतिलक्षणसम्बन्धो यद्भिन्नावपि तावेकीकृताविव दर्शयति । तथाहि अनेकवर्षसहस्रातीतपृथुसम्बन्धा मही तेनैव व्यपदिश्यते **पृथिवीति**। तस्मादन्याऽपि स्त्री यस्य भार्या तस्य पुत्रोऽन्येनापि जातः ।

स्थाणुच्छेदस्य केदारं स्वमाहुः—सम्बन्धान्तरस्याभावात् स्वस्वामिसम्बन्धं षष्ठी प्रतिपादयति । 'स्थाणु'र्गुच्छगुल्मलतादिप्ररूढो यत्र भवति तच्छिनत्ति यः स 'स्थाणुच्छेदः'। तस्य तत्क्षेत्रं येन प्ररूढगुल्मलतावीरुधः छित्त्वा भूमिः क्षेत्रीकृता । तत्र कर्षणवपनजातं फलं तस्यैव ।

शल्यवतो मृगमाहुरित्यनुषज्यते । बहूनां मृगमनुधावतामाखेटकार्यं यस्यैव सम्बन्धि शरशल्यं मृगे दृश्यते तस्य तमाहुः । यत् प्रथमवेद्धुश्च स भवतीत्युक्तं ''नश्यतीषुः'' इत्यत्र ।।४४।।

हिन्दी—पुरावित् (प्राचीन इतिहास के ज्ञाता महर्षि आदि) लोग इस पृथ्वी को पृथु की भार्या मानते हैं[१], खुत्थ (ठुठ पेड़) काटने (कर भूमि को समतल करके खेत बनाने) वाले का खेत मानते हैं और पहले बाण मारनेवाले का मृग मानते हैं ।।४४।।

विमर्श—इस श्लोक का स्पष्ट आशय यह है कि पूर्वकाल में राजा पृथु ने इस पृथ्वी को जो बहुत ऊँची-नीची थी—अपने धनुष से बराबर (समतल) बनाया; अतएव इस (पृथ्वी) के साथ अब वर्तमान में राजाओं का सम्बन्ध होने पर भी प्राचीन इतिहासज्ञ महर्षि लोग पृथु को ही इस पृथ्वी का स्वामी मानते हैं । इसी प्रकार जो व्यक्ति ठूठ–शाखाविहीन सूखे पेड़ आदि को खोदकर भूमि को जोतने-बोने योग्य खेत बना देता है, उसी को उस खेत का स्वामी मानते हैं और जो शिकारी या व्याध किसी मृग को पहले बाण से मारता

---

१. अत्र कुल्लूकभट्टः—तथा च वाजसनेयब्राह्मणम्—अर्धो ह वा एष आत्मनस्तस्माद्यज्जायां न विन्दते नैतावत्प्रजायते असर्वो हि तावद्भवति, अथ यदैव जायां विन्दतेऽथ प्रजायते सर्वो भवति, तथा चेतद्वेदविदो विप्रा वदन्ति यो भर्ता सैव भार्या स्मृता इति' इति । (म०मु०)

है, उसे ही उस मृग को पाने का अधिकारी मानते हैं। इन तीनों महर्षि-सम्मत दृष्टान्तों से जिस पति ने स्त्री के साथ पहले विवाह किया है, वही पति उस स्त्री में अन्य पुरुष के द्वारा उत्पादित सन्तान का अधिकारी होता है, परस्त्री में सन्तानोत्पादन करनेवाला पुरुष उस सन्तान का अधिकारी नहीं होता। अतः पुरुष को परस्त्री में वीर्य-निषेध (वीर्यपात) नहीं करना चाहिये; क्योंकि उसका वह बीजनिषेक व्यर्थ होता है।

स्त्री-पुरुष की एकता—

एतावानेव पुरुषो यज्जायात्मा प्रजेति ह।
विप्राः प्राहुस्तथा चैतद्यो भर्ता सा स्मृताङ्गना।।४५।।

भाष्य—युक्तं च यस्य भार्या तस्यापत्यं यस्माद्भार्याया भर्तुश्चैकत्वमेव—प्रजाऽप्यात्मभूतैव। कथं वाऽन्यस्यात्मा सोऽन्यस्य भवेत्। एवं तावदृष्टमेतल्लोके। शास्त्रज्ञा अप्येवमेव विप्राः प्राहुरिति ॥४५॥

हिन्दी—'केवल पुरुष कोई वस्तु नहीं होता अर्थात् अपूर्ण ही रहता है, किन्तु स्त्री, स्वदेह तथा सन्तान—ये तीनों मिलाकर ही पुरुष (पूर्णरूप) होता है, ऐसा (वेदज्ञाता) ब्राह्मण कहते हैं[1] और जो पति है वही स्त्री है, अतएव उस स्त्री में (परपुरुष से भी) उत्पन्न सन्तान उस स्त्री के पति की ही होती है ॥४५॥

विक्रय या त्याग से स्त्रीत्व से अमुक्ति—

न निष्क्रयविसर्गाभ्यां भर्तुर्भार्या विमुच्यते।
एवं धर्मं विजानीमः प्राक्प्रजापतिनिर्मितम्।।४६।।

भाष्य—अथ मन्येत—'धनादिदानेन क्रीत्वा स्वीयाः करिष्यन्ते, परभार्यायां ततो विनिवृत्ते दुःस्वाम्ये तज्जातो जनयितुः पुत्रो भवतीति'—एतन्न। यतो न शक्या भार्यात्वेन निष्कसहस्रैरप्यन्यदीयाः स्वत्वमानेतुम्। नापि भर्त्रा त्यक्ता प्रहीणद्रव्यतया प्रतिग्रहीतुः स्वत्वमापद्यते। यत "उद्वहेतेति" (मनु० ३।४) कर्त्रभिप्रायक्रियाफलविषयादात्मनेपदाल्लिङ्गान्नान्येन संस्कृताऽन्यस्य भार्या भवति। यथा नाहवनीयादय आधातुरन्यस्य क्रयादिनाऽऽहवनीयादिव्यपदेश्याः।

निष्क्रयो विक्रयो विनिमयश्च। **विसर्गस्त्यागः**। ताभ्यां न **विमुच्यते**। न भार्यात्वमस्या अपैति ॥४६॥

हिन्दी—'बेचने या त्याग करने से स्त्री पति के स्त्रीत्व से मुक्त नहीं होती' पहले ब्रह्मा के बनाये हुए ऐसे धर्म को हम जानते हैं। (अतएव पति स्त्री को छोड़ दे या द्रव्य लेकर बेच दे तब भी उस स्त्री में परपुरुषोत्पादित सन्तान पति की ही होती है; सन्तानोत्पादक दूसरे पति की नहीं) ॥४६॥

विमर्श—इस वचन से उन लोगों की आँखें खुलनी चाहिये, जो केन्द्रिय संसद में 'तलाक विल' आदि रखकर आर्षधर्म विरुद्ध विधि (कानून) पारित (पास) कराना चाहते हैं।

भाग-विभाजनादि का एक बार कर्तव्य—

सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते ।
सकृदाह ददामीति त्रीण्येतानि सतां सकृत् ।।४७।।

भाष्य—अयमनुशयविधावष्टमे व्याख्यात: (८।२२७)। विभागकाले हि समविषमांशभाग्भि: समविषमांशभागेषु परिकल्प्य विभाग: कर्तव्य: । तत्र कृते यो विप्रतिपद्येत तस्य प्रतिषेधार्थमिदम् । तत्रापि यद्यादावेव यथार्थतां कस्यचिदंशस्य प्रज्ञापयेत्तदा स्यादेव पुनर्विभाग: । अथ बहुना कालेनायथाकृततां ब्रूयाद्यावदितरै: स्वेषु स्वेषु भागेष्वन्यनिवेशशीर्णप्रतिसंस्कारादि कृतं भवेद्—वस्त्रहिरण्यादि चोपयुक्तं स्यात्—तदा समतामात्रकरणे प्रभवति, न पुन: सर्वं समवायविभागम् ।

अन्ये तु क्लीबादीनामनर्हितविभागकानां पश्चादभागहरत्वनिमित्तक्लीबत्वादिपरिज्ञानान्नास्ति भागापहार इति सकृन्निपातप्रयोजनं वदन्ति ।

एवं द्वित्रिचतुर्भागहराणां यदृच्छया ये समतां प्रकल्पयेयु: पश्चादनुशयना: प्राक्तनं व्यवस्थानमतिक्रम्यापहर्तुं न लभेरन् । पतितस्य तु लब्धभागस्याप्यपहारं वक्ष्यामि ।

सकृत्कन्या प्रदीयते । यद्यपि चानेन वाग्दानोत्तरकालं प्रागपि विवाहाद्भर्तु: स्वतोच्यते । तथापि ''दत्तामपि हरेत्कन्यां'' (याज्ञ० १।६५) ''तेषां तु निष्ठा विज्ञेया विद्वद्भि: सप्तमे पद'' (मनु० ८।२२७) इत्यादिपर्यालोचनया विशिष्टविषयतैव । सा च व्याख्याता ।

सकृदाह ददामीति गवादयो हि येनैव रूपेणात्मन: स्वं तेनैवान्यस्मा आपद्यन्ते । कन्या तु दुहितृत्वेन स्वं सती भार्यात्वेनानिवृत्तस्वसम्बन्धा दीयत इति पृथगुपन्यास: ।

''ननु चानिवर्तमाने पितु: स्वसम्बन्धे कथं कन्यादानं प्रवर्तते । एतद्धि दानस्य रूपं यदेकस्य सम्बन्धो निवर्ततेऽन्यस्योपजायत इति'' ।

नैष दोष: । द्वावत्र सम्बन्धौ—अपत्यापत्यवद्भाव: स्वस्वामिसम्बन्धश्च । तत्रापत्यापत्यवद्भावो न निवर्तते, इतरस्तु निवर्तते । तथा च ''बाल्ये पितुर्वशे तिष्ठत्'' इति (मनु० ५।१८८) पितुश्चात्र स्वाम्यनिवृत्तिमाह ''पाणिग्राहस्येति'' भर्तुस्तदुत्पत्तिम् ।।४७।।

हिन्दी—पिता पुत्रादि के हिस्से को एक बार ही बाँटता है (उसे बार-बार बदलता नहीं), कन्या एक ही बार (पिता आदि के द्वारा पति के लिए) दी जाती है (फिर उसे पति आदि कोई भी व्यक्ति द्रव्य लेकर या बिना द्रव्य लिए दूसरे को नहीं दे सकता अर्थात् विवाहकर्ता पति आदि कोई भी उस स्त्री को न तो बेच सकता है न त्यागकर दूसरे के लिए

है, उसे ही उस मृग को पाने का अधिकारी मानते हैं। इन तीनों महर्षि-सम्मत दृष्टान्तों से जिस पति ने स्त्री के साथ पहले विवाह किया है, वही पति उस स्त्री में अन्य पुरुष के द्वारा उत्पादित सन्तान का अधिकारी होता है, परस्त्री में सन्तानोत्पादन करनेवाला पुरुष उस सन्तान का अधिकारी नहीं होता। अतः पुरुष को परस्त्री में वीर्य-निषेध (वीर्यपात) नहीं करना चाहिये; क्योंकि उसका वह बीजनिषेक व्यर्थ होता है।

स्त्री-पुरुष की एकता—

एतावानेव पुरुषो यज्जायात्मा प्रजेति ह।
विप्राः प्राहुस्तथा चैतद्यो भर्ता सा स्मृताङ्गना ।।४५।।

भाष्य—युक्तं च यस्य भार्या तस्यापत्यं यस्माद्भार्याया भर्तुश्चैकत्वमेव—प्रजाऽप्यात्मभूतैव। कथं वाऽन्यस्यात्मा सोऽन्यस्य भवेत्। एवं तावदृष्टमेतल्लोके। शास्त्रज्ञा अप्येवमेव विप्राः प्राहुरिति ॥४५॥

हिन्दी—'केवल पुरुष कोई वस्तु नहीं होता अर्थात् अपूर्ण ही रहता है, किन्तु स्त्री, स्वदेह तथा सन्तान—ये तीनों मिलाकर ही पुरुष (पूर्णरूप) होता है, ऐसा (वेदज्ञाता) ब्राह्मण कहते हैं[1] और जो पति है वही स्त्री है, अतएव उस स्त्री में (परपुरुष से भी) उत्पन्न सन्तान उस स्त्री के पति की ही होती है ॥४५॥

विक्रय या त्याग से स्त्रीत्व से अमूक्ति—

न निष्क्रयविसर्गाभ्यां भर्तुर्भार्या विमुच्यते।
एवं धर्मं विजानीमः प्राक्प्रजापतिनिर्मितम् ।।४६।।

भाष्य—अथ मन्येत—'धनादिदानेन क्रीत्वा स्वीयाः करिष्यन्ते, परभार्यायां ततो विनिवृत्ते दुःस्वाम्ये तज्जातो जनयितुः पुत्रो भवतीति'—एतन्न। यतो न शक्या भार्यात्वेन निष्कसहस्रैरप्यन्यदीयाः स्वत्वमानेतुम्। नापि भर्त्रा त्यक्ता प्रहीणद्रव्यतया प्रतिग्रहीतुः स्वत्वमापद्यते। यत "उद्वहेतेति" (मनु० ३।४) कर्त्रभिप्रायक्रियाफलविषयादात्मनेपदाल्लिङ्गान्नान्येन संस्कृताऽन्यस्य भार्या भवति। यथा नाहवनीयादय आधातुरन्यस्य क्रयादिनाऽऽहवनीयादिव्यपदेश्याः।

निष्क्रयो विक्रयो विनिमयश्च। **विसर्गस्त्यागः**। ताभ्यां न **विमुच्यते**। न भार्यात्वमस्या अपैति ॥४६॥

हिन्दी—'बेचने या त्याग करने से स्त्री पति के स्त्रीत्व से मुक्त नहीं होती' पहले ब्रह्मा के बनाये हुए ऐसे धर्म को हम जानते हैं। (अतएव पति स्त्री को छोड़ दे या द्रव्य लेकर बेच दे तब भी उस स्त्री में परपुरुषोत्पादित सन्तान पति की ही होती है; सन्तानोत्पादक दूसरे पति की नहीं) ॥४६॥

विमर्श—इस वचन से उन लोगों की आँखें खुलनी चाहिये, जो केन्द्रिय संसद में 'तलाक विल' आदि रखकर आर्षधर्म विरुद्ध विधि (कानून) पारित (पास) कराना चाहते हैं।

भाग-विभाजनादि का एक बार कर्तव्य—

सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते।
सकृदाह ददामीति त्रीण्येतानि सतां सकृत्॥४७॥

भाष्य—अयमनुशयविधावष्टमे व्याख्यात: (८।२२७)। विभागकाले हि समविषमांशभाग्भि: समविषमांशभागेषु परिकल्प्य विभाग: कर्तव्य:। तत्र कृते यो विप्रतिपद्येत तस्य प्रतिषेधार्थमिदम्। तत्रापि यद्यादावेव यथार्थतां कस्यचिदंशस्य प्रज्ञापयेत्तदा स्यादेव पुनर्विभाग:। अथ बहुना कालेनायथाकृततां ब्रूयाद्यावदितरै: स्वेषु स्वेषु भागेष्वन्यनिवेशशीर्णप्रतिसंस्कारादि कृतं भवेद्—वस्त्रहिरण्यादि चोपयुक्तं स्यात्—तदा समतामात्रकरणे प्रभवति, न पुन: सर्वं समवायविभागम्।

अन्ये तु क्लीबादीनामनर्हितविभागकानां पश्चादभागहरत्वनिमित्तक्लीबत्वादिपरिज्ञानान्नास्ति भागापहार इति सकृन्निपातप्रयोजनं वदन्ति।

एवं द्वित्रिचतुर्भागहराणां यदृच्छया ये समतां प्रकल्पयेयु: पश्चादनुशयना: प्राक्तनं व्यवस्थानमतिक्रम्यापहर्तुं न लभेरन्। पतितस्य तु लब्धभागस्याप्यपहारं वक्ष्यामि।

सकृत्कन्या प्रदीयते। यद्यपि चानेन वाग्दानोत्तरकालं प्रागपि विवाहाद्भर्तु: स्वतोच्यते। तथापि "दत्तामपि हरेत्कन्यां" (याज्ञ० १।६५) "तेषां तु निष्ठा विज्ञेया विद्वद्भि: सप्तमे पदे" (मनु० ८।२२७) इत्यादिपर्यालोचनया विशिष्टविषयतैव। सा च व्याख्याता।

सकृदाह ददामीति गवादयो हि येनैव रूपेणात्मन: स्वं तेनैवान्यस्मा आपद्यन्ते। कन्या तु दुहितृत्वेन स्वं सती भार्यात्वेनानिवृत्तस्वसम्बन्धा दीयत इति पृथगुपन्यास:।

"ननु चानिवर्तमाने पितु: स्वसम्बन्धे कथं कन्यादानं प्रवर्तते। एतद्धि दानस्य रूपं यदेकस्य सम्बन्धो निवर्ततेऽन्यस्योपजायत इति"।

नैष दोष:। द्वावत्र सम्बन्धौ—अपत्यापत्यवद्भाव: स्वस्वामिसम्बन्धश्च। तत्रापत्यापत्यवद्भावो न निवर्तते, इतरस्तु निवर्तते। तथा च "बाल्ये पितुर्वशे तिष्ठत्" इति (मनु० ५।१८८) पितुश्चात्र स्वाम्यनिवृत्तिमाह "पाणिग्राहस्येति" भर्तुस्तदुत्पत्तिम्॥४७॥

हिन्दी—पिता पुत्रादि के हिस्से को एक बार ही बाँटता है (उसे बार-बार बदलता नहीं), कन्या एक ही बार (पिता आदि के द्वारा पति के लिए) दी जाती है (फिर उसे पति आदि कोई भी व्यक्ति द्रव्य लेकर या बिना द्रव्य लिए दूसरे को नहीं दे सकता अर्थात् विवाहकर्ता पति आदि कोई भी उस स्त्री को न तो बेच सकता है न त्यागकर दूसरे के लिए

दे ही सकता है) और गौ आदि को देता हूँ' ऐसा वचन एक ही बार कहा जाता है (दान की हुई गौ को बार-बार दान नहीं किया जा सकता)। सज्जनों के तीनों दान कार्य एक ही बार होते हैं, अनेक बार नहीं ॥४७॥

विमर्श—जब गौ तथा पितृधन-विभाजन तक एक ही बार करने का विधान है, तो स्त्री को अनेक बार देना किसी प्रकार धर्मसङ्गत नहीं हो सकता, अतएव पूर्व विवाह-कर्ता पति ही स्त्री में परपुरुषोत्पादित सन्तान का अधिकारी होता है, सन्तानोत्पादक पर-पुरुष नहीं।

क्षेत्र प्राधान्य में अन्य दृष्टान्त—

यथा गोश्वोष्ट्रदासीषु महिष्यजाविकासु च।
नोत्पादकः प्रजाभागी तथैवान्याङ्गनास्वपि ।।४८।।

हिन्दी—जिस प्रकार गाय, घोड़ी, ऊँटिनी, दासी, भैंस, बकरी और भेंड़ में उत्पन्न सन्तान को पाने का अधिकारी सन्तानोत्पादक नहीं होता (किन्तु उक्त गाय आदि का स्वामी ही होता है); उसी प्रकार दूसरे पुरुष की स्त्रियों में उत्पादित सन्तान को पाने का अधिकारी (उन स्त्रियों का) पति ही होता है; (उत्पन्न करने वाला दूसरा पुरुष नहीं) ॥४८॥

येऽक्षेत्रिणो बीजवन्तः परक्षेत्रप्रवापिणः।
ते वै सस्यस्य जातस्य न लभन्ते फलं क्वचित् ।।४९।।

भाष्य—प्रसिद्धमेवैतत्। **अक्षेत्रिणो बीजवन्तो** व्रीह्यादिबीजस्वामिनः **सस्यस्य** मुद्गमाषादे**र्जातस्य न लभन्ते फलं**—परक्षेत्रे चेदुत्पत्तिः ॥४८-४९॥

हिन्दी—जो क्षेत्र (खेत) का स्वामी नहीं होकर भी दूसरे के क्षेत्र में बीज बोते हैं, वे उस (क्षेत्र) में उत्पन्न होन वाले अन्न के फल को कहीं (किसी देश आदि में) भी नहीं पाते हैं ॥४९॥

यदन्यगोषु वृषभो वत्सानां जनयेच्छतम्।
गोमिनामेव ते वत्सा मोघं स्कन्दितमार्षभम् ।।५०।।

भाष्य—पूर्वेण स्थावरेषु धर्मः प्रसिद्धवदुदितो ज्ञापितो वा। अनेन तिर्यक्षु परि-गृहीतेषु गवादिषु निदर्श्यते। अन्यदीयो वृषभो यद्यप्यन्यगवीषु वत्सान्बहूनपि **जनयेन्न** वृषभस्वाम्येकमपि वत्सं लभेत—सर्व एव ते वत्सा **गोमिनां** गोस्वामिनाम्। **आर्षभमृ**षभ-सम्बन्धि**स्कन्दितं** बीजनिषेको **मोघं** वृथा निष्फलम् ॥५०॥

हिन्दी—जो दूसरों की गाय में साँड़ सैकड़ों बछवों को उत्पन्न कर दे, वे सब बछड़े गाय के स्वामी के ही होते हैं (और साँड़ के स्वामी के नहीं होते, अतः) साँड़ का वीर्यक्षरण करना व्यर्थ है ॥५०॥

विमर्श—'यथा गोऽश्वोष्ट्रदासीषु (९/४८)' श्लोक में पर क्षेत्र में सन्तानोत्पादक का सन्तानाधिकारी होने का निषेध किया गया है, तथा इस श्लोक में क्षेत्रस्वामी को सन्तानाधिकारी होने का विधान किया गया है, अतएव पूर्व (९/४८) श्लोक से इसकी पुनरुक्ति नहीं होती।

तथैवाक्षेत्रिणो बीजं परक्षेत्रप्रवापिणः ।
कुर्वन्ति क्षेत्रिणामर्थं न बीजी लभते फलम् ।।५१।।

भाष्य—पूर्वस्य निर्देशोऽयम्। यथा गवादिषु स्थावरेषु चैवं मनुष्येष्वपि **कुर्वन्ति**। क्षेत्रस्वामिना**मर्थं** प्रयोजनं बीजकार्यं सम्पादयन्ति ।।५१।।

हिन्दी—उसी प्रकार (स्त्रीरूप) क्षेत्र का स्वामी नहीं होते हुए जो पुरुष दूसरे के (स्त्रीरूपी) क्षेत्र में बीज बोते (वीर्यक्षरण) करते हैं, वे बीजवाला (परस्त्री में वीर्यक्षरण करनेवाला पुरुष, सन्तानरूपी) फल को नहीं प्राप्त करता ।।५१।।

फलं त्वनभिसंधाय क्षेत्रिणां बीजिनां तथा ।
प्रत्यक्षं क्षेत्रिणामर्थो बीजाद्योनिर्बलीयसी ।।५२।।

भाष्य—अविशेषेणोक्तं क्षेत्रिणां फलं न बीजिनः। तस्यावशिष्टविषयत्वमाह—**अनभिसन्धायेति**। अभिसन्धानं बीजक्षेत्रिणोरितरेतरसम्विद्व्यवस्थापनम्—'नष्टाश्वदग्धरथवदुभयोरावयोः फलमस्त्विति'—यत्र वचनव्यवस्था न भवति तत्र **क्षेत्रिण एव प्रत्यक्षोऽर्थो**निश्चितं फलम्। **प्रत्यक्ष**शब्देन निःसन्दिग्धतामाह। यतो **बीजाद्योनिर्बलीयसी**। क्षेत्रमधिकबलम् ।।५२।।

सत्यां तु संविदि—

हिन्दी—खेतवाला और बीज बोनेवाला— ये दोनों परस्पर में फल उत्पन्न होने के कारण अन्न-फल आदि के विषय में नियम (इस खेत में तुम्हारे बीज होने पर जो अन्न उत्पन्न होगा, वह हम दोनों का होगा, ऐसी शर्त) नहीं करे तो उस खेत में उत्पन्न (अन्न-फल आदि) खेतवाले का होता है; क्योंकि बीज की अपेक्षा क्षेत्र (खेत) ही प्रधान है (यही नियम सन्तानोत्पत्ति के विषय में भी जानना चाहिये) ।।५२।।

क्रियाभ्युपगमात्त्वेतद्बीजार्थं यत्प्रदीयते ।
तस्येह भागिनौ दृष्टौ बीजी क्षेत्रिक एव च ।।५३।।

भाष्य—अनभिसंधाय क्षेत्रिणः फलमुक्तम्। अभिसंधाने किं बीजिन उतोभयोरिति संशय उभयोरित्याह। **क्रियाया अभ्युपगमो**ऽङ्गीकरणमेवमेवैतदिति संविल्लक्षणः यो निश्चयः सा 'क्रिया'ऽभिप्रेता तामभ्युपगमय्य **बीजार्थं** बीजकार्यफलनिष्पत्त्यर्थं **यत्प्रदीयते**—सामर्थ्याद्बीजमिति गम्यते। **तस्येह** द्वावपि **भागिनौ** ।।५३।।

हिन्दी—खेत का स्वामी बीज बोनेवाले से नियम (इस खेत में तुम्हारे बीज बोने पर उत्पन्न अन्नादि हम दोनों का होगा, ऐसी शर्त) करके जो खेत देता है, इस लोक में उस उत्पन्न अन्नादि का स्वामी दोनों-खेत के स्वामी तथा बीज बोनेवाले के होते देखा गया है ॥५३॥

ओघवाताहृतं बीजं यस्य क्षेत्रे प्ररोहति ।
क्षेत्रिकस्यैव तद्बीजं न बीजी लभते फलम् ॥५४॥

भाष्य—परक्षेत्रे वप्तुर्बीजनाश उक्तः । तत्र मन्येत—"पुरुषापराधात्तस्य युक्तोपहारो नूनमसौ क्षेत्रं जिहीर्षति—नो चेत्किमिति परक्षेत्रे वपतीति । येन तु स्वक्षेत्रे व्युप्तमोघवाताभ्यामन्यत्रानीतं तस्य कोऽपराधो यदि स्वं द्रव्यं हारयति"—तदर्थमाह । **ओघवाताहृतं बीजम्** । **ओघो** जलनिषेकः, तेन वायुना चाहृतं नीतं **यस्य क्षेत्रे प्ररोहति** तस्यैव तद्भवति । एतेनैव सिद्धे विस्पष्टार्थं **न बीजी लभते फलमिति** । सर्वत्र क्षेत्रप्राधान्यमित्यर्थः ॥५४॥

हिन्दी—पानी या हवा के वेग से (दूसरे के खेत में बोया गया) जो बीज बहकर या उड़कर दूसरे के खेत में जाता (अङ्कुरित होता) है, वह बीज (उस बीज का फल—अन्न) खेत (जिसमें बीज जाता है, उस खेत) के स्वामी का ही होता है, बीज बोने वाला उसका कुछ भी फल (लाभ) नहीं पाता ॥५४॥

एष धर्मो गवाश्वस्य दास्युष्ट्राजाविकस्य च ।
विहङ्गमहिषीणां च विज्ञेयः प्रसवं प्रति ॥५५॥

भाष्य—अपत्याधिकारात्तद्विषयतैव माविज्ञायीति गवाश्वादिग्रहणम् । यदि वा बीजफलव्यवहारः सस्यादिविषयतया प्रसिद्धतरस्तन्निवृत्त्यर्थमाह । द्विपदां चतुष्पदां पक्षिणां स्थावराणां च सर्वत्रैष धर्मः । **एष** इति द्वयं प्रत्यवमृश्यते । अनभिसंधाने यस्य चेत्रं तस्य फलमभिसंधाने चोभयोः । उदाहरणार्थत्वाच्च गवाश्वादिग्रहणस्य श्वमार्जारादिष्वप्ययमेव न्यायः ।

तर्हि किमर्थं "यद्यन्यगोषु" इति ।

प्रायेण गावः पुरुषाणां भवन्ति, न तथा विहङ्गमादय इति प्रसिद्धेरनुवादोऽसौ । **दास्यः** सप्तभिर्दासयोनिभिरुपगताः । **प्रसवः** कायजन्म । तं **प्रति** तत्रेत्यर्थः ॥५५॥

हिन्दी—यही (९/४९-५४ में कथित) व्यवस्था गाय, घोड़ा दासी, बकरी, भेंड़, पक्षी और भैंस की सन्तान के प्रति भी जाननी चाहिये ॥५५॥

विमर्श—उक्त व्यवस्था के अनुसार गाय आदि का स्वामी ही उनमें उत्पन्न हुई सन्तान (बछवा-बछिया आदि) को पाने का अधिकारी होता है, साँड़ आदि का स्वामी नहीं,

किन्तु परस्पर में बाँटने का नियम करने पर तो दोनों ही उसको पाने के अधिकारी हाते हैं ।

स्त्री-धर्म—

एतद्वः सारफल्गुत्वं बीजयोन्योः प्रकीर्तितम् ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि योषितां धर्ममापदि ।।५६।।

भाष्य—**सारं** प्रधानम् । **फल्ग्व**सारम् । उपसंहारः **पूर्व**प्रकरणस्य । उत्तरार्धेन वक्ष्यमाणसूचनम् ।

आपत् जीवनस्थितिहेतुभूतभोजनाच्छादनाभावः, सन्तानविच्छेदश्च ॥५६॥

हिन्दी—(भृगु मुनि महर्षियों से कहते हैं कि मैंने) बीज तथा क्षेत्र की प्रधानता और अप्रधानता को तुम लोगों से कहा—इसके बाद आपत्ति में (सन्तान नहीं होने पर) स्त्रियों के धर्म को कहूँगा ॥५६॥

भ्रातृपत्नी-सम्भोग से पतित होना—

भ्रातुर्ज्येष्ठस्य भार्या या गुरुपत्न्यनुजस्य सा ।
यवीयसस्तु या भार्या स्नुषा ज्येष्ठस्य सा स्मृता ।।५७।।

भाष्य—श्लोकद्वयेन प्राकृतव्यवस्थामनुवदत्यापदि नियोगं विधातुम् । **ज्येष्ठोऽ**ग्रे जातः । **अनुजः** पश्चाज्जातः कनीयान् । **यवीयान**नुज एव ॥५७॥

हिन्दी—बड़े भाई की स्त्री छोटे भाई की गुरुपत्नी (के तुल्य) होती है और छोटे भाई की स्त्री बड़े भाई की स्नुषा (पुत्र वधू अर्थात् पतोहू के तुल्य) होती है ॥५७॥

ज्येष्ठो यवीयसो भार्यां यवीयान्वाऽग्रजस्त्रियम् ।
पतितौ भवतो गत्वा नियुक्तावप्यनापदि ।।५८।।

भाष्य—इतरतरभार्यागमने ज्येष्ठानुजयोः पातित्य**मनापदि** सत्यपि नियोगे ॥५८॥

हिन्दी—(अतएव) बड़ा भाई छोटे भाई की स्त्री (भवह) के साथ तथा छोटा भाई बड़े भाई की स्त्री (भौजाई) के साथ आपत्तिकाल के बिना नियुक्त होने पर भी सम्भोग करके पतित हो जाते हैं ॥५८॥

नियोग प्रकरण—

देवराद्वा सपिंडाद्वा स्त्रिया सम्यङ्नियुक्तया ।
प्रजेप्सिताऽधिगन्तव्या संतानस्य परिक्षये ।।५९।।

भाष्य—सर्वविशेषेण विशिष्टोऽनेन नियोगो विधीयते । **संतानस्य परिक्षये नियुक्तया** देवरादिभ्यः **सम्यक्** प्रजोत्पादयितव्येति । तदुक्तं "योषितां धर्ममापदि" इति सेयमापत् "संतानस्य परिक्षयः" । संतानशब्देन पुत्र उच्यते दुहिता च पुत्रिका । सा हि पितृवंशं

संतनोति नान्या। तस्य **परिक्षयो**ऽनुत्पत्तिरुत्पन्ननाशो वा पुत्रिकायाश्चाकरणम्। न हि स्त्रियाः केवलायाः पुत्रिकायामन्यस्मिन्वा पुत्रप्रतिनिधावधिकार इति वक्ष्यामः। नियुक्तोत्पादयेदनुज्ञाता गुरुभिः।

"कुतः पुनः गुरुभिरिति"।

स्मृत्यन्तरनिदर्शनात्। अथवा नियोगशब्दादेव। नियोगो हि गुरुसम्बन्धी लोकेऽप्युच्यते। न हि शिष्येण नियुक्तोऽध्यापयतीत्युच्यते। आचार्येण नियुक्तः करोत्येव वदति। 'गुरवश्च' श्वश्रूश्वशुरदेवरादयो भर्तृसगोत्रा द्रष्टव्याः, न पित्रादयः। एतेनापत्येनापत्यवन्तस्ते उच्यन्ते येषां चोपकारस्तत्कृत और्ध्वदेहिको भवति।

"यद्येवं मातामहस्यापि दौहित्रोपकारोऽस्ति। ततः पित्रा दुहिता नियोक्तव्येत्यापन्नम्।"

उक्तं—येनापत्यवन्त उच्यन्ते। देवरसपिण्डग्रहणेन तद्गोत्रा एव हृदयमागच्छन्ति। महाभारते च तत्र तत्र नियोक्तृभावो भर्तृपक्षिणामेव दर्शितः। अत एव भ्रातृपुत्रे सति न नियोगः कर्तव्यः।

"ये हि नियुक्तास्तेषामेव सन्तानोपकारः। पुत्रजनिते स्नेहेऽपत्योपकारमर्थयमाना अधिक्रियन्ते। न मृतस्याधिकारोऽस्ति। कथं तर्हि तस्यापत्यमिति व्यपदिश्यते"।

कथंचित्पिण्डदाने स उपकरोति। वचनादिति च ब्रूमः। न ह्यपत्यमुत्पादयितव्यमित्येष विधिस्तेनानुष्ठित इति—तथापि तदीये क्षेत्रे नियोगविधिजातेन पिण्डदानादि कर्तव्यमिति शास्त्रार्थः। ततश्च तस्योपकारकमवगतम्। यथा चैतत्तथा पुरस्तान्निपुणं वक्ष्यामः।

देवरः पतिभ्राता। **सपिण्डः** पत्यन्वयः। स्मृत्यन्तरे जातिमात्राच्चेत्युक्तं भवति सर्म्यागति नियमं वक्ष्यमाणमनुवदति। प्रजेप्सिताधिगन्तव्या विधौ कृत्ये। ईप्सितशब्देन कार्यक्षमतामाह। ततो दुहितर्यन्धबधिरादौ च जाते पुनर्नियोगोऽनुष्ठेयः॥५९॥

हिन्दी—सन्तान के अभाव होने पर पति या गुरु से नियुक्त (आज्ञप्त) स्त्री को देवर (पति का छोटा भाई) या सपिण्ड के साथ (९/६०) श्लोक में वर्णित विधि के अनुसार) सन्तान प्राप्त करना चाहिये॥५९॥

नियोग-नियम तथा द्वितीय पुत्रोत्पादन का निषेध—

विधवायां नियुक्तस्तु घृताक्तो वाग्यतो निशि।
एकमुत्पादयेत्पुत्रं न द्वितीयं कथञ्चन॥६०॥

भाष्य—विधवाग्रहणमतन्त्रम्। क्लीबादिरूपे पत्यौ जीवत्यप्येष एव विधिः। यतो वक्ष्यति "नियुक्तौ यौ विधिंहित्वेति" (६३)। एतदेव तस्य प्रयोजनम्। नियमोऽत्रविषयाणाम्, न नियमानामन्यथा विज्ञाते प्रकृतत्वाद्विधवाया एव स्युः। **निशि**। प्रदीपाद्या-

लोकनिवृत्त्यर्थमेतत्। वचनान्तरेण दिवोपगमनप्रतिषेधात्। अन्य त्वाहुः—पुरुषार्थोऽसौ प्रतिषेधः कर्मार्थस्त्वयम्। तेनाह्नि गमनेन न क्षेत्रजमुत्पादयेत्।

एकमुत्पादयेत्पुत्रं न द्वितीयम् ॥६०॥

अस्य प्रतिप्रसवः—

हिन्दी—विधवा स्त्री में पति या गुरु से नियुक्त देवर या सपिण्ड पुरुष सम्पूर्ण शरीर में घी लगाकर तथा मौन होकर रात में (सम्भोग करके, एक पुत्र को उत्पन्न करे, द्वितीय पुत्र को कदापि उत्पन्न नहीं करे) ॥६०॥

विमर्श—'यहाँ 'विधवा' शब्द से सन्तानोत्पादन में समर्थ पति के नहीं होने से 'विधवा के समान' अर्थ समझना चाहिये' ऐसा मन्वर्थमुक्तावलीकार का मत है ;परन्तु 'ततः प्रभृति.........(९।६८)' श्लोक में 'प्रमीतपतिकां' पद से स्पष्टता या मरे हुए पतिवाली अर्थात् अर्थात् 'विधवा' ही स्त्री विवक्षित है; ऐसा प्रतीत होता है, अथवा उक्त श्लोक में 'प्रमीतपतिकां' पद से 'सन्तानोत्पादन में अशक्त होने से मृत (मृततुल्य) पतिवाली' ऐसा अर्थ करने से उक्त व्याख्याकार से विरोध नहीं होता।

मतान्तर से नियोग द्वारा द्वितीयपुत्रोत्पादन का विधान—

द्वितीयमेके प्रजनं मन्यन्ते स्त्रीषु तद्विदः।
अनिर्वृत्तं नियोगार्थं पश्यन्तो धर्मतस्तयोः ।।६१।।

भाष्य—**द्वितीयः** पुत्र इत्येकेषां मतम्। **तद्विदः** क्षेत्रजोत्पत्तिविधिज्ञाः। **अनिर्वृत्तं नियोगार्थं** पश्यन्तः। नियुक्ताया प्रजोत्पादयितव्येत्यस्य विधेरेकस्योत्पादनेनासम्पत्ति **मन्यन्ते**।

"कस्तेषामभिप्रायः।"

एकवचनमविवक्षितं मन्यन्ते। द्रव्यप्रधानत्वात् कर्मणो गुणभावादविवक्षा—ग्रहैकत्ववत्।

ननु चानुपात्तोपदेशे सत्यपि द्वितीयया द्रव्यप्राधान्यावगमे संख्यादिविशेषेण विवक्षा स्थितैव। "उद्वहेत द्विजो भार्यम्" इति लिङ्गादपत्यविधावेकत्वसंख्यातिक्रमो "दशास्यां पुत्रानाधेहीति" (ऋग्वेदे ९१०।८) यद्येवं न द्वित्व एवावस्थानम्।

अस्यामेवाशङ्कायां **द्वितीयमिति** वचनं अन्यनिवृत्त्यर्थम्। अर्थवत्ता तस्याप्ययमभिप्रायः। औरस लिङ्गम्—विवाहप्रकरणे मन्त्रपाठात्। इह त्वेकत्वातिक्रमः। 'अपुत्र एकपुत्र' इति शिष्टप्रवादात्। अथवाऽस्या एव स्मृतेर्द्वितीयपुत्रस्तुतिकल्पनात्।

धर्मतः शिष्टाचारतः ॥६१॥

हिन्दी—नियोग से पुत्रोत्पादन विधि के ज्ञाता कुछ आचार्य ('अपुत्र एकपुत्रः' अर्थात् 'एक पुत्र वाला पुत्रहीन है' इस शिष्ट वचन के अनुसार) एक पुत्र की उत्पत्ति होने से नियोग के उद्देश्य की पूर्णता नहीं मानकर दूसरे पुत्र को उत्पन्न करने के लिए भी उन्हें (देवर या सपिण्ड के पुरुष को) अनुमति देते हैं ॥६१॥

विधवायां नियोगार्थे निवृत्ते तु यथाविधि ।
गुरुवच्च स्नुषावच्च वर्तेयातां परस्परम् ।।६२।।

भाष्य—इह तु नियोगविषयो यत्र नियुज्यते । स च सम्प्रयोगाभिमर्दपर्यवसान उपगमनलक्षणः तस्मिन्**निवृत्ते** पूर्वैव वृत्तिः । **गुरुवत्स्नुषावत्** । ज्येष्ठस्य भार्यायां गुरुवद्यवीयसः स्नुषावत् । **परस्पर**ग्रहणात् स्नुषावद्वर्तेत स्त्री पुरुषे ज्येष्ठे, देवरे गुरुवत् ॥६२॥

हिन्दी—विधवा (९।६० का विमर्श देखें) में नियोग के उद्देश्य (गर्भधारण आदि) के विधिवत् पूरा हो जाने पर (बड़े भाई तथा छोटे भाई की स्त्री से क्रमशः) गुरु तथा स्नुषा (पुत्रवधू) के समान परस्पर बर्ताव करे ॥६२॥

नियोग में कामवासना से सम्भोग की निन्दा—

नियुक्तौ यौ विधिं हित्वा वर्तेयातां तु कामतः ।
तावुभौ पतितौ स्यातां स्नुषागगुरुतल्पगौ ।।६३।।

भाष्य—विधिं "घृताक्त" इत्यादिः । तदतिक्रमे पातित्यम् । **नियुक्तो** ज्येष्ठः, **स्नुषागः** पुमान्, **गुरुतल्पगः** कनीयान् ॥६३॥

हिन्दी—जो नियुक्त छोटो या बड़ा भाई परस्पर की स्त्री के साथ विधि (९।६० में वर्णित समस्त अङ्गों में घृतलेपन, मौन तथा रात्रिकाल) को छोड़कर कामवशीभूत हो सम्भोग करते हैं, वे दोनों (बड़ा भाई तथा छोटा भाई क्रमशः) स्नुषासम्भोग तथा गुरुपत्नी-सम्भोग के पापभागी होकर पतित हो जाते हैं ॥६३॥

नियोग-निन्दा—

नान्यस्मिन्विधवा नारी नियोक्तव्या द्विजातिभिः ।
अन्यस्मिन्हि नियुञ्जाना धर्मं हन्युः सनातनम् ।।६४।।

भाष्य—पूर्वेण विहितस्य नियोगस्य प्रतिषेधोऽयम् ।

तत्र केचित्—'विधवाग्रहणान्मृतभर्तृकायाः प्रतिषेधः क्लीबेन तु पत्या नियोक्तव्येति विधिप्रतिषेधौ विभक्तविषयाविति' प्रतिपन्नाः ।

अन्ये तु—विधिवाक्ये सन्तानविच्छेदस्य निमित्तश्रवणात्तस्य च क्लीबव्याधितयोर्मृतस्याप्युपपत्तिः । तथा च विधिवत् प्रतिषेधोऽप्यविशिष्ट एव । अपेतधवसम्बन्धा विधवेत्युच्यते । तत्तुल्यमुभयत्रापि ।

अवश्यं चैतदेवं विज्ञेयम् । इतरथा घृताभ्यक्तादिनियमोऽपि क्लीबेन नियुज्यमानाया न स्यात् । तत्रापि ह्यामनन्ति "विधवायां नियुक्तश्च घृताक्त" इति । तस्माद्विहितस्याविशेषेण प्रतिषेधोऽप्यविशिष्टः । अतश्च विषयसमत्वे विधिनिषेधयोर्विकल्पः अयं च नित्योऽपत्योत्पादनविधिर्विकल्प एव कल्पते ग्रहणाग्रहणवत् ।

यदा तु "पुत्रेण जयति" इत्येवमादिफलोत्पादनविधिस्तदाऽसत्यपत्ये तत्कार्यस्यौर्ध्वदेहिकस्योपकारस्याभावाद्भिन्नफलयोः कुतो विकल्पः । समानविषयौ विधिनिषेधावेकार्थे विकल्प्येते । षोडशीग्रहणाग्रहणयोरिति केचित् ।

उक्तमङ्गभूयस्त्वे फलभूयस्त्वम् । प्रधानकार्यसिद्धौ त्वविशेषः । तस्मादस्मिन्पक्षे पुत्रोपकाराभावमाह । उपकारविशेषर्थेनास्य प्रवृत्तौ प्रतिषेधातिक्रमेण श्येनतुल्यता ।

इदं त्वत्र निरूप्यम् । योऽसौ नियुज्यते स किमिति प्रवर्तते । न हि तस्य विधिरस्ति । 'नियुक्तेन गन्तव्यम्' इति । स्त्रिया पुनर्विद्यते "सम्यक् स्त्रिया नियुक्तयेति" । न च— "देवरादिषु प्रवर्तमानेषु स्त्रिया नियोगसिद्धिरित्यर्थः । तेषामपि प्रवृत्तिस्तद्विधिना । क्षेत्रज ईप्सित" इति वाच्यम् । यतो रागतः प्रवृत्तिरुपपद्यते । "घृताक्तादिनियमविधानमनर्थकमिति" चेन्नानर्थकम् । तथानियमैरुत्पन्ने क्षेत्रजव्यपदेशो नान्य इति ।

यदपि गुरुवचनं कर्तव्यमिति केचित्प्रवृत्तिनिबन्धनमाहुः—एवं सति सुरापानादिष्वपि गुर्विच्छया प्रवृत्तिः प्राप्नोति । न चासौ गुरुरकार्ये यः प्रवर्तयति ।

"गुरोरप्यवलिप्तस्य कार्याकार्यमजानतः ।
उत्पथप्रतिपन्नस्य परित्यागो विधीयत ॥"

इति स्मरणात् । परित्यागश्च गुरुकार्यान्निवृत्तिः ।

एतेनैतदपि प्रत्युक्तं—"यन्नियमातिक्रमपातित्यवचनं नियमपूर्विकां वृत्तिमनुजानाति— "तावुभौ पतितौ स्याताम्' इति । इतरथा सर्वप्रकारं गच्छतः पातित्यमिति विशेषपातित्यमनुपपन्नम्" ॥ यतस्तत्र केवलस्य पुंसः श्रूयते किं तर्हि स्त्रिया इति । तस्याश्च पुत्रार्थिन्या नियोगो विहितः । तदपेक्षं हि व्यतिक्रमे पतितवचनं "तावुभौ पतितौ स्यातामिति" । असति व्यतिक्रम एकः पतितः पुमानेव, अतिक्रमे तु द्वावपीत्येवमपि लिङ्गान्निर्गच्छत्येव । तस्माद्देवरादिविधिलक्षणा प्रवृत्तिः कथमिति वक्तव्यम् ।

उच्यते । व्यासादिदर्शनेनापत्यपिण्डदान इव क्षेत्रजोत्पत्त्यर्थं सपिण्डानां गुरुनियोगापेक्षा । तदा नोपगमने च्युतिरस्तीत्यनुमन्तव्यम् । न हि महात्मनां रागलक्षणप्रवृत्तिरभ्युपगन्तुं न्याय्या । यच्चोक्तं नियमातिक्रमे पतितत्ववचनं लिङ्गमिति—तदयुक्तम् । यतः पुंसः पतितत्वे पतितोत्पन्नस्याधिकाराभावादुत्पादनमनर्थकम् । तस्मादस्ति देवरादिविधेराभासोऽयम् ॥६४॥

हिन्दी—ब्राह्मणादि (गुरु या पति आदि) विधवा (९।६० का विमर्श देखें) को दूसरे (देवर या सपिण्ड पुरुष) में नियुक्त न करे अर्थात् सन्तान न होने पर भी सन्तानोत्पादन करने की देवर आदि को आज्ञा न दे; क्योंकि दूसरे (देवर या सपिण्ड पुरुष) में स्त्री को नियुक्त करते हुए (वे ब्राह्मणादि) सनातन धर्म को नष्ट करते हैं ।।६४।।

वर्णसङ्कर काल—

नोद्वाहिकेषु मन्त्रेषु नियोगः कीर्त्यते क्वचित् ।
न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः ।।६५।।

भाष्य—उद्वाहनं कर्म—तत्र ये मन्त्राः प्रयुज्यन्ते "अर्यमणं नु देवं कन्या अग्निमयक्षत" इत्यादयः । तथान्येऽपि तत्सम्बन्धाः "मया पत्या जरदष्टिः" इति, "मया पत्या प्रजावतीति"—तत्र सर्वत्र वाढुर्वरयितुः स्वापत्यं भवतीत्याहुः । न तत्र श्रूयते 'मया यत्र नियुज्यसे ततो जनयेति' ।

मन्त्रग्रहणेनैतद्दर्शयति मन्त्रार्थवादा अपि नैवंविधाः सन्ति । दूरत एव तद्दर्शयति **न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः** । **'आवेदनं'** गमनमभिप्रेतमत्र । अथ—"विवाह एवेयं वा संयुज्यते । विवाहयिष्यति देवरो भ्रातृजायाम् । ततोऽयं नियोगो विवाहो विहित एव ।" न त्वत्र विवाहविधिरिति पूर्वशेषोऽयमर्थवादः ।।६५।।

हिन्दी—विवाह सम्बन्धी किन्हीं मन्त्रों में किसी भी शाखा में नियोग को नहीं कहा गया है और न विवाह की विधि में विधवा को पुनः देने (दूसरे पुरुष के साथ पुनर्विवाह करने) को ही कहा गया है ।।६५।।

अयं द्विजैरविद्वद्भिः पशुधर्मो विगर्हितः ।
मनुष्याणामपि प्रोक्तो वेने राज्यं प्रशासति ।।६६।।

भाष्य—अयमप्यर्थवाद एव नियोगप्रतिषेधशेषः । येऽविद्वांसः सम्यक् शास्त्रं न जानते तत्र व्यवहारिणो लिङ्गाद्यन्यपरत्वं च न जानते तैरयं **पशुधर्मः**—स चात्यन्तगर्हितो **मनुष्याणमपि प्रोक्तः** प्रवर्तितः । स चेदानींतनो न, आदि **वेने राज्ञि प्रशासति** राष्ट्रं पालयति ।

"ननु च लिङ्गानि नैव सन्तीत्युक्तम् ।"

नैवम् । उद्वाहकेषु मन्त्रेषु न सन्तीत्युक्तम् । अन्यत्र तु दृश्यते । "को वा स पुत्रो विधवेव देवरं मर्यं न योषा कृणुते सधस्थ आ" इत्यादि । यथा विधवा स्त्री देवरपतिं मनुष्यं कुरुते समानशयन एवं को वा मनस्विनौ कुरुते येन नागच्छतः । को विशेषो विवाहमन्त्रेषु । स किलापत्योत्पत्तिविध्यनुक्रमरूप इत्यभिप्रायः ।

अन्यैर्विद्वद्भिरिति पठितम् । **गर्हितो मनुष्याणां प्रोक्तः** । पशूनामेष धर्मो भ्रातृ-

स्त्रीगमनं नाम। स च प्रवृत्तो वेनस्य राज्ये ॥६६॥

हिन्दी—राजा वेन के शासनकाल में मनुष्यों के लिए भी कहे गये इस पशु धर्म की विद्वान् द्विजों ने निन्दा की है ॥६६॥

विमर्श—उक्त वचन के अनुसार यह नियोग द्वारा आपत्ति काल में सन्तानोत्पादन का विधान वेन के शासनकाल से चलाये जाने के कारण सादि है, किन्तु सनातन नहीं है अतएव अमान्य है।

स महीमखिलां भुञ्जन् राजर्षिप्रवरः पुरा।
वर्णानां सङ्करं चक्रे कामोपहतचेतनः ॥६७॥

भाष्य—भुञ्जन्पालयन्। "कथं पुनर्वर्णसङ्करं प्रवर्तयन् राजर्षीणां प्रवर इत्युक्तम्।" **महीमखिलां** भुनक्ति यः महाराजत्वात्। **कामेन** रागादिलक्षणे**नोपहता** नाशिता **चेतसा** चित्तस्थैर्यं यस्य सः ॥६७॥

हिन्दी—समस्त पृथ्वी का पालन करते हुए राजर्षिप्रवर वेन ने काम से नष्ट बुद्धि होकर मनुष्यों को) भाई की स्त्री के साथ सम्भोग का नियम चालूकर) वर्ण सङ्कर बनाया ॥६७॥

विमर्श—यहाँ पर धर्म-विरुद्ध कार्य करनेवाले राजा 'वेन' को 'राजर्षिप्रवर' केवल समस्त पृथ्वी का शासक होने से ही कहा गया है, धर्मप्रवर्तक या धर्म संरक्षक होने से नहीं।

ततः प्रभृति यो मोहात्प्रमीतपतिकां स्त्रियम्।
नियोजयत्पत्यार्थं तं विगर्हन्ति साधवः ॥६८॥

भाष्य—स्पष्टार्थोऽर्थवादः ॥६८॥

हिन्दी—तब ('वेन'-शासन-काल) से जो मनुष्य मृतपतिवाली विधवा स्त्री को सन्तान के लिए (देवर आदि के साथ) मोहवश नियुक्त करता है; उसकी सज्जन लोग निन्दा करते हैं ॥६८॥

विमर्श—मनु भगवान् ने स्वयं 'नियोग' के द्वारा सन्तानोत्पादन का पहले (९।५९-६२) विधानकर जो इस श्लोक से उसका निषेध किया है, वह कलियुगविषयक है, जैसा कि बृहस्पति ने कहा है—'मनु ने 'नियोग' का विधानकर स्वयं निषेध किया है; क्योंकि वह युगक्रम से दूसरे लोगों से विधिवत् नहीं हो सकता; मनुष्य सत्य, त्रेता तथा द्वापर युग में, तप तथा ज्ञान से युक्त होते थे (अतएव वे मनुक्त नियमानुसार नियोग से सन्तानोत्पादन करने में समर्थ होते थे, किन्तु) कलियुग में वे शक्तिहीन होते हैं (अतएव मनूक्त नियमानुसार नियोग से सन्तानोत्पादन में समर्थ नहीं होते'—इसी बात को स्पष्ट

करते हुए बृहस्पति आगे कहते हैं कि) 'प्राचीन ऋषियों ने अनेक प्रकार से पुत्रों को उत्पन्न किया, किन्तु शक्तिहीन आज-कल के मनुष्य इस समय ऐसा नहीं कर सकते'। इस कारण से गोविन्दराज का 'युगव्यवस्था को नहीं समझकर सन्तान के अभाव में नियोग पक्ष से अनियोगपक्ष श्रेष्ठ है' ऐसा करना मुनिव्याख्या विरुद्ध होने से मान्य नहीं है ऐसा 'मन्वर्थमुक्तावलीकार' का मत है।

वाग्दत्त कन्या के पति के मरने पर—

यस्या म्रियेत कन्याया वाचा सत्ये कृते पतिः।
तामनेन विधानेन निजो विन्देत देवरः ।।६९।।

भाष्य—नियोगरूपत्वात्कन्यागतोऽयं धर्म उच्यते। **वाचा सत्ये कृते** वाग्दाने निवृत्ते एकेन दत्ताऽपरेण प्रतिगृहीता। **तामनेन** वक्ष्यमाणेन **विधानेन निजः** सोदरो **देवरः विन्देत** विवाहयेत् ॥६९॥

हिन्दी—वाग्दान करने के बाद जिस कन्या का पति मर जाय, उस कन्या के साथ उसका अपना देवर (उसी मृत पति का छोटा सहोदर भाई) इसके आगे (९।७०) कथित विधि से विवाह (उस कन्या को प्राप्त) करे ॥।६९॥

यथाविध्यधिगम्यैनां शुक्लवस्त्रां शुचिव्रताम्।
मिथो भजेताप्रसवात्सकृत्सकृदृतावृतौ ।।७०।।

भाष्य—यथाविधि यथाशास्त्रं वैवाह्यो विधिस्तथा विवाह्य। वाचनिकोऽयं विवाहः। पुनर्भूश्च तथोच्यते। नवा व्यूढाऽपि सती भार्या भवति। केवलं परार्थोऽस्या वाचनिको विवाहः। यथा च दर्शयति (७१) "न दत्वा कस्य चित्कन्यां पुनरन्यस्य दीयत" इति। नासौ देवराय दीयत इत्यर्थः। अदत्ता चास्वभूता कथमिव भार्या भवेत्।

शुक्लवस्त्राम्। नियमो गमने। अन्यस्मिन्नपि नियोगे धर्मोऽयमिष्यते ॥७०॥

हिन्दी—वह देवर (वाग्दत्त कन्या के मृत पति का सहोदर छोटा भाई) विधिपूर्वक इसे स्वीकारकर (कायिक, वाचिक और मानसिक) शुद्धिवाली उस (वाग्दत्ता मृतपति कन्या) के साथ प्रत्येक ऋतुकाल में १-१ बार गर्भ धारण होने तक सम्भोग करे ॥७०॥

विमर्श—इस प्रकार कन्या के 'नियोग' का विधान होने से तथा विवाह के स्वीकार्य नहीं होने से जिसके लिए उस कन्या का वाग्दान किया गया है, उसी मृत पति के उक्त देवर से उत्पन्न वह सन्तान होगी।

उक्त कन्या के पुनर्दान का निषेध—

न दत्वा कस्य चित्कन्यां पुनर्दद्याद्विचक्षणः।
दत्वा पुनः प्रयच्छन् हि प्राप्नोति पुरुषानृतम् ।।७१।।

"तेषां निष्ठा तु विज्ञेया विद्वद्भिः सप्तमे पद" इति (८।२२७) प्राग्विवाहान्मृते वरे दत्तायामपि पुनर्दानाशङ्कायां प्रतिषेधोऽयम्। विशिष्टे तु पुनर्वचनम्—तथाविधा पुनर्भूरुक्ता। **नान्यस्मै दत्वा** तस्मिन्मृतेऽन्यस्मै **दद्यात्**। तथा कुर्व**न्प्राप्नोति पुरुषानृतम्**। मनुष्यहरणे यत्पापं तत् तस्य भवति ॥७१॥

हिन्दी—चतुर (शास्त्रज्ञानी मनुष्य) कन्या का किसी के लिए वाग्दानकर उस पति के मर जाने पर पुन: उस कन्या के लिए दे; क्योंकि उक्त कन्या को दूसरे पति के लिए देता हुआ वह 'पुरुषानृत' दोष को प्राप्त करता है और 'सहस्रं त्वेव चोत्तम:' (८।१३८) में कथित दण्ड का भागी होता है ॥७१॥

सप्तपदी के पूर्व दोषवती कन्या का त्याग—

विधिवत्प्रतिगृह्यापि त्यजेत्कन्यां विगर्हिताम्।
व्याधितां विप्रदुष्टां वा छद्मना चोपपादिताम्॥७२॥

भाष्य—विधि: शास्त्रं तदर्हतीति **विधिवत्**। यादृश: शास्त्रेण **विधि**रुक्त: "अद्भिरेव द्विजाग्र्याणाम्" इति (३।३५)। स च कैश्चिदुदकाधिकार: कन्याविषये स्मर्यते। तेन **प्रतिगृह्यापि त्यजेत्कन्यां** प्राग्विवाहात्। **विगर्हितां** दुर्लक्षणाम्। पूर्वं प्रतिगृहीतामक्षतयोनिमपि। तथा निर्लज्जां बहुपुरुषभाषिणीम्। **व्याधितां** क्षयव्याधिगृहीताम्। **विप्रदुष्टां** रोगिण्यादिशब्दितामन्यगतभावां च त्यजेत्।

अन्ये क्षतयोनिं **विप्रदुष्टां** व्याचक्षते।

न ते सम्यङ्मन्यन्ते। यदि तावत्पुरुषानुपभुक्ता स्त्रीकन्यादिविकृता तदा नैव दुष्यति। अथ पुरुषसंयुक्ता तदा कन्यैव न भवति। तत्र "त्यजेत्कन्यामिति" सामानाधिकरण्यानुपपत्ति:। उक्तश्च तस्यास्त्याग:। **छद्मना चोपपादिताम्**। न्यूनाधिकाङ्गीम्। यतो हेतुरुक्तोऽकथितेषु स्वल्पेष्वपि दोषेषु कृतवरणाऽपि त्याज्यैव ॥७२॥

हिन्दी—विधि (३।३५) के अनुसार कन्या को ग्रहणकर भी विधवा के लक्षणों से युक्त, रोगिणी, क्षतयोनि (या शापादि) दोष से युक्त अथवा (अधिकाङ्गी या हीनाङ्गी होने पर भी उस दोष को छिपाकर) कपटपूर्वक दी गयी कन्या को द्विज सप्तपदी होने के पहले छोड़ दे ॥६२॥

विमर्श—'उक्त अवस्थावाली कन्या को सप्तपदी के पूर्व छोड़ देने पर पति दोषी नहीं होता' इस अभिप्राय से यह वचन कहा गया है 'उसका छोड़ना आवश्यक विधि है' ऐसे अभिप्राय से यह वचन नहीं कहा गया है। अत: उक्त अवस्था में पति उस कन्या को स्वीकार कर ले तो उसका वह कार्य विधान-विरुद्ध नहीं माना जायेगा।

दोषवती कन्या को देने पर त्याग—

यस्तु दोषवतीं कन्यामनाख्यायोपपादयेत् ।
तस्य तद्वितथं कुर्यात्कन्यादातुर्दुरात्मनः ।।७३।।

भाष्य—कन्यादोषा उक्ताः । ताननाख्यायानुक्त्वा **प्रयच्छति** ददाति तस्य दद्दानं **वितथं** निष्फलं **कुर्या**त्प्रत्यर्पणेन । उक्त एवायमर्थः पूर्वश्लोकेनातिस्पष्टीकृतः ॥७३॥

हिन्दी—जो (कन्या का पिता, भ्राता या अन्य अभिभावक आदि) दोषयुक्त कन्या को (उसका दोष नहीं कहकर) दान करता है, कन्या-दान करनेवाले उस दुरात्मा के दान को (वर) व्यर्थ कर दे अर्थात् वैसी कन्या को ग्रहण करना अस्वीकार कर दे ॥७३॥

स्त्री-वृत्ति की व्यवस्था कर परदेश गमन—

विधाय वृत्तिं भार्यायाः प्रवसेत्कार्यवान्नरः ।
अवृत्तिकर्षिता हि स्त्री प्रदुष्येत्स्थितिमत्यपि ।।७४।।

भाष्य—यदा प्रवसेत्तदा भार्याया **वृत्तिं विधाय प्रवसेदि**ति विधिं **विधाये**त्येवमर्थ द्रष्टव्यम्—प्रवसन्भार्याया वृत्तिं विदधीतेति । तथा कुर्याद्यथाऽस्या यावत्प्रवासं वृत्तिर्भवति । शरीरस्थितिहेतुभोजनाच्छादनगृह्योपकरणादि । **तां विधाय प्रवसे**त्स्वदेशाद्देशान्तरं गच्छेत् । **कार्यवान्** कार्यं पुरुषार्थौ दृष्टोऽदृष्टश्च । अदृष्टो धर्मो दृष्टावर्थकामौ । यथा वक्ष्यति (७६) "प्रोषितो धर्मकार्यार्थम्" इत्यादिना । अन्तरेणैतानि निमित्तानि भार्यां हित्वा प्रवासो निषिध्यते । **अवृत्तिकर्शिता हि** । दृष्टदोषप्रदर्शनमर्थवादः । अवृत्त्या दारिद्रेण **कर्शिता** पीडिता **प्रदुष्येत्** पुरुषान्तरसम्पर्कादिना । **स्थितिमत्यपि** । स्थितिः कुलाचारस्तत्सम्पन्ना क्षुधावसरे दीना दोषमवाप्नुयादन्यं भर्तारमाश्रित्य जीवतीति सम्भाव्यत एतत् । सम्भावनायां लिङ् ॥७४॥

हिन्दी—आवश्यक कार्य वाला मनुष्य स्त्री को जीविका (भोजन, वस्त्र आदि) का प्रबन्ध कर प्रवास करे (दूसरे देश या नगर आदि को जाय); क्योंकि जीविका के अभाव से पीड़ित शीलवती भी स्त्री (परपुरुष-संसर्ग आदि से) दूषित हो जाती है ॥७४॥

पति के परदेश जाने पर स्त्री का कर्त्तव्य—

विधाय प्रोषिते वृत्तिं जीवेन्नियममास्थिता ।
प्रोषिते त्वविधायैव जीवेच्छिल्पैरगर्हितैः ।।७५।।

भाष्य—'नियमो' यथा सन्निहिते भर्तरि परगृहप्रयाणादिनिषेध एवं **प्रोषितेऽपि आस्थिता** आश्रिता गृहीतवती । अकृत्वा तु **वृत्तिं प्रोषिते शिल्पैर्जीवेदि**ति । कर्तनजालिकाकरणादिना । गर्हितानि वस्तूनि विजनादीनि । एष एव विधवादीनां निजश्रमजन्यो वृत्त्युपायः ॥७५॥

हिन्दी—जीविका (भोजन, वस्त्र आदि) का प्रबन्ध कर पति के परदेश जाने पर स्त्री नियम पालती (शृङ्गार, परगृहगमन आदि का त्याग करती) हुई जीए तथा (भोजन, वस्त्र आदि का) प्रबन्ध किये विना ही पति के परदेश चले जाने पर स्त्री अनिन्दित शिल्प (सीना, पिरोना, सूत कातना आदि कार्यों) से जीए ॥७५॥

परदेश गये पति की प्रतीक्षा का समय—

प्रोषितो धर्मकार्यार्थं प्रतीक्ष्योऽष्टौ नरः समाः ।
विद्यार्थं षड्यशोऽर्थं वा कामार्थं त्रींस्तु वत्सरान् ।।७६।।

भाष्य—यदुक्तं कार्यवान्प्रवसेदिति तानि कार्याणि दर्शयति । तद्विशेषेण प्रतीक्षा-कालभेदः । परतस्त्विवदं तया कर्तव्यमिति नोक्तम् ।

तत्र केचिदाहुः—प्रकरणादगर्हितैर्जीवेदिति ।

तदयुक्तम् । प्रागस्मात्कालादगर्हितैरितीयं किं म्रियताम् । न ह्यस्या आत्मत्याग इष्यते । पुंस इव प्रतिषिद्धत्वात् । तस्मात्प्रागप्यस्मात्प्रतीक्षणविधेरगर्हितैः शिल्पैर-जीवन्ती गर्हितैर्जीवेत् ।

अन्ये व्यभिचारमिच्छन्ति । तथा च स्मृत्यन्तरे (नारद० १२।९७)

"नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पतौ ।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते ।।"

अन्येऽप्याहुः । नास्या ज्ञानेन ब्रह्मचर्यमपनेतुं शक्यते । स्त्रीधर्मेषु हि तदस्या विहितं मनुनाऽपि—"न तु नामापि गृह्णीयात्पत्यौ प्रेते परस्य तु" इति (५।१५८) । मृते भर्तरि नास्ति व्यभिचारः, किमङ्गप्रोषिते । पतिशब्दो हि पालनक्रियानिमित्तकः—ग्रामपतिः सेनायाः पतिरिति । अतश्चास्माद्वचनान्नैषा भर्तृपरतन्त्रा स्यात् । अपि त्वात्मनो जीवनार्थं सैरंध्री-करणादिकर्मभिरन्यमाश्रयेत । तच्च यदा षण्मासभृत्या संवत्सरभृत्या वा कस्मिंश्चिदाश्रिते भर्ता यद्यागच्छेत्तदानीं तां चेद्वशीकर्तुं शक्नुयात्—'त्यज त्वं भार्यामिति' यावद्भवति कालो न पूर्णः प्राक् पत्युरेव सा । पञ्चमे चर्वितमन्यत् (५।१५६) ।

अन्येऽप्यर्थमिममाहुः ।

पूर्वे तु पुनर्भूवृत्तमिच्छन्ति । या पत्या वा परित्यक्ता भवति, यस्याः किल पतिरियन्तं कालं विहितवृत्तिको नागच्छति, सा तेन त्यक्तैव भवति । ततश्च यदि सा पुनर्भूधर्मेणान्ये-नोढा भवेत्तदा भर्ताऽभ्यागतो न किञ्चिद् ब्रूयात् । पुनर्भवस्येयं भार्येति ।

तदयुक्तम् । 'न निष्क्रयविसर्गाभ्याम्' । इति (६/४६) तस्य श्लोकस्यार्थवत्त्वं दर्शयिष्यामः । धर्मश्च तत्कार्यं च धर्मकार्यम् । सोऽर्थः प्रयोजनं प्रवासस्येति **धर्मकार्यार्थम् ।**

"कुतः ? न गृहस्थस्य धर्मार्थो दीर्घकालः प्रवासः । अवश्यं ह्यग्नयस्तेन परिचरणीयाः । पाञ्चयाज्ञिकमनुष्ठेयम् । कुतो गन्तव्यम् । "वसन्ते वसन्ते ज्योतिषा यष्टव्यमिति"। तीर्थस्नानादीन्यपि स्मार्तानि च श्रौताविरोधीन्यनुष्ठेयानि । संविधाय प्रोषितस्य वा भवतीति न च येनोच्येत संविधायापि प्रवास आपर्वणः । स्वयं पर्वणि जुहुयादृत्विजामेकतरकालमित्युक्तम् । अनाहिताग्नेस्तीर्थयात्रायां पाञ्चयाज्ञिकस्य तुल्यत्वेऽपि स्मार्तत्वे भार्यासहितस्योपपत्तेः न तत्त्यागे तीर्थगमनं युक्तम् ।" उच्यते । गुरुवचनेन । यं गुरवो धर्मार्जने राजोपसेवायां वा स्वकार्याय प्रेषयन्ति स 'धर्मार्थं' प्रवासः । प्रायश्चित्तं वा—तपोवनदेशभ्रमणेन । अथवाऽर्थार्जनार्थमेव **धर्मकार्यार्थम**भिप्रेतम् । दरिद्रोऽहं कुतश्चिद्धनमर्जयिष्ये ।

विद्यार्थम् । "ननु स्नातस्य च भार्याधिगमः । कृतविद्यस्य च स्नानम् । तत्र कुतः कृतविवाहस्य विद्यार्थिता ।"

दर्शितमेतत् । ईषदवगतवेदार्थो विवाहेऽधिक्रियते । निश्चिते स्नानादौ ।

"नैतद्युक्तम् । कृतायां धर्मजिज्ञासायां स्नानं—जिज्ञासा च विचारपूर्वकसंशयच्छेदेन निश्चितार्था ।"

सत्यम् । नायं विधिर्विद्यार्थितायाः । तथा च सति धर्मकार्यार्थमित्यनेनैवावगता स्यात् । उत्पन्नेऽप्यधिकारोपयोगिन्यवगमेऽभ्यासातिशयार्थं विशेषार्थं चान्यासु विद्यासु ।

क्षिप्रं शौर्ययशःख्यापनार्थं बहिः सविशेषविद्वत्वख्यापनार्थं देशान्तरप्रवसने यशोहेतुः प्रवासः ।

कामार्थं रूपाजीवानुगमोऽभिप्रेततरां भार्यामुद्वोढुम् ।

स्मृत्यन्तरे प्रसूताभेदेन च कालभेदः स्मर्यते । तथा च विष्णुः—"अष्टौ विप्रसूताः षट् राजन्याः चतुरो वैश्या द्विगुणं प्रसूतेति । न शूद्रायाः कालनियमः स्यात् । संवत्सरमित्येक" इति ॥७६॥

हिन्दी—स्त्री धर्मकार्यार्थ परदेश गये हुए पति की आठ वर्ष तक, विद्या (पढ़ने) या (विद्यादि गुण-प्रचार के द्वारा) यश के लिए परदेश गये हुए पति की छः वर्ष तक और भोग आदि अन्य साधनों के लिए परदेश गये हुए पति की तीन वर्ष तक प्रतीक्षा करे (इसके बाद वह स्त्री पति के पास चली जावे) ॥७६॥

विमर्श—'वसिष्ठ ने परदेश गये हुए पति की पाँच वर्षतक प्रतीक्षा करने पर पति के पास जाने का सामान्य वचन कहा है' ऐसा 'मन्वर्थमुक्तावली'कार कहते हैं[१] ।

---

१. "..............ऊर्ध्वं पतिसन्निधिं गच्छेत् । तदाह वसिष्ठः–'प्रोषितपत्नी पञ्च वर्षाण्युपासीत, ऊर्ध्वं पतिसकाशं गच्छेत्' इति । (म०मु०)

द्वेषयुक्त स्त्री की प्रतीक्षा का समय—

संवत्सरं प्रतीक्षेत द्विषाणां योषितं पतिः ।
ऊर्ध्वं संवत्सरात्त्वेनां दायं हृत्वा न संवसेत् ।।७७।।

भाष्य—द्वेष्यः पतिर्यस्यास्तां **द्विषाणाम्** । एतेन तु न निष्कासनं कुर्यात् । सम्पूर्वस्य वसे**रेनामि**ति च द्वितीयानुपपत्तेः । वासयेदिति निर्भर्त्सयेत् । पातकेऽपि तस्या निष्कासनं नास्ति "निरुन्ध्यादेकवेश्मनि" इति वचनात् । प्रायश्चित्तेऽप्यस्मिन्निमित्ते विनयाधानार्थोऽपहार इष्यते । न सर्वेण सर्व आत्यन्तिक आच्छेदः ॥७७॥

हिन्दी—पत्नि अपने (पति के) साथ द्वेष करने वाली स्त्री की एक वर्ष तक (उसके सुधार द्वेष त्याग के लिए) प्रतीक्षा करे, इसके बाद उसके लिए दिये गये भूषण आदि को उससे लेकर उसके साथ सहवास करने का त्याग कर दे, (किन्तु आभरण लेकर भी उसके भोजन वस्त्र की व्यवस्था तो करे ही) ॥७७॥

अतिक्रामेत्प्रमत्तं या मत्तं रोगार्त्तमेव वा ।
सा त्रीन्मासान्परित्याज्या विभूषणपरिच्छदा ।।७८।।

भाष्य—**अतिक्रम**स्तदुपचर्याऽवज्ञानं पथ्यौषधादिष्वतत्परता—न पुरुषान्तरसञ्चारः । मासत्रयं परित्यागश्च सम्भोगस्यैति, पूर्वस्मादेव हेतोः । हारकटकादिभूषणैर्वियुक्ता कर्तव्या । **परि**च्छदपरिग्रहेण भाण्डकुण्डादिना दासीदासेन च ॥७८॥

हिन्दी—जो स्त्री (जुआरी आदि होने से) प्रमादयुक्त, (मदपान आदि से) मतवाले तथा रोग से पीड़ित पति की उपेक्षा (सेवा आदि न) करे, पति उसका भूषण आदि लेकर तीन माह तक त्याग कर दे (उसके साथ सहवाह न करे) ॥७८॥

उन्मत्तं पतितं क्लीबमबीजं पापरोगिणम् ।
न त्यागोऽस्ति द्विषंत्याश्च न च दायापवर्तनम् ।।७९।।

भाष्य—**क्लीबाबीज**शब्दौ नपुंसकमाहतुः । भेदस्तु एको वातरेता, अप्रवृत्तेन्द्रियोऽपरः । तादृशं या द्वेष्टि तस्या नास्ति निग्रहः पूर्वोक्तः ।

अपवर्तनमपहारः । प्रोषितप्रतिषिद्धान्नादयः स्मृत्यन्तरनिषिद्धाः ॥७९॥

हिन्दी—(वायु आदि के दोष से) उन्मत्त (पागल), पतित (११।१७०-१७८) नपुंसक, निर्वीर्य (जिसका वीर्य स्थिर नहीं रहे) और पापरोगी (कोढ़ी आदि) की सेवा नहीं करनेवाली स्त्री का पति न तो त्याग करे और न उसके धन या भूषण आदि का ही ग्रहण करे ॥७९॥

वक्ष्यमाण स्त्री के रहते दूसरा विवाह करना—

मद्यपाऽसत्यवृत्ता च प्रतिकूला च या भवेत् ।
व्याधिता वाऽधिवेत्तव्या हिंस्राऽर्थघ्नी च सर्वदा ।।८०।।

विमर्श—यह वचन औरस आदि सपिण्ड मात्र के विषम में मानने पर व्यर्थ होता है, अतएव स्त्री आदि को दायभाग प्राप्त होने के लिए यह वचन है। इस वचन के पूर्वार्द्ध में निकटतम सपिण्ड को मृतव्यक्ति के धन का भागी कहा गया है, उसमें पूर्व (९।१६२) वचनानुसार 'औरस' पुत्र ही मृतव्यक्ति के धन का भागी होता है, क्षेत्रज तथा गुणवान् दत्तक पुत्र पञ्चमांश या षष्ठांश धन के भागी होते हैं और कृत्रिम पुत्रों को पालन-पोषण मात्र के लिए धन दिया जाता है। औरस पुत्र (९।१६६) के अभाव में पुत्रिका या उसका पुत्र मृतव्यक्ति के धन का भागी होता है, उसके अभाव में क्रमशः क्षेत्रज आदि एकादशविध (९।१६७-१७९) पुत्र मृत पिता के धन के भागी होते हैं, उनमें भी विवाहित शूद्रा का पुत्र 'नाधिकं...........' (९।१५४) वचन के अनुसार पितृ-धन में से केवल दशमांश धन का भागी होता है, शेष धन का भागी मृत व्यक्ति का समीपवर्ती सपिण्ड होता है। तेरहवें प्रकार के पुत्र के होने पर स्त्री ही मृत पति के धन को पाने की अधिकारिणी होती है। ऐसा महर्षि याज्ञवल्क्य, बृहस्पति तथा वृद्ध मनु[2] का मत है। 'स्त्रिणां तु जीवनं दद्यात्' अर्थात् 'स्त्रियों के भरण-पोषण मात्र के लिए धन दे' यह वचन दुःशीला, अधार्मिक तथा सविकार युवावस्थावाली स्त्री के विषय में होने से विरुद्ध नहीं पड़ता है। इसी से स्त्रियों को मृतपति के धन की अधिकारिणी होने का निषेध मेधातिथि का वचन सम्बद्ध नहीं है; क्योंकि स्त्री

---

१. श्लोकास्यास्य व्याख्यानं कुर्वता कुल्लूकेन 'अतो यन्मेधातिथिना पत्नीनामंशभागित्वं निषिद्ध-मुक्तं तदसम्बद्ध'मित्यादिना श्लोकस्यास्यापि भाष्यं मेधातिथिविरचितमासीदिति सूचितम्।

२. एतत्सर्वं 'यदाह याज्ञवल्क्य .... लभेत च।।' इति मन्वर्थमुक्तावल्यां द्रष्टव्यम्।

के अभाव में पुत्ररहित पुत्री, उसके अभाव में पिता तथा माता उन दोनों के अभाव में सहोदर भाई, उसके अभाव में उस (सहोदर भाई) का पुत्र मृत व्यक्ति के धन का भागी होने का आगे (९।२१७) विधान किया गया है। उनके अभाव में सन्निकट सपिण्ड धन का भागी होता है। जो व्यक्ति मृत व्यक्ति के धन का भागी होता है, वहीं उसका पिण्डदानादि-क्रिया करने वाला होता है।

[हरेरनृत्विजो वापि न्यायवृत्ताश्च याः स्त्रियः ।।५।।]

[**हिन्दी**—अथवा जो ऋत्विक् की स्त्रियाँ धर्मपरायण सती साध्वी हों, वे मृत व्यक्ति के धन को) ग्रहण करें ।।५।।]

सब के अभाव में ब्राह्मण का अधिकार—

सर्वेषामप्यभावे तु ब्राह्मणा रिक्थभागिनः ।
त्रैविद्याः शुचयो दान्तास्तथा धर्मो न हीयते ।।१८८।।

हिन्दी—सब (औरस पुत्र, पत्नी, सपिण्ड आदि) के अभाव में वेदत्रय (ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद) के पढ़नेवाले, शुद्ध (शरीर सम्बन्धी ब्राह्य शुद्धि तथा मनः सम्बन्धी आभ्यन्तर शुद्धि से युक्त), जितेन्द्रिय ब्राह्मण ही मृत व्यक्ति के धन पाने के अधिकारी होते हैं, इस प्रकार धर्म (मृत व्यक्ति के पिण्डदानादि क्रिया) की हानि नहीं होती है ।।१८८।।

ब्राह्मणेत्तर धन का राजा अधिकारी—

अहार्यं ब्राह्मणद्रव्यं राज्ञा नित्यमिति स्थितिः ।
इतरेषां तु वर्णानां सर्वाभावे हरेन्नृपः ।।१८९।।

हिन्दी—ब्राह्मण के धन को राजा कदापि (मृत ब्राह्मण के धन लेनेवाले औरस पुत्रादि के किसी के नहीं रहने पर भी) नहीं लेवे यह शास्त्र मर्यादा है। दूसरे (क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) वर्णों के धन को सब (औरस पुत्रादि उत्तराधिकारी किसी भी व्यक्ति के नहीं रहने पर राजा ग्रहण करे ।।१८९।।

मृत-पति का नियुक्तपुत्र अधिकारी—

संस्थितस्यानपत्यस्य सगोत्रात्पुत्रमाहरेत् ।
तत्र यद्रिक्थजातं स्यात्तत्तस्मिन्प्रतिपादयेत् ।।१९०।।

हिन्दी—सन्तानहीन मृत पति की स्त्री नियोग धर्म (९।५९-६२) के द्वारा सगोत्र से पुत्र उत्पन्न करे तथा मृत पति का जो-जो धन हो, उसे उस पुत्र के लिए दे देवे ।।१९०।।

विमर्श—पहले (९।५९) देवर या सपिण्ड से ही नियोग धर्म द्वारा पुत्रोत्पादन करने तथा उसी के पितृ-धन का भागी होने का विधान किया है, इस वचन से सगोत्र से उत्पन्न पुत्र को भी पितृधन को पाने का अधिकारी कहा गया है।

औरस तथा पौनर्भव पुत्रों का स्व-स्वपितृधन का अधिकार—

द्वौ तु यौ विवदेयातां द्वाभ्यां जातौ स्त्रिया धने ।
तयोर्यद्यस्य पित्र्यं स्यात्तत्स गृह्णीत नेतरः ।।१९१।।

हिन्दी—दो पिताओं से उत्पन्न दो पुत्र स्त्री (माता) के धन के विषय में विवाद करे तो जो पुत्र जिस पिता से उत्पन्न हुआ है, वह पुत्र उसी (अपने ही) पिता के धन पाने का अधिकारी होता है, दूसरा पुत्र नहीं ।।१९१।।

विमर्श—पहले औरस तथा क्षेत्रज पुत्रों के लिए धनविभाजन का निर्णय कर चुके हैं, अब इस वचन से औरस तथा पौनर्भव पुत्रों के लिए धन विभाजन का निर्णय कहते हैं। स्त्री औरस पुत्र के उत्पन्न होने पर पति के मर जाने के बाद उस पुत्र के छोटे होने से अपने मृत पति का धन ले लेवे तथा पुनः दूसरे पति से पौनर्भवसंज्ञक दूसरा पुत्र उत्पन्न करे और उस द्वितीय पति के भी मर जाने पर उसके धन को पाने का दूसरा उत्तराधिकारी नहीं होने पर उस पति का धन ले लेवे, अनन्तर वे दोनों (औरस तथा पौनर्भव) पुत्र सयाने होकर उस माता के द्वारा लिए हुए धन को पाने के लिए विवाद करें तब वे अपने-अपने जनक पिता के धन को पाने के अधिकारी होते हैं, ऐसा निर्णय है ।

माता के धन के अधिकारी—

जनन्यां संस्थितायां तु समं सर्वे सहोदराः ।
भजेरन्मातृकं रिक्थं भगिन्यश्च सनाभयः ।।१९२।।

हिन्दी—माता के मरने पर सब सहोदर भाई तथा अविवाहित सहोदरी बहनें उसके धन को बराबर भाग में पाती हैं ।।१९२।।

विमर्श—विवाहित सहोदरी भी बहनें मृतमाता के धन में से भाग नहीं पातीं किन्तु उसके सम्मानार्थ भाइयों का कर्त्तव्य है कि पितृधन के समान मातृधन में से अपने भाग का चतुर्थांश उनके लिए देवें ।

यास्तासां स्युर्दुहितरस्तासामपि यथार्हतः ।
मातामह्या धनात्किञ्चित्प्रदेयं प्रीतिपूर्वकम् ।।१९३।।

हिन्दी—उन (सहोदरी) पुत्रियों की जो अविवाहित पुत्रियाँ (पोतियाँ) हों, उनके सम्मानार्थ भी नानी के धन में से कुछ भाग उनके लिए प्रेमपूर्वक देना चाहिये ।

स्त्री धन के ६ प्रकार—

अध्यग्न्यध्यावाहनिकं दत्तं च प्रीतिकर्मणि ।
भ्रातृमातृपितृप्राप्तं षड्विधं स्त्रीधनं स्मृतम् ।।१९४।।

हिन्दी—(१) विवाह काल में अग्निसाक्षित्व के समय पिता आदि के द्वारा दिया गया, (२) पिता के घर से पति के घर लायी जाती हुई कन्या के लिए दिया गया, (३) प्रेम-सम्बन्धी किसी सु-अवसर पर पति आदि के द्वारा दिया गया तथा (४) भाई, (५) माता और (६) पिता के द्वारा विविध अवसरों पर दिया गया छ: प्रकार का धन 'स्त्री-धन' कहलाता है ॥१९४॥

सपुत्र-स्त्री धन के अधिकारी—

अन्वाधेयं च यद्दत्तं पत्या प्रीतेन चैव यत् ।
पत्यौ जीवति वृत्ताया: प्रजायास्तद्धनं भवेत् ।।१९५।।

हिन्दी—विवाह के बाद पति कुल में या पितृ कुल में प्राप्त हुए स्त्री के धन को पाने का अधिकारी उसके पति के जीवित रहने पर भी पुत्रियों को ही होता है ॥१९५॥

सन्तानहीना स्त्री के धन का अधिकारी—

ब्राह्मदैवार्षगान्धर्वप्राजापत्येषु यद्वसु ।
अप्रजायामतीतायां भर्तृरेव तदिष्यते ।।१९६।।

हिन्दी—ब्राह्म, दैव, आर्ष, गान्धर्व और प्राजापत्य संज्ञक (क्रमश: ३।२७, २८, २९, ३० और ३२ विवाहों से प्राप्त सन्तानहीना स्त्री के पूर्वोक्त (९।१९४) छ: प्रकार के धन का अधिकारी पति ही होता है ऐसा मनु आदि का मत है ॥१९६॥

यत्त्वस्या: स्याद्धनं दत्तं विवाहेष्वासुरादिषु ।
अप्रजायामतीतायां मातापित्रोस्तदिष्यते ।।१९७।।

हिन्दी—आसुर आदि (आसुर, राक्षस तथा पैशाच, क्रमश: ३।३१, ३३ और ३४) संज्ञक विवाहों में स्त्रि के लिए जो धन दिया गया हो, सन्तानहीन उस स्त्री के मरने पर पूर्वोक्त (९।१९४) ६ प्रकार के स्त्री-धन को पाने के अधिकारी उसके माता-पिता होते हैं ॥१९७॥

स्त्रियान्तु यद्धवेद्वित्तं पित्रा दत्तं कथञ्चन ।
ब्राह्मणी तद्धरेत्कन्या तदपत्यस्य वा भवेत् ।।१९८।।

हिन्दी—ब्राह्मण की अनेक जातिवाली सन्तान हीन क्षत्रियादि वर्णोंवाली स्त्रियों के मरने पर उसके पिता आदि के द्वारा दिये गये पूर्वोक्त (९।१९४) छ: प्रकार के स्त्री-धन को पाने का अधिकार सजातीय या विजातीय सपत्नियों की सन्तान रहने पर भी ब्राह्मण जातीया सपत्नी की कन्या को ही होता है और उसके अभाव में उसकी (पुत्री) को अधिकार प्राप्त होता है ॥१९८॥

साधारण से स्त्रीधन करने का निषेध—

न निर्हारं स्त्रियः कुर्युः कुटुम्बाद्बहुमध्यगात् ।
स्वकादपि च वित्ताद्धि स्वस्य भर्तुरनाज्ञया ।।१९९।।

हिन्दी—स्त्री-भाई आदि बहुत परिवारवाले धन में से तथा अपने पति के धन में से भी पति की आज्ञा के बिना अलङ्कार आदि के लिए धन का संग्रह न करे (अतएव उक्त धन 'स्त्री-धन' नहीं होता है ॥१९९॥

स्त्री-भूषणों की अविभाज्यता—

पत्यौ जीवति यः स्त्रीभिरलङ्कारो धृतो भवेत् ।
न तं भजेरन्दायादा भजमानाः पतन्ति ते ।।२००।।

हिन्दी—पति के जीवित रहने पर स्त्रियाँ जिन भूषणों को पहनती हों, उनको भाई आदि हिस्सेदार न लेवें, यदि वे उन्हें लेते हैं तो वे पतित हो जाते हैं ॥२००॥

नपुंसक आदि को भाग का अनधिकार—

अनंशौ क्लीबपतितौ जात्यन्धबधिरौ तथा ।
उन्मत्तजडमूकाश्च ये च केचिन्निरिन्द्रियाः ।।२०१।।

हिन्दी—नपुंशक, पतित, जन्मान्ध, बहरा, पागल, जड़; गूँगा और जो किसी इन्द्रिय से शून्य (लँगड़ा, लूला आदि) हों, वे धन के भागी (हिस्सेदार) नहीं होते हैं, (किन्तु भोजन वस्त्रमात्र पाते रहने के अधिकारी होते हैं ॥२०१॥

सर्वेषामपि तु न्याय्यं दातुं शक्त्या मनीषिणा ।
ग्रासाच्छादनमत्यन्तं पतितो ह्यददद्भवेत् ।।२०२।।

भाष्य—**सर्वेषामपि** क्लीबादीनां च प्रकृतत्वेन दर्शितमिति । **अत्यन्तं** यावज्जीवमित्यर्थः । शरीरधारणार्थत्वाद्ग्रासाच्छादनस्य, भृत्यादेस्तदुपयोगिनः परिचारकस्यापि वेतनदानं विज्ञेयम् । न ह्यन्धादेः परिचारकमन्तरेण जीवनसम्भवः । येषां दारकरणं मतं सभार्याणां भरणं दातव्यम् । **शक्त्येति** धनानुरूपेण भोजनवस्त्रादि देयम् । **पतितं** इत्यर्थवादः ॥२०२॥

हिन्दी—सब (पूर्व श्लोकोक्त नपुंसक आदि) के धन को न्यायपूर्वक लेने वाला शास्त्रज्ञ विद्वान् उन (नपुंसक-पतित आदि) के लिए भोजन-वस्त्र यथाशक्ति देवे और नहीं देनेवाला पतित होता है ॥२०२॥

नपुंसकादि के क्षेत्रज पुत्र को धन-प्राप्ति का अधिकार—

यद्यर्थिता तु दारैः स्यात्क्लीबादीनां कथञ्चन ।
तेषामुत्पन्नतन्तूनामपत्यं दायमर्हति ।।२०३।।

भाष्य—अर्थिता सम्प्रयोगेच्छा रतिनिमित्तम्। तस्यां सत्यां विवहेत्। तत्रोत्पन्न-सन्तानो **नामापत्यं** पुत्रो दुहिता वा **दायं** रिक्थविभाग**मर्हति**।

दुहितुर्यावान्भाग: प्रागुक्त:।

"वान्तरेतास्तु य: क्लीबस्तस्य भवत्येव मैथुनेच्छा। कुत: पुनस्तस्य तन्तूत्पत्ति:"। उक्तं च तस्य "यस्तल्पज: प्रमीतस्य क्लीबस्य व्याधितस्य" (९।१६७) इति।

रागप्रयुक्तता वाऽनेन श्लोकेन विवाहस्य दर्शिता। धर्मप्रयुक्तत्वे ह्यनधिकृतानां कर्मसु कुतस्तेषां विवाह:। उपनेयता च जात्यन्धपङ्गूनां वातरेतस: क्लीबस्य दर्शिता। उन्मत्तादयस्त्वनुपनेया: कुतस्तेषां विवाह:।

आदिग्रहणं चोक्तविषये चरितार्थम्। यदि हि आदिग्रहणसामर्थ्यात्सर्व एव गृह्ये-रन्पतितोऽपि गृह्येत। तच्च स्मृतिविरोधान्नेष्टम्।

अथवा कृताध्ययनानां कृतविवाहानामुन्मत्तादिरूपे समुपजाते विधिरेष विज्ञेय:।

"ननु च कृतविवाहानां 'यद्यार्थिता तु दारैरिति' नोपपद्यते"।

नैतदेवम्। कृतविवाहानां जायार्थिताया: सम्भवात्।

पूर्वैस्तु धर्म्येऽपि विवाहेऽस्य प्रयोजनं दृष्टम्। ततश्च क्लीबस्य स्मार्तेष्वधिकारा-त्तदर्थो विवाहोऽसत्यामप्यर्थितायां युक्त एव। जातपुत्रस्याधानात्क्लीबस्य नाधिकार:। यस्य च प्रयोजकत्वं युक्तं तद्दर्शितम् ॥२०३॥

हिन्दी—इन नपुंसक, पतित आदि (९।२०१) को किसी प्रकार विवाह करने की इच्छा हो तो (इनके विवाह होने पर) उत्पन्न (नपुंसक की क्षेत्रज तथा पतितादि की औरस) सन्तान उनके धन पाने की अधिकारिणी होती है ॥२०३॥

अविभक्त धन के अधिकारी—

यत्किञ्चित्पितरि प्रेते धनं ज्येष्ठोऽधिगच्छति।
भागो यवीयसां तत्र यदि विद्यानुपालिन: ॥२०४॥

पितृक्रमागतान्मित्राद्राजामात्यपुरोहितादेर्वा क्षेत्राद्वा चिद्युक्त्याऽधिकोत्पत्तिं जनयेत्तत्सर्वेषां साधारणम्। नैव मन्तव्यं 'मयैतद्बुद्ध्या पित्रा प्रागनुपार्जितं मयैतल्लब्धं ममैवैतदिति'।

विद्यानुपालिन इति वचनाद्विद्याजीविनां शिल्पिकारुकप्रभृतीनामेष विधिर्वैद्यनट-गायनादीनाम् ॥२०४॥

हिन्दी—पिता के मरने के बाद यदि बड़ा भाई अपने पुरुषार्थ से धनोपार्जन करे तो उस धन में पढ़े-लिखे छोटे भाइयों का भाग होता है (मूर्खों का नहीं) ॥२०४॥

अविद्यानां तु सर्वेषामीहातश्चेद्धनं भवेत् ।
समस्तत्र विभागः स्यादपित्र्य इति धारणा ।।२०५।।

भाष्य—अविद्या 'कृषिवाणिज्यराजोपसेवादि' तत्र ईषन्न्यूनाधिकभावो न गणयितव्यः । तत्रापि यदि केनचिदपि बह्वर्जितं तदाऽस्त्येवऽविभागता ।

ज्येष्ठस्य तु ज्येष्ठांशनिषेधार्थं वचनम् ।

ईषदाधिक्ये तु सर्वेषां समांशकल्पना ।

अपित्र्य इति हेतुवचनादनपत्यधनस्याप्येष एव विधिः ।।२०५।।

हिन्दी—बिना पढ़े लिखे सब भाइयों के प्रयत्न (खेती, व्यापार आदि) से यदि धन प्राप्त हो तब पितृ-धन को छोड़कर उस प्रयत्नोपार्जित धन में से ज्येष्ठ भाई का उद्धार (अतिरिक्त भाग) नहीं होता, (किन्तु पिता के धन में से ही वह उद्धार भाग होता है) ऐसा शास्त्रीय निर्णय है ।।२०५।।

विद्यादि प्राप्त धन की अविभाज्यता—

विद्याधनं तु यद्यस्य तत्तस्यैव धनं भवेत् ।
मैत्र्यमौद्वाहिकं चैव माधुपर्किकमेव च ।।२०६।।

भाष्य—'विद्यया' अध्यापनादिना शिल्पकौशलेन वा । तथा मित्रात् । अर्जितम् । **औद्वाहिकं चैव माधुपर्किक**मार्त्विज्येन । यद्यप्येतदपि विद्याधनं भवति तथापि याजनेन निमित्तेनोपादीयमानत्वाद्भेदेन व्यपदिश्यते ।

श्वसुरगृहलब्ध**मौद्वाहिकम्** । अपने उद्वाहनिमित्तेन यद्धनं लभ्यते ।।२०६।।

हिन्दी—विद्या से, मित्र से, विवाह में और मधुपर्क के समय पूज्यता के कारण जिसको जो धन प्राप्त हो; वह धन उसी का होता है ।।२०६।।

विमर्श—कात्यायन ने 'विद्याधन' के निम्नलिखित भेद कहे हैं—दूसरे से भोजन पाकर पढ़ी हुई विद्या के द्वारा उपार्जित धन; पणपूर्वक विद्या के द्वारा उपार्जित धन; शिष्य से यज्ञ में ऋत्विक् कार्य कराने से, दान से, सन्दिग्ध प्रश्न के निर्णय से उपार्जित धन, अपने ज्ञान से, वाद से तथा बहुत धन में प्राप्त हुआ धन ।[1] अतएव मेधातिथि का

---

१. तदुक्तं कात्यायनेन—

'परभक्तप्रदानेन प्राप्ता विद्या यदाऽन्यतः ।
तथा प्राप्तं च विधिना विद्याप्राप्तं तदुच्यते ।।
उपन्यस्ते च यल्लब्धं विद्यया पणपूर्वकम् ।
विद्याधनं तु तद्विद्याद्विभागे न विभज्यते ।।
शिष्यादार्त्विज्यतः प्रश्नात्सन्दिग्धप्रश्ननिर्णयात् ।
विद्याधनं तु तत्राहुर्विभागे न विभज्यते ।।' इति । (म०मु०)

म्माधुपर्किक धन को ऋत्विक् कार्य कराने से प्राप्त धन कहना ठीक नहीं; क्योंकि उसकी गगणना विद्याधन में ही हो जाती है।

सशक्त भाई के भागग्रहण में उपेक्षा करने पर—

भ्रातॄणां यस्तु नेहेत धनं शक्तः स्वकर्मणा।
स निर्भाज्यः स्वकादंशात्किञ्चिद्दत्वोपजीवनम् ।।२०७।।

भाष्य—ये भ्रातरः सह वसन्ति विद्यमानपितृधनाश्च कृष्यादिना व्यवहरन्ति तेषां य्यद्येको न व्यवहरेत्तस्येयं निर्भाज्यता पठ्यते **स निर्भाज्यः स्वकादंशादिति**। भागान्ने-त्तव्योऽपसारयितव्यः। **स्वाकादंशाद्या**वदधिकं तदीयाद्धनाद्व्यवहारेणोत्पन्नं तत्तस्य न व्दातव्यं, न तु मूलधनस्य पैतृकस्य निषेधः तत्रापि न सर्वेण सर्वं निर्भाज्यं, किञ्चिदन्योप-ज्जीवनं क्लेशफलमात्मनो गृहीत्वा शिष्टमस्मै दातव्यम्।

अथवा **निर्भाज्यः** पृथक्कार्यः सह वस्तुं न देयम्। कदाचिदुत्तरकालशक्तिसाधा-गरण्येन धनेनार्जितत्वात्समांशता। तत्र भागकल्पना नारदेन दर्शिता। तत्र वचनेनोद्गतस्य निर्गतस्य भूयान्भागो गृह्यतेऽनुक्तस्य स्वल्प इति ॥२०७॥

हिन्दी—भाइयों में से अपने उद्योग में समर्थ जो भाई पिता के धन से भाग लेना नहीं चाहे, तब सब भाई पिता के धन में से कुछ भाग देकर उसे अलग कर दें ॥२०७॥

विमर्श—ऐसा करने से उसके पुत्र पितामह के धन में से भाग लेने के लिए विवाद नहीं कर सकते।

अविभाज्य धन—

अनुपघ्नन्पितृद्रव्यं श्रमेण यदुपार्जितम्।
स्वयमीहितलब्धं तन्नाकामो दातुमर्हति ।।२०८।।

भाष्य—विद्यानिमित्तस्य स्वयमर्जितस्यादानमुक्तम्। अनेन व्यतिरिक्तस्य कृष्यादि-लब्धस्यादातव्यतोच्यते।

"ननु चायमेव श्लोको वक्तव्यः—'**स्वयमीहितेन** स्वयं चेष्टया **यल्लब्धं तन्ना-कामो दातुमर्हतीति**' किं विद्याधनादिश्लोकेन"।

उच्यते। मैत्रे विवाहादौ न सर्वस्य स्वयमीहोपपत्तिरिति भेदेन व्यपदेशः ॥२०८॥

हिन्दी—पिता के धन को नष्ट नहीं करता हुआ यदि कोई पुत्र केवल अपने पुरुषार्थ (व्यापार आदि) से उपार्जित धन में से किसी के लिए कुछ नहीं देना चाहे तो वह (अपने पुरुषार्थ से उपार्जित धन में से) किसी को कुछ नहीं देवे ॥२०८॥

पितामह के अप्राप्त धन का अविभाजन—

पैतृकं तु पिता द्रव्यमनवाप्तं यदाप्नुयात् ।
न तत्पुत्रैर्भजेत्सार्धमकामः स्वयमर्जितम् ।।२०९।।

भाष्य—ग्रहणादन्यदर्थयन्पित्रा **स्वयमर्जितं** तदाकामो न विभजनीयोऽधिकार-प्राप्तौरपि पुत्रैः ।

"कः पुनर्जीवति पितरि पुत्राणां विभागकालः" ।

उच्यते । यदा तावत्स्वयं पिता पुत्रान्विभजते । तदुक्तम्—"निवृत्ते रजसि मातुर्जीवति वेच्छतीति" (गौ० २८।२) तथा "मातुर्निवृत्ते रजसि प्रत्तासु भगिनीषु च । निवृत्ते चापि रमणे पितर्युपरतस्पृहे" (नारद १३।३) इति ।

अन्यथा तु यदैव प्राप्ताःपुत्रा भवन्ति तदैव ते पितामहधनस्येशते । तथा चोक्तं—
"भूर्या पितामहोपात्ता निबन्धो द्रव्यमेव वा ।
तत्र स्यात्सदृशं स्वाम्यं पितुः पुत्रस्य चोभयोः ।।"(या०व०स्मृ० २।१२१) इति ।।

सत्यपि च पुत्रस्य स्वाम्ये यावदप्राप्तास्तावत् सर्वथा विशेषाभावात्सर्वे पितामहधनमाजः स्वत्वपूर्वकत्वाद्विभागस्य । बन्धक्रयादिक्रियासु पितृधनं जातपुत्रेण न नियोक्तव्यम् । योगकुटुम्बभरणादौ तु विनियोगो दर्शितः । आचारेण सत्यपि चास्यामवस्थायां पुत्राणां स्वाम्ये 'पित्रा चाकामेन विभक्तानिति' निन्दादर्शनाद्बलाद्विभाजयन्तः पापा इत्यनुमीयते । यथाऽसकृत्प्रतिग्रहेण भवति स्वाम्यं दोषस्तु पुरुषस्य । तेनान्वयागतमितीदृशमशुद्धमेव । अतः सम्भवत्युपायान्तरे न पिताऽर्थनीयः । अधर्मो हि तथा स्यात् ।

स्वयमर्जितमपि धनमधिकारप्राप्तान्गुणवतः पुत्रान् ज्ञात्वा विभक्तव्यमेव । उक्तं च—"वयसि स्थितः पिता पुत्रान्विभजेत् ज्येष्ठं श्रेष्ठांशेनेतरान्समैरंशैः" इति । न चैतत्पितामहधनविषयम्। न हि तत्र पिता ज्येष्ठस्याधिकांशदानाय प्रभवति। तुल्यत्वादुभयोः स्वाम्यस्य।

यत्त्विदं "न्यूनाधिकविभक्तानां धर्म्यः पितृकृतः स्मृतः" (या०व०स्मृ० २।११६) इति तत्पितामहेऽपि स्वल्पया मात्रयेच्छन्ति । यत्र न परिपूर्णं भागद्वयं गृहीतं स्वयमर्जितविषये ह्यपवाद एव स्यात् ।।२०९।।

हिन्दी—पिता अपनी असामर्थ्य के कारण उपेक्षित जिस पैतृक धन को नहीं पा सका है, उस (पैतामहिक) धन को यदि पुत्र अपने पुरुषार्थ से प्राप्त कर ले और उसमें से दूसरे भाइयों को भाग नहीं देना चाहे तो न देवे ।।२०९।।

पुनः सम्मिलित किये धन का अविभाजन—

विभक्ताः सह जीवन्तो विभजेरन्पुनर्यदि ।
समस्तत्र विभागः स्याज्ज्यैष्ठ्यं तत्र न विद्यते ।।२१०।।

भाष्य—स्पष्टार्थः श्लोकः ।

विभागधर्मे विभागस्योद्धारप्रत्याशङ्कानिवृत्त्यर्थं, "अपित्र्य इति धारणेति" (९।२०५) वचनात्। पित्र्यस्य सर्वधनस्योद्धारः । इह तु भूतपूर्वगत्या पित्र्यं नास्तीत्याशङ्क्या वचनम् ॥२१०॥

हिन्दी—पहले कभी अलग हुए भाई पुनः सम्मिलित होकर एकत्र रहने लगें और फिर कभी अलग होना चाहें तो उस समय तक भाइयों का समान भाग होता है, बड़े भाई का 'उद्धार' (९।११२-११५) अर्थात् अतिरिक्त भाग नहीं मिलता है ॥२१०॥

विदेशादिगत भाई के भाग का लोपाभाव—

येषां ज्येष्ठः कनिष्ठो वा हीयेतांशप्रदानतः ।
म्रियेनान्यतरो वापि तस्य भागो न लुप्यते ।।२११।।

भाष्य—**येषां** भ्रातृणां **ज्येष्ठः कनिष्ठो वा** भ्रातांश**प्रदाना**द्धीयते । '**अंश**प्रदानं'-विभागकालः । 'हीयते' पातित्याद्यविभागार्थं च हेतुमासादयेत् । **म्रियेत** वा । **तस्य भागो न लुप्यते** । तस्येयं प्रतिपत्तिः ॥२११॥

हिन्दी—जिन भाइयों में से बड़ा या छोटा भाई (विदेश जाने या संन्यासी होने आदि के कारण) भाग से रहित हो जाय अर्थात् अपना भाग नहीं पावे या मर जाय तो उसके भाग का लोप (नाश) नहीं होता है ॥२११॥

सोदर्या विभजेरंस्तं समेत्य सहिताः समम् ।
भ्रातरो ये च संसृष्टा भगिन्यश्च सनाभयः ।।२१२।।

भाष्य—**सोदर्या भ्रातरो** येषां संसृष्टोर्थे, ते गृह्णीयुः । **भगिन्यश्च सनाभयः** । सोदर्या अप्रत्तास्ता हि सनाभिव्यपदेश्याः । प्रत्ताः पुनः पतिगोत्रभावन्तीति न भ्रातृणां 'सनाभयः' ।

ये च संसृष्टा इति चशब्दो भगिनीं समुच्चिनोति । न त्वियमाशङ्का कर्तव्या— "सोदर्या गृह्णीयुर्ये च भ्रातरः संसृष्टा" इति ।

तथा सत्यसोदर्याणामपि संसृष्टानां भागः प्रसज्येत । सन्त्येव सोदर्या असंसृष्टाः संसृष्टाश्च । संसृष्टा असंसृष्टाश्च सोदर्या यत्र सन्ति, तत्रोभयोरपि विभागेन विभागं गृह्णीयुः ।

न चेदं विरुध्येत ।

"अन्योदर्यस्तु संसृष्टी नान्योदर्यो धनं हरेत्।
असंसृष्टोऽपि वा दद्यात्सोदर्यो नान्यमात्रिकः ॥" (याज्ञ० २।१३९) ॥

अस्यायमर्थः । सापत्नो भ्राता सत्यपि संसृष्टित्वे न गृह्णाति । यदा सोदर्योऽसंसृष्टो-

ऽपि विद्यते सोदर्याणां मध्याद्येन संसृष्टः स एव नान्यः, सत्यपि सोदर्यत्वे। तदुक्तं—"संसृष्टिनस्तु संसृष्टी सोदर्यस्य तु सोदरः" (याज्ञ० २।१३४) इति। यदा तु सोदरा नैव सन्ति तदायैरेव सापत्नैः संसृष्टस्य एव गृह्णीयुर्न त्वितरे। सोदर्यविभक्तानां सह वसतां महानिकटमावसत्यपि सान्निध्यं विशेषकार्यं सामान्योत्थं विभक्तानामपि विज्ञायत इत्याहुः।

तेन विभक्तानामप्यन्यतरप्रमेये सोदर्य एव गृह्णीयान्नास्य भागः परिलुप्यते।

न चैतच्चोदनीयं "नैवास्य तदानीं भाग उत्थितः परलोको वा चिन्त्यते।"

यत उक्तम्—"समुत्पन्नो वाच्यः स्वामीति"। "अनोशास्ते हि जीवतोः" (९।१०४) इति तत्र पितुरूर्ध्वं समनन्तरमेव पुत्राणां स्वाम्यं दर्शयति ॥११२॥

हिन्दी—(किन्तु उसके पिता, माता, स्त्री या पुत्र नहीं हों तो) सब सहोदर भाई और बहनें तथा सपत्नी-पुत्रों (सौतेले भाइयों) में से जो सम्मिलत रहते हों, सभी मिलकर उसके भाग में से समान-समान भाग परस्पर में बाँट लें ॥२१२॥

वञ्चक ज्येष्ठ भाई का उद्धाराभाव—

यो ज्येष्ठो विनिकुर्वीत लोभाद्भ्रातृन्यवीयसः।
सोऽज्येष्ठः स्यादभागश्च नियंतव्यश्च राजभिः ।।२१३।।

भाष्य—विनिकारो राजपूजादिष्ववज्ञा परे धनेन वचनम्।

अज्येष्ठो बन्धुवत्पूज्य इत्युक्तम्। न सर्वेण सर्वे ज्येष्ठवृत्तिनिषेधः।

अभागकत्वं च ज्येष्ठांशानर्हत्वम्।

नियन्तव्यम्। अविशेषोपदेशात्। वाग्दण्डधिग्दण्डाभ्यां धनं चार्थानुरूपेऽपराधे ॥२१३॥

हिन्दी—जो ज्येष्ठ भाई लोभ से छोटे भाइयों को ठगे (पिता के धन में से उन्हें उचित भाग न दे या कम दे), वह ज्येष्ठ भाई के आदर को नहीं पाता, उसका 'उद्धार' (अतिरिक्त भाग—९।११२-११५) भी नहीं मिलता तथा वह राजा के द्वारा दण्डनीय होता है ॥२१३॥

विकर्मियों को भाग की अप्राप्ति—

सर्व एव विकर्मस्था नार्हन्ति भ्रातरो धनम्।
न चादत्वा कनिष्ठेभ्यो ज्येष्ठः कुर्वीत यौतकम् ।।२१४।।

भाष्य—विकर्मस्थाः प्रतिषिद्धाचरणाः।

कुटुम्बार्थे चानुतिष्ठमानानां तेषामन्येषां भ्रातृणां सम्बन्ध्युपविष्टं स्थापयेद्य'दा ते वक्ष्यन्ते कुतस्तद्धनमिति तदा मूलं दर्शयिष्यामीति' तादृशं वृद्धिसहितमपि सर्वेषामपि दापयेत्। यदि तु तस्मिन्नेव काले भ्रातृणां दर्शये'दिदमधिकं दृश्यते तद्यथांशं गृह्णीताहमपि

स्वतस्तत्पृथक्कृत्य वृद्धिं नेष्यामीति' तदा नास्ति तेषां भागः। तस्यैव **तद्यौतकम्**॥२१४॥

हिन्दी—(पतित नहीं होने पर भी) शास्त्रविरुद्ध (जुआ खेलना, मद्य पीना, वेश्या-गमन करना आदि) करनेवाले सभी भाई पिता के धन के भागी (हकदार) नहीं होते हैं तथा ज्येष्ठ भाई छोटे भाइयों के भाग को बिना पृथक् किये अपने लिए कुछ भी धन (पिता के धन में से) नहीं लेवे ॥२१४॥

पिता के जीवित रहने पर उपार्जित धन का समभाग—

भ्रातृणामविभक्तानां यद्युत्थानं भवेत्सह ।
न पुत्रभागं विषमं पिता दद्यात्कथञ्चन ।।२१५।।

भाष्य—यदुक्तं—"न्यूनाधिकविभक्तानां धर्म्यः पितृकृतः स्मृतः" (याज्ञवल्क्य २।११६) इति तस्यास्मिन्विषये प्रतिषेधः।

सहोत्थानं सर्व एव धनमर्जयन्तीत्यर्थः। कश्चित्कृष्यादिना कश्चित्प्रतिग्रहेण कश्चि-त्सेवया कश्चिद्यथाहृतं परिरक्षति यथोपयोगमसन्निहितेषु विनियुंक्ते। तत्सर्वमेकीकृत्य समं विभजनीयम्। न स्नेहादिना कस्मैचित्पत्राऽधिकं देयम् ॥२१५॥

हिन्दी—यदि सम्मिलित रहते हुये सब भाई साथ में ही धनोपार्जन करें तो पिता किसी प्रकार भी किसी पुत्र को अधिक भाग को कदापि न देवे ॥२१५॥

पितृधन विभाजन होने के बाद पुत्रोत्पन्न होने पर—

ऊर्ध्वं विभागाज्जातस्तु पित्र्यमेव हरेद्धनम् ।
संसृष्टास्तेन वा ये स्युर्विभजेत स तैः सह ।।२१६।।

भाष्य—विभागोत्तरकालं पित्रा यद्विभागे भागद्वयं गृहीतं "द्वावंशौ प्रतिपद्येते" इति तदेव सत्यां पितुरिच्छायां ग्रहीतव्यम्। पितुरूर्ध्वं वा। न तत्र भ्रातृभिर्वाच्यं "किमित्ययं द्वावंशौ गृह्णातीति'। अथ च नास्ति पितुरिच्छा, तदा समं च स्वसमोऽस्य भाग उद्धर्तव्यः।

ये पितुरूर्ध्वं संसृष्टास्तेषामेव स पैतृकोंऽशः। तदुत्थं दद्यात्। अपरेषां स्वांशं "जातस्य च मृतस्य च" इति। जातस्य संसृष्टिन एव दद्युः। पितुरूर्ध्वं तदीयमंशं च तत एव। 'विभक्ताः सह' (९।२१०) इत्यनया बुद्ध्या। "भगिन्या आ प्रसवान्नैव विभागोऽस्ति" इति वसिष्ठेन दर्शितम् ॥२१६॥

हिन्दी—पिता के जीवित रहते ही उन पुत्रों की इच्छा से उनमें धन का विभाजन (बँटवारा) होने पर यदि कोई पुत्र उत्पन्न हो तो वह पुत्र पिता के मरने पर उसके धन का भागी होता है तथा यदि कुछ भाई विभाजन होने पर भी पिता के साथ मिलकर रहने लगें तो बाद में उत्पन्न पुत्र पिता के मरने पर उसके साथ मिलकर रहनेवाले भाइयों के साथ

सभी धन में से समान भाग प्राप्त करता है ॥२१६॥

सन्तानहीन पुत्र के धन का अधिकारी—

अनपत्यस्य पुत्रस्य माता दायमवाप्नुयात् ।
मातर्यपि च वृत्तायां पितुर्माता हरेद्धनम् ।।२१७।।

भाष्य—व्याख्यातोऽयं श्लोकः ॥२१७॥

हिन्दी—सन्तानहीन पुत्र के धन को माता लेवे तथा मर गयी हो तो पिता की माता (दादी) लेवे ॥२१७॥

विमर्श—पहले (९।१८५) पुत्रहीन पुत्र के धन का अधिकार पिता के लिए कह चुके हैं और इस वचन द्वारा माता को अधिकार कहा गया है, अतएव महर्षि याज्ञवल्क्य (२।२३५) तथा विष्णु के वचनानुसार[1] माता तथा पिता—दोनों ही पुत्रहीन पुत्र के धन को समान भाग में प्राप्त करते हैं। उत्तरार्द्ध का आशय यह है कि यदि माता मर गयी और पुत्रहीन उसके पुत्र, स्त्री, पिता, भाई और भतीजे नहीं हों तो उसके धन को उसकी पितामही (दादी) को मिलता है।

ऋण तथा धन का समान विभाग—

ऋणे धने च सर्वस्मिन्प्रविभक्ते यथाविधि ।
पश्चाद् दृश्येत यत्किञ्चित्तत्सर्वं समतां नयेत् ।।२१८।।

भाष्य—अविज्ञानान्न्यूनमधिकं वा विभक्तं परतो ज्ञातं समांशकीकर्तव्यम्। किञ्च विभागोत्तरकालं लब्धे नास्ति ज्येष्ठस्योद्धार इति ॥२१८॥

हिन्दी—पिता के धन तथा ऋण का विधिपूर्वक विभाजन (बँटवारा) करने के बाद यदि पिता का कोई धन या उसके द्वारा लिया हुआ ऋण शेष रह गया हो तो उसको सब भाई बराबर-बराबर बाँट लें (उस धन में से ज्येष्ठ भाई को 'उद्धार' अर्थात् अतिरिक्त (९।११२-११५) नहीं मिलेगा ॥२१८॥

अविभाज्य वस्तु—

वस्त्रं पत्रमलङ्कारं कृतान्नमुदकं स्त्रियः ।
योगक्षेमं प्रचारं च न विभाज्यं प्रचक्षते ।।२१९।।

भाष्य—वस्त्रपत्रालङ्कारकृतान्नोदकानामेकत्वं विवक्षितम्।

पत्रं वाहनं गन्त्रीशकटादि। **अलङ्कारो**ऽङ्गुलीयकादि। **वस्त्रं** सममूल्यं, न तु

---

१. विष्णुना च—'अपुत्रस्य धनं पत्न्यमभिगामि तदभावे दुहितृगामि तद मा दे पितृमायि' इत्येकशेषस्य कृतत्वात्' इति (म०मु०)

महार्घम् । **उदकं** कूपवाप्यादि । **स्त्रियो** दास्यः । **योगक्षेमं** यतो योगे क्षेमो भवति, मन्त्रिपुरोहितामात्यवृद्धाः वास्तु च । चौरादिभ्यस्ततो रक्षा भवति । स्मृत्यन्तरे च पठ्यते— 'वास्तुनि विभागो न विद्यते' ।

प्रचारं यत्र गावश्चरन्ति । प्रवेत्रे(?)त्याह ।

तेन यत्पैतृकेनोक्तं 'न ह्यत्र धर्मातिक्रमः कश्चिदस्तीति' तदनुपपन्नं दर्शयति । अदृष्टासु हि ते प्रतिषेधाः । तदतिक्रमादधर्मो न स्यात् ॥२१९॥

हिन्दी—वस्त्र, वाहन, आभूषण, पक्वान्न, जल (कूप आदि सार्वजनिक जलस्थान स्त्रियाँ (दासियाँ), मन्त्री, पुरोहित आदि योगक्षेमसाधक मार्ग इनको (मनु आदि महर्षि) विभाज्य मानते हैं ॥२१९॥

विमर्श—वस्त्र, वाहन, भूषण आदि का उपभोग विभाजन के पूर्व जो करता हो, वह उसी का होता है, उसका विभाजन नहीं किया जाता; किन्तु यदि वे बहुमूल्य हों और उसके मूल्य में बहुत अधिक अन्तर हो तो उनको बेचकर या उसका मूल्य लगाकर उनका विभाजन करना चाहिये । इसी प्रकार पक्वान्न सत्तू आदि का भी विभाजन मूल्य में सामान्य अन्तर रहने पर नहीं होता, किन्तु बहुत अधिक मूल्य होने पर कच्चे अन्न से बदलकर उनका विभाजन होता ही है तथा सामान्य कार्य करनेवाली दासियों का भी विभाजन नहीं होता, किन्तु उनसे सामान्य कार्य करवाना चाहिये ।

द्यूतकर्म—

अयमुक्तो विभागो वः पुत्राणां च क्रियाविधिः ।
क्रमंशः क्षेत्रजादीनां द्यूतधर्मं निबोधत ।।२२०।।

हिन्दी—(महर्षि भृगुजी मुनियों से कहते हैं कि मैंने) आप लोगों से वह विभाजन का विधान तथा (क्षेत्रज आदि) पुत्रों के भाग (हिस्से) का प्रकार क्रमशः कहा, अब आप लोग द्यूतकर्म को सुनिये ॥२२०॥

द्यूतादि का निषेध—

द्यूतं समाह्वयं चैव राजा राष्ट्रान्निवारयेत् ।
राजान्तकरणावेतौ द्वौ दोषौ पृथिवीक्षिताम् ।।२२१।।

हिन्दी—राजा के अपने राज्य से द्यूत तथा समाह्वय (९।२२३) को दूर करना चाहिये; क्योंकि ये दोनों दोष राजा के राज्य को नष्ट करने वाले हैं ॥२२१॥

प्रकाशमेतत्तास्कर्यं यद्देवनसमाह्वयौ ।
तयोर्नित्यं प्रतीघाते नृपतिर्यत्नवान्भवेत् ।।२२२।।

हिन्दी—द्यूत तथा समाह्वय (९।२१३) ये दोनों ही प्रत्यक्ष में चोरी करना (डाका

डालना) है अतएव उनको रोकने में राजा को सर्वदा प्रयत्नशील रहना चाहिये ॥२२२॥

द्यूत तथा समाह्वय के लक्षण—

अप्राणिभिर्यत्क्रियते तल्लोके द्यूतमुच्यते ।
प्राणिभिः क्रियते यस्तु स विज्ञेयः समाह्वयः ।।२२३।।

हिन्दी—बिना प्राणी (कौड़ी, पाशा, तास, तीर आदि की निशानेबाजी तथा सट्टा आदि) के द्वारा बाजी लगाकर खेलना 'द्यूत' (जुआ) तथा प्राणियों (मुर्गा, तीतर, बटेर आदि पक्षियों एवं भेड़ा आदि को लड़ाकर तथा कुत्ता, घोड़ा आदि दौड़ाकर-कुत्तारेस, घोड़ारेस आदि) के द्वारा बाजी लगाकर खेलना 'समाह्वय' कहलाता है ॥२२३॥

द्यूतादि करने वालों को दण्ड—

द्यूतं समाह्वयं चैव यः कुर्यात्कारयेत वा ।
तान्सर्वान्घातयेद्राजा शूद्रांश्च द्विजलिङ्गिनः ।।२२४।।

हिन्दी—जो मनुष्य द्यूत तथा समाह्वय (९।२२३) खेलें या खेलावें, उनको तथा यज्ञोपवीत आदि ब्राह्मण के चिह्नों को धारण करने वाले शूद्रों को (राजा) हाथ आदि कटवाकर दण्डित करे ॥२२४॥

कितवादि का देशनिर्वासन—

कितवान्कुशीलवान्क्रूरान्पाषण्डस्थांश्च मानवान् ।
विकर्मस्थान् शौण्डिकांश्च क्षिप्रं निर्वासयेत्पुरात् ।।२२५।।

हिन्दी—जुआरियों (जुआ खेलने या खेलानेवाले), कुशीलवों (नाचने गानेवाले), वेद-शास्त्र के विरोधियों, पाखण्डियों (श्रुति-स्मृति में अकथित व्रतादि धारण करनेवाले), आपत्तिकाल नहीं होने पर भी दूसरों की जीविका करनेवाले और मद्य बनानेवाले मनुष्यों को राजा राज्य से शीघ्र ही बाहर निकाल दे ॥२२५॥

कितवादि को राज्यनिर्वासन में कारण—

एते राष्ट्रे वर्तमाना राज्ञः प्रच्छन्नतस्कराः ।
विकर्मक्रियया नित्यं बाधन्ते भद्रिकाः प्रजाः ।।२२६।।

हिन्दी—राज्य में रहने वाले गुप्त और चौर— ये (पूर्व श्लोकोक्त कितव आदि) विरुद्धाचरण से सज्जन प्रजाओं को पीड़ित करते रहते हैं ॥२२६॥

उपहासार्थ भी द्यूत का निषेध—

द्यूतमेतत्पुराकल्पे दृष्टं वैरकरं महत् ।
तस्माद्द्यूतं न सेवेत हास्यार्थमपि बुद्धिमान् ।।२२७।।

हिन्दी—(केवल इस समय में ही नहीं किन्तु) पूर्वकाल में भी यह द्यूत (जुआ) बड़ा विरोधकारक देखा गया है, इस कारण बुद्धिमान मनुष्य हँसी-मजाक के लिए भी द्यूत का सेवन न करे ॥२२७॥

द्यूतकारक का राजेच्छानुसार दण्ड—

प्रच्छन्नं वा प्रकाशं वा तन्निषेवेत यो नरः ।
तस्य दण्डविकल्पः स्याद्यथेष्टं नृपतेस्तथा ।।२२८।।

भाष्य—विविधः कल्पो **विकल्पः** । सम एव राज्ञोच्यते ।

'द्यूतधर्मं निबोधत' (९।२२०) इति तत आरभ्य द्वित्राः श्लोका विधायकाः । सर्वोऽप्यर्थवादः ॥२२०-२२८॥

हिन्दी—जो छिपकर या प्रकट रूप में द्यूत (जुआ) खेलता है, उसके लिए राजा की जैसी इच्छा होती है, उसी के अनुसार दण्ड होता है ॥२२८॥

दण्ड देने में असमर्थ होने पर—

क्षत्रविट्शूद्रयोनिस्तु दण्डं दातुमशक्नुवन् ।
आनृण्यं कर्मणा गच्छेद्विप्रो दद्याच्छनैः शनैः ।।२२९।।

भाष्य—क्षत्रियादयो निर्धना न बन्धनेनावसादयितव्याः । किंतर्हि? **कर्मणा** यद्यस्योचितं कर्म राजोपयोगि तेन दण्डधनं संशोधयितव्याः ।

ब्राह्मणस्तु कुटुम्बानामविरोधेन **शनैर्दा**प्यः । बन्धताडनकर्मणी तस्य निषिध्येते ।

धनिकविषयः प्रागुक्तः श्लोकः । दण्डविषयोऽयम् । अपौनरुक्त्यम् ॥२२९॥

हिन्दी—राजा के द्वारा दण्डित क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र दण्डद्रव्य (जुर्माना) देने में असमर्थ हो तो राजा उनसे काम कराकर दण्डद्रव्य की पूर्ति (वसूली) करे। ब्राह्मण यदि दण्ड द्रव्य देने में असमर्थ हो तो राजा उससे धीरे-धीरे दण्डद्रव्य (जुर्माना) को ग्रहण करे (किन्तु ब्राह्मण से काम कराकर दण्डद्रव्य की पूर्त्ति न करावे) ॥२२९॥

स्त्री, बाल आदि को दण्ड—

स्त्रीबालोन्मत्तवृद्धानां दरिद्राणां च रोगिणाम् ।
शिफाविदलरज्ज्वाद्यैर्विदध्यान्नृपतिर्दमम् ।।२३०।।

भाष्य—दमम् । कर्मकरणेऽप्यसमर्था दरिद्रा एव गृह्यन्ते । महापातकिनां साम्यात्तच्छिफादिभिस्ताडनम् ।

शिफा लता । **विदलं** वृक्षत्वक् ॥२३०॥

हिन्दी—स्त्री, बालक, उन्मत्त (पागल), वृद्ध, दरिद्र और रोगी मनुष्यों को पेड़ों की

(जड़) या बाँस से मारकर या रस्सी से बाँधकर राजा दण्डित करे (इनपर अर्थदण्ड अर्थात् जुर्माना न करे) ॥२३०॥

राजनियुक्त अधिकारी को कार्य न करने पर दण्ड—

ये नियुक्तास्तु कार्येषु हन्युः कार्याणि कार्यिणाम् ।
धनोष्मणा पच्यमानास्तान्निःस्वान्कारयेन्नृपः ।।२३१।।

भाष्य—ये कार्यिणामर्थिप्रत्यर्थिनां **कार्येषु** व्यवहारदर्शितादिषु **नियुक्ता** अधिकृता राजस्थानीयप्रभृतयस्ते **धनोष्मणा पच्यमाना** अन्यतरस्माद्धनं गृहीत्वा **कार्याणि** नाशयेयु-**स्तान्निःस्वान्कारये**त्सर्वस्वहरणं तेषां कार्यम् ।

सत्यानामभ्यासेन वर्तमानानां सत्यपि वक्ष्यमाणदण्डान्तरविधावेष एव दण्डी न्याय्यः ।

येऽप्यन्ये सेनापतिप्रभृतयः कस्यचित्साहाय्यके नियुज्यन्ते ततश्चार्थं गृहीत्वा शयन्ति तेऽप्येवमेव दण्ड्याः ।

अन्ये तु 'येऽनियुक्ता' इत्यकारप्रश्लेषं पठन्ति । ये राजवल्लेख्याद्बलातिशयाद्वाऽन्यस्य साहाय्यं कुर्वन्ति, कार्यनाशनार्थं द्वितीयस्य, तेषामयं दण्डः ।

धनोष्मणेत्यविवक्षितम् । अनियुक्ता इत्येतदेव प्रधानम् ॥२३१॥

हिन्दी—राजा के द्वारा कार्य में नियुक्त जो राजाधिकारी पुरुष घूस आदि के धन की गर्मी (घमण्ड) से कार्य को नष्ट कर दें तो राजा उनकी सम्पत्ति को अपने अधीन कर ले ॥२३१॥

कपटपूर्वक लेखादि लिखने वालों को दण्ड—

कूटशासनकर्तॄंश्च प्रकृतीनां च दूषकान् ।
स्त्रीबालब्राह्मणघ्नांश्च हन्याद्द्विट्सेविनस्तथा ।।२३२।।

भाष्य—कूटशासनस्य कर्तारो यन्नैव राज्ञादिष्टं तद्राजकृतमिति वदन्ति । **शासनं** राजादेशः । 'एतस्य गृहे न भोक्तव्यम्', 'अस्य चायं प्रसाद आज्ञात', 'इयं वा स्थिती राज्ञा कृतेति' पत्रकं राजाधिकृतलेखकलिखितमिति 'शासनं' राजादेशसम्बन्धेन शासनम् । तत्**कूटं** कुर्वन्ति पालयन्ति ।

प्रकृतीनां क्रुद्धलुब्धानां **दूषका** भेदकाः ।

स्त्रीबालयोर्ब्राह्मणस्यापि हन्तारः ।

द्विट्सेविनो राजशत्रुसेविनः प्रच्छन्नं गतागतिकान् ॥२३२॥

हिन्दी—कपटपूर्वक राजाज्ञा लिखनेवाले, प्रकृति (मन्त्री, सेनापति आदि राज-

परिजनों) को फोड़नेवाले तथा स्त्री, बालक और ब्राह्मणों की हत्या करनेवालों एवं शत्रु का सेवन करने वालों का वध करके दण्डित करे ॥२३२॥

धर्मपूर्वक किये कार्यादि का अपरिवर्तन—

तीरितं चानुशिष्टं च यत्र क्वचन यद्भवेत् ।
कृतं तद्धर्मतो विद्यान्न तद्भूयो निवर्तयेत् ।।२३३।।

भाष्य—यत्र क्वचन राजाधिकरणे व्यवहारपदं **तीरितम्**। पारतीरकर्मसमाप्तौ। निश्चितम्। असौ यत्र प्रयुञ्जीतेति न केवलं वाचा सत्यैरुक्तं यावदनुशिष्ट दण्डप्रणयनं कृतम्।

तद्राजा कृतमेव विद्यात्। न पुनर्निवर्तयेदन्तरेण द्विगुणं दण्डम्। यथाह—''द्विगुणं दण्डमास्थाय तत्कार्यं पुनरुद्धरेत्'' इति ॥२३३॥

धनग्रहणसम्बन्धेन पूर्वं निःस्वीकरणम्। अयं तु निमित्तान्तरेणाज्ञानादिना।

हिन्दी—जिस किसी व्यवहार (मुकदमे) में जो शास्त्रव्यवस्था के अनुसार निर्णीत कर लिया गया हो और जो दण्डविधमान कर दिया गया हो; उसे धर्मपूर्वक किया हुआ जानना चाहिये और उसमें (निष्कारण) परिवर्तन नहीं करना चाहिये (तथा किसी कारण-विशेष के होने पर तो परिवर्तन भी करना ही चाहिये) ॥२३३॥

[तीरितं चानुशिष्टं च यो मन्येत विकर्मणा ।
द्विगुणं दण्डमास्थाय तत्कार्यं पुनरुद्धरेत् ।।६।।]

[**हिन्दी**—जिस किसी व्यवहार (मुकदमे) में निर्णय कर लिया गया हो और दण्ड भी कर दिया गया हो; किन्तु राजा उसे न्याययुक्त नहीं समझे तो अधिकारियों को दुगुना दण्डित करके उस कार्य को फिर से देखे ॥६॥]

अधर्मपूर्वक किये गये कार्यादि का परिवर्तन—

अमात्याः प्राड्विवाको वा यत्कुर्युः कार्यमन्यथा ।
तत्स्वयं नृपतिः कुर्यात्तं सहस्रं च दण्डयेत् ।।२३४।।

भाष्य—धनग्रहणसम्बन्धेन पूर्वं निःस्वीकरणम्। अयं तु निमित्तान्तरेण अज्ञादिना।

अमात्यो राजस्थानीयादिः।

तं सहस्रं च दण्डयेत्। गर्गशतदण्डनवत्समुदायेन वाक्यपरिसमाप्तिः ॥२३४॥

हिन्दी—मन्त्री या न्यायाधीश (जज आदि राजाधिकारी) जिस कार्य को ठीक (न्यायपूर्वक) नहीं किये हों, उस कार्य को राजा स्वयं करे और उन्हें सहस्र पण (८।१३६) से दण्डित करे ॥२३४॥

विमर्श—राजनियुक्त अधिकारियों पर यह दण्डविधान बिना घूस लिये अन्यायपूर्वक निर्णय करने पर है, घूस लेकर अन्यायपूर्वक निर्णय करने पर तो उन अधिकारियों की सब सम्पत्ति लेकर दण्डित करने का विधान पहले (९।२३१) में ही कह चुके हैं।

चतुर्विध महापातकी—

ब्रह्महा च सुरापश्च तस्करो गुरुतल्पगः।
एते सर्वे पृथक् ज्ञेया महापातकिनो नराः ।।२३५।।

भाष्य—सुरापो ब्राह्मण एव महापातकी। **तस्करो** ब्राह्मणसुवर्णापहारी। **नराः** कथिताः।

उक्तार्थकथनमुत्तरार्थम् ॥२३५॥

हिन्दी—(१) ब्राह्मण की हत्या करनेवाला, (२) मद्य पीनेवाला ('पैष्टी' मद्य को पीनेवाला) द्विज (ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य) और 'पैष्टी-माध्वी-गौडी' (क्रमशः आटा, महुआ तथा गुड़ से बने हुए) मद्य को पीनेवाला ब्राह्मण, (३) (ब्राह्मण के सुवर्ण को) चुरानेवाला एवं (४) गुरुपत्नी के साथ सम्भोग करनेवाला और पृथक्-पृथक् कर्म करनेवाले इन सबको महापातकी जानना चाहिये ॥२३५॥

प्रायश्चित्त नहीं करने वाले महापातकियों को दण्ड—

चतुर्णामपि चैतेषां प्रायश्चित्तमकुर्वताम्।
शारीरं धनसंयुक्तं दण्डं धर्म्यं प्रकल्पयेत् ।।२३६।।

भाष्य—"ननु च सुरापो ब्राह्मण एव पातकी। तस्य च शरीरसंयुक्तो दण्डो नास्ति 'न शारीरो ब्राह्मणो दण्ड' इति तत्र **चतुर्णा**मपीति कथं" केचिदाहुः। पतितः सम्प्रयुक्तो गृह्यते पूर्वमनुपात्तोऽपि। चतुःसंख्यासामर्थ्यात्।

अन्ये त्वंकनं शरीरसंयुक्तमित्याहुः। तच्च ब्राह्मणस्याप्यस्ति।

अन्ये त्व'पि'शब्दात्पञ्चानामयं दण्ड इत्याहुः।

चतुर्णामपि। अपिशब्दात्पञ्चमस्यापि तत्संसर्गिणः।

ब्राह्मणस्य वधे पूर्वं शरीरदण्ड उक्त एव, "स्त्रीबालब्राह्मणघ्नांश्च हन्यादि"ति। अनेनान्तःशरीरयुक्तमङ्कनमेवोच्यते।

धर्म्यमित्यपराधानुरूपेण गुरुतरलाघवं कार्यमित्यर्थः ॥२३६॥

हिन्दी—राजा प्रायश्चित नहीं करनेवाले इन चारों प्रकार के महापातकियों को शारीरिक तथा अपराधानुसार आर्थिक दण्ड से धर्मानुसार (आगे (९।२३७-२४०) कहे गये दण्ड से) दण्डित करे ॥२३६॥

गुरुतल्पे भगः कार्यः सुरापाने सुराध्वजः ।
तस्करे श्वपदं कार्यं ब्रह्महण्यशिराः पुमान् ।।२३७।।

भाष्य—ललाटाङ्कनम् । प्रतिषेधविधौ "नाङ्क्या राज्ञा ललाटे स्युः" (९।२४०) इतितच्छ्रवणात् ॥२३७॥

हिन्दी—गुरुपत्नी के साथ सम्भोग करनेवाले (के ललाट) में भग का चिह्न, मद्य पीने वाले (के ललाट) में सुरापात्र का चिह्न, ब्राह्मण के सुवर्ण को चुराने वाले (के ललाट) में कुत्ते के पैर का चिह्न तथा ब्राह्मण की हत्या करनेवाले (के ललाट) में शिरकटे मनुष्य को चिह्न (तपाये हुए लोहे से) करा देवे ॥२३७॥

असम्भोज्या ह्यसंयाज्या असंपाठ्याविगर्हिताः ।
चरेयुः पृथिवीं दीनां सर्वधर्मबहिष्कृताः ।।२३८।।

भाष्य—सर्वधर्मग्रहणादेवासम्भोजनादीनां सिद्धे प्रतिषिद्धे दोषगुरुत्वख्यापनार्थमेषामुपादानम् ।

सम्भोग एकत्र ग्रसनं गीतादिश्रवणं च ।

संयाजनं तेषामेव याजनं तैः सह याजनं वा । एवं **संपाठो**ऽपि द्रष्टव्यः । **असंपाठ्याविगर्हिता** इति । असंपाठ्याश्च विगर्हिताश्चेति द्वन्द्वः ।

दीना इति । सत्यपि स्वरत्वे तत्सम्बन्धिनिषेधमिक्षादिभोजनेन परयाऽवज्ञया च वस्त्रखण्डादिवर्जनम् ॥२३८॥

हिन्दी—(ये चतुर्विध (९।२३५) महापातकी) असम्भोज्य (अन्न आदि खिलाने के अयोग्य), असंयाज्य (यज्ञादि सत्कर्म कराने के अयोग्य), असम्पाठ्य (पढ़ाने के अयोग्य), अविवाह्य (विवाह के अयोग्य), समस्त धर्म—(कार्यों) से बहिष्कृत एवं दीन होकर पृथ्वी पर घूमा करें ॥२३८॥

ज्ञातिसबन्धिभिस्त्वेते त्यक्तव्याः कृतलक्षणाः ।
निर्दया निर्नमस्कारास्तन्मनोरनुशासनम् ।।२३९।।

भाष्य—**कृतलक्षणा** इति निश्चिते कार्यकारणत्वे इत्यर्थः ।

व्याध्यादियोगेप्येषु दया न कर्तव्या । ज्येष्ठ्यादिगुणयोगेऽपि च नैते नमस्कार्याः प्रत्युत्थानादिभिः ।

एष एव वचनसामर्थ्याद्धर्मो विज्ञेयः ॥२३९॥

हिन्दी—उक्त (९।२३७) चिह्नों से चिह्नित ये जातिवालों तथा (मामा आदि) सम्बन्धियों से त्याज्य हैं, दया के अयोग्य हैं और नमस्कार के अयोग्य है; ऐसा मनु का आदेश है ॥२३९॥

प्रायश्चित्तं तु कुर्वाणाः पूर्वे वर्णा यथोदितम् ।
नाङ्क्या राज्ञा ललाटे स्युर्दाप्यास्तूत्तमसाहसम् ।।२४०।।

भाष्य—शूद्रादन्ये **पूर्वे वर्णाः** । तेषां प्रायश्चित्तं कुर्वतामङ्कनं नास्ति । दण्ड**स्तूत्तमसाहसं** पणसहस्रं दाप्यते ॥२४०॥

हिन्दी—शास्त्रोक्त प्रायश्चित्त करनेवाले इन सब वर्णों के ललाट में राजा (तपाये लोहे से) चिह्न न करे, किन्तु उत्तम साहस (८।१३८-१०० पणों) से दण्डित करे ॥२४०॥

महापातकी ब्राह्मण को दण्ड—

आगस्सु ब्राह्मणस्यैव कार्यो मध्यमसाहसः ।
विवास्यो वा भवेद्राष्ट्रात्सद्रव्यः सपरिच्छदः ।।२४१।।

भाष्य—प्रायश्चित्तं तु कुर्वाणा इत्येतदत्र नापेक्षते ।

एतेषु ब्रह्महत्यादिष्वपराधेषु ब्राह्मणो मध्यमसाहसं दण्ड्यः ।

अकामत इत्युत्तरश्लोकादपकृष्यते ।

दण्डयित्वा प्रायश्चित्तं कारयितव्यः ।

सपरिच्छदः । गुणवतो ब्राह्मणस्यानुग्राह्यस्यैतत् । अकामं वाऽनिर्वास्यः ॥२४१॥

हिन्दी—इन (९।२३५) अपराधों को अकामपूर्वक करनेवाले गुणवान् ब्राह्मण को मध्यम साहस (५०० पण) से दण्डित करना चाहिए तथा सकाम होकर करने पर धन-धान्यादि के सम्पत्ति तथा साधनों के साथ देश से निकाल देना चाहिये ॥२४३॥

विमर्श—पूर्व श्लोक (९।२४०) में किया गया समस्त वर्णों के लिए उत्तम साहस परिमित दण्डविधान निर्गुण ब्राह्मण के लिए समझना चाहिये ।

महापातकी क्षत्रियादि को दण्ड—

इतरे कृतवन्तस्तु पापान्योतान्येकामतः ।
सर्वस्वहारमर्हन्ति कामतस्तु प्रवासनम् ।।२४२।।

भाष्य—इतरे क्षत्रियादयो वर्णा **एतानि पापानि** महापातकान्य**कामतो**ऽनिच्छया **कृतवन्तः** सर्वस्वहरणाः कार्याः ।

केचित्प्रायश्चित्तमपि कुर्वतामेतद्दण्डं पूर्वेण वैकल्पिकमिच्छन्ति ।

कामतस्तेषां वध उक्तः ।

शूद्रस्याकामतोऽङ्कनसर्वस्वहरणे । कामतो वधः ॥२४२॥

हिन्दी—अकामपूर्वक इन (९।२३४) अपराधों को करने वाले क्षत्रियों, वैश्यों व

शूद्रों को सर्वस्व हरणकर दण्डित करे तथा कामपूर्वक अपराध करने वाले इनको वधरूप दण्ड दे ॥२४२॥

महापातकी के धनग्रहण का निषेध—

नाददीत नृपः साधुर्महापातकिनो धनम् ।
आददानस्तु तल्लोभात्तेन दोषेण लिप्यते ।। २४३।।

भाष्य—"ननु धनेन दण्डनं राज्ञा वृत्तिरिति स्थापितम्। कथमिह तद्धनस्याग्रहणम्।" उक्तम्—'राजनिर्धूतदण्डा' इत्यत्रान्तरे ॥२४३॥

हिन्दी—धर्मात्मा राजा महापातकियों (९।२३५) से धन को नहीं ग्रहण करे, लोभ से उनके धन को ग्रहण करता हुआ राजा उस (महापातक) दोष से युक्त होता है ॥२४३॥

अप्सु प्रवेश्य तं दण्डं वरुणायोपपादयेत् ।
श्रुतवृत्तोपपन्ने वा ब्राह्मणे प्रतिपादयेत् ।। २४४।।

भाष्य—'वरुणायेदमि'ति मनसा ध्यायन्**नप्सु** दद्यादप्सु निक्षिपेत् । **ब्राह्मणाय** वा विद्याशीलसम्पन्नाय दद्यात् ॥२४४॥

हिन्दी—(अतएव) राजा उन महापातकियों से लिये गये धन को पानी में डालकर वरुण के लिए दे देवे अथवा शास्त्र तथा सदाचार से युक्त विद्वान् ब्राह्मण के लिए दे देवे ॥२४४॥

ईशो दण्डस्य वरुणो राज्ञां दण्डधरो हि सः ।
ईशः सर्वस्य जगतो ब्राह्मणो वेदपारगः ।। २४५।।

भाष्य—पूर्वस्य प्रतिपत्तिविधेरर्थवादोऽयम् ।

महापातकिनो दण्डस्य वरुण ईष्टे। यतो **राज्ञां स दण्डधरो** नेता ईशितेति यावत् । एवं ब्राह्मणोऽपि तद्धनस्येशोऽनेन ग्राह्यः ॥२४५॥

हिन्दी—क्योंकि महापातकियों (९।२३५) के अर्थदण्ड को ग्रहण करनेवाला स्वामी वरुण है, अतएव वही राजाओं के भी अर्थदण्ड को ग्रहण करनेवाला है तथा वेद-पारङ्गत (एवं सदाचारी) ब्राह्मण सम्पूर्ण संसार का स्वामी है, (इस कारण उन महा-पातकियों के धन को) वे ही दोनों (वरुण या वेदपारङ्ग सदाचारी ब्राह्मण ही) ग्रहण करने के अधिकारी हैं ॥२४५॥

महापातकियों के धन नहीं लेने की प्रशंसा—

यत्र वर्जयते राजा पापकृद्भ्यो धनागमम् ।
तत्र कालेन जायन्ते मानवा दीर्घजीविनः ।। २४६।।

हिन्दी—जिस राज्य में राजा महापातकियों (९।२३५) के धन को दण्डरूप में भी नहीं लेता है (अपितु 'अप्सु प्रवेश्य.......(९।२४४) के अनुसार पानी में डाल देता या सदाचार-सम्पन्न वेदपारगामी ब्राह्मण के लिए दे देता है), उस राज्य में यथा समय मनुष्य उत्पन्न होते हैं, वे दीर्घजीवी होते हैं ॥२४६॥

निष्पद्यन्ते च सस्यानि यथोप्तानि विशां पृथक् ।
बालाश्च न प्रमीयन्ते विकृतं न च जायते ।।२४६।।

भाष्य—प्रसिद्धाविमावप्यर्थवादश्लोकौ ।

कालेन जायन्त इति वर्तमानजन्य विवक्षितम् ।

जातं जनिष्यमाणं च । **विकृतं** करचरणाक्षिविहीनम् ॥२४७॥

हिन्दी—वैश्यों (कृषकों) के द्वारा खेती में बोये गये बीज यथावत् पृथक्-पृथक् उत्पन्न होते हैं, (अकाल में) बालक नहीं मरते हैं और कोई प्राणी विकृत (किसी अङ्ग से हीन या विकारयुक्त) नहीं उत्पन्न होता है ॥२४७॥

ब्राह्मण को पीड़ित करनेवाले को दण्ड—

ब्राह्मणान्बाधमानं तु कामादवरवर्णजम् ।
हन्याच्चित्रैर्वधोपायैरुद्वेजनकरैर्नृपः ।।२४८।।

भाष्य—अवरवर्णजः शूद्रः ।

बाधनं धनाद्याहरणं शरीरोपपीडनं च । **चित्रा** विविधोपायाः शूलारोपणं शिरश्छेदः अङ्ककल्पनं खड्गप्रहारकर्तिका इत्याद्याः । **उद्वेजनकरै**र्दीर्घकालपीडाकरैः ॥२४८॥

हिन्दी—जान-बूझकर (शरीर-पीड़ा तथा धन आदि चुराकर) ब्राह्मण को पीड़ित करनेवाले शूद्र को राजा उद्वेगकारक विचित्र बधों (हाथ-पैर आदि को काटने) से मार डाले ॥२४८॥

वध्य को छोड़ने से दोष—

यावानवध्यस्य वधे तावान्वध्यस्य मोक्षणे ।
अधर्मो नृपतेर्दृष्टो धर्मस्तु विनियच्छतः ।।२४९।।

भाष्य—अवध्यवधे यो दोषस्तत्तुल्यो **वध्यमोक्षणे** राज्ञ उपर्युक्तेषु ।

अर्थभागहरस्य धर्मान्कुर्वतः प्रत्यवायेन अवश्यमेव भवितव्यम् । कुर्वतस्तु न कदाचिदृष्टसिद्धिः । यस्त्वयं **धर्मस्तु विनियच्छत** इति एवमादिधर्मप्रवापदः, सर्वोऽसौ स्वकर्मानुष्ठानानुशंसार्थोऽर्थवादः ।

निग्रहोपसंहारार्थस्त्वयं वधोपदेशः । अतो यथाश्रुति चित्रवधोपायैः कर्तव्यः । दृष्टार्थेषु

राज्यतन्त्रसिद्ध्यर्थमुपदेशेषु प्रवचनं, यथादृप्तं योधांश्च हन्यादित्युक्तम्। तत्र दृष्टप्रयोजनत्वादुपदेशस्य, न नियतो वधः। एवं च सत्युपायांतरेणापि बन्धनादिना 'विनियच्छतो' न दोषः ॥२४९॥

हिन्दी—अवध्य (नहीं मारने योग्य) को वध करने में जितना अधर्म होता है, उतना ही अधर्म (अपराध के कारण) वध करने योग्य व्यक्ति को छोड़ने में राजा को होता है और शास्त्रानुसार दण्डित करनेवाले राजा का धर्म देखा जाता है (अतः राजा दण्डनीय व्यक्ति को अवश्य दण्डित करे) ॥२४९॥

उदितोऽयं विस्तरशो मिथो विवदमानयोः।
अष्टादशसु मार्गेषु व्यवहारस्य निर्णयः॥२५०॥

भाष्य—सर्वव्यवहारोपसंहारार्थः श्लोकः ॥२५०॥

हिन्दी—(महामुनि भृगुजी मुनियों से कहते हैं कि मैंने) परस्पर विवाद करते हुए वादी तथा प्रतिवादियों (मुद्दई तथा मुद्दालहों) के अट्ठारह प्रकार के (८।४-७) विवादों में व्यवहार (मुकदमे) के निर्णय को विस्तारपूर्वक कहा ॥२५०॥

एवं धर्म्याणि कर्याणि सम्यक्कुर्वन्महीपतिः।
देशानलब्धान्लिप्सेत लब्धांश्च परिपालयेत्॥२५१॥

भाष्य—**अलब्धांल्लिप्सेतेति** संतोषपरेण न भवितव्यमित्यर्थः ॥२५१॥

हिन्दी—धर्मयुक्त कार्यों को इस प्रकार अच्छी तरह करता हुआ राजा अप्राप्त देशों को प्राप्त करने की इच्छा कर तथा प्राप्त हुए देशों का यथावत् पालन करे ॥२५१॥

कण्टकोद्धार करना राजा का कर्तव्य—

सम्यङ्निविष्टदेशस्तु कृतदुर्गश्च शास्त्रतः।
कण्टकोद्धरणे नित्यमातिष्ठेद्यत्नमुत्तमम्॥२५२॥

भाष्य—देशनिवेशो दुर्गकरणं यत्सप्तमाध्याये उक्तं तत्कृत्वा **कण्टकोद्धरणम्**। तेनापि राष्ट्ररक्षा क्रियते।

कण्टकशब्दः पीडाहेतुसामान्यात्तस्करादिषु प्रयुक्तः ॥२५२॥

एतदेव दर्शयति—

हिन्दी—राजा पूर्व (७।६९) कथित सस्यादि-सम्पन्न देश का आश्रयकर वहाँ दुर्ग (७।७० में वर्णित दुर्गों में से किसी एक प्रकार का दुर्ग-किला) बनवाकर कण्टकों (चोरों तथा साहस कर्म करनेवाले अर्थात् आग लगाने वाले डाका डालने वाले आदि व्यक्तियों) को दूर करने में सर्वदा अच्छी तरह प्रयत्न करता रहे ॥२५२॥

आर्यरक्षण तथा कण्टकशोधन का फल—

रक्षणादार्यवृत्तानां कण्टकानां च शोधनात् ।
नरेन्द्रास्त्रिदिवं यान्ति प्रजापालनतत्पराः ।।२५३।।

भाष्य—आर्यं शास्त्रनोदितं कर्तव्यमितरानुष्ठाननिषेधः, तद्**वृत्तं** येषामित्युत्तरपद-लोपी समासः । तेन दीनानाथश्रोत्रिया अकरशुल्कदा गृह्यन्ते । तद्रक्षणाद्धि त्रिदिवगमनं युक्तम् । अन्येषां तु वृत्तिपरिक्रीतत्वादकरणे प्रत्यवायः यथोत्तरत्र वक्ष्यते "स्वर्गाच्च परिहीयत" इति । रक्षानुवृत्तिनिष्क्रयणेन प्रत्यवायाभावामात्रं न तु स्वर्गः ।

अथवा वृत्तिनियमापेक्षं त्रिदिवप्राप्तिवचनं यथोक्तं प्राक् ।

अन्येषां तु वृत्तिपरिक्रीतत्वादर्शनम् । अर्थवादमात्रं राज्ञः स्वर्गवचनम् । अवृत्ति-परिपालनमपि वृत्तिप्रयुक्तं स्वराज्यभागस्थानीयस्य तद्राज्ञः । यथैव च 'शिल्पिजीविनः शिल्पिनो मासि मास्येकैकं काम्यं कुर्युरिति' वृत्त्यर्थं शिल्पं कुर्वाणा राजा कर्म कार्यन्ते करग्रहणाय, एवं राजापि वृत्तियुक्तः प्रजापालनप्रवृत्तो नित्यकर्मवदार्यपरिपालनं कार्यते शास्त्रेण । यथैव हि कामश्रुतितोऽग्न्याहितो नित्याननुतिष्ठति, न स्वर्गादिलाभाय, न हि तानि फलार्थतया नोदितानि, अथ च क्रियन्ते; तद्वदेतद्द्रष्टव्यम् । अतो यावती काचित्-फलश्रुतिः सा सर्वाऽर्थवाद इति कोवरविष्णुस्वामी ।

यदत्र तत्त्वं तद्दर्शितमधस्तात् ।।२५३।।

हिन्दी—सदाचारियों की रक्षा तथा कण्टकों (चोरों तथा साहस कर्म करनेवालों-आग लगानेवालों या डाका डालने वालों आदि) के शोधन (दण्डितकर नष्ट) करने से प्रजापालन में तत्पर राजा (मरने पर) स्वर्ग को जाते हैं (अतएव आर्यरक्षण तथा कण्टकशोधन में राजा को प्रयत्नशील रहना चाहिये) ।।२५३।।

चौरादि के शासन नहीं करने पर दोष—

अशासंस्तस्करान्यस्तु बलिं गृह्णाति पार्थिवः ।
तस्य प्रक्षुभ्यते राष्ट्रं स्वर्गाच्च परिहीयते ।।२५४।।

भाष्य—'शासनं' यथाशास्त्रं वधादिदण्डमन्तरेण तस्कराणां निग्रहं रक्षा न शक्यते। अतो वृत्तिं गृहीत्वा यस्तस्करवधाज्जुगुप्सते तस्योभयो दोषः । इह राष्ट्रकृतोऽमुत्र स्वर्ग-परिहानिः । युक्ता च बलिपरिगृहीतस्य तन्निष्कृतिमकुर्वतो दोषवत्ता ।।२५४।।

हिन्दी—जो राजा चौर आदि का शासन नहीं करता हुआ, प्रजाओं से कर (राजग्राह्य भाग-विशेष-टैक्स) लेता है, उसके राज्य में निवास करने वाले लोग क्रुद्ध हो जाते हैं तथा वह राजा स्वर्ग पाने के अधिकार से हीन हो जाता है ।।२५४।।

निर्भय राज्य की समृद्धि—

निर्भयं तु भवेद्यस्य राष्ट्रं बाहुबलाश्रितम् ।
तस्य तद्वर्धते नित्यं सिच्यमान इव द्रुमः ।।२५५।।

भाष्य—प्रसिद्धमेवैतच्छ्लोके तस्करधर्मविशेषतयाऽनूद्यते ॥२५५॥

हिन्दी—जिस राजा के बाहुबल के आश्रय से राज्य (चौर आदि से) निर्भय होता है, उस राजा का राज्य सींचे गये वृक्ष के समान वृद्धि को पाता है ॥२५५॥

प्रत्यक्ष तथा परोक्ष चौर का ज्ञान—

द्विविधांस्तस्करान्विद्यात्परद्रव्यापहारकान् ।
प्रकाशांश्चाप्रकाशांश्च चारचक्षुर्महीपतिः ।।२५६।।

भाष्य—चाराः प्रच्छन्ना राष्ट्रे राजकृत्यज्ञानिनः । ते चक्षुषी इव यस्य स **चार-चक्षुः** । प्रकाशस्तस्कराणां नातितस्करव्यवहारो यथा लोकेऽन्येषामटवीरात्रिचराणाम् । आप्तस्तैः सामान्योपादानं तद्वन्निग्रहार्थं क्रियते ॥२५६॥

हिन्दी—(गुप्तचरों के द्वारा सब काम देखने से) चारचक्षुष (गुप्तचर ही हैं नेत्र जिसके ऐसा) राजा गुप्त (छिपकर) तथा प्रकाश (प्रकट) रूप में दूसरों के धन को चुरानेवाले दो प्रकार के चोरों को मालूम करे ॥२५६॥

प्रत्यक्ष तथा परोक्ष चोर के लक्षण—

प्रकाशवञ्चकास्तेषां नानापण्योपजीविनः ।
प्रच्छन्नवञ्चकास्त्वेते ये स्तेनाटविकादयः ।।२५७।।

भाष्य—तत्र ये क्रेयार्थं मानतुलाविशेषेण मुष्णन्ति द्रव्याणामागमस्थाननिर्गमनापेक्षार्थं कुर्वन्ति ते **प्रकाशवञ्चका** वाणिजकाः ।

प्रच्छन्नास्तु ये रात्रेरनुहरन्ति ते । **स्तेना आटविका** विजने प्रदेशे वसन्ति । अपरे तु प्रसह्य हारिणी न केवलमेत एव, किंतर्हीमेचान्ये यानूर्ध्वं वक्ष्यामः ॥२५७॥

हिन्दी—उन दो प्रकार के चोरों में से मूल्य तथा तोल या नापने में लोगों के देखते-देखते सोना, कपड़ा आदि बेचते समय ठगनेवाले प्रथम (प्रत्यक्ष) चोर हैं तथा सेंध डालकर या जङ्गल आदि में छिपकर रहते हुए दूसरों के धन को चुरानेवाले द्वितीय (परोक्ष) चोर हैं ॥२५७॥

उत्कोचकाश्चौपधिका वञ्चकाः कितवास्तथा ।
मङ्गलादेशवृत्ताश्च भद्रप्रेक्षणिकैः सह ।।२५८।।

भाष्य—**उत्कोचका** ये कस्य चित्कार्येण कस्य चिद्राजामात्मयादेः प्रवृत्ता

ग्रहणातिकार्यसिद्धौ प्रवर्तन्ते ।

औपधिकाः छद्मव्यवहारिणः । अन्यद्ब्रुवन्त्यन्यदाचरन्ति । प्रत्यक्षं प्रीतिं दर्शयित्वा हठोपकारे वर्तन्ते । विनाप्यर्थग्रहणेन निमित्तान्तरतः अन्यतोऽपरस्य कार्यसिद्धिमवश्यं विज्ञाय 'मया तवैतत्क्रियत' इति परं गृह्णन्ति । भीषिकाप्रदर्शनं वा 'उपधिः' ।

कितवा धनग्रहणवञ्चका विप्रलम्भकाः । 'इदं कार्यं वयमेव करिष्यामस्तव नान्यत्रोद्यथा' इत्युक्त्वा न कुर्वते । उपेत्य नानाकारिणो नानाविधैरुपायैर्ग्रामीणान्मुष्णान्ति ।

शिवमाधवादयः शिवामादित्यं जीवन्ति । **मङ्गलादेशवृत्ता** ये ह्युपदेशिका ज्योतिषिकादयः । अथवा 'एतां देवतां त्वदर्थेनाहं प्रीणयामि दुर्गां मार्तण्डं चेति' तथ्यऽऽढ्यानां धनमुपजीवन्ति । अथवा मङ्गलं 'तथाऽस्त्विति' वादिनः, **'मङ्गलादेशवृत्ताः'** ।

सर्वस्य करवर्धने **भद्रप्रेक्षणिकाः** प्रशंसिपुरुषलक्षणाः ॥२५८॥

हिन्दी—(और) घूसखोर, डराकर धन लेनेवाले ठग, जुआरी (९।२२३ में वर्णित द्यूत या समाह्वय से धन लेनेवाले), धन या पुत्रादि के लाभ होने की असत्य बातें कहकर लोगों से धन लेनेवाले, उत्तम (साधु, संन्यासी आदि का वेष धारण कर अपने दूषित कर्म को छिपाकर लोगों से धन लेनेवाले, हस्तरेखा आदि को देखकर नहीं जानते हुए भी फल को बतलाकर धन लेनेवाले ॥२८५॥

असम्यक्कारिणश्चैव महामात्राश्चिकित्सकाः ।
शिल्पोपचारयुक्ताश्च निपुणाः पण्ययोषितः ।।२५९।।

भाष्य—महामात्रा मन्त्रिपुरोहितादयो राजनिकटिकः । ते चे**दसम्यक्कारिणः** । **चिकित्सका** वेद्याः ।

शिल्पोपचारयुक्ताः चित्रपत्रछेदरूपकारादयः । 'उपचार' उपायनमनुपयुज्यमानं स्वशिल्पकौशलं दर्शयित्वाऽनुष्ठाय धनं नयन्ति ।

एवं **पण्ययोषितो निपुणा**श्चोपचारेणासत्प्रीतिदर्शनेन ।

असम्यक्कारिण इति सर्वत्रानुयुज्यते ॥२५९॥

हिन्दी—अशिक्षित हाथीवान्, अशिक्षित चिकित्सक (वैद्य डाक्टर, हकीम) चित्रकार आदि शिल्पी, परद्रव्यापहरण में चतुर वेश्या ॥२५९॥

एवमाद्यान्विजानीयात्प्रकाशांल्लोककण्टकान् ।
निगूढचारिणश्चान्याननार्यानार्यलिङ्गिनः ।।२६०।।

भाष्य—एवमाद्यान् न शक्यन्ते धूर्तानां परद्रव्यापहाराणां प्रकारान्संख्यातुमित्याद्यग्रहणम् । तथा ह्यशक्यां कथयन्ति अवधारयन्तीमनुरागिणीम् । तथाऽभृत्यो भृत्य-

वदात्मानं दर्शयित्वा नयति। हिरण्यमृजुप्रकृतेः न चार्थभृत'स्त्वं ब्रह्मा त्वं बृहस्पपिरि'त्युक्त्वा मूर्खाढ्यान्नयन्ति। 'देहि प्रसादेन कतिपयैर्वाऽहोभिः, प्रत्यर्पयामीति' सिद्धे प्रयोजने तनुतरो भवति प्रियवाद्यप्रियवादी सम्पद्यते ॥२६०॥

हिन्दी—इन्हें तथा इस प्रकार के अन्य लोगों को तथा ब्राह्मणादि का वेष धारणकर गुप्तरूप से जनता का ठगने वाले शूद्र आदि को प्रत्यक्ष कण्टक (प्रकटरूप में चोर) जानना चाहिये ॥२६०॥

तान्विदित्वा सुचरितैर्गूढैस्तत्कर्मकारिभिः।
चारैश्चानेकसंस्थानैः प्रोत्साद्य वशमानयेत् ॥२६१॥

भाष्य—निगूढचारिणः । तुल्यकर्मकारिभिर्विद्या । पूर्वं ये तत्कर्म कृतवन्तः। अथवा सम्प्रत्येव तत्कर्म कार्यन्ते अन्तर्भावसिद्ध्यर्थं लब्धान्तरा आगत्य कथयिष्यन्ति तथाद्यैरपि **चारैस्तत्कर्मकारिभिरनेकसंस्थानैः** ॥२६१॥

हिन्दी—उन्हीं के कर्मों को करनेवाले, गुप्त, सदाचारी एवं विविध वेष धारण किये दूतों (७।६३-६४) से उन वञ्चकों (ठगों) को मालूम करके उनका शासन कर उन्हें वश में करे ॥२६१॥

उन द्विविध चोरों का शासन—

तेषां दोषानभिख्याप्य स्वे स्वे कर्मणि तत्त्वतः।
कुर्वीत शासनं राजा सम्यक् सारापराधतः ॥२६२॥

हिन्दी—राजा उन वञ्चकों (प्रत्यक्ष या परोक्ष चोरों) के जो गुप्त या प्रत्यक्षकृत अपराध हों, उन्हें सबके सामने कहकर उनके अपराध, शरीर एवं धन के अनुसार उनको दण्डित करे ॥२६२॥

दण्डाभाव में पापनिवारण की असमर्थता—

न हि दण्डादृते शक्यः कर्तुं पापविनिग्रहः।
स्तेनानां पापबुद्धीनां निभृतं चरतां क्षितौ ॥२६३॥

हिन्दी—इन चोरों, पापबुद्धियों तथा गुप्तरूप से विचरण करनेवालों का पाप बिना दण्डित किये नहीं रोका जा सकता है (अतएव उन्हें दण्डित करना राजा का धर्म है ॥२६३॥

चोरों का अन्वेषण करना—

सभा प्रपापूपशालावेशमद्यान्नविक्रयाः।
चतुष्पथाश्चैत्यवृक्षाः समाजाः प्रेक्षणानि च ॥२६४॥

हिन्दी—सभास्थान, प्याऊ (पौसरा), पूआ-पूड़ी आदि वेचने की दूकान (होटल आदि), गल्ले की दूकान, चौरास्ता, मन्दिर, बड़े-बड़े प्रसिद्ध वृक्षों की जड़ (के नीचे का भाग), अनेक लोगों के एकत्रित होने का स्थान, प्रदर्शनी आदि दर्शनीय स्थान ॥२६४॥

जीर्णोद्यानान्यरण्यानि कारुकावेशनानि च ।
शून्यानि चाप्यगाराणि वनान्युपवनानि च ।।२६५।।

हिन्दी—पुराने उद्यान, जङ्गल, शिल्पियों (विविध प्रकार के कारीगरों-चित्रकार आदि) के घर, सूने घर, वन, फुलवारी ॥२६५॥

एवंविधान्नृपो देशान्गुल्मैः स्थावरजङ्गमैः ।
तस्करप्रतिषेधार्थं चौरैश्चाप्यनुचारयेत् ।।२६६।।

हिन्दी—ऐसे गुप्त स्थानों में घूमने-फिरने तथा एक स्थान में रहने वाले चोरों को रोकने के लिए राजा गुप्तचरों (या पहरेदारों) को नियुक्त करे ॥२६६॥

तत्सहायैरनुगतैर्नानाकर्मप्रवेदिभिः ।
विद्यादुत्सादयेच्चैव निपुणैः पूर्वतस्करैः ।।२६७।।

हिन्दी—उन चोरों के सहायक, उनके विविध कार्यों (सेंध मारना आदि) के जानकार जो पहले निपुण चोर रहे हों; ऐसे गुप्तचरों से उन चोरों को मालूमकर राजा उनका नाश करे ॥२६७॥

उन चोरों को पकड़ने का उपाय—

भक्ष्यभोज्योपदेशैश्च ब्राह्मणानां च दर्शनैः ।
शौर्यकर्मापदेशैश्च कुर्युस्तेषां समागमम् ।।२६८।।

हिन्दी—वे गुप्तचर भक्ष्य-भोज्य पदार्थों का लोभ दिखाकर (तुम लोग मेरे यहाँ या अमुक स्थान पर आवो, हम सब एक साथ अमुक स्थान पर चढ़कर उत्तमोत्तम पदार्थ भोजन करेंगे इत्यादि प्रकार से खाने का लोभ देकर), ब्राह्मणों के दर्शन (अमुक स्थान में सब बातों के ज्ञाता एक सिद्धब्राह्मण रहते हैं, उनका दर्शनकर हम लोग अपना मनोरथ पूर्ण करें) इत्यादि कहने से साहस कर्म के कपट से (अमुक व्यक्ति के यहाँ एक बड़ा शूरवीर रहता है, वह अकेला ही अनेक आदमियों के साध्य कार्य को कर सकता है आदि कपट वचनों से), उन चोरों को एकत्रितकर राजा द्वारा नियुक्त शासन पुरुषों (सैनिक सिपाहियों) से उनका समागम करा दे अर्थात् उन्हें गिरफ्तार करा दें ॥२६८॥

ये तत्र नोपसर्पेयुर्मूलप्रणिहिताश्च चे ।
तान्प्रसह्य नृपो हन्यात्समित्रज्ञातिबान्धवान् ।।२६९।।

हिन्दी—जो चोर उन गुप्तचरों के उस प्रकार (पूर्व श्लोक में कथित भक्ष्य-भोज्यादि

विषयक कपटयुक्त वचनों से) अपने पकड़े जाने की शङ्का से वहाँ (गुप्तचर के सङ्केतित स्थान में) नहीं आवे तथा उन गुप्तचरों से सावधान ही रहते हों; उन चोरों को राजा अपने गुप्तचरों से मालूम कर मित्र, ज्ञाति तथा बान्धवों के सहित उनपर आक्रमण कर उन्हें दण्डित करे ॥२६९॥

चुराये गये धन का पता न लगाने पर—

न होढेन विना चौरं घातयेद्धार्मिको नृपः ।
सहोढं सोपकरणं घातयेदविचारयन् ।। २७० ।।

हिन्दी—धार्मिक राजा चुराये गये धन का, सेंध मारने आदि के शस्त्रादि साधनों का पता नहीं लगने से चोर का पूर्णतः निर्णय नहीं होने से उनका वध नहीं करे तथा चुराये गये धन तथा सेंध मारने के शास्त्रादि साधनों के द्वारा चोर का निर्णय हो जाने पर बिना विचारे (दूसरा विकल्प उठाये) उस चोर का वध (अपराधानुसार उन्हें दण्डित) करे ॥२७०॥

चोरों के आश्रयदाताओं को दण्ड—

ग्रामेष्वपि च ये केचिच्चौराणां भक्तदायकाः ।
भाण्डावकाशदाश्चैव सर्वांस्तानपि घातयेत् ।। २७१ ।।

हिन्दी—गाँवों में भी जो काई चोरों के लिए भोजन, चोरी के उपयोगी बर्तन या वस्त्रादि देते हों; राजा उनका भी वध (या निरन्तर अथवा एकबार किये गये अपराध के अनुसार दण्डित) करे ॥२७१॥

अपराधी सीमारक्षकों को दण्ड—

राष्ट्रेषु रक्षाधिकृतान्सामन्तांश्चैव चोदितान् ।
अभ्याघातेषु मध्यस्थान् शिष्याच्चौरानिव द्रुतम् ।। २७२ ।।

हिन्दी—राज्य की रक्षा में नियुक्त तथा सीमा के रक्षक राजपुरुष भी चोरी करने में मध्यस्थ होकर चोरों के सहायक होते हैं; (अत एव राजा) उनको भी चोरों के समान ही शीघ्र दण्डित करे ॥२७२॥

धर्मभ्रष्ट धर्मजीवि ब्राह्मण को दण्ड—

यश्चापि धर्मसमयात्प्रच्युतो धर्मजीवनः ।
दण्डेनैव तमप्योषेत्स्वकाद्धर्माद्धि विच्युतम् ।। २७३ ।।

हिन्दी—धर्मजीवी (यज्ञ कराने से तथा दान लेकर दूसरों में यज्ञादि धर्मप्रवृत्ति उत्पन्न

कर जीविका करनेवाला) ब्राह्मण यदि धर्म मर्यादा से भ्रष्ट हो जाय तो राजा उसे भी दण्ड द्वारा शासित करे ॥२७३॥

चौरादि के उपद्रव निवारणादि में सहायक नहीं होने वाले को दण्ड—

ग्रामघाते हिताभङ्गे पथि मोषाभिदर्शने ।
शक्तितो नाभिधावन्तो निर्वास्याः सपरिच्छदाः ।। २७४।।

भाष्य—शक्तौ सत्यामालस्यादिना । ते **निर्वास्याः** ।

ये तु चौरैः कृतसङ्केतास्तेषां पूर्वत्र वध उक्तो 'घातयेदि'ति ।

परिच्छदो गवाश्वादिः । तदपि निर्वास्य नापहर्तव्यम् । नासत्परिच्छदः कर्तव्यो धनं तु हर्तव्यम् ॥२७४॥

हिन्दी—चौरादि के द्वारा गाँव के लूटने में, पुल या बाँध के टूटने में (मेधातिथि के मत से खेत में उत्पन्न अन्न के नष्ट होने में तथा जीविका नाश होने में) तथा रास्ते में चोर आदि के दिखलाई पड़ने पर यथाशक्ति दोड़कर रक्षा नहीं करनेवाले पार्श्ववर्ती (समीप में रहने वाले) लोगों को शय्या, गौ, घोड़ा आदि गृहसाधनों के साथ देश से बाहर निकाल दे ॥२७४॥

राजकोष के चोर आदि को दण्ड—

राज्ञः कोशापहर्तृंश्च प्रातिकूल्येष्ववस्थितान् ।
घातयेद्विविधैर्दण्डैररीणां चोपजापकान् ।। २७५।।

भाष्य—**कोशो** राज्ञां धनसञ्चयस्थानं तत्रापहर्तारो द्रव्यजातिपरिमाणानपेक्षमेव वध्याः । ये च **प्रातिकूल्येन** वर्तन्ते । यद्राज्ञां देशान्तरादानेतुमभिप्रेतं तद्देशदुर्लभमाञ्जनेयाश्वादि प्राच्यानाम् । उदीच्यानां कलिङ्गदेशोद्भवहस्त्यादि । तदानयनप्रतिबन्धे ये वर्तन्ते । तथा यानि मित्राणि तानि शत्रून्कुर्वते । कृत्वा शत्रुभिः संयोजयन्ति ।

अरीणामुपजापकाः प्रोत्साहकाः । तान् **घातयेत्** ।

स्वतन्त्रप्रयोजनत्वान्नावश्यकं घातनमित्युक्तम् ॥२७५॥

हिन्दी—राजा के कोष (खजाने) से धन चुरानेवाले, राजाज्ञा को मारनेवाले तथा शत्रु पक्षवालों से मिलकर राजकीय लोगों में फूट पैदा करनेवाले लोगों को राजा अनेक प्रकार के (हाथ-पैर जीभ आदि काटकर) वध से दण्डित करे ॥२७५॥

सेंध मारनेवाले चोर को दण्ड—

सन्धिं भित्त्वा तु ये चौर्यं रात्रौ कुर्वन्ति तस्कराः ।
तेषां छित्वा नृपो हस्तौ तीक्ष्णे शूले निवेशयेत् ।। २७६।।

हिन्दी—जो चोर रात में सेंध मारकर चोरी करते हैं, राजा उनके हाथों को कटवाकर तेज शूलीपर चढ़ा दे ॥२७६॥

गिरहकट चोर को दण्ड—

अङ्गुलीर्ग्रन्थिभेदस्य छेदयेत्प्रथमे ग्रहे ।
द्वितीये हस्तचरणौ तृतीये वधमर्हति ।।२७७।।

भाष्य—ग्रन्थिं भिनत्तीति **ग्रन्थिभेदः** । 'भेदनं' मोक्षो ग्रन्थेर्वस्त्रप्रान्तादौ ग्रन्थिः ।

यद्वा यद्द्रव्यं तत्केनाचिच्छलेन ग्रन्थिमवमोच्य ये निनीषन्ति ते **ग्रन्थिभेदाः** । तेषां प्रथमायां प्रवृत्तावङ्गुलीनां छेदः । द्वितीयस्यां प्रवृत्तौ हस्तचरणयोः । तृतीयस्यां मारणम् ॥२७७॥

हिन्दी—राजा गाँठ काटनेवाले (गिरहकट या जेबकट) चोर को पहली बार पकड़े जाने पर उनकी (अँगूठा तथा तर्जनी) अङ्गुलियों को कटवा ले, दूसरी बार पकड़े जाने पर उसके हाथ-पैर कटवा ले और तीसरी बार पकड़े जाने पर उसका वध कर दे ॥२७७॥

चोरों के सहायक तथा चोरित धन लेने वालों को दण्ड—

अग्दिान्भक्तदांश्चैव तथा शस्त्रावकाशदान् ।
सन्निधातृंश्च मोषस्य हन्याच्चौरमिवेश्वरः ।।२७८।।

भाष्य—**अग्निदाः** शीतापनोदनाद्यर्थं येऽग्निं ददति ।

शस्त्रं कर्तरिकादि ।

मोषस्य सन्निधातारः कर्तारः ।

सर्वे चौरवत् ज्ञेयाः ।

शस्त्रावकाशदग्रहणं प्रागुक्तमप्युपसंहारार्थमुच्यते ॥२७८॥

हिन्दी—जो लोग (गिरहकट आदि को जानकर) अग्नि, अन्न, शस्त्र तथा अवसर (चोरी का मौका) देते हों और चुराये हुए धन को रखते हों, राजा उन लोगों को भी चोर के समान दण्डित करे) ॥२७८॥

तडागादि के तोड़ने वालों को दण्ड—

तडागभेदकं हन्यादप्सु शुद्धवधेन वा ।
यद्वाऽपि प्रतिसंस्कुर्याद्दाप्यस्तूत्तमसाहसम् ।।२७९।।

भाष्य—**तडाग**ग्रहणमुपलक्षणार्थम् । नद्युदकहरणेऽप्ययं दोष इति केचित् ।

तदयुक्तम् । महान्हि तडागभेदनेऽपराधः । स्वल्पो नदीभेदने । तडागस्य हि वप्रभेदनेनोदकेऽप्ययमेव विधिः ॥२७९॥

हिन्दी—तडाग (पोखरा, अहरा आदि सार्वजनीन जलाशय) के बाँध या पुल तोड़नेवालों को राजा पानी में डुबाकर या दूसरे प्रकार से वध करे अथवा यदि वह उस तोड़े हुए पुल या बाँध को ठीक करा दे तो उसे उत्तम साहस (८।१३८ एक सहस्र पण) से दण्डित करे ॥२७९॥

अन्नागारादि तोड़नेवालों को दण्ड—

कोष्ठागारायुधागारदेवतागारभेदकान् ।
हस्त्यश्वरथहर्तृंश्च हन्यादेवाविचारयन् ।। २८० ।।

हिन्दी—राजा राज्य के अन्नभाण्डार, शस्त्रागार तथा देवमन्दिर तोड़नेवालों तथा घोड़ा हाथी और रथ आदि चुरानेवालों को बिना विचारे (दूसरे प्रकार के दण्ड देने का विकल्प छोड़कर शीघ्र ही) वध करे ॥२८०॥

विमर्श—आगे 'संक्रमध्वजयष्ठीनां........(९।२८५)' वचन से देवप्रतिमा तोड़ने वालों को पाँच सौ पण से दण्डित करने का जो विधान कहा जायेगा, वह वचन इसी वचन से देवमन्दिर तोड़ने वालों को वधरूप दण्ड से दण्डित करने के कारण मिट्टी की बनी हुई पूजाघर त्यक्त प्रतिमा के भेदन करनेवालों के विषय में है, ऐसा समझना चाहिये ।

व्यक्तिगत तड़ागादि के तोड़ने वाले को दण्ड—

यस्तु पूर्वनिविष्टस्य तडागस्योदकं हरेत् ।
आगमं वाप्यपां भिद्यात्स दाप्यः पूर्वसाहसम् ।। २८१ ।।

हिन्दी—पुत्र आदि के लिए बनवाये गये तडाग आदि के पानी को जो कोई चुरावे अर्थात् चोरीकर खेत आदि की सिंचाई करे अथवा उसके पानी जाने के मार्ग को बाँधकर आदि बाँधक रोके या नष्ट कर दे, उस व्यक्ति को राजा प्रथम साहस (८।१३८-२५० पण) से दण्डित करे ॥२८१॥

राजमार्ग को गन्दा करने पर दण्ड—

समुत्सृजेद्राजमार्गे यस्त्वमेध्यमनापदि ।
स द्वौ कार्षापणौ दद्यादमेध्यं चाशु शोधयेत् ।। २८२ ।।

भाष्य—**राजमार्गे** ग्रामनगरे रथ्यायाम**मेध्यं** मूत्रपुरीषं **समुत्सृजे**दन्यतो वाऽऽनीय चण्डालादिभिर्निक्षिपेत् ।

अनापदि आपद्वेगेनात्यर्थमुक्तं भवति ।

चण्डालादेर्मूल्यं दत्वाऽपासयेत्स्वयं वाऽन्यासम्भवे ॥२८२॥

हिन्दी—स्वस्थ रहता हुआ जो व्यक्ति राजमार्ग (प्रधान सड़क, सार्वजनिक रास्ते) पर मल-मूत्र कर दे (या फेंक दे) राजा उसे दो कार्षापण (८।१३६) से दण्डित करे तथा उसी से उस मल-मूत्र को शीघ्र साफ करावे ॥२८२॥

आपद्गतोऽथवा वृद्धा गर्भिणी बाल एव वा ।
परिभाषणमर्हन्ति तच्च शोध्यमिति स्थितिः ।।२८३।।

भाष्य—आपद्गतः पूर्वोक्तः । वृद्धादयो ये बहिर्ग्रामं निर्गन्तुमशक्ताः ते गृह्यन्ते । शोणितमपि कर्तुमित्याशङ्क्य तेऽमेध्यमपि व्यपदेष्टुम् ।

'न पुनरेवं कर्तव्यम्' । पुनःकरणे राजतो महान्प्रत्यवायो भवति क्रोधगर्भमीदृशवचनं **परिभाषणम्** ।

तच्च शोध्यमिति राज्ञ उपदेशः । यद्युत्स्रष्टारो न ज्ञायन्ते । तथा च रथ्याचण्डालादिभिरपासनीया ॥२८३॥

हिन्दी—रोगी (या आपत्ति में फँसा हुआ) बूढ़ा, गर्भिणी अथवा बालक राजमार्गपर मल-मूत्र कर दे (या कूड़ा-करकट डालकर उसे गन्दा कर दे) तो ('तुमने यह क्या किया, सावधान? फिर कभी ऐसा मत करना' इत्यादि रूप से) निषेध कर दे तथा उस स्थान की सफाई करा ले (उसे आर्थिक दण्ड न दे) ऐसी शास्त्रमर्यादा है ॥२८३॥

अज्ञ चिकित्सक को दण्ड—

चिकित्सकानां सर्वेषां मिथ्याप्रचरतां दमः ।
अमानुषेषु प्रथमो मानुषेषु तु मध्यमः ।।२८४।।

भाष्य—चिकित्सका भिषजः । तेषां **मिथ्याप्रचाराणा**मौषधदानमुभयथा सम्भवति । यदि वाऽविज्ञातशास्त्रप्रयोगतया, शास्त्रे परिचितेऽपि वाऽतत्परतयाऽर्थलिप्सया ।

अमानुषेषु गवाश्वहस्त्यादिषु । **प्रथमः** साहसशब्दोनुषक्तव्यः ।

एवं **मानुषेषु तु मध्यम** इति ।

तथाप्रचारेण यद्याश्वेव विपद्येत तदा महान्दण्डः कल्पनीयः ॥२८४॥

हिन्दी—चिकित्सा करनेवाला यदि अज्ञानवश पशुओं की ठीक चिकित्सा न करे तो उसे प्रथम साहस (२५० पण—८।१३८) तथा मनुष्यों की ठीक चिकित्सा न करे तो उसे मध्यम साहस (५०० पण—८।१३८) से राजा दण्डित करे ॥२८४॥

विमर्श—'चिकित्सक' शब्द से यहाँ पर दोनों प्रकार के चिकित्सक इष्ट हैं, प्रथम शारीर-चिकित्सक जो औषध देकर शरीर की चिकित्सा करता हो तथा द्वितीय शल्य-

चिकित्सक—जो चीर-फार अर्थात् ऑपरेशन करके चिकित्सा करता हो।

संक्रम तथा प्रतिमादि तोड़ने पर दण्ड—

संक्रमध्वजयष्टीनां प्रतिमानां च भेदकः।
प्रतिकुर्याच्च तत्सर्वं पञ्च दद्याच्छतानि च ।।२८५।।

भाष्य—**संक्रमः**। येन संक्रामन्ति मार्गेणावतरन्ति जलोपस्पर्शादिना निमित्तेन। शुभ्रं वासः। **ध्वजः** चिह्नं राजामात्यादीनाम्। देवायतनेषु च **यष्टिः**। ईदृशे च **प्रतिमानामिति** व्याख्यातम्।

प्रतिकुर्यात्समदधीत प्रत्यापत्तिं नयेत् ॥२८५॥

हिन्दी—संक्रम (नाले या छोटी नहर आदि को पार करने के लिए रखे गये पत्थर या काष्ठ आदि) ध्वज (राजचिह्न या देवताकों की ध्वजा), यष्टि (जाठ—तालाब, पोखरा, बावली आदि के बीच में गाड़े गये लकड़ी आदि या पत्थर का खम्भा आदि), प्रतिमा (मिट्टी आदि की छोटी-छोटी पूजित मूर्तियाँ) इनको तोड़ने या किसी प्रकार नष्ट करनेवाले से राजा उन्हें ठीक करावे तथा उस व्यक्ति को पाँच सौ पणों (८।१३६) से दण्डित करे ॥१८५॥

शुद्ध पदार्थ को दूषित करनेवाले को दण्ड—

अदूषितानां द्रव्याणां दूषणे भेदने यथा।
मणीनामपवेधे च दण्डः प्रथमसाहसः ।।२८६।।

भाष्य—यानि स्वयमदुष्टानि द्रव्याणि लाभार्थी दूषयति। तथा धान्यविक्रयो क्षेत्रे निर्दोषं धान्यमुत्तमं तृणबुसैर्योजयति। कुंकुमादेश्च अकुंकुमादिना द्रव्यान्तरेणैकीकरणम्।

मणयो मुक्तास्तेषां **भेदनं** द्विधाकरणम्। अवेधितव्यप्रदेशेन विध्यते इति अपवेधः। अनेकार्थत्वाद्धातूनां विध्यते रूपमेतत्।

मणयो हीनमध्यमोत्कृष्टतमा भवन्ति। तत्र दण्डकल्पना कर्तव्या। मध्यमेषु मध्यम उत्तमेषूत्तमः ॥२८६॥

हिन्दी—शुद्ध पदार्थ में अशुद्ध पदार्थ मिलाकर दूषित करनेवाले, नहीं छेदने योग्य माणिक्य आदि को छेदनेवाले और छेदने के योग्य मोती माणिक्य आदि को ठीक-ठीक योग्य स्थान पर नहीं छेदने वाले व्यक्ति को राजा प्रथम साहस (ढाई सौ पण ८।१३८) से दण्डित करे तथा जिसके उपर्युक्त पदार्थ नष्ट या दूषित हो गये हों उसे उन पदार्थों का मूल्य देकर वह (पदार्थ-दूषक मनुष्य) प्रसन्न करे ॥२८६॥

विषम व्यवहार करने पर दण्ड—

समैर्हि विषमं यस्तु चरेद्वै मूल्यतोऽपि वा।
समाप्नुयाद्दमं पूर्वं नरो मध्यममेव वा।।२८७।।

भाष्य—येषां द्रव्याणां समत्वेन विनिमय उक्तो यथा "तिला धान्येन तत्समा" इति, तत्र यदि **विषम**माचरति व्यवहारार्थं तिलं दत्वा बहुधान्यं व्रीह्यादि गृह्णीयात्। असति वा विनिमये मूल्यत: क्रयव्यवहारेण व्रीह्यादिधान्येभ्योऽधिकेन मूल्येन तिलान् क्रीणाति। अथवा कस्यचिदुत्तरीयमुपबर्हणमस्ति विक्रेतव्यं कस्यचिदन्तरे शाटका:। तत्र यस्योपबर्हणमस्ति तस्यान्तर उपयुज्यन्ते। उपबर्हणेन च ते सममूला:। तत्र तदीयां कार्यवत्तां ज्ञात्वा समत्वेन न ददात्यधिकमूल्यं गृह्णाति। स उच्यते 'समैर्विषमं चरति मूल्येन'। तयो: क्रेतुर्विक्रेतुश्च तौ दण्डौ। 'चरति मूल्यत' इत्येकार्थस्तथैव। वाशब्दोऽस्मिन्पक्षे पादपूरण एव। प्रथममध्यमोक्तौ क्रयविक्रयौ विकल्पितौ द्रव्यसारापेक्षया ॥२८७॥

हिन्दी—जो मनुष्य समान मूल्य देनेवाले किसी को अच्छी या अधिक वस्तु दे तथा किसी को निकृष्ट या कम वस्तु दे अथवा समान मूल्य की कोई वस्तु किसी को कम मूल्यों में दे और किसी को अधिक मूल्य में दे तो वह मनुष्य (वस्तु के मूल्य आदि के अनुसार) प्रथम साहस (२५० पण) या मध्यम साहस ५०० पण—८।१३८) से दण्डित होता है ॥२८७॥

बन्धनगृह को राजमार्ग पर बनवाना—

बन्धनानि च सर्वाणि राजमार्गे निवेशयेत्।
दु:खिता यत्र दृश्येरन्विकृता: पापकारिण:।।२८८।।

भाष्य—प्रसिद्धे राजरथ्याप्रदेशे बन्धगृहाणि सन्निवेषयेत्कुर्यात्।

दु:खिता यत्र दृश्येरन्नित्यन्यत्रापि सन्निवेशनं तत्प्रदेशभ्रमणं दर्शयति। एतेनान्या अपि बन्धसंस्थानां पीडा कर्तव्या इत्याह।

शरीरात्यन्तकार्श्याद्यवस्थांतरापत्त्या **विकृता:** अभोजनेनेषद्भोजनादिना।

शेषं स्पष्टम् ॥२८८॥

हिन्दी—राजा सब प्रकार के बन्धनगृह (जेल, हवालात आदि) को सड़क पर बनवावे। (हथकड़ी-बेड़ी पहनने से) दूषित, दाढ़ी-मूछ आदि बढ़ने से विकृत तथा भूख आदि से दुर्बल अपराधी बन्दियों (कैदियों) को लोग जहाँ देखें ॥२८८॥

प्राकार आदि तोड़नेवाले को दण्ड—

प्राकारस्य च भेत्तारं परिखाणां च पूरकम्।
द्वाराणां चैव भङ्क्तारं क्षिप्रमेव प्रवासयेत्।।२८९।।

दुर्गगतानां प्राकारादीनां विनाशने प्रवासनं दण्डः ।

परिखा भूभागाः खाताः ॥२८९॥

हिन्दी—प्राकार (नगर या मकान का परकोटा अर्थात् चहारदिवारी) को तोड़ने वाले परिखा (खाई) को मिट्टी आदि से भरनेवाले और द्वार (राजद्वार या नगरद्वार) को तोड़नेवाले मनुष्य को (राजा) शीघ्र ही देश से बाहर निकाल दे ॥२८९॥

अभिचार कर्म करने वाले को दण्ड—

अभिचारेषु सर्वेषु कर्तव्यो द्विशतो दमः ।
मूलकर्मणि चानाप्तैः कृत्यासु विविधासु च ।। २९० ।।

भाष्य—अदृष्टेनोपायेन मन्त्रादिशक्त्या मारण**मभिचारः** । तत्र प्रवृत्तनाममृतेऽभिचारणीये दण्डोऽयम् । अनभिवारणीयाभिचारेषु नैतावता मुच्यते तत्र । मनुष्यमारणदण्डः स विज्ञेयः ।

सर्वग्रहणं लौकिकवैदिकयोरविशेषेध दण्डार्थम् । वैदिकाः श्येनादयः । लौकिकाः पादपांशुग्रहणसूचीभेदानादयः ।

मूलकर्म वशीकरणादि । **आप्ताः** पौत्रभार्यादयस्ततोऽन्येऽ**नाप्ताः** ।

कृत्या अभिचारप्रकारा एव मन्त्रादिशक्तयः, उच्चाटनं सुहृद्बन्धुकुलाद्धि विचित्तीकरणादिहेतवो भूतविद्याः प्रसिद्धाः ॥२९०॥

हिन्दी—सब प्रकार से अभिचार (शास्त्रोक्त—हवनादि करके तथा लौकिक चरण की धूलि लेकर या केश को भूमि में गाड़कर इत्यादि रूप मारणोपाय) कर्म जिसके लिए किया गया हो वह मनुष्य नहीं मरे तो उक्त कर्म करनेवाले पर दो सौ पण (८।१३६) दण्ड होता है (तथा यदि वह मनुष्य पर गया हो तो उक्त कर्म करनेवाले को प्राणदण्ड होता है) और माता-पिता-स्त्री आदि को छोड़कर दूसरे झूठे लोगों द्वारा मोहितकर धन आदि लेने के लिए वशीकरण और उच्चाटन आदि कर्म करनेवाले पर दो सौ पण (८।१३६) दण्ड होता है ॥२९०॥

दूषित बीज आदि बेचने पर दण्ड—

अबीजविक्रयी चैव बीजोत्क्रष्टा तथैव च ।
मर्यादाभेदकश्चैव विकृतं प्राप्नुयाद्वधम् ।। २९१ ।।

भाष्य—अबीजं बीजमित्युक्त्वा विक्रीणीते स्वरूपलोपेन । धान्यशाकादीनां बीजानि चिरप्रोषितानि क्षेत्रे प्ररोहन्ति न च तानि शक्यन्ते बन्ध्यानीति ।

क्षेत्रात्तु बीजमुत्कर्षति शोभनं यद्बीजं क्षिप्रं प्ररोहति तदुत्कृष्य तदाभासं प्रतिधान्यादि

क्षिप्त्वा विक्रीणीते । अथवा न्युप्तं बीजं क्षेत्रादेवोद्धृत्य नयन्ति ।

मर्यादा शास्त्रदेशाचारनिरूढा स्थितिः ।

विकृतं कर्णनासादिकर्तनम् ॥२९१॥

हिन्दी—जो मनुष्य नहीं जमनेवाले बीज को जमनेवाला कहकर बेचे तथा अच्छे बीज में दूषित बीज मिलाकर बेचे और (ग्राम-नगर आदि की) सीमा को नष्ट करे उसे राजा विकृत वध (हाथ, नाक, कान आदि अङ्गों को काटने) से दण्डित करे ॥२९१॥

चोर सोनार को दण्ड—

सर्वकण्टकपापिष्ठं हेमकारं तु पार्थिवः ।
प्रवर्तमानमन्याये छेदयेत्खण्डशः क्षुरैः ।।२९२।।

भाष्य—यावन्तः केचन कण्टकाः पूर्वमुक्तास्तेषां सुवर्णकारः ।

यदि निर्धारणे पष्ठी । कथं न "न निर्धारण" इति समासाभावः ।

तस्य च पापतमत्वं स्वल्पेनैवापहरणेन महत एनसोत्पत्तिर्ब्राह्मणस्वर्णापहरणे च महापातकम् । अत**स्तमन्याये प्रवर्तमानं छेदयेत्खण्डशः** ।

परिवर्तनतुलान्तरपातच्छेदादिभिः अपहरन्ति गृह्णते । न चात्र ह्रियमाणद्रव्यपरिमाणापेक्षा, न स्वामिजात्यपेक्षा । अभ्यासस्त्वपेक्ष्यत इति, महत्त्वाद्दण्डस्य । आद्यायां तु प्रवृत्तौ धनदण्डेन क्षुरमांसलवच्छेदो विनिमातव्यः ।

शारीरनिग्रहे निगृह्यमाणानां पापमपैतीति प्रतिपादितम् ॥२९२॥

हिन्दी—सब कण्टकों (चोरी आदि पाप कर्म करने से राज्य में कण्टकतुल्य लोगों) में अधिक पापी सोनार यदि अन्याय करने (किसी प्रकार सोना-चाँदी आदि चुराने, या अच्छे धातु के साथ हीन धातु मिलाकर देने) वाला प्रमाणित हो जाय तो राजा उसके प्रत्येक शरीर को शस्त्रों से टुकड़े-टुकड़े कटवा डाले ॥२९२॥

खेती के साधन हल आदि का चुराने आदि पर दण्ड—

सीताद्रव्यापहरणे शस्त्राणामौषधस्य च ।
कालमासाद्य कार्यं च राजा दण्डं प्रकल्पयेत् ।।२९३।।

भाष्य—कृष्यमाणा भूमिः **सीता** । तद्**द्रव्याणि** लाङ्गलकुद्दालकादीनि । तदपहरणे दण्डः प्रकल्प्यः ।

किं इच्छयैव । नेत्याह । **कालमासाद्य कार्यं च** । कर्षणकाले प्रत्यासन्ने महान् दण्डः । अकृष्टे च यदा तस्मिन्महतः फलस्य नाशस्तदा भूयानेव ।

आसाद्यासन्नं ज्ञात्वेत्यर्थः । अन्यदा तु द्रव्ये जात्यनुरूपः ।

एवं **शास्त्राणां** च खड्गादीनां युद्धकाले । **औषधस्य** भेषजार्थमुपयोगकाले । तेन चौषधेन हृतेनानुपयुक्तेन यद्यातुरस्य महती पीडा जायते, अन्यच्च तस्मिन्काले न लभ्यते, तल्लभ्यमपि बाधकादिसंस्कारापेक्षया चिरेणोपयोगार्थम्, एवमाद्यपेक्षा राजदण्डप्रकल्पनायै प्रभवेत् ।

शास्त्राणां राजोपकरणानाम्, अन्यथापि जनपदस्य भातृव्यतस्काराशङ्किनः । तदा महान्दण्डः । स्वल्पे स्वल्पः ॥१९३॥

हिन्दी—खेती के साधन हल-कुदाल आदि, तलवार आदि शस्त्र और दवा को चुराने पर चुरायी गयी वस्तुओं की समयोपयोगिता का विचारकर तदनुसार दण्ड-विधान करे ॥२९३॥

सात प्रकृतियाँ या सप्ताङ्ग राज्य—

स्वाम्यमात्यौ पुरं राष्ट्रं कोशदण्डौ सुहृत्तथा ।
तप्त प्रकृतयो ह्येताः सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते ।।२९४।।

भाष्य—समाप्तायां कण्टकशुद्धौ केवलं राज्यतन्त्रोपयोगी राजधर्म उच्यते । यथैतस्मिन्ननुष्ठीयमाने राज्यानाशः, एवं व्यवहारदर्शने कण्टकशुद्धौ वा क्रियमाणायां तुल्यो राज्यानाशः । किञ्च महिषीकुमारराजवल्लभसेनाध्यक्षाश्रिताः प्रायेण भवन्ति कण्टकाः, तान् कदाचिदनया बुद्ध्या नोद्धरेत् 'प्रकृतक्षोभशङ्कायां महत्तमं प्रयोजनं सेनाध्यक्षेण सामन्तेन च,—किमनेन निगृहीतेन राष्ट्रपराधिना'—तदर्थमुच्यते । तुल्यं राष्ट्रं स्वाम्यादिनेति राज्यप्रकृतित्वेन गुरुलघुभावश्च । प्राकृतीनामेवार्थमुच्यते । यदि महान् क्षोभोऽमात्यादिति राज्यप्रकृतित्वेन तत्परिहर्तव्यम् । राष्ट्रं ततो दुर्बलं केनचिदुपायेन वा बोधयित्वा कण्टकशुद्धिं करिष्यामीति न सहसा प्रवर्तितव्यम् । अतः सप्तमाध्यायोपदेशतोऽप्युत्कृष्यास्मिन्नवधा बुध्यते ।

स्वामी राजैव । **अमात्यो** मन्त्रीपुरोहितः सेनानी । **पुरं** निवासनगरम् । **राष्ट्रं** जनपदाः । **कोशो** रूप्यसुवर्णरूपकादिधनसञ्चयः । हस्त्यश्वरथपादातं **दण्डः** धर्मदण्डादिव । **सुहृत्स**मानकार्य । यथोक्तं "मित्रं तस्मादनन्तरमिति" ।

एता राज्यस्य **प्रकृतयः** कारणम्, अवयवा यथा घटस्य कपालानि ।

स्वभाववचनो वा प्रकृतिशब्दः । एवं तदात्मकमेव राज्यं समस्तं क्षिप्तम् ।

अस्यैव भेदो विस्तारो द्वासप्ततिस्तत्रापि यो भेदः स उक्त एव ॥२९४॥

हिन्दी—(१) स्वामी (राजा), (२) मन्त्री, (३) पुर (किला, परकोटा, खाई आदि से सुरक्षित राजधानी), (४) राज्य, (५) कोष, (६) दण्ड (चतुरङ्गिणी अर्थात् हयदल,

गजदल, रथदल और पैदल सेना) तथा (७) मित्र, ये सात राजप्रकृतियाँ हैं, इनसे युक्त 'सप्ताङ्ग' (सात अङ्गोंवाला) राज्य कहलाता है ॥२९४॥

सात प्रकृतियों में पूर्व-पूर्व की श्रेष्ठता—

सप्तानां प्रकृतीनां तु राज्यस्यासां यथाक्रमम् ।
पूर्वं पूर्वंगुरुतरं जानीयाद्व्यसनं महत् ।।२९५।।

भाष्य—मित्रव्यसनात्स्वव्यसनं गरीयः । स्वबलसम्पन्नो हि शक्नोति मित्रमनुग्रहीतुम् । एवं दण्डकोशयोः । कोशनाशे हि दण्डोऽपि नश्यत्येव । एवं कोशराष्ट्रयोः राष्ट्रनाशे हि कृतः कोशोत्पत्तिः ।

पुनः राष्ट्रविनाशङ्कायां पुरं यत्ततो रक्षितव्यम् । तत्र हि सर्वावयवसाधनादि सम्भवति । पुरादमात्यः प्रधानम् । प्रधानामात्यनाशे सर्वनाशः ॥२९५॥

तथा च दृष्टान्तः ।

हिन्दी—राज्य की इन (९।२९४) सात प्रकृतियों में क्रमशः पूर्व-पूर्व की आपत्ति को राजा अधिक समझे ॥२९५॥

विमर्श—अतः राजा का कर्तव्य है कि आगे-आगे वाली प्रकृति की आपत्ति की उपेक्षा करके उससे पहले वाली प्रकृति की आपत्ति को दूर करने में प्रथम प्रयत्नशील होवे अर्थात् मित्र तथा सेना दोनों को एक समय में आपत्ति में फँसने या हानि की सम्भावना होने पर पहले सेना की आपत्ति को दूर करे ॥

त्रिदण्डवत् सात प्रकृतियों की समानता—

तप्ताङ्गस्येह राज्यस्य विष्टब्धस्य त्रिदण्डवत् ।
अन्योन्यगुणवैशेष्यान्न किञ्चिदतिरिच्यते ।।२९६।।

भाष्य—**विष्टब्धस्य त्रिदण्डवदि**ति । विष्टब्धस्यान्योन्यस्याधारभावेन । एतदेवाह । **अन्योन्यगुणवैशेष्यात्** परस्परस्योपकार्योपकारकाभावेनैकैकस्य न विनाशोत्पत्तेः भूमिबीजोदकसामग्र्या इव अङ्कुरजनने ।

तस्मात्सर्वेषां पूज्यताऽत्रोच्यते । अस्त्येवात्र गुरुलघुभावः । यत्तु **न किञ्चिदतिरिच्यत** इति तन्महतादरेण मित्रादिरक्षायां वर्तितव्यमित्येवंपरमेतत् । मित्रनाशेऽचिरेण राज्यनाशो यदा बलवतोपरोधो न तु तदानीमेवेत्यालम्बनं लघीयस्तायाः ॥२९६॥

हिन्दी—त्रिदण्ड (टिकटी-तिपाई) के समान परस्पर में सम्बद्ध सप्ताङ्ग (९।२९४) राज्य में उन अङ्गों को परस्पर में विलक्षण उपकारक होने से कोई भी अङ्ग एक दूसरे से बढ़कर नहीं है ॥२९६॥

विमर्श—यद्यपि पूर्व श्लोक (९।२९५) में उत्तर अङ्ग की अपेक्षा पूर्व अङ्ग को श्रेष्ठ कहा गया है तथापि दूसरे अङ्गसम्बन्धी कार्य को दूसरा अङ्ग नहीं कर सकता अतएव सब अङ्गों की समानता उसी प्रकार है, जिस प्रकार तीन काष्ठों को परस्पर रस्सी या गौ के बाल आदि से बाँधने पर कोई काष्ठ छोटा-बड़ा नहीं होता; किन्तु परस्पर सम्बद्ध वे तीनों ही काष्ठ समानरूप से उपकारक होते हैं।

तेषु तेषु तु कृत्येषु तत्तदङ्गं विशिष्यते।
येन यत्साध्यते कार्यं तत्तस्मिन् श्रेष्ठमुच्यते ।।२९७।।

भाष्य—नास्ति तद्वस्तु यद्राज्ञो नोपयुज्यते। भवति हि तत्कार्यं यन्निकृष्टेन साध्यते न महता। तस्मात्सर्वाः प्रकृतयो यत्नतः पालनीयाः, असद्दण्डादिना न राष्ट्रं कर्शनीयम्, चौराद्युपद्रवेभ्यश्च यत्नतो रक्ष्यमिति तात्पर्यार्थः। अतः कण्टकशुद्धिशेषोऽयम् ॥२९७॥

हिन्दी—(उन (९।२९४) सात प्रकृतियों में से उन-उन कार्यों में उन-उन प्रकृतियों का विशिष्ट स्थान होता है, (अतएव) जो कार्य जिस प्रकृति से सिद्ध होता है उस कार्य में वह प्रकृति श्रेष्ठ मानी जाती है (इस प्रकार कार्य की अपेक्षा से समयानुसार सबकी श्रेष्ठता है) ॥२९७॥

स्वपरशक्ति का ज्ञान—

चारेणोत्साहयोगेन क्रिययैव च कर्मणाम्।
स्वशक्तिं परशक्तिं च नित्यं विद्यात्परात्मनोः ।।२९८।।

भाष्य—परस्यात्मनश्च नित्यं शक्तिं विद्यात्। 'किमयं प्रारिप्सते किञ्च मयि कर्तुं शक्तं किं चाहमस्मिन्निति'—एवन्नित्यं वेदितव्यम्। कथं चैतच्छक्यते वेदितुम्।

चारेण सप्तमाध्यायोक्तेन।

उत्साहयोगेन दानादिपरितोषिता उत्साहेन युज्यन्ते सम्पन्नकृष्यादिफलाश्च।

क्रिययैव च कर्मणाम्। 'कर्माणि' निवेशादीनि, तदारम्भेन शक्तिमान् रिपुरवगम्यते। तानि ह्यर्थसम्पत्कराणि। ततः सामर्थ्योत्पत्तेः ॥२९८॥

हिन्दी—राजा गुप्तचरों से सेना के उत्साहसम्बन्ध से और कार्यों मार्ग-निर्माणादि) के करने से उत्पन्न अपनी तथा शत्रु की शक्ति को सर्वदा मालूम करता रहे ॥२९८॥

कार्यारम्भ में राज्य का कर्तव्य—

पीडनानि च सर्वाणि व्यसनानि तथैव च।
आरभेत ततः कार्यं संचिन्त्य गुरुलाघवम् ।।२९९।।

भाष्य—**पीडनानि** नरकदुर्भिक्षपातादीनि। तथाऽवर्षादिवर्षपर्जन्यमूषिकशलभाशनिप्रभृतयः।

व्यसनानि कामक्रोधसमुत्थानि स्वपुत्रसम्प्राप्तदैवविघटनयोपन्यासेन वा। तथापि न नित्यमुत्साहेन भवितव्यम्। अथवा न सन्तोषिणा भवितव्यम्। अथ तावत्षाड्गुण्यचिन्ता, अन्वाहिकौ चायव्ययौ, कया चिन्मात्रया गतौ च राष्ट्रवृत्तं प्रकृतिसमीहितं चरमुखादवधृतम्। नृत्यगीतादिसुखानुभवव्यापारान्तरेण वा पुनः कर्माणि वेदितव्यानि॥२९९॥

हिन्दी—(राजा अपने तथा शत्रु के राज्य में काम तथा क्रोध से किये गये मारण ताड़न आदि) पीड़न और व्यसनों की कमी-वेशी को मालूमकर और विचारकर इसके बाद कार्य (सन्धि-विग्रह आदि) को आरम्भ करे ॥२९९॥

उद्योगशील को श्रीप्राप्ति—

आरभेतैव कर्माणि श्रान्तः श्रान्तः पुनः पुनः।
कर्माण्यारभमाणं हि पुरुषं श्रीर्निषेवते॥३००॥

भाष्य—**पुरुष**ग्रहणं 'तिष्ठतु तावद्राजा' अन्योऽपि जानपद उद्योगश्रियोपचीयते। एतदुक्तम "आमृत्योः श्रियमन्विच्छेत्" ॥३००॥

हिन्दी—राजा शत्रुकृत कपट आदि से बार-बार कार्य नाश होने पर भी अपने राज्य को समुन्नत करने वाले कार्यों को बार-बार करता ही रहे; क्योंकि बराबर कार्यारम्भ करनेवाले (उद्योगशील) मनुष्य को श्री (विजयलक्ष्मी) निश्चित ही सेवन करती है ॥३००॥

राजा को युगकथन—

कृतं त्रेतायुगं चैव द्वापरं कलिरेव च।
राज्ञो वृत्तानि सर्वाणि राजा हि युगमुच्यते॥३०१॥

भाष्य—इतश्च कर्मारम्भपरेण भवितव्यम्। अनारम्भी कलिः स्यात्। स च महान्दोष। न चैवं मन्तव्यं राज्ञा 'कलिर्नाम कालविशेष इतिहासप्रसिद्धः कथमहं स्यामिति' यतो **राज्ञो वृत्तानि** युगादि।

तदुत्तरेण ॥३०१॥

हिन्दी—सत्ययुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग तथा कलियुग, ये चारों युग राजा के ही चेष्टाविशेष (आचार, व्यवहार) से होते हैं, अतएव राजाही 'युग' कहलाता है (इस कारण युग के अनुसार कार्य फल देते हैं ऐसा विचारकर राजा को कार्यारम्भ से उदासीन कभी नहीं होना चाहिये) ॥३०१॥

कलिः प्रसुप्तो भवति सजाग्रद्द्वापरं युगम् ।
कर्मस्वभ्युद्यतस्त्रेता विचरंस्तु कृतं युगम् ।।३०२।।

भाष्य—अनुत्थानशील: **प्रसुप्तः कलि**र्भवति ।

जानानश्चोत्कर्षाभ्युपायाननुत्तिष्ठन्**सजाग्रद्द्वापरं** भवति ।

व्यवसितकर्मप्रयोग**स्त्रेता**युगं भवति ।

विश्वस्य सर्वरूपाणि यथाशास्त्रं कर्मफलसम्पदा **कृतयुगं** भवति ॥३०२॥

हिन्दी—सोते हुए (अज्ञान तथा आलस्यादि के कारण उद्यमहीन) राजा के होने पर कलियुग, जागते हुए (जानते हुए भी उद्यम नहीं करनेवाले) राजा के होने पर द्वापरयुग, कर्म (सन्धि-विग्रहादि राजकार्य) में लगे हुए राजा के होने पर त्रेतायुग और शास्त्रानुसार विचरण करने वाले राजा के होने पर सत्ययुग होता है ॥३०२॥

विमर्श—राजा को सर्वदा कर्तव्य में लगे रहना चाहिये । यही इस श्लोक का मुख्य तात्पर्य है युगों के होने में तात्पर्य नहीं है ।

इन्द्रादि के तेज के समान आचरण करना राजा का कर्तव्य—

इन्द्रस्यार्कस्य वायोश्च यमस्य वरुणस्य च ।
चन्द्रस्याग्नेः पृथिव्याश्च तेजोवृत्तं नृपश्चरेत् ।।३०३।।

तेजः शुक्रं कार्यं सामर्थ्यमित्यर्थ: ॥३०३॥

हिन्दी—राजा को इन्द्र, सूर्य, वायु, यम, वरुण, चन्द्रमा, अग्नि और पृथिवी के तेज का आचरण करना चाहिये। (राज्य के कण्टकभूत चोर आदि को वश में करने के लिए प्रताप = दण्ड तथा स्नेह—दोनों का ही समयानुसार कार्य में प्रयोग करना चाहिए) ॥३०३॥

राजा को इन्द्रादि के तेज के समान आचरण करने का प्रकार—

वार्षिकांश्चतुरो मासान्यथेन्द्रोऽभिप्रवर्षति ।
तथाभिवर्षेत्स्वं राष्ट्रं कामैरिन्द्रव्रतं चरन् ।।३०४।।

भाष्य—नात्र प्रकरणे मासनियमोऽभिप्रेत: । केवलं चतुर्षु मासेषु सन्ततवर्षी पर्जन्यो भवति । अत: सन्ततं सर्वकालं **स्वं राष्टं कामैः** पूरयेदित्युक्तं भवति । तथा कर्तव्यं यथा स्वराष्ट्रिया अनुरक्ता भवन्ति ॥३०४॥

हिन्दी—जिस प्रकार इन्द्र श्रावण आदि चार मासों में (अन्नादि की वृद्धि के लिए) जल बरसाते हैं, उसी प्रकार इन्द्र के व्रत का आचरण करता हुआ राजा अपने राज्य में आए हुए साधु-महात्माओं की इच्छा को पूरा करे ॥३०४॥

अष्टौ मासान्यथादित्यस्तोयं हरति रश्मिभिः ।
तथा हरेत्करं राष्ट्रान्नित्यमर्कव्रतं हि तत् ।।३०५।।

भाष्य—**तोयं** स्तोकमपि रसमीषत्तापेनादत्ते यथाऽऽदित्यस्तथा करमादद्यादित्येष उपमार्थः ।।३०५।।

हिन्दी—जिस प्रकार सूर्य अगहन आदि आठ मासों में किरणों के द्वारा जल को हरण करता (लेता = सुखाता) है, उसी प्रकार राजा राज्य से कर को लेवे यह राजा का 'सूर्यव्रत' है ।।३०५।।

प्रविश्य सर्वभूतानि यथा चरति मारुतः ।
तथा चारैः प्रवेष्टव्यं व्रतमेतद्धि मारुतम् ।।३०६।।

हिन्दी—जिस प्रकार वायु सब प्राणियों में प्रवेशकर विचरण करता है, उसी प्रकार राजा को गुप्तचरों द्वारा सर्वत्र प्रवेश करना चाहिये, यह राजा का 'वायुव्रत' है ।।३०६।।

यथा यमः प्रियद्वेष्यौ प्राप्ते काले नियच्छति ।
तथा राज्ञा नियन्तव्याः प्रजास्तद्धि यमव्रतम् ।।३०७।।

भाष्य—अपराधे **प्रियद्वेष्ययो**र्निग्रहसमत्वेन वर्तितव्यम् ।।३०७।।

हिन्दी—जिस प्रकार यमराज समय आने पर प्रिय और अप्रिय सब को मारता है, उसी प्रकार राजा समय आने (अपराध करने) पर प्रिय-अप्रिय सब प्रजाओं को दण्डित करे; यह राजा का 'यमव्रत' है ।।३०७।।

वरुणेन यथा पाशैर्बद्ध एवाभिदृश्यते ।
तथा पापान्निगृह्णीयाद्व्रतमेतद्धि वारुणम् ।।३०८।।

भाष्य—अविशेषिता एव अकार्यकारिणो निग्रहीतव्या, यथा न पलायन्ते ।।३०८।।

हिन्दी—जिस प्रकार बन्धन के योग्य मनुष्य वरुण के पाश से बँधा हुआ ही दीखता (अवश्य बाँधा जाता) है, उसी प्रकार राजा पापियों (अपराधियों को, जब तक वे सन्मार्ग पर नहीं आ जायँ तब तक) निग्रह करे, यह राजा का 'वरुणव्रत' है ।३०८।।

परिपूर्णं यथा चन्द्रं दृष्ट्वा हृष्यन्ति मानवाः ।
तथा प्रकृतयो यस्मिन्स चान्द्रव्रतिको नृपः ।।३०९।।

भाष्य—अक्रोधनेन प्रसाधनालङ्कारवत प्रहृष्टवदनेन प्रजादर्शनकाले भवितव्यम् । निर्वातपरितापा भवन्तीत्यर्थः ।।३०९।।

हिन्दी—जिस प्रकार परिपूर्ण चन्द्रमा को देखकर मनुष्य हर्षित होते हैं उसी प्रकार अमात्य आदि प्रकृति (९।२९४) तथा समस्त प्रजा) जिस राजा को देखकर हर्षित हों, वह

राजा चान्द्रव्रतिक ('चन्द्रव्रत' वाला) है ॥३०९॥

प्रतापयुक्तस्तेजस्वी नित्यं स्यात्पापकर्मसु ।
दुष्टसामन्तहिंस्रश्च तदाग्नेयं व्रतं स्मृतम् ।।३१०।।

भाष्य—भृशमुद्वेजनीयो **दुष्ट** इत्या**ग्नेयव्रतम्** ।

सामन्ता अमात्या एव साधनयुक्ताः ॥३१०॥

हिन्दी—राजा पापियों (अपराधियों) को दण्डित करने में सर्वदा प्रचण्ड तथा असह्य तेजवाला होवे तथा दुष्ट (प्रतिकूल व्यवहार करनेवाले) मन्त्री आदि का वध करनेवाला होवे, यह राजा का 'आग्नेयव्रत' है ॥३१०॥

यथा सर्वाणि भूतानि धरा धारयते समम् ।
तथा सर्वाणि भूतानि बिभ्रतः पार्थिवं व्रतम् ।। ३११।।

भाष्य—**धरा** पृथ्वी । तद्वद्दीनानाथाश्च वंशाश्च भरणीयाः ॥३११॥

हिन्दी—जिस प्रकार पृथ्वी सब प्राणियों को समान भाव से धारण करती हैं, उसी प्रकार सब प्रजाओं का समान भाव से पालन करते हुए राजा का वह 'पार्थिव (पृथिवी-सम्बन्धी) व्रत' है ॥३११॥

इन उपायों से चोर का निग्रह करना—

एतैरुपायैरन्यैश्च युक्तो नित्यमतन्द्रितः ।
स्तेनान्राजा निगृह्णीयात्स्वराष्ट्रे पर एव च ।। ३१२।।

भाष्य—उपसंहारश्लोकः । **एतैर्देवव्रतैरन्यैर्लो**कतोऽवगम्यैः ॥३१२॥

हिन्दी—राजा इन सब तथा अपनी बुद्धि से प्रयुक्त दूसरे उपायों से युक्त एवं सर्वदा आलस्यहीन होकर अपने राज्य में रहनेवाले तथा दूसरे राज्य में रहते हुए अपने राज्य में आकर चोरी करनेवाले चोरों का निग्रह करे (उन्हें दण्डितकर रोके) ॥३१२॥

ब्राह्मणों को क्रुद्ध करने का निषेध—

परामप्यापदं प्राप्तो ब्राह्मणान्न प्रकोपयेत् ।
ते ह्येनं कुपिता हन्युः सद्यः सबलवाहनम् ।। ३१३।।

भाष्य—यः क्षीणकोशो बलीयसा च राज्ञा दण्ड्यते, तथापि न ब्राह्मणधनमप्यापदि ग्रहीतव्यम् । न चावज्ञानादिना प्रकोपनीयाः ॥३१३॥

हिन्दी—(कोषक्षयादि रूप) महाविपत्ति में फँसा हुआ भी राजा ब्राह्मणों को क्रुद्ध न करे; क्योंकि वे क्रुद्ध ब्राह्मण सेनावाहन के सहित इस राजा को (शाप तथा अभिचार मारण-मोहनादि कर्म से) तत्काल नष्ट कर देते हैं ॥३१३॥

ब्राह्मण-प्रशंसा—

यैः कृतः सर्वभक्षोऽग्निरपेयश्च महोदधिः ।
क्षयी चाप्यायितः सोमः को न नश्येत्प्रकोप्य तान् ।।३१४।।

भाष्य—प्रागुक्तार्थसिद्धये ब्राह्मणमाहात्म्यं इतिहासं लोकप्रसिद्धमनुवदति । एष्वर्थेष्वाख्यानानि महाभारतादवगमयितव्यानि ॥३१४॥

हिन्दी—जिन ब्राह्मणों ने (शाप देकर) अग्नि को सर्वभक्षी, समुद्र को अपेय (नहीं पीने योग्य-खारे पानी वाला) और चन्द्रमा को क्षययुक्त कर पीछे पूरा किया, उन (ब्राह्मणों) को क्रुद्धकर कौन नष्ट नहीं हो जायेगा? अर्थात् सभी नष्ट हो जायेंगे (अतएव ब्राह्मणों को क्रुद्ध कदापि नहीं करना चाहिये) ॥३१४॥

लोकानन्यान्सृजेयुर्ये लोकपालांश्च कोपिताः ।
देवान्कुर्युरदेवांश्च कः क्षिण्वंस्तान्स मृध्नुयात् ।।३१५।।

भाष्य—क्षिणोति छादयति तदविशेषात्स्मृतीनां क्षिण्वन्हि संक्षेपोऽप्युत्तमानामेवेति युधिष्ठिरेण गाण्डीवे विक्षिप्ते व्यासमुनिना दर्शितम् ॥३१५॥

हिन्दी—जो ब्राह्मण स्वर्ग आदि दूसरे लोकों तथा लोकपालों की रचना कर सकते हैं तथा क्रोधित करने पर शाप आदि से देवों को भी अदेव (मनुष्य आदि) कर सकते हैं; उन ब्राह्मणों को पीड़ित करता हुआ कौन मनुष्य उन्नति को पा सकता है ॥३१५॥

यानुपाश्रित्य तिष्ठन्ति लोका देवाश्च सर्वदा ।
ब्रह्म चैव धनं येषां को हिंस्यात्ताञ्जिजीविषुः ।।३१६।।

भाष्य—**लोका**स्त्रयः पृथिव्यादयः । **देवा** आहुतिद्वारेण ब्राह्मणोपाश्रिताः । अध्यापनाधिक्येन कर्मबहुत्वेन ब्राह्मणो देवानामाश्रयो न तथा क्षत्रियवैश्यौ ॥३१६॥

हिन्दी—यज्ञ को करने-कराने वाले जिन ब्राह्मणों का आश्रयकर (पृथ्वी आदि) लोक तथा (इन्द्र आदि) देव स्थिति पाते हैं और ब्रह्म (वेद) ही जिनका धन है, उन ब्राह्मणों को जीने का इच्छुक कौन व्यक्ति मारेगा? अर्थात् कोई नहीं ॥३१६॥

मूर्ख ब्राह्मण का भी पूज्यता में दृष्टान्त—

अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणो दैवतं महत् ।
प्रणीतश्चाप्रणीतश्च यथाग्निर्दैवतं महत् ।।३१७।।

भाष्य—जातिमात्राश्रयाणामनवज्ञानं, न विद्वत्तामपेक्षेत । दानादिक्रियास्विव । यथा 'चैतत्र पादतः कुर्या'दित्यग्नौ ॥३१७॥**भाष्य**—

हिन्दी—जिस प्रकार शास्त्र-विधि से स्थापित अग्नि तथा सामान्य अग्नि दोनों ही

श्रेष्ठ देवता हैं, उसी प्रकार मूर्ख तथा विद्वान् दोनों ही ब्राह्मण श्रेष्ठ देवता हैं (इस कारण मूर्ख ब्राह्मण का भी निरादर नहीं करना चाहिए) ॥३१७॥

श्मशानेष्वपि तेजस्वी पावको नैव दुष्यति ।
हूयमानश्च यज्ञेषु भूय वाभिवर्धते ।।३१८।।

भाष्य—गतार्थोऽयम् । दुराचारोऽप्यनविज्ञेय इत्यर्थः ॥३१८॥

हिन्दी—जिस प्रकार तेजस्वी अग्नि श्मशानों में भी (शव को जलाती हुई) दूषित नहीं होती, और यज्ञों में हवन करने पर फिर अधिक बढ़ती ही है ॥३१८॥

ब्राह्मण में क्षत्रिय को शान्त होने के दृष्टान्त—

एव यद्यप्यनिष्टेषु वर्तन्ते सर्वकर्मसु ।
सर्वथा ब्राह्मणाः पूज्याः परमं दैवतं हि तत् ।।३१९।।

भाष्य—**अनिष्टेषु** प्रतिषिद्धेषु वर्तमाना मृद्रूपक्रमैर्यथाशास्त्रं दण्ड्या न सहसाऽऽक्रम्य, वर्णान्तरवत् ॥३१९॥

हिन्दी—उसी प्रकार यद्यपि ब्राह्मण निन्दित कर्मों में भी प्रवृत्त होते हैं, तथापि सब प्रकार से ब्राह्मण पूज्य हैं; क्योंकि वे उत्तम देवता हैं ॥३१९॥

तेजस्वी क्षत्रिय द्वारा भी ब्राह्मण को पीड़ित करने का निषेध—

क्षत्रस्यातिप्रवृद्धस्य ब्राह्मणान्प्रति सर्वशः ।
ब्रह्मैव सन्नियंतृ स्यात्क्ष हि ब्रह्मसम्भवम् ।।३२०।।

भाष्य—**क्षत्रियस्य ब्राह्मणान्**प्रतिबाधितुं प्रवृत्तस्य ब्राह्मणा एव **संनियन्तारः** । श्रीमदावलिप्ताः व्यवस्थाभङ्गेन वर्तमानाः क्षत्रियाः, जपहोमादिशापादिना ब्राह्मणैर्मार्गे व्यवस्थाप्यन्ते ।

अत्र हेतुः **क्षत्रं ब्राह्मसम्भवम्** । ब्राह्मणजातेः सकाशात्क्षत्रियाणां सम्भवः । अत्रार्थवाद एवायम् ॥३२०॥

ननु यो यस्योत्पत्तिहेतुर्नासौ तस्य नाशकः । नैवम्—

हिन्दी—अत्यन्त समृद्ध (तेजस्वी) भी क्षत्रिय यदि ब्राह्मण को पीड़ित करे तो उसका (शाप आदि के द्वारा) शासन करनेवाला ब्राह्मण ही है; क्योंकि क्षत्रिय ब्राह्मण (की बाहु) से उत्पन्न है ॥३२०॥

अद्भ्योऽग्निर्ब्रह्मतः क्षत्रमश्मनो लोहमुत्थितम् ।
तेषां सर्वत्रगं तेजः स्वासु योनिषु शाम्यति ।।३२१।।

भाष्य—**अद्भ्य** ओषधिवनस्पतिभ्य एव जायत इत्येवमाग्निरद्भ्य एव उत्पन्नः।

तस्य **सर्वगं तेजः** सर्वदाह्यं दहति तेजसाऽभिभवति। अपः प्राप्य तदस्य तेजः **शाम्यति**। **अश्मनो** लोहं खड्गादि। तेन सर्वं विदार्यते अश्मसम्पातात्स्फुटति। एवं क्षत्रियाः सर्वत्र जिगीषवो विजयन्ते ब्राह्मणेषु चेदौद्धत्येन वर्तन्ते तदा विनश्यन्ति॥३२१॥

हिन्दी—पानी से अग्नि, ब्राह्मण से क्षत्रिय और पत्थर से लोहा (परम्परा द्वारा तलवार, बाण आदि शस्त्र) उत्पन्न हुए हैं; सर्वतोगामी उनका तेज अपनी योनि (उत्पन्न करने वाले) में शान्त (शक्तिहीन) हो जाता है॥३२१॥

विमर्श—सब को जलाने में समर्थ अग्नि का तेज अपने उत्पादक पानी में, सबको जीतने या पीड़ित करने में समर्थ क्षत्रिय का तेज अपने उत्पादक ब्राह्मण में और सबको काटने में समर्थ लोहे (से बने तलवार आदि) का तेज अपने उत्पादक पत्थर में शान्त हो जाता है।

ब्राह्मण-क्षत्रिय का परस्पर सहायकत्व—

नाब्रह्म क्षत्रमृध्नोति नाक्षत्रं ब्रह्म वर्धते।
ब्रह्म क्षत्रं संपृक्तमिह चामुत्र वर्धते॥३२२॥

भाष्य—यत्क्षत्रं यद्ब्राह्मणरहितं राज्यं, मन्त्रिपुरोहितादयो यत्र नप ब्राह्मणास्तत्र कुतः समृद्धिः। एवं ब्राह्मणा अपि राजोपाश्रिताः कुतः सम्पत्तिं लभन्ते। उभौ युक्तौ जगज्जयतः।

ब्रह्मक्षत्रशब्दौ ब्राह्मणक्षत्रियजातिवचनौ॥३२२॥

हिन्दी—ब्राह्मण के बिना क्षत्रिय तथा क्षत्रिय के बिना ब्राह्मण समृद्धि को नहीं पा सकते, (किन्तु) मिले हुए ब्राह्मण तथा क्षत्रिय इस लोक में तथा परलोक में (धर्मार्थकाममोक्ष रूप चतुर्विध पुरुषार्थ को पाने से) समृद्धि को पाते हैं॥३२२॥

पुत्र को राज्य सौंपकर युद्ध में प्राणत्याग करना राज्यकर्तव्य—

दत्वा धनं तु विप्रेभ्यः सर्वदण्डसमुत्थितम्।
पुत्रे राज्यं समासाद्य कुर्वीत प्रायणं रणे॥३२३॥

भाष्य—यदा तु जरसाऽभिभूयेत कृतकृत्यः स्यात्तदा वसुनि धने सति सर्वदण्ड-समुद्भूतं ब्राह्मणेभ्यो दद्यात्। महापातकिधनस्य वरुणाय प्रतिपादनमुक्तम्। न राज्ञा तद्ग्रहीतव्यम्। अन्यत्तु दण्डधनं राज्ञा दृष्टादृष्टकार्यार्थवादाद्बहुधनमस्ति प्रयाणकालश्च, तदा सर्वस्यायं विनियोगः।

अन्ये तु दण्डग्रहणं करशुल्कादीनामपि प्रदर्शनार्थं व्याचक्षते। तथा सति सर्वस्वं

तद्यादित्युक्तं भवति। वाहनायुधभूमिपुरुषवर्जं सर्वं दातव्यम्।

एवं तु व्याख्याने **पुत्रे राज्यं समासाद्य** इति न घटते। न हि तस्याकोशस्य राजकरणसम्भवः।

कुर्वीत प्रायणं रणे। आत्मत्यागे संग्रामं कुर्यात्। यदि कथञ्चिदन्त्यावस्थायां रणं नोपलभेत तदाग्न्युदकादिना शरीरं जह्यात्। फलातिशयसम्पत्तिस्तु रणे समासं जनमारोपणम् ॥३२३॥

हिन्दी—सब दण्डों (जुर्माने) से प्राप्त धन को ब्राह्मणों के लिए देकर तथा राज्य को पुत्र के लिए सौंपकर (क्षत्रिय राजा) युद्ध में प्राणत्याग करे (और युद्ध के असम्भव होने पर) अनशन आदि से प्राणत्याग करे ॥३२३॥

एवं चरन्सदा युक्तो राजधर्मेषु पार्थिवः।
हितेषु चैव लोकेभ्यः सर्वान्भृत्यान्नियोजयेत् ॥३२४॥

भाष्य—एवं चरन्विहरन्राजधर्मेषु यथाशास्त्रोपदिष्टेषु। **सदा युक्त**स्तत्परः। **लोकेभ्यः** स्वराष्ट्रीयेभ्यो हितेषु। **सर्वान्भृत्यान्नियोजयेत्** ॥३२४॥

हिन्दी—इस प्रकार (सप्तम से नवम अध्याय तक में वर्णित) राजधर्मों में तत्पर होकर व्यवहार करता हुआ राजा लोक-व्यवहार कार्यों में समस्त भृत्यों को नियुक्त करे ॥३२४॥

वैश्य-शूद्र के कर्मविधान का कथन—

एषोऽखिलः कर्मविधिरुक्तो राज्ञः सनातनः।
इमं कर्मविधिं विद्यात्क्रमशो वैश्यशूद्रयोः ॥३२५॥

भाष्य—आद्येनानेन कण्टकशुद्धिपर्यन्तो राजधर्म उपसंह्रियते। द्वितीयेन 'वैश्यशूद्रोपचारं' चेत्युक्तमनुस्मारयति ॥३२५॥

हिन्दी—(भृगुजी मर्षियों से कहते हैं कि मैंने) राजा के इस समस्त सनातन कर्मविधान को कहा, अब क्रमशः वैश्य तथा शूद्र के वक्ष्यमाण कर्मविधान को जानना चाहिये ॥३२५॥

वैश्य के धर्म—

वैश्यस्तु कृतसंस्कारः कृत्वा दारपरिग्रहम्।
वार्तायां नित्ययुक्तः स्यात्पशूनां चैव रक्षणे ॥३२६॥

भाष्य—कृतसंस्कार उपनीतः कृतविवाहश्च। **वार्तायां** वक्ष्यमाणकालसमुदायो 'वार्ता'। तत्र **नित्ययुक्तः** स्यात्। यथा बार्हस्पत्ये वार्ता समुपदिष्टा ॥३२६॥

हिन्दी—वैश्य यज्ञोपवीत संस्कार होने के बाद विवाह को करके खेती आदि करने तथा पशुपालन में सर्वदा लगा रहे ॥३२६॥

प्रजापतिर्हि वैश्याय सृष्ट्वा परिददे पशून् ।
ब्राह्मणाय च राज्ञे च सर्वाः परिददे प्रजाः ।।३२७।।

भाष्य—पशुरक्षणं वैश्यस्य न केवलं जीविकायै, यावद्धर्मायापीति दर्शयत्यर्थ-वादेन ।

''कथं पुनर्दृष्टे सत्यदृष्टमुक्तम्'' ।

प्रजापालनवन्नियमात्परिपालनीयं त्वयेति नियोगपरिदानम् । क्षत्रियस्य प्रजापालने-ऽधिकारो निरूपितः । ब्राह्मणस्य प्रायश्चित्तोपदेशादिना जपहोमादिना च ''आदित्या-ज्जायते वृष्टिः'' इति सर्वाधिकारः ।

दृष्टान्तार्थं चैतत् । तथैव धर्म एव वैश्यस्य पशुरक्षणादिः ॥३२७॥

हिन्दी—ब्रह्मा ने पशुओं की सृष्टि करके पालन (करने के लिए) वैश्यों को दिया तथा सब प्रजाओं की सृष्टि करके (रक्षा करने के लिए) ब्राह्मण तथा राजा को दिया ॥३२७॥

न च वैश्यस्य कामः स्यान्न रक्षेयं पशूनिति ।
वैश्ये चेच्छति नान्येन रक्षितव्याः कथञ्चन ।।३२८।।

भाष्य—''ननु को जीवितार्थं **कामः** यदुक्तं यद्यप्यदृष्टं तदा दृष्टाश्रितमेव । भोजने प्राङ्मुखतायामेव । तत्र कथञ्चिदिदमुच्यते **न च वैश्यस्य कामः स्यादिति** । न ह्यबुभुक्ष-माणः प्रत्यवैति'' ।

सत्यमेवं 'कृष्टाविकृटं पाशुपाल्यमिति' ज्ञापयितुम् । कश्चिन्मन्यते सर्वाण्येतानि नियमार्थानि तुल्यफलानीति । तत्र तुल्यफलत्वे च पक्षेऽकामोऽपि स्यात्कर्मान्तरं कामय-मानस्य । यदा त्वन्येभ्यो गुणवत्तरः तदा तु तेनाजीवन्न कर्मान्तरे प्रवृत्तिः । अत एव तदा-लम्बनो जीवेत् ॥३२८॥

हिन्दी—'मैं पशुपालन नहीं करूँ' ऐसी इच्छा वैश्य को कदापि नहीं करनी चाहिये और वैश्य को पशुपालन की इच्छा करते रहने पर राजा को दूसरे से पशु-पालन नहीं कराना चाहिये ॥३२८॥

मणि आदि के मूल्य का ज्ञान करना वैश्य का कर्तव्य—

मणिमुक्ताप्रवालानां लोहानां तांतवस्य च ।
गन्धानां च रसानां च विद्यादर्घबलाबलम् ।।३२९।।

भाष्य—**लोह**शब्देन ताम्रायस्कांस्यान्याह ।

अर्धबलाबलं न्यूनताऽर्घस्य न्यूनताधिक्ये देशकालापेक्षे। कस्मिन्देश इदं महार्घम्। कस्मिन्वाऽपचितार्घम्। एवं कालेऽपि ॥३२९॥

हिन्दी—मणि, मोती, मूँगा, लोहा, कपड़ा गन्ध (कर्पूर आदि) और रस (नमक आदि) के मूल्य की कमी-वेशी को वैश्य देश-कालानुसार मालूम करे ॥३२९॥

बीजादि का ज्ञान करना वैश्य का कर्त्तव्य—

बीजानामुप्तिविच्च स्यात्क्षेत्रदोषगुणस्य च।
मानयोगं च जानीयात्तुयोगांश्च सर्वशः ॥३३०॥

भाष्य—इदं बीजं विस्तृतमुप्यत इदं संहतमुप्यत इत्येना**मुप्तिं** विंद्यात्। इदं बीजमस्मिन् क्षेत्रे प्ररोहतीदं न। इदं च बलवत्फलति। एवमादयो गुणदोषाः। द्रोण-शूर्पाढकादयो **मान**विशेषास्तेषां **योगा** ये हस्तेन मीयन्ते ॥३३०॥

हिन्दी—सब बीजों को बोने की विधि (कौन बीज किस समय कैसे खेत में, कितने प्रमाण में किस प्रकार बोया जाता है, इत्यादि विधि), खेतों के गुण तथा दोष, तौल (मन, आधमन, पसेरी, सेर, छटाक आदि तथा तोला, मासा, रत्ती आदि) तथा तौलने के उपाय; इन सबको अच्छी तरह मालूम करे ॥३३०॥

वस्तुओं की सारासारतादि का ज्ञान करना वैश्य का कर्त्तव्य—

सारासारं च भाण्डानां देशानां च गुणागुणान्।
लाभालाभं च पण्यानां पशूनां परिवर्धनम् ॥३३१॥

भाष्य—भाण्डशब्देन विक्रेयवस्त्राजिनान्युच्यन्ते। तत्र **सारासारता**, यत्कालान्तरे स्थितं च न नश्यति तत् 'सारम्'। तदितरद'सारम्'।

अस्मिन्देशे व्रीहयो भूयांसोऽस्मिन्काले यवा अस्मिन्नीदृश आचार ईदृशो जान-पदानां स्वभाव एवामादयो **देशे गुणागुणाः**।

अनेन च यवसेनेदृशेन च लवणेनास्मिन्काले प्रयुक्तेन पशवो वर्धन्त इति ॥३३१॥

हिन्दी—वस्तुओं की सारता (अच्छापन) तथा निःसारता (खरावी) देशों के गुण तथा दोष, सौदों (बेचे जानेवाली वस्तुओं) के लाभ तथा हानि, पशुओं को बढ़ाने के उपाय (किस समय में कैसा कार्य करने से पशुओं की उन्नति होगी इत्यादि उपाय) ॥३३१॥

भृत्यानां च भृतिं विद्याद्भाषाश्च विविधा नृणाम्।
द्रव्याणां स्थानयोगांश्च क्रयविक्रयमेव च ॥३३२॥

भाष्य—भृत्या दासा प्रेष्यादयः गोपालाजपालमहामात्राद्याः। तेषां च कियती **भृति**रिति **विद्यात्**।

मालवकमगधद्रविडादिदेशभाषाः एतद्देशा अस्मिन्नर्थं ईदृशमुच्चारयन्ति । इदं द्रव्य-मेवं स्थाप्यत एवं सम्वर्तत एवमाव्रियतेऽनेन योज्यत इयता विक्रीयते ॥३३२॥

हिन्दी—नौकरों (या मजदूरों) का (देश, काल तथा परिश्रम के अनुसार) वेतन, मनुष्यों की अनेक देश की भाषा, वस्तुओं के योग्य स्थान तथा मिलावट (अमुक वस्तु अमुक स्थान में रखने पर तथा मिलाने पर बिगड़ेगी या सुरक्षित रहेगी, इत्यादि), क्रय-विक्रय का ज्ञान (अमुक वस्तु को स्थान तथा समय में खरीदने तथा बेचने से लाभ होगा, इत्यादि) इन सब विषयों को वैश्य अच्छी तरह मालूम करे ॥३३२॥

अन्न देना वैश्य का कर्त्तव्य—

धर्मेण च द्रव्यवृद्धावातिष्ठेद्यत्नमुत्तमम् ।
दद्याच्च सर्वभूतानामन्नमेव प्रयत्नतः ।।३३३।।

भाष्य—बहु अन्नं दातव्यमित्यर्थः । अन्यथा राज्ञा दण्ड्यः । एवमर्थमत्रोच्यते महाधनस्य चैतत् ॥३३३॥

हिन्दी—वैश्य इस प्रकार (९।३२६-३३२) धर्म से (व्यापार, पशुपालन तथा खेती के द्वारा) धन बढ़ाने का उद्योग करता रहे तथा सब प्राणियों के लिए प्रयत्नपूर्वक अन्न का ही अधिक दान करता रहे ॥३३३॥

शूद्र का धर्म—

विप्राणां वेदविदुषां गृहस्थानां यशस्विनाम् ।
शुश्रूषैव तु शूद्रस्य धर्मो नैश्रेयसः परम् ।।३३४।।

भाष्य—**यशस्विनामिति** साध्वाचारो लक्ष्यते ।

शुश्रूषा परिचर्यैव । तस्य धर्मः परं श्रेय आवहति ॥३३४॥

हिन्दी—वेदज्ञाता ब्राह्मणों तथा यशस्वो सद्गृहस्थों की सेवा करना ही शूद्र का कल्याणकारक उत्तम धर्म है ॥३३४॥

द्विज सेवादि से शूद्र को उत्तमजातिलाभ—

शुचिरुत्कृष्टशुश्रूषुर्मृदुवागनहंकृतः ।
ब्राह्मणापाश्रयो नित्यमुत्कृष्टां जातिमश्नुते ।।३३५।।

भाष्य—**शुचिः** मृद्वारिशुद्धेयन्द्रियसंयमनेन च । **उत्कृष्टा**न्त्यैवर्णिकान् **शुश्रूषुः** । **मृदुवाक्** न तर्कादिशास्त्रगन्धितया परुषभाषी । **उत्कृष्टां** ब्राह्मणादिजातिमाप्नोतीत्यर्थः । स्पष्टमुक्तं प्रयोजनम् । पुन**र्ब्राह्मणापाश्रय**ग्रहणात् अन्यानप्याश्रितस्यान्यशुश्रूषकस्यैतद-विरोधेन धर्म एव ॥३३५॥

हिन्दी—शुद्ध (बाहरी शारीरिक शुद्धि तथा भीतरी मानसिक शुद्धि से युक्त), अपने से श्रेष्ठ जाति वालों की सेवा करनेवाला, मधुर भाषण करनेवाला, अहङ्कार से रहित और सदा ब्राह्मणादि के आश्रम में रहनेवाला शूद्र श्रेष्ठ जाति को प्राप्त करता है ॥३३५॥

एषोऽनापदि वर्णानामुक्तः कर्मविधिः शुभः ।
आपद्यपि हि यस्येषां क्रमशस्तन्निबोधत ।।३३६।।

इति मानवे धर्मशास्त्रे भृगुप्रोक्तायां संहितायां नवमोऽध्यायः ।।९।।

भाष्य—स्पष्टमुक्तं प्रयोजनं च ॥३३६॥

इति श्रीभट्टवीरस्वामिसूनोभट्ट**मेधातिथि**कृतौ **मनु**भाष्ये नवमोऽध्यायः ॥

हिन्दी—(भृगुजी महर्षियों से कहते हैं कि मैंने) आपत्तिकाल नहीं रहने पर वर्णों (ब्राह्मणादि चारों वर्णों) के कल्याणकारक कर्म को कहा, उन (ब्राह्मणादि वर्णों) के आपत्तिकाल में भी जो धर्म हैं, उसे (आप लोग कहते हुए मुझसे) मालूम कीजिये ॥३३६॥

मानवे धर्मशास्त्रेऽस्मिन् स्त्र्यादिधर्मविनिर्णयः ।
'पूर्णचन्द्र' कृपादृष्ट्या नवमे पूर्णतामगात् ॥

❑

।। अथ दशमोऽध्यायः।।

केवल ब्राह्मण को अध्यापनाधिकार—

अधीयीरंस्त्रयो वर्णाः स्वकर्मस्था द्विजातयः ।
प्रब्रूयाद्ब्राह्मणस्त्वेषां नेतराविति निश्चयः ।।१।।

भाष्य—"वेदः कृत्स्नोऽधिगन्तव्यः सरहस्यो द्विजन्मना" इति ग्रहणार्थं त्रैवर्णिकानां स्वाध्यायविधिरुक्तः । गृहीतस्य चाविस्मरणमप्युक्तं सर्वाश्रमिणाम् । 'स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्या'त्तथा 'नित्यं शास्त्राण्यवेक्षेत' । शास्त्रं प्रमुख्यया वृत्त्यैव शासनाद्धि शास्त्रं प्रमाणान्तरानवगतविधिप्रतिपादनाच्च वेद एवेति । तदेव शास्त्रम् । अन्यत्र ग्रन्थसन्दर्भसामान्याच्छास्त्रप्रयोगः । तथा नियतो वेदमभ्यसेत् । ब्रह्मोभझता वेदनिंदेति । यस्तु ब्रह्मयज्ञः स एकेनापि सूक्तेन साम्नानुवाकेन खण्डेन कण्डिकया वैकयैव यावज्जीवमधीतया सिध्यति । न तेन ब्रह्मस्मरणमाक्षिप्यते । तदेवं निर्विषयत्वादस्य विधेरनुवादार्थतैव ।

प्रब्रूयाद्ब्राह्मस्तेषां नेतराविति क्षत्रियवैश्ययोः प्रवचनं निवर्तयितुम् ।

"ननु च 'अध्यापनं ब्राह्मणस्य' इत्यादिना तयोस्तदप्राप्तमेव" ।

नैष दोषः । वृत्तिकरणस्य श्रुतत्वात्तदर्थैव निवृत्तिः सम्भाव्यते । धर्मार्थं तु विद्यादानं तयोरप्यस्त्येवेत्याशङ्कां निवर्तयति ।

अथास्ति सामान्येन निषेधः एवं तर्हि जातिलक्षणप्रसङ्गजननार्थं सिद्धमेवोच्यते । एवं च कृत्वाऽनुक्रमणीयः सम्बन्धो न हातव्योऽयमिति भविष्यति । "वैश्यशूद्रोपचारं च संकीर्णानां च सम्भव" इति ।

कश्चिदाह । 'अध्यापनं' शब्दोच्चारणशिक्षणम्, 'प्रवचनं' तु तदर्थव्याख्यानमपि । अतो भिन्नत्वान्नाध्यापननिवृत्त्या तदर्थव्याख्याननिवृत्तिर्भवतीत्यतः पुनरुपदेशः ।

"ननु च नात्र वेदशब्दोऽस्ति । कुतस्तत्कर्मता अध्ययनक्रियायाः । अथवा-लौकिकगद्यपद्यविषयमपीदमध्ययनमुच्यते" ।

उच्यते । तथा सत्यदृष्टार्थो विधिः स्यात् । अतश्चाधिकारकल्पना प्रसज्येत मूलकल्पना च स्यात् । यथा तु व्याख्यातं उपलब्धमूलैवेयं स्मृतिर्भवतीति नादृष्टमूलकल्पनाप्रसङ्गः ।

द्विजातय इति सिद्धे **त्रयो वर्णा** इति पादपूरणम्। एवं **स्वकर्मस्था** इति ॥१॥

हिन्दी—अपने-अपने कर्म में तत्पर तीनों (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) वर्णवाले द्विज (वेद को) पढ़ें तथा ब्राह्मण उन तीनों वर्णों को पढ़ावें, दूसरे दोनों (क्षत्रिय तथा वैश्य) वर्ण नहीं पढ़ावें ऐसा शास्त्रीय निर्णय है ॥१॥

विमर्श—पूर्व प्रतिज्ञा ('सङ्कीर्णानाञ्च सम्भवम्' १।११६) के अनुसार प्रसङ्ग-प्राप्त वर्णसङ्करोत्पत्ति-कथन में वर्णों से ही वर्णसङ्कर की उत्पत्ति होने से वर्णानुवादार्थ वर्णत्रय के धर्म में ब्राह्मणमात्र का अध्यापन कार्य इस वचन से प्रतिपादित किया गया है। इस वचन के तृतीयपाद ('प्रब्रूयाद् ब्राह्मणस्त्वेषाम्') कथन से ही यद्यपि क्षत्रिय तथा वैश्य के अध्यापन कार्य का निषेध हो जाता है, तथापि 'नेतरौ' अन्य दो वर्ण— क्षत्रिय तथा वैश्य को अध्यापन क.र्य का पुनर्निषेध प्रायश्चितगौरवार्थ समझना चाहिये।

सर्वेषां ब्राह्मणो विद्याद् वृत्त्युपायान्यथाविधि ।
प्रब्रूयादितरेभ्यश्च स्वयं चैव तथा भवेत् ।।२।।

भाष्य—'न चास्योपदिशेद्धर्मम्' इति न कश्चिदद्धर्मोपदेशः शूद्रस्य कर्तव्य इत्युक्तम्। धर्मा उपदेष्टव्या इति तस्यापवादः।

वृत्तिः शरीरकुटुम्बस्थितिस्तदर्था **उपायास्तान् विद्यात्**

प्रब्रूयात्सर्वेभ्य **इतरेभ्य** इति। बहुवचनं शूद्रावरोधार्थम्।

स्वयं च तथा भवेद्यथोपदिष्टा वृत्तिनियमा अनुष्ठेया इत्यर्थः ॥२॥

हिन्दी—ब्राह्मण सबों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र वर्णों) की जीविका के उपाय को स्वयं मालूम करे, उसका उन्हें उपदेश दे तथा स्वयं भी वैसा ही (शास्त्रोक्त नियमानुसार आचरण करने वाला) होवे ॥२॥

ब्राह्मण को सब वर्णों का स्वामित्व—

वैशेष्यात्प्रकृतिश्रैष्ठ्यान्नियमस्य च धारणात् ।
संस्कारस्य विशेषाच्च वर्णानां ब्राह्मणः प्रभुः ।।३।।

भाष्य—"किं पुनः कारणं ब्राह्मण एव प्रकृतत्वेनाऽधिक्रियते, न पुनः क्षत्रियादयोऽपि"। यत् एतच्छेषतया प्ररोचनं पठति।

वैशेष्याद्विशिष्टत्वादित्यर्थः, गुणाधिक्यादिति यावत्।

तदिदानीमाधिक्यमाह। **प्रकृतिश्रैष्ठ्यादु**त्तमाङ्गोद्भवादिदमुक्तम्। 'प्रकृतिः' कारणम्।

नियमस्य च धारणान्मद्यपानप्रतिषेधादयमेव नियमोऽभिप्रेतः। स्नातकव्रतानि वा वैणवधारणादीनि ब्राह्मणस्यैव।

संस्कारस्य च विशेषो नियमोऽभिप्रेत:, स्नातकव्रतानि च 'विशेषो' हृदयङ्गमाभिरित्यादेरुपनयनादेर्वा बालस्यैव विधानात्। क्षत्रियवैश्ययोस्त्वतीतशैशवयोरेकादशद्वादशयो:।

अतो हेतो**र्वर्णानां ब्राह्मण: प्रभु:** शासिता ॥३॥

के पुनरमी वर्णा नाम मनुष्यजातिवचनो: वर्णशब्दो नेत्याह —

हिन्दी—जाति की विशिष्टता से, उत्पत्ति-स्थान (ब्रह्मा के मुख) की श्रेष्ठता से, (अध्ययन, अध्यापन एवं व्याख्यान आदि के द्वारा) नियम (श्रुति-स्मृति विहित आचरण) के धारण करने से और यज्ञोपवीत संस्कार आदि की श्रेष्ठता से सब वर्णों में ब्राह्मण ही वर्णों का स्वामी है॥३॥

द्विजवर्ण कथन—

ब्राह्मण: क्षत्रियो वैश्यस्त्रयो वर्णा द्विजातय:।
चतुर्थ एकजातिस्तु शूद्रो नास्ति तु पञ्चम: ॥४॥

भाष्य—चत्वारो वर्णा ब्राह्मणाद्या: शूद्रपर्यन्ता:। अन्ये तु बर्बरकैवर्तादय: संकीर्णयोनयो यथा वक्ष्यन्ते। तत्र चतुर्णां **त्रयो द्विजातय:,** उपनयनस्य तेषां विहितत्वात्। **एकजाति:** शूद्रो, न हि तस्योपनयनमस्ति। उपनयनविधौ ब्राह्मणादिवर्णविशेषसंयोगात्। "अष्टमे ब्राह्मणमुपनयोतैकादशे राजन्यं द्वादशे वैश्यम्" इति। न कस्मिंश्चित्काले शूद्रं पठन्ति।

"ननु कालविशेषानुपादानादनियतकालं शूद्रोपनयनमस्तु।"

भवेद्यद्यसंयुक्ता सामान्येनोपनयनस्योत्पत्ति: स्यात्। एताश्च वर्णकालविशेषयुक्ता निमित्तार्था: स्तुतय: स्यु:। न तु पृथगुत्पत्तिरस्यास्ति। तत्कस्य प्रमाणस्य सामर्थ्येनास्योपनयनमनियतकालं क्रियताम्।

"यद्येवं किं तर्ह्यनेन **चतुर्थ एकजातिरिति**"।

सत्यम्। आशङ्कामात्रनिवारणार्थम्। 'मन्त्रवर्जं तदुच्यत' इति अमन्त्रकस्यानियतकालस्य प्राप्तिराशङ्क्येपत।

"ननु च पाकयज्ञविधावेतद्वाक्यं तत्सन्निधौ श्रवणात्तत्र कृतार्थं नान्यत्र भवितुमर्हति"।

अत एवाशङ्कामात्रमित्युक्तम्। परमार्थतस्तु व्यवहारनियमार्थपर: श्लोक: ॥४॥

हिन्दी—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीन वर्ण 'द्विजाति' (या 'द्विज') हैं, और चौथा एक वर्ण शूद्र है, पाँचवाँ (वर्ण कोई भी) नहीं है ॥४॥

सजातीय कथन—

सर्ववर्णेषु तुल्यासु पत्नीष्वक्षतयोनिषु ।
आनुलोम्येन सम्भूता जात्या ज्ञेयास्त एव ते ।।५।।

भाष्य—के पुनरमी ब्राह्मणादयो नाम । न ह्येषां परस्परो भेदः शक्योऽवसातुम्। व्यक्त्यधीनाधिगमा हि जातयो न च व्यक्तयः स्वावयवसन्निवेशविशेषावगमशून्याः शक्नुवन्ति तासां भेदमावेदयितुम् । न च ब्राह्मणक्षत्रियादीनां गवाश्वस्येव वाऽऽकारभेदोऽस्ति, येन रूपिसमवायाच्चक्षुष्यः स्युः । नापि विलीनघृततैलगन्धरसादिभेदेन क्रियान्तरगोचराः । नापि शौचाचारपिङ्गलकेशत्वादिभिर्धर्मैः शक्यभेदावसानाः, तेषां सर्वत्र संकरोपलब्धेः । व्यवहारश्च पुरुषाधीनो, विप्रलम्भभूयिष्ठत्वाच्च पुरुषाणां नान्ततो वस्तुसिद्धिः । इत्यतो जातिलक्षणमुच्यते ।

सर्ववर्णेष्वेतल्लक्षणं जातेर्य**त्तुल्यासु** समानजातीयासु सम्भूतासु **पत्नीषू**ढासु जातास्त एव **जात्या ज्ञेयाः** । प्रायेण मातापित्रोर्या जातिः सैवापत्यस्योढायां जातस्य वेदितव्या । सम्बन्धिशब्दत्वात्पत्नीग्रहणास्यातो वोढा 'पिता' लभ्यते । तेन येनैवोढा तत एव यस्तस्यामेव जातस्तदा तज्जातीयो भवति ।

अक्षतयोनिग्रहणं पुनर्विवाहसंस्कारेण पत्नीत्वमाशङ्कमानं निवर्तयति । सहोढकानीनमातृणां च ।

''ननु च नैवैतासां विवाहसंस्कारोऽस्ति, ''पाणिग्रहणिका मन्त्राः कन्यासु'' (८।२२६) इति वचनात् । यदपि ''वोढुः सगर्भो भवति'' (९।१७३) इति विवाहश्रवणेन शास्त्रीयसंस्कारप्रतिपत्तिः, प्राप्तिमात्रवचनत्वात्तस्य न विहितवचनीयं प्रत्यभिज्ञानमस्ति । तस्मात् स्वीकारमात्रे धातुर्वर्तते स्वीकर्तुरित्यर्थः । पित्रादीन् वंचयित्वा येनैव स्वीकृता तस्यैव सा भवति; ततः पुत्रश्चेति तस्यार्थः। पुनर्भसंस्काराभावात्। सा चेदक्षतयोनिः स्यात्'' (९।१७६) इति पठ्यते । गतप्रत्यागतायामपि पुनःशब्दप्रत्यभिज्ञानाद्भर्तुरुक्ताः । न च ताभिः सहाभिः सहाधिकारोऽस्ति । यज्ञसंयोगेऽस्ति पत्नीशब्दः । अतो'ऽक्षतयोनि'-शब्दोऽतिरिच्यते । अत्र पूर्वे पत्नीशब्दपर्यायेण नारीष्विति पठन्ति तदपि न किंचित् केवले ह्यक्षतयोनिशब्दे त्वसंस्कृतास्वपि जातास्तज्जातीयाः स्युः । पत्नीशब्दपाठेन शास्त्रीयेण विधिना या संस्कृता भार्यात्वमापादिता सा गृह्यते । यास्तु कुमार्य एवोपगम्यन्ते भवन्ति ता 'अक्षतयोनयो' न तु 'पत्न्यः' । तस्मादक्षतयोनिशब्दस्य प्रयोजनं वाच्यम्'' ।

उच्यते । यत्तावदुक्तं 'न ताः 'पत्न्यो' यज्ञसंयोगाभावादिति' यदि विवाह्येरन् स एव यज्ञः स्यात् । तत्रापि पूषवरुणार्यम्णामस्त्येव यागः । समानार्थौ च यागयज्ञशब्दौ ।

तस्मात्स्युरेव पत्न्य: । अकन्यात्वादविवाह्यतयैव न पत्न्य इति युक्तम् ।

अतश्चानर्थक्येऽक्षतयोनिशब्दस्य प्रयोजनमुच्यते । दृश्यते लक्षणयाऽसत्यपि यज्ञ-संयोगे पत्नीशब्द: प्रयुज्यमानो लोके रजकस्य पत्नी । यथाऽन्यत्रावरुद्धासु स्त्रीषु गृहिणी-शब्द: सोऽपि भार्यावचन एव केनचिद्धर्मसाम्येन तत्रापि प्रयुज्यते । यद्यपि सति मुख्ये लक्षणा न न्याय्या, तथापि मन्दधियां सुहृद्भूत्वा आशङ्कामात्रं निवर्तयति । किंनाम नाशङ्क्यते मूढमतिभि: ।

आनुलोम्यग्रहणमुत्तरार्थम् ।

येऽपि 'त एव त' इति पठन्ति तेषामपि स एवार्थस्तज्जातीया इति ।

अत्रोच्यते । "किं प्रमाणमूलमेतस्मृतिकाराणां स्मरणम् । अमकार्यरूपत्वात्र धर्मा-धर्मोपदेशतुल्यम् । प्रमाणान्तरञ्च नास्तीत्युक्तम् । स्मृत्यन्तरमूलत्वेऽन्धपरम्पराप्रसङ्ग: प्रमाण-श्लोके दर्शित:" ।

उच्यते । वृद्धव्यवहार एव मूलं साधुत्वस्मृतिवत् ।

ननु च सापराधाऽसावित्युक्तम् ।

अत एव नियामिका: स्मृतय: फलवत्य: । अभियुक्तस्मरणमन्यथेति न शक्यते वक्तुम् । शास्त्रस्था: प्रसिद्धा: प्रमाणतरा: । सम्भवति च तेषामनादिव्यवहारो मूलम् ।

एतत्स्मृतिसंस्कृतानां वावगताभिजनजातीयानां प्रत्यक्षमप्युपपद्यत इति केषाञ्चि-द्दर्शनम् । एतत्स्मृतिविवेके प्रपञ्चितम् ।

ननु च स्मृत्यन्तरे नायं विशेषोऽस्ति "सवर्णेभ्य: सवर्णासु जायन्ते हि सजातय: । अनिन्द्येषु विवाहेषु पुत्रा: संतानवर्धना:॥" (याज्ञ० १।९०) इति । आद्येनार्धन जाति-र्लक्ष्यते । उत्तरेण हि ब्राह्मादिविवाहजातानां संतानवर्धनत्वम् । तत्र सवर्णेभ्य: सवर्णा-स्विति नात्र पत्नीशब्दोऽस्ति ।

कथं नास्ति । यावता "विन्नास्वेष विधि: स्मृत" (याज्ञ० १।९२) इति । मा वा भूत् । अविशेषस्मृतेर्विशेषस्मृतिर्बलीयसी । अदर्शनाद्दर्शनं बलीय: । यत एकेन विशेषो न दृष्टोऽपरेण दृष्ट सम्भवत्येतत् ।

अतोऽभियुक्तस्मरणं सम्भवन्मूलतया प्रमाणम् ।

"ननु चाव्याप्तेरलक्षणमेतत् । न हि सहोढकानीनपौनर्भवादीनामनेन ब्राह्मण्यं भवति । 'कुण्डगोलकयो: क्षेत्रजस्य च अनभिप्रेतमेव तत्तेषामिति' चेत् का तर्हि तेषां जाति: । कुण्डगोलकयोश्च असति ब्राह्मण्ये श्राद्धे प्राप्त्यभावादनर्थको निषेध: स्यात् । स्मृत्यन्तरविरोधश्च । "सजातीयेष्वयं प्रोक्तस्तनयेषु मया विधि:" (या०व०व्य० १३३)

इति । किं च यदेव लक्षणं तदेव लक्ष्यम् । अनिर्ज्ञा लक्ष्यं भवति । निर्ज्ञातं लक्षणम्। यथा को देवदत्त इति संशयेऽङ्गदी कुण्डली व्यूढोरस्को वृत्तबाहुः । इह तु यथा कश्चित् ब्रूयात्कः काक इत्युक्ते काकाज्जात इत्युत्तरं तादृगेव 'को ब्राह्मणो' यो ब्राह्मणाज्जात इति । जनकेऽपि हि ब्राह्मण्यमप्रसिद्धमेव । न्यायविरोधश्च । सजातीयात्सजातीयायां जातः स लोके सजातीयो भवति । यथा गोर्गवि गौरश्वाद्वडवायामश्वः ।

अत्रोच्यते । यत्तावदुक्तं का तेषां जातिरिति— किमन्यया जात्या । मनुष्यास्तावद्भवन्ति । पुरुषधर्मैश्चाधिक्रियन्ते अनुपात्तजातिविशेषैः । पुत्रत्वाच्छ्राद्धादिभिश्च । दाने च सर्वेषामधिकारः ।

"ननु च विशेषस्योपदेशेन विना व्यवहारो न सिध्यति । सर्वसाधारणत्वान्मनुष्यजातेः" ।

असदेतत् । सर्वस्यैव स्वसंज्ञाविशेषो विद्यते । प्रतिपुरुषं देवदत्तो यज्ञदत्त इति ।

अथापि सम्बन्धव्यपदेशः कर्तव्य इति "कानीनः सहोढ" इत्येव व्यपदिश्यते । 'सोऽपि चातुर्वर्ण्ये सद्भावात्सामान्यरूप एवेति' चेद्देवदत्तस्य कानीन इत्यादि जनकेन व्यपदेशः करिष्यते । तस्मादसम्बद्धमेतद्यदुच्यते व्यवदेशः कथमिति ।

एवं तर्हि सर्व एव धर्माश्चातुर्वर्ण्यं प्रतिबोध्यन्ते 'अन्तरप्रभवानां च" (मनु १।२) । तत्र बहुत्वं ब्राह्मणादिजातिचतुष्टयविषयम् । न चैतेषामप्येकजातिः । सर्वजातिष्वेतस्य लक्षणस्य प्रवृत्तेः। यथैव ब्राह्मणादूढायां ब्राह्मण्यां जातो ब्राह्मणः, एवं क्षत्रियादयोऽपि समजातायमातृपितृजाताः । सर्वविशेषाभावे च कुतः सामान्यम् । न हि शिंशपादिसर्वविशेषाभावे वृक्षत्वसम्भवः ।

अन्तरप्रभवाश्चानुलोमप्रतिलोमाः । तत्रानुलोमा मातृजातीयाः । प्रतिलोमास्तु धर्महीना अन्यत्राहिंसादिभ्यः । ते च सर्वे स्वसंज्ञाभिर्विशेषतो निर्दिष्टाः । न चैषां नामापि तत्रास्ति ।

"तत्र कतमे ते धर्मा यत्रामी अधिक्रियेरन् । क्व च तद्वचनं यदेतानधिकुर्वीत । न हि कश्चिज्जातिविशेषः स्त्रियो धर्मविधिरस्ति । सर्ववर्णानाम'न्तरभावानां चेति' शास्त्रादधिकृतत्वाच्च" ।

उच्यते । यत्तावदसिंहादिषु चातुर्वर्ण्यवचनं तन्नरमात्रोपलक्षणार्थमेव । सत्यपि प्रतिलोमाधिकारे मुख्यार्थवृत्तेः । प्रत्युत सहचारिजात्यन्तरपरत्वमेव लक्षयितुं क्षमं नान्तराऽवस्थातुमर्हति । तत्रैव च वक्ष्यामः । इदं चास्ति । "शूद्राणां तु सधर्माणः सर्वेऽपध्वंसजाः स्मृताः" (मनु० १०।४१) इति । 'अपध्वंसो'ऽसंस्कारः । स चाष्टविधः । 'व्यभिचारेण वर्णानाम्' (मनु० १०।२४) इत्यादिनोक्तः । व्यभिचारः परस्त्रीषु गमनं

सजातीयासु । अन्यद्वक्ष्यामः । तस्मादसत्यपि वर्णत्वे वाचनिक एव तेषामधिकारः ।

क्षत्रियस्य तु मातृजातीयत्वमेव, लिङ्गदर्शनात् । पुत्रोद्व्यामुष्यायणस्य संविधानादितिकर्तव्यताविशेषः श्रुतः । अन्येष्वपि श्रौतेषु तस्य विधानान्तरं दृश्यते ।

तस्मादेष ब्राह्मणादिजातीय एव समभागः स्वपितृव्येण, "तस्माद्धर्मेण तं भजेत्" इति । न च यथोक्ते विधौ तद्युक्तम् । तदा ह्ययं शूद्रधर्मा । धनस्य यज्ञार्थतायामुक्तायां कुतस्तस्य तावद्भागः ।

कुण्डगोलकौ क्षेत्रजावेव । शिष्टसमाचारश्चैवमेव । पाण्डुधृतराष्ट्रविदुराः क्षेत्रजाः सन्तो मातृजातीयाः । अतो युक्तः श्राद्धे प्रतिषेधः । किं च पतितोऽपि तत्र प्रतिषिद्धः, यस्य सर्वधर्मबहिष्कृतत्वात्प्राप्त्याशङ्कैव नास्ति ।

यत्तु सजातीयेष्यपि स्मृत्यन्तरं तदुक्तानुवादत्वाद्यथासम्भवं कार्यपुत्रविषयतया वा ।

यच्च निर्ज्ञातं लक्षणं भवति तत्किं ब्राह्मणार्थो नैव लोकप्रसिद्धः । यत्र ब्राह्मणादिशब्दः प्रयुज्यते तत्रापध्वंसनिवृत्त्यर्थं वचनम् । मातापित्रोरेतदेव जातिलक्षणम् । न चानवस्था, अनादित्वात्संसारस्य ।

प्रस्तुतन्यायविरोधस्तु साक्षात् व्यवसायगम्यत्वे आसां जातीनां स्यात् । तास्तु स्मृतिलक्षणाः यथास्मरणं भवितुमर्हन्ति । यथा वा वसिष्ठादयः शब्दा अन्तरेणैवान्वयधर्ममनवच्छिन्नस्मृतिपारम्पर्यं कैश्च विदितार्थेषु प्रयुज्यन्ते, भवन्ति व्यवहारहेतवो वसिष्ठ ब्राह्मणा 'वासिष्ठाः' शृण्वंतीति । तद्वदेतद्द्रष्टव्यम् । यथा समाने ब्राह्मणत्वे केचिद्भृगवो वत्सा भारद्वाजा इत्यादिविशेषः स्मृत्येकप्रमाणः, तथैव समाने पुरुषत्वेऽमी ब्राह्मणा अमी क्षत्रिया इत्यादिरुपपन्नो व्यवहारः ।

यैरपि लिङ्गदर्शनत्वेन जाबालश्रुतिरुक्ता "सत्यकामो जाबालो मातरमपृच्छत्किंगोत्रोऽहमस्मीति । सैवं प्रत्यब्रवीत्, बह्वहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वामालभे नाहं तद्वेदेति", स एवमुपश्रुत्य हारिद्रुमतं गौतममियाय । तं होवाच ब्रह्मचर्यं भवतो विवत्स्यामि । स एवमुवाच । किंगोत्रस्त्वमसीति । स प्रत्युवाच । अपृच्छं मातं सा माता प्रत्यब्रवीत् "यौवने त्वामि'त्यादि । गौतमो न चैतदब्राह्मणो वक्तुमर्हति समिधं सोम्याहर उप त्वानेष्ये"— अस्यायमर्थः । बहुभिरहं यौवने पुंभिः संगताऽभूवं न जाने केन जातोऽसीति । गौतमस्तु सत्यवचनान्निश्चिकाय ब्राह्मणेनायं जातस्ततस्तमुपनिन्येऽतो मन्यामहे स्वैरिणीष्वप्यनूढासु समानजातीयाज्जातासु तज्जातीया भवन्ति" ।

तदेतन्न किंचित् । यतो यौवने त्वामालभे, यौवने किल न स्मृतिर्दृढीभवति । उत्कलिकाबहुलत्वाद्यौवने चेतसः । किंच परिचारिणीपरिचारिकाहेतोः क्षुधापीडिता बहुविचरन्ती नैकस्मिंस्थाने, ततो मे न स्मृतिरस्ति भर्तुः किं गोत्रमिति ।

अतः स्थितमेतत्समानजातीयोढायां जातास्तज्जातीया इति। गौतमस्यापि न ततो वचनाद्ब्राह्मणोऽयमित्यवगमः। प्रागेवासौ तं ब्राह्मण इति वेद। गोत्रं तु न वेद। गोत्रप्रश्नेन चरणप्रश्नो वेदितव्यः। तत्र उपनयनभेदोऽस्ति। न तु गोत्रभेदेनोपनयने प्रयोजनम्।

ननु यथा केंचिदाहुः "जातिप्रश्नोऽयमाभिजात्याद्गोत्र एव जातिमवगमिष्यामि, साक्षाज्जातिप्रश्ने हि मुखरता स्यात्" ॥५॥

हिन्दी—(इन पूर्वोक्त) सब वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र) अथवा योनि-समान जातिवाली स्त्रियों में क्रमशः उत्पन्न सन्तान 'सजातीय' कहलाते हैं ॥५॥

विमर्श—ब्राह्मण वर्णवाले पिता से ब्राह्मण वर्णवाली माता में उत्पन्न सन्तान सजातीय होगीं, भिन्न वर्णवाली माता में उत्पन्न सन्तान 'सजातीय' नहीं होगी।

पिता की जाति के समान जाति होना—

स्त्रीष्वनन्तरजातासु द्विजैरुत्पादितान्सुतान्।
सदृशानेव तानाहुर्मातृदोषविगर्हितान्॥६॥

भाष्य—**अनन्तरा**स्वव्यवहितास्वानुलोम्येन य उत्पन्नाः पुत्रास्ते **सदृशा** ज्ञेयाः, न तु तज्जातीयाः। यथा ब्राह्मणात्क्षत्रियायां क्षत्रियाद्वैश्यायाम्। तेन सदृशाः, न तु त एव।

अत्र हेतुः **मातृदोषविगर्हितान्**।

तत्सदृशग्रहणान्मातृत उत्कृष्टान्पितृतो निकृष्टान्।

द्विजैरिति बहुवचननिर्देशान्मातृश्च ग्रहणादानुलोम्येष्वेतत्सम्भवति। प्रातिलोम्ये पितृतो ग्रहणेन मातृतः, पितुर्निकृष्टजातीयत्वात्।

अत आनुलोभ्यग्रहणं पूर्वश्लोके। यदुक्तमुत्तरार्थमिति तदिहानर्थकम्। अतःपरेषु श्लोकेषूपदिश्यते ॥६॥

हिन्दी—द्विजाति (१०।४) के द्वारा बादवाले वर्ण की स्त्रियों में (ब्राह्मण से क्षत्रिया में, क्षत्रिय से वैश्या में तथा वैश्य से, शूद्रा में) उत्पन्न किये हुए माता के (हीन वर्णवाली होने से) दोष से निन्दित पुत्रों को पिता के समान जातिवाला कहा गया है॥६॥

विमर्श—'पिता की समान जातिवाला' का तात्पर्य पिता की जाति से कुछ हीन तथा माता की जाति से कुछ श्रेष्ठ जातिवाला समझना चाहिये। इनमें ब्राह्मण पिता से क्षत्रिय माता में उत्पन्न पुत्र 'मूर्धाविसिक्त', क्षत्रिय पिता से वैश्या माता में उत्पन्न पुत्र 'माहिष्य' और वैश्य पिता से शूद्रा माता में उत्पन्न पुत्र 'करण' संज्ञक होता है, ऐसा महर्षि

याज्ञवल्क्य ने[१] कहा है, उनमें से से हाथी-घोड़े को सिखाना तथा शस्त्र धारण करना 'मूर्धाविसिक्त' के, नाचना-गाना आदि 'माहिष्य' के और द्विजसेवा, धन-धान्य की अध्यक्षता, राजसेवा, दुर्ग तथा अन्तःपुर की रक्षा करना 'पारशव-उग्र-करण' के काम उशनाने[२] कहे हैं।

अनन्तरासु जातानां विधिरेष सनातनः ।
द्व्येकान्तरासु जातानां धर्म्यं विद्यादिमं विधिम् ।।७।।

भाष्य—आद्येनार्धश्लोकेनोक्तमर्थमनुवदति द्वितीयेन वक्ष्यमाणसंक्षेपः । **द्व्येकान्तरा** द्व्यन्तरा ब्राह्मणस्य शूद्रो । एकान्तरा वैश्या ।

नातीवश्लोकः सप्रयोजनः ।।७।।

हिन्दी—(भृगुजी महर्षियों से कहते हैं कि) अनन्तर वर्णवाली स्त्रियों में उत्पन्न पुत्रों का यह सनातन विधान है। एक या दो वर्णों के अनन्तरवाली स्त्री में क्रमशः एक वर्ण की अनन्तरवाली जैसे ब्राह्मण से वैश्या में, क्षत्रिय से शूद्रा में, दो वर्णों की अनन्तरवाली जैसे— ब्राह्मण से शूद्रा में उत्पन्न पुत्र का विधान यह (आगे कहा हुआ) समझना चाहिये ।।७।।

अनुलोमज वर्णसङ्करों का कथन—

ब्राह्मणाद्वैश्यकन्यायामंबष्ठो नाम जायते ।
निषादः शूद्रकन्यायां यः पारशव उच्यते ।।८।।

भाष्य—एकान्तरा ब्राह्मणस्य वैश्या, तत्र जातोऽ**बष्ठः** । स्मृत्यन्तरे (गौ० ४।२०) 'भृज्यकण्ठ' इत्युक्तः ।

द्व्यन्तरायां शूद्रकन्यायां **निषादः पारशवश्च** ।

निषादशब्दः प्रतिलोमजातीयेऽपि वर्तते ।

कन्याग्रहणं स्त्रीमात्रोपलक्षणार्थमिति व्याचक्षते, वैश्यस्त्रियामित्यर्थः । एवं सर्वत्र द्रष्टव्यम् ।।८।।

---

१. तद्यथा— 'विप्रान्मूर्द्धाविसिक्ता हि.........
वैश्याशूद्रयोस्तु राजन्यन्माहिष्यमौग्रौ सुतौ स्मृतौ ।
वैश्यात्तु करणः शूद्र्याम्.....।।' इति । (याज्ञ० स्मृ०१।९१-९२)

२. 'वृत्तयश्चैषामुशनसोक्ताः— 'हस्त्यश्वरथशिक्षा साधारणं च मूर्द्धावसिक्तानाम्, अस्त्रधारणं नृत्यगीतनक्षत्रजीवनं सस्यरक्षा च माहिष्याणाम्, द्विजातिशुश्रूषा धनधान्याध्यक्षता राजसेवा दुर्गान्तःपुररक्षा च पारशवोग्रकरणानाम्' इति । (म०मु०)

हिन्दी—ब्राह्मण से (विवाहिता) वैश्या में उत्पन्न 'अम्बष्ठ' नामक, शूद्रा में उत्पन्न 'निषाद' नामान्तर से 'पारशव' नामक पुत्र होता है ॥८॥

क्षत्रियाच्छूद्रकन्यायां क्रूराचारविहारवान् ।
क्षत्रशूद्रवपुर्जन्तुरुग्रो नाम प्रजायते ।।९।।

भाष्य—**आचारविहारौ** कायचेष्टावाग्व्यापारश्च । तावस्य क्रूरौ भवतः ।

स्वभावानुवादोऽयम् । **वपुः**शब्दः स्वभाववचन एव । उभयजातिसम्भूत्वादुभय-धर्मा भवति ॥९॥

हिन्दी—क्षत्रिय से (विवाहिता) शूद्र वर्णवाली स्त्री में उत्पन्न पुत्र क्रूरकर्मा तथा क्रूर चेष्टावाला एवं क्षत्रिय शूद्र के स्वभाववाला 'उग्र' नामक पुत्र होता है ॥९॥

उक्त षड्विध पुत्रों का हीनत्वकथन—

विप्रस्य त्रिषु वर्णेषु नृपतेर्वर्णयोर्द्वयोः ।
वैश्यस्य वर्णे चैकस्मिन्षडेतेऽपसदाः स्मृताः ।।१०।।

भाष्य—अत्र त्रिपादी अनुवाद एव । चतुर्थस्तु पादोऽपसदाभिधानार्थः ।

एते त्रैवर्णिकानामेकान्तरद्व्यन्तरस्त्रीजाता **अपसदा** वेदितव्याः । अपसदा पुत्रार्थ-फलादवसन्नाः समानजातीयपुत्रापेक्षाया निन्द्यन्ते ॥१०॥

हिन्दी—ब्राह्मण से तीन (क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र) वर्णवाली स्त्रियों में; क्षत्रिय से दो (वैश्य तथा शूद्र) वर्णवाली स्त्रियों में और वैश्य से एक (शूद्र) वर्णवाली स्त्री में उत्पन्न-ये ६ प्रकार के पुत्र निकृष्ट कहे गये हैं ॥१०॥

प्रतिलोमज वर्णसङ्करों का कथन—

क्षत्रियाद्विप्रकन्यायां सूतो भवति जातितः ।
वैश्यान्मागधवैदेहौ राजविप्राङ्गनासुतौ ।।११।।

भाष्य—अनुलोम्ये पूर्वो विधिः । प्रातिलोम्ये न त्वयमुच्यते ।

कन्याग्रहणमुक्तार्थम् ।

वैश्यान्मागधवैदेहौ यथासंख्येन । राजस्त्रियां मागधः ब्राह्मण्यं वैदेहः ॥११॥

हिन्दी—क्षत्रिय से ब्राह्मण वर्ण की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'सूत' वैश्य से क्षत्रिय वर्ण की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'मागध' और ब्राह्मण वर्ण की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'वैदेह संज्ञक होता है ॥११॥

शूद्रादायोगवः क्षत्ता चण्डालश्चाधमो नृणाम् ।
वैश्यराजन्यविप्रासु जायन्ते वर्णसंकराः ।।१२।।

भाष्य—अत्रापि यथासंख्यमेव ।

वैश्यराजन्य इति निर्देशे जातिपरेऽपि सामर्थ्यात्स्त्रीलिङ्गप्रतिपत्तिः । 'मृगक्षीरं', 'कुक्कुटाण्ड' इति यथा । वृत्तानुरोधात्स्त्रीप्रत्ययो न कृतः ॥१२॥

हिन्दी—शूद्र से वैश्य, क्षत्रिय तथा ब्राह्मण की कन्या में उत्पन्न पुत्र क्रमशः 'आयोग व क्षत्ता' और मनुष्यों में नीचतम 'चण्डाल' संज्ञक होता है ॥ १२॥

क्षत्ता तथा वैदेहक की स्पर्शयोग्यता—

एकान्तरे त्वानुलोम्यादंबष्ठोग्रौ यथास्मृतौ ।
क्षत्तृवैदेहकौ तद्वत्प्रातिलोम्येऽपि जन्मनि ।।१३।।

भाष्य—**एकान्तरे** वर्णे ब्राह्मणा वैश्यायामम्बष्ठः, क्षत्रियाच्छूद्रायामुग्रः एतावानुलोम्येन; एवमेकान्तरे प्रातिलोम्येन शूद्रात्क्षत्रियायां **क्षत्ता**, वैश्याद्‌ब्राह्मण्यां **वैदेहः,** तौ **तुल्यौ,** भवनादिक्रियासु, न तु यजनादिषु ।

चण्डाल एकः प्रतिलोमोऽस्पृश्यः । यथा च दिवाकीर्तिश्लोके तत्स्पर्श एव स्नानं नान्येषु प्रतिलोमेषु । सूतमागधायोगवानाममनन्तरजातानां चण्डालवद्दण्डापूपिकायां सिद्धः स्पर्शादिसम्बन्धः ॥१३॥

हिन्दी—अनुलोम क्रम से (उच्च वर्णवाले पुरुष से नीच वर्णवाली स्त्री में) एक वर्ण के अन्तरवाली स्त्री में उत्पन्न 'अम्बष्ठ' (१०।८) तथा 'उग्र' (१०।९) संज्ञक पुत्र जिस प्रकार स्पर्शादि के योग्य हैं, उसी प्रकार प्रतिलोम क्रम से (नीच वर्णवाले पुरुष से उच्च वर्णवाली स्त्री में, एक वर्ण के अन्तरवाली स्त्री में) उत्पन्न 'क्षत्ता' (१०।९) तथा 'वैदेह' (१०।११) संज्ञक पुत्र भी स्पर्शादि के योग्य हैं ॥१३॥

विमर्श—एक वर्ण के अन्तरवाली स्त्रियों में अनुलोमज प्रतिलोमज क्रम से उत्पन्न 'अम्बष्ठ, उग्र, क्षत्ता और वैदेह' (१०।८-११) संज्ञक पुत्रों को स्पृश्य कहने से अनन्तर वर्णवाली स्त्रियों में प्रतिलोमज क्रम से उत्पन्न 'सूत' मागध और आयोगव' (१०।११-१२) संज्ञक पुत्र स्वतः स्पर्श के योग्य सिद्ध होते हैं, अतएव प्रतिलोमज क्रम से उत्पन्न एकमात्र 'चण्डाल' (१०।१२) संज्ञक पुत्र को ही स्पर्श के अयोग्य कहा गया है।

अनन्तरादि वर्ण की स्त्री में उत्पन्न पुत्र का मातृजातीय संस्कार—

पुत्रा येऽनन्तरस्त्रीजाः क्रमेणोक्ता द्विजन्मनाम् ।
तानन्तरनाम्नस्तु मातृदोषात्प्रचक्षते ।।१४।।

भाष्य—यथा ब्राह्मणात्क्षत्रियायां वैश्यायां च एवं क्षत्रियादुभये **स्ताननन्तरनाम्ना** प्रचक्षते । **अनन्तरा**ऽनुलोमा जातिः समाना तेषां, मातृजातीना इत्यर्थः ।

अनन्तरग्रहणमविवक्षितमत एवाह **मातृदोषादिति** । पितृजात्युत्कर्षेण नो दुष्यन्ते । अतश्च सत्यपि वर्णसंकरत्वे वचनान्मातृजात्याः स्मृताः । संस्कारास्तेषु कर्तव्या इत्युक्तं भवति । न ह्येतद्वचनमन्तरेण क्षत्रियादि संस्कारास्तेषु लभ्यन्ते । अश्वतरवज्जात्यन्तरत्वात् । वचनेन तु मातृजातावुक्तायामदोषः ॥१४॥

हिन्दी—द्विजों (१०।४) से अनन्तर (ब्राह्मण से क्षत्रिया में क्षत्रिय से वैश्या में तथा वैश्य से शूद्रा में), एकान्तर (ब्राह्मण से वैश्या में तथा क्षत्रिय से शूद्रा में) और द्व्यन्तर (ब्राह्मण से शूद्रा में) वर्णवाली स्त्रियों में उत्पन्न पुत्र जो कहे गये हैं; मातृदोष (माता की नीचवर्णता) से उत्पन्न उनके संस्कार आदि माता की जाति के अनुसार ही मन्वादि महर्षियों ने बतलाया है ॥१४॥

अन्यान्य वर्ण सङ्कर जातियों का कथन—

ब्राह्मणादुग्रकन्यायामावृतो नाम जायते ।
आभीरोऽबष्ठकन्यायामायोगव्यां तु धिग्वणः ।।१५।।

हिन्दी—ब्राह्मण से 'उग्र' (१०।९) 'अम्बष्ठ' (१०।८) तथा 'आयोगव' (१०।१२)। की कन्याओं में उत्पन्न पुत्र क्रमशः 'आवृत, आभीर और धिग्वण' संज्ञक होते हैं ॥१५॥

हीन वर्णसङ्कर—

आयोगवश्च क्षत्ता च चण्डालश्चाधमो नृणाम् ।
प्रातिलोम्येन जायन्ते शूद्रादपसदास्त्रयः ।।१६।।
वैश्यान्मागधवैदेहौ क्षत्रियात्सूत एव तु ।
प्रतीपमेते जायन्ते परेऽप्यपसदास्त्रयः ।।१७।।
जातो निषादाच्छूद्रायां जात्या भवति पुक्कसः ।
शूद्राज्जातो निषाद्यां तु स वै कुक्कुटकः स्मृतः ।।१८।।

भाष्य—अयं 'निषादो'ऽस्मिँश्लोके न शूद्रायां ब्राह्मणाज्जातो यः प्रागुक्तः । किंतर्हि । यः प्रतिलोमो वक्ष्यमाणः, प्रतिलोमाधिकारात्प्रतिलोमा हि पुल्कसाजातिः प्रसिद्धा ।

एवं शूद्रान्निषाद्यां कुक्कुटकः ॥१६-१८॥

हिन्दी—शूद्र से प्रतिलोमक्रम से (नीचवर्ण के पुरुष से उच्चवर्ण की कन्या में) उत्पन्न 'आयोगव, क्षत्ता तथा चण्डाल' संज्ञक पुत्र शूद्र की अपेक्षा हीन तथा मनुष्यों में अधम होते हैं । प्रतिलोम क्रम से वैश्य से (क्रमशः क्षत्रिय तथा ब्राह्मण की कन्याओं में)

उत्पन्न 'मागध तथा वैदेह' और क्षत्रिय से (ब्राह्मण की कन्या में) उत्पन्न 'सूत' (१०।११) संज्ञक ये तीनों पुत्र भी (पुत्रकार्य की अपेक्षा) नीच माने गये हैं। 'निषाद' (१०।८) से शूद्र वर्ण की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'पुक्कस' और शूद्र से 'निषाद' की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'कुक्कुट' संज्ञक कहा गया है ॥१६-१८॥

क्षत्तु र्जातिस्तथोग्रायां श्वपाक इति कीर्त्यते।
वैदेहकेन त्वंबष्ट्यामुत्पन्नो वेण उच्यते ।।१९।।

भाष्य—अनुलोमाः स्त्रियः, प्रतिलोमाः पुमांसः, तयोः सम्भवे **श्वपाकवेणौ** प्रतिलोमजातीयौ ॥१९॥

हिन्दी—क्षत्ता (१०।१२) से 'उग्र' (१०।२१) की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'श्वपाक' संज्ञक कहा जाता है और वैदेह' (१०।११) से 'अम्बष्ठ' (१०।१२) की कन्या में उत्पन्न पुत्र 'वेण' संज्ञक कहा गया है ॥१९॥

'व्रात्य' संज्ञक पुत्र—

द्विजातयः सवर्णासु जनयंत्यव्रतांस्तु यान्।
तान्सावित्रीपरिभ्रष्टान्व्रात्यानिति विनिर्दिशेत् ।।२०।।

भाष्य—नैते प्रतिलोमवर्णसंकराः स्युः। अतोऽस्मिन्विधावुच्यन्ते।

द्विजातयो यान्सवर्णासु जनयन्ति तेऽवेदव्रता भवन्ति, अब्रह्मचारिणः **सावित्री-परिभ्रष्टा** उपनयनहीनाश्च तदा **व्रात्या** इति **तान्निर्दिशेत्**।

अव्रताञ्जनयन्तीति नायं सम्बन्धः। न हि व्रतिनोऽव्रता वा जन्यन्ते, जातानामुप-नयनसंस्कारविधानात्। उक्तव्रात्यलक्षणानुवादः, उत्तरविवक्षया।

यस्त्वयं पाठो'ऽव्रतायाञ्जनयन्ति तान्व्रात्यान्विनिर्दिशेत्' तदसत् उक्ताव्रात्य-लक्षणविरोधात् ॥२०॥

हिन्दी—द्विज (१०।४) द्वारा अपने समान वर्णवाली स्त्रियों से उत्पादित यज्ञो-पवीत संस्कार के अयोग्य एवं सावित्री से भ्रष्ट पुत्रों को 'व्रात्य' कहा जाता है ॥२०॥

व्रात्य ब्राह्मण से उत्पन्न सङ्कीर्ण जाति—

व्रात्यात्तु जायते विप्रात्पापात्मा भृज्जकण्टकः।
आवन्त्यवाटधानौ च पुष्पधः शैख एव च ।।२१।।

भाष्य—स्ववर्णास्वपि पूर्वश्लोकादनुवर्त्यते।

इह स्त्रीजातेरनुपादानादवश्यंभावाच्च तदपेक्षायाः स्मृत्यन्तरे वैश्यायां ब्राह्मणा-ज्जातो **भृज्ञकण्टकः** स्मर्यते। अतो विशिनष्टि **पापात्मेति**। स ह्यनुलोमत्वात्र

पापात्मा । अयं चासंस्कृतात्मनो व्रात्याज्जातोऽनधिकारित्वाद्युक्तं यन्निन्द्यते ।

न च पर्यायशब्दा देशभेदेन प्रसिद्धप्रयोगभेदाः ।

पूर्वैस्तु व्याख्यातं तत्पुत्रपौत्राणामेता आख्याः । भृज्जकण्टको ब्राह्मण्यां जातः । **आवन्त्य**श्चावन्त्याम्। तस्यामेव **वाटधानः**। वाटधानात्पुष्प**शेखरः**। एवमुत्तरेष्वपि॥२१॥

हिन्दी—'व्रात्य' (१०।२०) संज्ञक ब्राह्मण से ब्राह्मणी में 'भूर्णकण्टक' संज्ञक पापी पुत्र उत्पन्न होता है । देशभेद से इसी के 'आवन्त्य; वाटधान, पुष्पध और शैख' संज्ञाएँ भी हैं ॥२१॥

'व्रात्य' क्षत्रिय से उत्पन्न सङ्कीर्ण जाति—

झल्लो मल्लश्च राजन्याद्व्रात्याल्लिच्छिविरेव च ।
नटश्च करणश्चैव खसो द्रविड एव च ।।२२।।

हिन्दी—'व्रात्य' (१०।२०) संज्ञक क्षत्रिय से क्षत्रिया में उत्पन्न 'झल्ल, मल्ल' लिच्छिवि, नट, करण, खस और द्रविड' संज्ञक पुत्र उत्पन्न होते हैं । (ये सब संज्ञाएं भी देशभेद से एक ही पुत्र की हैं) ॥२२॥

'व्रात्य' वैश्य से उत्पन्न सङ्कीर्ण जाति—

वैश्यात्तु जायते व्रात्यात्सुधन्वाचार्य एव च ।
कारुषश्च विजन्मा च मैत्रः सात्वत एव च ।।२३।।

भाष्य—एताभिः संज्ञाभिः प्रसिद्धा एवंजातीया वेदितव्याः ॥२२-२३॥

हिन्दी—'व्रात्य' (१०।२०) संज्ञक वैश्य से वैश्या में उत्पन्न पुत्र 'सुधन्वाचार्य (सुधन्वा तथा आचार्य), कारुष, विजन्मा, मैत्र और सात्वत' संज्ञक होता है । (ये सब संज्ञाएँ देशभेद से एक ही पुत्र की है।) ॥२३॥

वर्णसङ्कर सन्तान के उत्पन्न होने में कारण—

व्यभिचारेण वर्णानामवेद्यावेदनेन च ।
स्वकर्मणां च त्यागेन जायन्ते वर्णसंकराः ।।२४।।

भाष्य—**व्यभिचारः** परस्त्रीगमनम् । तत्समानजातीयासु परकीयास्वनुलोमप्रतिलोमासूढास्वनूढासु च स्वयम् ।

अवेद्यावेदनमविवाह्याविवाहः । 'अविवाह्याः' स्वसृनप्त्रादयस्तदयोन्यः ।

स्वकर्मणां त्याग उपनयनवेदग्रहणादीनाम् ।

क्षात्रवृत्त्यादयोऽपि पुत्रपौत्रान्वयिन एवमुक्ताः इति केचित् ॥२४॥

हिन्दी—ब्राह्मणादि वर्णों के (परस्पर-परस्त्री के साथ) व्यभिचार से, एक गोत्र में

विवाह करने से और यज्ञोपवीत संस्कार आदि अपने कर्मों को छोड़ने से 'वर्णसङ्कर' सन्तानें उत्पन्न होती हैं॥२४॥

संकीर्णयोनयो ये तु प्रतिलोमानुलोमजाः ।
अन्योन्यव्यतिषक्ताश्च तान्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ।।२५।।

भाष्य—व्यतिषङ्गः सम्बन्धः । इतरेतरमुनलोमानामनुलोमैः प्रतिलोमैश्चैवं प्रतिलोमानामन्यैः प्रतिलोमैरनुलोमैश्च ।

वक्ष्यमाणसंज्ञायै वचनम् ॥२५॥

हिन्दी—(भृगुजी महर्षियों से कहते हैं कि—) जो प्रतिलोम (नीचवर्ण पुरुष से उच्चवर्णा स्त्री में) और अनुलोम (उच्चवर्ण पुरुष से नीचवर्णा स्त्री में) क्रम से उत्पन्न होनेवाली परस्परमिश्रित जो 'सङ्कीर्ण' योनियाँ अर्थात् वर्णसङ्कर जातियाँ हैं; उन्हें (मैं) विशेष रूप से कहूँगा ॥२५॥

सूतो वैदेहकश्चैव चण्डालश्च नराधमः ।
मागधः क्षत्तृजातिश्च तथाऽयोगव एव च ।।२६।।

भाष्य—उक्तलक्षणा एते प्रातिलोमा उत्तरार्थं पुनरुपन्यस्यन्ते ॥२६॥

हिन्दी—सूत, वैदेह, नराधम चण्डाल, मागध, क्षत्ता और आयोगव—॥२६॥

एते षट्सदृशान्वर्णाञ्जनयन्ति स्वयोनिषु ।
मातृजात्याः प्रसूयन्ते प्रवरासु च योनिषु ।।२७।।

भाष्य—एते सूतादयः प्रतिलोमाः स्वयोनिषु **सदृशान् जनयन्ति,** तज्जातीयानित्यर्थः । तद्यथा । सूतः सूतायां सूतमेव जनयति । एवं चण्डालः चण्डालायाम् ।

ये च **मातृजात्याः प्रसूयन्तेऽनुलोमा** मातृजातीय ये पूर्वमुक्ता'स्ताननन्तरानाम्न' (१०।१४) इति, तेऽपि **स्वयोनिषु सदृशानेव** जनयन्ति । यथाऽम्बष्ठोऽम्बष्ठायाम् ।

तथा वैश्यायामात्मनो हीना वैश्याजनयन्ति । मातृजातित्वस्योक्तत्वात् ।

अन्ये पुनः पठन्ति 'मातृजातौ प्रसूयन्ते' । अर्थश्चायम् । स्वयोनिषु आम्बष्ठादौ मातृजातौ च वैश्यायां सदृशानेव जनयन्ति । यद्यपि शुद्धवैश्येभ्य उत्कृष्टा अम्बष्ठादयस्तथापि साम्यमुच्यते, वैश्यधर्म उभयेषामधिकारात् ।

अनुलोमग्रहणं मातृजातिपदसामर्थ्याल्लभ्यते सत्यपि प्रकृतिप्रतिलोमप्रत्यवमर्शकत्वे एत इति ।

प्रवरासु च योनिषु प्रतिलोमा गच्छन्तो जनयन्ति हीनतरमित्येवं ज्ञेयं, वक्ष्यमाणपर्यालोचनया ।

न हि आयोगवादिभिः स्वजातीयासु जनिता अयोगवादिव्यपदेशं लभन्ते। सदृश-ग्रहणं तु प्रातिलोम्यसामान्येन। हीनतरत्वं चावान्तरविशेषमनपेक्ष्य प्रयुक्तम्। तेनायमत्र वाक्यार्थः। 'प्रतिलोमेभ्यः समानजातीयासूत्कृष्टजातीयासु च प्रतिलोमा एव भवन्ति' ॥२७॥

हिन्दी—ये ६ प्रतिलोमज (नीच पुरुष से उच्चवर्णा स्त्रियों में उत्पन्न) पुरुष अपनी-अपनी जातिवाले, अपनी-अपनी माताओं की जाति, अपने से श्रेष्ठ क्षत्रियादि जाति तथा नीच शूद्रादि जातिवाली स्त्रियों में अपने ही समान जातिवाले हीन वर्णों को उत्पन्न करते हैं ॥२७॥

यथा त्रयाणां वर्णाना द्वयोरात्माऽस्य जायते।
आनन्तर्यात्स्वयोन्यां तु तथा बाह्येष्वपि क्रमः ॥२८॥

भाष्य—अस्य ब्राह्मणस्य **त्रयाणां वर्णानामात्मा जायते। द्वयोर्**वर्णयोः क्षत्रिय-वैश्ययोर्द्विजत्वं जायते। तथा स्वयोनौ। एवं त्रयाणां वर्णानां ब्राह्मणो द्विजान् जनयति।

एवं बाह्येष्वपि प्रातिलोम्येन वैश्यक्षत्रियाभ्यां क्षत्रियब्राह्मणयोरात्मा द्विजत्वं भवति। सति च द्विजत्वे उपनयनं कर्तव्यम्। वक्ष्यन्ति च 'एते षट्द्विजधर्माण' इति। एतावांस्तु विशेषः। अनुलोमाज्जाता मातृजात्या मातृजातीया। स्तुतिमात्रमिदं वक्ष्यामः ॥२८॥

हिन्दी—जिस प्रकार तीन वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य) में से दो वर्णों (क्षत्रिया तथा वैश्या) में इस (ब्राह्मण) की आत्मा (द्विज) सन्तान उत्पन्न होती है और अपनी सवर्णा (ब्राह्मणी) में द्विज सन्तान उत्पन्न होती है, उसी प्रकार ब्राह्मण वर्णों (वैश्य तथा क्षत्रिय से क्षत्रिया तथा ब्राह्मणी में भी) क्रम से द्विज सन्तान होती है ॥२८॥

विमर्श—इस श्लोक का विशद अभिप्राय यह है कि— ब्राह्मण, क्षत्रिया, वैश्या तथा शूद्रा— इन तीन वर्णों में से प्रथम दो वर्णों (क्षत्रिय तथा वैश्या) में द्विज सन्तान उत्पन्न करता है और अपनी सवर्णा स्त्री (ब्राह्मणी) में तो द्विजसन्तान उत्पन्न करता ही है; उसी प्रकार वैश्य क्षत्रियों और क्षत्रिय ब्राह्मणी में प्रतिलोमज क्रम से द्विज सन्तान उत्पन्न करता है, अर्थात् ये सन्तान 'द्विज' स्त्री (ब्राह्मणी, क्षत्रिय तथा वैश्या) में द्विज सन्तान उत्पन्न करता है उसी प्रकार वैश्य क्षत्रिया में और क्षत्रिय ब्राह्मणी में द्विज सन्तान उत्पन्न करता है और ये भी सन्तान 'द्विज' होने से उपनयन संस्कार के योग्य हैं, यही बात 'एते षड्द्विजधर्माणः' वचन से कहेंगे भी, हाँ, उनमें इतनी विशेषता है कि अनु-लोमभाव मातृजाति से है'; किन्तु 'प्रतिलोमजास्तु धर्महीनाः' इस गौतम मुनि के वचन से ऐसे द्विजों के संस्कार का निषेध ही किया गया है।

ते चापि बाह्यान्सुबहूंस्ततोऽप्यधिकदूषितान्।
परस्परस्य दारेषु जनयन्ति विगर्हितान् ॥२९॥

भाष्य—**चाप्य**योगवादय: षट् **बाह्यान् सुबहून् परस्परदारेषु जनयन्ति ।** तद्यथाऽऽयोगव: क्षत्तृजायायां क्षत्ताऽऽयोगव्याम् । परस्परमात्मापेक्षया गर्हितान् जनयन्ति । तद्यथाऽऽयोगव: क्षत्तृजायायामात्मनो बाह्यतरं जनयति । ततोऽपि बाह्यतरं चण्डाल्याम् । एवं सर्वत्र ॥२९॥

हिन्दी—वे आयोगव (१०।१२) आदि ६ वर्णसङ्कर जातिवाले पुरुष परस्पर जातिवाली स्त्रियों में बहुत, अनुलोमज सन्तान से भी अधिक दूषित तथा (सत्कार्यों में) निन्दित सन्तानों को उत्पन्न करते हैं ॥२९॥

विमर्श—उदाहरण— यथा— 'आयोगव' (१०।१२) जातीय पुरुष 'क्षत्ता' (१०।१२) जातिवाली स्त्री में एवं 'क्षत्ता' जातिवाला पुरुष भी 'आयोगव' जातिवाली स्त्री में अपने से अधिक हीन सन्तान को उत्पन्न करता है । इसी प्रकार शेष वर्णसङ्कर जाति वालों के विषय में भी जानना चाहिए ।

यथैव शूद्रो ब्राह्मण्यां बाह्यं जन्तुं प्रसूयते ।
तथा बाह्यतरं बाह्यश्चातुर्वर्ण्ये प्रसूयते ।।३०।।

भाष्य—एवं परस्परगमने स्त्रीप्रतिलोमानां पूर्वेण बाह्यतरोत्पत्तिर्वर्णिता । इदानीं चातुर्वर्ण्यं कथ्यते । सूयतिर्जनिनात्यन्तसमानार्थोऽत्र प्रकरणे प्रयुक्त: । **प्रसूयते** जनयतीत्यर्थ: । तदुत्तरश्लोकेन निर्दिश्यते ॥३०॥

हिन्दी—जिस प्रकार शूद्र पुरुष ब्राह्मणी में सर्वथा त्याज्य 'चण्डाल' (१०।१२) जातिवाली सन्तान को उत्पन्न करता है, उसी प्रकार चण्डाल भी ब्राह्मणी आदि चारों वर्णवाली स्त्रियों में अपने से भी अधिक हीन सन्तान को उत्पन्न करता हैं ॥३०॥

प्रतिकूलं वर्त्तमाना बाह्या बाह्यतरान्पुन: ।
हीनाहीनान्प्रसूयन्ते वर्णान्पञ्चदशैव तु ।।३१।।

भाष्य—एकैकस्य तु वर्णस्य संकीर्णयोनयो भवन्ति । कस्यचिदनुलोमा:, कस्यचित्प्रतिलोमा:, कस्यचिदनुलोमप्रतिलोमा: । ब्राह्मणस्यानुलोमा:, शूद्रस्य प्रतिलोमा एव । क्षत्रियवैश्ययोरनुलोमा: प्रतिलोमा: । क्षत्रियस्य द्वावनुलोमौ, एक प्रतिलोम: । वैश्यस्यैकोऽनुलोमो द्वौ प्रतिलोमौ । एवमेते द्वादशानुलोमप्रतिलोमा: । एतेषामेकैकस्य चतुर्षु गच्छतश्चत्वारो भेदा भवन्ति । ते च केचिद्धीना: केचिदहीना: । **बाह्यतरास्तु** सर्व एव । बाह्यतरत्वं मातापितृजातेर्विप्रकर्ष:, कर्मभ्यो हीनत्वात् । तदेतदुदाहरणै: स्फुटीक्रियते ।

प्रतिलोमांस्तावद्गृहीत्वा वक्ष्याम: ।

अयोगवो वैश्यायां शूद्राज्जात: शूद्राया वैश्यायां क्षत्रियायां ब्राह्मण्यां चतुरो जनयति । सोऽयमात्मना सह पंचधाऽऽयोगव: । एवं क्षत्तृचण्डालावपि । एवं शूद्रस्त्रय:

पंचकाः पंचदशधा भवन्ति ।

एवं वैश्यप्रभवौ द्वौ प्रतिलोमौ क्षत्रियायां मागधो ब्राह्मण्यां वैदेहकः । शूद्रायामनुलोमः । तत्र यः शूद्रायां जातः स यदा चातुर्वर्ण्य जनयति तदैष एव प्रकारः । स यदा शूद्रां गच्छति तदा हीनतरो वर्णो जायते तदपेक्षया । एवं वैश्यां गच्छन्हीनतरं जनयति ।

एवं क्षत्रियायां ब्राह्मण्यां च केवलशूद्राज्जाता उत्कृष्टा । एवमित्यपेक्षावशाद्धीनांश्चाहीनांश्च । एव क्षत्रिये ब्राह्मणे च द्रष्टव्यम् । ब्राह्मणस्य त्वयं विशेषः । अनुलोमा एव तस्य भवन्ति ।

एवं चतुर्वर्णानां प्रत्येकं पंचदशधा भेदाः षष्ठिः सम्पद्यन्तो मुख्याश्चत्वारो वर्णाः सा चतुःषष्ठिर्भवति । परस्परसम्पर्कात्तेषामन्येऽनन्तभेदा भवन्ति । तदुक्तम् । "ते चापि बाह्यान्सुबहून्" इति (१०।२९) ।

प्रतिकूलं शास्त्रव्यतिक्रमेण ।

वर्तमाना मिथुनीभवन्तः ।

हीनाहीनानित्येकं पदम् । अथवा हीनाः सन्तोऽहीनान्**प्रसूयन्ते** जनयन्तीत्यर्थः ।

वर्णान्पंचदशैवेति 'नास्ति तु पंचम' (१०।४) इति पंचमस्य वर्णाभावात्पंचदशसु वर्णत्वमुपचाराद्द्रष्टव्यम् ॥३१॥

हिन्दी—(द्विज प्रतिलोमजों की अपेक्षा हीन होने से) ब्राह्य प्रतिलोमज अर्थात् आयोगव, क्षत्ता तथा चण्डाल (१०।१२) ये तीनों चारों वर्णवाली स्त्रियों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्या तथा शूद्र) में और एक (आयोगवी में) कुल मिलाकर १५ प्रकार की अपने से बाह्य (सर्वकर्मबहिर्भूत) तथा हीन सन्तानों को उत्पन्न करते हैं ॥३१॥

विमर्श— आयोगव, क्षत्ता तथा चण्डाल— ये तीनों ही प्रतिलोमज सन्तान सब श्रौतस्मार्त क्रिया से बहिर्भूत तथा सब वर्णों में हीन हैं । ये इनमें से प्रत्येक चारों वर्ण की स्त्रियों में तथा अपनी जातिवाली स्त्री में अपने से भी बाह्य तथा हीन पाँच-पाँच प्रकार की सन्तानों को उत्पन्न करते हैं । यथा— आयोगव (वैश्या में शूद्र से उत्पन्न पुरुष) ब्राह्मणी आदि चारों वर्णों में चार प्रकार की तथा आयोगवी में एक कुल पाँच प्रकार की सन्तान को उत्पन्न करता है, जो सर्वकर्मबाह्य तथा उस उत्पादक पुरुष से हीन होती है । इसी प्रकार क्षत्ता तथा चण्डाल भी ५.५ प्रकार की सन्तानों को उत्पन्न करते हैं । इस प्रकार प्रतिलोम बाह्य तीनों वर्ण १५ प्रकार की सन्तानें उत्पन्न करते हैं तथा वैश्य और क्षत्रिय से क्षत्रिया तथा ब्राह्मणी में प्रतिलोमज क्रम से उत्पन्न 'मागध, वैदेह और सूत' १०।११ जातीय पुरुष भी चार वर्णों की स्त्रियों में तथा स्वकीय स्त्री में उपर्युक्त क्रमानुसार ही प्रत्येक बाह्य तथा अपने से हीन पाँच-पाँच प्रकार की सन्तानों को उत्पन्न करते हैं ।

इस प्रकार कुल मिलाकर ३० प्रकार की सन्तानें होती हैं (विस्तृत विवेचन पं० गोपाल-शास्त्री नेने द्वारा संपादित मन्वर्थमुक्तावली की टिप्पणी ३३७ में देखिये।)

प्रसाधनोपचारज्ञमदासं दास्यजीवनम् ।
सैरन्ध्रं वागुरावृत्तिं सूते दस्युरयोगवे ।।३२।।

भाष्य—प्रसाधनं मण्डनम् । **उपचारो**ऽनुवृत्तिः । केशरचनाकुंकुमचन्दनादिनाऽनुलेपनविच्छित्तिः पाणिपादविमर्दनं प्राप्तिलोभात् कर्मकारिक्षिप्रकारिकार्याणामवसरमित्यादिविधिज्ञ एवमुच्यते ।

अदासं दास्यजीवनम् । वत्सरभृत्या षण्मासभृत्या च कंचन सेवते ।

अथवैतद्विधिज्ञताया सर्वोपस्थापको भवति जीवनाय । मता (?)

वागुरावृत्तिम् । द्वितीयोऽयं वृत्त्युपायः 'वागुरा' अरण्यपशुहिंसनम् । तच्चार्याणां दैवपित्र्यर्थं क्षुधार्थं च, न तु व्याधवत्पशून्हत्वा मांसविक्रयेण जीवनम् । राजनियोगाद्बहुप्राणिवधो जीविकार्थः ।

सैरन्ध्रनामानं **सूते** उत्पादयति । **दस्यु**र्नाम वक्ष्यमाणः ।

अयोगवे जातिविशेषे । सामर्थ्यात्स्त्रीत्वलाभः ॥३२॥

हिन्दी—'दस्यु' (१०।४५) जातिवाला पुरुष 'आयोगव' (१०।२२) जातिवाली स्त्री में केश सँवारने में चतुर, (जूठा नहीं खाने से दास-भिन्न, पाद-संवाहन— पैर-दवाना-आदि सेवा-कार्य करने से) दास की जीविकावाला (देवकार्य— यज्ञ और पितृकार्य— श्राद्ध के लिए) मृगवधादि कार्य से जीविका चलानेवाला 'सैरिन्ध्र' जाति का पुत्र उत्पन्न करता है ॥३२॥

मैत्रेयकं तु वैदेहो माधूकं सम्प्रसूयते ।
नृन्प्रशंसत्यजस्रं यो घण्टाताडोऽरुणोदये ।।३३।।

भाष्य—मैत्रेयकं नाम्ना वर्णमायोगव्याम् । **सम्प्रसूयते** जनयति । **वैदेहनामा** ब्राह्मण्यां वैश्याज्जातो यः ।

पाठान्तरं **मैरेयकमिति** ।

माधूकम् । उपमापदमेतत् मधूककुसुतुल्यम्, मधुरभाषित्वात् । अथवा मधुकायतीति 'अन्येष्वपि दृश्यते' (पा० ३।२।१०१) इति डः । अन्येषामपीति दीर्घः । स्वार्थिकेन चादिवृद्धिस्तस्य वृत्तिः ।

नॄन् मनुष्यान् **प्रशंसन्ति** अजस्रं सर्वदा बन्दीति यः कथ्यते ।

अरुणोदये प्रबोधकाले घण्टा ताडयत्याहन्ति, राज्ञामीश्वराणां चान्येषां प्रबोधाय ।

आयोगव्यामेवानुजनयति, प्रकृतत्वात् ।।३३।।

हिन्दी—'वैदेह' (१०।११ जातिवाला पुरुष 'आयोगव') (१०।१२) जातिवाली स्त्री में 'मैत्रेयक' संज्ञक जातिवाले मधुरभाषी पुत्र को उत्पन्न करता है, जो प्रातःकाल घण्टा बजाकर राजा आदि बड़े लोगों की स्तुति करता हुआ जीविका करता है ।।३३।।

निषादो मार्गवं सूते दासं नौकर्मजीविनम् ।
कैवर्त्तमिति यं प्राहुरार्यावर्तनिवासिनः ।।३४।।

भाष्य—प्रतिलोमप्रकरणात् न यः शूद्रायां ब्राह्मणाज्जातो निषाद पूर्वमुक्तः स इह गृह्यते, अपि तु दस्युवत्प्रतिलोम एव ।

मार्गवं नाम प्रतिलोमं **सूते,** आयोगव्यामेव ।

यस्येमे अपरे नामनी 'दासः' **कैवर्त** इति ।

आर्यावर्तः प्रसिद्धः ।

तस्य वृत्तिर्नौकर्मणा नौवाहनेन जीवति ।।३४।।

येऽनन्तर उपदिष्टास्त्रयो मार्गवपर्यन्तास्तेषां मातृजातिर्नोक्ता, तत्प्रतिपादनार्थोऽयं श्लोकः।

हिन्दी—'निषाद' (१०।८) जातिवाला पुरुष ('अयोगव') (१०।१२) जातिवाली स्त्री में नाव से जीविका करनेवाले 'मार्गव' या 'दास' संज्ञक पुत्र को उत्पन्न करता है, जिसे आर्यावर्त के निवासी लोग, कैवर्त (केवट = मल्लाह) कहते हैं ।

मृतवस्त्रभृत्स्वनार्यासु गर्हितान्नाशनासु च ।
भवन्त्यायोगवीष्वेते जातिहीनाः पृथक् त्रयः ।।३५।।

भाष्य—आयोगवीषु स्त्रीष्वेते जायन्ते ।

तासां च विशेषणम् । **मृतवस्त्रभृत्सु** शक्वासांसि परिदधतीष्वित्यर्थः । **अनार्या** अस्पृश्याः । **गर्हितमुच्छिष्टं** मांसादि चान्नमश्नन्ति ।।३५।।

हिन्दी—कफन (मृतक का वस्त्र) पहननेवाली क्रूर और (जूठा आदि) निन्दित अन्न खानेवाली 'आयोगव' (२।१२) जातिवाली स्त्रियों में हीन जातीय ये तीनों (सैरिन्ध्र, मैत्रेयक और मार्गव) पृथक्-पृथक् उत्पन्न होते हैं ।।३५।।

कारावरो निषादात्तु चर्मकारं प्रसूयते ।
वैदेहिकादन्ध्रमेदौ बहिर्ग्रामप्रतिश्रयौ ।।३६।।

भाष्य—उत्तरत्र वैदेह्यामेव जायन्त इत्येवकारकरणाल्लिङ्गादिहापि वैदेह्यां निषादात्**कारावरो** नाम जायत इति सम्बन्धप्रतीतिः ।

वैदेहिकाद्द्वा**वन्ध्रमेदौ**। कस्यां स्त्रियाम्। कारावरीनिषाद्योः। तयोरत्र सन्निधानात्। वैदेह्यां च वैदेह्याद्भिन्नवर्णसम्भवादेवं व्याख्यायेते। स्त्रीभेदेन चैकस्माद्वर्णादेते द्वे जाती।

बहिर्ग्रामं प्रतिश्रयो निवासो ययोः ॥३६॥

हिन्दी—'निषाद' (१०।८) जातिवाला (पुरुष 'वैदेह' (१०।१७) जातिवाली स्त्री में) 'कारावर' संज्ञक चर्मकार (चमार) जातिवाले पुत्र को उत्पन्न करता है ओर 'वैदेहक' (१०।१७) जातिवाला पुरुष ('निषाद' १०।८) तथा 'कारावर' (१०।३६) जातिवाली स्त्रियों में क्रमशः 'अन्ध्र' और 'मेद' संज्ञक जातिवाले पुत्रों को उत्पन्न करता है, ये दोनों ग्राम के बाहर निवास करते हैं ॥३६॥

चाण्डालात्पाण्डुसोपाकस्त्वक्सारव्यवहारवान्।
आहिण्डिको निषादेन वैदेह्यामेव जायते ॥३७॥

भाष्य—चाण्डालात् वैदेह्यां **पाण्डुसोपाको** नाम वर्णो जायते।

तस्य वृत्तिस्त्**वक्सारव्यवहारवान्**। 'त्वक्सारो' वेणुः तद्व्यवहारेण वंशक्रय-विक्रयादिना कटादिकरणेन वा जीवति।

निषादात्तस्यामेवाहिण्डकस्तस्य वृत्तिरेषैव, अन्येष्या वा ॥३७॥

हिन्दी—'वैदेह' (१०।१७) जातिवाली स्त्री में 'चण्डाल' (१०।१२) जातिवाला पुरुष बांस के व्यवहार से जीविका करनेवाले 'पाण्डुसोपाक' संज्ञक जातिवाले पुत्र को उत्पन्न करता है ॥३७॥

विमर्श—इस 'आहिण्डक' की जीविका बन्धन-स्थान (जेल, हवालात आदि) की रक्षा करना होता है ऐसा उशनाका[1] कथन है। कारावर (१०।३६) तथा इस 'आहिण्यक' के माता पिताओं के समान होने पर भी वृत्तिभेद से व्यपदेश (जातिभेद) समझना चाहिये।

चाण्डालेन तु सोपाको मूलव्यसनवृत्तिमान्।
पुल्कस्यां जायते पापः सदा सज्जनगर्हितः ॥३८॥

भाष्य—व्यसनं दुःखं तस्य **मूलं** मारणं तद्वृत्तिर्वध्यमारणं राजादेशादनाथशव-वहनं तद्वस्त्रादिग्रहणं प्रेतपिण्डभोजनमित्येवमादिवृत्तिः।

पुल्कस्यां चाण्डालेन जायते।

अथवा **मूला**दिवृक्षादीनां त**द्व्यसनं** विभागकरणं सा वृत्तिर्व्यवच्छिन्नेषु वृक्षेषु यदनुवृत्तं मूलं तदुद्धृत्य विक्रयादिना जीवति ॥३८॥

---

१. 'अस्य च बन्धनस्थानेषु बाह्यसंरक्षणादाहिण्डिकानाम्' इत्यौशन से वृत्तिरुक्ता। समानपितृ-कत्वेऽपि कारावराहिण्डकयोर्वृत्तिभेदश्रवणाद्व्यपदेशभेदः। इति (म०मु०)

निषादस्त्री तु चण्डालात्पुत्रमन्त्यावसायिनम् ।
श्मशानगोचरं सूते बाह्यानामपि गर्हितम् ।।३९।।

भाष्य—अन्त्यावसायिनं चण्डालमेव वदन्ति ।

अथवा निषाद्यां चण्डालादुत्पन्नस्यान्त्यावसायीति नामधेयम् ।

श्मशानगोचरं शवदहनादिवृत्तिः । अतश्चाण्डालदपि कुत्सिततरो विज्ञेयः तदेतदानन्त्यात् संकराणां प्रदर्शनमात्रं कृतम् ॥३९॥

हिन्दी—'चण्डाल' (१०।१२) जातिवाले पुरुष से 'पुक्कस' (१०।१८) जातिवाली स्त्री में 'सोपाक' संज्ञक पुत्र उत्पन्न होता है, सज्जनों से निन्दित यह पापी 'जल्लाद' (अपराधियों को राजाज्ञा से फांसी देनेवाले) का काम करके जीविका करता है।

सङ्करे जातयस्त्वेताः पितृमातृप्रदर्शिताः ।
प्रच्छन्ना वा प्रकाशा वा वेदितव्याः स्वकर्मभिः ।।४०।।

भाष्य—यान्येतान्यनन्तरमुद्दिष्टानि त्वक्सारव्यवहारादीनि कर्माणि तैः अप्रसिद्धाः सोपाकादिनामतया तज्जातीया वेदितव्याः ।

पित्रा मात्रा च विभागेन दर्शिताः ।

प्रच्छन्ना वा प्रकाशा वा तज्जातीया **वेदितव्याः** । आयोगव्यां मात्रा विभागो निषादाद्वैदेहिकादान्ध्रभेदाविति पित्रा दर्शितो विभागः ॥४०॥

हिन्दी—'वर्णसङ्कर' के विषय में इन जातियों को इसकी यह माता है और यह पिता है यथा इसकी अमुक जाति है। यह माता-पिता के कहने से दिखाया गया है और छिपकर या प्रकट रूप से उत्पन्न इनको कर्मों (जीविकाओं) से जानना चाहिए ॥४०॥

यज्ञोपवीत संस्कार के योग्य पुत्र—

स्वजातिजानन्तरजाः षट्सुता द्विजधर्मिणः ।
शूद्राणां तु सधर्माणः सर्वेऽपध्वंसजाः स्मृताः ।।४१।।

भाष्य—स्वजातीयास्त्रैवर्णिकेभ्यः समानजातीयासु जातास्ते **द्विजधर्माण** इत्येतत्सिद्धमेवानूद्यते । अनन्तरजानां तुल्यताभिधान तद्धर्मप्राप्त्यर्थम् । **अनन्तरजा** अनुलोमाः । ब्राह्मणात् क्षत्रियवैश्ययोः क्षत्रियाद्वैश्यायां जाताः तेऽपि **द्विजधर्माणं** उपनेया इत्यर्थः । उपनीताश्च द्विजातिधर्मैः सर्वैरधिक्रियन्ते ।

"ननु च 'ताननन्तरनाम्न' इति मातृजातीयत्वमेषामुक्तमेव । ततश्च तज्जात्या समेषु धर्मेषु सिद्ध एवाधिकारः" ।

सत्यम् । अनन्तरनाम्न इति नामग्रहणा'त्संज्ञैवैषां न तु जात्यतिदेश' इति कस्य-

चिदाशङ्का स्यादत: स्पष्टार्थ 'षट्सुता द्विजधर्मिण' इति वचनारम्भ: ।

ये पुनर**पध्वंसजाः** संकरजास्ते **शूद्राणां सधर्माणः** समानाचारास्तद्धर्मैरधिक्रियन्त इत्यर्थ: ।

प्रतिलोमानां तु विशेषा वक्ष्यते ।

अनन्तरग्रहणमनुलोमोपलक्षणार्थमेव । तेन व्यवहितोऽपि ब्राह्मणाद्वैश्यायां जातो गृह्यते ।

षट्संख्यातिरिक्तत्वान्न शूद्रायां पारशव: ॥४१॥

हिन्दी—द्विजों (१०।४) से (विधिवत् विवाहित एवं) सजातीया (अपने समान जातिवाली) तथा अनन्तर (अपने बाद की जातिवाली) स्त्रियों में उत्पन्न ६ पुत्र (ब्राह्मण से ब्राह्मणी में, क्षत्रिय से क्षत्रिया में और वैश्य से वैश्या में उत्पन्न तीन पुत्र तथा ब्राह्मण से क्षत्रिया तथा वैश्या में, क्षत्रिय से वैश्या में तीन प्रकार ३+२+१ = ६ पुत्र) द्विजधर्मा (द्विज के धर्मवाले यज्ञोपवीत संस्कार के योग्य) हैं तथा प्रतिलोमज (उच्चवर्णवाली स्त्रियों में नीच वर्णवाले) पुरुष से उत्पन्न 'सूत, मागध, वैदेह' (१०।११) आदि जातिवाले जो पुत्र हैं; वे शूद्रों के समान धर्मवाले (यज्ञोपवीत संस्कार के आयोग्य) कहे गये हैं ॥४॥

तप तथा वीर्य के प्रभाव से जातिश्रेष्ठता—

तपोबीजप्रभावैस्तु ते गच्छन्ति युगे युगे ।
उत्कर्षं चापकर्षं च मनुष्येष्विह जन्मतः ।।४२।।

भाष्य—**त**एतेऽनन्तरजा: **तपः** सामर्थ्येन **बीज**सामर्थ्येन **युगे युगे** जन्मनि जन्मनि **उत्कर्षमपकर्षं** च गच्छन्ति। तद्वक्ष्याम: 'शूद्रायां ब्राह्मणाज्जात' (१०।६४) इत्यत्र॥४२॥

यदुक्तं 'स्वकर्मणां त्यागेनेति' तस्यैवायं प्रपञ्च: ।

हिन्दी—वे (१०।४१ में वर्णित सजातीय वर्णों से उत्पन्न तीन तथा अनन्तर जातीय वर्णों से अनुलोम क्रम से उत्पन्न तीन-कुल ६ प्रकार के) पुत्र तपस्या तथा वीर्य के प्रभावों से (तपस्या के प्रभाव से विश्वामित्र के समान तथा वीर्य के प्रभाव से ऋष्यशृङ्ग के समान) मनुष्यों में श्रेष्ठ तथा नीच जाति को प्राप्त करते हैं ॥४२॥

क्रियालोप से जातिहीनता—

शनकैस्तु क्रियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः ।
वृषलत्वं गता लोके ब्राह्मणातिक्रमेण च ।।४३।।

भाष्य—**क्रियालोपो** यत्र संस्क... सम्बध्यते, यथोपनयनादिषु; यत्र वा कर्तृतया, यथा नित्याग्निहोत्रसंध्योपासनादिषु। तासां **लोप** उभयासामप्यननुष्ठानम्। अतश्च न केवलमुपनयनसंस्काराभावेन जातिभ्रंशः, अपि तूपनीतानां विहितक्रियात्यागेनापि। तथा चाह **शनकैरिति**। पुत्रपौत्रादिसंततेः प्रभृतिशूद्रत्वं, न तु जातस्यैव। उपनयनाभावे तु तस्यैव व्यपदेशान्तरं प्रवर्तते। यद्यपि सा जातिर्न निवर्तते तत्पुत्रपौत्राणां भृज्जकण्टकादिजात्यन्तरमेव व्यपदेशहेतुकमिति ब्राह्मणातिक्रमेण ब्राह्मणविधिविहितातिक्रमेणेत्यर्थः। अथवा शास्त्रार्थसंशये प्रायश्चित्ते वा परिषद्गनाभावः ॥४३॥

हिन्दी—इन क्षत्रिय जातियों ने धीरे-धीरे क्रिया (यज्ञोपवीत संस्कार तथा सन्ध्यावन्दनादि क्रिया) के लोप होने (छूट जाने) तथा ब्राह्मणों के दर्शन (के बिना यज्ञ, अध्ययन तथा प्रायश्चित्तादि) के अभाव होने से लोक में शूद्रत्व को प्राप्त कर लिया है ॥४३॥

क्रियालोप से शूद्रत्वप्राप्त जातियाँ—

पुण्ड्रकाश्चोडद्रविडाः काम्बोजा यवनाः शकाः।
पादापह्लवाश्चीनाः किराता दरदाः खशाः ॥४४॥

भाष्य—पुंड्रकादयः शब्दाः परमार्थतो जनपदशब्दाः, इह तु 'क्षत्रियेषु मुख्यास्तत्सम्बन्धत्वाज्जनपदेषु वर्तन्त' इत्येनद्दर्शनमाश्रितम्। यथालुग्विधौ 'तस्य निवासो', 'जनपदे लुगिति' न तु यथा 'लुग्योगात्प्रख्यानादिति'।

नैतेषु देशेषु बाहुल्येन चातुर्वर्ण्यमस्तीत्येतदालम्बनं वृषलत्ववचनम्।

यदि वा पुंड्रादयः शब्दाः कथञ्चिद्देशसम्बन्धेन विना दृश्यन्ते, तदैतज्जातीया वेदितव्याः। 'महाभारतादौ क्षत्रिया वर्ण्यन्ते तथाऽऽद्यत्वेऽप्येते क्षत्रिया एवेति' कस्यचित् भ्रान्तिः स्यादत एवमुक्त 'मेते वृषला' इति।

ये चैते दिगन्तवासिनः किरातवेनदरदादयस्तेषामप्राप्तरूपं वेदेनानूद्यते 'न जनमियात्रांतमियादिति' (बृह० १।३।१०) ॥४४॥

हिन्दी—पौण्ड्रक, चौड्र, द्रविड, काम्बोज, यवन, शक, पारद, पल्लव, चीन, किरात, दरद और शक (— ये भूतपूर्व क्षत्रिय जातियाँ क्रियालोपादि के कारण शूद्रत्व को प्राप्त हो गयी हैं) ॥४४॥

दस्यु जातियाँ—

मुखबाहूरुपज्जानां या लोके जातयो बहिः।
म्लेच्छवाचश्चार्यवाचः सर्वे ते दस्यवः स्मृताः ॥४५॥

भाष्य—असदविद्यमानार्थासाधुशब्दान्वया वाक् **म्लेच्छो**च्यते। यथा शबराणां किरातानामन्येषां वान्त्यानाम्।

आर्यवाच आर्यावर्तनिवासिनः। ते चातुर्वर्ण्यादन्यजातीयत्वेन प्रसिद्धास्तदा **दस्यव** उच्यन्ते। एतदुक्तं भवति। न देशनिवासेन म्लेच्छवाक् संकरत्वे कारणमपि तु यथोक्त-बर्बरादिशब्दप्रसिद्धिर्मुखादिजानां बहिष्क्रियते ब्राह्मणादिशब्दैरप्रसिद्धैरित्यर्थः। ते सर्वे दस्यव उच्यन्ते ॥४५॥

हिन्दी—ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्यों के (क्रियालोपादि होने से) म्लेच्छ-भाषाभाषी या आर्य-भाषाभाषी जो बाह्य जातियाँ हैं, वे सभी 'दस्यु' कहलाती हैं ॥४५॥

ये द्विजानामपसदा ये चापध्वंसजाः स्मृताः।
ते निन्दितैर्वर्तयेयुर्द्विजानामेव कर्मभिः ॥४६॥

भाष्य—**अपसदा** अनुलोमाः प्रतिलोमाः। **अपध्वंसजा** गोबलीवर्दवद्भेदः। **द्विजाना**मुपयोगिभिः प्रेष्य**कर्मभिर्वर्तयेयुः** आत्मानम्।

निन्दितैः प्रेष्यकार्यत्वान्निन्दितानि ॥४६॥

तथा च वक्ष्यते

हिन्दी—द्विजों में (पिता के उच्चवर्ण होने से) जो 'अपसद' (१०।१०) अनुलोमज तथा (पिता के नीचवर्ण होने से) जो 'अपध्वंसज' प्रतिलोमज पुत्र हैं; उन सभी को द्विजों के ही (उपकारक) निन्दित (वक्ष्यमाण १०।४६-५६) कर्म अपनी वृत्ति के लिए करने चाहिये ॥४६॥

वर्णसङ्करों के कर्म—

सूतानामश्वसारथ्यमम्बष्ठानां चिकित्सनम्।
वैदेहकानां स्त्रीकार्यं मागधानां वणिक्पथः ॥४७॥

भाष्य—**स्त्रीकार्य**मन्तःपुररक्षाकारित्वम्। **वणिक्पथः** स्थलपथवारिपथादिः प्रसिद्धः ॥४७॥

हिन्दी—'सूतों' (१०।११) का कोचवानी (रथ आदि हांकना) 'अम्बष्ठों' (१०।८) का चिकित्सा 'वैदेहक' (१०।११) का अन्तःपुर-रक्षा, 'मागधों (१०।११) का स्थल मार्ग से व्यापार करना (कर्म है) ॥४७॥

मत्स्यघातो निषादानां त्वष्टिस्त्वायोगवस्य च।
मेदान्ध्रचुञ्चुमद्गूनामारण्यपशुहिंसनम् ॥४८॥

भाष्य—**त्वष्टिर्दा**रुतक्षणं तक्षकर्म ॥४८॥

हिन्दी—'निषादों (१०।८) का मत्स्यकार्य (मछली मारना आदि), 'आयोगव (१०।१२) का बढ़ईगिरी, 'भेद तथा आन्ध्र' (१०।३६) एवं 'चुञ्चु' तथा 'मद्गु' जाति वालों का जङ्गली पशुओं को मारना— (कर्म है) ।।४८।।

विमर्श—ब्राह्मण से 'वैदहक' (१०।१०) की स्त्री में उत्पन्न 'चुञ्चु' तथा 'बन्दी' (क्षत्रिय से शूद्रा में उत्पन्न) स्त्री में उत्पादितपुत्र 'मद्गु' कहलाता है ऐसा बौधायनोक्त[1] मत को यहाँ ग्रहण करना चाहिये ।

क्षत्तृग्रपुक्कसानां तु बिलौको वधबन्धनम् ।
धिग्वणानां चर्मकार्यं वेणानां भाण्डवादनम् ।।४९।।

भाष्य—**बिलौकसो**ऽहिनकुलगर्गरादयः । तेषां **वधबन्धनं** क्षत्रादीनां जीविका । **चर्मकार्यं** कवचादिसीवनमुपानद्ग्रथनमित्येवमादि । **भांडवादनं** मुरजार्धमुरजादीनाम्।।४९।।

हिन्दी—'क्षत्ता (१०।१२), उग्र (१०।९) और पुक्कसों' (१०।१८) का विल में रहनेवाले (गोह, खरगोश आदि) जीवों को मारना या फँसाना, 'धिग्वणों' बाजाओं को बजाना ये कर्म है। ।।४९।।

इन वर्णसङ्करों का निवास-स्थान—

चैत्यद्रुमश्मशानेषु शैलेषूपवनेषु च ।
वसेयुरेते विज्ञाता वर्तयन्तः स्वकर्मभिः ।।५०।।

भाष्य—बहिर्ग्रामनिवासिनः पर्वतलक्षणप्रदेशे निवसेयुः । **विज्ञाता** जातिचिह्नं विदुषाम् । यद्यस्य कर्म विहितं स तेनैव जीवेत् । उत्कृष्टं कर्मसंकरं कर्तुं न लभते ।।५०।।

हिन्दी—इन वर्णसङ्कर जातियों को चैत्यद्रुम (ग्राम के पास का प्रसिद्ध वृक्ष), श्मशान, पड़ाव और उपवनों में अपनी-अपनी जीविका (१०।४७-४९) के कर्म करते हुए निवास करना चाहिये ।।५०।।

चण्डाल तथा श्वपाक के कर्मादि—

चण्डालश्वपचानां तु बहिर्ग्रामात्प्रतिश्रयः ।
अपपात्राश्च कर्तव्या धनमेषां श्वगर्दभम् ।।५१।।

भाष्य—**प्रतिश्रयो** निवासस्तेषां **ग्रामान्निष्क्रान्तः** स्यात् । **अपपात्रा**श्चिरवसानीया-

---

१. 'चुञ्चुर्मद्गुश्च' वैदेहक-वन्दिस्त्रियोर्ब्राह्मणेन जातौ बोधायनोक्तौ बोद्धव्यौ । वन्दिस्त्री च क्षत्रियेन शूद्रायां जाता सोग्रैव ग्राह्या ।' (म०मु०)

स्तैर्येषु पात्रेषु भुक्तं तानि न संस्कार्याणि, त्यक्तव्यानि। सौवर्णराजताभ्यामन्यानि। तयोः शुद्धिविशेषा उक्ताः।

अथवाऽ**वपात्राः**। तदीयेषु च सक्तेषु पात्रेषु सक्तुभक्तादि न दातव्यम्। भूमिष्ठे पात्रेऽन्यहस्तस्थे वा दत्वा तत्पात्रं भूमौ स्थितं ते गृह्णीयुः।

भिन्नं वा **पात्रमवपात्रं** यथा वक्ष्यति "भिन्नभाण्डे च भोजनम्" इत्यादि।

धनमेषां श्वगर्दभम्। गवाश्वादि सुवर्णरजतादि न धनत्वेन गृह्णीयुः ॥५१॥

हिन्दी—'चण्डाल' (१०।१२) तथा 'श्वपच' (१०।१९) गाँव के बाहर निवास करें, अपपात्र हों, उनका धन कुत्ते तथा गधे हों (बैल, गाय, घोड़ा आदि नहीं) ॥५१॥

वासांसि मृतचैलानि भिन्नभाण्डेषु भोजनम्।
कार्ष्णायसमलङ्कारः परिव्रज्या च नित्यशः ॥५२॥

भाष्य—सर्वकालं **परिव्रज्या,** नैकत्रस्थाने वसेयुः ॥५२॥

हिन्दी—कफन इनका वस्त्र हो, फूटे बर्तनों में ये भोजन करें, इनके भूषण लोहे के बने हों और ये सर्वदा भ्रमण करते हुए रहें (एक स्थान पर बहुत दिनों तक निवास नहीं करें) ॥५२॥

चण्डाल तथा श्वपचों के साथ भाषणादि का निषेध—

न तैः समयमन्विच्छेत्पुरुषो धर्ममाचरन्।
व्यवहारो मिथस्तेषां विवाहः सदृशैः सह ॥५३॥

भाष्य—समयः 'संकेत' 'एककार्यता' 'संगति'रित्यनर्थान्तरम्। एकत्र स्थानासनविहारास्तैः सह न कर्तव्या इत्यर्थः। **विवाहो** दारग्रहणादिः। सोऽप्येवमेव ॥५३॥

हिन्दी—धर्माचरण करनेवाला मनुष्य इन (चण्डाल तथा श्वपाक कों-१०।१२, १९) के साथ बातचीत न करें, उन्हें मत देखें और उनका व्यवहार (लेन-देन तथा विवाह आदि) अपनी जाति वालों के साथ ही होवे ॥५३॥

अन्नमेषां पराधीनं देयं स्याद्भिन्नभाजने।
रात्रौ न विचरेयुस्ते ग्रामेषु नगरेषु च ॥५४॥

भाष्य—उत्साक्षादेषां न दातव्यम्। प्रेष्यैः कैश्चित्पूर्वोक्तेन प्रकारेण दापयितव्यः। रात्रौ स्पर्शाशङ्कयाऽन्तर्ग्रामनगरचर्याप्रतिषेधः ॥५४॥

हिन्दी—इन (चण्डाल तथा श्वपाकों-१०।१२, १९) का भोजन पराधीन (दूसरे के भरोसे) होवे, (नौकरों के द्वारा) टूटे-फूटे बर्तनों में इनके लिए अन्न दिलवा दें; रात के समय गाँवों या नगरों में ये नहीं घूमें ॥५४॥

दिवा चरेयुः कार्यार्थं चिह्निता राजशासनैः ।
अबान्धवं शवं चैव निर्हरेयुरिति स्थितिः ।।५५।।

भाष्य—दिवा विचरन्ति **कार्यार्थं** क्रयविक्रयस्वकार्यसिद्ध्यर्थम् । राजकार्याय वा चरेयुर्नगरोत्सवप्रेक्षादिनिमित्तम् । तत्रापि च **चिह्निता राजशासनै**रुपलक्षिता राजादिष्टैर्वज्रादिचिह्नैः, वध्यवधशासनैर्वा परशुकुठारादिभिः स्कन्धारोपितैः ॥५५॥

तथा चाह—

हिन्दी—राजाज्ञा से चिह्नविशेष धारण किये हुए ये (चण्डाल तथा श्वपाक-१०। १२, १९) काम के लिए दिन में घूमें और बन्धु-बान्धवों से रहित (लावारिस) मुर्दे को गाँव से बाहर (श्मशानों में) ले जावें, यह (शास्त्रोक्त) मर्यादा है ॥५५॥

वध्यांश्च हन्युः सततं यथाशास्त्रं नृपाज्ञया ।
वध्यवासांसि गृह्णीयुः शय्याश्चाभरणानि च ।।५६।।

हिन्दी—(ये) वध्य (प्राणदण्ड की आज्ञा पाये हुए) मनुष्यों को शास्त्रानुसार राजाज्ञा से मारें अर्थात् जल्लाद का काम करें और उनके कपड़े शय्या तथा आभूषणादि को ग्रहण करें ॥५६॥

वर्णापेतमविज्ञातं नरं कलुषयोनिजम् ।
आर्यरूपमिवानार्यं कर्मभिः स्वैर्विभावयेत् ।।५७।।

भाष्य—वर्णादपेतं चातुर्वर्ण्याद्भ्रष्टम् ।

अविज्ञातं सत्यां शङ्कायां जारजातम् ।

वक्ष्यमाणैः **कर्मभिः** स्वभावातिशयैश्च निश्चिनुयात् ।

हीनकर्मरतिः क्रूरकर्मा च सत्यां शङ्कायां **कलुषयोनिजो** जारजातो वेदितव्यः ॥५७॥

हिन्दी—वर्णभ्रष्ट (हीन वर्णवाले), अप्रसिद्ध, नीच जाति से उत्पन्न देखने में सज्जन (उच्च जातिवाले किन्तु वास्तविक में) नीच जातिवाले मनुष्य को उसके कर्मों (बर्तावों) से जानना चाहिये ॥५७॥

अनार्यता निष्ठुरता क्रूरता निष्क्रियात्मता ।
पुरुषं व्यञ्जयन्तीह लोके कलुषयोनिजम् ।।५८।।

भाष्य—अनार्यो द्वेषमत्सरप्रधानः । **निष्ठुरः** स्वार्थपरः । **क्रूरो** लोभहिंसापरः । **निष्क्रियात्मा** विहितक्रियावर्जितः ।

एतैः स्वभावैः कलुषयोनिता व्यज्यते ॥५८॥

हिन्दी—इस लोक में अनार्यता, निष्ठुरता, क्रूरता, क्रिया (यज्ञ-सन्ध्यावन्दनादि

कार्य—) हीनता, ये सब नीच जाति में उत्पन्न पुरुष को मालूम करा देती है अर्थात् इन गुणों से युक्त मनुष्य को नीच जातिवाला जानना चाहिये ॥५८॥

स्वोत्पादक गुण का त्यागाभाव—

पित्र्यं वा भजते शीलं मातुर्वोभयमेव वा ।
न कथञ्चन दुर्योनिः प्रकृतिं स्वां नियच्छति ।।५९।।

भाष्य—दुर्योनिः संकीर्णजन्मा। **प्रकृतिं स्वा**मात्मीयं कारणं न नियमेन निगृह्णाति ॥५९॥

हिन्दी—(क्योंकि) ये नीच जाति में उत्पन्न मनुष्य पिता के, माता के या दोनों के शील को प्राप्त करते हैं, वे अपने स्वभाव को किसी प्रकार नहीं छिपा सकते ॥५९॥

कुले मुख्येऽपि जातस्य यस्य स्याद्योनिसङ्करः ।
संश्रयत्येव तच्छीलं नरोऽल्पमपि वा बहुः ।।६०।।

भाष्य—तस्य शीलं येन जातो, न तु यस्य क्षेत्रम्। स लोके प्रसिद्धः ॥६०॥

हिन्दी—उत्तम कुल में उत्पन्न मनुष्य भी गुप्त रूप से यदि वर्णसङ्कर (दोगला) होता है तो थोड़ा या बहुत अपने उत्पादक (पिता) के स्वभाव को प्राप्त करता ही है॥६०॥

वर्णसङ्कर की निन्दा—

यत्र त्वेते परिध्वंसाज्जायन्ते वर्णदूषकाः ।
राष्ट्रीयैः सह तद्राष्ट्रं क्षिप्रमेव विनश्यति ।।६१।।

भाष्य—तस्माद्वर्णसंकरो राज्ञा परिवर्जनीयः।

राष्ट्रिया जानपदाः।

राष्ट्रममात्यादयः ॥६१॥

हिन्दी—जिस राज्य में वर्णों को दूषित करनेवाले ये वर्णसङ्कर (दोगले) उत्पन्न होते हैं, वह राज्य प्रजाओं के सहित शीघ्र ही नष्ट हो जाता है, (अतएव राजा को इनकी उत्पत्ति रोकनी चाहिए) ॥६१॥

ब्राह्मणादि के लिए वर्णसङ्करों का प्राण-त्याग श्रेष्ठ—

ब्राह्मणार्थे गवार्थे वा देहत्यागोऽनुपस्कृतः ।
स्त्रीबालाभ्युपपत्तौ च बाह्यानां सिद्धिकारणम् ।।६२।।

भाष्य—अनुपस्कृतो धनमगृहीत्वा।

अभ्यवपत्तिरनुग्रहः।

बाह्यानां प्रतिलोमानाम्।

सिद्धिकारणं उत्कृष्टजातौ जन्मसिद्धेः सिद्धिहेतुत्वादेवमुच्यते।

तादृशं जन्म लभन्ते यथाधिकृता भवन्ति।

स्वर्गादिप्राप्तिर्वा **सिद्धिः** ॥६२॥

हिन्दी—ब्राह्मण, गौ, स्त्री, या बालक इनमें से किसी के लिए सद्भावना से बाह्य (वर्णसङ्कर) जातिवाले मनुष्य का प्राणत्याग करना सिद्धि (स्वर्गादि प्राप्ति) का कारण होता है ॥६२॥

[श्राद्धकर्मातिथेयं च दानमस्तेयमार्जवम्।
प्रजनं स्वेषु दारेषु तथा चैवानसूयता ॥१॥]

[**हिन्दी**—श्राद्धकर्म, अतिथिसत्कार, दान, अस्तेय, सरलता, अपनी स्त्रियों में सन्तानोत्पादन और अनसूया अर्थात् दूसरे के शुभ द्वेष का न होना ॥१॥]

वर्णचतुष्टय के सामान्य धर्म—

अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
एतं सामासिकं धर्मं चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनुः ॥६३॥

भाष्य—शौचं मृज्जलादिबाह्यगतम्।

सामासिकं समस्तस्य सर्वमनुष्यभेदजातेरुक्तम्, न ब्राह्मणादिजातिविभागेन। व्याख्यातमन्यत्।

"यद्यहिंसाप्रतिलोमानां धर्मः स्यात्कथं तर्हि तदुक्तम्— 'मत्स्यघातो निषादानां', 'बिलौको वधबन्धम्', क्षत्रादीनामरण्यपशुहिंसनमेव च" ॥

केचिदाहुः। ये जीविकाहेतुतया वध्यत्वेनोक्तस्ततोऽन्यत्राहिंसा।

अन्ये मन्यन्ते। 'अहिंसा' तेषामभ्युदयसाधनहेतुत्वेन धर्मो, न तु प्रतिषेधो हिंसायाः संमत इति। यथा "न मांसभक्षणे दोष" इतिवत्।

"यद्यहिंसाधर्मस्तेषां कथं तर्हितैर्जीवितव्यम्।" "यथा कुतश्चिदवगमात् तेषामनुपपन्ना हिंसानिवृत्ति'र्धर्मायेति' चेत्तदा को जीवनोपायः। अन्याश्च वृतयः प्रतिवर्णनियताः। अध्यापनादयस्तावदत्यन्तासम्भवादप्राप्ताः। कृष्यादयोऽपि वैश्यनियताः। शूद्रस्य सेवाऽन्या वा साधारणी वृत्तिरस्ति"।

यथा "वर्तेरन्विद्याशिल्पं" (१०।११६) इत्यत्र दर्शयिष्यामः। यदपीदमुच्यते "ते निन्दितैर्वर्तयेयुर्द्विजानामेव कर्मभिः" इति तत्र किमस्ति निन्दिततरमन्यदतो हिंसायाः।

न च मत्स्यघातो द्विजानामुपयुज्यते। श्राद्धेऽतिथिभोजनादौ च कदाचित्क उपयोगो, न सार्वकालिको जीविकाभावः।

तस्मान्न घातादि स्वतंत्रम् ॥६३॥

हिन्दी—अहिंसा (दूसरे को किसी प्रकार का कष्ट न पहुँचाना), सत्य, अस्तेय (बिना पूछे किसी की कोई वस्तु नहीं लेना), शुद्धता (आन्तरिक अर्थात् भीतरी मानसिक तथा बाह्य अर्थात् शरीर आदि की स्वच्छता), इन्द्रियों को (उनके विषयों से) रोकना।

विमर्श—यह संक्षेप में चारों वर्णों (तथा प्रकरण-सामर्थ्य से सङ्कीर्ण जातियों) का धर्म मनु ने कहा है ॥६३॥

सप्तम जन्म में नीच सन्तान को ब्राह्मणत्वादि की प्राप्ति—

शूद्रायां ब्राह्मणाज्जातः श्रेयसा चेत्प्रजायते।
अश्रेयान् श्रेयसीं जातिं गच्छत्या सप्तमाद्युगात् ॥६४॥

भाष्य—'गर्भे गृह्णाति', 'गर्भश्च श्रवणाज्जात' इति पुल्लिङ्गनिर्देशेऽपत्यर्थयोगता विज्ञेया। अत इदमुक्तं भवति। **शूद्रायां ब्राह्मणात्** या जाता कुमारी, **सा चेच्छ्रेयसा** जात्युत्कर्षवता ब्राह्मणेनैव, **प्रजायते** विवाहादिसंस्कृताऽपत्योत्पत्तिहेतुसम्बन्धं प्राप्नोति। तस्यामपि यदि कुमारी जायते सा ब्राह्मणेनैव विवाह्यते। एवमनया परस्परया सप्तमे पुरुषे प्राप्ते ब्राह्मण्यं यस्तत्र जायते तस्य भवति।

श्रेयसेति यद्यप्युत्कृष्टजातीयमात्रे वर्तते, तथापीह ब्राह्मणपदसन्निधानादुत्तरत्र च "शूद्रां ब्राह्मणतामेति" इति वचनात् ब्राह्मण्यप्राप्तिः शूद्रवर्णस्य विज्ञेया।

अनयैव कल्पनया पञ्चमे वैश्यायां जातस्य वर्णस्य; तृतीये क्षत्रियायाम्। अत्रापि स्त्रीत उत्कर्षः। एवं वैश्यस्य तृतीये क्षत्रियत्वम्। शूद्रायां जातायाः कुमार्या वैश्यान्तरेण संयोगे तृतीये जन्मनि वैश्यत्वम्। क्षत्रियजातायाः शूद्रायाः पञ्चमे **युगे** इति।

'युग'शब्दो जन्मवचनः।

अश्रेयान्निकृष्टजातीयः **श्रेयसी**मुत्कृष्टाजातिं **गच्छति** प्राप्नोति।

आङ् अभिविधौ व्यापकार्थः ॥६४॥

हिन्दी—ब्राह्मण से शूद्रा में उत्पन्न ('पारशव'— १०।८) जाति की कन्या ब्राह्मण से विवाह कर कन्या उत्पन्न करे (इस प्रकार) वह सप्तम जन्म (पीढ़ी) में श्रेष्ठ जाति को प्राप्त करती है ॥६४॥

विमर्श— इस श्लोक का विशद आशय यह है कि— 'पारशव' (१०।८) जाति की कन्या ब्राह्मण से विवाहकर कन्या उत्पन्न करे; वह उत्पन्न हुई कन्या पुनः, ब्राह्मण

से विवाह कर पुनः कन्या ही उत्पन्न करे; इसी क्रम से छः जन्म तक उत्पन्न होती हुई कन्याएँ ब्राह्मण से विवाह करती हुई कन्याओं को उत्पन्न करती रहे तो वह कन्या सप्तम जन्म (सातवीं पीढ़ी) में अपने ब्राह्मण से जिस सन्तान (पुत्र या पुत्री) को उत्पन्न करती है; वह सन्तान नीच क्षेत्रज होकर भी वीर्य की प्रधानता से सप्तम जन्म में उच्च वर्ण (ब्राह्मण) को प्राप्त करती है।

शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम्।
क्षत्रियाज्जातमेवं तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च ।।६५।।

भाष्य—शूद्रो ब्राह्मणतामेतीत्युक्तोऽर्थः।

ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम्। ब्राह्मणोऽत्र पारशवो ब्राह्मणजातो विज्ञेयः। स चोक्त-लक्षणशूद्रां यदि परिणयते तदाऽपकर्षं जन्मनि प्राप्नोति। तृतीय इति व्याचक्षते।

यथोक्ते युगपरिवर्ते उत्कर्षं प्राप्ता यथा संस्कारैः कर्मभिश्चाधिक्रियन्ते ।।६५।।

हिन्दी—(पूर्व (१०।६४) श्लोके के अनुसार सातवें जन्म में) शूद्र ब्राह्मण ('पारशव' १०।८) शूद्रत्व को प्राप्त करता है। इसी प्रकार क्षत्रिय तथा वैश्य से शूद्रा में उत्पन्न संन्तान (पुत्र या पुत्री) क्रमशः क्षत्रियत्व तथा वैश्यत्व रूप उत्कर्ष को तथा इसी क्रम से अपकर्ष को प्राप्त करती है ।।६५।।

विमर्श—शूद्र को सप्तम जन्म में ब्राह्मणत्व प्राप्त करने का क्रम पहले (१०।६४) श्लोक के 'विमर्श' में स्पष्टकर दिया गया है, अब यहाँ पर ब्राह्मण को शूद्रत्व पाने का क्रम कहते हैं— यदि ब्राह्मण केवल शूद्रा के साथ विवाहकर पुरुष को ही उत्पन्न करे, वह पुरुष भी केवल शूद्रा के साथ विवाहकर पुरुष को ही उत्पन्न करे, इस प्रकार वह ब्राह्मण पुरुष सप्तम जन्म (पीढ़ी) में केवल शूद्रत्व को प्राप्त करे, इस प्रकार वह ब्राह्मण पुरुष सप्तम जन्म (पीढ़ी) में केवल शूद्रत्व को प्राप्त करता है। इसी प्रकार क्षत्रिय तथा वैश्य से शूद्रा में उत्पादित सन्तान को उत्कर्ष तथा अपकर्ष की प्राप्ति को जानना चाहिए किन्तु जाति का उत्कर्ष सप्तम या पञ्चम जन्म में जानना चाहिए' (जात्युत्कर्षो युगे ज्ञेयः पञ्चमे सप्तेऽपि वा'— या०स्मृ० १।९६) ऐसा महर्षि याज्ञवल्क्य के कहने से क्षत्रिय से (शूद्रा में) उत्पन्न सन्तान का पञ्चम जन्म (पीढ़ी) में जाति के उत्कर्ष तथा अपकर्ष की प्राप्ति को जानना चाहिए। और महर्षि याज्ञवल्क्य के उक्त वचन में 'वा' शब्द के द्वारा पक्षान्तर का संग्रह होने से वृद्ध व्याख्या के अनुरोध से वैश्य से शूद्रा में उत्पन्न सन्तान तीसरे जन्म में ही उत्कर्ष की तथा अपकर्ष की प्राप्ति को समझना चाहिए। इसी न्याय से ब्राह्मण से वैश्या में उत्पन्न सन्तान के पञ्चम जन्म में, ब्राह्मण से क्षत्रिया में उत्पन्न सन्तान का तृतीय जन्म में और क्षत्रिय से वैश्या में उत्पन्न सन्तान का भी तृतीय जन्म में उत्कर्ष तथा अपकर्ष की प्राप्ति को जानना चाहिए। यह

सब मनुस्मृति के इसी श्लोक की 'मन्वर्थमुक्तावली' व्याख्या में कुल्लूकभट्ट ने स्पष्ट किया है। यह जाति के उत्कर्ष तथा अपकर्ष की प्राप्ति उन-उन वर्णों में उत्पन्नकर अनापत्ति काल में भी उन्हीं की जीविका करते रहने पर होती है, य 'जात्युत्कर्षो युगे ज्ञेयः......(या०स्मृ०१।९६), श्लोक की वीरमित्रोदय तथा मिताक्षरा व्याख्याओं में सविस्तार प्रतिपादित है, उसे वहाँ देखना चाहिये।

दो वर्णसङ्करों से श्रेष्ठत्व का निर्णय—

अनार्यायां समुत्पन्नो ब्राह्मणात्तु यदृच्छया।
ब्राह्मण्यामप्यनार्यात्तु श्रेयस्त्वं कस्य चिद्भवेत् ।।६६।।

भाष्य—किंशब्दः क्षेपे।

यदि बीजप्राधान्याद्धीनजातीयासु जाता मातृजातेरुत्कृष्टाः क्रमेण पितृजातितां प्राप्नुवन्ति, इदं तर्हि क्षेत्रप्राधान्येऽपि द्रष्टव्यम्, यथा क्षेत्रजः पुत्रः। अतश्च यथाऽ**नार्यायां** शूद्रायां **ब्राह्मणा**ज्जात उत्कृष्टो भवति, **यदृच्छया** यथाकथञ्चिदनूढायामपि, एवं **ब्राह्मण्यामनार्या**च्छूद्रात्क्षेत्रप्राधान्येन **श्रेयस्त्वम्**। यथोक्तं "क्वचित् बीजं क्वचिद्योनिः" इति ॥६६॥

हिन्दी—ब्राह्मण में यदृच्छा से अर्थात् अविवाहित शूद्रा में उत्पन्न (पारशव) तथा शूद्र से अविवाहित ब्राह्मणी में उत्पन्न (चण्डाल) इन दोनों में कौन श्रेष्ठ है? (ऐसी शङ्का उत्पन्न होने पर) ॥६६॥

जातो नार्यामनार्यायामार्यादार्यो भवेद्गुणैः।
जातोऽप्यनार्यादार्यायामनार्य इति निश्चयः ।।६७।।

भाष्य—**नार्यां** स्त्रियाम**नार्यायां** हीनजातीयाया**मार्याज्जात** उत्कृष्टजातीयाद्-ब्राह्मणा**दार्य** एव **भवेत्**।

किं ब्राह्मणजातीयत्वम्। नेत्याह— **गुणैः**। गुणतो गौण्या वृत्त्या पाकयज्ञाद्यधिकारमात्रेण।

वक्ष्यमाणानार्यपेक्षयाऽऽर्य इत्युच्यते।

अनार्याच्छूद्रादार्यायां ब्राह्मण्यां **जातोऽनार्य** एवैष **निश्चयः**।

एतदुक्तं भवति। यावद्वचनमेव प्राधान्यमवतिष्ठते, नानुमानेन शक्यमन्यत्रसंजयितुम्। अतः समानजातीयागमनमेव युक्तं, क्षेत्रप्राधान्यं क्षेत्रज एव नान्यत्र ॥६७॥

एवं च कृत्वा

हिन्दी— ब्राह्मण से शूद्रा में उत्पन्न पुत्र गुणयुक्त होने से श्रेष्ठ है और शूद्र से

ब्राह्मणी में उत्पन्न पुत्र गुणहीन होने से श्रेष्ठ नहीं है, ऐसा (शास्त्र) का निर्णय है ॥६७॥

तावुभावप्यसंस्कार्याविति धर्मो व्यवस्थितः ।
वैगुण्याज्जन्मतः पूर्व उत्तरः प्रतिलोमतः ॥६८॥

भाष्य—उभावपि, चण्डालः पारशवश्चा**संस्कार्या**वनुपनेयौ ।

अत्र हेतुवन्निगदोऽर्थवादः । **वैगुण्याज्जन्मतः पूर्वः** । ब्राह्मणाद्यः शूद्रायां जातः, सत्यपि बीजप्राधान्ये विगुणमेतस्य जन्म, योनिदोषात् । उत्तरश्चण्डालः । स प्रतिलोमोऽत्यन्तप्रतिलोम्यात्, सत्यपि क्षेत्रप्राधान्ये, पितृदोषात् ॥६८॥

हिन्दी—(किन्तु उन दोनों में उक्त निर्णयानुसार एक के श्रेष्ठ होने पर भी) पूर्वोक्त दोनों में पहला ('पारशव'- १०।८) प्रतिलोम क्रम से ब्राह्मणी में उत्पन्न होने से दोनों ही यज्ञोपवीत संस्कार के अयोग्य हैं, ऐसा शास्त्रनिर्णीत धर्म है ॥६८॥

उक्त विधान में दृष्टान्त—

सुबीजं चैव सुक्षेत्रे जातं सम्पद्यते यथा ।
तथाऽऽर्याज्जात आर्यायां सर्वं संस्कारमर्हति ॥६९॥

भाष्य—पूर्वोक्तावसंस्कार्यौ, स्वजातिजास्तु संस्कार्याः, इत्युभयत्राप्यर्थवादः । अत एतदेव स्थितं "क्वचिद्बीजं क्वचिद्योनिः" इति यथोपदेशात् । एकान्तरपरिग्रहस्तु न युक्तः ॥६९॥

हिन्दी—जिस प्रकार सुन्दर (उपजाऊ) खेत में बोया गया श्रेष्ठ सुन्दर बीज श्रेष्ठ पौधा उत्पन्न करता है, उसी प्रकार आर्य (द्विज) से आर्या (द्विज स्त्री) में उत्पन्न पुत्र सब (श्रौत तथा स्मार्त) संस्कार के योग्य होता है (अतः उक्त पारशव तथा चण्डाल अनार्योत्पन्न होने से संस्कार के योग्य नहीं होते) ॥६९॥

बीज तथा क्षेत्र के बलाबल में मतभेद तथा निर्णय—

बीजमेके प्रशंसन्ति क्षेत्रमन्ये मनीषिणः ।
बीजक्षेत्रे तथैवान्ये तत्रेयं तु व्यवस्थितिः ॥७०॥

भाष्य—यथा त्रय एते पक्षाः । तेषां कश्चित्पक्षः केनचित्परिगृहीतः ।

केचिदाहु**र्बीज**मेव ज्यायः । तथा च ब्राह्मणाज्जातः क्षत्रियादिस्त्रीषु मातृजातित उत्कृष्टः ।

अन्ये पुनराहुः— **क्षेत्रं** श्रेष्ठं, यतः क्षेत्रियो यत्र क्षेत्रे जातः तज्जातीयो भवति, तस्यैव च तदपत्यम् ।

अपरे मन्यन्ते— उभये बीजक्षेत्रे ज्यायसी । तदुक्तं "सुबीजं चैव सुक्षेत्रे" इति ।

तदेतत्सर्वमारोचयमान आह **तत्रेयं तु व्यवस्थितिः** इयमत्र निरूप्यावस्थितम् ॥७०॥

हिन्दी—कोई आचार्य बीज की, कोई आचार्य क्षेत्र की तथा कोई आचार्य बीज और क्षेत्र दोनों की प्रशंसा करते (प्रधानता मानते) हैं, उनमें ऐसी शास्त्र-व्यवस्था है।

अक्षेत्रे बीजमुत्सृष्टमन्तरैव विनश्यति।
अबीजकमपि क्षेत्रं केवलं स्थण्डिलं भवेत् ॥७१॥

भाष्य—**अक्षेत्रे** ऊषरे **उत्सृष्ट**गुप्तमपि **बीजमन्तरै**वादत्वैव फलं **नश्यति। अबीजकम** योग्यबीजकं वा **क्षेत्रं स्थण्डिलमेव भवे**त्खिलमेव। ततो न फलं लभ्यत इत्यर्थः ॥७१॥

हिन्दी—ऊसर खेत में बोया गया बीज फल देने से पहले ही नष्ट हो जाता है (कुछ फल नहीं देता) और बिना बीज बोया हुआ उत्तम (उपजाऊ) खेत भी भूमिमात्र ही रह जाता है (इसलिए बीज तथा खेत दोनों का श्रेष्ठ होना आवश्यक है) ॥७१॥

बीजप्राधान्य में दृष्टान्त—

यस्माद्बीजप्रभावेण तिर्यग्जा ऋषयोऽभवन्।
पूजिताश्च प्रशस्ताश्च तस्माद्बीजं विशिष्यते ॥७२॥

भाष्य—**पूजिताः** सर्वेण केनचित्प्रणाम्यन्ते। **प्रशस्ताः** स्तुतिवचनैः स्तूयन्ते। **तस्माद्बीजं विशिष्यत** इति बीजप्राधान्यवादिनः। तदेतदयुक्तमित्युक्तम्। "तत्रेयं तु व्यवस्थितिः" इति।

अथवा **बीजप्रभावेणेति** न बीजप्राधान्यं दर्शितमपितु दूषणमेव। यदाशंक्यते बीजप्राधान्यान्मन्दपालादीनां **तिर्यग्जा ऋषय** इति बीजप्राधान्यं तद्दर्शनात्, न तत्र बीजप्राधान्येन तदपत्यानामृषित्वमपि तु तपःश्रुतादि जेन प्रभावेण धर्मविशेषेण ॥७२॥

हिन्दी—जिस कारण बीज के प्रभाव से तिर्यग् योनि (हरिणी आदि) में उत्पन्न (ऋष्य-शृङ्ग आदि) पवित्रता से ऋषि, नमस्कारादि के योग्य होने से पूजित तथा ज्ञान प्राप्ति करने से श्रेष्ठ हुए इस कारण बीज (वीर्य) ही श्रेष्ठ माना जाता है॥

कर्मानुसार समानता और असमानता का अभाव—

अनार्यमार्यकर्माणमार्यं चानार्यकर्मिणम्।
सम्प्रधार्याब्रवीद्धात न समौ नासमाविति ॥७३॥

भाष्य—**अनार्यः** शूद्रः। स **आर्यकर्मा** द्विजातिशुश्रूषादिरतः पाकयज्ञयाजी च देवद्विजनमस्कारपरः। **आर्यो** ब्राह्मणादिः सो**ऽनार्यकर्मा** प्रतिषिद्धाचरणो विहितकर्मत्यागी। तावुभौ **सम्प्रधार्य** तद्गुणत्वेनावगम्य तयोः किं कस्यचित्सातिशयो गुणः कस्या-

श्चित् वा अन्ते निरूपणबुद्धिः । **सम्प्रधार्य धाता** प्रजापतिर्मनुर्बुद्ध्या निरूप्या**ब्रवीत्** ।

न समौ जातेर्गरीयस्या उत्कृष्टगुणोऽपि शूद्रः तुल्यो न स्यात् । पुनराह **ना समौ** किं जात्या तूत्कृष्टयाऽपि बहुदोषावगृहीतस्य ।

एतदुक्तं भवति । न जातिबलमाश्रित्य नरो माननीयः, किंतु गुणा माननीयाः । न गुणहीनं जातिः परित्रातुमलम् । प्रायश्चित्तोपदेशवैयर्थ्यप्रसङ्गात् ।

"अनार्यायां समुत्पन्नः" इत्यत आरभ्य यावदयं श्लोको वर्णसङ्करनिन्दा कर्मप्रशंसाऽर्थो नात्र किंचिद्विधीयते प्रतिषिध्यते वा । नापूर्वार्थो ज्ञाप्यतेऽभिलक्षणवत् । तस्मात्-प्रशंसार्था एवैते ॥७३॥

हिन्दी—द्विजों का कार्य करनेवाले शूद्र तथा शूद्रों का कर्म करनेवाले द्विज का विचारकर 'ये दोनों न तो समान हैं और न असमान हैं' ऐसा ब्रह्मा ने कहा है ॥७३॥

विमर्श— द्विजाति का कर्म करनेवाला शूद्र उस कर्म को करने का अधिकारी नहीं होने से 'द्विजाति' के समान नहीं हो सकता, तथा शूद्रों का कर्म करनेवाला द्विज भी निषिद्धाचरण करने से शूद्र के समान नहीं हो सकता, श्रेष्ठ कर्म करने पर भी शूद्र को द्विजाति की समानता नहीं मानी गयी है और निषिद्धाचरण करनेवाले द्विज की श्रेष्ठ जाति (द्विजत्व) का नाश नहीं माना गया है, अतएव वे दोनों (द्विजकर्मकर्ता शूद्र-कर्मकर्ता द्विज) निषिद्धाचरण करने से असमान भी नहीं है अर्थात् समान ही हैं, इस कारण जिसके लिए जिस कर्म का विधान किया गया है, उसे उसी कर्म को करना चाहिए ।

षट् कर्म करना ब्राह्मणों का कर्तव्य—

ब्राह्मणा ब्रह्मयोनिस्था ये स्वकर्मण्यवस्थिताः ।
ते सम्यगुपजीवेयुः षट्कर्माणि यथाक्रमम् ।।७४।।

भाष्य—आपद्धर्माणामुपोद्धातः । **योनिः** कारणम् । **ब्राह्मणा ब्रह्मयोनिस्थास्ते षट्कर्माण्युपजीवेयु**रनुतिष्ठेयुः । अनेकार्था धातवः ।

यथाक्रमं यथाधिकारम् । यस्मिन्कर्मणि योऽधिकारी ।

कानिचिद्विध्यर्थानि कानिचिद्दृष्टार्थानि ॥७४॥

हिन्दी—जो ब्राह्मण (ब्रह्मप्राप्ति के कारणभूत) ब्रह्म-ध्यान में लीन तथा अपने कर्म में संलग्न हैं, उन्हें षट् कर्मों (१०।७५) का यथावत् पालन करना चाहिए ॥७४॥

ब्राह्मणों के षट् कर्म—

अध्यापनमध्ययनं यजनं यजनं तथा ।
दानं प्रतिग्रहश्चैव षट्कर्माण्यग्रजन्मनः ।।७५।।

भाष्य—प्रथमेऽध्याये शास्त्रस्तुत्यर्थ एषां पाठः । इह तु विध्यर्थम् । यद्यपि तेषां केवलानां विधिरुक्तस्तथापीह समस्य निर्दिश्यते सौहार्देन । विध्यन्तरसापेक्ष्यमेवेदं रूपम् । वचनाच्चैतेषां कर्मणाम् । अतो यथाविहितमनूद्य वक्ष्यमाणोऽर्थो विधीयते ॥७५॥

हिन्दी—(साङ्ग वेदों का) अध्यापन, अध्ययन, यज्ञ करना, यज्ञ कराना, दान देना तथा दान लेना-- ये छ: कर्म ब्राह्मणों के हैं ॥७५॥

ब्राह्मण-जीविकार्थ कर्मत्रय—

षण्णां तु कर्मणामस्य त्रीणि कर्माणि जीविका ।
याजनाध्यापने चैव विशुद्धाच्च प्रतिग्रहः ॥७६॥

भाष्य—कर्मत्रिकविभागः स्पष्टप्रयोजनः । एकं त्रिकं दृष्टार्थमुपात्तं सामर्थ्यात् । अन्यस्यादृष्टार्थता ।

विशुद्धोऽपापकर्मा ।

एवं शूद्रोपि विशुद्धः प्राप्नोति ।

को भवतो मत्सरः ।

स्मृत्यन्तरविरोधः प्राप्नोति । 'प्रशस्तानां स्वकर्मसु द्विजातीनां ब्राह्मणी भुञ्जीत प्रतिगृह्णीयाच्चे'ति । एवं तर्हि यथाऽविरोधो भवति तथा व्याख्येयम् । न ह्यविरोधे सम्भवति विरोधो न्याय्यः ।

अपि वाऽनुवाद एवायं, 'राजतो धनमन्विच्छेत्' इति । एवमादावस्यार्थस्य विहितत्वात् ॥७६॥

हिन्दी—इन ६ (१०।७५) कर्मों में से तीन कर्म— साङ्ग वेदाध्यापन, यज्ञ कराना और विशुद्ध से (द्विजमात्र से, शूद्र से नहीं), दान लेना ब्राह्मण की जीविका के लिए है ॥७६॥

क्षत्रियों के कर्म—

त्रयो धर्मा निवर्तन्ते ब्राह्मणात्क्षत्रियं प्रति ।
अध्यापनं याजनं च तृतीयश्च प्रतिग्रहः ॥७७॥

भाष्य—जीविकाकर्माण्येतानि क्षत्रियस्य न भवन्ति । यानि त्वदृष्टार्थानीष्ट्यध्ययन दानानि न विवर्तन्ते । वेदस्य च प्रकृतत्वादेतदध्यापनं निषिध्यते । न तु धनुर्वेदशिल्पकलाविद्यानाम् ॥७७॥

हिन्दी—ब्राह्मण की अपेक्षा क्षत्रियों के तीन कर्म वेदाध्यापन, यज्ञ कराना तथा दान लेना निवृत्त (वर्जित) होते हैं (अत: क्षत्रियों को इन तीन कर्मों को छोड़कर शेष

तीन कर्म (वेदाध्ययन, यज्ञ करना तथा दान देना) ही करने चाहिए ॥७७॥

वैश्यों के कर्म—

वैश्यं प्रति तथैवैते निवर्तेरन्निति स्थितिः ।
न तौ प्रति हितान्धर्मान्मनुराह प्रजापतिः ।।७८।।

भाष्य—पूर्वेणैतद्व्याख्यातम् ।

तौ क्षत्रियवैश्यौ **प्रत्येते**ऽध्यापनादयो **धर्मा मनुना** प्रजापतिना नोक्ताः, न स्मृता इत्यर्थः ॥७८॥

हिन्दी—उसी (१०।७७) प्रकार वैश्यों के भी ये तीन कर्म (वेदाध्यापन, यज्ञ कराना और दान लेना) निवृत्त (वर्जित) होते हैं, ऐसी शास्त्र-मर्यादा है; क्योंकि उन दोनों (क्षत्रियों तथा वैश्यों) के प्रति उन धर्मों (वेदाध्यापन, यज्ञ कराना तथा दान लेना) को प्रजापति मनु ने ही नहीं कहा है ॥७८॥

क्षत्रियों तथा वैश्यों के जीविकार्थ कर्म तथा धर्म—

शस्त्रास्त्रभृत्त्वं क्षत्रस्य वणिक्पशुकृषिर्विशः ।
आजीवनार्थं धर्मस्तु दानमध्ययनं यजिः ।।७९।।

भाष्य—इदं तयोर्जीविकाकर्म ।

शस्त्रं खड्गादि । **अस्त्रं** तन्मन्त्राः धनुर्वेदप्रसिद्धाः ।

अयमप्युक्तानुवाद एव ।

वणिक्पशुशब्दौ कर्मान्तर्भावेन प्रयुक्तौ, वणिज्या पशुपालनं च ।

यद्यप्यध्ययनादिधर्माः सर्वेषां सन्ति तथापि प्राधान्यमेतेषाम् ॥७९॥

हिन्दी—जीविका के लिए शस्त्र (हाथ में पकड़े हुए चलाने योग्य तलवार, भाला आदि) तथा अस्त्र (हाथ से फेंककर चलाने योग्य बाण आदि) क्षत्रिय का और व्यापार, पशुपालन, खेती करना वैश्य का कर्म है । (और दोनों का) दान देना, साङ्ग वेद का अध्ययन करना और यज्ञ करना धर्म है ॥७९॥

ब्राह्मणादि वर्णत्रय के विशिष्ट कर्म—

वेदाभ्यासो ब्राह्मणस्य क्षत्रियस्य च रक्षणम् ।
वार्ताकर्मैव वैश्यस्य विशिष्टानि स्वकर्मसु ।।८०।।

भाष्य—वेदाभ्यासो वृत्तिप्रकरणादध्यापनम् ।

एवं **विशिष्टानि स्वकर्मसु** । शास्त्रीयवृत्तिकर्मस्वन्येभ्यो जीवनकर्मभ्य इमानि श्रेयस्करतराणि ॥८०॥

हिन्दी—ब्राह्मण का साङ्ग वेदाध्यापन, क्षत्रिय का रक्षा करना और वैश्य का पशुपालन करना— ये कर्म इनकी जीविकार्थ अपने कर्मों में कहे गये हैं ॥८०॥

आपद्धर्म के कर्म—

अजीवंस्तु यथोक्तेन ब्राह्मणः स्वेन कर्मणा ।
जीवेत्क्षत्रियधर्मेण स ह्यस्य प्रत्यनन्तरः ।।८१।।

भाष्य—यदाऽस्य शरीरकुटुंबनित्यकर्मावसादो भवति, न तेभ्यः पर्याप्तं धनं भवति, तदाऽय**'मजीवन्नि'**त्युच्यते ।

यथोक्तेनाध्यापनादिना ।

तदा क्षत्रियवत् ग्रामनगररक्षादिना शस्त्रास्त्रधारणेन सति सम्भवे सर्वाधिपत्येन **जीवेत्** । जीवतिर्व्याख्यातार्थः शरीरमात्रसंधारणे न वर्तते । किं तर्हि । कुटुम्बस्वकर्माणि नित्यकर्मावस्थितामपि लक्षयति ।

स ह्यस्य प्रत्यनन्तरोऽनन्तरं एव प्रत्यनन्तरः ।

हेतुवचनाद्व्यवहितवृत्तिः पापकरी ।

स्ववृत्तिपरित्यागेपि नैवं मन्तव्यं शास्त्रातिक्रमकृतस्तत्र न विशेषो वैश्यशूद्रेष्वपीति तथा चाह ॥८१॥

हिन्दी—ब्राह्मण यदि अपने कर्म (१०।७५-७६) से जीवन-निर्वाह नहीं कर सके तो क्षत्रिय का कर्म (१०।७७-७९) करता हुआ जीवन-निर्वाह करे; क्योंकि वह क्षत्रिय कर्म उस (ब्राह्मण कर्म) का समीपवर्ती है ॥८१॥

उभाभ्यामप्यजीवंस्तु कथं स्यादिति चेद्भवेत् ।
कृषिगोरक्षमास्थाय जीवेद्वैश्यस्य जीविकाम् ।।८२।।

उभाभ्यामप्यजीवंस्तु । क्रमोऽनेन प्रदर्श्यते । प्रथममनन्तरा वृत्तिस्तदभावे व्यवहितेति ।

कृषिगोरक्षाग्रहणं वैश्यवृत्तिमात्रप्रदर्शनार्थम् । तथा च वणिज्यायामविक्रेयप्रतिषेधं वक्ष्यति ।

जीवेद्वैश्यस्य जीविकामिति । सामान्यविशेषभावेन क्रियायाः साध्यसाधनभावः प्रागुपपादितः । तत्र कृषिवाणिज्यकुशीदान्यनापद्यैवोक्तान्यध्यापनादिवत् । "प्रमृतं कर्षणं स्मृतम्" । "सत्यानृतं तु वाणिज्यम्" इति तु केचिदाहुः । "कृषिवाणिज्ये चास्वयंकृते । कुसीदं चेति" (गौ० १०।५-६) उक्तं स्वयंकरणमत्राभ्यनुज्ञायते ।

यत्त्वध्यापनादिवदिति साम्यमाशङ्कितमत्रैव परिहृतम् । यदि सर्वेषां कृष्यादयः सम-

त्वेन स्युः कथमिदमुच्यते "वणिक्पशुकृषीर्विशः आजीवनार्थम्"। ब्राह्मणक्षत्रिययोरपि नाऽऽजीवनार्थस्तदा। किंच 'याजनाध्यापने चैव विशुद्धाच्च प्रतिग्रहः' इत्यत्र तान्यपि समाख्यास्यत्। तस्मादध्यापनादिनियमैर्जीवतः कृष्यादयः प्रतिषिद्धा एव। यस्तु प्रकरणादन्यत्रैषामुपदेशः स तत्रैव प्रदर्शितप्रयोजनः ॥८२॥

हिन्दी—दोनों ब्राह्मण कर्म—(१०।७५-७६) तथा क्षत्रियकर्म—(१०।७७-७९) से जीवन-निर्वाह नहीं कर सकता हुआ ब्राह्मण किस प्रकार रहे? ऐसा सन्देह उपस्थित हो जाय तो वह वैश्य के कर्म खेती, गोपालन और व्यापार से जीविका करे ॥८२॥

कृषि आदि का बलाबल कथन—

वैश्यवृत्त्याऽपि जीवंस्तु ब्राह्मणः क्षत्रियोऽपि वा।
हिंसाप्रायां पराधीनां कृषिं यत्नेन वर्जयेत् ॥८३॥

भाष्य—कृषिनिन्देतरवैश्यवृत्तिस्तुत्यर्था, न पुनस्तस्याः प्रतिषेधार्था। तथा च सति उपदेशो व्यर्थोऽस्या आपद्यते ॥८३॥

हिन्दी—वैश्यवृत्ति (१०।७९) से जीविका करता हुआ भी ब्राह्मण अथवा क्षत्रिय हिंसा-प्रधान (बैल आदि के अधीन होने से) पराधीन कृषि-कर्म (खेती) प्रयत्नपूर्वक छोड़ दे ॥८३॥

विमर्श—क्षत्रिय के लिए भी वैश्यवृत्ति में कृषि-कर्म का त्याग करने का विधान इस वचन द्वारा प्रतिपादित होने से अपने कर्म द्वारा जीविका नहीं कर सकनेवाले क्षत्रिय को वैश्यवृत्ति से जीविका-निर्वाह करना शास्त्र-विहित समझना चाहिए।

कृषिं साध्विति मन्यन्ते सा वृत्तिः सद्विगर्हिता।
भूमिं भूमिशयांश्चैव हन्ति काष्ठमयोमुखम् ॥८४॥

भाष्य—**कृषिं** लोकाः साध्वेव कर्मेति मन्यन्ते।

यदुक्तम्। कर्षतः पुरुषस्य बहु धान्यं भवति ततोऽतिथ्यादिभ्योऽन्नदानेनोपकरोत्यतः साध्वी। तथा चोक्तं "नाकृष्यतोऽतिथिप्रियः"। "कृषिं यत्नेन कुर्वीत मौर्व्या सर्वत्र यत्नतः"। तथा "लाङ्गलं पवीरवं सुशेवं सुमतित्सरु। उदित्कृषतिगामविंप्रफर्व्यं च पीवरीम्" (वाजसनेयिसंहिता १२।७१) इत्यादि।

ते न सम्यक् मन्यन्ते। सा हि वृत्तिः सद्भिर्निन्द्यते। कस्य हेतोः। **भूमिं हन्ति काष्ठमयोमुखं** लाङ्गलम्। **भूमिशयांश्च**। भूमौ शेरते ये प्राणिनस्तृणजलूकादयस्तांश्च **हन्ति**।

ननु च भूमेः कीदृशं हननं न हि सा प्राणिवत्काष्ठहत्यापीडामनुभवति। अनुभूतं

तु सर्वैर्विदारणं भूमेर्दोषवदिति ज्ञापयति ॥८४॥

हिन्दी—कुछ लोग कृषि (खेती) उत्तम कर्म मानते हैं किन्तु वह जीविका सज्जनों से निन्दित है; क्योंकि लोहे के मुख (फार)वाला काष्ठ अर्थात् हल भूमि तथा भूमि में स्थित जीवों को मार डालता है ॥८४॥

इदं तु वृत्तिवैकल्यात्त्यजतो धर्मनैपुणम् ।
विट्पण्यमुद्धतोद्धारं विक्रेयं वित्तवर्धनम् ॥८५॥

भाष्य—**इदमिति** वक्ष्यमाणस्य प्रतिनिर्देशः ।

विशः पण्यं **विट्पण्यं** वैश्यानां यद्विक्रेयं तदपि वृत्तिवैकल्याद्धनाभावाद्ब्राह्मणेन विक्रेयम् ।

उद्धार्याणि द्रव्याण्**युद्धार**शब्देनोच्यन्ते । **उद्धृत उद्धारो** यस्मिन् तदेवमुच्यते । वक्ष्यमाणानि द्रव्याण्यत उद्धृत्यान्यानि विक्रेयाणि ।

वित्तवर्धनमिति स्वभावानुवादः । वाणिज्यायां हि धनवृद्धिः प्रसिद्धा ।

त्यजतो धर्मनैपुणं धर्मे या निष्ठा । अतस्तेन पण्यविक्रयो न कर्तव्य इति ज्ञापयति । अतश्चेदमवगम्यते सर्वासां वैश्यवृत्तीनां गर्हिततरा कृषिः । ततो न्यूना वाणिज्या । ततो गोरक्षा ॥८५॥

हिन्दी—जीविका के अभाव से धर्म की निष्ठा को छोड़ते हुए ब्राह्मण तथा क्षत्रिय को (आगे कही जानेवाली) वस्तुओं को छोड़कर वैश्यों से बेची जानेवाली धनवर्द्धक शेष वस्तुओं को बेचना चाहिये ॥८५॥

ब्राह्मण-क्षत्रियों द्वारा अविक्रेय वस्तु—

सर्वान् रसानपोहेत कृतान्नं च तिलैः सह ।
अश्मनो लवणं चैव पशवो ये च मानुषाः ॥८६॥

भाष्य—मधुरादयः षड्रसाः । तत्प्रधानानि द्रव्याणि गुडदाडिमकिराततिक्तकादीनि प्रतिषिध्यन्ते । न हि केवलानां रसानां सम्भवः । यद्यपि रसशब्दो न स्वयं द्रव्ये शुक्लादिशब्दवद्वर्तते सामानाधिकरण्येन, तथापि लक्षयति द्रव्यम् । 'गंगायां घोष' इति यथा ।

अपोहेत त्यजेन्न विक्रीणीयादिति यावत् ।

कृतान्नं सिद्धमन्नमोदनादि तण्डुलादि च ।

तिलैः सह तिला अपि च विक्रेयाः । न तु पुनस्तिलकृतान्नयोः सहप्रयुक्तयोः प्रतिषेधः, केवलयोरभ्यनुज्ञानम् । **अश्मानः** सर्वपाषाणाः ।

लवणमपाषाणरूपमपि, सैन्धवस्य पाषाणशब्देन ग्रहणम्। रसपक्षे लवणस्य नित्यार्थ आरम्भः। तेन मधुरादीनां पाक्षिको विक्रयः।

पशवो ग्राम्या आरण्याः।

मानुषा मनुष्याः ॥८६॥

हिन्दी—सब रस, पक्वान्न, तिल, पत्थर, नमक, पशु और मनुष्य (दास-दासी आदि) को (आपत्तिकाल में भी ब्राह्मण क्षत्रिय) नहीं बेचे ॥८६॥

सर्वं च तान्तवं रक्तं शाणक्षौमाविकानि च।
अपि चेत्स्युररक्तानि फलमूले तथौषधीः ॥८७॥

भाष्य—**तान्तवं** तन्तुनिर्मितं वस्त्रपटबृहतिकादि। **रक्तं** लोहितम्। लोहिते वर्णे रक्तशब्दः प्रसिद्धतरः। तथाहि रक्तो गौर्लोहित उच्यते, यद्यपि शुक्लस्य वर्णान्तरापादनमपि रञ्जेरर्थः।

शाणक्षौमाविकान्यरक्तान्यपि। यत आह। **अपि चेत्स्युररक्तानि**। शिष्टं प्रसिद्धम् ॥८७॥

हिन्दी—सब प्रकार के सूत्र-निर्मित और रंगे गये सन, अलसी तथा ऊनके वस्त्र और बिना रंगे हुए वस्त्र, फल मूल तथा ओषधि (गुडूची आदि दवाओं) को (आपत्तिकाल में भी ब्राह्मण-क्षत्रिय) नहीं बेचे ॥८७॥

अपः शस्त्रं विषं मांसं सोमं गन्धांश्च सर्वशः।
क्षीरं क्षौद्रं दधि घृतं तैलं मधु गुडं कुशान् ॥८८॥

भाष्य—**शस्त्रं** खड्गपाशादि। **गन्धा**स्तगरोशीरचन्दनादयो द्रव्यविशेषाः। रसशब्दवदेतद्व्याख्येयम्।

क्षीरं रसविकारं स्मृत्यन्तरप्रसिद्धमतो मस्तुकिलाटोदश्विदादीन्यपि न विक्रेयानि। **दधिघृत**ग्रहणं प्राधान्यादुपात्तम्।

मधु मधूच्छिष्टमेकदेशलोपाद्देवदत्तो दत्त इतिवत्। स्मृत्यन्तरे हि तत्प्रतिषिद्धम्। इह च क्षौद्रशब्देन सारघस्य निषिद्धत्वात्। माध्वीकस्य च मद्यग्रहणेनोत्तरत्र प्रतिषेधात्।

अन्ये तु माध्वीकस्यैवाप्राप्तमद्यावस्थस्य प्रतिषेधार्थं मधुशब्दं वर्णयन्ति।

तदयुक्तम्। नायं निष्पीडितमृद्वीकारसवचनः। किं तर्हि? मद्यरूपतयैव वर्तते। उभौ मध्वासवक्षीवाविति प्रयोगदर्शनात्, क्षीवतामद्यकृतैव।

गुडस्य रसत्वप्रतिषेधनिवृत्त्यर्थग्रहणम्। अन्ये तु खण्डमत्स्यण्डिकादीनामनुज्ञानार्थं व्याचक्षते ॥८८॥

हिन्दी—जल, शस्त्र (सब प्रकार का हथियार या लोहा); विष, माँस, सोम नामक लतर, सर्वबिध गन्ध (कस्तूरी आदि), दूध, मधु (शहद), दही, घी, तेल, मोम, गुड और कुशा (को आपत्ति काल में भी ब्राह्मण-क्षत्रिय नहीं बेचे) ॥८८॥

आरण्यांश्च पशून्सर्वान्दंष्ट्रिणश्च वयांसि च।
मद्यं नीलीं च लाक्षां च सर्वांश्चैकशफांस्तथा ॥८९॥

भाष्य—आरण्यपशुशब्दौ गुडलवणेनैव व्याख्यातौ। ग्राम्यपश्वनुज्ञानार्थम्। ग्राम्या अपि पशवो हिंसायां संयोग इति निषिद्धार्थः।

दंष्ट्रिणः श्वशूकरादयः।

वयांसि पक्षिणः। **एकशफा** अश्वाश्वतरगर्दभादयः।

'बहूनि'ति तथाशब्दस्थाने पठन्ति। एकस्य विक्रये तथा न दोषः ॥८९॥

हिन्दी—सब प्रकार के जङ्गली (हाथी आदि) पशु, दांतवाले (सिंह, बाघ, चित्ता, कुत्ता आदि) पशु, पक्षी, जलजन्तु (मछली, मगर, कच्छप आदि), मदिरा, नील, लाख (चपड़ा लाही), एक खुरवाले (घोड़ा आदि पशु) को (आपत्तिकाल में पड़ा हुआ भी ब्राह्मण क्षत्रिय) नहीं बेचे ॥८९॥

[त्रपु सीसं तथा लोहं तैजसानि च सर्वशः।
बालाश्चर्म तथास्थीनि सस्नायूनि विवर्जयेत् ॥२॥]

[हिन्दी—(रांगा, सीसा, लोहा, सब प्रकार के तैजस पदार्थ, केश, चमड़ा हड्डी, चर्वीको (आपत्ति काल में पड़ा हुआ भी क्षत्रिय) छोड़ दे अर्थात् नहीं बेचे ॥२॥]

स्वोत्पादित तिल का तत्काल विक्रय—

काममुत्पाद्य कृष्यां तु स्वयमेव कृषीवलः।
विक्रीणीत तिलान् शुद्धान्धर्मार्थमचिरस्थितान् ॥९०॥

हिन्दी—"कृतान्नं च तिलैः सह इति प्रतिषिद्धानां तिलानां स्वरूपप्रयोजन-विशेषाश्रयः प्रतिप्रसवः।

शुद्धानचिरस्थितानिति च स्वरूपविशेषः। **धर्मार्थमिति** प्रयोजनविशेषः।

शुद्धा व्रीह्यादिभिरमिश्राः। कृशराद्यर्थं मिश्राणां विक्रयासम्भव।

अचिरस्थिताः। अर्थादिकं लाभमनपेक्ष्य स्वल्पं मूल्यमद्य कालान्तरे चागामिनि बहुमूल्यं लभेयेत्येवं न प्रतीक्षितव्यम्।

अथवा **शुद्धा** अकृष्णाः। कृष्णतिलानां प्रतिषेधः। **अचिरस्थितानिति** वेयमर्थं। चिरस्थितं हि कृष्णं भवति। कृष्णा उत्पाद्य क्रीत्वा न विक्रेयाः।

स्वयं कृष्या कृषीवल इति प्रायिकोऽनुवादो, न विवक्षितानि पदानि। प्रतिग्रहाद्यर्जितानामप्यप्रतिषेधः।

धर्मप्रयोजने यत्र तिलान् विक्रीणते। इह च रूपकैर्गावो दक्षिणाद्यर्थं स्वाध्यायाग्निहोत्राद्यर्थं क्रीयन्ते। ब्रीह्यादयो वा दर्शपूर्णमासाद्यर्थं स 'धर्मार्थो विक्रयः'। यस्य वा तिला एव दानादिधर्मायोपयुज्यन्ते, भेषजतैलोपयोगे वा क्रेतुः, सोऽप्येवमेव ॥९०॥

हिन्दी—(आपत्ति में पड़ने के कारण) कृषि (द्वारा जीविकानिर्वाह) करनेवाला (ब्राह्मण-क्षत्रिय) खेत में स्वयं तिलों को पैदा करके दूसरे पदार्थों के साथ मिलाकर (लाभार्थ) बहुत समय तक नहीं रखकर धर्म (यज्ञ-हवन आदि) के लिए बेच दे ॥९०॥

तिल-विक्रयादिनिन्दा—

भोजनाभ्यञ्जनाद्दानाद्यदन्यत्कुरुते तिलैः।
कृमिभूतः श्वविष्ठायां पितृभिः सह मज्जति ॥९१॥

हिन्दी—प्रकृततिलविशेषव्यतिरेकेण तिलविक्रयप्रतिषेधे विशेषोऽयमर्थवादः।

"ननु चोक्तं प्रतिषेधानां दोषसूचनं फलतयैव सम्बध्यते। तत्किं **भोजनाभ्यञ्जनाद्दानाद्यदन्यत्कुरुते तिलैः। कृमिभूत** इत्ययमर्थवाद" इति।

उच्यते। असम्भविनः फलस्य शास्त्रान्तरेण विरुद्धस्य च श्रवणादेवमुच्यते। तथा पितृभिः सहेत्युच्यते, न च तैः किंचिदपराद्धम्। सुकृतदुष्कृतयोः फलं हि कर्तृगामि। न च पितृणां कथञ्चिदपि कर्तृत्वमित्येतत्प्रागुक्तमेव। किंच "सद्यः पतति माँसेन" इति पतितत्ववचनं परेषां न पातित्यमिति नियमात्। तस्मादस्ति किंचिदनिष्टमित्येतावन्मात्रं प्रतिषेधेन सम्बध्यते। यथाश्रुतमेव न युक्तम्। भोजनादिक्रिया यत्र तद्व्यतिरेकेण **यदन्य**द्विक्रयस्नानादि तत्र **तिलैर्यः कुरुते** स कृमित्वं प्राप्नोति यथोक्तेन दोषेण संयुज्यते ॥९१॥

हिन्दी—खाने (उबटन आदि के रूप में), (शरीर में) मलने तथा दान देने के अतिरिक्त तिलों से जो-जो दूसरा कार्य (विक्रय, तेल निकालना आदि) मनुष्य करता है, वह (उस निषिद्ध कर्माचरण के कारण) पितरों के साथ कीड़ा होकर कुत्ते की विष्ठा में गिरता है ॥९१॥

लाक्षादि विक्रय-निन्दा—

सद्यः पतति मांसेन लाक्षया लवणेन च।
त्र्यहेण शूद्रो भवति ब्राह्मणः क्षीरविक्रयात् ॥९२॥

भाष्य—उक्तार्थः ॥९२॥

हिन्दी—(आपत्ति में पड़ा हुआ भी ब्राह्मण) मांस, लाख और नमक को बेचने से तत्काल पतित (के तुल्य) होता है और दूध बेचने से तीन दिन में शूद्र (के तुल्य) होता है ।।९२।।

विमर्श— इस वचन में मांस, लाख तथा नमक बेचनेवाले ब्राह्मण को तत्काल पतित होना तथा दूध बेचनेवाले ब्राह्मण की तीन दिन में शूद्र होने का कथन प्रायश्चित्त के गौरवप्रदानार्थ है, वस्तुत: पतित तथा शूद्र होने क विधानार्थ नहीं ।

इतरेषां तु पण्यानां विक्रयादिह कामतः ।
ब्राह्मणः सप्तरात्रेण वैश्यभावं नियच्छति ।।९३।।

भाष्य—**कामत** इतिवचनादनापदित्यनुमीयते ।

गुरुलघुत्वदर्शनं मांसादीनां प्रायश्चित्तविशेषार्थम् । गुरुणिगुरूणि लघुनिलघूनीति वक्ष्याम: ।।९३।।

हिन्दी—शास्त्रवर्जित (१०।८६-८९) अन्य पदार्थों को इच्छापूर्वक बेचनेवाले ब्राह्मण सात रात्रि में वैश्यत्व को प्राप्त करता है ।।९३।।

विमर्श—प्रमाद से दूसरे पदार्थों के साथ मिश्रित हुए इन पदार्थों के बेचने पर उक्त दोष नहीं होता । यह वैश्यत्वप्राप्ति-परक वचन भी तुल्यन्याय से प्रायश्चित्त गौरवार्थ ही समझना चाहिये ।

परस्पर बदलने योग्य पदार्थ—

रसा रसैर्निमातव्या न त्वेव लवणं रसैः ।
कृतान्नं च कृतान्नेन तिला धान्येन तत्समाः ।।९४।।

भाष्य—**रसाः** पूर्वोक्तास्ते **रसैर्निमातव्याः** । मधुररसं गुडादि दत्वाऽऽम्लादिरस-मामलक्यादि ग्रहीतव्यम् । **न** केवलं **लवणं** दत्वा रसान्तरमादेयम् ।

पाठान्तरं 'लवणं तिलैरिति'। अस्मिन्पाठे तिलैरेव लवणस्य प्रतिषेधो न रसान्तरैः ।

कृतान्नं सक्त्वोदनाद्यन्नेन पायसापूपादिना निमातव्यम् ।

तिलास्तु धान्येन व्रीह्यादिना **तत्समाः** । प्रस्थं दत्वा प्रस्थ एव ग्रहीतव्यो नार्था-पेक्षयाऽधिकं वाऽऽदेयम् ।

'विनिमयो' नाम विक्रय एव । क्रीणातिस्तु द्रव्यविनिमये पठ्यते ।

न हि तद्युक्तम्, "विक्रये प्रकृतिविनिमयमस्त्विति" गौतमो भेदं दर्शयति । एवं तर्हि प्रसिद्धेन रूपकादिना द्रव्यार्पणं 'विक्रय:' । तदन्यद्रव्यपरिवृत्तौ 'विनिमय:' ।।९४।।

हिन्दी—(गुड आदि) रसों को (घृत आदि) रसों से बदलना चाहिये; किन्तु नमक

को किसी रस से नहीं बदलना चाहिये। पक्वान्न (पके हुए-सिद्ध-अन्न को) अपक्व कच्चे-अन्न से तथा तिल को (प्रस्थ परिमाण) धान्य से बदलना चाहिये।

श्रेष्ठ जातीयवृत्ति निषेध—

जीवेदेतेन राजन्यः सर्वेणाप्यनयं गतः ।
न त्वेव ज्यायसीं वृत्तिमभिमन्येत कर्हिचित् ।।९५।।

भाष्य—एतेन सर्वेणापि। प्रतिषिद्धपण्यप्रतिप्रसवोऽयं राजन्यस्य। न किंचित्तस्याविक्रेयं वैश्यवत्। किंतु सत्यपि स्ववृत्तित्यागे **न ज्यायसीं** ब्राह्मण**वृत्तिं** कदाचिद**प्यभिमन्येत**। इमां करोमीति चेतसि न कुर्यात्।

प्रतिकूलं दैव**मनयः**। एतदापदुपलक्षणार्थम्। **गतः** प्राप्तः। आपद्गत इति यावत् ॥९५॥

हिन्दी—(जीविका-साधन नहीं मिलने से) आपत्ति में पड़ा हुआ क्षत्रिय इन सब (ब्राह्मण के लिए निषिद्ध रसादि विक्रय रूप) कार्यों से (वैश्य के समान) जीविका कर ले, किन्तु (ब्राह्मण की) श्रेष्ठवृत्ति (अध्यापन, यज्ञ करना और दान लेना) को कदापि स्वीकार न करे ॥९५॥

विमर्श— यद्यपि इस वचन में क्षत्रियमात्र के लिए निषेध किया गया है, तथापि वैश्यादि के लिए भी निषेध समझना चाहिए।

श्रेष्ठ जाति की वृत्ति करनेवाले को दण्ड—

यो लोभादधमो जात्या जीवेदुत्कृष्टकर्मभिः ।
तं राजा निर्धनं कृत्वा क्षिप्रमेव प्रवासयेत् ।।९६।।

भाष्य—जात्याऽधमो निकृष्ट क्षत्रियादिः। सत्यपि प्रकृतत्वे राजन्यस्य, सर्वेषामयं ब्राह्मणवृत्तिप्रतिषेध एवमेवायं श्लोकः।

उत्कृष्टो निरपेक्षो ब्राह्मण एव। **कर्मभि**रध्ययनादिभिर्जीवति। दण्ड्योऽयं सर्वस्वग्रहणप्रवासनैः ॥९६॥

हिन्दी—नीच जातिवाला जो मनुष्य अपने से ऊँची जातिवाले की वृत्ति को लोभ से ग्रहण कर जीविका करे तो राजा उसे निर्धनकर (उसकी सब सम्पत्ति छीनकर) राज्य से बाहर निकाल दे ॥९६॥

परधर्मसेवन-निन्दा—

वरं स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वधिष्ठितात् ।
परधर्मेण जीवन्हि सद्यः पतति जातितः ।।९७।।

भाष्य—पूर्वस्य विधेर्निन्दार्थवादोऽयम् । यो यस्य विहितो **धर्मो** जात्याश्रयेण **विगुणो**ऽप्यपरिपूर्णाङ्गोऽपि युक्तोऽनुष्ठातुम् । न परधर्मः सर्वाङ्गसंपूर्णोऽपि ।

अत्र निन्दार्थवादः **परधर्मेणेति** ॥९७॥

हिन्दी—अपना हीन धर्म भी श्रेष्ठ है, किन्तु दूसरे का अच्छा धर्म भी श्रेष्ठ नहीं है; क्योंकि दूसरे के धर्म से जीविका करनेवाला तत्काल जाति भ्रष्ट हो जाता है।

विमर्श—यह जातिभ्रष्टत्व-कथन भी दोषगौरव-प्रदर्शनार्थ समझना चाहिए।

वैश्य आपद्धर्म—

वैश्योऽजीवन्स्वधर्मेण शूद्रवृत्त्याऽपि वर्तयेत् ।
अनाचरन्नकार्याणि निवर्तेत च शक्तिमान् ।।९८।।

भाष्य—स्वधर्मेणाजीवतो वैश्यस्य शूद्रवृत्तिरनुज्ञायते । पादधावनादिशुश्रूषया । **अनाचरन्नकार्याणि ।** उच्छिष्टापमार्जना'कार्यम्', तत्परिहर्तव्यम् । **शक्तिमान्निवर्तेतेति** सर्वशेषः ।

अत्र केनचिदुक्तम् । सामर्थ्यात् ब्राह्मणक्षत्रिययोरप्येतदतिदिश्यते ।

तत्रापरेण संदिह्यते । कथं शूद्रवृत्तिं ब्राह्मणः कुर्यात् । एवं हि श्रूयते—

"उत्कृष्टं चापकृष्टं च विद्येते कर्मणो तयोः । मध्यमे कर्मणी हित्वा सर्वसाधारणे हि ते" ॥ इति तदयुक्तम् । न त्वस्यायमर्थो ब्राह्मणस्य शूद्रवृत्तिचरनुज्ञायते सामर्थ्यादिति, किं तर्हि? **निवर्तेत च शक्तिमानिति** यदस्माभिरुक्तं सर्वशेष इति ॥९८॥

हिन्दी—अपने धर्म (१०।७८, ८९) से जीवन निर्वाह कर सकनेवाला वैश्य निषिद्ध कर्मों का त्याग करता हुआ अर्थात् द्विज-सेवादि करते समय जूठा आदि नहीं खाता हुआ शूद्र की वृत्ति (द्विज-सेवा) से जीविका करे और समर्थ होकर अर्थात् आपत्काल के दूर हो जाने पर (उस शूद्र कर्म से) निवृत्त हो जाय ॥९८॥

शूद्र के आपद्धर्म—

अशक्नुवंस्तु शुश्रूषां शूद्रः कर्तुं द्विजन्मनाम् ।
पुत्रदारात्ययं प्राप्तो जीवेत्कारुककर्मभिः ।।९९।।

भाष्य—कारुकाः शिल्पिनः। सूदतन्तुवायादयः । तेषां कर्माणि पाकवयनादीनि प्रसिद्धानि । **तैर्जीवेत्। पुत्रदारात्यय**स्तद्भरणासमर्थता ।

एतेन धनतन्त्रभंगेन तस्यापदि विवाहादिकर्मणामेषां विधानान्निकृष्टताऽनुमीयते ॥९९॥

हिन्दी—द्विजों (१०।४) की सेवा करने में असमर्थ शूद्र (भूख आदि से) स्त्री-

पुत्रादि के पीडित होने पर सूप आदि बनाने के कार्यों से जीविका करे ॥९९॥

यैः कर्मभिः प्रचरितैः शुश्रूष्यन्ते द्विजातयः ।
तानि कारुककर्माणि शिल्पानि विविधानि च ।।१००।।

भाष्य—प्रचरितैरनुष्ठितैः । **शुश्रूष्यन्ते** सेव्यन्ते । तदुपयोगीनि यानि **कर्माणि शिल्पानि** । यद्यपि शिल्पमपि कारुकर्मैक, तथापीह भेदेनोपादानात्तक्षकिवर्धकिप्रभृतयः कारवस्तेषां कर्माणि तक्षणावर्धनादीनि ।

शिल्पानि पत्रच्छेदरूपकर्माण्यालेख्यानि ॥१००॥

हिन्दी—जिन कर्मों के करने से द्विजों (१०।४) की सेवा हो जाय, उस (बढ़ई तथा चित्रकार आदि के) कार्यों को शूद्र करे ॥१००॥

वैश्यवृत्तिमनातिष्ठन्ब्राह्मणः स्वे पथि स्थितः ।
अवृत्तिकर्षितः सीदन्निमं धर्मं समाचरेत् ।।१०१।।

भाष्य—अनातिष्ठन्निच्छया ।

एतदुक्तं भवति । क्षत्रवृत्त्यसम्भवे यदि वा वैश्यवृत्तिमाचरेदसत्प्रतिग्रहं वा । तुल्ये एते वृत्तो । असत्प्रतिग्रहात्क्षत्रवृत्तिः श्रेयसी ।

अथवाऽ**नातिष्ठन् वैश्यवृत्तिम**सम्भवे । ततश्चासत्प्रतिग्रहो वैश्यवृत्तेर्हीनतरः ।

स्वे पथि स्थित इति ब्रुवन्नापद्वृत्तीनां समुच्चयोऽस्तीति ज्ञापयति ।

अवृत्त्या कर्षितः ।

सीदन्नवसादं प्राप्नुवन् ॥१०१॥

हिन्दी—जीविका के अभाव से पीड़ित होता हुआ भी अपने (धर्म) मार्ग पर स्थित ब्राह्मण इस (आगे (१०।१०२-१०३) कहे जानेवाले) कर्म को करे ॥१०१॥

आपत्ति में ब्राह्मण को हीन से दानादि-ग्रहण—

सर्वतः प्रतिगृह्णीयाद्ब्राह्मणस्त्वनयं गतः ।
पवित्रं दुष्यतीत्येतद्धर्मतो नोपपद्यते ।।१०२।।

भाष्य—सर्वत इति प्रतिग्राह्यजातिगुणानामपेक्षा न कर्तव्या ।

अत्रापि हीनहीनतरहीनतमेषु क्रमेण पूर्वपूर्वाभावे उत्तरोत्तरप्राप्तिरस्त्येव । यथा क्षत्रवृत्त्यभावे वैश्यवृत्तिः ।

पवित्रं गङ्गास्रोतस्तदमेध्यसंसर्गे न **दुष्यति** । "नदी वेगेन शुध्यति" इत्युक्तम् । एवं ब्राह्मणोऽपीति ॥१०२॥

हिन्दी—(जिविका नहीं मिलने से) आपत्ति में पड़ा हुआ ब्राह्मण सब से (नीच से भी) दान ग्रहण करे; क्योंकि आपत्ति में पड़ा हुआ पवित्र (गङ्गाजल, ब्राह्मणादि नाली के पानी से या निषिद्धाचरण से) दूषित होता है यह (शास्त्र) संगत नहीं होता है ॥१०२॥

आपद्गत ब्राह्मण का निषिद्धाध्यापनादि से दोषहीनता—

नाध्यापनाद्याजनाद्वा गर्हिताद्वा प्रतिग्रहात् ।
दोषो भवति विप्राणां ज्वलनांबुसमा हि ते ।।१०३।।

भाष्य—पूर्वेणासत्प्रतिग्रह उक्तः । अनेन याजनाध्यापने अनुज्ञायेते ।

गर्हितादिति सिंहावलोकितवत्पूर्वाभ्यामप्यभिसम्बध्यते ।

यथाग्निरापश्च सर्वत्र शुद्धा एवं ब्राह्मणा अपीति प्रशंसा ।

केचिदाहुः । असत्प्रतिग्रहवदसद्याजनाध्यापने अप्यनुज्ञायेते । यद्यभविष्यतां, तदा पूर्वश्लोक एव प्रतिग्रहवदपठिष्यताम् । इह तु विधिप्रत्ययाभावाद्**दोषो भवति विप्राणा-**मिति । वर्तमानप्रत्ययेन सिद्धव्यपदेशादर्थवादताप्रतीतेः । किंच प्रतिवचनं तावदर्थवादः पूर्वेण सिद्धत्वात्तदेकवाक्यत्वापत्तेर्याजनाध्यापने अप्येवं भवितुमर्हतः ॥

वयं तु ब्रूमोऽसम्भवेऽसत्प्रतिग्रहस्य तत्रापि वृत्तिर्युक्ता । यतः प्रवृत्तिः स्मर्यते । 'यथाकथंचित्स आत्मानमुद्धरेदन्यत्र प्रत्यवायेभ्यः' । कर्मार्थस्त्वापद्धर्मपाठः ॥१०३॥

हिन्दी—निन्दितों (अनधिकारियों) को अध्यापन कराने से, यज्ञ कराने से और उनका दिया हुआ दान लेने से (आपत्ति में पड़े हुए) ब्राह्मणों को दोष नहीं होता; क्योंकि वे (ब्राह्मण) अग्नि तथा पानी के समान (पवित्र) हैं ॥१०३॥

जीवितात्ययमापन्नो योऽन्नमत्ति ततस्ततः ।
आकाशमिव पङ्केन न स पापेन लिप्यते ।।१०४।।

भाष्य—पूर्वेणासत्प्रतिग्रह उक्तः । अनेन परिग्रहदुष्टमन्नमभ्यनुज्ञायते ।

ततस्तत इति जातिकर्मानपेक्षमन्नस्वामिनमाह ।

शेषोऽर्थवादः ॥१०४॥

हिन्दी—जीविका के नहीं मिलने से संशयित प्राणोंवाला जो (ब्राह्मणादि) जहाँ-तहाँ (अनुलोम एवं प्रतिलोम आदि हीन जातिवाले) से भी अन्न को खाता है, वह पङ्क से आकाश के समान पाप से लिप्त (दूषित) नहीं होता है ॥१०४॥

उक्त दोषाभाव में पुरातन दृष्टान्त—

अजीगर्तः सुतं हन्तुमुपासर्पद्बुभुक्षितः ।
न चालिप्यत पापेन क्षुत्प्रतीकारमाचरन् ।।१०५।।

भाष्य—**अजीगर्तो** नाम ऋषिः । स क्षुत्परिपीडितः पुत्र **सुतं** शुनःशेपनामानं **हंतुमुपासर्पत्** प्रचक्रमे । न चासौ क्रव्याद इति युज्यते । शौनःशेषमाख्यानं वह्वृचि सुप्रसिद्धम् । नात्र विस्तर आगमस्योपयुज्यते । परमार्थस्तु परकृतिरूपोर्थऽवादः ।

एवं सर्व एते द्रष्टव्याः ॥१०५॥

हिन्दी—(क्योंकि पूर्व समय में) भूख से पीड़ित 'अजीगर्त' नामक ऋषि ('शुनःशेष नामक पुत्र को बेंचकर पुनः यज्ञ में सौ गौओं को पाने के लिए यज्ञस्तम्भ में बंधे हुए) उसी पुत्र को मारने के लिए तैयार हो गये और भूख की निवृत्ति के लिए वैसा (अति निषिद्ध कर्म) करते हुए भी वे पापयुक्त नहीं हुए ॥१०५॥

विमर्श—यह कथानक बह् वृच ब्राह्मण में 'शुनःशेष' के आख्यान में स्पष्ट रूप से वर्णित है ।

श्वमांसमिच्छन्नार्त्तोऽत्तुं धर्माधर्मविचक्षणः ।
प्राणानां परिरक्षार्थं वामदेवो न लिप्तवान् ।।१०६।।

भाष्य—एवं **वामदेवो** नाम ऋषिः । स **आर्त्तः** क्षुधा **श्वमांसमत्तुं** भक्षयितुमैच्छत् ॥१०६॥

हिन्दी—धर्म तथा अधर्म (के गुण तथा दोष) को जाननेवाले 'वामदेव' ऋषि भूख से पीड़ित होकर प्राणों की रक्षा के लिए कुत्ते के मांस को खाने की इच्छा करते हुए भी (पाप से) लिप्त (दूषित) नहीं हुए ॥१०६॥

भरद्वाजः क्षुधार्तस्तु सपुत्रो विजने वने ।
बह्वीर्गाः प्रतिजग्राह वृधोस्तक्ष्णो महातपाः ।।१०७।।

भाष्य—**वृधो** नाम तक्षा अप्रतिग्राह्यः । ततो **बह्वीर्गा भरद्वाजो** नाम ऋषिः प्रतिजग्राह ॥१०७॥

हिन्दी—निर्जन; वन में पुत्र सहित निवास करते हुए महातपस्वी 'भारद्वाज' मुनि भूख से पीड़ित होकर 'वृधु' नामक बढ़ई से सौ गौओं को प्रतिग्रह (दान) लिये (तथा हीन जाति से दान लेकर भी निंदित कर्म के आचरण करने से पाप-दूषित नहीं हुए) ॥१०७॥

क्षुधार्त्तश्चात्तुमभ्यागाद्विश्वामित्रः श्वजाघनीम् ।
चण्डालहस्तादादाय धर्माधर्मविचक्षणः ।।१०८।।

भाष्य—**विश्वामित्रो** नाम महामुनिः प्रसिद्धः । स कस्मिंश्चिदवसरे क्षुधादुःखेन **श्वजाघनीं चण्डालहस्तादादायात्तु**मभ्यागत आभिमुख्येनाध्यवसित ।

न केवलं परिदुष्टेऽन्ने दोषोऽस्ति यावत्स्वभावदुष्टेऽपीति श्वजाघनीग्रहणम्। सर्वदोषदुष्टमप्यापदि भक्षयितव्यमिति श्लोकतात्पर्यार्थ: ॥१०८॥

हिन्दी—धर्माधर्म (के गुण-दोष) को जाननेवाले 'विश्वामित्र' मुनि भूख से पीड़ित होकर चण्डाल के हाथ से कुत्ते की जङ्घा के मांस को लेकर खाने की इच्छा किये (तथा उस निषिद्ध मांस भक्षण के खाने की इच्छा से पापदूषित नहीं हुए) ॥१०८॥

प्रतिग्रह-निन्दा—

प्रतिग्रहाद्याजनाद्वा तथैवाध्यापनादपि ।
प्रतिग्रहः प्रत्यवरः प्रेत्य विप्रस्य गर्हितः ।।१०९।।

भाष्य—आपदीषद्गर्हितयोर्याजनाध्यापनयो: सम्भवे न गर्हितप्रतिग्रहे वर्तितव्यमिति श्लोकार्थ: ॥१०९॥

हिन्दी—ब्राह्मण के लिए नीचों को पढ़ाना, यज्ञ करना तथा उनसे दान लेना इन तीनों कर्मों में नीच से प्रतिग्रह (दान) लेना निकृष्ट है, और मरने पर यही परलोक में नरक का कारण होता है अतएव जीविका-निर्वाह नहीं होने से आपत्ति में पड़े हुए ब्राह्मण को यदि नीचों को अध्यापन तथा यज्ञ कराने से भी जीवन-निर्वाह नहीं हो सके तभी उसे उन नीचों से प्रतिग्रह लेना चाहिये ॥१०९॥

प्रतिग्रह निन्दा में कारण—

याजनाध्यापने नित्यं क्रियेते संस्कृतात्मनाम् ।
प्रतिग्रहस्तु क्रियते शूद्रादप्यंत्यजन्मनः ।।११०।।

भाष्य—अत्रैव हेतुरूपोऽर्थवाद: । प्रवृत्तिरेवेदृशो लोकस्य यदनुपनीता नाधीयते न च यजन्ते । अत: सुष्ठ्वार्त्तोऽपि न शूद्रं याजयिष्यत्यध्यापयिष्यति वा । दानं तु सार्ववर्णिकं प्रसिद्धम् । **शूद्रादपि प्रतिग्रहः** कर्तुं प्राप्नोत्यत: स प्रत्यवर: ॥११०॥

हिन्दी—यज्ञ कराना तथा पढ़ाना— ये दोनों कर्म संस्कारयुक्त आत्मावाले (द्विजों) को ही कराये जाते हैं तथा प्रतिग्रह तो निकृष्ट जन्मवाले शूद्र से भी लिया जाता है (अतएव निकृष्टगत कर्म होने से प्रतिग्रह लेना निन्दत कर्म है, इस कारण यथाशक्य उसका त्याग करना चाहिए) ॥११०॥

प्रतिग्रहादि का पापनाश—

जपहोमैरपैत्येनो याजनाध्यापनैः कृतम् ।
प्रतिग्रहनिमित्तं तु त्यागेन तपसैव च ।।१११।।

भाष्य—जपेन होमेन चैनः पापमपैति विनश्यति । तेन न क्षति: ।

प्रतिग्रहाद्यदेनस्तत्त्**त्यागेन** तस्य प्रतिग्रहस्य, **तपसा,** वक्ष्यमाणेन "मासं गोष्ठे पयः पीत्वा" इत्यादि ॥१११॥

हिन्दी—नीचों को पढ़ाने तथा यज्ञ करने से उत्पन्न पाप (गायत्री आदि मन्त्रों के) जप तथा हवन से नष्ट हो जाता है; किन्तु नीच के दान लेने से उत्पन्न पाप उस दान लिये गये पदार्थ के त्याग तथा आगे (१०/११२) कहे जाने वाले तप से नष्ट होता है॥११२॥

शिल तथा उञ्छ से जीविका—

शिलोञ्छमप्याददीत विप्रोऽजीवन्यतस्ततः ।
प्रतिग्रहाच्छिलः श्रेयांस्ततोऽप्युञ्छः प्रशस्यते ।।११२।।

भाष्य—अस्याप्यनुवादोऽर्थवादमेवाह ।

महदेतदन्याय्यं यत्परद्रव्यग्रहणम् । तत्र कदाचिदश्रूयमाणस्य ग्रहणेऽपीदं भवदुष्यतोऽप्येतावता प्रशस्यत्वम् । अत्र शिलः प्रतिग्रहसमानजातीयः । स एवायं प्रकर्षप्रत्ययहेतुर्भवति। **प्रतिग्रहाच्छिलः श्रेयानिति**। यतो निकृष्टमपेक्ष्योत्कृष्टत्वनिमित्तं प्रकर्षमनुभवति । न हि भवति चण्डालाद्ब्राह्मणः श्रेयान् । अतः शिलोञ्छयोरपि ग्रहणेऽनस्वग्रहणम् । तथापि शिलोञ्छं श्रेयः । यद्यपि शिलोञ्छवृत्तिरत्यन्तोत्कृष्टोक्ता तथाप्यस्ति किंचित्साम्यम् । यतस्तत्राधिदेवतानिष्ठितभृत्यागतं क्रियावैकल्यम् । असत्प्रतिग्रहेऽप्यात्मनि ग्रह उपपन्नो न कुप्यतीत्वयमिति । तत्रेतरसंनिहितद्रव्यस्याऽऽत्मनिग्रहः । अतः शिलोञ्छवृत्तिरपि न निरवद्या । ततो युक्तं **प्रतिग्रहाच्छिलः श्रेयान्**इत्यादि ॥११२॥

हिन्दी—अपनी जीविका (१०।७५-७६) से जीवन-निर्वाह नहीं होने पर ब्राह्मण जहाँ कहीं से 'शिल' तथा 'उञ्छ' को स्वीकार करे (किन्तु निन्दित से दान न लेवे; क्योंकि उस दान से 'शिल' तथा 'शिल' से 'उञ्छ' श्रेष्ठ है) ॥११२॥

विमर्श—'शिल' तथा 'उञ्छ' के लक्षण-ज्ञान के लिए 'ऋतमुञ्छशिलं ज्ञेयं' (४।५) का 'विमर्श' देखें ।

राजा से धन-याचना—

सीदद्भिः कुप्यमिच्छद्भिर्धनं वा पृथिवीपतिः ।
याच्यः स्यात्स्नातकैर्विप्रैरदित्संस्त्यागमर्हति ।।११३।।

भाष्य—अत्र त्रीणि निमित्तानि राजप्रतिग्रहे उच्यन्ते ।

सीदद्भिः कुटुम्बावसादं प्राप्तैरापदीत्यर्थः ।

कुप्यमिच्छद्भिः । कुण्डलकटकाद्युष्णीषासनादि काञ्चनादि ।

अन्यद्वा **धनं** गोहिरण्यादि यज्ञोपयोग्यन्यद् वा । **विप्रैः पृथिवीपतिर्याच्यो** देशेश्वरोऽभ्यर्थयितव्यः ।

अत्र यदुक्तं 'न राज्ञः प्रतिगृह्णीयात्' इति स दुष्टराजविषयः प्रतिषेधो द्रष्टव्यः । तथा चोक्तं "लुब्धस्योच्छास्त्रवर्तिन" इति ।

अदित्सन् याचितः सन् दातुं यो नेच्छति । स त्यागमर्हति । तस्य विषये न वस्तव्यम् । अथवा **त्यागो** हानिः । अन्यस्य चानिर्देशोद्धर्महानिं प्राप्नोति ॥११३॥

हिन्दी—धन-धान्य के अभाव से दुःखित परिवारवाले अतएव भोजन, वस्त्र तथा यज्ञादि कार्य के लिए सोना-चाँदी आदि धन चाहनेवाले स्नातक को राजा (क्षत्रिय) से भी याचना करनी चाहिये और यदि वह (कृपणता आदि से) नहीं देना चाहे तो उससे (याचना करने) का त्याग कर देना चाहिये ॥११३॥

भूमि गौ आदि में पूर्व-पूर्व अल्पदोषता—

अकृतं च कृतात्क्षेत्राद्गौरजाविकमेव च ।
हिरण्यं धान्यमन्नं च पूर्वं पूर्वमदोषवत् ।।११४।।

भाष्य—अकृतमकृष्टं क्षेत्रं प्रशस्यम् । **अजाविकं** च भवति । परस्परविशेष उक्तार्थः श्लोको गम्यते ॥११४॥

हिन्दी—जोती हुई भूमि की अपेक्षा बिना जोती हुई भूमि, गौ, बकरी, भेंड, सोना, धान्य (कच्चा-विना सिद्ध हुआ-अन्न) और पकाया (सिद्ध) हुआ अन्न, इनमें से पूर्व-पूर्व निर्दोष अर्थात् कम दोषवाला है ॥११४॥

विमर्श—अतएव पूर्व-पूर्व की वस्तु को दान में मिलना सम्भव न हो तभी आगे-आगेवाली वस्तु को दान में ग्रहण करना चाहिये । उदाहरणार्थ-बिना जोती हुई भूमि के नहीं मिल सकने पर जोती हुई भूमि को दान में ग्रहण करना चाहिये, इसी प्रकार बिना जोती हुई भूमि को नहीं मिल सकने पर गौ को दान में ग्रहण करना चाहिये । इसी प्रकार सर्वत्र समझना चाहिये ।

सप्तविध धर्मयुक्त धनागम—

सप्त वित्तागमा धर्म्या दायो लाभः क्रयो जयः ।
प्रयोगः कर्मयोगश्च सत्प्रतिग्रह एव च ।।११५।।

भाष्य—दायोऽन्वयागतं धनम् ।

लाभो निध्यादेः । पित्राद्यर्जिताद्वा बन्धात्संविभागः । यद्यपि तत्पित्रादिक्रमायातं तथापि न तद्दायशब्देन शक्यमभिधातुं, बहुसाधारण्यात् । तथा च 'निबन्धो द्रव्यमिति'

(याज्ञ० २।१२१) स्मृत्यन्तरे पठितम् । अथवा मित्राच्छ्वशुरगृहाद्वा यल्लब्धं प्रीत्या स 'लाभः' ।

क्रयः प्रसिद्धः ।

जयः संग्रामे ।

प्रयोगकर्मयोगौ कुसीदकृषिवाणिज्यानि ।

अतश्च वर्णभेदेनैतेषां धर्म्यत्वम् । तत्राद्यास्त्रयः सर्वसाधारणाः । 'जयः' क्षत्रियस्य । 'प्रयोगकर्मयोगौ' वैश्यस्य । 'सत्प्रतिग्रहो' ब्राह्मणस्य विशेषः । सर्ववर्णेऽपि प्राग्दर्शन-न्यायो विभागः ।

केचित्क्रये विवदन्ते ।

तन्न युक्तम् । सर्वव्यवहारोच्छेदप्रसङ्गात् ।

जयं यानबन्धेनापि केचिदिच्छन्ति सर्वविषयम् ।

तदयुक्तम् । द्यूतधनसय स्मृत्यन्तरेष्वशुद्धित्ववचनात् पाशुकद्यूतेत्यत्र ।

तथा परे **प्रयोग**मव्यापारमाहुः । तथा हि प्रयोगो दृश्यते 'ज्ञानपूर्वप्रयोग' इति । तत्र शब्दस्य प्रयोग इति गम्यते ।

तथा 'कर्मयोगः' कर्मप्रचारः ।।११५।।

हिन्दी—(१) दाय (धर्मयुक्त पितृ-सम्पत्ति का भाग) (२) लाभ (मूलधन या मित्रादि से प्राप्त) (३) खरीदा हुआ, (४) जय (धर्मपूर्वक किये गये युद्ध में विजय से प्राप्त,) (५) प्रयोग (व्याज अर्थात् सूद आदि के द्वारा प्राप्त), (६) कर्मयोग (खेती तथा व्यापार आदि उद्योग करने से प्राप्त) (७) सत्प्रतिग्रह (शास्त्रोक्त दान से प्राप्त), ये सात धन के लाभ होने के स्थान धर्मयुक्त कहे गये हैं ।।११५।।

विमर्श—इनमें से प्रथम तीन चारों वर्णों के लिए, चतुर्थ केवल क्षत्रियों के लिए, पञ्चम षष्ठ वैश्यों के लिए और अन्तिम (सातवाँ) केवल ब्राह्मणों के लिए विहित है। इन सात धनागमों को धर्मयुक्त कहने से अपने लिए विहित धनागम के अभाव में दूसरे के लिए विहित धनागम करने में प्रवृत्त होना चाहिए ।

जीवन के दस हेतु—

विद्या शिल्पं भृतिः सेवा गोरक्ष्य विपणिः कृषिः ।
धृतिर्भैक्षं कुसीदं च दश जीवनहेतवः ।।११६।।

भाष्य—सर्वपुरुषाणामापदि वृत्तिरियमनुज्ञायते ।

तत्र **विद्या** वेदविद्याव्यतिरेकेण वैद्यकतर्कभूतविषासनविद्या सर्वेषां जीवनार्था न दुष्यति ।

शिल्पं व्याख्यातम् । **भृतिः** प्रेष्यकत्वम् ।

सेवा परवृत्तानुवृत्तित्वम् ।

धृतिः संतोषः । दृष्टान्तार्थं चैतत् ।

अतो यथाविहितवृत्त्यभावेनैते जीवनोपायाः संकीर्यन्ते । पुरुषमात्रविषयत्वात् ॥११६॥

हिन्दी—(१) विद्या (वेद-वेदाङ्गादि का तथा वैद्यक, तर्क, विष-निराकरण आदि की विद्या) (२) शिल्प (वस्त्र-तैलादि को सुगन्धित करना), (३) भृति (दूतादि बनकर वेतन लेना) (४) सेवा (दूसरे की दासता नौकरी करना), (५) गोरक्षण (गौ तथा अन्य पशुओं का पालन-संवर्धन आदि), (६) व्यापार, (७) खेती, (८) धैर्य (थोड़े धन से भी सन्तोष से निर्वाह करना), (९) भिक्षा-समूह और (१०) सूद, ये दस जीवन-निर्वाह के हेतु हैं ॥११६॥

विमर्श—इन जीवन-निर्वाहक कारणों को इस आपद्धर्म के प्रकरण में रहने से जिसके लिए जिस जाति का विधान किया गया है, यदि उससे जीवन-निर्वाह नहीं होता हो तो दूसरे वर्ण के लिए विहित जीवन-निर्वाह साधक कार्य से भी द्विज को जीवन-निर्वाह करना चाहिये । उदाहरणार्थ–– आपद्गत ब्राह्मण को भृतिसेवादि, इसी प्रकार भिन्न वर्ण को भी उक्त व्यावसायान्तर से जीवन-निर्वाह करना चाहिये ।

ब्राह्मण-क्षत्रिय को सूद लेने का निषेध—

ब्राह्मणः क्षत्रियो वाऽपि वृद्धिं नैव प्रयोजयेत् ।
कामं तु खलु धर्मार्थं दद्यात्पापीयसेऽल्पिकाम् ॥११७॥

भाष्य—धर्मार्थंमिति पूर्वोक्तैवाऽऽपत्तिवृत्तिर्वेदितव्या ।

पापीयस इति वचनाद्धार्मिकादल्पाऽपि न ग्रहीतव्या । यदुक्तं 'अध्यापनतुल्यानि कृषिवाणिज्यकुसीदानि' तदापद्गतेन ॥११७॥

हिन्दी—ब्राह्मण तथा क्षत्रिय सूद के लिए धन को कभी भी नहीं देवे, किन्तु इस निकृष्ट कर्म से धर्म के लिए थोड़ी सूद पर ऋण रूप में धन को देवे ॥११७॥

राजाओं के आपद्धर्म—

चतुर्थमाददानोऽपि क्षत्रियो भागमापदि ।
प्रजा रक्षन्परं शक्त्या किल्बिषात्प्रतिमुच्यते ॥११८॥

भाष्य—राज्ञः क्षीणकोशस्य षड्भागग्रहणापवादश्चतुर्थभागोऽभ्यनुज्ञायते । परिशिष्टोऽर्थवादः ।

परमिति क्रियाविशेषणं परया रक्षयेत्यर्थः ॥११८॥

हिन्दी—(राजा को प्रजा के धान्य का षष्ठांश या अष्टमांश या द्वादशांश लेने का शास्त्रसम्मत (७।१३०) विधान होने पर भी) आपत्ति काल में (उतना कर लेने से राज्य-कार्य चलना असम्भव होने पर) प्रजा के धान्य का चतुर्थांश लेता हुआ और यथाशक्ति प्रजाओं की रक्षा करता हुआ राजा अधिक कर लेने के पाप से छूट जाता (दूषित नहीं होता) है ॥११८॥

स्वधर्मो विजयस्तस्य नाहवे स्यात्पराङ्मुखः ।
शस्त्रेण वैश्याद् रक्षित्वा धर्म्यमाहारयेद्बलिम् ।।११९।।

भाष्य—**विजय**शब्देन विजयफलं युक्तं स्वधर्मतया विधीयते।

तथा **चाहवे न स्यात्पराङ्मुखः ।** भये उपस्थिते पराङ्मुखो युद्धे न स्यादित्यर्थः।

अनेन प्रकारेण प्रजा **रक्षित्वा वैश्याद्बलि**र्हारयितव्यः। वैश्या महाधना भवन्ति।

ततस्थाहरणे नियुक्ताः कृतापराधा न हन्यन्ते ॥११९॥

हिन्दी—विजय पाना राजाओं का अपना धर्म है (प्रजा की रक्षा करते हुए भी यदि राजा को कहीं से भय कारक उपस्थित हो जावे तो उसे) युद्ध से (डरकर) विमुख नहीं होना चाहिये और शस्त्रों से वैश्यों की रक्षाकर उनसे आगे (१०।१२०) कहे हुए धर्मयुक्त कर को (आप्त पुरुषों के द्वारा) ग्रहण करना चाहिये ॥११९॥

आपत्ति में वैश्यों से ग्राह्य राजकर—

धान्येऽष्टमं विशां शुल्कं विंशं कार्षापणावरम् ।
कर्मोपकरणाः शूद्राः कारवः शिल्पिनस्तथा ।।१२०।।

भाष्य—धान्यव्यवहारिणां लाभादष्टमो भागो ग्रहीतव्यः। **विट**शब्दः प्रजावचनः। हिरण्यव्यवहारिणां विंशतितमः। शूद्राः **कर्मोपकरणाः** कर्म उपकरणमुपकारो येषाम् न ते किंचिद्दापयितव्याः। एवं **शिल्पिनः कारव**स्तदेवमुक्तं प्राक् 'शिल्पिनो मासि-मासि' इत्यादि।

अधिकभागग्रहणार्थोऽयं श्लोकः ॥१२०॥

हिन्दी—राजा को आपत्तिकाल में वैश्य के धान्य में से आठवाँ भाग (विशेष आपत्तिकाल में पूर्व (१०।११८) वचन के अनुसार चौथा भाग) और सोने-चाँदी आदि में से बीसवाँ भाग (आपत्तिकाल नहीं होने पर पूर्व (७।१३०) वचन के अनुसार पचासवाँ भाग) कर लेना चाहिये और शूद्र, बढ़ई तथा अन्य कारीगरों से कोई कर नहीं लेना चाहिये; क्योंकि वे तो काम (बेगार) के द्वारा ही राजा का उपकार करते हैं ॥१२०॥

शूद्र के आपद्धर्म—

शूद्रस्तु वृत्तिमाकांक्षन्क्षत्रमाराधयेदिति ।
धनिनं वाऽप्युपाराध्य वैश्यं शूद्रो जिजीविषेत् ।।१२१।।

भाष्य—शूद्रस्तु वृत्तिमाकांक्षेत्तदा **क्षत्रमाराधयेत्** । वृत्तिग्रहणाज्जीविकार्थमेव क्षत्राराधनम्, न धर्मार्थम् । ब्राह्मणाराधनं तूभयार्थमपीत्युक्तं भवति ।

एवं **धनिनं** वैश्यमाराध्य जीवेत् ।।१२१।।

हिन्दी—ब्राह्मण की सेवा द्वारा जीवन निर्वाह नहीं होने से जीविका को चाहनेवाला शूद्र क्षत्रिय अथवा धनिक वैश्य की सेवा करता हुआ जीवन निर्वाह करे ।।१२१।।

शूद्र के लिए ब्राह्मणसेवा श्रेष्ठ—

स्वर्गार्थमुभयार्थं वा विप्रानाराधयेत्तु सः ।
जातब्राह्मशब्दस्य सा ह्यस्य कृतकृत्यता ।।१२२।।

भाष्य—आराधयेदित्युक्तं भवति । तदाह ।

जातब्राह्मणशब्दस्य 'ब्राह्मणोऽयमिति' यदाऽस्य एष शब्दो भवति, तदासौ **कृतकृत्यः** कृतार्थो वेदितव्यः ।

अथवा जातब्राह्मणव्यपदेशस्येति व्याख्येयम् । ब्राह्मणाश्रितोऽयमिति यदाऽस्य व्यपदेशो जायते ।।१२२।।

हिन्दी—वह (शूद्र) स्वर्ग अथवा स्वर्ग तथा जीविका दोनों के लिए ब्राह्मण की सेवा करे । 'यह ब्राह्मणाश्रित है' इतने से ही शूद्र कृतकृत्य हो जाता है ।।१२२ ।।

विप्रसेवैव शूद्रस्य विशिष्टं कर्म कीर्त्यते ।
यदतोऽन्यद्धि कुरुते तद्भवत्यस्य निष्फलम् ।।१२३।।

भाष्य—ब्राह्मणशुश्रूषैव मुख्यः शूद्रस्य धर्मः ।

ततो यदन्यद्व्रतोपवासादि **कुरुते तदस्य निष्फलम्** ।

न तु दानपाकयज्ञादीनामस्य प्रतिषेधः, प्रत्यक्षविधानात् ।

इतरप्रतिषेधो ब्राह्मणशुश्रूषास्तुत्यर्थः ।।१२३।।

हिन्दी—ब्राह्मणों की सेवा करना ही शूद्रों का मुख्य कर्म कहा गया है; इसके अतिरिक्त वह शूद्र जो कुछ करता है उसका कर्म निष्फल होता है ।।१२३।।

शूद्र की वृत्ति नियत करना—

प्रकल्प्या तस्य तैर्वृत्तिः स्वकुटुम्बाद्यथार्हतः ।
शक्तिं चावेक्ष्य दाक्ष्यं च भृत्यानां च परिग्रहम् ।।१२४।।

भाष्य—द्विजातीनामयं धर्मः । **तस्यवृत्तिः** कल्पनीया शुश्रूषमाणस्य । **स्व-कुटुम्बादिति** पुत्रवदसौ पालनीयः ।

आत्मीयां **शक्तिमंवेक्ष्य । दाक्ष्यं च** तस्य कार्येषु योगम् । **भृत्यानां च** पुत्रदाराणां तदीयानां **परिग्रहं** कियंतोऽस्य भर्तव्या इत्येतदपेक्ष्य सर्वेषां भरणं कर्तव्यम् ॥१२४॥

हिन्दी—ब्राह्मणों को चाहिये कि— वे अपनी सेवा करनेवाले शूद्र के लिए उसके काल करने की शक्ति, उत्साह और परिवार के निर्वाह के प्रमाण को (विचारकर तदनुसार) उसकी जीविका निश्चित कर दे ॥१२४॥

सेवक शूद्र के लिए उच्छिष्ट अन्नादि देना—

उच्छिष्टमन्नं दातव्यं जीर्णानि वसनानि च ।
पुलाकाश्चैव धान्यानां जीर्णाश्चैव परिच्छदाः ॥१२५॥

भाष्य—उच्छिष्टशब्दो व्याख्यातार्थः । अतिथ्यादिभुक्तशिष्टमाश्रिताय शूद्राय दातव्यम् । एवं वासांसि **जीर्णानि** धौतानि शुक्लानि । **पुलाका** असारधान्यानि । एवं **परिच्छदाः** शय्यासनादयः ॥१२५॥

हिन्दी—सेवक शूद्र के लिए जूठा अन्न, पुराने वस्त्र, अन्नों के पुआल तथा पुराने खाट, बर्तन आदि ब्राह्मण देवें ॥१२५॥

विमर्श—पहले (४।८०) जो शूद्र के लिए इष्टार्थक उपदेश तथा जूठा अन्नादि देने का निषेध किया गया है वह असेवक शूद्र के लिए है, ऐसा समझना चाहिये ।

शूद्र का मन्त्रहीन धर्मकार्य—

न शूद्रे पातकं किंचिन्न च संस्कारमर्हति ।
नास्याधिकारो धर्मेऽस्ति न धर्मात्प्रतिषेधनम् ॥१२६॥

भाष्य—सर्वोऽयमनुवादश्लोकः ।

यदस्याहत्यशृङ्गग्राहिकया न प्रतिषिद्धं, यथा हिंसास्तेयाद्यनादृतवर्णविशेषं सामान्य-शास्त्रप्रतिषिद्धं, न तद्व्यतिक्रमादस्य पापमुत्पद्यते । श्रुतमेवास्य शब्देन यथा हिंसास्ते-यादिस्तत्रास्य भवत्येव दोषः ।

न च संस्कारमुपनयनलक्षणमर्हति । तदुक्तं "त्रयो वर्णा द्विजातय" इति ।

एवं **नास्याधिकारो धर्मेऽस्ति** स्नानोपवासदेवतार्चनादौ नास्य नित्योऽधिकारो-ऽस्ति । अकरणे न प्रत्यवैति ।

न धर्मात्प्रतिषेधनम् । येषु स्नानोपवासव्रतादिषु नित्याधिकारो नास्त्यकरणे प्रत्यवायाभावोऽथ निषेधो नास्ति तादृशेभ्यो धर्मेभ्यो न प्रतिषेधः । न चेदृशादस्य प्रति-

षेधः । अतः शिष्टाप्रतिषिद्धत्वादभ्युदयकामस्य तदनुष्ठानं युज्यते । एवं लशुनादि-भक्षणनिवृत्तिरप्यभ्युदयायास्य वेदितव्या । सामान्यशास्त्रविहितं 'निवृत्तिस्तु महाफलेति' । अतो न धर्मात्प्रतिषेधनमिति यत्रारम्भः ॥१२६॥

हिन्दी—(लहसुन, प्याज आदि अभक्ष्य पदार्थ खाने पर भी) शूद्र को कोई पातक (दोष) नहीं होता; क्योंकि इसका (यज्ञोपवीत आदि) संस्कार नहीं होता, इसे (अग्निहोत्र आदि) धर्मकार्य करने का अधिकार नहीं है और (पाकयज्ञ आदि) धर्मकार्य करने का निषेध भी नहीं है ॥१२६॥

धर्मेऽप्सवस्तु धर्मज्ञाः सतां धर्ममनुष्ठिताः ।
मन्त्रवर्जं न दुष्यन्ति प्रशंसां प्राप्नुवन्ति च ।।१२७।।

भाष्य—एतदेवाह । धर्ममाप्तुमिच्छन्तोऽभ्युदयकामाः । **सतां** साधूनां **धर्ममनुष्ठिताः** समाश्रिताः । **मन्त्रवर्जं न** दुष्यन्ति । अतस्ते अनेकाहोपवासदेवतार्चनगुरु-ब्राह्मणनमस्कारादि सतां वृत्तमाचरन्तो न दुष्यन्ति । **प्रशंसां** फलं **च प्राप्नुवन्ति** ।

न पुनरेतन्मन्तव्यं "यानि समन्त्रकाणि ब्राह्मणादीनां कर्माणि दर्शपौर्णमासादीनि तानि मन्त्रवर्जं शूद्रस्य न दुष्यन्तीति" । यतः समन्त्रेषूत्पन्नेषु मन्त्ररहितेनानुष्ठानमशाब्दं स्यात् । **मन्त्रवर्ज**मित्येतस्य दर्शितो विषयः । तथा च भगवान् व्यासः—

"न चेह शूद्रः पततीति निश्चयो न चापि संस्कारमिहार्हतीति ।
स्मृतिप्रयुक्तं तु न धर्ममश्नुते न चास्य धर्मे प्रतिषेधनं स्मृतम्" ॥ इति

एतदपि यथाविहितानुवाद्येव । लशुनसुरापानादेर्न पतति । संस्कारानर्हतोक्तैव । उक्तं चानुपनीतत्वाच्छ्रुतिविहितधर्माभावे स्मृतिविषये सामान्यविहिता धर्मा यथोक्तप्रकारास्ते नास्य प्रतिषिध्यन्ते । तथा च स्मृत्यंतरं— "पाकयज्ञैः स्वयं यजेत, अनुज्ञातोऽस्य नमस्कारो मन्त्र इति" (गौतम १०।६४-६५) ।

ये पुनराहुः— "आवसथ्याधानपार्वणवैश्वदेवान्नपाकयज्ञादिषु शूद्राणां पाक्षिकोऽधिकारः" तेषामभिप्रायं न विद्मः । आवसथ्याधानं तावद्गृह्यकारैराम्नातं त्रैवर्णिकोद्देशेनैव । मन्वादिभिश्चनैवमाम्नातम् । तथा केवलं "वैवाहिकाग्नौ कुर्वीत गृह्यं कर्मेति" (३।६७) तत्र नैवाम्नातम् । कुतः शूद्रस्याधानम् । अथ पाकयज्ञविधानादग्न्याधानाक्षेपस्तदपि न, लौकिकाग्नौ वैश्वदेवो भविष्यति । यावद्वचनं वाचनिकं नान्यदाक्षेप्तुमलम् । विवाहाग्नावित्यत्रैव प्रदर्शितम् । पार्वणशब्देन च यद्यामावास्यं श्राद्धमुच्यते तदभ्यनुजानीमः, अष्टकापार्वणश्राद्धवैश्वदेवानां विहितत्वात् । अथ दर्शपौर्णमासौ, तदपाकृतम् ॥१२७॥

हिन्दी—(अतएव) धर्म के इच्छुक और जाननेवाले तथा द्विजों के अविरुद्ध

आचरण करनेवाले शूद्र मन्त्रहीन (नमस्कारमात्र करके) पञ्चमहायज्ञों को करते हुए निन्दित[1] नहीं होते, अपितु प्रशंसा को प्राप्त करते हैं ।।१२७।।

यथा यथा हि सद्वृत्तमातिष्ठत्यनसूयकः ।
तथा तथेमं चामुं च लोकं प्राप्नोत्यनिन्दितः ।।१२८।।

भाष्य—उक्तार्थः श्लोकः ।।१२८।।

हिन्दी—परगुणों की निन्दा नहीं करनेवाला शूद्र जैसे-जैसे शास्त्रानुकूल द्विजाचरण को करता है, वैसे-वैसे लोक में प्रशंसित होकर परलोक (स्वर्ग) को प्राप्त करता है।

शूद्र को धनसंग्रह करने का निषेध—

शक्तेनापि हि शूद्रेण न कार्यो धनसञ्चयः ।
शूद्रो हि धनमासाद्य ब्राह्मणानेव बाधते ।।१२९।।

भाष्य—शक्तेनापि कृष्यादिकर्मणा **धनसञ्चयः शूद्रेण न** कर्तव्यः ।

तत्र हेतुस्वरूपमर्थवादमाह । **शूद्रो धनं** बह्वा**साद्य** स्वीकृत्य **ब्राह्मणानेव बाधते** ।

"का पुनर्ब्राह्मणानां बाधा" ।

महाधनत्वादत्यर्थं ब्राह्मणान्प्रतिग्राहयेत् । शूद्रप्रतिग्रहश्च तेषां प्रतिषिद्धः । तत्र नमित्तभावमापद्यमानो दुष्येत् ।

एतच्च न विहितं कुर्वतः कर्मदोषाशङ्का । तस्माद्ब्राह्मणान्न परिचरेदित्येषैव बाधा ।।१२९।।

हिन्दी—(धनोपार्जन में) समर्थ भी शूद्र को धनसंग्रह नहीं करना चाहिये; क्योंकि धन को प्राप्तकर (शास्त्र का वास्तविक ज्ञान नहीं होने के कारण धनमद से शास्त्र-विरुद्धाचरण तथा ब्राह्मण-सेवा के त्याग करने से) वह ब्राह्मणों को ही पीड़ित करने लगता है ।।१२९।।

अध्याय का उपसंहार—

एते चतुर्णां वर्णानामपद्धर्माः प्रकीर्तिताः ।
यान्सम्यगनुतिष्ठंतो व्रजन्ति परमां गतिम् ।।१३०।।

भाष्य—सम्यगापद्धर्मानुष्ठानात्**परमा गतिः** प्राप्यते । शरीररक्षणाद्विहितातिक्रमो न भवतीति, युक्ता शुभफलप्राप्तिः । नापद्गतेनासत्प्रतिग्रहादौ विचिकित्सितव्यमिति शास्त्र-न्यायानुवादः ।।१३०।।

---

१. इदं 'नमस्कारेण मन्त्रेण पञ्चयज्ञान्न हापयेत्' इति याज्ञ० स्मृ० (१।१२१) वचनानु-सारेण बोद्धव्यम् ।

हिन्दी—(भृगुजी महर्षियों से कहते हैं कि— मैंने) चारों वर्णों के लिए आपत्ति काल के इस (१०।८१-१२९) धर्म को कहा, इसका यथायोग्य पालन करते हुए वे (ब्राह्मणादि चारों वर्ण) श्रेष्ठ गति को प्राप्त करते हैं ॥१३०॥

एष धर्मविधिः कृत्स्नश्चातुर्वर्ण्यस्य कीर्तितः ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि प्रायश्चित्तविधिं शुभम् ।।१३१।।

इति मानवे धर्मशास्त्रे भृगुप्रोक्तायां संहितायां दशमोऽध्यायः ।।१०।।

भाष्य—पाठादेव सिद्धार्थोऽयमिति ॥१३१॥

इति श्रीभट्टवीरस्वामिसूनुमेधातिथिविरचिते मनुभाष्ये दशमोऽध्यायः ।।

हिन्दी—(भृगुजी महर्षियों से पुन: कहते हैं कि मैंने) चारों वर्णों के सम्पूर्ण धर्म को कहा, इसके बाद (एकादश अध्याय में) शुभ प्रायश्चित्त-विधान को कहूँगा ॥

मानवे धर्मशास्त्रेऽस्मिन् वर्णधर्मा हि सर्वशः ।
सिद्धेश्वर्य्याः प्रसादेन दशमे पूर्णतां गता ॥१०॥

❑

।। अथ एकादशोऽध्यायः ।।

नवविध स्नातक के लिए दान देना—

सान्तानिकं यक्ष्यमाणमध्वगं सार्ववेदसम् ।
गुर्वर्थं पितृमात्रर्थं स्वाध्यायार्थ्युपतापिनः ।।१।।

न वै तान्स्नातकान्विद्याद्ब्राह्मणान्धर्मभिक्षुकान् ।
निःस्वेभ्यो देयमेतेभ्यो दानं विद्याविशेषतः ।।२।।

भाष्य—श्लोकद्वयेन च वाक्यार्थसमाप्तिः । अनेकविशेषणविशिष्टो दानार्थी विधीयते । **सान्तानिका**दिभ्यो धर्मार्थं भिक्ष्यमाणेभ्यो निःस्वेभ्यो विद्याविशेषेण दातव्यमिति । संप्रति संप्रदानविशेषणत्वे धर्मभिक्षुकशब्दस्याधिकारसंपादनमपि प्रतीयते । एवं नैवं विशिष्टायाश्चैव निमित्तमिति नैमित्तिको दानाधिकारश्चोच्यते ।

संतानं प्रजा प्रयोजनमस्येति **सान्तानिको** विवाहार्थी भण्यते । तत्र हि धनमुपयुज्यते । भवति च पारम्पर्येण संतानप्रयोजनः । धर्मग्रहणात् 'कामतस्तु प्रवृत्तानाम्' इति द्वितीयादिविवाहप्रवृत्तौ न नियमतो देयमिति ।

एवं **यक्ष्यमाणो** नित्ययज्ञाग्निष्टोमाद्यर्थं वृत्तिवचनं यः करोति स वेदितव्यः ।

अध्वगः क्षीणपथ्योदनः ।

सार्ववेदसो विश्वजिति सर्वस्वं दक्षिणात्वेन दत्तवान्न तु प्रायश्चित्ताद्यर्थम् ।

स्वाध्यायार्थी । यद्यपि ब्रह्मचारिणोऽध्ययनं विहितं भिक्षाभोजनं च तथापि वस्त्रार्थोपयोगि धनं दातव्यम् । अथवा गृहीतवेदस्य तदर्थजिज्ञासा भैक्षभुजोऽपि ।

उपतापी रोगी ।

स्नातकग्रहणं प्रशंसार्थम् ।

गुर्वर्थं स्वाध्यायार्थत्वं प्रायः स्नातकविषये विद्यते । ब्रह्मचारिणो गुर्वर्थं कर्तव्यमिति विहितम् ।

निःस्वेभ्यो निर्धनेभ्यः ।

विद्याविशेषतो बहुविद्याय बहु स्वल्पविद्यायाल्पमिति ।

"ननु च सर्वमेवेदमप्रकृतं प्रक्रियते । एवं हि प्रतिज्ञातम्, 'अतः परं प्रवक्ष्यामि

प्रायश्चित्तविधि शुभम्' इति'' ।

नैष दोष: । आश्रमधर्मत्वादस्य प्रकरणस्य । प्रायश्चित्तानामतुल्यरूपतया सहोपदेश-स्तत्र प्रायश्चित्तनिमित्तत्वादस्यार्थस्य प्रथममभिधानम् ।

दानं देयमित्युक्तम् । दानशब्दश्च कर्मसाधन: । किं तद्देयमित्यपेक्षायामुत्तर-श्लोक: ।।१-२।।

हिन्दी—सन्तानार्थ विवाहेच्छुक, यज्ञ करने का इच्छुक, पथिक, विश्वजित् आदि यज्ञ में अपनी समस्त सम्पत्ति को दान किया हुआ, गुरु-पिता-माता के लिए भोजन देने का इच्छुक, पढ़ने के लिए भोजन, वस्त्र का इच्छुक और रोगी । इन नव स्नातक ब्राह्मणों को धर्मभिक्षुक जानना चाहिए तथा निर्धन इनके लिए विद्या-विशेष के अनुसार (गौ, सोना, अन्न और वस्त्र आदि) दान देना चाहिए ।।१-२।।

नवविध स्नानकों को वेदी के भीतर सिद्धान्न देना—

एतेभ्यो हि द्विजाग्र्येभ्यो देयमन्नं सदक्षिणम् ।
इतरेभ्यो बहिर्वेदिकृतान्नं देयमुच्यते ।।३।।

भाष्य—'दक्षिणाशब्दो' यद्यपि कर्मकरसंयुक्ते संत्यागे वर्तते, तथापि गोभूमि-हिरण्यादिभाजनादन्यद्देयं द्रव्यमुच्यते । तथा हि लौकिकी प्रसिद्धिरिति ।

इतरेभ्य एतद्व्यतिरिक्ता ये भिक्षुकास्तेभ्य: ।

कृतान्नं सिद्धमन्नं भोजनार्थं दातव्यम् ।

बहिर्वेदि यज्ञादन्यत्रातिथिभ्यो दानं गृहस्थधर्मेषु यदेतत्तदेवानूद्यते ।।३।।

हिन्दी—इन नव (११।१) ब्राह्मणस्नातकों के लिए वेदी (चौके) के भीतर सिद्ध (पक्व—पका हुआ) अन्न देना चाहिये तथा अन्य वर्णवालों के लिए वेदी के बाहर सिद्धान्न देना चाहिए ।।३।।

सर्वरत्नानि राजा तु यथार्हं प्रतिपादयेत् ।
ब्राह्मणान्वेदविदुषो यज्ञार्थं चैव दक्षिणाम् ।।४।।

भाष्य—सर्ववर्णानां स्वार्गादिफलाय पुरुषार्थोपयोगि दानं विहितम् । अयं तु राज्ञो नियमार्थमुपदेश: ।

बहुधनेन राज्ञा **सर्वरत्नानि** मणिमुक्तादीनि । **यथार्हं** विद्याकर्मानुरूपेण ब्राह्मणेभ्यो दातव्यानि । **यज्ञार्थं च दक्षिणा** । काम्यकर्मसिद्धयेऽपीति पुनरुपदेश: । **प्रतिपाद-येत्**स्वीकारयेत् ग्राहयेदिति यावत् ।।४।।

हिन्दी—राजा को वेदज्ञाता ब्राह्मणों के लिए यज्ञविधानार्थ (मोती, माणिक्य आदि) सब प्रकार के रत्न और दक्षिणा के लिए धन देना चाहिए ।।४।।

भिक्षा प्राप्त धन से द्वितीय विवाह का निषेध—

कृतदारोऽपरान्दारान्भिक्षित्वा योऽधिगच्छति ।
रतिमात्रं फलं तस्य द्रव्यदातुस्तु सन्ततिः ।।५।।

भाष्य—कामतो द्वितीयादिविवाहप्रवृत्तौ भिक्षमाणस्य निषेधोऽयम् ।

रतिमात्रं फलमित्यादिरर्थवादो, न यथाश्रुतमेव प्रतिपत्तव्यम् ।

अन्ये तु व्याचक्षते । धर्मार्थं सान्तानिकाय दातव्यं न कामप्रवृत्तायेति । स एवायमर्थः पुनरन्यथोच्यते । सान्तानिकाय दातव्यं, अयं तु रतिकामो, न सान्तानिक इत्यर्थः ।

द्रव्यदातुर्हि सा **संतति**र्न तस्येति ॥५॥

हिन्दी—एक बार विवाहकर सस्त्रीक जो ब्राह्मण दूसरों से धन माँगकर द्वितीय विवाह करता है, उसे केवल रति (स्त्री सम्भोग) मात्र ही फल होता है; क्योंकि उस स्त्री में उत्पन्न सन्तान तो धन देनेवाले की होती है ॥५॥

विमर्श—अतएव विवाहित स्त्रीयुक्त ब्राह्मण को धन माँगकर द्वितीय विवाह नहीं करना चाहिये और न ऐसे विवाहेच्छुक के लिये दाता को धन ही देना चाहिये ।

परिवार वाले वेदज्ञ ब्राह्मण को दान देना—

[धनानि तु यथाशक्ति विप्रेषु प्रतिपादयेत् ।
वेदवित्सु विविक्तेषु प्रेत्य स्वर्गं समश्नुते ।।१।।]

[**हिन्दी**—जो मनुष्य वेदज्ञाता तथा पुत्र-स्त्री आदि परिवार से युक्त ब्राह्मण के लिए धन (गो, भूमि, सुवर्ण, अन्न आदि) को देता है, वह मरकर स्वर्ग को भोगता है ॥१॥]

सोमयाग के अधिकारी—

यस्य त्रैवार्षिकं भक्तं पर्याप्तं भृत्यवृत्तये ।
अधिकं वाऽपि विद्येत स सोमं पातुमर्हति ।।६।।

भाष्य—त्रीणि वर्षाणि यस्य पर्याप्तं भृत्यभरणाय धनं तत् **त्रैवार्षिकं** ततो**ऽधिकं वा** यस्यास्ति **स सोमं पातुमर्हति** ।

श्रुतौ नित्यस्य सोमस्यावश्यकर्तव्यतया उक्तत्वात् भृत्योपरोधेऽपि नैष निषेधः प्रवर्तते, बलीयस्त्वाच्छ्रुतेः । अत इच्छासोमविषयोऽयं निषेधः ।

ननु च सोमे धनं परिक्रियार्थमुपयुज्यते 'तस्य द्वादशशतं दक्षिणेति' । तत्र वृत्तिर्वर्धतेऽतश्च सोमे तत्र धनमुपयुज्यते । नोच्यते यस्य त्रैवार्षिकमिति ।

ननु च वृत्तिधनमसति धने नित्यवदस्तीति विद्यमानधनेनापि तत्कर्तव्यमेवेष्यते ।

प्राशस्त्यकरदानशब्दो भक्तमात्रे यदि हिरण्यदानं सोमक्रयार्थमेवमादिनिवृत्तिः ॥६॥

हिन्दी—जिसके पास अपने परिवार तथा भृत्यों के तीन वर्ष तक या इससे भी अधिक समय तक पालन-पोषण के लिए अन्न हो, वह मनुष्य काम्य सोमयज्ञ करने के योग्य (अधिकारी) होता है ॥६॥

अतः स्वल्पीयसि द्रव्ये यः सोमं पिबति द्विजः ।
स पीतसोमपूर्वोऽपि न तस्याप्नोति तत्फलम् ॥७॥

भाष्य—प्रतिषेधातिक्रमेणानधिकारिणः कुर्वतो न्यायसिद्धफलाभावोऽनेनानूद्यते फलग्रहणाच्च काम्यविषयता स्फुटतरा प्रतीयते ।

स पीतसोमपूर्वोऽपि । अनेन प्रथमयज्ञस्यावश्यकर्तव्यतां दर्शयति । स पीतत्वाद्यर्थवादोऽयम्, न पुनरपीतसोमस्य प्रतिषेधः ॥७॥

हिन्दी—अतएव (अपने परिवार तथा भृत्यों के तीन वर्ष से कम पालन-पोषण के लिए अन्न रहने पर) जो सोमपान (सोमयज्ञ) करता है, वह नित्य सोमयाग के फल को भी नहीं पाता है ॥७॥

परिवार का पालन बिना किए दान देने से दोष—

शक्तः परजने दाता स्वजने दुःखजीविनि ।
मध्वापातो विषास्वादः स धर्मप्रतिरूपकः ॥८॥

भाष्य—यः **स्वजनो** भृत्यामात्यमातृपितृपुत्रदारादिः तस्मिन् **दुःखजीविनि** । यः **परजने** यशोर्थं ददाति तस्यासौ **विषास्वादः । आपाते** सन्निपाते मधुरः । यथा विषस्यास्वादः सन्निपातमधुरो विपाकविरसो मरणफलत्वात्, एवं तादृशं दानम् । यद्यपि सम्प्रति यशः सुखं जनयत्यमुत्र प्रत्यवायोत्पत्त्या विषास्वादसमं सम्पद्यते ।

तदेवाह **धर्मप्रतिरूपकोऽसौ** धर्मसदृशो न धर्मः, शुक्तिरिव रजतज्ञानस्य ॥८॥

हिन्दी—दान देने में समर्थ जो मनुष्य अपने परिवार वालों के दुःखित रहने पर (अपने यश तथा प्रसिद्धि के लिए) दान देता है वह (समाज में यश एवं प्रसिद्धि होने में) पहले मधु (शहर) के समान मीठा और बाद में (परिवार वालों के दुःखित होने के कारण नरक पाने से) विष के समान कटु धर्म का पाखण्डी है (अतएव ऐसे दान को नहीं करना चाहिए ॥८॥

भृत्यानामुपरोधेन यत्करोत्यौर्ध्वदेहिकम् ।
तद्भवत्यसुखोदर्कं जीवतश्च मृतस्य च ॥९॥

भाष्य—पूर्वस्य निन्दार्थवादोऽयम् ।

भृत्या व्याख्याताः ।

उपरोधो भक्तवस्त्रादिना यथोपयोगमाहरणम् ।

और्ध्वदेहिकं परलोकप्रयोजनम् । **अमुखोदर्क** 'मुदर्कः' आगामीकालः, सोऽस्य दानस्यासुखोदर्कं भवतीति प्रयोजनं सिद्धमेव ॥९॥

हिन्दी—जो मनुष्य स्त्री-पुत्रादि पालनीय परिवार को पीडितकर पारलौकिक सुख की इच्छा से श्राद्धादि दान करता है, उस मनुष्य का वह दान जीते हुए तथा मरने पर भी दुःखदायी होता है ॥९॥

विमर्श—पहले (११।८) लौकिक दृश्यमान यश तथा प्रसिद्धि के लिए इस श्लोक से पारलौकिक अदृष्ट सुख के लिए कुटुम्ब पालन नहीं कर सकने पर दान का निषेध किया गया है ।

[वृद्धौ च मातापितरौ साध्वी भार्या शिशुः सुतः ।
अप्यकार्यशतं कृत्वा भर्तव्या मनुरब्रवीत् ।।२।।]

[**हिन्दी**—वृद्ध माता-पिता, पतिव्रता स्त्री और बालक पुत्र, इनका सैकड़ों अकार्य करके भी पालन-पोषण करना चाहिये, ऐसा मनु ने कहा है ॥२॥]

एकाङ्गहीन यज्ञपूर्त्यर्थ वैश्य आदि से धन लाना—

यज्ञश्चेत्प्रतिरुद्धः स्यादेकेनाङ्गेन यज्वनः ।
ब्राह्मणस्य विशेषेण धार्मिके सति राजनि ।।१०।।

यो वैश्यः स्याद्बहुपशुर्हीनक्रतुरसोमपः ।
कुटुम्बात्तस्य तद्द्रव्यमाहरेद्यज्ञसिद्धये ।।११।।

भाष्य—अत्राङ्गग्रहणान्न केवलं सर्वासां दक्षिणानामसम्पत्तौ हिरण्यानामिदमाहरणं विधीयते । अपि च तस्मिन्नपि पश्वादौ । **आहरेदि**ति तत्स्वीकारोत्पत्तिमात्रमुच्यते, नोपाय-विशेषः । अतश्च याञ्चया विनिमयेन चौर्येणैवापहर्तव्यम् ।

"ननु च चौर्येण साम्यं नोत्पद्यत इत्युक्तम्" ।

नैष दोषः । इह स्वशब्देनैवोक्तं 'हर्तव्यमिति' । एवं ह्याह— 'कर्तव्यं हीनकर्मण' इति ।

अयं चापहारः प्रागारब्धयागस्य सर्वाङ्गोपेतस्यैकाङ्गासंपत्तौ प्रारिप्स्यमानस्य वेति न विशेषहेतुरस्ति ।

ब्राह्मणस्य विशेषेणेतिवचनात्क्षत्रियवैश्ययोरप्यस्ति तदेकाङ्गग्रहणमस्मिन्निमित्ते । ननु कः क्षत्रियो याचेदिति क्षत्रियस्य याञ्चा प्रतिषिद्धा ।

अत्यल्पमिदमुच्यते । ब्राह्मणस्यापि चौर्यं निषिद्धम् । तस्मात्तस्मिन्निमित्ते नास्त्यर्जनोपायनियमः ।

धार्मिके सतीत्यनुवादोऽयम् । यो हि धर्मज्ञो राजा तस्मिन्निमित्ते चौर्यं विहतमिति । अन्यस्य तु निगृहीतत्वात्कुतः प्रवृत्तिः ।

बहुपशुग्रहणं धनमात्रोपलक्षणार्थम् ।

हीनक्रतुः कर्म यागादन्यदपि दानादि न करोति । सत्यप्यसोमपे ।

कुटुंबाद्गृहादित्यर्थः । गृहाद्धि चौर्यं दोषवत्तरमतस्तदनुज्ञायते ।

न पुनरप्येवमेव नियमः । अन्यतोऽपि यत्खलादेः सम्पद्यते तत्कर्तव्यमेव । वक्ष्यति च 'खलात्क्षेत्रादगाराद्वेति' ॥१०-११॥

हिन्दी—यज्ञ करते हुए क्षत्रिय का, विशेषकर ब्राह्मण का यज्ञ आदि एक अङ्ग से (धनाभाव के कारण) पूरा नहीं हो रहा हो तो राजा के धर्मात्मा रहने पर यह ब्राह्मण या क्षत्रिय यज्ञकर्त्ता बहुत पशुवाले, पाक-यज्ञादि नहीं करनेवाले तथा सोमयज्ञ से भी हीन जो वैश्य हों; उसके परिवार से बाकी यज्ञ के पूर्ण होने के लिए (याचना से नहीं देने पर बलात्कार या चोरी से भी) धन लावे । (ऐसे करनेवाले क्षत्रिय या विशेषकर ब्राह्मण यज्ञकर्त्ता को धर्मात्मा राजा उक्तापराध में दण्डित नहीं करे ॥१०-११।

आहरेत्त्रीणि वाद्वे वा कामं शूद्रस्य वेश्मनः ।
न हि शूद्रस्य यज्ञेषु कश्चिदस्ति परिग्रहः ।।१२।।

भाष्य—वैश्यासम्भवे शूद्रादप्याहर्तव्यम् ।

त्रीणि वा द्वे वेत्यङ्गप्रकरणादङ्गानि वेदितव्यानि ।

अत्रार्थवादो **न हि शूद्रस्येति** ।

यद्यपि पूर्वमनेकोपायकृतमाहरणं विहितं तथापि भिक्षणमत्र नास्ति, 'न यज्ञार्थं धनं शूद्राद्विप्रो भिक्षेतेति' ।

"ननु च स्मृत्यन्तरेऽविशेषेण शूद्रधनेन यागः प्रतिषिद्धः" ।

अस्योपदेशस्य सामर्थ्याच्छूद्रात्प्रतिगृह्णीतेति द्रष्टव्यम् ।

अन्ये त्वाहुः । ब्राह्मणेन स्वीकृतत्वान्नैव तच्छूद्रधनमिति । यस्तु प्रतिषेधः, स **शूद्रस्य** शान्तिकपौष्टिकादि येन धनेन करोति ऋत्विग्वत्तत्र द्रष्टव्यः । इह तु भूतपूर्वगत्या शूद्रधनव्यपदेशोऽस्य स्यात् सांप्रतिकत्वाभावे च शास्त्राद् या चैवति चेत्ययमेव ॥१२॥

हिन्दी—यज्ञ दो या तीन अङ्गों से (धनाभाव के कारण) पूरा नहीं हो रहा हो तो,

उसकी पूर्णता के लिए वैश्य के यहाँ से धन नहीं मिलने पर (बलात्कार या चोरी से धनवान्) शूद्र के यहाँ से धन लावे; क्योंकि शूद्र का यज्ञ से कोई सम्बन्ध नहीं होता है ।।१२।।

योऽनाहिताग्निः शतगुरयज्ञश्च सहस्रगुः ।
तयोरपि कुटुम्बाभ्यामाहरेदविचारयन् ।।१३।।

भाष्य—ब्राह्मणक्षत्रियाभ्यामप्येवंविधाभ्यामाहर्तव्यमिति श्लोकार्थः ।

गोग्रहणं तावत्परिमाणधनोपलक्षणार्थम् ।

अयज्ञोऽसोमयाजी ।।१३।।

हिन्दी—जो ब्राह्मण या क्षत्रिय सौ यज्ञ करने योग्य धन होने पर भी अग्निहोत्र नहीं करता हो तथा एक सहस्र गौ या उतना धन होने पर भी सोमयज्ञ नहीं करता हो, ऐसे ब्राह्मण या क्षत्रिय के परिवार से (धनाभाव के कारण) यज्ञ दो या तीन अङ्गों से पूर्ण नहीं हो तो यज्ञकर्त्ता ब्राह्मण (बलात्कार या चोरी से) धन लावे ।।१३।।

आदाननित्याच्चादातुराहरेदप्रयच्छतः ।
तथा यशोऽस्य प्रथते धर्मश्चैव प्रवर्धते ।।१४।।

भाष्य—अयं सर्ववर्णविषयः श्लोकः ।

आदाननित्यो यः सर्वकालं कृषिप्रतिग्रहकुसीदादिभिर्धनमर्जयति न च ददाति । तत उपायान्तराण्याश्रयणीयानि ।

अदातुरित्ययागशीलस्यापि द्रष्टव्यम् ।।१४।।

हिन्दी—सर्वदा दान आदि का धन लेनेवाला तथा इष्टपूर्त और दान आदि नहीं करनेवाला (ब्राह्मण) यज्ञ के दो या तीन अङ्गों की पूर्णता के लिए यदि याचना करने पर भी यजमान (यज्ञकर्त्ता) को धन नहीं दे तो यजमान उनको (बलात्कार या चोरी से) लावे, ऐसा कहने से धन लानेवाले यज्ञकर्त्ता की ख्याति और धर्म की वृद्धि भी होती है ।।१४।।

विमर्श—'अग्निहोत्र तप, सत्य, वेदरक्षण, अतिथिसत्कार, वैश्वदेव, अथवा किसी एक अग्नि में या त्रेताग्नि में हवन करना तथा वेदी के भीतर ब्राह्मण को दान देना 'इष्ट' कहलाता है । पोखरा, तडाग, बावली, देवमन्दिर बनवाना, अन्नदान करना और बगीचा लगाना 'पूर्त' कहलाता[१] है ।

---

१. हेमाद्रौ दानखण्डे शङ्खोक्तमिष्टलक्षणम्—
'अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानाञ्चैव पालनम् ।
आतिथ्यं वैश्वदेवञ्च 'इष्ट'मित्यभिधीयते' ।। इति ।......

छः उपवास के बाद नीच से भी अन्न लाना—

तथैव सप्तमे भक्ते भक्तानि षडनश्नता ।
अश्वस्तनविधानेन हर्तव्यं हीनकर्मणः ।।१५।।

भाष्य—आत्मकुटुम्बावसादेऽपि पूर्ववत्परादानं कर्तव्यम् ।

अश्वस्तनग्रहणादेकदिनवृत्त्यर्थमेवानुजानाति नाधिकम् ।

हीनकर्मण इति कर्मार्थम् ।

स्मृत्यन्तरे 'हीनादादेयमादौ स्यात्तदलाभे समादपि । असम्भवे त्वाददीत विशिष्टादपि धार्मिकात् ।।'

सप्तमे भक्ते । त्र्यहं येन न भुक्तं चतुर्थेऽहनि प्रातर्भोजनार्थं परादाने प्रवर्तेत । सायंप्रातर्भुञ्जीतेत्यहन्यहनि भक्तद्वयं विहितम् ।।१५।।

हिन्दी—छः जून (तीन दिन-तीन रात) जिसने भोजन नहीं किया हो; वह मनुष्य चौथे दिन भी (कहीं भोजन का ठिकाना नहीं लगने पर) हीन दानादि (शुभकर्म से वर्जित) कर्मवाले पुरुष के यहाँ से भी एक दिन भोजन करने योग्य अन्न (चोरी या बलात्कार से भी) लावे ।।१५।।

खलात्क्षेत्रादगाराद्वा यतो वाप्युपलभ्यते ।
आख्यातव्यं तु तत्तस्मै पृच्छते यदि पृच्छति ।।१६।।

भाष्य—यतो वापीति आरामादेरपि ।

आख्यातव्यं पृच्छत इत्येव । **यदि पृच्छतीति** वचनं न हठात्पुनः प्रेषणादिना प्रश्नमसौ कारयितव्यः ।

अथवा **पृच्छते** धनस्वामिने यदि पृच्छति राजेति । 'राजपुरं नीत्वैव' विषयभेदो दर्शयितव्यः । यथा च गौतमः (अ० १८ सू० ३०) 'आचक्षीत राज्ञा पृष्ट' इति ।

भक्तच्छेदे यज्ञप्रतिबन्धतः प्रकरणविशेषादुभयत्रायं विधिर्ज्ञेयः ।।१६।।

यद्वा— 'एकाग्निकादौ यत्कर्म त्रेतायां यच्च हूयते ।
अन्तर्वेद्याञ्च यद्दान्न'मिष्टं' तदभिधीयते' ।।

तत्रैव व्यासोक्तं पूर्तलक्षणम्—

'पुष्करिण्यस्तथा वाप्यो देवतायतनानि च ।
अन्नदानमथारामाः 'पूर्त'मित्यभिधीयते' ।। इति ।

(हेमाद्रौ दानखण्डे पृष्ठे २१)

हिन्दी—खलिहान से, खेत से, घर से अथवा जहाँ कहीं से भी मिल सके वहीं से यागादि सत्कर्म से वर्जित और हीन कर्म करनेवाले के भी धान्य (अन्न) को (छः शाम का उपवास किया हुआ मनुष्य चौथे दिन भी उपायान्तर से अन्न प्राप्त होने का ठिकाना नहीं लगने पर चोरी आदि से) लावे और यदि उस धान्य का स्वामी पूछे कि 'तूमने मेरा धान्य क्यों लिया?' तो उस पूछनेवाले धान्य स्वामी से कह दे कि 'मैंने खाने के लिए लिया' ॥१६॥

ब्राह्मण के धन लेने का निषेध—

ब्राह्मणस्वं न हर्तव्यं क्षत्रियेण कदाचन ।
दस्युनिष्क्रिययोस्तु स्वमजीवन्हर्तुमर्हति ।।१७।।

भाष्य—क्षत्रियेणेति । क्षत्रियग्रहणं वैश्यशूद्रयोरपि प्रदर्शनार्थम् ।

कदाचनेति महत्यामापदीत्यर्थः ।

दस्युनिष्क्रिययोर्ब्राह्मणयोरेव । 'दस्यु'स्तस्करो 'निष्क्रिय'स्त्वकर्माऽनाश्रमी ॥१७॥

हिन्दी—इन आपत्तियों (११।११-१६) के उपस्थित होने पर भी क्षत्रिय ब्राह्मण के धन को कदापि नहीं लावे; किन्तु निषिद्ध (चोरी आदि) कार्य करनेवाले तथा विहित (यज्ञ, वेदाध्ययन, दानादि) कार्य नहीं करनेवाले ब्राह्मण के भी धन को क्षत्रिय लावे ॥१७॥

विमर्श—तुल्यन्याय से उक्तापत्ति में पड़ा हुआ वैश्य-अपने से उच्चवर्ण ब्राह्मण और क्षत्रिय के तथा शूद्र ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के धन को नहीं लावे, किन्तु वे निषिद्ध कर्म को करने तथा विहित कर्म को नहीं करनेवाले हों तो अपने से उच्च-वर्ण वाले ऐसे लोगों को नीच वर्ण लावे। उक्त प्रकार (११।११-१६) से चोरी या बलात्कार से धन लानेवाला आपत्ति में पड़ा हुआ व्यक्ति धर्मात्मा राजा के द्वारा दण्डनीय नहीं होता।

दुष्टों से धन लेकर सज्जनों को देना—

योऽसाधुभ्योऽथमादाय साधुभ्यः संप्रयच्छति ।
स कृत्वा प्लवमात्मानं संतारयति तावुभौ ।।१८।।

भाष्य—पल्वः समुद्रतरणः । **उभौ** यस्यापहरति यस्मै च प्रयच्छति । शेषोऽर्थवादः ॥१८॥

हिन्दी—जो मनुष्य (उक्त निमित्त (११।११-१७ के आने पर) दुष्टों से धन लाकर सज्जनों (यज्ञाङ्गसाधक ऋत्विक् आदि) के लिए देता है, वह अपने को नाव बनाकर उन दोनों को (धनवाले के धन को पुण्य कर्म में लगाने से उसके पुण्य को बढ़ाकर धन-

स्वामी को तथा दानलेनेवाले के यज्ञादि को पूरा होने से उसकी आपत्ति को दूरकर दान लेनेवाले को, दुःख से) पार कर देता है ॥१८॥

यद्धनं यज्ञशीलानां देवस्वं तद्विदुर्बुधाः ।
अयज्वनां तु यद्वित्तमासुरस्वं तदुच्यते ।।१९।।

भाष्य—अयमस्यार्थवाद एव। 'गुणवद्भ्यो नापहर्तव्यं निर्गुणेभ्यस्तु न दोषः'॥१९॥

हिन्दी—नित्य यज्ञ करनेवालों का जो धन है, उसे विद्वान् लोग 'देवों का धन कहते हैं और यज्ञ नहीं करनेवालों का जो धन है, 'असुरों का धन' कहते हैं (अतएव उन 'असुरों के धन' को लेकर यज्ञ में लगाने से 'देवों का धन' बनाना चाहिए) ॥१९॥

यज्ञादि के लिए चोरी करनेवाले ब्राह्मण को दण्ड निषेध—

न तस्मिन्धारयेद्दण्डं धार्मिकः पृथिवीपतिः ।
क्षत्रियस्य हि बालिश्याद्ब्राह्मणः सीदति क्षुधा ।।२०।।

भाष्य—अस्मिन्निमित्ते चौरत्वेनानीतेभ्यो राज्ञा दण्डो न कर्तव्यः। यतस्त-स्यैव **बालिश्यान्**मौर्ख्यात् **क्षुधा**ऽवसीदति। क्षुधेत्यविवक्षितमुभयोः प्रकरणादर्थ-वादत्वाच्च॥२०॥

हिन्दी—धार्मिक राजा पहले (११।११-१७) आपत्तिकाल में दूसरे के धन को (चोरी या बलात्कार से भी) लेनेवाले ब्राह्मण को दण्डित न करे, क्योंकि क्षत्रिय अर्थात् राजा की मूर्खता से ही ब्राह्मण क्षुधापीड़ित होता है। (अतः उसका उक्त प्रकार से धन लाना अपराध नहीं है) ॥२०॥

क्षुधापीडित ब्राह्मण के लिए वृत्ति कल्पना—

तस्य भृत्यजनं ज्ञात्वा स्वकुटुम्बान्महीपतिः ।
श्रुतशीले च विज्ञाय वृत्तिं धर्म्यां प्रकल्पयेत् ।।२१।।

भाष्य—**धर्म्या वृत्ति**र्यया नित्यकर्माण्यपि संपद्यन्ते। क्षीणकोशेनापि महिषी-राजपुत्रादिकल्पिताद्दायाद्विहिताच्च धनाच्च किंचिदवकृष्य दातव्यमिति। **स्वकुटु-म्बादि**त्यादिना महाधनस्यैव राज्ञोऽयं विधिः। 'सर्वरत्नानीति' वचनात् ॥२१॥

हिन्दी—(इस कारण से) राजा उस ब्राह्मण के पालन-पोषण करने योग्य (स्त्री-पुत्र आदि) तथा उसके आचरण एवं शील को मालूमकर तदनुसार धर्मयुक्त जीविका को अपने कुटुम्ब से नियत करे ॥२१॥

कल्पयित्वाऽस्य वृत्तिं च रक्षेदेनं समन्ततः ।
राजा हि धर्मषड्भागं तस्मात्प्राप्नोति रक्षितात् ।।२२।।

भाष्य—स्पष्टार्थोऽयं श्लोकः ॥२२॥

हिन्दी—राजा इस (क्षुधा-पीड़ित ब्राह्मण) की जीविका नियतकर चोर आदि सब प्रकार से उसकी रक्षा करे; क्योंकि सुरक्षित ब्राह्मण के धर्म का षष्ठांश (छठा भाग) राजा प्राप्त करता है ॥२२॥

यज्ञार्थ शूद्र से भिक्षा का निषेध—

न यज्ञार्थं धनं शूद्राद्विप्रो भिक्षेत कर्हिचित् ।
यजमानो हि भिक्षित्वा चण्डालः प्रेत्य जायते ।। २३ ।।

भाष्य—भिक्षणमत्र निषिध्यते । अयाचितोपपन्नं तु न दुष्यति । तथा चोक्तं 'अयाचितोपपन्नान्नां द्रव्याणां यः प्रतिग्रहः । विशिष्टलोकशास्त्राभ्यां तं विद्यादप्रतिग्रहम्' ॥ इति ।

यज्ञार्थोऽयं प्रतिषेधो न तु भृत्यभरणे ।

केचित्पूर्वशेषमेव मन्यन्ते । भिक्षणे दोषदर्शनादुपायान्तरेणोक्तमादानम् ॥२३॥

हिन्दी—ब्राह्मण को यज्ञ के लिए (भी) शूद्र से कभी भी धन नहीं माँगना चाहिये; क्योंकि (शूद्र से धन को माँगकर उससे) यज्ञ करनेवाला ब्राह्मण मरकर चण्डाल होता है (अतः यहाँ पर माँगने का निषेध करने से बिना माँगे यज्ञ के लिए शूद्र से धन मिल जाने पर शास्त्रविरुद्ध नहीं होता ॥२३॥

यज्ञार्थ धन लेकर बचाने का निषेध—

यज्ञार्थमर्थं भिक्षित्वा यो न सर्वं प्रयच्छति ।
स याति भासतां विप्रः काकतां वा शतं समाः ।। २४ ।।

भाष्य—भिक्षितस्य यज्ञार्थपरिशेषितस्य कार्यान्तराय फलं काकताभासताप्राप्तिः ॥२४॥

हिन्दी—जो मनुष्य यज्ञ के लिए धन माँगकर सब धन को दान नहीं कर देता है वह (मरकर) सौ वर्षों तक भास या कौए का जन्म पाता है ॥२४॥

देव तथा ब्राह्मण के धनहरण का निषेध—

देवस्वं ब्राह्मणस्वं वा लोभेनोपहिनस्ति यः ।
स पापात्मा परे लोके गृध्रोच्छिष्टेन जीवति ।। २५ ।।

भाष्य—यागशीलानां त्रयाणां वर्णानां यद्वित्तं **तद्देवस्वम्** । ब्राह्मणस्यायागशीलस्यापि **यत्स्वं तद्ब्राह्मणस्वमिति** ।

एवमपि श्लोको गच्छत्येव । किंतु अर्थवादश्लोकोऽसौ । 'यद् धनं यज्ञशीलाना-

मिति', नचौर्यादिशब्दवच्छब्दार्थपरिभाषापर: । अतोऽन्यथा व्याख्यायते । देवानुद्दिश्य यागादिक्रियार्थं धनं यदुत्सृष्टं **तद्देवस्वम्** । मुख्यस्य स्वस्वामिसम्बन्धस्य देवानामसम्भवात् । न हि देवता इच्छया धनं नियुञ्जते । न च परिपालनव्यापारस्तासां दृश्यते । स्वं च लोके तादृशमुच्यते । तस्माद्देवोद्देशेन यदुक्तं 'नेदं मम देवताया इदमिति' **तद्देवस्वम्** । तच्च दर्शपूर्णमासादियागेष्वग्न्यादिदेवताभ्यश्चोदितम् । शिष्टसमाचारप्रसिद्ध्यैव गौणोपाय-दुर्गायागादिषु ।

"ननु चतुर्भुजादिप्रतिमासम्बन्धि लोके **देवस्व**मुच्यते । लोकप्रसिद्धश्च शब्दार्थ: शास्त्रे ग्रहीतुं न्याय्य:" ।

स्यादेवं यदि देवस्वशब्दो निर्भाग: प्रसिद्धिमुपेयात् । देवानां वं देवस्वमित्यवयव-प्रसिद्ध्या समुदायार्थ: प्रकृष्ट: । न च वाक्यान्तरप्रकल्पना प्रमाणेनाप्यस्ति । मुख्यं चतु-र्भुजादीनां देवत्वं प्रतिमाव्यवहारेणैवापहृतम् । न च व्ययोकूल (?) लक्षणमस्ति । अथ समाचारतो देवस्वं भवतु, स्वस्वामिभावस्तावन्नास्ति । यथोक्तेन च प्रकारेण स्वव्यव-हारोपपत्तिरिति शिष्टं द्वितीये ॥२५॥

हिन्दी—जो मनुष्य लोभ से देवता (मठ, मन्दिर आदि) के तथा ब्राह्मण के धन को लेता है, वह पापी (मरकर) परलोक में गीध का जूठा खाकर जीता है ॥२५॥

सोमयाग नहीं कर सकने पर वैश्वानर याग करना—

इष्टिं वैश्वानरीं नित्यं निर्वपेदब्दपर्यये ।
क्लृप्तानां पशुसोमानां निष्कृत्यर्थमसम्भवे ।। २६ ।।

भाष्य—वैश्वानर्या इष्टेर्गृह्यस्मृतिभ्य: स्वरूपमवसातव्यम् ।

समाप्ते वर्षे द्वितीयवर्षस्य प्रवृत्ति**रब्दपर्यय:** ।

क्लृप्तानां विहितानां **पशुसोमानां** नित्यानां षाण्मास्य: सांवत्सर: पशुर्नित्यं वसन्ते सोम: । तेषाम**सम्भवे** धनाभावादिदोषेण । **निष्कृत्यर्थं** नित्यस्याकरणे यो दोष-स्तन्निवृत्त्यर्थम् ।

श्रुतेऽस्मिन्निमित्तेऽन्यकर्म समामनन्ति । तत्र केचित्समुच्चयं मन्यन्ते, सत्यप्येक-कार्यत्वे प्रमाणभेदेन विधानात् । तदयुक्तम् ।

तथा च ब्रह्महत्याप्रायश्चित्ते श्रौते स्मार्ते च स्वशब्देन विकल्पं वक्ष्यति 'अभि-जिद्विश्वजिद्भ्यां च' इति ॥२६॥

हिन्दी—वर्ष (संवत्) के बदलने के समय अर्थात् चैत्र शुक्ल के आरम्भ में शास्त्रविहित सोमयज्ञ को नहीं कर सकने पर उसके दोष की शान्ति के लिए (शूद्रादि

से धन लेकर भी) वैश्वानर यज्ञ करना चाहिए ॥२६॥

यज्ञ में समर्थ को अनुकूल करने का निषेध—

आपत्कल्पेन यो धर्मं कुरुतेऽनापदि द्विजः ।
स नाप्नोति फलं तस्य परत्रेति विचारितम् ।।२७।।

भाष्य—आपत्कल्पप्रतिनिधिं वैश्वानरीं वा विद्यमानधनो यो गौणपक्षमाश्रयति तस्य न सोऽर्थः सिध्यति ॥२७॥

हिन्दी—जो द्विज आपत्तिकाल के नहीं रहने पर भी आपत्तिकाल के विधान से धर्म (यज्ञादि कर्म) करता है, वह (मरकर) परलोक में उस यज्ञ के फल को नहीं पाता है अर्थात् उसका वह यज्ञ करना निष्फल होता है, ऐसा (मनु आदि महर्षियों ने) कहा है ॥२७॥

सोमयाग का प्रतिनिधि—

विश्वैश्च देवैः साध्यैश्च ब्राह्मणैश्च महर्षिभिः ।
आपत्सु मरणाद्भीतैर्विधेः प्रतिनिधिः कृतः ।।२८।।

भाष्य—एष एवार्थः 'आपदि प्रतिनिधिराश्रयितव्यो न संपदि' ॥२८॥

हिन्दी—विश्वेदेव, साध्यगण (देवयोनि विशेष) और महर्षि ब्राह्मणों ने मृत्यु से डरकर आपत्तिकाल में विधि (शास्त्रोक्त प्रधान विधि सोमयज्ञादि) के प्रतिनिधि (वैश्वानर यज्ञ आदि) को किया है (अतः समर्थ नहीं होने पर ही मुख्य विधि सोमयज्ञादि को छोड़कर उसके प्रतिनिधि वैश्वानर यज्ञादि को करना चाहिये) ॥२८॥

प्रभुः प्रथमकल्पस्य योऽनुकल्पेन वर्तते ।
न सांपरायिकं तस्य दुर्मतेर्विद्यते फलम् ।।२९।।

भाष्य—अयमपि पूर्वशेषोऽर्थवादः ।

सांपरायिकं पारलौकिकम् ॥२९॥

हिन्दी—जो मनुष्य मुख्य यज्ञ को करने में समर्थ होकर भी अनुकल्प (मुख्य का प्रतिनिधि) आपत्तिकाल के लिए सम्मत अप्रधान पक्ष से यज्ञ को करता है, उस दुर्बुद्धि को पारलौकिक वृद्धि तथा पापनाशरूप फल प्राप्त नहीं होता ॥२९॥

ब्राह्मणादि को स्वशक्ति से शत्रुविजय करना—

न ब्राह्मणो वेदयेत किञ्चिद्राजनि धर्मवित् ।
स्ववीर्येणैव तान् शिष्यान्मानवानपकारिणः ।।३०।।

भाष्य—निमित्तेऽभिचारो न दोषायेति श्लोकार्थः । न त्वभिचारो विधीयते । न च

राजनि वदनं प्रतिषिध्यते। केवले सति निमित्तेऽभिचरितुं प्रवृत्तो राज्ञा न किंचिद्व-क्तव्यः। तथा वक्ष्यति 'विधाता शासिता वक्ता' इति। 'तस्मै नाकुशलं ब्रूयात्' इति राजेति प्रतीयते।

शिष्यादिति। सत्यपि विधौ राजनि निवेदयेत्। न च प्रतिषेध उपसंहारश्लोक-पर्यालोचनया तत्परमवतिष्ठते।

निमित्तानि चोक्तानि 'भार्यातिक्रमकारी' चेत्यादीनि।

किंचित्पीडानिमित्त 'मनेन मे कृतमिति' राज्ञे **निवेदयेत्**।

धर्मवित् अभिचारविधिज्ञः।

स्ववीर्येण मन्त्राभिशापाभ्याम्। तत्रैवोत्तरश्लोकार्थः ॥३०॥

हिन्दी—धर्मज्ञाता ब्राह्मण किसी के किसी अपराध को राजा से न कहे (किसी पर राजा के यहाँ मुकदमा न करे), किन्तु उन अपराधी मनुष्यों को अपने पराक्रम (आगे कही जानेवाली शक्ति) से दण्डित करे ॥३०॥

विशेष—इस वचन के अनुसार अपने धर्म के विरोध के कारण नीच के अपराध करने पर अभिचार आदि कर्म से उसे (अपराधी को) दण्डित करने में ब्राह्मण को दोष नहीं होता, अतएव इस वचन से न तो ब्राह्मण के लिए अभिचार प्रयोग करने का विधान ही किया गया है और न राजा के पास अपराधी के अपराध निवेदन करने का निषेध ही किया गया है ऐसा समझना चाहिये।

स्ववीर्याद्राजवीर्याच्च स्ववीर्यं बलवत्तरम्।
तस्मात्स्वेनैव वीर्येण निगृह्णीयादरीन्द्विजः ॥३१॥

भाष्य—राजा कदाचिदनिपुणतया च निग्रहेण प्रवर्तेत स्वतस्तु न कदाचिदु-पेक्षेति स्ववीर्यं बलीयः ॥३१॥

हिन्दी—(ब्राह्मण के लिए) अपने (ब्राह्मण के) पराक्रम तथा राजा के पराक्रम से अपना (ब्राह्मण का) पराक्रम ही अधिक बलवान् है, अतएव ब्राह्मण अपने पराक्रम से ही शत्रुओं का निग्रह करे ॥३१॥

ब्राह्मण के लिए शत्रु-निग्रह का उपाय—

श्रुतीरथर्वाङ्गिरसीः कुर्यादित्यविचारयन्।
वाक्शस्त्रं वै ब्राह्मणस्य तेन हन्यादरीन्द्विजः ॥३२॥

भाष्य—किंतत्स्ववीर्यमिति शङ्कानिवृत्त्यर्थोऽयं श्लोकः।

श्रूयन्त इति **श्रुतयः**। अथर्वणवेदे येऽभिचारप्रकाराः श्रुतास्ते कर्तव्या इत्यर्थः।

बाहुल्येन तत्राभिचाराणां विधानात् अथर्वाङ्गिरसग्रहणम्, न पुनरन्येषु वेदेष्वननुज्ञातम्।

अथवाऽभिचारश्रुतयोऽथर्वाङ्गिसशब्देनोच्यन्ते।

अथवाथर्वणशब्दा एवंविध एवार्थे प्रयुज्यन्ते 'यज्ञोऽथर्वणवित्काम्य' इति ॥३२॥

हिन्दी—ब्राह्मण अपने वेद के आङ्गिरस श्रुति (दुष्ट मन्त्रों) को बिना विचारे ही (शीघ्र ही, शत्रु पर) प्रयोग करे; क्योंकि ब्राह्मण का (अभिचारमन्त्रोच्चारणरूप) वचन ही शस्त्र है, अतएव उस (वचनरूपी शस्त्र) से ब्राह्मण शत्रुओं को नष्ट करे (राजा के यहाँ उसके अपराध को कहकर दण्डित न करावे, किन्तु अभिचार प्रयोग से उसे स्वयं दण्डित करे) ॥३२॥

[तदस्त्रं सर्वसर्णानामनिवार्यं च शक्तितः ।
तपोवीर्यप्रभावेण अवध्यानपि बाधते ।।३।।]

[**हिन्दी**—तपोबल के प्रभाव से वह अस्त्र अवध्यों को भी पीड़ित करता है, शक्ति के द्वारा वह सब वर्णों से अनिवार्य (नहीं रोका जानेवाला) है ॥३॥]

क्षत्रियो बाहुवीर्येण तरेदापदमात्मनः ।
[तद्धि कुर्वन्यथाशक्ति प्राप्नोति परमां गतिम् ।।४।।]

[**हिन्दी**—क्षत्रिय अपने बाहुबल से (शत्रुकृत पराभव से उत्पन्न अपनी पवित्र आपत्ति को पार करे। शक्ति के अनुसार वह कार्य करता हुआ (वह क्षत्रिय) परम गति को पाता है ॥४॥]

धनेन वैश्यशूद्रो तु जपहोमैर्द्विजोत्तमः ।। ३ ३।।

पूर्वशेष एव ॥३३॥

हिन्दी—वैश्य तथा शूद्र (प्रतिकार करनेवाले के लिए) धन देकर और ब्राह्मण (अभिचार-सम्बन्धी) जप तथा हवनों से (शत्रुकृत पराभव से उत्पन्न) अपनी विपत्ति को पार करे ॥३३॥

ब्राह्मण से दूषित वचन कहने का निषेध—

विधाता शासिता वक्ता मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ।
तस्मै नाकुशलं ब्रूयान्न शुष्कां गिरमीरयेत् ।।३४।।

भाष्य—प्राग्व्याख्यातोऽयम्।

तस्मै ब्राह्मणायाभिचरते 'निगृह्यतामयमि'त्य**कुशलं न ब्रूयात्**।

न शुष्कां गिरमीरयेत्। वाग्दण्डधिग्दण्डयोरपि प्रतिषेधः।

अथवा सर्वेषां वर्णानां न ब्राह्मणः क्षोभयितव्यो यस्त्रयीविद्याप्रभावेण शक्तः स्वयं निग्रहीतुम्।

विधाता स्रष्टा। अन्यस्य राज्ञः। **शासिता** निग्रहीता। **वक्ता** हितान्।

अतो **मैत्र**स्तस्मात्सर्वप्रशक्तियुक्तत्वान्न दुर्बलोऽयमित्यवमन्तव्यः ॥३४॥

हिन्दी—शास्त्रोक्त कर्मों को करनेवाला, पुत्र, शिष्यादि का शासन करनेवाला, प्रायश्चित्त विधि आदि को कहनेवाला ब्राह्मण सबका मित्ररूप है, अतएव उससे ('इसको पकड़ों, दण्डित करो' इत्यादि) अशुभवचन तथा रूखी बात नहीं कहनी चाहिये ॥३४॥

कन्या तथा मूर्खादि को अग्निहोत्र करने का निषेध—

न वै कन्या न युवतिर्नाल्पविद्यो न बालिशः।
होता स्यादग्निहोत्रस्य नार्त्तो नासंस्कृतस्तथा ॥३५॥

अग्निहोत्रे ऋत्विग्वरणस्य समाम्नानात् 'जुहुयाद्धावयेद्वेति' स्त्रीपुंसयोरविशेषेण क्षीरहोतृताप्राप्तौ कन्यावुत्योः प्रतिषेधः।

एवमाहुतिद्वयमात्रविधिज्ञस्या**ल्पविद्यस्य बालिशस्य** वा प्राप्तिः प्रतिषिध्यते।

आर्त्तो व्याधिना।

असंस्कृतोऽनुपनीतः।

एतच्चायुक्तम्। श्रौते ह्यग्निहोत्रे 'स्वयं पर्वणि जुहुयात् ऋत्विजामेक इतरेषां काल-मिति' समाचरन्ति। न च स्त्रीणामार्त्विज्यसम्भवोऽतो गृह्याग्निविषये कन्यायुवत्योः प्रतिषेधो, जातपुत्रायाः प्राप्त्यर्थ इति वर्णयन्ति। तथा चान्येपि सूत्रकाराः 'कामं गृह्येऽग्नौ पत्नी जुहुयात्सायंप्रातर्होमाविति'।

अन्ये तु 'वैतानकुशल' इति वचनात्त्रेताग्निविषयमेवेदं मन्यन्ते।

'वितानो' विहारः। सच श्रौतेष्वग्निषु सम्भवति। न च तत्र स्त्र्यादीनां प्राप्तिः, न त्वविदुषां, विशिष्टानामेव पुंसामार्त्विज्यविधानात्। 'अतोऽग्निहोत्र'ग्रहणं सर्वकर्मणां, 'होतृ'ग्रहणं च सर्वर्त्विजां प्रदर्शनार्थम्।

अतः श्रुत्यर्थानुवादमात्रमेषा स्मृतिः ॥३५॥

हिन्दी—अविवाहित कन्या, विवाहित भी युवती, थोड़ा पढ़ा हुआ, मूर्ख, रोगी और यज्ञोपवीत संस्कार से हीन मनुष्यों को अग्निहोत्र का हवन नहीं करना चाहिये ॥३५॥

नरके हि पतन्त्येते जुह्वतः स च यस्य तत्।
तस्माद्वैतानकुशलो होता स्याद्वेदपारगः ॥३६॥

भाष्य—एते कन्यादयो **जुह्वतो नरकं** गच्छन्ति। **स च** यजमानो हावयिता ॥३६॥

हिन्दी—हवन करते हुए ये लोग (११।३५) तथा जिसकी तरफ से हवन करते

हैं वे नरक में पड़ते हैं, अतएव वैदिक कर्म में प्रवीण तथा वेद के परागामी को ही हवनकर्त्ता बनाना चाहिये ॥३६॥

दक्षिणा में अश्व को देना—

प्राजापत्यमदत्वाऽश्वमग्न्याधेयस्य दक्षिणाम् ।
अनाहिताग्निर्भवति ब्राह्मणो विभवे सति ।।३७।।

भाष्य—अग्न्याधेयेऽश्वो दक्षिणा दातव्या।

प्राजापत्यग्रहणं स्तुत्यर्थम् ।

अथवा नात्युत्कृष्टो नातिनिकृष्टः 'प्राजापत्यः' । अथ च लौकिका ईदृशे वस्तुनि 'प्रजापति'शब्दमुदाहरन्ति ।

विभवे सतीति वचनादसंपत्तावददद्भवत्येवाहिताग्निः ॥३७॥

हिन्दी—सम्पत्ति रहने पर भी जो द्विज अग्न्याधान के समय प्रजापति देवता को (प्रजापति हैं देवता जिसके ऐसा) घोड़ा दक्षिणा में न देकर अग्निहोत्र ग्रहण करता है, उसे अग्निहोत्र का फल नहीं मिलता (इन कारण सामर्थ्य रहने पर अग्न्याधान करते समय घोड़े को दक्षिणा में अवश्य देना चाहिये) ॥३७॥

कम दक्षिणा देने का निषेध—

पुण्यान्यन्यानि कुर्वीत श्रद्दधानो जितेन्द्रियः ।
न त्वल्पदक्षिणैर्यज्ञैर्यजेतेह कथंचन ।।३८।।

भाष्य—यावती दक्षिणा विहिता ततो न्यूना दीयते यत्र **सोऽल्पदक्षिणो यज्ञः** ।

"परिक्रयः किल दक्षिणा । स्वल्पेन चेत्परिक्रयेण कर्मकरो लभ्यते किमिति बहु दीयते लोक इव वाहादीनाम् । 'पणलभ्यं हि कः प्राज्ञः क्रीणाति दशभिः पणैः' "द्वादशशतदानं तत्फलभूयस्त्वायेति'' मन्यमानस्य प्रतिषेधः ।

ये तु स्वल्पदक्षिणा उत्पत्त्यैव च सोमे दक्षिणेति क्रतुमन्तो न तन्निषिध्यते ॥३८॥

हिन्दी—श्रद्धालु तथा जितेन्द्रिय मनुष्य को दूसरे पुण्यकार्य (तीर्थयात्रा आदि करने चाहिये, परन्तु शास्त्रोक्त विधान से कम दक्षिणा देकर यज्ञ कभी नहीं करना चाहिये ॥३८॥

इन्द्रियाणि यशः स्वर्गमायुः कीर्तिं प्रजाः पशून् ।
हन्त्यल्पदक्षिणो यज्ञस्तस्मान्नाल्पधनो यजेत् ।।३९।।

भाष्य—पूर्वविध्यतिक्रमे फलकथनम् ॥३९॥

हिन्दी—आस्त्रोक्त विधान से कम दक्षिणा देकर किया गया यज्ञ इन्द्रिय, यज्ञ, स्वर्ग

आयु, कीर्ति, प्रजा और पशु, इन सबों को नष्ट कर देता है, इस कारण से थोड़े धन वाले को यज्ञ नहीं करना चाहिये ।।३९।।

[अन्नहीनो दहेद्राष्ट्रं मन्त्रहीनस्तु ऋत्विजः ।
दीक्षितं दक्षिणाहीनो नास्ति यज्ञसमो रिपुः ।।५।।]

[**हिन्दी**—अन्नहीन यज्ञ राष्ट्र को, मन्त्रहीनयज्ञ ऋत्विज को दक्षिणाहीनयज्ञ दीक्षित (यज्ञ करनेवाले) को भस्म कर देता है। इसलिए यज्ञ के समान दूसरा शत्रु कोई नहा है ।।५।।]

अग्निहोत्र नहीं करने पर प्रायश्चित्त—

अग्निहोत्र्यपविध्याग्नीन्ब्राह्मणः कामकारतः ।
चान्द्रायणं चरेन्मासं वीरहत्यासमं हि तत् ।।४०।।

भाष्य—अपविध्य त्यक्त्वा। त्यागश्च नित्यानामग्निहोत्रादीनां अकरणमुद्वापनं च। प्रसङ्गादत्र प्रकरणात्प्रायश्चित्तोपदेशः। **अग्नीनिति** बहुवचननिर्देशात् गृह्याग्नित्यागे कल्पना कार्या।

वीरहत्यासममिति श्रुतिः 'वीरहा वा एष देवानामिति'।

कामकारवचनादकामत्यागे कल्पनैव ।।४०।।

हिन्दी—जो अग्निहोत्री ब्राह्मण इच्छापूर्वक प्रातःकाल तथा सायंकाल अग्निहोत्र नहीं करे, उसे एक मास चान्द्रायण व्रत (११।२१५) करना चाहिये; क्योंकि अग्निहोत्र का त्याग वीरहत्या (पुत्रहत्या) के समान है ।।४०।।

विमर्श—कुछ लोग एक मासतक अग्निहोत्र नहीं करने पर उक्तप्रायश्चित्त विधान मानते हैं।

शूद्र से धन लेकर अग्निहोत्र का निषेध—

ये शूद्रादधिगम्यार्थमग्निहोत्रमुपासते ।
ऋत्विजस्ते हि शूद्राणां ब्रह्मवादिषु गर्हिताः ।।४१।।

भाष्य—शूद्रादधिगतेनार्थेन प्रीत्यादिनाऽग्न्याधेयं न कर्तव्यमिति व्याचक्षते। न तु प्रवृत्तकर्मणो नित्त्कर्मानुष्ठानं प्रतिषिध्यते। तथा चोक्तं न शूद्राद्भिक्षित्वाऽनुष्ठानं करणीयम्। अयाचितलाभे तु नास्ति दोषः प्रवृत्तकर्मणस्तदर्थम्। तथा चासत्प्रतिग्रहादात्मवृत्तिरेका प्रतिषिद्धा। नित्यानि कर्माण्यभ्यनुज्ञातानि। अतः शूद्रधनेन प्रार्थितलब्धेन वाऽविशेषाभिधानसामर्थ्यादग्न्याधेयस्यैकस्य प्रतिषेधोऽयं विज्ञायते। यदि सर्वकर्मार्थोऽयं प्रतिषेधः स्यादनेनैव सिद्धत्वान्न भिक्षणं प्रतिषिध्येत 'न यज्ञार्थं धनं शूद्रात्' इति ।।४१।।

हिन्दी—जो शूद्र से धन लेकर अग्निहोत्र करता है, वह शूद्र का ही याजक (शूद्र को यज्ञ करानेवाला है अर्थात् उस यज्ञ का फल अग्निहोत्र करनेवाले को नहीं मिलता) है और वह वेदपाठियों में निन्दित होता है ॥४१॥

तेषां सततमज्ञानां वृषलाग्न्युपसेविनाम् ।
पदा मस्तकमाक्रम्य दाता दुर्गाणि संतरेत् ।।४२।।

भाष्य—अग्नीनां वृषलाग्नित्ववचनं लिङ्गात् पूर्वविध्यतिक्रमे दोषाभिधाने निखिल-प्रकरणमेतत् ॥४२॥

हिन्दी—शूद्र से धन लेकर अग्निहोत्र करनेवाले उन अग्निहोत्रियों के मस्तकपर पैर रखकर (धन को देनेवाला) शूद्र दुःखों को पार करता है (और उन अग्निहोत्रियों को अग्निहोत्र का फल कुछ नहीं मिलता) ॥४२॥

प्रायश्चित्त के योग्य मनुष्य—

अकुर्वन्विहितं कर्म निंदितं च समाचरन् ।
प्रसज्ञन्निन्द्रियार्थेषु प्रायश्चित्तीयते नरः ।।४३।।

भाष्य—इदानीं प्रकृतान्येव प्रायश्चित्तानि कथ्यन्ते ।

प्रथमं तावत्तेष्वधिकारं निरूपयति । कोऽत्राधिकारः ।

विहितं नित्यतया संध्योपासनाग्निहोत्रादि 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्' इत्यादिभिः पदैर्ज्ञापितनित्यभावात् । यदप्यनियतनिमित्तेऽशुचिस्पर्शनादौ स्नानादि त**द्विहितम्**।

अकुर्वन् प्रमादालस्यादिना ।

तथा **निन्दितं** प्रतिषिद्धं सुरापानादि । तदपि शास्त्रमतिक्रम्य सेवमानः ।

प्रायश्चित्तीयते ।

तदेतदुक्तं भवति । नैमित्तिकोऽयमधिकारो विहिताकरणात्प्रतिषिद्धसेवनाच्च प्राय-श्चित्तम् ।

"ननु च ग्रामकामस्य सांग्रहणी विहिता । ततो ग्रामार्थिनः कथंचिदकरणे विहितातिक्रमः स्यात् । यदि नाम ग्रामार्थी प्रत्यवेयात्ततस्तत्कामोऽस्य । यदा तु ग्रामं कामयते तदा तस्य तद्विहितं भवति । न चेत्प्रवर्तते विहितमतिक्रामेत् । अतश्च प्रायश्चित्ती प्राप्तः" ।

उच्यते । ग्रामस्य स्वामी स्यामिति फललिप्सया तस्य तत्र प्रवृत्तिर्न विधिलक्षणा । शास्त्रं तु यागग्रामयोः साध्यसाधनसम्बन्धावेदकमेव । वस्तुतो यद्यपि तत्रापि कर्तव्यता-प्रधानप्रसाधनो वाक्यार्थः, तथापि फलसिद्ध्यर्थमेव कर्तव्यतां विधिरवगमयति । अतश्च यागमकुर्वतः फलं न निष्पद्यते, न पुनः प्रत्यवायः । यत्र प्रत्यवायस्तत्र च प्रायश्चित्तम् ।

"ननु च नित्यानामकरणे प्रत्यवायो भवतीति कुत इयमवगतिः । न ह्येवमग्निहोत्रादौ श्रूयते 'यो न कुर्यात्स प्रत्यवेयात्'' ।

श्रूयते वाक्यशेषेषु 'वेदिभ्यः परमा भवति' इति । सर्वत्रार्थवादाः प्रत्यवायप्रदर्शनार्थाः सन्ति । अवश्यं च तेषामालम्बनं वाच्यं नान्यथा विधिनैकवाक्यतां भजन्ति । यत्रापि न श्रूयन्ते तत्रापि विध्यनुग्रहार्था अर्थवादाः प्रकल्प्यन्ते । किं चार्थवादैर्विधेरेव प्रवर्तकत्वम्, अन्यथा नोपपद्यते यावदप्रवृत्तौ प्रत्यवायपरिहारो न कल्पितः । एवंविध एवार्थे वृद्धव्यवहारे विधिः प्रवर्तते । बोध्यते तु पुरुषप्रवर्तनारूढोऽसौ । न च पुरुषा अपुरुषार्थे प्रवर्तयितुं शक्यन्ते । अतः प्रवर्तकत्वविहतविधिर्माभूदिति श्रुतिसिद्ध्यर्था कल्पनैषा । यद्यपि स्वर्गादिकल्पनायामपि तथार्थलाभस्तथापि यावज्जीवादिपदविरोधात्-प्रत्यवायपरिहारार्थताऽपि स्यात् । उक्तम्—

'भयाद्धि यादृशी पुंसां प्रवृत्तिरुपजायते ।
न तादृशी भवेदत्र विधिकोटिशतैरपि' ॥

तस्मा**दकुर्वन्विहितम्** इति नित्यं कर्मेति द्रष्टव्यम् ।

"ननु चाशुचिस्पर्शनादौ न नित्यावेदि किञ्चित्पदमस्ति, यावज्जीवमित्यादिवत् ।"

किमत्रान्येन पदेन निमित्तविशेषे यत् श्रुतं तस्य च तन्निमित्तेन कर्तव्यता प्रतीयते । नाधिकारान्तरं प्रत्यपेक्षा जायते । यदा निमित्तसंविधानं तदा कर्तव्यमित्युपगमैर्नित्यतासिद्धिः । अग्निहोत्रादावपि न नित्यशब्दोऽस्ति निमित्तनित्यत्वात् ।

प्रसञ्जन्नविदितत्वेषु विषयेषु संस्कृतान्नभोजनचन्दनानुलेपनादिषु तात्पर्यत आसेवा प्रसङ्गो विषयाभिलाषपरतेति यावत् ।

"ननु चैतदपि प्रतिषिद्धम् 'इन्द्रियार्थेषु सर्वेषु न प्रसज्येत कामत' इति" ।

स्नातकव्रताधिकारान्नायं प्रतिषेध इति मन्यते । व्रतशब्दाधिकारे हि तत्र प्रतिषेधकः । संकल्पविशेषो हि मानसस्तत्रोपदिश्यते 'इदं मया न कर्तव्यमिति' ।

अथवा कश्चिदल्पप्रतिषेधे न तुल्यतां मन्येत, 'पदार्थस्तावदयं न निषिध्यत' इति मन्यमानः, अतः समानीक्रियते ।

अथवा सामान्ये तद्भूतस्यापि विशेषस्य पृथगुपदेशो दृष्टः, प्राधान्यख्यापनार्थम् । यथा 'ब्राह्मणाा आयाताः', 'वसिष्ठोऽप्यायात' इति ।

प्रायश्चित्तीयते । प्रायश्चित्तशब्दो रूढिरूपेण विशिष्टे नैमित्तिके वर्तते । तदेतीच्छति वेति विनिमयः (?) कर्त्तव्यो "व्यत्ययो बहुलम्" इति (व्या०सू० ३।१।८५) ।

नर इति वचनं चातुर्वर्ण्याधिकारार्थम् ॥४३॥

हिन्दी—शास्त्रोक्त कर्म (नित्य सन्ध्योपासन, शवस्पर्श करने पर स्नान आदि) को नहीं करता हुआ तथा शास्त्रप्रतिषिद्ध कर्म (हिंसा, चोरी, मद्यपान, द्यूत आदि) को करता हुआ और इन्द्रियों के विषयों में अत्यन्त आसक्त होता हुआ मनुष्य प्रायश्चित्त करने के के योग्य होता है ॥४३॥

कर्त्तव्य प्रायश्चित्त में मतभेद—

अकामतः कृते पापे प्रायश्चित्तं विदुर्बुधाः ।
कामकारकृतेऽप्याहुरेके श्रुतिनिदर्शनात् ॥४४॥

भाष्य—कामकारकृतेऽप्यतिक्रमे प्रायश्चित्तगौरवार्थमिदमुच्यते ।

अकामतः कृत इति प्रमादकृते पापे शास्त्रव्यतिक्रमे **प्रायश्चित्तमाहुः** । कस्य पुनर्हेतोः । विधिः । 'प्रतिशास्त्रमतिक्रम्याकार्ये प्रवर्तते स प्रायश्चित्तमाचरिष्यत' इति । कोऽत्र विशिष्टहेतुः यस्मात्कामकृते दोषे प्रायश्चित्तशास्त्रानर्थक्यमिति मन्यन्ते । एवं पूर्वपक्षभङ्ग्योपन्यस्यति । **कामकारकृतेऽपीति** शब्दात्कामतोऽकामतश्च कृते व्यतिक्रमे प्रायश्चित्तं कर्त्तव्यमिति शास्त्रार्थः ।

श्रुतिनिदर्शनादिति वैदिकलिङ्गनिदर्शनमुपहव्यब्राह्मणमुदाहर्तव्यम् 'इन्द्रो यतीन् शालावृकेभ्यः प्रायच्छत्' । न च श्वभ्यो दानं यतीनामकामतः सम्भवति । उपहव्यं प्रायश्चित्तार्थं प्रजापतिरिन्द्राय प्रायच्छदिति स्पष्टार्थः ॥४४॥

हिन्दी—कुछ पण्डित लोग अज्ञान से किये गये पाप में प्रायश्चित्त करने को कहते हैं और कुछ आचार्य ज्ञान से किये गये पाप में भी श्रुति को देखने से प्रायश्चित्त करने को कहते हैं ॥४४॥

विमर्श—उस श्रुति का आशय यह है कि 'इन्द्र ने एक समय ज्ञानपूर्वक यतियों को कुत्तों के लिए दिया, फिर अश्लील वाणी से आकर उनको कहा तो वे इन्द्र ब्रह्मा के पास दौड़े गये, ब्रह्मा ने 'उपहव्य' नामक कर्म को इन्द्र के लिए प्रायश्चित्त बतलाया' । इससे ज्ञात होता है कि ज्ञानपूर्वक किये गये पाप की निवृत्ति के लिए भी प्रायश्चित्त करना चाहिए[१] ॥

अकामतः कृतं पापं वेदाभ्यासेन शुद्ध्यति ।
कामतस्तु कृतं मोहात्प्रायश्चित्तैः पृथग्विधैः ॥४५॥

भाष्य—किं पुनरेतानि प्रायश्चित्तानि निमित्तमात्रपर्यवसायीनि सन्ध्योपासनादिवत्, उत कार्यपर्यन्तानि शारीरशौचवदुत्पन्नदोषनिर्घातार्थानि ।

१. तथा च सा श्रुतिः— इन्द्रो यतीन् शालावृकेभ्यः प्रायच्छत्, तमश्लीला वागेत्यवदत्स प्रजापतिमुपाधावत्तस्मात्तमुपहव्यं प्रायच्छत्' इति । (म०मु०)

तत्र केचिदाहु: । न हि कर्म क्षीयते । कार्यविरामित्वमेव धर्माधर्मयो: । न हि कर्माणि स्वफलमदत्वा प्रलीयन्ते । तदुक्तं 'न हि कर्म क्षीयत' इति । तस्माद्योऽतिक्रमकारी स ततो नरकफलं भुंक्त एव । प्रायश्चित्तानि यदि न करोति ततस्तदतिक्रमात्प्रत्यवायान्तरोत्पत्ति: ।

तदेतदयुक्तम् । न हि कर्म चरितव्यमतो नित्यं प्रायश्चित्तम् । 'विशुध्यत' इति स्वशब्देनैव शुद्ध्यर्थता विहिता । तथा च तै: कृतैरपोहेत पापं स्वयं कृतत्वात् । यदप्युच्यते "प्रतिषेधविधिना प्रतिषिध्यमानक्रियाकर्तु: प्रत्यवायभागित्वमवगमितं, न तस्य प्रायश्चित्तैर्मिथ्यात्वं शक्यते कर्तुं" तदप्ययुक्तम् । यतस्तेन दु:खहेतुता तस्यावगमिता । प्रायश्चित्तेष्वपि तपोदानादि दु:खमस्त्येव । अल्पेन तादात्मिकेन दु:खेनागामिन: सम्भाव्यमानस्य महतो दु:खस्य निवृत्तिर्युक्तैव । यथा व्याधेस्तिक्तकटुकौषधदानलध्वाहारादिना । यथा व्यतिक्रमं कृत्वा कश्चित्स्वयमागत्य राजनिवेदनं करोति 'इत्येवं कर्मास्मि' इति सोऽर्द्धदण्डभाग्भवति । यस्तु राजपुरुषैर्हठादानीयेत स भूयो दण्ड्यते ।

एवमुपदेशानामर्थवत्वसिद्धि: । अत: स्वयं कार्यविरोधित्वमस्य विहितत्वात् । निष्कृति: प्रायश्चित्तमिति समाख्यानमपि सत्तदेव कृतदोषस्य निर्यातनमपि । अकारणं निर्यातो निष्कृतिरिति उच्यते । एवं प्रायश्चित्तमपि नास्याधिकारप्रतिप्रसवार्थम् । पञ्चानामेव पातकानामधिकारोपगमविहितत्वाद्द्विजातिकर्मभ्यो हानि: पतनमिति ।

न चात्र 'वेदाभ्यासोऽकामत:, कामतस्तप इति, विषयविभागो बोद्धव्य: । उभयार्थोभयत्रोपदर्शनार्थत्वात् । निमित्तोपदेशकरणे पठितत्वात् । 'ब्रह्महा द्वादशे'त्यादि प्रायश्चित्तानामुपक्रम्यमाणत्वात् । तस्मादकामतो लघुप्रायश्चित्तं कामतो गरीय इति श्लोकस्य तात्पर्यम् ।

"ननु चाकामतो नैव तस्य कर्तृत्वं, बुद्धिपूर्वं कुर्वन्कर्त्तेत्युच्यते । यथा च लौकिको 'दैवेन कार्यते । किमयं करोतीति' । किं च लिप्सया यत्र प्रवृत्तिस्तत्र प्रतिषेध: । यो हि मद्याय स्पृहयति स पिपासुं न कदर्थयति 'मा पासी: सुराम्' इति । यस्तु जलार्थी जलबुद्ध्या सुरां पीतवांस्तस्याजानतो नापराधो न हि तस्य सुरालिप्सया प्रवृत्ति: ।

अथोच्यते 'विधिलक्षणाप्रवृत्तिर्न निषिध्यते', सत्यम् । भवत्वनर्थलक्षणानां तु मध्ये तर्ह्युदकेन च सर्वस्य अर्थलक्षणाया: प्रतिषेध:" ।

केचिदाहु: । प्रत्यवायपर्यन्तो विधिर्विषभक्षणवन्निषेधशास्त्रार्थ: । तेषामचोद्यमेतत् । विषमविशेषेणोपात्तं ज्ञानतोऽज्ञानतश्च मरणाय कल्पत एव । एवं ब्रह्महत्यादयोऽपीति । येषामपि 'कर्तव्यमिति वचनात्' क्रियते, 'न कर्तव्यमिति' न क्रियते, तेषामपि लौकिक-

क्रियया प्रवर्तमानस्य निषेधः प्रवर्तमानश्चोच्यते प्रवृत्तः कर्त्ता। कर्तृत्वमबुद्धिपूर्वकमप्यस्ति। कूले पततीति। न चायं गौणः कर्तृताभावः। 'स्वतन्त्रः कर्ते'ति हि स्मर्यते। ने'च्छया प्रवर्तते यः स कर्तेति'। किं चास्मादेव वचनात्प्रमादकृतो दोषोऽस्ति, प्रायश्चित्तमिति, किमपरेण विकल्पितेन ॥४५॥

हिन्दी—अनिच्छापूर्वक किया गया पाप वेदाभ्यास से नष्ट हो जाता है तथा रागद्वेषादि मोहवश इच्छापूर्वक किया गया पाप अनेक प्रकार के प्रायश्चित्तों से नष्ट होता है ॥४५॥

प्रायश्चित्ती से संसर्ग का निषेध—

प्रायश्चित्तीयतां प्राप्य दैवात्पूर्वकृतेन वा।
न संसर्गं व्रजेत्सद्भिः प्रायश्चित्तेऽकृते द्विजः ॥४६॥

भाष्य—दैवात्स्वीकृतात्प्रमादादित्यर्थः।

अन्ये तु दैवशब्दस्थाने मोहादिति पठन्ति। मोहादेवाकार्यं क्रियते। को ह्यमूर्खः शास्त्रं व्यतिक्रमिष्यति।

पूर्वकृतेन जन्मान्तरकृतेन चोपभुक्तफलेन कर्मणा विशेषेण कौनख्यादिलिङ्गाद्यनुमितेन। एतदुक्तं भवति। इह जन्मकृते व्यतिक्रमे बुद्धिपूर्वमबुद्धिपूर्वं वा तथा जन्मान्तरकृतेऽपि लिङ्गानुमेये कर्तव्यम्। किं पुनः कुनख्यादीनां प्रायश्चित्तम्।

कृच्छ्रातिकृच्छ्रौ चान्द्रायणमिति सर्वप्रायश्चित्तानि। वसिष्ठेन तु 'यस्य यल्लिङ्गं तेन तदेव प्रायश्चित्तं केनचिदंशेन कर्तव्यमिति' पठितम्।

अतश्चैव ते सर्वेऽकृतप्रायश्चित्ताः संसर्गं सद्भिर्वर्जयेयुः। अध्ययनादिक्रिययैकस्थानादिरूपतया।

संसर्गो यद्यप्युभयाश्रयत्वादन्यतरप्रतिषेधेनोभयोरपि सिद्धः प्रतिषेधस्तथापि, 'सद्भिस्तैः संसर्गो न कर्तव्य' इति पुनः प्रतिषिध्यते उत्तरत्र, कर्तृभेदात्। एकस्य हि प्रतिषेधे स एव प्रायश्चित्ती स्यान्न द्वितीयः, सत्यपि संसर्गे। अत उभयोः प्रायश्चित्तार्थमुभयत्र प्रतिषेधः। सतामसतां चातः श्यावदन्तिप्रभृतिभिरकृतप्रायश्चित्तैः सह संसर्गो न कर्तव्यः ॥४६॥

हिन्दी—भाग्यवश (या प्रमादवश) पूर्वजन्मकृत पापों से प्रायश्चित्त के योग्य द्विज बिना प्रायश्चित किये सज्जनों के साथ (याजन-यजनादि) सम्बन्ध न करे ॥४६॥

प्रायश्चित्त शब्द का अर्थ—

[प्रायो नाम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते ।
तपोनिश्चयसंयुक्तं प्रायश्चित्तमिति स्मृतम् ।।६।।]

[**हिन्दी**—'प्रायः' तप को कहते हैं और 'चित्त' निश्चय को कहते हैं, अतएव तप का निश्चय के साथ संयुक्त होना 'प्रायश्चित्त' कहा जाता है ॥६॥]

कुरूप होने में कारण—

इह दुश्चरितैः केचित्केचित्पूर्वकृतस्तथा ।
प्राप्नुवन्ति दुरात्मानो नरा रूपविपर्ययम् ।।४७।।

भाष्य—एतदेवाह । **इह दुश्चरितैः केचिद**स्मिन् जन्मनि प्रतिषिद्धाचरणैः । तथा **पूर्वकृतैः** कर्मभिस्तथोक्तं प्राक् । स इदानीं **रूपविपर्यय**प्रपंचो दुष्कृतशेषचिह्न-रूपतोऽनुक्रम्यते ॥४७॥

हिन्दी—कुछ दुष्ट लोग इस जन्म के दुराचरणों से तथा कुछ दुष्ट लोग पूर्व जन्म में किये गये दुराचारणों से कुरूपता को पाते हैं ॥४७॥

सुवर्णचौर्यादि से कुनखित्वादि होना—

सुवर्णचौरः कौनख्यं सुरापः श्यावदन्तताम् ।
ब्रह्महा क्षयरोगित्वं दौश्चर्म्यं गुरुतल्पगः ।।४८।।

हिन्दी—सुवर्ण को चुरानेवाला कुनखी (खराब नखों वाला), मद्य-पानकर्त्ता, काले दाँतोंवाला, ब्राह्मण का हत्यारा, क्षयरोगी, गुरुपत्नी से सम्भोग करनेवाला, दुश्चर्मरोगी ॥४८॥

पिशुनः पौतिनासिक्यं सूचकः पूतिवक्त्रताम् ।
धान्यचौरोऽङ्गहीनत्वमातिरैक्यं तु मिश्रकः ।।४९।।

हिन्दी—विद्या आदि के दोष को कहनेवाला, दुर्गन्धित नाकवाला, चुगलखोर, दुर्गन्धित मुखवाला, धान्य का चोर, अङ्गहीन, शुद्ध अन्नादि में दूषित अन्नादि मिलाकर विक्रय आदि करनेवाला अधिक अङ्गवाला (छाँगुर-आदि) ॥४९॥

अन्नहर्तामयावित्वं मौक्यं वागपहारकः ।
वस्त्रापहारकः श्वैत्र्यं पङ्गुतामश्वहारकः ।।५०।।

हिन्दी—अन्न का चोर, मन्दाग्नि रोगी, गुरु के बिना पढ़ाये पढ़नेवाला, मूक (गूंगा), कपड़े का चोर श्वेतकुष्ठ रोगी, घोड़े का चोर लंगड़ा होता है ॥५०॥

[दीपहर्ता[1] भवेदन्धः काणो निर्वापको भवेत् ।
हिंसया व्याधिभूयस्त्वमरोगित्वमहिंसया ।।७।।]

[हिन्दी—दीपक चुरानेवाला अन्धा, दीपक बुझानेवाला काना, हिंसा करनेवाला अधिक रोगी और अहिंसा से नीरोगी होता है ।।७।।]

एवं कर्मविशेषेण जायन्ते सद्विगर्हिताः ।
जडमूकान्धबधिरा विकृताकृतयस्तथा ।।५१।।

भाष्य—**क्षयो** नाम रोगो राजयक्ष्मेति वैद्यानां प्रसिद्धस्तेन तद्वान्भवति ब्रह्महत्या-विशेषेणे । गुरुस्त्रीगामी **दुश्चर्मा** ।

क्वथितगन्धवाहिन्या नासिकया युक्तः **पिशुनः** ।

एवं **सूचको** दुर्गन्धवाहास्यः ।

"ननु च सूचकः पिशुन" एव ।

सत्यम् । एकः कल्पयित्वा परदोषान् प्रकाशयति । अन्यस्तु सत्यानेवाविदितानिति भेदः ।

आतिरैक्यमधिकांगता । **मिश्रको** यो द्रव्याण्यद्रव्यैस्तदाभासैः सम्मर्दयति । यथा कुंकुमं कुसुंभेनान्यैरन्यानि ।

आमयावी यस्य भुक्तमन्नं न सम्यक् जीर्यते ।

मौक्यं वाग्वैकल्यं यत्राप्रतिपत्तिमानपस्मारी ।

शिष्टं प्रसिद्धम् ।

विकृताकृतयः । 'आकृतिः' संस्थानं 'विकृता'ऽमनोरमा निन्दितैषां **कर्मविशे-षेणेति** । एषां कर्मणां कुम्भीपाकयमयातनास्थानेषु फलं तदनुभूतवत् ईषच्छेषे तस्मिन् कर्मण्युद्रिक्ते च कुकृतेऽदत्तफले फलदानोन्मुखे दुष्कृतस्यासद्भावोऽतः कर्मविशेषो-पपत्तिः ।।४८-५१।।

हिन्दी—इस प्रकार कर्मविशेष से सज्जनों से निन्दित जड़; गूंगे, अन्धे, बहरे और कुरूप उत्पन्न होते हैं ।।५१।।

---

१. अत्र 'दीपहर्ता भवेदन्धः काणो निर्वापकस्तथा ।
हिंसारुचिः सदा रोगी वाताङ्गः पारदारिकः ।।'

इत्ययं श्लोको म०मु० उपलभ्यमानः सम्यक् प्रतिभाति, 'अरोगित्वमहिंसया' इत्येतस्य 'सद्विगर्हिताः' (११।५१) इति पदेन विरोधात् प्रकृतानुपयुक्तस्य चतुर्थपादस्थाने 'वाताङ्गः पारदारिकः' इत्येतस्य चतुर्थपादस्य प्रकृतोपयुक्तत्वात् ।

चरितव्यमतो नित्यं प्रायश्चित्तं विशुद्धये।
निन्द्यैर्हि लक्षणैर्युक्ता जायन्तेऽनिष्कृतैनसः ।।५२।।

भाष्य—निन्द्यैर्हि लक्षणैः कुनखश्यावदन्तादिभिर**निष्कृतैनसः** ।।५२।।

हिन्दी—(प्रायश्चित्त के द्वारा) पापनाश नहीं किए हुए मनुष्य (११।४८-५०) निन्द्य लक्षणों से युक्त होते हैं, अतएव पाप-निवृत्ति के लिए प्रायश्चित्त करना चाहिये ।।५२।।

पाँच महापातक—

ब्रह्महत्या सुरापानं स्तेयं गुर्वङ्गनागमः ।
महान्ति पातकान्याहुः संसर्गश्चापि तैः सह ।।५३।।

भाष्य—गुर्वङ्गनागमः स्तेयं पतितसंप्रयोगः सर्ववर्णानां **महापातकानि । सुरा-पानं** ब्राह्मणस्यैव ।

स्तेयं ब्राह्मणसुवर्णहरणं—स्मृत्यन्तरात् 'ब्राह्मणसुवर्णापहरणे महापातकम्' इति । पातकशब्दः पातयतीति व्युत्पत्त्या सर्वव्यतिक्रमेषु वर्तते, महापातकेषूपपातकेषु च । महच्छब्दो गुरुत्वप्रदर्शनार्थः ।

तैश्च संयोगमेकैकेनापि । स च वक्ष्यति 'संवत्सरेण पतति' इत्यादिना ।।५३।।

हिन्दी—(१) ब्रह्महत्या करना, (२) निषिद्ध मद्य का पीना, (३) (ब्राह्मण के) सुवर्ण को चुराना, (४) गुरु (२।१४२) की भार्या के साथ सम्भोग करना और (५) इन (चारो में से किसी एक) के साथ भी एक वर्ष तक संसर्ग—ये पाँच महापातक हैं ।।५३।।

ब्रह्महत्या के समान कर्म—

अनृतं च समुत्कर्षे राजगामि च पैशुनम् ।
गुरोश्चालीकनिर्बन्धः समानि ब्रह्महत्यया ।।५४।।

भाष्य—समुत्कर्ष इति निमित्तसप्तमी, 'चर्मणि द्वीपिनं हन्ति' इतिवत् । समुत्कर्षं प्राप्स्यामीति **यदनृतमभि**धीयते तद्ब्रह्महत्यया समम् । यत्र पूजातिशयो धनातिशयो ब्राह्मणत्वेन श्रोत्रियत्वेन महाकुलीनतया वा प्राप्यते तत्रातद्रूपमात्मानमावेदयति । यो वा पात्रातिशयेन पुण्यस्कन्धोत्कर्षं प्राप्तुमिच्छति तस्यापात्रं पात्रमित्युच्यते । एवंविधे समुत्कर्षेऽनृतम् । न पुनः स्वल्पवस्तुनि अपेक्षायां, सत्यपि समुत्कर्षव्यपदेशे ।

पिशुनमलीकवदिति परच्छिद्रप्रकाशनम् ।

गुरोश्चालीकनिर्बन्धोऽसत्याभिधानेन चित्तसंक्षोभः, 'कन्या ते गर्भिणी' इत्येवमादिना निष्प्रयोजनो द्वेषः । राजकुलात्तेन सह विवादो निर्बन्धोऽनृताभिशंसनं वा । तथा च गौतमो 'गुरावनृताभिशंसनम्' (२१-१०) इति पातक**समानि** ।।५४।।

हिन्दी—जातिश्रेष्ठता के लिए असत्य-भाषण, राजा से (दूसरे के मृत्युकारक) चुगलखोरी, गुरु से असत्य कहना—ये ब्रह्महत्या के समान हैं ॥५४॥

मद्यपान के समान कर्म—

ब्रह्मोज्झतां वेदनिन्दा कौटसाक्ष्यं सुहृद्वधः ।
गर्हितानाद्ययोर्जग्धिः सुरापानसमानि षट् ।।५५।।

भाष्य—अधीतस्ववेदस्यानाभ्यासेन विस्मरणं **ब्रह्मोज्झता** । नित्यस्वाध्याय-विधेः त्यागो वा ।

कूटसाक्षं समुत्कर्षादन्यत्रापि ।

सुहृद्वधो मित्रमारणम् ।

गर्हितानाद्ययोः । गर्हितं शास्त्रप्रतिषिद्धं लशुनाद्यनाद्यममनस्तुष्टिकरं, न भोक्ष्य इति कल्प्य यद्भुज्यते ॥५५॥

हिन्दी—पढ़े हुए वेद का (अभ्यास नहीं करने से) विस्मरण, (असत् शास्त्र का आश्रयकर) वेद की निन्दा करना, गवाही में असत्य कहना, (अब्राह्मण भी) मित्र की हत्या, निन्दित (लहसुन, प्याज आदि) तथा अभक्ष्य (मल = मूत्रादि) पदार्थों का भोजन—ये ६ पद्यपान के समान हैं ॥५५॥

सुवर्ण चुराने के समान कर्म—

निक्षेपस्यापहरणं नराश्वरजतस्य च ।
भूमिवज्रमणीनां च रुक्मस्तेयसमं स्मृतम् ।।५६।।

भाष्य—निक्षेपस्यासारद्रव्यस्यापि ।

नराश्वशब्दो जातिशब्दो, नारीहरणेऽप्येतदेव । यो हि दुहितरं दत्वाऽसति नर-दोषेऽन्यस्मै पुनर्ददाति, तस्याप्येतदेव । तदुक्तं 'प्राप्नोति पुरुषोऽनृतम्' इति ॥५६॥

हिन्दी—ब्राह्मण के सुवर्ण के अतिरिक्त धरोहर को हड़पनेवाला और मनुष्य (दास-दासी), घोड़ा, चाँदी; भूमि, हीरा, मणि चुरानेवाला सुवर्ण चुराने समान है ॥

गुरुपत्नी सम्भोग के समान कर्म—

रेतःसेकः स्वयोनीषु कुमारीष्वन्त्यजासु च ।
सख्युः पुत्रस्य च स्त्रीषु गुरुतल्पसमं विदुः ।।५७।।

भाष्य—स्वयोनयो भगिन्य एकोदरसम्भूताः ।

कुमार्योऽनूढाः ।

अन्त्यजा बर्बरचंडालस्त्रियः ।

सख्युः । सखा मित्रं तस्य स्त्रियः । स्त्रीग्रहणं न जायायामेव प्रतिषेधार्थम् । एवं **पुत्रस्या**न्यापि या अवरुद्धा मैथुनधर्मेण ।

